40. (1) गुप्त वंश प्राचीन भारत के प्रमुख राजवंशों में से एक था। इसे भारत का स्वर्ण काल भी माना जाता है। गुप्त वंश के संस्थापक श्री गुप्त थे। गुप्त वंश का कार्यकाल 320 ई. से 550 ई. तक रहा।

41. (3) तोलक्काप्पियम् ग्रंथ तमिल व्याकरण से संबंधित है। इसके रचनाकार तोलक्कपियर संगम काल के प्रमुख कवि/साहित्यकार थे। व्याकरण का अर्थ भाषा के अंग-प्रत्यंग के विश्लेषण तथा विवेचन से है।

42. (1) ऋग्वेद (सनातन धर्म) का सबसे आरंभिक स्रोत है इसमें 1028 सूक्त है। ऋग्वेद को यूनेस्को की सूची में शामिल किया गया है।

43. (2) पुरातन अवशेषों के कालक्रम का निर्धारण C_{14} (कार्बन डेटिंग) पद्धति द्वारा होता है। इसमें C_{12} एवं C_{14} के मध्य अनुपात निकाला जाता है। ये दोनों कार्बन के रेडियोसमस्थानिक हैं।

44. (3) पाटलीपुत्र जिसे वर्तमान मे पटना के नाम से जाना जाता है, प्राचीन काल में महान मौर्य सम्राटों चन्द्रगुप्त मौर्य और अशोक द ग्रेट की राजधानी थी। इसका निर्माण मगध शासक अजातशत्रु ने 490 ईसा पूर्व मे करवाया था।

45. (1) तक्षशिला शहर सिन्धु और झेलम नदी के बीच में तथा पोटवार पठार की मुरी पहाड़ियों की घाटियों में स्थित है। यह रावलपिंडी शहर के उत्तर-पश्चिम में 20 मील की दूरी पर स्थित है।

46. (1) हड़प्पा सभ्यता (3300-1300 ईसा पूर्व) एक कांस्य युगीन सभ्यता थी। जो वर्तमान के उत्तर पूर्व अफगानिस्तान, पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत तक फैली हुई थी। मिस्र और मेसोपोटामिया के अलावा हड़प्पा विश्व की तीसरी सबसे प्राचीन सभ्यता थी।

47. (3) हवेन-त्सांग 630 ई. में हर्षवर्धन के शासन काल के दौरान भारत आया था और नालंदा में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। उसने कई वर्षों तक भारत के विभिन्न शहरों और गाँवों की यात्रा भी की थी।

48. (2) 12 वीं शताब्दी में कल्हण द्वारा संस्कृत में लिखित राजतरंगिणी उत्तर-पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप, विशेष रूप से कश्मीर के राजाओं के इतिहास पर आधारित छंदबद्ध

Search On Tg: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

ऐतिहासिक पुस्तक है। यह पुस्तक कश्मीर में उपलब्ध संसाधनों का विवरण प्रस्तुत करती है।

49. (3) सारनाथ वाराणसी से 90 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थल है। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् भगवान बुद्ध ने अपना उपदेश यहीं दिया, जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन का नाम दिया गया।

50. (2) पाणिनी संस्कृत भाषा के सबसे बड़े व्याकरणशास्त्री हुए। इनके द्वारा रचित व्याकरण का नाम अष्टाध्यायी है, जिसमें आठ अध्याय और लगभग चार सहस्त्र सूत्र है। संस्कृत भाषा को व्याकरण सम्मत रूप देने में पाणिनी का योगदान अतुलनीय माना जाता है।

51. (4) मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पुराना शहर माना जाता है। यहाँ दुनिया का प्रथम स्नानघर मिला है। जिसका नाम बृहत्स्नानागार है।

52. (2) सम्राट अशोक विश्व प्रसिद्ध एवं शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक के पिता का नाम बिन्दुसार था।

53. (4) हड़प्पा पूर्वोत्तर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का एक पुरातात्विक स्थल है। सिन्धु घाटी सभ्यता के अनेकों अवशेष यहाँ से प्राप्त हुए हैं यह कांस्ययुगीन सभ्यता थी। खुदाई में रोपड़ (पंजाब) से ताम्बे की कुल्हाड़ी, बनवाली (हरियाणा) से ताँबा के वाणाग्र अलीमुराद (सिंध) से काँसे की कुल्हारी प्राप्त हुए हैं।

54. (2) वेदों का सही कलानुक्रम-ऋगवेद, सामवेद, यर्जुवेद, अथर्ववेद है।

55. (3) उपनिषदों को वेदान्त के रूप में भी जाना जाता है। उनकी वेदों की संख्या 108 है।

56. (3) वितास्ता - झेलम नदी
अस्किनी - चिनाब नदी
परूष्पणी - रावी नदी
विपासा - व्यास नदी

57. (1) जैन धर्म भारत का एक प्राचीन धर्म है जैन धर्म का अर्थ है जिन द्वारा प्रवर्तित धर्म। जैन ग्रंथों के अनुसार इस काल के प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव द्वारा जैन धर्म का प्रादुर्भाव हुआ था।

58. (3) चन्द्रगुप्त मौर्य ने मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने अन्तिम समय में जैन धर्म ग्रहण कर लिया था।

59. (2) अशोक के शिलालेख लिखे गए-ब्राह्मी, खरोष्ठी, आरामइक, संस्कृत भाषा में शिलालेख लिखे गए।

60. (2) संस्कृत नीतिकथाओं में पंचतंत्र का पहला स्थान माना जाता है। पंचतंत्र के रचयिता पं. विष्णु शर्मा हैं।

61. (4) तक्षशिला प्राचीन भारत में गंधार देश की राजधानी और शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ का विश्वविद्यालय विश्व के प्राचीनतम विश्व विद्यालयों में शामिल है। यह हिन्दू एवं बौद्ध दोनों के लिए महत्व का केन्द्र था।

62. (2) पश्चिम बंगाल भारत के पूर्वी भाग में स्थित एक राज्य है। बंगाल का प्राचीन नाम गौड़ है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता है।

63. (3) नागर शैली का प्रसार हिमालय से लेकर विंध्य पर्वतमाला तक देखा जा सकता है। इसे शैली के मन्दिर मुख्यत: मध्य भारत में पाए जाते हैं। द्रविड़ और वेसर शैली के मन्दिर दक्षिण भारत में पाए जाते हैं।

64. (3) शक संवत् भारत का प्राचीन संवत् है जो 78 ई. से आरम्भ होता है। शक संवत् भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर है। शक संवत् का प्रथम माह चैत्र होता है।

65. (4) केरल में मालाबार तट पर स्थित कॉझीकोड शहर कालिकट के नाम से भी जाना जाता है। यह केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। प्राचीन काल के दौरान पूर्वी क्षेत्र में मसालों के एक बड़े व्यापारिक केन्द्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण इसे "मसालों के शहर" की उपाधि प्रदान की गई थी। बाद में यह जमोरिन शासकों की राजधानी बनी।

66. (2) चोल प्राचीन भारत का एक राजवंश था। चोल के अभिलेखों आदि से ज्ञात होता है कि उनका शासन सुसंगठित था। चोल प्रशासन की मुख्य विशेषता ग्रामीण स्वायत्तता थी।

67. (1) लोथल प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण शहर है लगभग 2400 ईसा पूर्व पुराना यह शहर भारत के राज्य गुजरात के भाल क्षेत्र में स्थित है बन्दरगाह लोथल की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि इस बन्दरगाह पर मिस्र तथा मेसोपोटामिया से जहाज आते जाते थे।

68. (3) मनु हिन्दू धर्म के अनुसार संसार के प्रथम पुरुष थे हिन्दू विधि का लेखक मनु को कहा जाता है।

69. (3) फाहियान एक चीनी बौद्ध भिक्षु, यात्री, लेखक एवं अनुवादक थे। इनकी यात्रा के समय भारत में गुप्त राजवंश के चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का काल था।

70. (3) भगवान महावीर जैन धर्म में वर्तमान काल के 24वें तीर्थंकर है। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार साल पहले वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रीय कुण्डलपुर में हुआ था।

71. (3) चाणक्य चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे ये 'कौटिल्य' नाम से भी विख्यात है चाणक्य ने अर्थशास्त्र की रचना की। ये चन्द्रगुप्त मौर्य के मुख्य सलाहकार थे।

72. (1) चक्रवर्ती सम्राट अशोक भारतीय मौर्यवंश के महान सम्राट थे। अशोक द्वारा प्रवर्तित कुल 33 अभिलेख प्राप्त हुए हैं जिसमें अधिकतर शिलालेख ब्राह्मी लिपि लिखे गए थे।

73. (2) नालंदा का प्राचीन विश्वविद्यालय गुप्त वंश के सम्राट कुमार गुप्त प्रथम ने स्थापना की।

74. (4) गौतम बुद्ध विश्व महान् दार्शनिक, वैज्ञानिक, धर्मगुरु एवं उच्च कोटि के समाज सुधारक थे। इनका जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था।

75. (4) कनिष्क कुषाण वंश का प्रमुख सम्राट था। कनिष्क भारतीय इतिहास में अपनी विजय, धार्मिक प्रवृत्ति, साहित्य तथा कला का प्रेमी होने के नाते विशेष स्थान रखता है।

76. (3) दीदारगंज एक ऐतिहासिक स्थान जो बिहार प्रांत की राजधानी पटना के पास स्थित है। दीदारगंज से 1917 में एक यक्षिणी की सुन्दर मूर्ति प्राप्त हुई विद्वानों के मत में यह मूर्ति मौर्यकालीन है।

77. (1) सिंधुघाटी सभ्यता विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता है। लोथल, हड़प्पा इसके प्रमुख केन्द्र थे। हड़प्पा पाकिस्तान में स्थित है।

78. (2) सारनाथ बनारस से करीब 10 किलोमीटर पूर्वोत्तर स्थित प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थल है। सारनाथ में अशोक का चतुर्मुख सिंहस्थतम्भ स्थित है।

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

79. (4) सांची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन जिले, में बेतवा नदी के तट स्थित एक छोटा सा गाँव है। सांची का स्तूप सम्राट अशोक ने तीसरी शती ई.पू. में बनवाया था।

80. (3) मनुस्मृति हिन्दु धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण एवं प्राचीन धर्मशास्त्र (स्मृति) है। मनुस्मृति विधि विषय से जुड़ा हुआ है।

81. (2) दिगंबर जैन धर्म के दो सम्प्रदायों में से एक है। दिगम्बर मुनि निर्वस्त्र होते है। वर्तमान में जैन धर्म में में दो संप्रदाय है एक दिगम्बर और दूसरा श्वेताम्बर।

82. (4) चरक एक महर्षि एवं आयुर्वेद विशारद के रूप में विख्यात् है वे कुषाण राज्य के राजवैद्य थे। इनके द्वारा रचित-चरक संहिता एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रन्थ है।

83. (4) श्रवणबेलगोला में स्थित गोमतेश्वर बाहुबली की मूर्ति लगभग 57 फुट ऊँची है। इस मूर्ति का निर्माण 983 ई. में गंग राजवंश के मंत्री चामुण्डराय ने कराया था। यह मूर्ति कर्नाटक के हासन जिले में स्थित है। यह जैन धर्म के सबसे महत्त्वपूर्ण तीर्थों (तीर्थ स्थलों) में से एक है।

84. (1) स्तूप बौद्ध वास्तुकला का एक महत्त्वपूर्ण प्रकार है। इसके अन्तर्गत बुद्ध या बौद्ध धर्म से सम्बन्धित गुरुओं के निर्वाण के पश्चात् उनके पार्थिव शरीर के अवशेषों को किसी पात्र में रखकर जमीन में दफन किया जाता था और उसके चारों ओर पत्थरों की सुन्दर संरचना खड़ी की जाती है। बौद्ध धर्म के शुरुआती स्तूपों में गौतम बुद्ध के शरीर के राख रखे गये हैं। इस प्रकार स्तूप बुद्ध के शरीर के अवशेषों से सम्बद्ध माना जाने लगा। अतः प्रतीक के रूप में, स्तूप बुद्ध की मृत्यु (परिनिर्वाण) के साथ सम्बद्ध है।

घटना	प्रतीक
बुद्ध का जन्म	कमल और बैल
गृह त्याग (महाभिनिष्क्रमण)	घोड़ा
ज्ञान (निर्वाण)	बोधि वृक्ष
प्रथम उपदेश (धर्मचक्रप्रवर्तन)	चक्र
मृत्यु (परिनिर्वाण)	स्तूप

85. (2) गुप्त वंश के कम महत्त्व वाले ज्ञात शासकों में से एक विष्णुगुप्त को सामान्यतः गुप्त साम्राज्य का अंतिम शासक माना जाता है। उसने 540 से 550 ई. तक अर्थात् 10 वर्षों तक शासन किया। वह कुमारगुप्त III का पुत्र और नरसिम्हगुप्त का पौत्र था।

86. (2) मेगास्थनीज एक ग्रीक इतिहासकार था जो सेल्यूकस निकेटर के प्रतिनिधि या राजदूत के रूप में चौथी शताब्दी ईसा पूर्व भारत आया था। वह चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में लगभग पाँच वर्ष (302-298 ईसा पूर्व) रहा। मेगास्थनीज ने 'इंडिका' नामक अपनी पुस्तक में भारत के वैभव और चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल का विवरण प्रस्तुत किया है।

87. (2) सत्यमेव जयते (सदा सत्य की जीत होती है) एक मंत्र है जिसे प्राचीन भारतीय धार्मिक ग्रंथ मुण्डक उपनिषद् से लिया गया है। भारत की स्वतंत्रता के बाद, इसे राष्ट्रीय आदर्श वाक्य के रूप में अंगीकार किया गया था। इसे राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में उत्कीर्ण किया गया है। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा 1918 में इस नारे का प्रचार किया गया था और इसे लोकप्रिय बनाया गया था।

88. (3) हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार माने जाने वाले 'धनवंतरी' वेदों और पुराणों में परमात्मा (देवों) के चिकित्सक और आयुर्वेद के भगवान के रूप में दिखाई देते हैं। यह माना जाता है कि उन्होंने आयुर्वेद का प्रचार- प्रसार किया था। आयुर्वेद के व्यवसायी और चिकित्सकों द्वारा उनका जन्मदिन प्रतिवर्ष, हिन्दुओं के प्रकाश उत्सव दीपावली के दो दिन पहले धनतेरस को मनाया जाता है।

89. (1) चीन में बौद्ध धर्म की शुरुआत करने वाले कश्यप मतंगा को माना जाता है। चीनी परंपरा के अनुसार, उन्होंने भारत से चीन के लो-यांग में एक और भारतीय भिक्षु के साथ यात्रा की, जिसे उनके चीनी नाम चू फलन के नाम से जाना जाता है। वे 67 ईस्वी में हान राजवंश के सम्राट मिंग के निमंत्रण पर आए थे।

90. (2) आद्य इतिहास प्रागैतिहास और इतिहास के बीच की अवधि है। इसके लिए लिखित रिकॉर्ड बहुत कम है। सिंधु सभ्यता का साक्ष्य आद्य ऐतिहासिक है।

91. (4) राजगीर और बोध गया के समीप पावापुरी भारत के बिहार प्रान्त के नालन्दा जिले में स्थित एक शहर है। पावापुरी में भगवान महावीर को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म के लिए यह एक अत्यंत पवित्र शहर है।

92. (3) बुद्ध का जन्म लुम्बिनी में 563 ई. पू. हुआ था। जो नेपाल में स्थित है। इनके पिता शुद्धोधन (शाक्य वंश) तथा माता महामाया (कोलिय वंश) थी। इनका लालन-पालन इनकी मौसी प्रजापति गौतमी ने किया। बचपन का नाम सिद्धार्थ था। 35 वर्ष की अवस्था में ज्ञान प्राप्त हुआ। तथा 483 ई. पू. 80 वर्ष (कुशीनारा) की अवस्था में इनकी मृत्यु हो गई।

93. (1) बिम्बिसार (558 ईसा पूर्व-491 ईसा पूर्व) मगध साम्राज्य का सम्राट था वह हर्यक वंश का राजा था। उसने अंग राज्य को जीतकर अपने साम्राज्य का विस्तार किया। यही विस्तार आगे चलकर मौर्य साम्राज्य के विस्तार का भी आधार बना।

94. (2) राजा भोज परमार वंश से संबंधित थे। यह परमार वंश के सबसे शक्तिशाली तथा महान राजा थे। इनकी राजधानी उज्जैन तथा धारा थी। परमार वंश का संस्थापक सियक द्वितीय को माना जाता है। जो हर्ष के नाम से भी जाना जाता है। राजा भोज का शासनकाल 1000 ई. से 1055 ई. के आस-पास था। इन्होंने 'कविराज' की उपाधि धारण की थी। इन्होंने भोजसर तालाब तथा भोजशाला महाविद्यालय का निर्माण करवाया था। इन्होंने स्वयं सिद्धांतसंग्रह तथा युक्तकल्पतरू जैसे ग्रंथों की रचना की है।

95. (3) जातक या जातक कथाएँ बौद्ध ग्रंथ त्रिपिटक का सुत्तपिटक अंतर्गत खुद्दकनिकाय का 10वाँ भाग है। इन कथाओं में महात्मा बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाएँ है।

96. (3) सारनाथ वाराणसी से 10 किमी. पूर्वोत्तर में स्थित प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थल है। ज्ञान की प्राप्ति के पश्चात् भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश यहीं दिया था जिसे धर्म चक्र प्रवर्तन का नाम दिया जाता है।

97. (2) बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध या सिद्धार्थ थे। इनका जन्म 563 ई. में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता शुद्धोधन शाक्य गण के मुखिया थे। इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था।

98. (3) फाह्यान- यह चीनी यात्री गुप्त नरेश चंद्रगुप्त द्वितीय 'विक्रमादित्य' (375-415 ई.) के दरबार में भारत आया था। ह्वेनसांग- यह कन्नौज के शासक हर्षवर्धन (606-647 ई.) के शासन काल में भारत आया।

Search on TG: @apna_lib

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

टॉमस रो- यह जहाँगीर के दरबार में 1615 ई. में आया था।

99. (1) आर्यभट्ट महान गणितज्ञ तथा खगोल ज्ञानी थे। आर्यभट्ट गुप्त काल से संबंधित विद्वान थे। इनकी महत्त्वपूर्ण रचनाएँ सूर्य सिद्धांत तथा आर्यभट्टीयम हैं। इनका जन्म 475 ई. में पाटलिपुत्र में हुआ था। दशमलव प्रणाली का आविष्कार इन्हीं के द्वारा किया गया था।

100. (3) 326 ई. पू. में सिकन्दर ने सिंधु नदी पार कर भारत की धरती पर कदम रखा। उसका सबसे प्रसिद्ध युद्ध झेलम नदी के तट पर पौरव राज पुरू (पोरस) के साथ हुआ जिसे वितस्ता का युद्ध। या हाइडेस्पीज। के नाम से जाना जाता है।

101. (3) मोहनजोदड़ो का सिन्धी भाषा में अर्थ है "मुर्दो का टीला"। यह दुनिया का सबसे पुराना नियोजित और उत्कृष्ट शहर माना जाता है। उसकी खोज राखलदास बनर्जी ने 1922 ई. में की। यह नगर सिंधु नदी के किनारे बसा था, जिसकी वजह से इसे सिंधु घाटी सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है।

102. (2) वैदिककाल में वर्ण व्यवस्था का प्रतिपादन मनु द्वारा किया गया। वर्ण व्यवस्था हिन्दू धर्म में सामाजिक विभाजन का एक आधार है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार समाज को चार वर्गों में विभाजित किया गया है- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। विद्वानों का यह मत है कि आरंभ में यह विभाजन कर्म आधारित था लेकिन बाद में जन्म आधारित हो गया।

103. (1) वज्रयान संप्रदाय बौद्ध धर्म से संबंधित है। वज्रयान को तांत्रिक बौद्ध धर्म, तंत्रयान, मंत्रयान, गुप्त मंत्र, गूढ़ बौद्ध धर्म और विषमकोण शैली या वज्र रास्ता भी कहा जाता है।

104. (2) ह्वेनसांग एक प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु था जिसका जन्म चीन के भुओयेंग स्थान पर सन् 602 ई. में हुआ था। चीनी यात्री ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासन काल में भारत की यात्रा की थी। उसने अपनी यात्रा 29 वर्ष की अवस्था में प्रारंभ की थी।

105. (2) लोथल प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण शहर है। इसकी खोज सन् 1945 में रंगनाथ राव के नेतृत्व में की गई। लोथल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक बंदरगाह है। इस बन्दरगाह पर मिस्र तथा मेसोपोटामिया से जहाज आते जाते थे।

106. (3) महाभारत को महाकाव्य के रूप में लिखा गया भारत का ऐतिहासिक एवं दार्शनिक ग्रंथ माना जाता है। यह विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य ग्रंथ है। महाभारत को महर्षि वेदव्यास जी ने लिखा था। महाभारत का युद्ध 22 नवम्बर, 3067 ईसा पूर्व को हुआ था, जो लगातार 18 दिनों तक चला था।

107. (2) योगसूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। यह छः दर्शनों में से एक शास्त्र है और योगशास्त्र का एक ग्रंथ है। योगसूत्र के रचनाकार पतंजलि हैं। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना ही योग है।

108. (1) उत्तरी बिहार का प्राचीन नाम वज्जी था। बिहार नाम का प्रभाव संभवतः बौद्ध विहारों के शब्द से हुआ है। बिहार की संस्कृति मगध, अंग, मिथिला तथा वज्जी संस्कृतियों का मिश्रण है।

109. (2) यह बौद्ध परिषद् सब्बाकामी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इसका आयोजन राजा कालाशोक के संरक्षण में वैशाली में 383 ईसा पूर्व में हुआ था। इसी बौद्ध परिषद् में बुद्ध के अनुयायी दो भागों में विभाजित हो गये।

110. (4) बिहार में बक्सर के निकट कर्मनाशा नदी के किनारे चौसा नामक एक छोटा सा कस्बा है। 27 जून, 1539 ई. को इस स्थान पर हुमायूँ और शेरशाह के बीच चौसा का युद्ध हुआ था। हुमायूँ पराजित हुआ और उसे जान बचाकर भागना पड़ा।

111. (4) वराहमिहिर का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। यह परिवार उज्जैन के निकट कपिथ्य (कायथा) नामक गाँव का निवासी था। वराहमिहिर ईसा की पाँचवी-छठी शताब्दी के भारतीय गणितज्ञ एवं खगोलज्ञ थे। इन्होंने ने ही पंचसिद्धांतिका में सबसे पहले बताया कि अयनांश का मान 50.32 सेकण्ड के बराबर है।

112. (3) बिंदुसार (298-272 ई.पू.) मौर्यवंश के राजा थे। बिंदुसार को अमित्रघात, सिंहसेन, भद्रसार इत्यादि कहा गया है। बिंदुसार के शासन में तक्षशिला के लोगों ने दो बार विद्रोह किया। पहली बार विद्रोह बिंदुसार के बड़े पुत्र सुशीम के कुप्रशासन के कारण हुआ। दूसरे विद्रोह का कारण अज्ञात है, जिसे अशोक ने दबा दिया।

113. (1) गांधार कला एक प्रसिद्ध प्राचीन भारतीय कला है। गांधार कला का विषय वस्तु भारतीय थी, परन्तु कला शैली यूनानी और रोमन थी। इस कला में पहली बार बुद्ध की मूर्तियाँ बनाई गई। कनिष्क के काल में गांधार कला का विकास बहुत तेजी से हुआ।

114. (4) बौद्ध धर्म के संस्थापक 'गौतम बुद्ध' थे। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु के लुम्बनी नामक ग्राम में हुआ था। 29 वर्ष आयु में घर त्यागने के 6 वर्ष बाद इन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ तथा वे सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध हुए।
जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक महावीर थे। गुरुनानक ने सिख संप्रदाय की स्थापना की थी। 'कबीर' 14वीं-15वीं सदी के महान संत-उपदेशक थे।

115. (3) आर्यभट्ट एक महान खगोलशास्त्री थे। उन्होंने आर्यभट्टीयम एवं सूर्य सिद्धांत नामक ग्रंथ लिखे। इन्होंने ही सर्वप्रथम बताया कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। आर्यभट्ट महान गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त II के दरबार में रहते थे। इन्होंने ही 'शून्य' की खोज की थी।

116. (2) गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म की भाषा के रूप में जनसमूह की भाषा, पाली भाषा का प्रयोग किया था। इससे जनसमूह के मध्य बौद्ध धर्म के प्रचार में सहायता मिली। पाली बौद्ध धर्म के कई आरंभिक और वर्तमान साहित्य की भाषा है जिसे त्रिपिटक के रूप में संगृहीत किया गया है।

117. (2) लॉर्ड हार्डिंग 1910 से 1916 तक भारत के वायसराय रहे, उन्हें 1911 में बंगाल के विभाजन को रद्द करने के लिए याद किया जाता है। बंगाल के विभाजन को प्रभावी बनाने वाले निर्णय की घोषणा 1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा की गई थी। बंगाल का विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 को किया गया था और बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी वाले पूर्वी क्षेत्रों को बहुसंख्यक हिन्दू आबादी वाले पश्चिमी क्षेत्रों से अलग कर दिया गया था।

118. (2) लोथलः कैम्बे की खाड़ी पर गुजरात का एक प्राचीन सिंधु स्थल है, रोपड़: पंजाब के रूपनगर जिले में स्थित एक हड़प्पा स्थल है, राखीगढ़ी हरियाणा के

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

हिसार जिले में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता से पूर्व की बस्ती है, कालीबंगा : राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित कालीबंगा सिंधु घाटी सभ्यता का प्राचीन स्थल है।

119. (3) सिकन्दर ने 326 ई. पूर्व में भारत पर आक्रमण किया था। सिकन्दर ने जैसे ही सीमा पार करके भारत में प्रवेश किया, तो तक्षशिला के राजा आम्भी ने उसका स्वागत किया। उसने उसे कई उपहार दिए और उसकी अधीनता स्वीकार की। 326 ई. पू. में पंजाब में हाइडेस्पस नदी (झेलम नदी) के तट पर सिकन्दर महान और पोरस के मध्य हाइडेस्पस का युद्ध हुआ था। जून 323 ई. पू. के आरंभ में 10 दिन तक तेज ज्वर से पीड़ित रहने के कारण सिकन्दर की मृत्यु हो गई थी।

120. (4) ब्रह्मचर्य (विद्यार्थी जीवन) : जन्म से 25 वर्ष, गृहस्थ (पारिवारिक जीवन) : 25 से 50 वर्ष, वानप्रस्थ (निवृत्त जीवन) : 50 से 75 वर्ष, संन्यास (संन्यासी जीवन) : 75 से 100 वर्ष।

121. (4) हड़प्पा पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के रावी नदी के तट पर स्थित है। इस प्राचीन शहर के स्थल पर कांस्य युगीन सुदृढ़ शहर का अवशेष अंतर्विष्ट है, जो सिंध और पंजाब में केन्द्रित सिंधु घाटी सभ्यता का, और तत्पश्चात् समाधि क्षेत्र H संस्कृति का भाग था।

122. (1) भारत पर हमला करने वाला पहला आक्रमणकारी डेरियस था।

123. (3) सिन्धु घाटी सभ्यता कम से कम 8000 वर्ष पुरानी है। यह हड़प्पा सभ्यता और 'सिंधु-सरस्वती सभ्यता' के नाम से जानी जाती है। इसका विमास सिंधु और घग्घर/हकरा (प्राचीन सरस्वती) के किनारे हुआ। मोहनजोदड़ो, कालीबंगा, लोथल, धौलावीरा, राखीगढ़ी और हड़प्पा इसके प्रमुख केन्द्र थे। सिंधु सभ्यता की खोज रायबहादुर दयाराम साहनी ने की। यह एक नगरीय सभ्यता थी। सिंधु सभ्यता में मातृदेवी की उपासना होती थी और लोग पशुपति की पूजा करते थे।

124. (4) महात्मा बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक माने जाते है इनका जन्म लुम्बिनी नामक ग्राम में हुआ था। सारनाथ काशी से सात मील पूर्वोत्तर में स्थित बौद्धों का प्राचीन तीर्थ है भगवान बुद्ध ने प्रथम उपदेश यहाँ दिया था।

125. (2) चक्रवर्ती सम्राट अशोक (304-232 ई. पू.) विश्वप्रसिद्ध एवं शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक का पूरा नाम देवानांप्रिय अशोक मौर्य (राजा प्रियदर्शी देवताओं का प्रिय) था। सम्राट अशोक ने संपूर्ण एशिया में तथा अन्य महाद्वीपों में भी बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार किया।

126. (1) पुराण, हिन्दुओं के धर्मसंबंधी आख्यान ग्रंथ है। पुराण की संख्या 18 है।

127. (1) शुंग वंश प्राचीन भारत का एक शासकीय वंश था जिसने मौर्य राजवंश के बाद शासन किया। इसका शासन उत्तर भारत में 187 ई. पू. से 75 ई. पू. तक यानि 112 वर्षों तक रहा था।

128. (2) सिंधु घाटी सभ्यता (3300 ईसा पू. से 1700 ईसा पू. तक) विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता है। सिंधु घाटी सभ्यता में जौ, गेहूँ की खेती होती थी।

129. (1) गौतम बुद्ध का जन्म लुम्बिनी में 563 ईसा पूर्व हुआ था। गौतम बुद्ध विश्व महान दार्शनिक, वैज्ञानिक, धर्मगुरु एवं बौद्ध धर्म के संस्थापक थे।

130. (2) जैन धर्म बौद्ध धर्म से काफी पुराना है इसका उदय वैदिक काल में ही हो गया था जैनों के धर्म गुरुओं को तीर्थंकर कहा गया कुल 24 तीर्थंकर हुए। महावीर स्वामी जैनों के 24वें तथा अंतिम तीर्थंकर थे ये जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक माने जाते हैं।

131. (4) सम्राट अशोक विश्व प्रसिद्ध एवं शक्ति शाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक की राजधानी का नाम पाटिलपुत्र थी। मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज्य किया है।

132. (3) अशोक के तेरहवें अभिलेख के अनुसार उसने अपने राज्याभिषेक के आठ वर्ष बाद कलिंग युद्ध लड़ा। कलिंग विजय उसकी आखिरी विजय थी। यह युद्ध 262-269 ई. पू. में लड़ा गया।

133. (3) बोधि वृक्ष बिहार राज्य के गया जिले में बोध गया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित एक पीपल का वृक्ष है। इसी वृक्ष के नीचे ईसा पूर्व 531 में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

134. (2) चन्द्रगुप्त मौर्य भारत के सम्राट थे इनको कभी-कभी चन्द्रगुप्त नाम से भी संबोधित किया जाता है। इन्होंने मौर्य साम्राज्य की स्थापना की चन्द्रगुप्त पूरे भारत को एक साम्राज्य के अधीन लाने में सफल रहे। पाटलिपुत्र (आधुनिक पटना) चन्द्रगुप्त की राजधानी थी।

135. (2) समुद्रगुप्त भारत का महान शासक था जिसने अपने जीवन काल में कभी भी पराजय का स्वाद नहीं चखा। उसके बारे में वी.एस. स्मिथ आकलन ने किया है समुद्रगुप्त प्राचीनकाल में भारत का नेपोलियन था।

136. (2) सिंधु घाटी सभ्यता में निर्मित मोहनजोदड़ो का विशाल स्नानागार एक विशेष तालाब था जिसे बनाने के लिए ईंट व प्लास्टर का उपयोग किया गया था। यह 139 फीट लंबा, 23 फीट चौड़ा व 9 फीट गहरा है।

137. (4) अजन्ता की गुफाओं की चित्रकला और मूर्तिकला बौद्ध धर्म और इसकी सहानुभूतिशील प्रकृति से प्रेरित है। अजन्ता की चित्रकलाओं में भगवान बुद्ध के जीवन की विभिन्न घटनाओं और विभिन्न बौद्ध दैवतत्त्वों का वर्णन किया गया है। इन चित्रकलाओं में जातक कथाएँ सर्वाधिक रोचक हैं, जिसमें बुद्ध के बौद्धिसत्त्व के रूप में पूर्व अवतारों का चित्रण किया गया है।

138. (1) पार्श्वनाथ जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 23 वें (धर्म-प्रचारक या धर्म प्रचारक) थे।

- वह उन शुरुआती तीर्थंकरों में से एक हैं जिन्हें ऐतिहासिक हस्तियों के रूप में स्वीकार किया जाता है।
- जैन स्रोत उन्हें 9वीं और 8 वीं शताब्दी ईसा पूर्व के बीच में रखते हैं जबकि इतिहासकार बताते हैं कि वह 8 वीं या 7 वीं शताब्दी ईसा पूर्व (लगभग 877 ईसा पूर्व) में रहते थे।

139. (3) भारतीय गणित और भारतीय खगोल विज्ञान के शास्त्रीय युग में आर्यभट्ट (476-550 CE) पहले प्रमुख गणितज्ञ-खगोलविद थे।

- उनके कार्यों में आर्यभट्ट (गणित और खगोल विज्ञान का एक संकलन) और आर्य-सिद्धान्त (खगोलीय गणनाओं पर) शामिल हैं।

Search on TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

140. (3) कथासरित्सागर सोमदेव द्वारा संस्कृत में भारतीय किंवदंतियों, परियों की कहानियों और लोक कथाओं का 11 वीं शताब्दी का प्रसिद्ध संग्रह है।
- प्रमुख कथा, पौराणिक राजा उदयन के पुत्र, नरवाहनदत्त के कारनामों की है।
- इस केंद्रीय कहानी के आसपास बड़ी संख्या में किस्से बने हैं, जो इसे भारतीय कहानियों का सबसे बड़ा वर्तमान संग्रह बनाते हैं। इसमें पंचतंत्र के शुरुआती पाठ भी शामिल हैं।

141. (1) महाराजाधिराज की उपाधि अपनाने वाला पहला गुप्त शासक चन्द्रगुप्त I था। वह 320 ई॰ में गद्दी पर बैठा। गुप्त संवत् (319–320 ई॰) की शुरुआत चन्द्रगुप्त प्रथम ने की। यह गुप्त वंश का प्रथम महान सम्राट था। इसने लिच्छिवी राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह किया था।

142. (4) पार्श्वनाथ जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों (धर्म के प्रवर्तक या धर्म प्रचारक) में से 23 वें थे।
- पार्श्वनाथ उन शुरुआती तीर्थंकरों में से एक थे जिन्हें ऐतिहासिक व्यक्तिय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

143. (4) चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन 72 ईस्वी में कश्मीर के कुंडलवन में हुआ था।
- संगीति को कुषाण राजा कनिष्क के संरक्षण में आयोजित किया गया था।
- संगीति की अध्यक्षता वसुमित्र ने की, जबकि अश्वघोष उसके उपाध्यक्ष थे।
- इस संगीति के दौरान बौद्ध धर्म को दो संप्रदायों महायान और हीनयान में विभाजित किया गया था।

144. (3) सम्भवनाथ समकालीन युग के तीसरे जैन तीर्थंकर (सर्वज्ञ उपदेश देव) थे।
- सम्भवनाथ का जन्म इक्ष्वाकु वंश में श्रावस्ती में राजा जितारी और रानी सुसेना के यहाँ हुआ था।
- वह अश्व प्रतीक, साला वृक्ष, त्रिमुखा (तीन मुख वाला) यक्ष और प्रजापति तथा दुरितारि यक्ष से जुड़ा हुआ है।

145. (3) अष्टांगिक मार्ग का विचार बौद्ध धर्म के संस्थापक, बुद्ध के नाम से जाना जाने वाला सिद्धार्थ गौतम का पहला उपदेश माना जाता है, जिसे उन्होंने अपनी ज्ञानप्राप्ति के बाद दिया था।
- बौद्ध धर्म के मुख्य उपदेशों को चार महान सत्य या अरीयासचान और अष्टांगिक मार्ग या अस्संगिका मार्ग की मूल अवधारणा में समझाया गया है।
- अष्टांगिक मार्ग वह मार्ग है जिसमें ज्ञान, आचरण और ध्यान संबंधी प्रथाओं से संबंधित विभिन्न अंतर्संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं।

146. (2) कश्मीर का प्रामाणिक इतिहास कर्कोट राजवंश से शुरू होता है जिसे हर्षवर्धन के जीवनकाल में दुर्लभवर्धन ने स्थापित किया था।
- कश्मीर के प्रारंभिक इतिहास के बारे में हम जो कुछ भी जानते हैं, वह एक संस्कृत ग्रंथ से आता है, जिसे राजतरंगिणी (राजा की नदी) के रूप में जाना जाता है, जिसे 12 वीं शताब्दी के कश्मीरी विद्वान कल्हण ने 1148 से 1150 के बीच लिखा था।
- इस महान ग्रंथ का पहला अंग्रेजी अनुवाद 1900 में भारतविद् एमए स्टीन द्वारा किया गया था।

147. (4) लोथल शब्द का अर्थ मोहन जो-दड़ो जैसे मृतकों का टीला।
- लोथल गुजरात में खंभात की खाड़ी के पास भोगावा और साबरमती नदियों के बीच स्थित है।
- लोथल में आयताकार बेसिन पाया गया है जिसे डॉकयार्ड कहा जाता था।
- डॉकयार्ड, हड़प्पा की समुद्री गतिविधि को साबित करता है।
- लोथल ने मेसोपोटामिया के साथ प्रत्यक्ष व्यापार संपर्क के प्रमाण दिए हैं।
- शहर को छह खंडों में विभाजित किया गया था।
- चावल की भूसी लोथल और केवल दूसरी सिंधु स्थल रंगपुर में पाई गई है।

148. (1) निश्क वैदिक काल में एक आभूषण को संदर्भित करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द है।
- लेकिन बाद के समय में इसे एक सिक्के के प्रमुख रूप से सोने के सिक्के का प्रतिनिधित्व करने के लिए संदर्भित किया जाता है।
- भाषा के अनुसार निश्क का अर्थ शुद्ध और ईमानदारी है।
- निश्क को आभूषण के लिए संदर्भित करने की समयावधि 700 ई.पू.।
- निश्क का दूसरा अर्थ है लड़की।

149. (4) प्रथम बौद्ध परिषद (400 ईसा पूर्व) राजगृह में सतपानी की गुफाओं में बुलाई गई।
- यह राजा अजातशत्रु के संरक्षण में आयोजित किया गया था।
- प्रथम बौद्ध परिषद की अध्यक्षता भिक्षु महाकश्यप ने की थी।
- दूसरी बौद्ध परिषद (383 ईसा पूर्व) वैशाली में आयोजित की गई थी।
- यह कलासोक के संरक्षण में हुई थी।
- दूसरी बौद्ध परिषद की अध्यक्षता सबाकामी ने की थी।
- तीसरी बौद्ध परिषद मगध साम्राज्य के पाटलिपुत्र में (250 ईसा पूर्व) आयोजित की गई थी।
- यह सम्राट अशोक के संरक्षण में हुई थी।
- तीसरी बौद्ध परिषद की अध्यक्षता मोगलीपुत्त तिस्स ने की थी।
- चौथी बौद्ध परिषद कश्मीर में (78Ad) बुलाई गई थी।
- यह सम्राट कनिष्क के संरक्षण में हुई थी।
- चौथे बौद्ध परिषद की अध्यक्षता वसुमित्र और असवघोष ने की थी।

150. (4) कौटिल्य चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री थे।
- उन्हें चाणक्य के नाम से भी जाना जाता है।
- उन्होंने अपनी सत्ता के उदय के समय प्रथम मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त की सहायता की।

151. (4) सिद्धार्थ गौतम का जन्म शाक्य वंश के शाही परिवार में हुआ था, जिन्होंने कपिलवस्तु से लुम्बिनी में शासन किया था, जो भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित है।
- 29 साल की उम्र में गौतम ने घर छोड़ दिया और अपने राजसी जीवन को अस्वीकार कर दिया तथा तपस्या या अति आत्म अनुशासन की जीवन शैली अपना ली।
- लगातार 49 दिनों के ध्यान के बाद, गौतम ने बिहार के बोधगया के एक पिपल वृक्ष के नीचे बोधि (ज्ञानोदय) प्राप्त किया।
- बुद्ध ने अपना पहला उपदेश उत्तर प्रदेश के बनारस शहर के पास सारनाथ गाँव में दिया था। इस घटना को धर्म-चक्र-प्रवर्तन (कानून का पहिया मोड़ना) के रूप में जाना जाता है।

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- उनकी मृत्यु 80 वर्ष की आयु में 483 ईसा पूर्व में कुशीनगर नामक एक स्थान पर हुई थी। इस घटना को महापरिनिब्बान के रूप में जाना जाता है।

152. (3) लोथल प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे प्रमुख शहरों में से एक गुजरात के आधुनिक राज्य के भाल क्षेत्र में स्थित है।
- लोथल के हड़प्पा बंदरगाह-शहर के पुरातात्विक अवशेष भोगवा नदी, साबरमती की एक सहायक नदी, खंभात की खाड़ी में स्थित है।
- लोथल का उत्खनन स्थल सिंधु घाटी सभ्यता का एकमात्र बंदरगाह शहर है।
- एक ऊपरी और निचले शहर के साथ यह एक महानगर अपने उत्तरी तरफ खड़ी दीवार, प्रवेश और निकास नालियों के साथ एक बेसिन था, जिसे एक ज्वारीय बंदरगाह के रूप में पहचाना गया है।

153. (2) जैन धर्म में, तीर्थंकर धर्म के एक उद्धारकर्ता और आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में हैं।
- जैन सिद्धांत के अनुसार ऋषभनाथ, पहले तीर्थंकर थे।
- उन्होंने इक्ष्वाकु वंश की स्थापना की।
- जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर थे।

154. (1) महावीर का जन्म कुंडग्राम नामक एक गाँव में हुआ था।
- यह परंपरागत रूप से बिहार के प्राचीन शहर वैशाली के पास माना जाता है।
- वर्तमान बिहार में इसका सही स्थान स्पष्ट नहीं है, क्योंकि आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों के कारण प्राचीन बिहार के लोग अपने मूल स्थान से विस्थापित होते रहे हैं।

155. (2) सारनाथ, वाराणसी से सिर्फ 10 कि. मी. दूर स्थित है।
- ऐसा माना जाता है कि निर्वाण (ज्ञान) प्राप्त करने के बाद, भगवान बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश इसी स्थान पर दिया, जिसे महा धर्म चक्र प्रवर्तन के नाम से जाना जाता है।
- सारनाथ के समय की यहाँ कई संरचनाएँ हैं - जैसे कि धमेख स्तूप, जो उस स्थान को चिन्हित करता है जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और चौखंडी स्तूप, जहाँ भगवान बुद्ध अपने पहले पाँच शिष्यों से मिले।

156. (4) बौद्ध धर्म के पवित्र ग्रंथों का अपना समूह है।
- इसे त्रिपिटक के रूप में जाना जाता है। इन पवित्र बौद्ध ग्रंथों में बुद्ध की शिक्षाएँ शामिल हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से धर्म के रूप में जाना जाता है।
- त्रिपिटक या तीन टोकरी एक पारंपरिक शब्द है जिसका इस्तेमाल विभिन्न बौद्ध धर्मग्रंथों के लिए किया जाता है।
- इसे अंग्रेजी में पाली कैनन के नाम से जाना जाता है।
- तीन पिटक हैं-सुत्त पिटक, विनय पिटक और अभिधम्म पिटक।

157. (2) उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में स्थित कुशीनगर में महात्मा बुद्ध का परिनिर्वाण (मोक्ष) हुआ था।
- गोरखपुर जिले में कसिया नामक स्थान ही प्राचीन कुशीनगर माना जाता है।
- यहा पर बुद्ध के आठ स्तूपों में से एक स्तूप बना है, जहाँ बुद्ध की अस्थियाँ रखी गई थीं।

158. (3) 'भारत का स्वर्ण युग', गुप्त साम्राज्य के दौरान प्राचीन भारत के तीसरी और छठी शताब्दी के बीच का युग था।
- गुप्त साम्राज्य के शासन के दौरान, भारत ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे गणित, विज्ञान, खगोल विज्ञान, धर्म आदि के क्षेत्र में में बहुत योगदान दिया था।
- कई विद्वानों ने कई क्षेत्रों में भारी योगदान दिया। इनमें से प्रसिद्ध थे आर्यभट्ट, कालीदास और वराहमिहिर।

159. (1) सांख्य हिंदू धर्म में अस्तिका या रूढ़िवादी दार्शनिक प्रणालियों में सबसे पुराना है।
- सांख्य का अर्थ है अभिज्ञान।
- सांख्य दर्शन के संस्थापक महर्षि कपिल थे।
- सांख्य स्कूल द्वैतवाद में विश्वास करता है और कहता है कि केवल दो वास्तविकताएँ हैं- पुरुष और प्रकृति।

160. (1) भारतीयों के लिए महान रेशम मार्ग कनिष्क द्वारा खोला गया था।
- सिल्क रूट की स्थापना चीन के हान राजवंश के शासनकाल के दौरान की गई थी।
- यह भारत से गुजरते हुए चीन को पूर्वी यूरोप के भूमध्यसागरीय देशों और मध्य एशिया से जोड़ता है।

161. (3) अशोक काल के दौरान मौर्य साम्राज्य का विस्तार था:
- उत्तर में, इसके क्षेत्र में नेपाल, पूरा अफगानिस्तान, ईरान और उजबेकिस्तान के कुछ हिस्से शामिल थे।
- पश्चिम में पूरा पाकिस्तान और गुजरात तक।
- दक्षिण में केवल तीन राज्य केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्से स्वतंत्र थे।
- पूर्व में बंगाल, उड़ीसा (कलिंग) और बांग्लादेश तक।

162. (1) मेगस्थनीज एक प्राचीन यूनानी इतिहासकार और राजनयिक था।
- वह पाटलिपुत्र में चंद्रगुप्त मौर्य के सेल्यूकस प्रथम निकेटर के राजदूत बनकर आए थे।
- उन्होंने इंडिका नामक एक पुस्तक लिखी जो मौर्यकालीन भारत का विवरण है।
- अपने अग्रणी कार्य के लिए उन्हें भारतीय इतिहास का पिता माना जाता है।

163. (1) वर्ष 507 ईसा पूर्व में एथेनियन नेता क्लीस्थेनेस ने राजनीतिक सुधारों की एक प्रणाली शुरू की, जिसे उन्होंने डेमोक्रैटिया या 'लोगों द्वारा शासन' (डेमो से, 'लोग' और क्रेटोस या 'शक्ति') कहा।
- यह दुनिया का पहला ज्ञात लोकतंत्र था।
- इस प्रणाली में तीन अलग-अलग संस्थान शामिल थे: एक्क्लेसिया, एक संप्रभु शासी निकाय जिसने कानून लिखे और विदेश नीति तय की; दस एथेनियन जनजातियों और डिकास्टरिया के प्रतिनिधियों की एक परिषद, लोकप्रिय अदालतें, जिनमें नागरिकों ने लॉटरी द्वारा चयनित ज्यूरर्स के समूह के समक्ष मामलों पर तर्क दिया।
- क्लीसेथेंस, 'द फादर ऑफ डेमोक्रेसी,' आधुनिक दुनिया में प्राचीन ग्रीस के सबसे स्थायी योगदानों में से एक था।
- प्रत्यक्ष लोकतंत्र की इस यूनानी प्रणाली ने दुनिया भर में प्रतिनिधि लोकतंत्रों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

164. (1) ऋग्वेद में, इंद्र को दास-दस्यु (दस्यु) का नाश करने वाला कहा गया है।
- ऋग्वेद में दास-दास्य (हड़प्पा लोगों) के पुरों (किलों) का भी वर्णन किया गया है।
- इंद्र ने इन पुरों को नष्ट कर दिया, इसीलिए इंद्र को पुरंदर कहा जाता है।

Search on TG: @apna_bot
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

165. (2) मोहनजोदड़ो या 'माउंड ऑफ द डेड' एक प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी का शहर है जो 2600 और 1900 ईसा पूर्व के बीच फली-फूली।
- यह स्थल 1920 के दशक में खोजा गया था जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित है।
- मोहनजोदड़ो को 1980 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल नामित किया गया था।

166. (1) मोहनजोदड़ो की तरह लोथल का भी अर्थ है- मुर्दों का टीला (माउंड ऑफ द डेड)। पुरातत्वविद् एस. राव राव के नेतृत्व में कई टीमों ने मिलकर 1954 से 1963 के बीच कई हडप्पा स्थलों की खोज की, जिनमें बंदरगाह शहर लोथल भी शामिल है।
- लोथल गुजरात में खंभात की खाड़ी के पास भोगावो और साबरमती नदियों के बीच स्थित है।
- शहर को दो भागों में विभाजित किया गया था: ऊपरी शहर और निचला शहर।
- लोथल में आयताकार बेसिन पाया गया है जिसे डॉकयार्ड कहा जाता था।

167. (4) भीमबेटका गुफाएँ मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित हैं।
- ये गुहा आश्रय मध्य भारतीय पठार के दक्षिणी किनारे पर विंध्य पर्वत की तलहटी में हैं।
- डॉ. वी. एस. वाकणकर ने 1958 में इन गुफाओं की खोज की।
- शब्द 'भीमबेटका', जो 'भीम बैठका' से लिया गया है।
- इन गुफाओं का नाम महाभारत के पांच पांडवों में से एक 'भीम' के नाम पर रखा गया है।
- भीमबेटका का सामान्य अर्थ है 'भीम का बैठने का स्थान'।

168. (3) भारत छोड़ो आंदोलन महात्मा गाँधी के आह्वान पर पूरे देश में एक साथ 8 अगस्त, 1942 को शुरु हुआ था। अगस्त आंदोलन या सविनय अवज्ञा आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है।
- इसकी शुरुआत अगस्त, 1942 में मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में हुई थी।
- यह कांग्रेस द्वारा जर्मनी के साथ अपने युद्ध में अंग्रेजों के समर्थन में अपनी अस्वीकृति व्यक्त करने और आंशिक रूप से सर स्टैफोर्ड क्रिप्स द्वारा संविधान में किए गए असंतोषजनक परिवर्तनों के कारण शु/ किया गया था।
- ब्रिटिश सरकार द्वारा रात को 12 बजे 'ऑपरेशन जीरो ऑवर' के अंतर्गत सभी बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गए और उन्हें देश के अलग अलग-अलग भागों में जेल में डाल दिया गया। गाँधी जी को पुणे के आगा खाँ पैलेस में रखा गया तो अन्य सदस्यों को अहमदनगर दुर्ग में रखा गया।
- प्रमुख नेताओं के जेल चले जाने के बाद नेतृत्व के अभाव में लोगों के बीच से नेतृत्व उभरा।

169. (1) उड़ीसा के मंदिरों को सही ढंग से इसकी पूर्णता में नागरा शैली का प्रदर्शन करने के रूप में वर्णित किया गया है।
- भुवनेश्वर में परशुरामेश्वर मंदिर (8वीं शताब्दी) और मुक्तेश्वर मंदिर उड़ीसा में नागर शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- अनंतवर्मन चोड गंग द्वारा निर्मित भुवनेश्वर में लिंगराज का मंदिर (11वीं शताब्दी) अपनी परिपक्वता में उड़ीसा शैली का प्रतिनिधित्व करता है।
- नरसिंह प्रथम द्वारा निर्मित पुरी का जगन्नाथ मंदिर (12 वीं शताब्दी के अंत में), कोणार्क में सूर्य-मंदिर, (1236-64 A.D) अन्य प्रसिद्ध मंदिर हैं।

170. (3) भारत में प्रस्तर का उपयोग अभिलेखन के लिए कई प्रकार से हुआ है- गुहा की दीवारें, पत्थर की चट्टानें (चिकनी और कभी कभी खुरदरी), स्तंभ, शिलाखंड, मूर्तियों की पीठ अथवा चरणपीठ, प्रस्तरभांड अथवा प्रस्तरमंजूषा के किनारे या ढक्कन, पत्थर की तख्तियाँ, मुद्रा, कवच आदि, मंदिर की दीवारें, स्तंभ, फर्श आदि।
- अशोक के प्रस्तर अभिलेख प्रशासन के प्रतीक थे।
- पत्थर के स्तंभ पर लिखी हुई बेबोलियन सम्राट् हम्मुराबी की विधि संहिता प्रसिद्ध है।
- अशोक के धर्मलेखों में उसका राजकीय शासन (आज्ञा) सर्वाधिक मिलता है।
- प्रशासकीय अभिलेखों में विधि (कानून), नियम, राजाज्ञा, जयपत्र, राजाओं और राजपुरुषों के पत्र, राजकीय लेखाजोखा, कोष के प्रकार और विवरण, सामंतों से प्राप्त कर एवं उपहार, राजकीय सम्मान और शिष्टाचार, ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख, संधादिलेख आदि की गणना है।

171. (1) सिंधु घाटी सभ्यता जिसे हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है तथा अब तक की ज्ञात सभ्यताओं में सबसे प्राचीन सभ्यता माना जाता है।
- राजस्थान प्रान्त के गंगानगर जिले में स्थित घग्घर (प्राचीन सरस्वती) के किनारे कालीबंगा स्थित है।
- कालीबंगा में सिन्धु सभ्यता के साथ-साथ सिन्धु-पूर्व सभ्यता के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं।
- 1961 में ब्रजवासी लाल एवं बालकृष्ण थापर के निर्देशन में 1961 में यहाँ खुदाई सम्पन्न हुई। यहाँ खुदाई में दो टीले मिले हैं। दोनों टीले सुरक्षा दीवारों से घिरे हैं।
- कालीबंगा की खुदाई में जूते हुए खेत के प्रमाण भी मिले हैं।

172. (3) सामंतवाद उपनिषद के उदय का अत्यधिक उपयुक्त कारण है।
- उपनिषद भारतीय दर्शन का मूल स्रोत हैं।
- उपनिषद की रचना 1000ई.पू.- 300 ई.पू. के लगभग हुई।
- कुल संख्या 108 है। यह भारत का सर्वोच्च मान्यता प्राप्त विभिन्न दर्शनों का संग्रह है।
- उपनिषद को वेदांत भी कहा जाता है। उपनिषद भारत के अनेक दार्शनिकों, जिन्हें ऋषि या मुनि कहा गया है, के अनेक वर्षों के गम्भीर चिंतन-मनन का परिणाम है।

173. (4) सिंधु सभ्यता के स्थलों से लगभग 2500 मुहरें प्राप्त हुई हैं।
- ये प्राय: आयताकार या वर्गाकार हैं। पशु के चित्र के साथ लिपि वर्गाकार मुहर पर उत्कीर्ण है, जबकि आयताकार मुहर पर केवल लिपि उत्कीर्ण है।
- चहूंदड़ो में अधिकांश मुहरें सेलखड़ी से बनी हुई पाई गई हैं।
- इन पर एक ऋंगी पशु, भैस, बाघ, बकरी और हाथी की आकृति उकेरी जाती थी। सबसे अधिक संख्या एक ऋंगी पशुओं की है।

174. (4) महात्मा गौतम बुद्ध को जब आत्म बोध हो गया तो उन्होंने वाराणसी के निकट सारनाथ में अपने शिष्यों को धर्म के आठ सूत्र बताए जिन्हें अष्टांग मार्ग कहा गया।
- गौतम बुद्ध ने प्रथम उपदेश वाराणसी के निकट सारनाथ में दिया था, इन्होंने सर्वप्रथम पाँच शिष्यों को उपदेश दिया, इस घटना को धर्मचक्रप्रवर्तन कहते हैं।
- गौतम बुद्ध के शिष्य- आनंद, उपाली, सारीपुत्त, मेघलयान और देवदत्त थे।
- अष्टांग मार्ग है- 1) सम्यक दृष्टि, 2) सम्यक संकल्प, 3) सम्यक वाक्, 4) सम्यक कर्म, 5) सम्यक जीविका, 6) सम्यक प्रयास, 7) सम्यक स्मृति तथा 8) सम्यक समाधि।

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

175. (1) मोहन जोदड़ो का सिन्धी भाषा में अर्थ है "मृतों का टीला"।
- यह दुनिया का सबसे पुराना नियोजित और उत्कृष्ट शहर माना जाता है।
- यह सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे परिपक्व शहर है।
- सिन्धु घाटी सभ्यता में सूती वस्त्र के अवशेष मोहनजोदड़ो में प्राप्त हुए है।
- दुनिया में सूत के बने दो सबसे पुराने कपड़ो में से एक का नमूना यहाँ पर ही मिला था।

176. (3) मगध प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों में से एक था।
- हर्यंक वंश के तीन महत्वपूर्ण शासक बिम्बिसार, अजातशत्रु एवं उदायिन थे। इनके शासनकाल में मगध की आरंभिक राजधानी गिरिव्रज" थी।
- बाद में राजगृह" को मगध की राजधानी बनाई गई थी।
- मगध साम्राज्य की उत्पत्ति उस समय हुई थी जब 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 4वीं शताब्दी ई.पू. तक चार महाजनपद मगध, कोशल, वत्स और अवंती एक-दूसरे के ऊपर वर्चस्व स्थापित करने के लिए संघर्ष में लगे हुए थे।
- अंतत: मगध उत्तर भारत में सबसे शक्तिशाली और समृद्ध साम्राज्य के रूप में उभरा।

177. (4) दधीचि, जिन्हें दध्यांच के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू पौराणिक कथाओं में एक महत्वपूर्ण चरित्र हैं। वह भगवान शिव के सबसे बड़े भक्तों में से एक थे।
- दशावतार या भगवान विष्णु के दस अवतार क्रम हैं: मत्स्य; कुर्म; वराह; नरसिम्हा; वामन; परशुराम; राम; कृष्ण; बुद्ध और कल्कि।

178. (4) हड़प्पावासी लोहे के उपयोग को नहीं जानते थे। चूंकि यह एक कांस्य युग की सभ्यता थी, इसने तांबे और कांस्य में कई धातुकर्म प्रगति की थी लेकिन लोहे में नहीं।

179. (1) राजराजेश्वर मंदिर का निर्माण राजा राज चोल प्रथम ने करवाया था।
- तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- ग्रेनाइट से बनने वाला सबसे पहला मंदिर है। यह दुनिया के सबसे ऊंचे विमान (टॉवर) में से एक है।

180. (3) सिंहासन छोड़ने के बाद चंद्रगुप्त मौर्य अपने आध्यात्मिक गुरु भद्रबाहु के साथ श्रवणबेलगोला गए।

181. (2) बोधि वृक्ष (फाइकसरेलिगिओसा या पीपल का पेड़) जिसके बारे में माना जाता है कि बुद्ध ने इसके नीचे ध्यान कर ज्ञान प्राप्त किया, यह बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित है।
- बौद्धों द्वारा सर्वाधिक पवित्र माने जाने वाले चार स्थानों में, अन्य तीन, लुम्बिनी, जहाँ उनका जन्म हुआ था; कुशीनगर, जहाँ वह महापरिनिर्वाण को प्राप्त हुए; एवं सारनाथ, जहाँ उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया था, समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनमें बोधगया का विशेष स्थान है।

182. (1) मगध साम्राज्य ने भारत में 684 ईसा पूर्व - 320 ईसा पूर्व तक शासन किया।
- बिंबिसार ने 52 वर्षों तक 544 ई.पू. से 492 ई.पू.तक शासन किया, जबकि उन्हें उनके पुत्र अजातशत्रु (492-460 ई.पू.) ने बंदी बना लिया एवं मगध की गद्दी के लिए उनकी हत्या कर दी गई।

183. (1) बुद्ध एक शीर्षक है जिसका उपयोग सिद्धार्थ गौतम के संदर्भ में किया जाता है। बुद्ध का अर्थ है पूरी तरह से जागृत व्यक्ति।
- उन्हें बौद्ध धर्म के संस्थापक के रूप में सम्मानित किया जाता है।
- बुद्ध के पिछले जीवन के बारे में कहानियों के संग्रह को जातक कथाओं के रूप में जाना जाता है।

184. (3) नव नालंदा महाविहार (एनएनएम) की स्थापना 1951 में राजेंद्र प्रसाद के द्वारा नालंदा में शिक्षा की प्राचीन सीट को पुनर्जीवित करने के लिए की गई थी।
- इसे प्राचीन नालंदा महाविहार की तर्ज पर पाली और बौद्ध धर्म में उच्च अध्ययन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए स्थापित किया गया था।

185. (1) चाणक्य चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे।
- वे एक महान विद्वान, प्राचीन भारत में अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शिक्षक थे।
- चाणक्य द्वारा चंद्रगुप्त को राजनीति और युद्ध के विभिन्न पाठ पढ़ाए गए थे ,चंद्रगुप्त मौर्य ने नंद वंश के धन नंद को हराकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी।

186. (1) थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना 1875 में मैडम ब्लावात्स्की और कर्नल ओल्कोट ने न्यूयॉर्क में की थी।
- 1879 में ही इस विचारधारा ने भारतीय संस्कृति और समाज में अपनी जड़ें जमा लीं।
- इसे मद्रास प्रेसीडेंसी में स्थापित किया गया, जिसका मुख्यालय अडयार में है।

187. (3) अशोक के शिलालेखों में तीन भाषाओं, प्राकृत, ग्रीक और अरामिक का इस्तेमाल किया गया था।
- ये शिलालेख प्राकृत के गैर-मानकीकृत और पुरातन रूपों में रचे गए थे।
- प्राकृत शिलालेख ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों में लिखे गए थे, जिन्हें आम आदमी भी पढ़ और समझ सकता था।

188. (3)

पुस्तक		लेखक
सूत्रालंकार	:	अश्वघोष
महाविभाषा सूत्र	:	वसुमित्र
अमरकोश	:	अमरसिंह
बृहत् कथा मंजरी	:	क्षेमेंद्र

189. (3) शाहबाजगढ़ी, पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत के मर्दान जिले में स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है।
- शाहबाजगढ़ी में शिलालेख खरोष्ठी लिपि का उपयोग करके अरामाइक भाषा में लिखे गए थे।
- इन शिलालेखों को 30 जनवरी, 2004 को सांस्कृतिक श्रेणी में यूनेस्को की विश्व विरासत की अस्थायी सूची में जोड़ा गया था।

190. (2) शक युग 78 ईस्वी सन् का वसंत विषुव है।
- माना जाता है कि शक युग की स्थापना सातवाहन वंश के राजा शालिवाहन ने की थी।
- शक संवत का पहला महीना चैत्र है। यह 22 मार्च से शुरू होता है जो लीप वर्ष के दौरान 21 मार्च के समान है।

191. (4) एग्रोनोमोई: मेगस्थनीज द्वारा एक अधिकारी के रूप में संदर्भित, जिसे अन्य चीजों के अलावा, राजस्व का संग्रह, सिंचाई सुविधाओं का पर्यवेक्षण, न्यायिक प्रशासन और सड़कों का रखरखाव सौंपा गया था।
- सीताध्यक्ष: कृषि अधीक्षक।
- पौतवाध्यक्ष: वजन एवं माप के अधीक्षक।

192. (3) नयनार एवं अलवार तमिल कवि-संत थे जिन्होंने 5वीं-10वीं शताब्दी के दौरान दक्षिण भारत में भक्ति आंदोलन के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- नयनार भगवान शिव को समर्पित 63 संतों का एक समूह था जो छठी से आठवीं शताब्दी के दौरान प्रसिद्ध थे।
- अलवार दक्षिण भारत के तमिल कवि-संत थे जिन्होंने अपनी भक्ति एवं सेवा के गीतों में भगवान विष्णु या उनके अवतार भगवान कृष्ण की भक्ति की।

Search On TG: @apna_bot
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

193. (1) "सिंधु घाटी सभ्यता" शब्द का प्रयोग पहली बार जॉन मार्शल ने किया था।
- हड़प्पा के महत्वपूर्ण भौतिक निष्कर्षों में मिट्टी के बर्तन, चर्ट ब्लेड, तांबे या कांस्य के औजार, टेराकोटा की मूर्तियाँ, मुहरें एवं सीलिंग, बाट आदि शामिल हैं।
- हड़प्पा में पाए जाने वाले शृंगार पेटिका (वैनिटी केस) और टॉयलेट जार में हाथीदांत पाउडर, फेस-पेंट एवं कई अन्य प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शामिल थे।

194. (2) गुप्त काल के दौरान अर्थव्यवस्था 18 स्रोतों या लोगों पर लगाए जाने वाले करों के प्रकारों से आगे बढ़ रही थी; इसका बड़ा हिस्सा जनकल्याण के कार्यों में खर्च किया जाता था।
- भू-राजस्व आमदनी का मुख्य स्रोत था जो आम तौर पर उपज के छठे हिस्से पर तय किया जाता था।

195. (3) लगभग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व एवं तीसरी शताब्दी ईस्वी के बीच की अवधि दक्षिण भारत में (कृष्णा एवं तुंगभद्रा नदी के दक्षिण में स्थित क्षेत्र) संगम काल के रूप में जाना जाता है।
- संगम युग के दौरान दक्षिण भारत पर तीन राजवंशों- चेरों, चोलों एवं पांड्यों का शासन था।
- चेरों ने केरल के मध्य एवं उत्तरी भागों और तमिलनाडु के कोंगु क्षेत्र को नियंत्रित किया।

196. (2) चार वेद हैं - ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद।
- ऋग्वेद वेद का सबसे पुराना रूप है और सबसे पुराना ज्ञात वैदिक संस्कृत पाठ (1800 - 1100 ईसा पूर्व) है। यह संसार का प्राचीनतम धर्मग्रन्थ है।
- यह 1028 वैदिक संस्कृत सूक्तों और कुल 10,600 मंत्रों का एक संग्रह है, जिसे दस मण्डलों में व्यवस्थित किया गया है।

197. (4) चंद्रगुप्त मौर्य का राज्याभिषेक (321 - 297 ईसा पूर्व),
- मेगस्थनीज लगभग 302 ईसा पूर्व और 288 ईसा पूर्व के बीच भारत आया था।
- अशोक का राज्याभिषेक: 268 ई.पू.
- अशोक की कलिंग विजय: 271-261 ई.पू.

198. (2) कुशीनगर वह स्थान है जहाँ गौतम बुद्ध ने अपना नश्वर शरीर त्यागकर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया।
- लुंबिनी भगवान बुद्ध की जन्मस्थली थी।
- बोधगया वह स्थान था जहाँ उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।
- सारनाथ वह स्थान है जहाँ उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया था।

199. (4) छठी और चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के बीच, मगध (वर्तमान बिहार में) सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया।
- मगध पर बिम्बिसार, अजातशत्रु, धननंद, चंद्रगुप्त आदि जैसे शक्तिशाली राजाओं का शासन रहा।
- यह गंगा के मैदानों में स्थित था, जिसने इसे उपजाऊ बना दिया और कृषि गतिविधियों का समर्थन किया।
- मगध की प्रारंभिक राजधानी लोहे के भंडार के पास स्थित थी।

200. (3) ऋषभदेव: प्रथम जैन तीर्थंकर
- नेमिनाथ: 22वें जैन तीर्थंकर
- पार्श्वनाथ: 23वें जैन तीर्थंकर
- महावीर: 24वें जैन तीर्थंकर

201. (2) निषाद वे जनजातियाँ हैं जो जंगलों और पहाड़ियों में रहती थीं। इनमें अधिकांश वनवासी थे। इनमें से कुछ मछुआरे एवं शिकारी भी थे।

202. (2) हस्तिनापुर में पहली खुदाई 1952 में हुई, जब पुरातत्वविद् प्रोफेसर बी बी लाल ने निष्कर्ष निकाला कि 'महाभारत काल' लगभग 900 ईसा पूर्व था, यह शहर गंगा की बाढ़ से बह गया था।
- 1951-52 में पुरातत्वविद् बी बी लाल ने मेरठ (उत्तर प्रदेश) के हस्तिनापुर नामक गाँव में खुदाई की।

203. (3) हड़प्पा समाज में, मृतकों को आमतौर पर गड्ढों में रखा जाता था। कुछ दफन गड्ढों में पवित्र स्थानों को ईंटों से पंक्तिबद्ध किया गया था।
- हड़प्पा की कब्रों में पाई जाने वाली मुख्य वस्तुएँ: मिट्टी के बर्तन, आभूषण, खोल (shell) के छल्ले, मनके आदि हैं। कब्रों में तांबे के दर्पण भी मिले हैं।

204. (1) बुद्ध ने लोगों को पाली भाषा में शिक्षा दी, जो सामान्य लोगों की भाषा थी ताकि हर कोई उनके संदेश को समझ सके।

205. (3) सम्राट अशोक द्वारा निर्मित स्तंभ उत्तरी भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हुए स्तंभों की एक शृंखला है, जिनका निर्माण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में उनके शासनकाल के दौरान बनवाया गया था।
- संकिसा में, अशोक कमल पर खड़े एक हाथी के साथ एक स्तंभ का निर्माण किया गया है। वर्तमान में कमल पर खड़ा हाथी अभी भी मौजूद है लेकिन स्तंभ नष्ट हो गया है।

206. (*) दिव्यावदान में, चंद्रगुप्त मौर्य के पुत्र बिंदुसार को क्षत्रिय मूर्धाभिषिक्त या अभिषिक्त क्षत्रिय के रूप में वर्णित किया गया है।
- उन्हें संस्कृत साहित्य में अमित्राघात (मित्र-शत्रु, घट-हत्यारा) के रूप में भी जाना जाता है। स्ट्रैबो ने उसका नाम अमित्रोचेट्स या एलीट्रोकेड्स रखा है जो कि अमित्राघता नाम का ग्रीक संस्करण है।
- सीरिया के राजा एंटिओकस-I के साथ उसके मैत्रीपूर्ण संबंध थे। एंटिओकस-I का एक यूनानी डेमाचोस उसके दरबार में आया था।

207. (4) इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख, एक प्रशस्ति (स्तवन) की रचना समुद्रगुप्त के दरबारी हरिषेण ने की थी।
- इस शिलालेख के अनुसार, समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त, उत्तरी क्षेत्र के निम्नलिखित राजाओं को "जबरन उखाड़ फेंका": रुद्रदेव, मतिला, नागदत्त, चंद्रवर्मन, गणपतिनाग, नागसेन, अच्युत, नंदिन और बलवर्मन।

208. (2) आर. एस. शर्मा ने तर्क दिया है कि गुप्त और गुप्तोत्तर काल में मुद्रा अर्थव्यवस्था में गिरावट देखी गई।
- वह इंगित करता है कि गुप्तों ने कई सोने के सिक्के जारी किए हैं, लेकिन तुलनात्मक रूप से कुछ चांदी और तांबे के सिक्के जारी किए हैं।

209. (2) प्रारंभिक मध्ययुगीन भारत में ब्राह्मणों को दान किए गए एकल भूखंड या पूरे गांवों के रूप में ब्रह्मदेय कर मुक्त भूमि उपहार था।
- यह शुरू में शासक राजवंशों द्वारा अभ्यास किया गया था और जल्द ही प्रमुखों, व्यापारियों, सामंतों आदि द्वारा इसका पालन किया गया था।
- ब्रह्मदेय को ब्राह्मण ग्रंथों द्वारा पुण्य प्राप्त करने और पाप को नष्ट करने के लिए सबसे सुरक्षित साधन के रूप में तैयार किया गया था।

210. (1) गौतम बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश इसिपतन, सारनाथ में दिया, जिसे धर्म चक्र या विधि का पहिया कहा जाता है। प्रथम धर्मोपदेश वह अवसर था जब उन्होंने अपने पाँच तपस्वी मित्रों कोंडन्ना, वप्पा,

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

भदिया, महानामा और अस्सजी को अपने आत्मज्ञान के ठीक दो महीने बाद उपदेश दिया। हिरण पार्क में अपने पहले उपदेश में उन्होंने चार महान सत्य सिखाए।

211. (2) बोधि वृक्ष (फाइकसरेलिगिओसा या पीपल का पेड़) जिसके बारे में माना जाता है कि बुद्ध ने इसके नीचे ध्यान कर ज्ञान प्राप्त किया, वह बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित है।

- बौद्धों द्वारा सर्वाधिक पवित्र माने जाने वाले चार स्थानों में, अन्य तीन, लुंबिनी, जहाँ उनका जन्म हुआ था; कुशीनगर, जहाँ वह महापरिनिर्वाण को प्राप्त हुए; एवं सारनाथ, जहाँ उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया था, समान रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन इनमें बोधगया का विशेष स्थान है।

212. (1) मगध साम्राज्य ने भारत में 684 ईसा पूर्व - 320 ईसा पूर्व तक शासन किया।

- बिंबिसार ने 52 वर्षों तक 544 ई.पू. से 492 ई.पू.तक शासन किया, जबकि उन्हें उनके पुत्र अजातशत्रु (492-460 ई.पू.) ने बंदी बना लिया एवं मगध की गद्दी के लिए उनकी हत्या कर दी गई।

213. (1) भगवान बुद्ध ने अपना अंतिम उपदेश वैशाली, बिहार में दिया था।

- वैशाली में ही भगवान बुद्ध ने घोषणा की थी कि वे कुशीनगर जाने से पहले महापरिनिर्वाण को प्राप्त करेंगे जहाँ उन्होंने 483 ईसा पूर्व में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था।

214. (1) बुद्ध एक शीर्षक है जिसका उपयोग सिद्धार्थ गौतम के संदर्भ में किया जाता है। बुद्ध का अर्थ है पूरी तरह से जागृत व्यक्ति।

- उन्हें बौद्ध धर्म के संस्थापक के रूप में सम्मानित किया जाता है।
- बुद्ध के पिछले जीवन के बारे में कहानियों के संग्रह को जातक कथाओं के रूप में जाना जाता है।

215. (3) नव नालंदा महाविहार (एनएनएम) की स्थापना 1951 में राजेंद्र प्रसाद के द्वारा नालंदा में शिक्षा की प्राचीन सीट को पुनर्जीवित करने के लिए की गई थी।

- इसे प्राचीन नालंदा महाविहार की तर्ज पर पाली और बौद्ध धर्म में उच्च अध्ययन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए स्थापित किया गया था।

216. (1) चाणक्य चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे।

- वे एक महान विद्वान, प्राचीन भारत में अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शिक्षक थे।
- चाणक्य द्वारा चंद्रगुप्त को राजनीति और युद्ध के विभिन्न पाठ पढ़ाए गए थे ,चंद्रगुप्त मौर्य ने नंद वंश के धन नंद को हराकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी।

217. (3) अशोक के शिलालेखों में तीन भाषाओं, प्राकृत, ग्रीक और अरामिक का इस्तेमाल किया गया था।

- ये शिलालेख प्राकृत के गैर-मानकीकृत और पुरातन रूपों में रचे गए थे।
- प्राकृत शिलालेख ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों में लिखे गए थे, जिन्हें आम आदमी भी पढ़ और समझ सकता था।

218. (2) सिंधु सभ्यता में जलाशय का साक्ष्य धौलावीरा (गुजरात) से मिला है।

- यहाँ आपात काल में जल उपयोग हेतु कृत्रिम जलाशय बनाया जाता था।
- धौलावीरा की जल प्रबंधन की तकनीक उत्कृष्ट थी।
- प्राचीनतम स्टेडियम का साक्ष्य भी धौलावीरा से मिला है।

219. (4) मौर्यों ने पहली बार एक सुव्यवस्थित राज्य तंत्र का निर्माण किया जो साम्राज्य के केंद्र से संचालित होता था।

- मौर्य साम्राज्य का विस्तार पश्चिम में आधुनिक अफगानिस्तान से लेकर पूर्व में बांग्लादेश देश तक तथा उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में पेन्नार नदी तक विस्तृत था। उनकी विजय ने व्यापार और मिशनरी गतिविधियों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया।
- प्रशासकों, व्यापारियों, जैन और बौद्ध भिक्षुओं द्वारा स्थापित संपर्कों के कारण साम्राज्य का सांस्कृतिक विस्तार सीमावर्ती एवं पड़ोसी देशों में भी हुआ।

(3) फराजी आन्दोलन
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

422. किस षड्यंत्र के मामले में, तीन अंग्रेजों को साजिश करने के लिए कारागार में अवरुद्ध किया गया था?
(1) कानपुर षड्यंत्र मामला
(2) मेरठ षड्यंत्र मामला
(3) नासिक षड्यंत्र मामला
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

423. निम्नलिखित आन्दोलनों में से किसका भारतवर्ष के अन्तर्गत, बहुउद्देशीय परियोजनाओं के विरुद्ध शुभारंभ किया गया था?
(1) टिहरी बाँध आन्दोलन
(2) चिपको आन्दोलन
(3) नर्मदा बचाओ आन्दोलन
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

424. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (आंदोलनों के नाम)
a. नील के पौधे लगाने वालों का आंदोलन
b. खेतिहर सत्याग्रह
c. कपास मिल मजदूरों का सत्याग्रह
d. असहयोग आन्दोलन को बंद करने के लिए आन्दोलन

सूची-II
(उनसे सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण केन्द्र)
1. अहमदाबाद
2. चम्पारण
3. खेरा
4. चौरी चौरा

कूट :
(1) a b c d
3 4 2 1
(2) a b c d
2 3 1 4
(3) a b c d
1 2 3 4
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	2. (2)	3. (1)	4. (3)
5. (2)	6. (2)	7. (3)	8. (3)
9. (1)	10. (4)	11. (4)	12. (1)
13. (2)	14. (4)	15. (4)	16. (3)
17. (4)	18. (4)	19. (4)	20. (2)
21. (3)	22. (4)	23. (3)	24. (4)
25. (1)	26. (2)	27. (1)	28. (3)
29. (2)	30. (2)	31. (3)	32. (3)
33. (4)	34. (4)	35. (1)	36. (3)
37. (1)	38. (3)	39. (3)	40. (2)
41. (3)	42. (3)	43. (2)	44. (4)
45. (3)	46. (4)	47. (4)	48. (4)
49. (2)	50. (4)	51. (1)	52. (4)
53. (3)	54. (2)	55. (2)	56. (3)
57. (3)	58. (2)	59. (3)	60. (1)
61. (2)	62. (4)	63. (3)	64. (2)
65. (4)	66. (4)	67. (2)	68. (1)
69. (2)	70. (3)	71. (4)	72. (1)
73. (2)	74. (2)	75. (4)	76. (1)
77. (4)	78. (2)	79. (1)	80. (2)
81. (3)	82. (3)	83. (1)	84. (3)
85. (2)	86. (3)	87. (2)	88. (3)
89. (2)	90. (1)	91. (1)	92. (3)
93. (3)	94. (3)	95. (4)	96. (3)
97. (2)	98. (2)	99. (2)	100. (3)
101. (2)	102. (1)	103. (3)	104. (1)
105. (1)	106. (*)	107. (2)	108. (2)
109. (2)	110. (3)	111. (3)	112. (1)
113. (3)	114. (3)	115. (1)	116. (1)
117. (4)	118. (1)	119. (3)	120. (2)
121. (3)	122. (4)	123. (1)	124. (4)
125. (4)	126. (3)	127. (1)	128. (4)
129. (3)	130. (4)	131. (4)	132. (4)
133. (1)	134. (2)	135. (3)	136. (2)
137. (1)	138. (4)	139. (4)	140. (1)
141. (2)	142. (2)	143. (1)	144. (4)
145. (4)	146. (3)	147. (3)	148. (2)
149. (3)	150. (4)	151. (3)	152. (2)
153. (1)	154. (2)	155. (1)	156. (1)
157. (2)	158. (3)	159. (3)	160. (3)
161. (2)	162. (2)	163. (2)	164. (1)
165. (3)	166. (4)	167. (3)	168. (1)
169. (2)	170. (2)	171. (3)	172. (2)
173. (3)	174. (4)	175. (3)	176. (2)
177. (1)	178. (2)	179. (3)	180. (1)
181. (3)	182. (3)	183. (1)	184. (1)

Search On Telegram: @apna_library_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

185. (2)	186. (3)	187. (1)	188. (2)
189. (2)	190. (2)	191. (1)	192. (1)
193. (3)	194. (3)	195. (4)	196. (3)
197. (3)	198. (1)	199. (1)	200. (3)
201. (1)	202. (3)	203. (4)	204. (2)
205. (4)	206. (1)	207. (1)	208. (3)
209. (1)	210. (2)	211. (1)	212. (3)
213. (3)	214. (1)	215. (1)	216. (3)
217. (2)	218. (3)	219. (4)	220. (3)
221. (1)	222. (1)	223. (2)	224. (2)
225. (2)	226. (3)	227. (1)	228. (2)
229. (1)	230. (2)	231. (3)	232. (1)
233. (3)	234. (2)	235. (4)	236. (3)
237. (3)	238. (3)	239. (2)	240. (2)
241. (3)	242. (3)	243. (1)	244. (2)
245. (1)	246. (3)	247. (4)	248. (3)
249. (2)	250. (3)	251. (2)	252. (4)
253. (1)	254. (2)	255. (2)	256. (3)
257. (2)	258. (1)	259. (3)	260. (*)
261. (3)	262. (4)	263. (2)	264. (3)
265. (2)	266. (3)	267. (2)	268. (3)
269. (4)	270. (2)	271. (4)	272. (4)
273. (4)	274. (4)	275. (*)	276. (1)
277. (4)	278. (2)	279. (3)	280. (4)
281. (2)	282. (1)	283. (4)	284. (3)
285. (1)	286. (3)	287. (4)	288. (3)
289. (3)	290. (1)	291. (2)	292. (1)
293. (3)	294. (3)	295. (2)	296. (1)
297. (3)	298. (2)	299. (1)	300. (2)
301. (1)	302. (1)	303. (1)	304. (2)
305. (3)	306. (3)	307. (2)	308. (3)
309. (2)	310. (1)	311. (2)	312. (4)
313. (3)	314. (2)	315. (2)	316. (4)
317. (3)	318. (4)	319. (1)	320. (3)
321. (3)	322. (3)	323. (3)	324. (4)
325. (2)	326. (3)	327. (3)	328. (3)
329. (4)	330. (2)	331. (3)	332. (1)
333. (2)	334. (3)	335. (3)	336. (3)
337. (1)	338. (4)	339. (2)	340. (1)
341. (3)	342. (3)	343. (2)	344. (2)
345. (1)	346. (4)	347. (2)	348. (2)
349. (4)	350. (1)	351. (2)	352. (2)
353. (4)	354. (4)	355. (2)	356. (2)
357. (1)	358. (1)	359. (2)	360. (3)
361. (2)	362. (3)	363. (1)	364. (2)
365. (1)	366. (2)	367. (1)	368. (1)
369. (4)	370. (3)	371. (3)	372. (1)
373. (1)	374. (1)	375. (3)	376. (4)
377. (3)	378. (2)	379. (3)	380. (3)
381. (1)	382. (3)	383. (1)	384. (2)
385. (1)	386. (1)	387. (1)	388. (2)
389. (4)	390. (1)	391. (3)	392. (2)
393. (3)	394. (2)	395. (1)	396. (1)
397. (2)	398. (5)	399. (4)	400. (2)
401. (1)	402. (3)	403. (1)	404. (4)
405. (1)	406. (2)	407. (4)	408. (2)
409. (4)	410. (1)	411. (4)	412. (2)
413. (3)	414. (3)	415. (4)	416. (1)
417. (3)	418. (4)	419. (5)	420. (2)
421. (3)	422. (2)	423. (4)	424. (2)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) आर्य समाज एक हिन्दू सुधार आंदोलन है। जिसकी स्थापना दयानन्द सरस्वती द्वारा 1875 में बंबई में की। आर्य समाजी शुद्ध वैदिक परम्परा में विश्वास करते थे तथा मूर्तिपूजा, अवतारवाद, बलि, झूठे कर्मकाण्ड व अंधविश्वासों को अस्वीकार करते थे इन्होंने छुआछूत व जातिगत भेदभाव का विरोध किया तथा स्त्रियों व शूद्र को भी यज्ञोपवीत धारण करने व वेद पढ़ने का अधिकार दिया था।

2. (2) सत्य शोधक समाज सन् 1873 में ज्योतिबा फूले द्वारा स्थापित एक पन्थ है यह एक छोटे से समूह के रूप में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य शूद्ध एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था।

3. (1) 5 फरवरी, 1922 को गोरखपुर जिले के चौरी चौरा नामक स्थान पर पुलिस ने जबरन एक जुलूस को रोकना चाहा, इसके फलस्वरूप जनता ने क्रोध में आकर थाने में आग लगा दी जिसमें एक थानेदार एवं 21 सिपाहियों की मृत्यु हो गई। इस घटना से गाँधीजी स्तब्ध रह गए आंदोलन हिंसक हो जाने से असहयोग आंदोलन को स्थगित कर दिया गया।

4. (3) इंकलाब जिन्दाबाद एक उर्दू नारा है जिसका अर्थ है 'क्रांति की जय हो'। इसकी रचना प्रसिद्ध कवि मुहम्मद इकबाल ने की थी, किंतु पहली बार इस नारे के रूप में प्रयोग भगत सिंह ने किया था। इन्होंने इस नारे को चर्चित बनाया।

5. (2) मौलाना अबुल कलाम आजाद एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। आजादी के बाद अबुल कलाम आजाद भारत के संसद चुने गए और भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने।

6. (2) भारत के साथ व्यापार करने वाले प्रथम यूरोपीय पुर्तगाली थे। सर्वप्रथम 17 मई, 1498 ई. को वास्कोडिगामा, cope of good hope (आशा अंतरीय) होते हुए कालीकट (केरल) के बंदरगाह पर पहुँचा था। जहाँ उसका स्वागत राजा जमोरिन द्वारा किया गया था। इसके बाद पुनः यह 1502 ई. में भारत आया। पुर्तगालियों ने 1503 ई. में कोचीन में अपना पहला कारखाना स्थापित किया।

क्रमः पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, डेन तथा फ्रेंच

7. (3) विंस्टन चर्चिल ने गाँधीजी को 'अर्द्ध-नग्न फकीर' कहा था। विंस्टन चर्चिल अंग्रेज राजनीतिज्ञ थे। द्वितीय विश्व युद्ध के समय इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री थे। चर्चिल प्रसिद्ध कूटनीतिज्ञ और प्रखर वक्ता थे।

8. (3) सरोजिनी नायडू का जन्म भारत के हैदराबाद नगर में सन् 1879 को हुआ था। भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वे उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल बनी। सरोजिनी नायडू को भारत की कोकिला कहा जाता है।

9. (1) नाना साहेब (जन्म 1824-1857 के पश्चात् से गायब) सन् 1857 के भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम के शिल्पकार थे उनका मूल नाम धोंडूपंत था। स्वतंत्रता संग्राम में नाना साहेब ने कानपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोहियों का नेतृत्व किया।

10. (4) स्वतंत्रता की पहली लड़ाई 1857 में लड़ी गई। इसे 1857 की क्रांति भी कहा जाता है। इस विद्रोह का आरंभ 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर (पं. बंगाल) की छावनी में मंगल पांडे के विद्रोह के रूप में हुआ। इस पर मंगल पांडे को फाँसी की सजा दी गई। कुछ समय बाद 10 मई, 1857 को पुनः यह विद्रोह मेरठ में भड़का और आग की तरह पूरे उत्तर भारत में फैल गया। इसके प्रमुख नेतृत्वकर्ता थे।

11. (4) भारत के साथ व्यापार करने वाले प्रथम यूरोपीय पुर्तगाली थे। सर्वप्रथम 17 मई, 1498 ई. को वास्कोडिगामा, cope of good hope (आशा अंतरीय) होते हुए

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

कालीकट (केरल) के बंदरगाह पर पहुँचा। जहाँ उसका स्वागत राजा जमोरिन द्वारा किया गया। इसके बाद वह पुनः 1502 में भारत आया। भारत अपने साथ दूसरा पुर्तगाली यात्री पेद्रु अल्वेज (1500 ई.) था। पुर्तगालियों ने 1503 ई. में कोचीन में अपना पहला कारखाना लगाया।

क्रमः पुर्तगाली (1498), डच (1602), अंग्रेज (1600), डेन (1616) तथा फ्रेंच (1664)।

12. (1) लॉर्ड कैनिंग एक कुशल राजनीतिज्ञ और 1857 के सिपाही विद्रोह के दौरान भारत के गवर्नर-जनरल रहे। कैनिंग 1858 में भारत के पहले वायसराय बने।

13. (2) 1857 के महान विद्रोह के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री 'पामर्स्टन' थे। तथा भारत में अंग्रेजों का प्रतिनिधित्व करने 'वाला लार्ड कैनिंग (1st वायसराय) था।

14. (4) अबुल कलाम आजाद (1888-1958) सर्वप्रथम 1923 में कांग्रेस के दिल्ली के विशेष अधिवेशन में 35 वर्ष की आयु में अध्यक्ष चुने गए उन्होंने कहा था नेहरू एक राष्ट्रभक्त है जबकि जिन्ना एक राजनीतिज्ञ है।

15. (4) महात्मा गाँधी के 'राम राज्य' के युगल सिद्धान्त सत्य और अहिंसा थे अहिंसा का सामान्य अर्थ है 'हिंसा न करना'।

16. (3) चक्रवर्ती राजगोपालचारी का संबंध स्वराज दल से नहीं था। स्वराज पार्टी का गठन मार्च 1923 में किया गया था। वास्तव में असहयोग आंदोलन की समाप्ति के बाद कांग्रेस में परिवर्तनवादी और परिवर्तनविरोधी जैसी दो विचारधाराएँ सामने आई। जिसके फलस्वरूप मोतीलाल नेहरू और C.R. दास ने इलाहाबाद में कांग्रेस खिलाफत स्वराज पार्टी की नींव रखी। आगे चलकर नवम्बर 1923 में हुए चुनावों में स्वराज पार्टी ने सेंट्रल एंसबली की 101 निर्वाचित सीटों में से 42 सीटें जीती।

17. (4) 1927 में डॉ. अम्बेडकर ने छुआछूत के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन शुरू करने का फैसला किया बहिष्कार भारत पत्रिका बी. आर. अम्बेडकर से सम्बन्धित थे।

18. (4) चन्द्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन ऐसोसिएशन का गठन किया तथा भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया।

19. (4) राजा महेन्द्र प्रताप सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार, लेखक, क्रांतिकारी और समाज सुधारक थे। महेन्द्र प्रताप सिंह अफगान के बादशाह से मुलाकात की और वहीं 1 दिसंबर, 1915 में काबुल से भारत के लिए अस्थाई सरकार की घोषणा की।

20. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन 1929 ई. में पं. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वराज' को अपना लक्ष्य घोषित किया तथा रावी नदी के तट पर तिरंगा फहराया गया। साथ ही 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वाधीनता दिवस मनाने का निश्चय किया गया।

21. (3) कांग्रेस ने एकमात्र द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। तीन गोलमेज सम्मेलन हुए थे।

(i) 12 नवम्बर, 1930 से 19 जनवरी, 1931 तक।

(ii) 7 सितम्बर, 1931 से 1 दिसम्बर, 1931 (कांग्रेस की ओर से गाँधी जी शामिल)

(iii) 17 नवम्बर, 1932 से दिसम्बर 1932

द्वितीय गोलमेज सम्मेलन: गाँधी जी कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे S.S राजपूताना नामक जहाज से लंदन पहुँचे थे। हालाँकि सांप्रदायिक तनाव की वजह से यह सम्मेलन असफल हो गया और 1 दिसम्बर, 1931 को सम्मेलन अनिर्णित ही समाप्त हो गया।

22. (4) गोपालकृष्ण गोखले उग्रपंथी ना होकर नरमपंथी विचारधारा के समर्थ थे। अन्य नरमपंथी नेता थे- दादा भाई नौरोजी, M.G. रानाडे, फिरोजशाह मेहता आदि। उग्रपंथी या गरमपंथी चरण का उदय भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में 1905 से 1919 के बीच दृष्टिगोचर होता है। इस समय भारत में व्यापक जनआधारित आंदोलन की शुरूआत हुई। इनके अनुसार सरकार से अपनी बात मनवाने का तरीका संवैधानिक नहीं हो सकता था। स्वराज माँगने से नहीं बल्कि संघर्ष से मिलेगा।

23. (3) मुस्लिम लीग ने भारत विभाजन की माँग सर्वप्रथम 1940 ई. में की थी। 1 अक्टूबर, 1906 ई. को आगा खाँ के नेतृत्व में मुस्लिमों का एक दल वायसराय लॉर्ड मिण्टो से शिमला में मिला 30 दिसम्बर, 1906 ई. को ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना की थी।

24. (4) आजाद हिन्द फौज सबसे पहले राजा महेन्द्रप्रताप सिंह ने 29 अक्टूबर, 1915 को अफगानिस्तान में बनाई थी। मूलतः यह 'आजाद हिन्द सरकार' की सेना थी। जो अंग्रेजों से लड़कर भारत को मुक्त कराने के लक्ष्य से ही बनाई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सन् 1942 में भारत को अंग्रेजों के कब्जे से स्वतंत्र कराने के लिए आजाद हिन्द फौज नामक सशस्त्र सेना का गठन किया गया इसकी संरचना रासबिहारी बोस ने जापान की सहायता से टोक्यो में किया था।

25. (1) वीर कुंवर सिंह सन् 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। वीर कुंवर सिंह का जन्म 1777 में बिहार के भोजपुर जिले जगदीशपुर गाँव में हुआ था।

26. (2) चित्तौड़गढ़ राजस्थान का एक शहर है यह शूरवीरों का शहर है जो पहाड़ी पर बने दुर्ग के लिए प्रसिद्ध है। 1857 के विद्रोह में राजस्थान का यह शहर चित्तौड़ प्रभावित नहीं था।

27. (1) भारत में फैबियन आंदोलन की प्रस्तावक एनी बेसेंट थी। एनी बेसेंट का भारत आगमन सन् 1893 में हुआ और थियोसोफिकल सोसायटी (स्थापना-1875) से जुड़ गई। इस आंदोलन को फैलाने का मुख्य श्रेय इन्हें ही दिया जाता है। आगे चलकर 1916 में तिलक के साथ मिलकर इन्होंने होमरूल लीग की स्थापना की। साथ ही 1917 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता भी की। (पहली महिला थी।)

28. (3) कामागाटामारू, कनाड़ा की यात्रा पर निकला एक जलपोत था। यह एक जापानी जहाज था, जिसे सिंगापुर के ठेकेदार गुरुदत सिंह ने ठेके पर लिया था। इस जहाज में 376 यात्री सवार थे। कनाडा सरकार ने इस जहाज को अपने सीमा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी, जिस कारण इसे वापस कलकत्ता आना पड़ा।

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

29. (2) पहला विश्व युद्ध 1914 से 1918 तक मुख्य तौर पर यूरोप में व्याप्त महायुद्ध को कहते हैं यह महायुद्ध यूरोप, एशिया व अफ्रीका तीन महाद्वीपों और समुद्र, धरती और आकाश में लड़ा गया प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सक्रिय होने वाला गदर क्रान्तिकारियों का आधार स्थल उत्तरी अमेरिका था।

30. (2) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट वायसराय लिटन द्वारा 1878 ई. में पास हुआ था। इस एक्ट ने भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों पर नियंत्रण लगा दिया। इस एक्ट को लॉर्ड रिपन ने 1882 ई. में रद्द किया।

31. (3) गाँधी-इरविन समझौते या दिल्ली समझौते को स्वीकृति प्रदान करने के लिए कांग्रेस का अधिवेशन 29 मार्च, 1931 में कराची में आयोजित किया गया वल्लभभाई पटेल इसके अध्यक्ष थे। इस अधिवेशन में मूल अधिकारों पर प्रस्ताव का प्रारूप डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बनाया था।

32. (3) लखनऊ सत्र में कार्यकारी कमेटी को सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ करने का अधिकार दिया गया था। सविनय अवज्ञा आंदोलन का उद्देश्य कुछ विशिष्ट प्रकार के गैर-कानूनी कार्य सामूहिक रूप से करके ब्रिटिश सरकार को झुका देना था।

33. (4) 1939 में कांग्रेस छोड़ने के बाद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना की गई। इनका जनम 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। इन्होंने 1920 में ICS की परीक्षा पास करने के पश्चात त्यागपत्र देकर कांग्रेस की सदस्यता ली। चित्तरंजन दास इनके राजनैतिक गुरु थे। 1938 में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

34. (4) भारत सरकार अधिनियम 1935 अगस्त में पारित किया गया इस अधिनियम के अन्तर्गत कांग्रेस की मंत्रिपरिषद् का गठन पंजाब में में नहीं हुआ था।

35. (1) 'वन्दे मातरम्' भारत का संविधान सम्मत राष्ट्रगीत है। बांग्ला भाषा के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा सन् 1882 में रचित उपन्यास आनन्द मठ संन्यासी विद्रोह की घटना पर आधारित है देश भक्ति से परिपूर्ण कालजयी रचना 'वन्दे मातरम्' इसी उपन्यास की उपज है।

36. (3) 4 जून, 1944 को सुभाषचंद्र बोस ने सिंगापुर रेडियो से एक संदेश प्रसारित करते हुए महात्मा गाँधी को देश का राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया।

37. (1) सिखों के नामधारी संप्रदाय के लोग कूका भी कहलाते हैं इन लोगों के सशस्त्र विद्रोह को कूका विद्रोह के नाम से पुकारा जाता है। यह विद्रोह पंजाब राज्य से संबंधित है।

38. (3) फरवरी 1933 में गाँधीजी ने जेल में रहकर ही हरिजन बंधु, हरिजन सेवक पत्रिका का प्रकाशन किया बाद में हरिजन बंधु का नाम बदलकर हरिजन रखा गया था।

39. (3) गाँधीजी के नेतृत्व में बिहार के चम्पारण जिले में सन् 1917-18 में एक सत्याग्रह हुआ जिसे चम्पारण सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है गाँधीजी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था।

40. (2) गोपालकृष्ण गोखले भारत के एक स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक थे गोखले ने 1905 में सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना की ताकि नौजवानों को सर्वाजनिक जीवन के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

41. (3) लॉर्ड कैनिंग एक कुशल राजनीतिज्ञ और 1857 के सिपाही विद्रोह के दौरान भारत के गवर्नर-जनरल रहे। कैनिंग 1858 में भारत के पहले वायसराय बने।

42. (3) स्वतंत्र भारत का प्रथम औद्योगिक नीति 1948 को घोषित हुई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अब तक भारत में 6 बार औद्योगिक नीति की घोषणा हो चुकी है। औद्योगिक नीति का अर्थ सरकार के उन निर्णयों एवं घोषणाओं से है जिसमें उद्योगों के लिए अपनाई जाने वाली नीतियों का उल्लेख होता है।

43. (2) भारत का राष्ट्रीय गान, जन-गण-मन, पहली बार 27 दिसंबर, 1911 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। भारतीय संविधान सभा द्वारा आधिकारिक रूप से इसे 24 जनवरी, 1950 को भारतीय राष्ट्रीय गान के रूप में मान्यता दी गई।

44. (4) 18 वीं शताब्दी के अन्त में संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित आनन्दमठ का प्रकाशन 1882 में किया गया था। भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम को सर्वप्रथम इसी उपन्यास में प्रकाशित किया गया था।

45. (3) लाहौर में हुए 1929 के कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की थी। इस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की मांग की गई थी। इसी अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज को अपने लक्ष्य के रूप में पाने की घोषणा की थी।

46. (4) स्वामी विवेकानन्द के विभिन्न व्याख्यानों पर आधारित उनकी पुस्तक "लेक्चरस् फ्रॉम कोलम्बो टू अल्मोड़ा" (1897), का प्रकाशन सर्वप्रथम 1897 में वैजंती प्रेस एग्मोर, मद्रास में किया गया था।

47. (4) तात्या टोपे को उनके विश्वस्त मित्र मान सिंह ने धोखा दिया था। 18 अप्रैल, 1859 को उन्हें ब्रिटिश सरकार ने शिवपुरी की पहाड़ियों पर फांसी दे दी थी। वे बिठूर के नाना साहब के सहायक एवं समर्थक थे।

48. (4) जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गाँधी सरकार के विरुद्ध समाज में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से 'संपूर्ण क्रांति' नामक आंदोलन की वकालत की थी। इंदिरा गाँधी ने 25 जून, 1975 को आधी रात में पूरे देश में आपातकाल लगा दिया था।

49. (2) ब्रह्म समाज की स्थापना राजा राम मोहन राय और देवेन्द्र नाथ टैगोर ने कलकत्ता में 20 अगस्त, 1828 को की थी। ब्रह्म समाज के द्वारा 19 वीं शताब्दी में बंगाल पुनर्जागरण आरंभ किया गया इसका उद्देश्य हिन्दू समाज में फैले धार्मिक आडम्बरों को दूर करना तथा शिक्षण प्रणाली को विकसित करना था।

50. (4) रानी लक्ष्मीबाई मराठा शासित झाँसी राज्य की रानी 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना थी। उन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से संग्राम किया और रणक्षेत्र में वीरगति प्राप्त की किन्तु जीते जी अंग्रेजों को झाँसी पर कब्जा नहीं करने दिया।

51. (1) यंग इण्डिया एक साप्ताहिक पत्रिका थी जिसे गाँधी जी प्रकाशित करते थे। पत्रिका अंग्रेजी में निकलती थी।

52. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 ई. में हुई। इसके संस्थापक 'ए. ओ' ह्युम थे। प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

53. (3) महामना मदन मोहन मालवीय (25 दिसम्बर 1861-12 नवम्बर, 1946) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता थे वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।

54. (2) स्वराज पार्टी (1923 ई.) पराधीन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय बना एक राजनैतिक दल था, जिसके संस्थापक मोतीलाल नेहरु थे।

55. (2) रहमत अली पाकिस्तान राज्य गठन के सबसे पहले समर्थक थे वह एक मुस्लिम पाकिस्तानी राष्ट्रवादी थे। 1932 में रहमत अली ने सर्वप्रथम पाकिस्तान का नाम दिया।

56. (3) 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी।

57. (3) मुंडा एक भारतीय, समुदाय आदिवासी हैं, जो मुख्य रूप से झारखण्ड के छोटा नागपुर क्षेत्र में निवास करता है। झारखण्ड के अलावा ये बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि भारतीय राज्यों में रहते हैं।

58. (2) वन्दे मातरम् भारतीय संविधान का राष्ट्रगीत है, इसके रचयिता बंकिमचन्द्र चटर्जी है।

59. (3) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 40 वें अधिवेशन में महात्मा गाँधी को अध्यक्ष चुना गया यह अधिवेशन बेलगाँव (कर्नाटक में हुआ।)

60. (1) रासबिहारी बोस भारत के एक क्रान्तिकारी नेता थे जिन्होंने ब्रिटिश राज के विरुद्ध गदर षड्यंत्र एवं आजाद हिन्द फौज के संगठन का कार्य किया।

61. (2) बंगाल गजट भारत में प्रकाशित होने वाला अंग्रेजी भाषा का पहला समाचार पत्र था। इसके प्रकाशक जेम्स आगस्टस हिक्की थे। यह एक साप्ताहिक पत्र था, जो कोलकाता से सन् 1779 में आरम्भ हुआ।

62. (4) पुर्तगाल गणराज्य यूरोप खंड में स्थित देश है। 20 मई, 1498 को पुर्तगाल का वास्को-डि-गामा भारत आया।

63. (3) सती प्रथा भारत में प्राचीन हिन्दू समाज की एक घिनौनी एवं गलत प्रथा है। इस प्रथा में जीवित विधवा पत्नी को मृत पति की चिता पर जिंदा ही जला दिया जाता था। 1829 में लॉर्ड विलियम बैन्टिंग ने इस प्रथा को अवैध घोषित कर दिया।

64. (2) विश्वविद्यालय वह संस्था है जिसमें सभी प्रकार की विद्याओं की उच्चकोटि की शिक्षा दी जाती हो, परीक्षा ली जाती हो 24 जनवरी, 1857 ई. को भारत का प्रथम विश्वविद्यालय कलकत्ता में खोला गया।

65. (4) दादा भाई नौरोजी ब्रिटिश संसद के प्रथम भारतीय सदस्य थे।

66. (4) प्रथम विश्व युद्ध का प्रारम्भ - 1914
गाँधी जी का भारत में वापसी - 1915
लखनऊ समझौता - 1916
चम्पारण सत्याग्रह - 1917

67. (2) बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ। बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन द्वारा की गई थी। बंगाल विभाजन में वन्दे-मातरम् नारा अपनाया गया।

68. (1) लॉर्ड माउंटबेटन वायसराय के रूप में उसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के किसी क्षेत्र को छोटे-छोटे विरोधी राज्य में विभाजन करना था।

69. (2) गाँधी-इरविन समझौते या दिल्ली समझौते को स्वीकृति प्रदान करने के लिए कांग्रेस का अधिवेशन 29 मार्च 1931 में कराँची में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में मौलिक अधिकार पर मसौदा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तैयार किया।

70. (3) मैडम भीकाजी कामा को भारत क्रान्ति की माँ के रूप में जाना जाता है। 1907 में जर्मनी में अन्तर्राष्ट्रीय समाजवाद सम्मेलन में मैडम कामा ने भारत का पहला झंडा फहराया था।

71. (4) मानवेन्द्रनाथ राय (1887-1954) भारत के स्वतंत्रता-संग्राम के राष्ट्रवादी क्रान्तिकारी तथा विश्व प्रसिद्ध राजनीतिक सिद्धान्तकार थे। इन्होंने संविधान का विचार सर्वप्रथम दिया था।

72. (1) 1929 में लाहौर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बने। उनके पिता मोतीलाल नेहरू 1928 में कांग्रेस के अध्यक्ष थे। कांग्रेस अधिवेशन के इतिहास में यह पहला अवसर था जब पुत्र ने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने पिताजी का स्थान ग्रहण किया। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में नेहरू जी ने भारत के लिए पूर्ण स्वराज की मांग की।

73. (2) सुचेता कृपलानी 1963 में भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं, उन्हें उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया था। वे जे. बी. कृपलानी की पत्नी थीं जो 1947 में सत्ता हस्तांतरण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

74. (2) पाकिस्तान के स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान को उनके अहिंसा विरोधी विचारों और मान्यताओं के कारण फ्रंटियर गाँधी के नाम से जाना जाता था। खान अब्दुल गफ्फार खान 'बचा खान' के नाम से भी प्रसिद्ध थे। उन्होंने 1929 में खुदाई खिदमतगार (भगवान के सेवक) आंदोलन की नींव रखी थी, जिसे ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा सफलता-पूर्वक दबा दिया गया।

75. (4) रानी लक्ष्मीबाई को झांसी की रानी (मराठा शासित झांसी राज्य) के नाम से जाना जाता था। वह 1857 की क्रांति का नेतृत्व करने वाले प्रमुख नेताओं में से एक थीं। वह 17 जून, 1858 को मात्र 29 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं।

76. (1) भारत में अंग्रेजी सरकार का प्रभाव कम करने, भारत को स्व-शासन या स्वराज दिलाने के लिए मोहनदास कर्मचन्द्र गांधी ने असहयोग आंदोलन (सितम्बर 1920 - फरवरी 1922) का नेतृत्व किया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सितम्बर 1920 में कलकत्ता में (वर्तमान में कोलकाता) असहयोग आंदोलन को दिसम्बर 1920 में शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की थी।

77. (4) गोवा क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा राज्य है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया और दिसंबर 1961 में यह भारतीय प्रशासन को सौंपा दिया।

78. (2) बहादुर शाह जफर (1775-1862) भारत में मुगल साम्राज्य के आखिरी बादशाह थे इन्होंने 1857 का प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय सिपाहियों का नेतृत्व किया। 1862 में रंगून में एक बंदी के रूप में दम तोड़ा।

Search on TG @apna_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

79. (1) महात्मा गाँधी की पत्नी का नाम कस्तूरबा गाँधी था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कस्तूरबा गाँधी ने गाँधी जी का भरपूर योगदान दिया।

80. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 में हुई इसके संस्थापक ए. ओ. ह्यूम थे।

81. (3) स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी थे ये जून 1948, 25 जनवरी, 1950 तक जनरल गवर्नर रहे।

82. (3) प्रार्थना समाज भारतीय नवजागरण के दौर में धार्मिक और सामाजिक सुधारों के लिए स्थापित समुदाय हैं इसकी स्थापना आत्मा-राम पांडुरंग ने 31 मार्च, 1867 में की थी।

83. (1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई। 1969 में कांग्रेस का पहली बार विभाजन हो गया।

84. (3) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी राजाजी नाम से भी जाने जाते है भारत का पहला भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालचारी थे। ये दक्षिण भारत के कांग्रेस के प्रमुख नेता थे।

85. (2) राजकुमारी अमृत कौर स्वतंत्र भारत की दस वर्षो तक स्वास्थ्य मंत्री थी। राजकुमारी अमृत कौर का जन्म 2 फरवरी, 1889 को उत्तर प्रदेश राज्य के लखनऊ नगर में हुआ था।

86. (3) बक्सर का युद्ध अक्टूबर 1764 में बक्सर नगर के आसपास ईस्ट इंडिया कंपनी और मुगल नगर के आसपास ईस्ट इंडिया कंपनी और मुगल नवाबों के बीच लड़ा गया था। इस युद्ध में अंग्रेजों की जीत हुई परिणामस्वरुप पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, बांग्लादेश, का दीवानी और राजस्व अधिकार अंग्रेज कंपनी के हाथ चला गया।

87. (2) लॉर्ड डलहौजी भारत में ब्रिटिश राज का गवर्नर जनरल था। भारत में रेलवे की नींव डालने वाला डलहौजी था।

88. (3) 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण यह था कि कारतूस में लगी हुई सुअर और गाय के मांस से बनायी जाती है। यह हिन्दु और मुसलमान सिपाहियों दोनों की धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध था।

89. (2) राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे पूरे देश में अत्यन्त लोकप्रिय होने के कारण उन्हें राजेन्द्र बाबू या देशरत्न कहकर पुकारा जाता था।

90. (1) जय हिन्द विशेष रूप से भारत में प्रचलित एक देशभक्तिपूर्ण नारा है जय हिन्द का नारा सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया हालाँकि इस नारे का प्रयोग सर्वप्रथम क्रांतिकारी चेम्बाकरमण पिल्लई द्वारा किया गया था। यह नारा 1941 में सर्वप्रथम दिया गया।

91. (1) भारत की आजादी के महान योद्धा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा। यह नारा आजादी के संघर्ष के समय में भारतीय युवाओं का नारा बना हुआ था। नेता जी ने यह भाषण 1944 में म्यांमार (बर्मा) में इंडियन नेशनल आर्मी में दिया था।

92. (3) भारत छोड़ो आन्दोलन 8 अगस्त, 1942 को आरम्भ किया गया था। यह एक आन्दोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था।

93. (3) असहयोग आन्दोलन का संचालन स्वराज की माँग को लेकर किया गया इसका उद्देश्य सरकार के साथ सहयोग न करके कार्यवाही में बाधा उपस्थित करना था। असहयोग आन्दोलन गाँधी जी ने अगस्त 1920 ई. में शुरू किया था।

94. (3) लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य के अंतिम वायसराय और स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे। वह 12 फरवरी, 1947-15 अगस्त, 1947 की अवधि के दौरान भारत के वायसराय थे। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य से भारत के सत्ता के हस्तांतरण का निरीक्षण किया।

95. (4) ए ओ ह्यूम ब्रिटिश भारत में एक सिविल सेवक, राजनैतिक सुधारक, पक्षी विज्ञानी और हॉर्टिकल्चरिस्ट थे जो 1885 में गठित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने काँग्रेस के प्रथम 22 वर्षों तक उसके महासचिव के रूप में कार्य किया।

96. (3) मानव कल्याण तथा विश्वशांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के पाँच आधारभूत सिद्धांत को पंचशील कहते हैं। 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत संबंधी भारत-चीन समझौते में सर्वप्रथम इन सिद्धांतों को आधारभूत मानकर संधि की गई। मगर, 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध में इस संधि की मूल भावना को काफी चोट पहुँची।

97. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा, जिसे पूर्ण स्वराज का संकल्प कहा जाता है, 26 जनवरी, 1930 को की। इसी दिन पूर्ण आजादी यानी ब्रिटिश शासन से अलग स्वायत्त शासन की लड़ाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्ण स्वराज के संकल्प को लाहौर स्थित मीनार-ए-पाकिस्तान से घोषित किया गया। पूर्ण स्वराज संकल्प कांग्रेस अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू द्वारा तैयार किया गया था।

98. (2) दलितों के पृथक् प्रतिनिधित्व के मुद्दे डॉ बाबासाहेब अंबेदकर और महात्मा गांधी ने 24 सितंबर, 1932 को पुणे के यर्वदा जेल में पूना संधि पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के अन्तर्गत हरिजनों के लिए विधानमण्डलों में सुरक्षित स्थान को 71 से बढ़ाकर 148 कर दिया गया। इससे पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड के साम्प्रदायिक निर्णय के द्वारा न केवल मुसलमानों को, बल्कि दलित जाति के हिन्दुओं को पृथक् प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया था।

99. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन 28 दिसम्बर-31 दिसम्बर, 1885 के मध्य बंबई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में आयोजित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता डब्ल्यू. सी. बनर्जी ने की। काँग्रेस के इस अधिवेशन में 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

100. (3) नीलदर्पण बांग्ला का प्रसिद्ध नाटक है जिसके रचयिता दीनबन्धु मित्र हैं। इसकी रचना 1858-59 में हुई। यह बंगाल में 1959 के नील विद्रोह का कारण बना जिसके अंतर्गत नदिया जिले के किसानों ने नील का एक भी बीज बोने से मना कर दिया। नील दर्पण रंगमंच के विकास का अग्रदूत भी बना।

101. (2) एनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं। उन्होंने 1917 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

की अध्यक्षता की थी। वह आयरलैंड मूल की निवासी थीं। श्रीमती बेसेंट उन प्रमुख विदेशियों में से एक थीं जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

102. (1) 'सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसाइटी' की स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा 12 जून, 1905 को महाराष्ट्र के पुणे में हुई थी। यह भारत में पहला धर्मनिरपेक्ष संगठन था जो सुविधा से वंचित ग्रामीण एवं जनजातीय लोगों को आपातकालीन राहत कार्य, साक्षर करने एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित था।

103. (3) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा 1916 में की गई थी। यह निजी प्रयासों के परिणामस्वरूप स्थापित किया गया भारत का पहला विश्वविद्यालय था। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड हार्डिंग के द्वारा 4 फरवरी 1916 को वसन्त पंचमी के दिन रखी गई थी।

104. (1) भारत के प्रथम पुर्तगाली वायसराय फ्रांसिस्को डि अल्मीडा ने कोचिन (वर्तमान में कोच्चि) में अपने मुख्यालय की स्थापना की थी। उत्तरवर्ती पुर्तगाली गवर्नर वायसराय रैंक के अधिकारी नहीं थे। 1510 में पुर्तगाली वायसराय की राजधानी गोवा स्थानान्तरित कर दी गई। अन्ततः 1530 में पुर्तगाली भारत की राजधानी कोचिन से गोवा स्थानान्तरित कर दी गई।

105. (1) 1857 के विद्रोह में शामिल होने तथा अवैध न्यायालय (कंगारू कोर्ट) द्वारा षड्यंत्र रचने का दोषी पाए जाने के बाद ब्रिटिश सरकार ने बहादुरशाह II को ब्रिटिश सरकार के नियंत्रण वाले बर्मा के रंगून में निर्वासित कर दिया। वहाँ 1862 में कारावास में उनकी मृत्यु हो गई।

106. (*) कालिदास की प्रसिद्ध कृति अभिज्ञान शाकुंतलम् को सर्वप्रथम 1789 ई. में विलियम जोन्स द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित किया गया था। इसे अंग्रेजी में 'शंकुतला' या 'फेटल रिंग' शीर्षक दिया गया था। यह पश्चिमी भाषा में अनुवादित होने वाला पहला भारतीय नाटक था। शकुंतला सर्वाधिक प्रचलित भारतीय श्रेष्ठ कृतियों में से एक थी। 1790 और 1807 के मध्य इंग्लैंड में इस कृति को पाँच बार पुनर्मुद्रित किया गया था।

107. (2) लॉर्ड माउंटबैटन ब्रिटिश भारत के अंतिम वायसराय (21 फरवरी, 1947 से 15 अगस्त, 1947 तक) और स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल (15 अगस्त, 1947 से 21 जून, 1948 तक) थे। इस प्रकार, लॉर्ड वैवेल जो 1 अक्टूबर, 1943 से 21 फरवरी, 1947 तक कार्यरत थे, वह ब्रिटिश भारत के केवल आखिर से एक पूर्व वायसराय थे, गवर्नर जनरल नहीं थे।

108. (2) चम्पारण सत्याग्रह 1917 में आरंभ किया गया था। यह महात्मा गाँधी का पहला सत्याग्रह था जिसमें उन्होंने तिनकठिया प्रणाली के अंतर्गत नील की खेती करने वाले किसानों के हित में आंदोलन आरंभ किया। तिनकठिया प्रणाली के अंतर्गत किसानों को अपनी भूमि के 3/20वें भाग पर जमींदार के लिए नील की खेती करनी पड़ती थी। चम्पारण सत्याग्रह अत्यंत सफल रहा।

109. (2) नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1938 में लखनऊ में निडर स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई थी जो बाद में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था। 1940 और 70 के दशक में इसे संक्षिप्त बन्दी का सामना करना पड़ा।

110. (3) पंजाब के अमृतसर में स्थित जलियांवाला बाग एक सार्वजनिक उद्यान है। यह जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड का स्थल है जहाँ 13 अप्रैल, 1919 को पंजाबी नववर्ष के अवसर पर ब्रिटिश सिपाहियों द्वारा महिलाओं और बच्चों सहित बाग में शांतिपूर्ण रीति से एकत्र निहत्थे व्यक्तियों पर गोलियाँ चलाई गई थी।

111. (3) पंडित मदन मोहन मालवीय को महामना के रूप में भी जाना जाता था। यह उपाधि उन्हें रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा प्रदान की गई थी। वह 1909 और 1918 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। उन्हें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU) के संस्थापक के रूप में याद किया जाता है जिसकी स्थापना उन्होंने 1916 में वाराणसी में की थी।

112. (1) स्वराज पार्टी की स्थापना 9 जनवरी, 1923 को मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास द्वारा की गई थी। उन्होंने ब्रिटिश शासन से भारतीय लोगों के लिए स्व-शासन और अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग की थी। यह पार्टी स्वराज की अवधारणा से प्रेरित थी।

113. (3) विलय का सिद्धांत लॉर्ड डलहौजी द्वारा कथित रूप से दिया गया एक अनुलग्नक नीति थी। डलहौजी 1848 और 1856 के बीच भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का गवर्नर जनरल था। यह सिद्धांत इस विचार पर आधारित था कि उत्तराधिकार के मामले में आश्रित राज्य का शासक यदि निःसंतान मर गया, राज्य पर शासन करने का अधिकार वापस या संप्रभु 'लैप्स' हो जाएगा।

114. (3) पानीपत की तीसरी लड़ाई 14 जनवरी, 1761 को सदाशिवराव भाऊ पेशवा के नेतृत्व में और अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली की सेनाओं के बीच लड़ी गई थी। इसके परिणामस्वरूप इतिहास में मराठों की सबसे बुरी हार हुई।

115. (1) राजा राम मोहन राय ने द्वारकानाथ टैगोर के साथ मिलकर 20 अगस्त, 1828 को ब्रह्म समाज की स्थापना की। यह हिंदू धर्म के एकेश्वरवादी सुधारवादी और पुनर्जागरण आंदोलन ब्राह्मणवाद का सामाजिक घटक था। बंगाल पुनर्जागरण में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

116. (1) द फस्ट इण्डियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस 1857-1859 को कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स ने लिखा था। 1857-59 की अवधि के दौरान कार्ल मार्क्स द्वारा लिखित कई लेखों को इस पुस्तक में शामिल किया गया था, जिसमें 1857-59 के विद्रोह के संबंध में विभिन्न घटनाओं का आकलन किया गया था। इसे ब्रिटिश शासकों ने 'सिपाही विद्रोह' कहा था।

117. (4) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, उत्तर प्रदेश के बलिया में चित्तू पांडे के नेतृत्व में पहली समानांतर सरकार बनी। यह अगस्त 1942 में एक सप्ताह तक जारी रहा। तमलुक (मिदनापुर, बंगाल) में समानांतर सरकार दिसम्बर 1942 से सितम्बर 1944 तक अस्तित्व में रही। सतारा में 1943 के मध्य से "प्रति सरकार" नाम से सबसे लंबे समय तक चलने वाली समानांतर सरकार थी।

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

118. (1) गदर पार्टी पराधीन भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से बना एक संगठन था। इसे अमेरिका और कनाडा के भारतीयों ने, 10 मई, 1913 में बनाया था। इसे प्रशान्त तट का हिन्दी संघ भी कहा जाता था। यह पार्टी "हिन्दुस्तान गदर" नाम का पत्र भी निकालती थी जो उर्दू और पंजाबी में छपता था।

119. (3) मौलाना अबुल कलाम आजाद ने 15 अगस्त, 1947 से 2 फरवरी, 1958 तक स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। भारत का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 11 नवम्बर को मनाया जाता है।

120. (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रारम्भिक वर्षों (1885-1905) को नरमपंथी चरण के रूप में जाना जाता था। यह चरण उन लोगों पर हावी था जो ब्रिटिश न्याय में विश्वास करते थे और उनके प्रति वफादार थे। वे सरकार को नाराज नहीं करना चाहते थे और अपनी गतिविधियों के दमन का जोखिम नहीं उठाना चाहते थे।

121. (3) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के निकट जलियाँवाला बाग में 13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी के दिन हुआ था। रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी जिसमें जनरल डायर नामक एक अंग्रेज ऑफिसर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियाँ चलवा दी जिसमें 400 से अधिक व्यक्ति मरे और 20,000 से अधिक घायल हुए।

122. (4) साइमन कमीशन ने मई 1930 में अपनी 2-वॉल्यूम वाली रिपोर्ट प्रकाशित की। इसने प्रान्तों में द्विशासन व्यवस्था को समाप्त करने और प्रतिनिधि सरकार की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसने यह भी सिफारिश की कि अलग-अलग साम्प्रदायिक चुनावों को बरकरार रखा जाए, लेकिन तभी तक जब तक हिन्दू और मुसलमानों के बीच तनाव समाप्त नहीं हो जाता।

123. (1) दादाभाई नौरोजी ने 1886 में अपने कलकत्ता सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने लाहौर सत्र (1893) और कलकत्ता सत्र (1906) में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। वे 1892 और 1895 के बीच यूनाइटेड किंगडम हाउस ऑफ कॉमन्स में संसद (एमपी) के लिबरल पार्टी के सदस्य भी थे, और ब्रिटिश सांसद बनने वाले पहले भारतीय भी थे।

124. (4) दीनबंधु सार्वजनिक सभा की स्थापना ज्योतिबा फुले ने 1884 में महिला शिक्षा के उद्देश्य से की थी, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग की लड़कियों की शिक्षा हेतु। फुले महाराष्ट्र के एक जाति-विरोधी समाज सुधारक थे, जिन्होंने निचली जातियों के लोगों को समान अधिकार दिलाने के लिए पहले 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी।

125. (4) कांग्रेस खिलाफत स्वराज पार्टी, जिसे स्वराज्य पार्टी के रूप में भी जाना जाता है, दिसम्बर 1922 में राष्ट्रीय कांग्रेस के गया वार्षिक सम्मेलन के बाद जनवरी 1923 में बनाया गया था । इसने ब्रिटिश राज से भारतीय लोगों के लिए अधिक स्वशासन और राजनीतिक स्वतंत्रता की माँग की। इसके दो सबसे महत्वपूर्ण नेता चितरंजन दास और मोतीलाल नेहरू थे।

126. (3) मुस्लिम लीग ने 22 दिसम्बर, 1939 को मुक्ति दिवस ('डे ऑफ डिलेवरेंस') मनाया, जब कांग्रेस पार्टी के सदस्य जो केंद्र और प्रांतीय सरकारों का हिस्सा थे, ने भारत को दूसरे विश्व युद्ध में शामिल करने के फैसले का विरोध करते हुए अपना त्यागपत्र दे दिया। इस दिवस को मनाने का आह्वान मुहम्मद अली जिन्ना ने किया था।

127. (1) ब्रिटिश भारत में बिहार प्रांत के पहले प्रधानमंत्री (जिसे अब मुख्यमंत्री, कहा जाता है) मोहम्मद यूनुस थे। उन्होंने 1937 में राज्य के पहले लोकतांत्रिक चुनाव के दौरान तीन महीने तक सेवा की। हालाँकि उनकी अल्पसंख्यक सरकार ने कभी भी विधानसभा का सामना नहीं किया क्योंकि सत्र शुरू होने के पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

128. (4) महाराष्ट्र ,भारत में क्रांतिकारी आंदोलन का जन्म स्थान था। बाल गंगाधर तिलक के शिवाजी और गणपति समारोहों ने गुप्त समाजों के संगठन को जन्म दिया, जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को आतंकवादी हमलों के माध्यम से समाप्त करना था। गुप्त समाजों का गठन पूना, बॉम्बे, नासिक और अन्य स्थानों पर किया गया था। चापेकर बन्धु और सावरकर बंधु भारत के कुछ शुरुआती क्रांतिकारी थे।

129. (3) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर, 1885 को बंबई के ग्वालिया टैंक स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में A.O. ह्यूम द्वारा की गई थी। (ह्यूम को कांग्रेस का पिता भी कहा गया है।) कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी द्वारा की गई थी।

इसका शुरूआती नाम 'भारतीय राष्ट्रीय संघ था। जिसे दादा भाई नौरोजी के सुझाव पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कर दिया गया।

130. (4) 'व्यापगत का सिद्धान्त' भारतीय इतिहास में हिन्दू भारतीय राज्यों के उत्तराधिकारी संबंधी प्रश्नों से निपटने के लिए ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी द्वारा 1848 में तैयार किया गया नुस्खा था।

131. (4) लॉर्ड कैनिंग एक कुशल राजनीतिज्ञ और 1857 के सिपाही विद्रोह के दौरान भारत के गवर्नर-जनरल रहे। लार्ड कैनिंग 1858 में भारत के पहले वायसराय बने।

132. (4) 'इंकलाब जिन्दाबाद' एक उर्दू नारा है जिसका अर्थ है क्रांति की जय हो। भगत सिंह ने दिल्ली की असेंबली में 8 अप्रैल, 1929 को एक आवाजी बम फोड़ते समय यही नारा लगाया था।

133. (1) बक्सर का युद्ध अक्टूबर 1764 में बंगाल के नवाब मीर कासिम और अंग्रेज के बीच लड़ा गया था। लड़ाई में अंग्रेजों की जीत हुई और इसके परिणामस्वरूप पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा और बांग्लादेश का दीवानी और राजस्व अधिकार अंग्रेज कम्पनी के हाथ चला गया था।

134. (2) सत्याग्रह का शाब्दिक अर्थ सत्य के लिए आग्रह करना होता है। गाँधी के नेतृत्व में बिहार के चम्पारण जिले में सन् 1917-1918 में एक सत्याग्रह हुआ, इसे चम्पारण सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है गाँधीजी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था।

135. (3) महात्मा गाँधी द्वारा कांग्रेस के केवल एकमात्र सत्र 1924 (बेलगाँव) की अध्यक्षता की गई है। गाँधी जी का जन्म

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

1869 ई. में पोरबंदर (गुजरात) में हुआ था। इन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा दी गई, जब वे प्रार्थना सभा से लौट रहे थे।

136. (2) बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा 19 जुलाई, 1905 को भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन द्वारा की गई थी। विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ।

137. (1) वह ऐतिहासिक दिन 10 मई था जब भारत की आजादी के लिए पहली चिंगारी भड़की थी। अंग्रेजों को खदेड़ने के लिए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नींव सन् 1857 में सबसे पहले मेरठ के सदर बाजार में भड़की, जो पूरे देश में फैल गई।

138. (4) मोहनदास करमचन्द्र गाँधी की हत्या 30 जनवरी, 1948 की शाम को नई दिल्ली स्थित में बिड़ला भवन में गोली मारकर की गई थी। गाँधी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी।

139. (4) जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। ये समाज- सेवक भी थे, जिन्हें लोकनायक के नाम से जाना जाता है। 1999 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया। दिल्ली का सबसे बड़ा अस्पताल 'लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल' भी उनके नाम पर है।

140. (1) भारत के साथ सर्वप्रथम पुर्त्तगालियों ने व्यापार संबंध स्थापित किए थे। वास्कोडिगामा 17 मई, 1498 को केप ऑफ गुड होप हेतु कालीकट (केरल) पहुँचा था, जहाँ उसका स्वागत कालीकट के शासक जमोरिन द्वारा किया गया। 1502 में वास्कोडिगामा पुनः भारत आया। पुर्तगालियों ने भारत में अपनी पहली फैक्ट्री 1503 में कोचीन में स्थापित की।

Note- विदेशी व्यापारियों का भारत आने का क्रम→

पुर्त्तगाली → डच → अंग्रेज → डेनिश → फ्रांसीसी

141. (2) 1632 ई. में अंग्रेजों को गोलकुंडा के सुल्तान ने अंग्रेजों को सुनहरा फरमान सुनाया। इस फरमान के तहत कंपनी को अधिकार मिला कि वे 500 पैगोडा वार्षिक कर के बदले गोलकुंडा के सभी बन्दरगाहों से स्वतंत्रतापूर्वक व्यापार कर सकते थे।

142. (2) पुर्तगालियों ने 1510 ई. में गोवा पर अधिकार किया था। इस समय पुर्तगालियों का गवर्नर अल्बुकर्क (वास्तविक संस्थापक) था। इसने 1510 ई. में बीजापुर के शासक युसूफ आदिलशाह से गोवा को छीन लिया था। इसने भारत में अपना प्रभाव स्थापित करने के लिए निम्नवर्गीय पुर्तगालियों को स्थानीय महिलाओं से विवाह के लिए प्रेरित किया।

143. (1) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना 31 दिसंबर, 1600 ई. में हुई थी। इसे ब्रिटेन की महारानी ने भारत के साथ व्यापार करने के लिए 21 सालों तक की छूट दे दी। बाद में कंपनी ने भारत के लगभग सभी क्षेत्रों पर अपना सैनिक तथा प्रशासनिक आधिपत्य जमा लिया। 1858 में इसका विलय हो गया।

144. (4) सम्पूर्ण क्रांति जयप्रकाश नारायण का विचार था जिसका आह्वान उन्होंने इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए किया था। लोकनायक ने कहा था सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल हैं– राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक क्रांति।

145. (4) भूदान या ग्रामदान आंदोलन सन्त विनोबा भावे द्वारा सन् 1951 में आरम्भ किया गया स्वैच्छिक भूमि सुधार आंदोलन था। विनोबा भावे की कोशिश थी की भूमि का पुनर्वितरण सिर्फ सरकारी कानूनों के जरिये नहीं हो, बल्कि एक आंदोलन के माध्यम से सफल कोशिश की जाए। पहली दान में मिली जमीन तेलंगाना क्षेत्र स्थित पोचमपल्ली गाँव था।

146. (3) गाँधी जी हरिजन नाम वाले तीन पत्रों का प्रकाशन करते थे।

- हरिजन बन्धु (गुजराती में)
- हरिजन सेवक (हिन्दी में)
- हरिजन (अंग्रेजी में)

इन तीनों पक्षों में महात्मा गाँधी देश के सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर अपना विचार व्यक्त करते थे।

147. (3) थियोसॉफिकल सोसायटी एक अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था है। इसकी स्थापना का श्रेय भारत में एनी बेसेंट को जाता है।

148. (2) 1 जनवरी, 1923 ई. में चित्तरंजन दास, नरसिंह चिंतामन केलकर, मोतीलाल नेहरू और विट्ठल भाई पटेल ने कांग्रेस खिलाफत स्वराज पार्टी नाम के दल की स्थापना की जिसके अध्यक्ष चित्तरंजन दास बनाये गये और मोतीलाल उसके सचिव बनाये गये। स्वराज पार्टी का प्रथम सम्मेलन इलाहाबाद में हुआ था।

149. (3) गाँधी जी ने यह आशा की थी कि असहयोग को खिलाफत के साथ मिलाने से भारत के दो प्रमुख समुदाय हिन्दू और मुसलमान मिलकर औपनिवेशिक शासन का अंत कर देंगे। असहयोग आंदोलन में खिलाफत आंदोलन को मिला दिया गया।

150. (4) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम (1775-1783) जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रांतिकारी युद्ध भी कहा जाता है, ग्रेट ब्रिटेन और उसके 13 उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों के बीच एक सैन्य संघर्ष था। इस स्वतंत्रता संग्राम के कई परिणाम निकले, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका का उदय एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हुआ, एडम स्मिथ के लैसेज फेयर के सिद्धात को मजबूती मिली। सार्वजनिक वयस्क मताधिकार की स्थापना हुई, इत्यादि।

151. (3) सविनय अवज्ञा आंदोलन ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए गए आंदोलनों में एक था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लाहौर अधिवेशन (1929 ई.) में घोषणा कर दी की उसका लक्ष्य भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना है। महात्मा गाँधी ने अपनी इस माँग पर जोर देने के लिए 6 अप्रैल, 1930 ई. को सविनय अवज्ञा आंदोलन छेड़ा।

152. (2) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर एक समाज सुधारक शिक्षाशास्त्री और लेखक थे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए हिन्दू विधवा पुनर्विवाह एक्ट 1856 को पारित करवाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

153. (1) खान अब्दुल गफ्फार खाँ 'सीमांत गाँधी' के नाम से जाने जाते हैं।

154. (2) 'पंचशील' के पाँच सिद्धांतों का प्रतिपालन भी भारत की शांतिप्रियता का द्योतक है। 1955 के बाद से भारत की विदेश नीति को 'पंचशील' के सिद्धांतों ने एक नई दिशा प्रदान की।

155. (1) जलियांवाला बाग अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के पास का एक छोटा सा बगीचा है जहाँ 13 अप्रैल 1919 को ब्रिगेडियर जनरल

Search on TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

रेजीनॉल्ड डायर के नेतृत्व में अंग्रेजी फौज ने गोलियाँ चला कर निहत्थे, शांत भूखों, महिलाओं और बच्चों, सहित सैकड़ों लोगों को मार डाला और हजारों लोगों को घायल कर दिया। यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था तो वह घटना यह जघन्य हत्याकाण्ड ही था।

156. (1) 1773 की बोस्टन टी पार्टी में 'प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं' का नारा दिया गया। इस पार्टी को अमेरिकी स्वतंत्रता की ओर पहला कदम माना जाता हैं। बोस्टन टी पार्टी 1773 में ब्रिटिश संसद द्वारा पारित चाय अधिनियम के खिलाफ ब्रिटिश अमेरिकी में एक प्रतिरोध आंदोलन की परिणति था। इस मशहूर इस घटना को चेस्टरटाउन टी पार्टी भी कहा जाता है। इस घटना के बाद अमेरिका में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कार्यवाहियाँ बढ़ती गई और अंततः 1775 में इस घटना ने 'अमेरिकी क्रांति' को जन्म दिया।

157. (2) गाँधी-इरविन समझौता 5 मार्च 1931ई. को हुआ थां। महात्मा गाँधी और लॉर्ड इरविन के मध्य हुए इस समझौते को 'दिल्ली पैक्ट' के नाम से भी जाना जाता है। यह समझौता द्वितीय गोलमेज सम्मेलन के पहले किया गया।

158. (3) महात्मा गाँधी 1915 में भारत लौटे। भारत लौटने के पश्चात उसके बाद उन्होंने यहाँ के किसानों, मजदूरों और शहरी श्रमिकों को अत्यधिक भूमि कर और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए एकजुट किया और देशभर में गरीबी से राहत दिलाने, महिलाओं के अधिकारों का विस्तार, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण व आत्मनिर्भरता के लिए अस्पृश्यता के विरोध में अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

159. (3) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन है जिसका सिद्धान्त हिंदुत्व में निहित और आधारित हैं। इसकी शुरुआत सन् 1925 में विजयदशमी के दिन डॉ. केशव हेडगेवार द्वारा नागपुर में की गई।

160. (3) जय जवान जय किसान नारा भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में दिया था। शास्त्रीजी ने यह नारा भारत की रक्षा के लिए सैनिकों को उत्साहित करने और साथ ही किसानों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से दिया।

161. (2) पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। ये भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। इसके अलावा इन्होंने रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री के पद को भी सुशोभित किया है। इनकी मृत्यु 27 मई 1964 ई. को नई दिल्ली में हुई।

162. (2) 12 मार्च, 1930 को महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक नमक सत्याग्रह प्रारंभ करके सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया। गाँधीजी ने साबरमती आश्रम से अपने 78 अनुयायियों के साथ "डांडी मार्च" किया। 24 दिन की लंबी यात्रा के पश्चात् 6 अप्रैल, 1930 ई. को डांडी में गाँधीजी ने सांकेतिक रूप से नमक कानून तोड़ा।

163. (2) "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा" यह कथन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का है। बाल गंगाधर तिलक उग्रवाद के समर्थक थे। बालगंगाधर तिलक ने 'केसरी' (मराठी) और 'मराठा' (अंग्रेजी) में दैनिक पत्र को निकाला था।

164. (1) धन-निष्कासन का सिद्धांत "The theory of Drain" का वर्णन सर्वप्रथम दादा भाई नौरोजी ने अपनी पुस्तक "The poverty and un-British Rule in India" में किया है। 2 मई, 1867 ई. में हुई ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की बैठक में पढ़े गये अपने लेख "इंग्लैण्ड डेट टू इंडिया" में इस मान्यता को प्रस्तुत किया कि ब्रिटेन भारत में अपने शासन की कीमत के रूप में उस देश की संपदा को छीन रहा है।

165. (3) लोर्ड विलियम बेंटिक द्वारा 1829 ई. के नियम XVII द्वारा सती प्रथा पर प्रतिबन्ध लगा दिया। प्रारंभ में यह कानून केवल बंगाल प्रेसीडेन्सी में लागू किया गया परंतु 1830 ई. में उसे बम्बई एवं मद्रास प्रेसीडेन्सियों में भी लागू किया गया।

166. (4) 28 अप्रैल, 1961 ई. को बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'महाराष्ट्र होमरूल लीग' की स्थापना की गई, जिसका केन्द्र पूना में था। सितम्बर 1916 ई. में एनीबेसेन्ट द्वारा मद्रास में 'अखिल भारतीय होमरूल लीग' की स्थापना की गई।

167. (3) बारदोली सत्याग्रह, भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान वर्ष 1928 में गुजरात में हुआ था। यह एक प्रमुख किसान आंदोलन था जिसका नेतृत्व वल्लभ भाई पटेल ने किया था। इस आंदोलन के सफल होने के बाद वहाँ की महिलाओं ने वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की।

168. (1) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ब्रिटिश राज के दौरान प्रारंभिक दौर के भारतीय राजनीतिक नेताओं में से एक थे। सुरेन्द्र नाथ बनर्जी पहले ऐसे भारतीय थे जिन्होंने सिविल सर्विस की परीक्षा उत्तीर्ण किया प्रथम बार उम्र के विवाद के कारण परीक्षा देने में रोक लगा दी गई थी। अदालत के फैसले के बाद पुनः मंजूरी मिली।

169. (2) भारतीय स्वाधीनता संग्राम में लोकमान्य तिलक एक अग्रणी नेता थे, ये गरमदल के कांग्रेसी नेता थे। इन्होंने मराठी पत्र केसरी प्रकाशित किया। इनके द्वारा 'गणपति' एवं शिवाजी नामक त्योहारों की शुरुआत की गई। तिलक को 1897 ई. में वैमनस्य एवं घृणा फैलाने के आरोप में कैद कर लिया गया था।

170. (2) राजाराम मोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। बाल विवाह, सती प्रथा, जातिवाद, कर्मकांड पर्दा प्रथा आदि का उन्होंने भरपूर विरोध किया। आधुनिक भारत के निर्माता, सबसे बड़ी सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलनों के संस्थापक थे। इन्होंने सती प्रथा जैसी समाजिक बुराइयों के उन्मूलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

171. (3) बालाजी बाजीराव को नाना साहब के नाम से भी जाना जाता था। वे मराठा साम्राज्य के पेशवा थे। इनके शासनकाल में मराठा साम्राज्य अपने चरम उत्कर्ष पर पहुँचा।

172. (2) तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने हैदर अली के मुकाबले के लिए आयरकूट को दक्षिण भेजा, 1781 ई. में सर आयरकूट द्वारा हैदर अली को पोर्टोनोवो में पराजित कर दिया गया। युद्ध में मिली पराजय एवं मानसिक क्षति के कारण 7 दिसम्बर, 1782 ई. को हैदर अली की मृत्यु हो गई।

173. (3) प्रार्थना समाज भारतीय नवजागरण के दौर में धार्मिक और सामाजिक सुधारों के लिए स्थापित समुदाय है। इसकी स्थापना

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

आत्माराम पांडुरंग ने केशवचन्द्र सेन की सहायता से बंबई में 31 मार्च, 1867 ई. में की।

174. (4) लॉर्ड कैनिंग, इसे चार्ल्स जॉन कैनिंग भी कहा जाता है। इनका जन्म 14 दिसम्बर, 1812 को लंदन, इंग्लैंड में हुआ और मृत्यु 17 जून, 1862 को लंदन में हुई। 1857 के सिपाही विद्रोह के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे कैनिंग 1858 में भारत के पहले वायसराय बने।

175. (3) दादा भाई नौरोजी ने भारत की लूट के संबंध में ब्रिटिश संसद में ड्रेन थ्योरी पेश की। अंत में उन्होंने भारतीयों की राजनीतिक दासता और दयनीय स्थिति की ओर विश्व समुदाय का ध्यान आकृष्ट करने के लिए महान प्रयास करने का निश्चय किया जिसका परिणाम हुआ उनकी वृहदाकार पुस्तक पॉवर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया।

176. (2) 20 मई, 1948 को पुर्तगाल का वास्को-डि-गामा भारत के तट पर आया। उसने कालीकट के राजा से व्यापार का अधिकार प्राप्त कर लिया। सन् 1500 में पुर्तगालियों ने कोचीन के पास अपनी कोठी बनाई। पुर्तगालियों के भारतीय क्षेत्र का पहला वापसराय डी-अल्मीडा था।

177. (1) विलियम बेंटिक को भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बनने का गौरव प्राप्त है। इनके शासन का महत्व उनके प्रशासकीय एवं सामाजिक सुधारों के कारण है। 1829 ई. में सती प्रथा को समाप्त कर दिया गया। कर्नल स्लीमन के सहयोग से सती प्रथा का अंत किया गया। धर्म परिवर्तन से होने वाली सभी अयोग्यताओं को समाप्त कार दिया।

178. (2) दशमलव पद्धति वह संख्या पद्धति है जिसमें गणना के लिए कुल दस संख्याओं (0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9) का सहारा लिया जाता है। 28 दिसंबर, 1956 ई. को उसपर राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त होने पर केन्द्रीय सरकार को दाशमिक प्रणाली के बाट और माप चलाने का अधिकार प्राप्त हुआ।

179. (3) अवध क्षेत्र में किसानों को नेतृत्व बाबा रामचन्द्र ने किया था। बाबा रामचंद्र के प्रयासों से ही 17 अक्टूबर, 1920 ई. को प्रतापगढ़ जिले में 'अवध किसान सभा' का गठन किया गया। अवध के किसान नेताओं में बाबा रामचंद्र, गौरीशंकर मिश्र, झिंगुरी सिंह, मातादयल पांडेय आदि प्रमुख हैं।

180. (1) पेरियार रामस्वामी नायकर दक्षिण भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक एवं राजनेता थे। इन्होंने 'जस्टिस पार्टी' का गठन किया तथा आजीवन हिन्दू धर्म की जातीय असमानता का विरोध किया साथ ही निम्न जाति वर्ग के कल्याण हेतु सक्रिय सहयोग किया।

181. (3) ब्रिटिश शासन के दौरान स्वनिर्भर भारतीय हस्तशिल्प उद्योगों को हतोत्साहित किया गया। ब्रिटिश सरकार की भेदभावपूर्ण नीति ने भारतीय हस्तशिल्पों को पतन की ओर अग्रसर किया। इसके पतन के प्रमुख थे (1) ब्रिटिशों की भेदभावपूर्ण टैरिफ नीति, कम कीमत वाली मशीन बनाया जाना, कम्पनी द्वारा गुमास्तों के जरिए शिल्पियों पर कठोर नियंत्रण, रेलवे के माध्यम से भारत के दूरस्थ क्षेत्रों तक ब्रिटिश वस्तुओं की पहुँच आदि।

182. (3) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी धर्म द्वारा अनुप्राणित राजनीति को ही जनकल्याणकारी मानते थे। वे धर्म को किसी संप्रदाय विशेष से संबद्ध न मानते हुए एक अनुशासन प्रणाली, एक जीवन मूल्य व कर्तव्य-परायणता से जोड़ते थे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में यह कहा कि "राजनीति से धर्म कभी अलग नहीं हो सकता" मैं धर्म विहिन राजनीति को कूड़ा समझता हूँ।

183. (1) समता सैनिक दल को संक्षिप्त रूप में एसएसडी के रूप में जाना जाता है। यह एक सामाजिक संगठन है जिसकी स्थापना भारतीय समाज के वंचित वर्ग के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से 25 नवम्बर, 1926 को डॉ. बी. आर. अम्बेदकर द्वारा की गई थी। 1936 में अम्बेदकर ने इन्डिपेन्डेन्ट लेबर पार्टी की स्थापना की थी। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की जड़ें डॉ. बी. आर. अम्बेदकर के नेतृत्व वाले अनुसूचित जाति संघ में निहित हैं। उनकी मृत्यु के बाद, उनके अनुयायियों ने 1957 में उनकी राजनीतिक पार्टी अनुसूचित जाति संघ का नाम बदलकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया कर दिया था।

184. (1) दादाभाई नौरोजी को ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया कहा जाता था, उन्होंने 1876 में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया था। उन्होंने सबसे पहले कृषि उत्पादन के मूल्य का अनुमान लगाया और तत्पश्चात् उसमें गैर कृषि उत्पादन के एक निश्चित प्रतिशत को जोड़कर राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया था।

185. (2) खान अब्दुल गफ्फार खान को फ्रंटियर गाँधी (सीमान्त गाँधी) के रूप में जाना जाता था, वह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सक्रिय एक स्वतंत्र पश्तुन कार्यकर्ता थे। उन्होंने उत्तर-पश्चिम प्रांत के पठानों को गाँधीवादी मूल्यों जैसे अहिंसा और अनाधिपत्य का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया। उन्हें बच्चा खान के रूप में भी जाना जाता था, उन्होंने 1929 में खुदाई खिदमतगार (परमेश्वर का सेवक) आंदोलन की स्थापना की थी।

186. (3) प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 में डॉ. आत्माराम पाण्डुरंग द्वारा की गई थी, यह समाज धार्मिक और सामाजिक सुधारों पर आधारित था। प्रार्थना समाज ने महिलाओं और पददलित वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए, जाति प्रथा और अस्पृश्यता को समाप्त करने, बाल विवाह और शिशु हत्या के उन्मूलन के लिए और विधवा पुनर्विवाह तथा महिलाओं को शिक्षा का अवसर देने हेतु अनेक कार्य किए।

187. (1) नौजवान भारत सभा मार्च 1926 में भगत सिंह द्वारा स्थापित एक वामपक्ष भारतीय सभा थी। इसका उद्देश्य युवा किसान और मजदूरों को एकत्रित करके ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन को प्रोत्साहन देना था। इस सभा ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सार्वजनिक प्रतिरूप के रूप में कार्य किया।

188. (2) रैयतवाड़ी प्रथा की शुरुआत 1820 में सर थॉमस मुनरो और कैप्टन अलेक्जेंडर रीड द्वारा की गई थी। मद्रास, बम्बई, असम और कूर्ग के प्रांतों सहित ब्रिटिश भारत के कई क्षेत्रों में इस प्रथा को लागू किया गया था। रैयतवाड़ी प्रथा में स्वामित्व का अधिकार किसानों को सौंपा गया था। ब्रिटिश सरकार प्रत्यक्ष रूप से किसानों से कर वसूल करती थी।

Search On Tg: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

189. (2) दांडी मार्च से अभिप्राय उस पैदल यात्रा से है जो महात्मा गाँधी और उनके स्वयं सेवकों द्वारा 12 मार्च, 1930 को प्रारम्भ की गई थी। साबरमती आश्रम से 358 कि.मी. दूर स्थित दांडी के लिए प्रस्थान किया।

190. (2) इंकलाब जिन्दाबाद एक उर्दू नारा है जिसका अर्थ है क्रांति की जय हो। यह नारा भगत सिंह ने दिया था।

191. (1) भारत में कलेक्टर के पद का सृजन वॉरेन हेस्टिंग्ज ने किया। जिला मजिस्ट्रेट पद का सृजन 1772 में हुआ।

192. (1) पानीपत के तृतीय युद्ध अहमद शाह अब्दाली और मराठों के बीच 14 जनवरी, 1761 को हुई थी। इस लड़ाई में मराठा सेनापति सदाशिवराव भाऊ अफगान सेनापति अब्दाली से मात खा गया।

193. (3) लॉर्ड विलियम बेंटिक ने 1829 में सती प्रथा पर रोक लगाई।

194. (3) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद निर्धन भूमिहीनों को भूमि दिलाने के लिए हुए 'भूदान यज्ञ' के प्रणेता विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर, 1895 को महाराष्ट्र के कोलाबा जिले के गागोदा ग्राम में हुआ था।

195. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना ब्रिटिश राज में 28 दिसम्बर, 1885 में हुई थी। इसके संस्थापकों में ए ओ ह्यूम थे।

196. (3) विश्व के प्रथम धर्म महासम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द ने भाग लिया। सितम्बर 1893 में विश्व धर्म सम्मेलन, शिकागो में प्रथम व्याख्यान दिया।

197. (3) 1857 का भारतीय विद्रोह, जिसे प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सिपाही विद्रोह ओर भारतीय विद्रोह के नाम से जाना जाता है। वी.डी सावरकर ने 1857 के विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा।

198. (1) पं. बाल गंगाधर तिलक भारत के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे भारत में पूर्ण स्वराज की माँग उठाने वाले पहले नेता थे। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार और इसे मैं लेकर रहूँगा यह नारा बहुत लोकप्रिय हुआ।

199. (1) सन् 1942 ई. में महात्मा गाँधी ने करो या मरो का नारा दिया था। 1940 के पश्चात् भारत की जनता में आजादी की भावना अपने चरम पर पहुँच रही थी इसी कारण गाँधी जी ने स्थिति को भाँपते हुए करो या मरो का नारा दिया।

200. (3) महात्मा गाँधी के अनुसार धर्म का अभिप्राय आत्म ज्ञान से है।

201. (1) महात्मा गाँधी ने करो या मरो का नारा वर्ष 1942 में बॉम्बे अखिल भारतीय कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित करते हुए दिया था मकसद केवल ये था कि इस नारे के बलबूते ब्रिटिश साम्राज्य का पतन किया जा सके।

202. (3) "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और में इसे लेकर रहूँगा" पं. बाल गंगाधर तिलक ने कहा था। तिलक का जन्म 23 जुलाई, 1856 को हुआ था। तिलक भारत के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे।

203. (4) 1833 ई. के चार्टर एक्ट द्वारा बंगाल के गवर्नर-जनरल को भारत का गवर्नर-जनरल बना दिया गया इस प्रकार भारत का पहला गवर्नर-जनरल 'लॉर्ड विलियम बैंटिक' को ही बनाया गया। बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स था। यह 1722 से 1785 ई तक गवर्नर जनरल के पद पर रहा था।

204. (2) भारत में सबसे पहले रेलगाड़ी 16 अप्रैल, 1853 में दौड़ी थी। भारत में सबसे पहले मुंबई से ठाणे के बीच रेलगाड़ी चली। भाप के इंजन के साथ 14 डिब्बों की रेलगाड़ी रवाना हुई थी। भारतीय रेलवे का नेटवर्क दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है।

205. (4) भारत में बिजली का विकास 19वीं सदी के अन्त में हुआ जब सर्वप्रथम 1897 ई. में दार्जिलिंग में बिजली की आपूर्ति शुरू हुई उसके बाद 1902 में कर्नाटक के शिवसमुद्रम में पनबिजलीघर लगाया गया।

206. (1) विवेकानन्द रॉक मेमोरियल तमिलनाडु के कन्याकुमारी शहर में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है सन् 1892 में स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी आए थे। एक दिन वे तैर कर इस विशाल शिला पर पहुँच गए। इस निर्जन स्थान पर साधना के बाद उन्हें जीवन का लक्ष्य एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ था।

207. (1) चौरी चौरा, उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के पास का एक कस्बा है जहाँ 4 फरवरी, 1922 को भारतीयों ने ब्रिटिश सरकार की एक पुलिस चौकी को आग लगा दी थी जिससे उसमें छुपे हुए 22 पुलिस कर्मचारी जिन्दा जल के मर गए थे। इस घटना को चौरी चौरा काण्ड के नाम से जाना जाता है इसके परिणामस्वरूप गांधीजी ने कहा था कि हिंसा होने के कारण असहयोग आन्दोलन उपयुक्त नहीं रह गया है।

208. (3) जालियाँवाला बाग अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के पास का एक छोटा सा बगीचा है। जहाँ 13 अप्रैल, 1919 को ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड डायर के नेतृत्व में अंग्रेजी फौज ने गोलियाँ चला के निहत्थे, शांत बूढ़ों, महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ो लोगों को मार डाला था।

209. (1) ब्रह्म समाज भारत का एक सामाजिक धार्मिक आंदोलन है। जिसने बंगाल के पुनर्जागरण युग को प्रभावित किया। इसके प्रवर्तक राजाराम मोहन राय अपने समय के विशिष्ट समाज सुधारक थे 1828 में ब्रह्म समाज को राजा राममोहन और द्वारकानाथ टैगोर ने स्थापित किया।

210. (2) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, राजा जी नाम से भी जाने जाते हैं वे वकील, लेखक राजनीतिज्ञ और दार्शनिक थे। वे भारत के अन्तिम गर्वनर जनरल थे। 10 अप्रैल 1952 से 13 अप्रैल, 1954 तक वे मद्रास प्रांत के मुख्यमंत्री रहे।

211. (1) खान अब्दुल गफ्फार खान सीमा प्रांत और बलूचिस्तान के एक महान राजनेता थें जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में और अपने कार्य और निष्ठा के कारण सीमान्त गाँधी तथा बादशाह खान के नाम से पुकारे जाने लगे।

212. (3) एनी बेसेंट भारत की मिट्टी से गहरा लगाव रखने वाली प्रख्यात समाजसेवी, लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी थी। ऐनी बेसेंट भारतीय दर्शन एवं हिन्दू धर्म से बहुत आकर्षित थी। 1917 में निर्वाचन समिति द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष चुनी गई।

213. (3) महात्मा गाँधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 में हुआ था। इनका जन्म पोरबंदर गुजरात में हुआ था

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

गाँधी जी सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे। गाँधी जी मृत्यु 30 जनवरी, 1948 को गोली मार कर हत्या हुई।

214. (1) गोवा पहले पुर्तगाल का उपनिवेश था। पुर्तगालियों ने लगभग 450 सालों तक शासन किया और दिसंबर 1961 में यह भारतीय प्रशासन को सौंपा गया। गोवा भारत का राज्य है जिसकी राजधानी पणजी है।

215. (1) तिलक माँझी का जन्म भागलपुर में हुआ था। इन्होंने संथालों को एकजुट कर ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध विद्रोह किया था।

216. (3) 1930

217. (2) रम्पा विद्रोह 1917 से 1923 के बीच गोदावरी एवं विजयनगरम क्षेत्र में ब्रिटिश सत्ता कि विरुद्ध हुआ था। अल्लुरी सीता राम राजू इसके प्रमुख नेता थे।

218. (3) खान अब्दुल गफ्फार खान को सीमान्त गाँधी के नाम से जाना जाता है।

219. (4) भारत में प्रथम साम्यवादी मुख्यमंत्री (केरल में) ई॰ एम॰ एस॰ नम्बूदरीपाद थे।

220. (3) जवाहर लाल नेहरू का निधन 27 मई, 1964 को हुआ था।

221. (1) भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे।

222. (1) ब्रंटलैण्ड आयोग पर्यावरण से संबंधित है।

223. (2) भारत में गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन 1983 में हुआ था।

224. (2) शिमला समझौता 1972 में भारत-पाकिस्तान के बीच में हुआ था।

225. (2) ताशकंद समझौता सितम्बर 1965 में हुआ था।

226. (3) भारत में पहला परमाणु परीक्षण 1974 (पोखरण) में हुआ था।

227. (1) 'गरीबी हटाओ' का नारा इंदिरा गाँधी ने दिया था।

228. (2) राष्ट्रीय आपात काल (1975) के दौरान भारत के राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद (24 अगस्त, 1974 से 11 फरवरी, 1977) थे।

229. (1) 'सम्पूर्ण क्रांति' का नारा जयप्रकाश नारायण ने 1977 में दिया था।

230. (2) वर्ष 1973 के मुकदमे केशवानन्द भारती मुकदमा से सम्बन्धित है।

231. (3) चिपको आन्दोलन से सुंदरलाल गहुगणा सम्बन्धित हैं।

232. (1) महात्मा गांधी ने सुझाव दिया था कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी को समाप्त कर दिया जाए।

233. (3) इंदिरा गाँधी की हत्या 31 अक्टूबर, 1984 को हुई ।

234. (2) गोवा को 1961 में आजादी मिली।

235. (4) वी. पी. सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किया।

236. (3) राजीव गाँधी की हत्या 1991 में हुई थी।

237. (3) संप्रग गठबन्धन का अध्यक्ष सोनिया गाँधी हैं।

238. (3) ताना भगत आंदोलन में हिंदू उच्च वर्ग से स्पर्धा करने का प्रयास किया गया। यह आंदोलन बिहार के छोटानागपुर क्षेत्र में रहने वाले ओरोन के मध्य पनपा। इसने हिंदू समाज में अपने सदस्यों के स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयास किया।

239. (2) सरदार भगत सिंह ने अपने राष्ट्रवादी साथी बी. के. दत्त के साथ 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय विधानसभा असेम्बली में बम फेंका। उन्होंने कहा, "बहरों को सुनाने के लिए तेज धमाकों की आवश्यकता होती है, इंकलाब जिंदाबाद।"

240. (2) 1772 में कलकत्ता अंग्रेजों की पहली राजधानी बनी। जब उन्होंने प्लासी के युद्ध में सिराज-उद्-दौला को हरा कर कलकत्ता पर अधिकार कर लिया। 1912 तक कलकत्ता भारत की राजधानी रही इसके पश्चात् अंग्रेजों ने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।

241. (3) **क्रांतिकारी** बिरसा का जन्म 1870 के मध्य हुआ। वह मिशनरियों व हिंदू भू-स्वामियों के विरुद्ध था। उसने इन्हें बाहरी ताकतों के रूप में देखा जो उनके जीवन के ढंग को नष्ट कर रही थी।

242. (3) 2 सितंबर 1946 को पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में कैबिनेट मिशन के प्रस्ताव पर एक अन्तरिम मंत्रिमंडल का गठन किया गया जिसमें 12 नामांकित मंत्रियों में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एक थे जिन्हें खाद्य व कृषि मंत्री बनाया गया।

243. (1) पानीपत का तीसरा युद्ध 14 जनवरी, 1761 को अफगान शासक अहमदशाह अब्दाली की सेना और मराठा साम्राज्य के उत्तरी अभियान बल के मध्य लड़ा गया था। इस युद्ध में अफगानों की मराठाओं पर निर्णायक जीत हुई। इस हार के साथ ही उत्तर में मराठाओं के आगे बढ़ने का मार्ग बन्द हो गया।

244. (2) अधिक सुधारों के लिए भारत की उपयुक्तता की समीक्षा करने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा 1927 में साइमन कमीशन की नियुक्ति की गई थी। सर जॉन साइमन की अध्यक्षता वाले इस आयोग को, भारत सरकार अधिनियम, 1919 में दिए गए वचन के रूप में संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए भारत की संवैधानिक प्रगति पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी।

245. (1) बक्सर का युद्ध 22 अक्टूबर, 1764 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और बंगाल के नवाब मीर कासिम , अवध के नवाब और मुगल सम्राट शाह आलम II की संयुक्त सेनाओं के मध्य लड़ा गया था, इस निर्णायक जीत के परिणामस्वरूप बंगाल और बिहार में ब्रिटिश कंपनी का शासन स्थापित हो गया। ब्रिटिश कंपनी को बंगाल और बिहार में दीवानी या राजस्व प्राप्त करने का शाही अधिकार प्राप्त हो गया। नवाब को केवल न्यायिक प्रशासन को नियंत्रित करने का कार्य सौंपा गया।

246. (3) बाबा तिलका माझी (या जबरा पहाड़ियाँ) पहले आदिवासी नेता थे, जिन्होंने मंगल पांडे से लगभग 100 साल पहले 1784 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाए थे। उन्होंने आदिवासियों को संगठित करने के लिए एक सशस्त्र समूह का गठन किया, जो अंग्रेजों द्वारा संसाधनों को हड़पने और उनके शोषण से लड़ने के लिए एक सशस्त्र समूह बना। उन्होंने 1785 में अंग्रेजों के खिलाफ पहले सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया।

247. (4) जयप्रकाश नारायण 1929 के अंत में एक मार्क्सवादी के रूप में अमेरिका से भारत लौटे। वर्ष 1929 में वे जवाहर लाल नेहरू के निमंत्रण पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में महात्मा गाँधी उनके परामर्शदाता बने। वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में उन्होंने विशेष ख्याति प्राप्त की।

248. (3) मुस्लिम लीग की स्थापना 30 दिसम्बर, 1906 को हुई थी।

- यह भारतीय मुसलमानों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए ढाका के नवाब और नवाब मोहसिन-उल-मुल्क के नेतृत्व में बनाई गई थी।

Search on TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- एक अलग मुस्लिम-बहुल राष्ट्र-राज्य, पाकिस्तान की स्थापना के लिए इसकी मजबूत वकालत ने 1947 में ब्रिटिश भारत के विभाजन में सफलतापूर्वक सहयोग दिया।

249. (2) हिंदू-मुस्लिम एकता को विभाजित करने के लिए, भारतीय परिषद अधिनियम 1909 ने मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचक मंडल का प्रावधान किए।

- यह पहली बार था कि, विधायी निकायों में सीटें मुसलमानों के लिए धर्म के आधार पर आरक्षित थीं।
- मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र चिह्नित किए गए थे और केवल मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को उनके प्रतिनिधियों का चुनाव करने का अधिकार दिया गया था।
- भारतीय परिषद् अधिनियम 1909 को मॉर्ले- मोंटो सुधार के रूप में भी जाना जाता है।

250. (3) गाँधीजी ने दांडी मार्च के उपक्रम के साथ 12 मार्च, 1930 को नमक सत्याग्रह शुरू किया।

- 24 दिवसीय मार्च 12 मार्च, 1930 से 6 अप्रैल, 1930 तक ब्रिटिश नमक एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में चला।
- इसने व्यापक सविनय अवज्ञा आंदोलन को गति दी।

251. (2) दयानंद सरस्वती ने पहली बार 1876 में स्वराज को भारत भारतीयों के लिए कहा था।

- इसे बाद में लोकमान्य तिलक द्वारा प्रचारित किया गया था।
- दयानंद सरस्वती एक सामाजिक नेता और आर्य समाज के संस्थापक थे, जो वैदिक धर्म का सुधार आंदोलन था।

252. (4) प्रार्थना समाज की स्थापना डॉ. आत्माराम पांडुरंग ने 1867 में की थी, जब केशव चंद्र सेन ने महाराष्ट्र का दौरा किया था।

- प्रार्थना समाज के एक अन्य नेता आर.जी. भंडारकर थे।
- 1870 में, न्यायमूर्ति महादेव गोविंद रानाडे इस समाज में शामिल हुए और इस समाज का ज्यादातर काम रानाडे के उत्साह और समर्पण से हुआ।

253. (1) 1813 के चार्टर अधिनियम ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के एकाधिकार को समाप्त कर दिया।

- हालांकि, चीन के साथ व्यापार और भारत के साथ चाय में व्यापार का एकाधिकार बरकरार रखा गया था।
- इस प्रकार, चाय को छोड़कर सभी वस्तुओं के लिए भारत के साथ व्यापार सभी ब्रिटिश विषयों के लिए खुला था।
- यह 1833 तक चला। इसके बाद अगले चार्टर ने कंपनी के व्यापार को पूरी तरह से समाप्त कर दिया।

254. (2) 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में रवींद्रनाथ टैगोर ने ब्रिटिश नाइटहुड की उपाधि लौटा दिया था।

- उन्होंने अपने साहित्य योगदान के लिए 1915 में ब्रिटिश नाइटहुड प्राप्त की थी।
- गाँधीजी ने बोअर युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें उनके काम के लिए दिया गया कैसर-ए-हिंद स्वर्ण पदक लौटा दिया था।

255. (2) कांग्रेस ने दिसम्बर, 1929 में अपने लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज प्रस्ताव पारित किया।

- इसने कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रवादियों को पूर्ण स्वराज के लिए लड़ने के लिए, या ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्र स्व-शासन को पूरा करने के लिए कहा।
- जवाहरलाल लाल नेहरू द्वारा पूर्ण स्वराज प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया गया था।

256. (3) सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष थीं।

- उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1925 के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता कप्पोरे (अब कानपुर) में की।
- वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला और कुल मिलाकर (एनी बेसेंट के बाद) दूसरी महिला थीं।
- बेसेंट ने 1917 कलकत्ता सत्र की अध्यक्षता की थी।

257. (2) कांग्रेस मंत्रालयों का गठन पहली बार 1937 के चुनावों में ग्यारह प्रांतों में से छः प्रांतों में किया गया था।

- वे प्रांत थे: संयुक्त प्रांत, मद्रास, मध्य प्रांत, बॉम्बे, बिहार, उड़ीसा।
- कुछ समय बाद, इसने उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांतों (NWFP) में भी सरकार बनाई।
- इसने सिंध और असम में गठबंधन मंत्रालयों का भी गठन किया।
- केवल बंगाल और पंजाब में गैर-कांग्रेसी मंत्रालय थे।

258. (1) लॉर्ड डलहौजी के शासनकाल के दौरान 1856 ई. में अवध को कुशासन का आरोप लगाकर अंग्रेजी राज्य में मिला लिया गया। उस समय अवध का नवाब वाजिद अली शाह था। इसी कारण 1857 की क्रांति में अवध के नवाब ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया था।

259. (3) 13 अप्रैल, 1919 को घटित जलियांवाला बाग हत्याकांड के कारण पूरे देश में ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध गुस्सा था। गाँधी जी ने इसी जनभावना को ध्यान में रखते हुए असहयोग आंदोलन का शुभारंभ किया। बंगाल विभाजन के परिणामस्वरूप जहाँ स्वदेशी आंदोलन प्रारंभ हुआ था वहीं रॉलेट एक्ट के कारण जलियांवाला कांड घटित हुआ।

260. (*) जून 1919 ई. में मधुबनी जिला के किसानों को दरभंगा राज्य के विरुद्ध आंदोलन के लिए स्वामी विद्यानंद के नाम से विख्यात विभूशरण-प्रसाद ने संगठित किया।

261. (3) 'गांधी-इरविन समझौता' लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन से पहले 5 मार्च, 1931 को महात्मा गांधी और भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन द्वारा हस्ताक्षरित एक राजनीतिक समझौता था।

- इस समझौते ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत में सविनय अवज्ञा (सत्याग्रह) की अवधि के अंत को चिह्नित किया जो गांधी और उनके अनुयायियों ने नमक सत्याग्रह (मार्च-अप्रैल 1930) के साथ शुरू किया था।

262. (4) पानीपत की तीसरी लड़ाई 14 जनवरी, 1761 को मराठा सदाशिवराव भाऊ पेशवा और अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली की सेनाओं के बीच लड़ी गई थी।

- इसके परिणामस्वरूप इतिहास में मराठों की सबसे बुरी हार हुई।
- यह लड़ाई 18 वीं शताब्दी में लड़ी गई सबसे बड़ी घटना में से एक मानी जाती है।

263. (2) इंडियन ओपिनियन भारतीय नेता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा स्थापित एक समाचार पत्र था।

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- यह प्रकाशन दक्षिण अफ्रीका में भारतीय आप्रवासी समुदाय के लिए नस्लीय भेदभाव से लड़ने और नागरिक अधिकारों को जीतने के लिए गांधी और नटाल भारतीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले राजनीतिक आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अस्त्र था।
- यह 1904 और 1915 के बीच अस्तित्व में था।

264. (3) रवींद्रनाथ टैगोर ने 13 अप्रैल, 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के खिलाफ अपने नाइटहुड की उपाधि को एक "प्रतीकात्मक विरोध" स्वरूप में त्याग दिया।
- टैगोर ने लॉर्ड चेम्सफोर्ड को एक पत्र लिखा, जिसमें ब्रिटिश वायसराय ने उनके नाइटहुड को निरस्त किया था।
- टैगोर ने साहित्य में अपने योगदान के लिए 1915 में किंग जॉर्ज पंचम से नाइटहुड प्राप्त किया था।

265. (2) 1833 के चार्टर एक्ट ने भारतीय प्रशासन को केंद्रीकृत कर दिया और बंगाल के गवर्नर-जनरल को अब भारत का गवर्नर-जनरल बनाया गया।
- काउंसिल में गवर्नर-जनरल को कंपनी के नागरिक और सैन्य दोनों मामलों के अधीक्षण, नियंत्रण और निर्देशन का अधिकार दिया गया था।
- ब्रिटिश भारत का पहला गवर्नर-जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक था।

266. (3) शकर खेड़ा का युद्ध 11 अक्टूबर, 1724 को औरंगाबाद के पास बेरार के शकर खेड़ा में निजाम-उल-मुल्क और दक्कन के मुबारिज खान सूबेदार के बीच हुआ था।
- महान बाधाओं के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में निजाम-उल-मुल्क आसफ जाह-I ने मुबारिज खान को हराया और मार दिया।
- इस महान विजय के लिए एक इनाम के रूप में सम्राट मुहम्मद शाह ने आसफ जाह को निजाम-उल-मुल्क की उपाधि से सम्मानित किया और 25 जून, 1725 को उन्हें दक्कन का सूबेदार नियुक्त किया।

267. (2) सगौली संधि नेपाल के गोरखा प्रमुखों और ब्रिटिश भारत सरकार के बीच 4 मार्च, 1816 को हुआ एक समझौता था।
- इसने एंग्लो-नेपाली (गोरखा) युद्ध (1814-16) को समाप्त कर दिया।
- संधि के द्वारा नेपाल ने विवादित तराई या तराई के देश के लिए सभी दावों को त्याग दिया और काली नदी के पश्चिम में और सतलज नदी तक फैली अपनी विजय का हवाला दिया।
- नेपाल स्वतंत्र रहा लेकिन उसे बदले में स्वतंत्र एक ब्रिटिश मिला। एक ब्रिटिश रेजीडेंट प्राप्त हुआ।

268. (3) लॉर्ड विलियम बेंटिक 1828 से 1835 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे, उन्हें भारत में ठगी प्रथा के दमन का श्रेय दिया जाता है।
- ठगों यानी धोखा, वंशानुगत हत्यारों और लुटेरों का एक संप्रदाय था जो निर्दोष और रक्षाहीन यात्रियों पर शिकार करते रहते हैं।
- ठगों के खिलाफ कार्रवाई कर्नल विलियम स्लीमैन के तहत 'ठगी और डकैती विभाग' के प्रभारी के रूप में की गई।
- कर्नल स्लीमैन ने 1500 ठगों को गिरफ्तार किया और उन्हें आजीवन कारावास या मौत की सजा सुनाई।

269. (4) अहमदाबाद मिल हड़ताल (1918) : गांधी ने अहमदाबाद में एक सूती मिल के मालिकों और श्रमिकों के बीच औद्योगिक विवाद के दौरान सत्याग्रह और पहली बार भूख हड़ताल का उपयोग किया था।
- खेड़ा सत्याग्रह (1918): गांधी के दिशा निर्देश में सरदार वल्लभभाई पटेल ने अकाल के करों के संग्रह के विरोध में किसानों का नेतृत्व किया।
- चंपारण सत्याग्रह (1917): स्वतंत्रता संग्राम में गांधी द्वारा पहला सत्याग्रह आंदोलन प्रारम्भ किया गया था।
- जलियांवाला बाग नरसंहार (1919): अमृतसर के जलियांवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी के त्यौहार के दिन अहिंसक प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा हो गई थी। जनरल डायर अपने सैनिकों के साथ वहां आया और निहत्थे भीड़ पर फायर किया जिसमें बच्चे भी शामिल थे।

270. (2) 1854 में चार्ल्स वुड ने गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी को "वुड्स डिस्पैच" भेजा।
- वुड्स डिस्पैच को भारत में अंग्रेजी शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।
- वुड के इस प्रेषण के अनुसार, हर प्रांत में शिक्षा विभाग स्थापित किए गए और 1857 में लंदन विश्वविद्यालय के मॉडल पर कोलकाता, बॉम्बे और मद्रास में विश्वविद्यालय खोले गए।
- इसके बाद पंजाब विश्वविद्यालय, 1882 में और इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 1887 में खोले गए।

271. (4) 1854 में, दादाभाई नौरोजी, इंग्लैंड में रस्त गोफ्तार (या द ट्रुथ टेलर) जोरोस्ट्रियन अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए पाक्षिक प्रकाशन के संस्थापक थे।
- नौरोजी ने पारसी सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दिया।
- दादाभाई नौरोजी (1825-1917) को भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन के रूप में जाना जाता है।

272. (4) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन 31 मार्च, 1931 को सरदार वल्लभभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।
- कराची कांग्रेस अधिवेशन 1931 में मौलिक अधिकारों और राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रम पर प्रस्ताव पारित किया गया।
- कराची कांग्रेस अधिवेशन 1931 में पहली बार सामने यह विषय आया कि स्वराज का मतलब जनता के लिए क्या होगा।
- यह 26 मार्च से 31 मार्च 1931 तक कराची में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक विशेष सत्र था, जिसमें गांधी-इरविन समझौते का समर्थन किया गया था।

273. (4) 20 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्जन ने बंगाल प्रांत को दो भागों में विभाजित करने का आदेश जारी किया, अर्थात् पूर्वी बंगाल और शेष पश्चिमी बंगाल।
- बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ।
- इस विभाजन के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय संघर्ष में स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलनों की शुरुआत हुई।
- बंगाल विभाजन ने देश में एक सांप्रदायिक दरार पैदा करने में सफलता हासिल की और यहां तक कि 1906 में मुस्लिम लीग के जन्म में भी योगदान दिया।
- 1911 में बड़े पैमाने पर राजनीतिक विरोध के कारण विभाजन रद्द कर दिया गया था।

Search On TG @anna_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- 1911 में कलकत्ता (अब कोलकाता) से बदलकर दिल्ली को ब्रिटिश भारत की राजधानी बनाया गया था।

274. (4) पुलिस सुधार 1902-3: हर प्रांत के पुलिस प्रशासन से पूछताछ करने के लिए सर एंड्रयू फ्रेजर की अध्यक्षता में एक पुलिस आयोग नियुक्त किया गया था।

- बंगाल 1905 का विभाजन: ब्रिटिश राज का यह मूर्खतापूर्ण कार्य बंगाल के बंटवारे के सर्वाभौम सिद्धांत के सर्वथा विपरीत दांत था। बंगाल का विभाजन बंगाल के दो प्रांतों : बंगाल और पूर्वी बंगाल तथा असम में हुआ था।
- कर्जन ने न्यायिक सुधार के उद्देश्य से भी काम किया। कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या बढ़े हुए काम से निपटने के लिए बढ़ाई गई थी। भारतीय सिविल कोड की प्रक्रिया में संशोधित किया गया था।
- सेना के पुनर्गठन का कार्य 1902 से 1908 तक भारत के कमांडर-इन-चीफ लॉर्ड किचनर का था।
- बंगाल सती विनियमन कानून जिसने ब्रिटिश भारत के सभी न्यायालयों में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था, 4 दिसंबर, 1829 को तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक द्वारा पारित किया गया था।
- इस कानून ने सती प्रथा को मानव प्रकृति की भावनाओं के प्रति विद्रोह के रूप में वर्णित किया।

275. (*) कैबिनेट मिशन द्वारा प्रदान की गई रूपरेखा के आधार पर 9 दिसंबर, 1946 को एक संविधान सभा का गठन किया गया था।

- भारत की संविधान सभा के विचार को सबसे पहले 1934 में मानवेंद्र नाथ रॉय या एम. एन. रॉय ने सामने रखा था।
- 1935 में, यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आधिकारिक मांग बन गया।
- संविधान सभा को अगस्त 1940 में अगस्त प्रस्ताव में स्वीकार किया गया था।
- संविधान सभा पहली बार अविभाजित भारत के लिए चुनी गई थी।
- संविधान सभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए थे।
- प्रारंभ में, इसकी कुल सदस्यता 389 रखी गई थी। विभाजन के बाद, भारत की संविधान सभा में कुल 299 प्रतिनिधि रह गए थे।

276. (1) 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान कुंवर सिंह को बाबू कुंवर सिंह और कुएर सिंह के रूप में भी जाना जाता था।

- वह जगदीशपुर के एक राजघराने से ताल्लुक रखते थे, जो वर्तमान में भोजपुर जिले, बिहार, भारत का एक हिस्सा है।
- 1857 के भारतीय विद्रोह को भारतीय विद्रोह, सिपाही विद्रोह, स्वतंत्रता के लिए भारत का पहला युद्ध या उत्तर भारत का पहला संघर्ष भी कहा जाता है।
- यह विद्रोह 10 मई, 1857 को मेरठ में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के सिपाहियों के विद्रोह के रूप में शुरू हुआ।
- बंगाल के राष्ट्रपति पद के सैनिकों ने अपने ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह कर दिया।
- सिपाहियों को नाराज करने वाली तात्कालिक घटना नए राइफलों के गोला-बारूद के बारे में थी जिसका उपयोग उन्हें एनफील्ड राइफल के लिए करना था।

277. (4) राजा राम मोहन राय को "आधुनिक भारत का पिता", "भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत" और "अतीत और भविष्य के बीच सेतु" के रूप में जाना जाता है।

- 1815 में राजा राम मोहन राय ने बंगाल में सामाजिक-धार्मिक सुधारों में अत्मीय सभा की स्थापना की।
- 1828 में राजा राम मोहन राय ने देवेंद्रनाथ टैगोर के साथ ब्रह्म सभा का शुभारंभ किया।
- 1821 में, उन्होंने एक बंगाली साप्ताहिक समाचार पत्र संवाद्कौमुदी शुरू किया।
- 1822 में उन्होंने मिरात-उल-अखबर नामक एक फारसी समाचार पत्र प्रकाशित किया।
- 1830 में वह मुगल सम्राट अकबर शाह द्वितीय के दूत के रूप में इंग्लैंड गए थे जिन्होंने उन्हें विलियम के दरबार में राजा की उपाधि दी गई।

278. (2) पहला एंग्लो-सिख युद्ध 1845-46 में लड़ा गया था।

- यह युद्ध ब्रिटिश पक्ष से लड़ा और जीता गया था।
- इस युद्ध का परिणाम 9 मार्च, 1846 को हस्ताक्षरित लाहौर की संधि नामक एक शांति समझौता था।
- लाहौर की संधि लॉर्ड हार्डिंग और 7 वर्षीय महाराजा दलीप सिंह के बीच हस्ताक्षरित हुआ।
- 1848-49 में दूसरा एंग्लो-सिख युद्ध जो पंजाब के अंत और सिख साम्राज्य के अंत के साथ समाप्त हुआ।

279. (3) 'द ड्रेन थ्योरी' को 'दादाभाई नौरोजी' ने अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' में समझाया था।

- नौरोजी को "भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन" के रूप में जाना जाता है।
- वह ब्रिटिश संसद के पहले भारतीय सदस्य थे।
- नौरोजी ने क्रमशः 1865 और 1866 में लंदन इंडियन सोसायटी और ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना में मदद की।
- नौरोजी 1886, 1893 और 1906 में तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष रहे।
- नौरोजी 1885 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बने।

280. (4) प्रवर समिति को तैयार करने के लिए प्रवर समिति को जिम्मेदारी दी गई थी।

- 29 अगस्त, 1947 को डॉ. बी. आर अम्बेडकर की अध्यक्षता में प्रवर समिति की स्थापना की गई थी।
- अन्य सदस्य थे पंडित गोविंद बल्लभ पंत, कन्हैयालाल मानेकलाल मुंशी, अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, एन गोपालस्वामी अयंगार, बी एल मितर, एमडी सादुल्लाह और डी खेतान।
- संविधान की रूपरेखा तैयार करने में संविधान सभा को 2 साल, 11 महीने और 17 दिन लगे।
- इसमें 22 भाग, 395 लेख और 8 अनुसूचियाँ थीं।
- संविधान 26 नवंबर, 1949 को तैयार हो गया था और 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

281. (2) कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 2 जनवरी, 1930 को हुई और उस दिन यह निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वराज्य दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन, महात्मा गाँधी द्वारा एक पूर्ण स्वराज्य प्रतिज्ञा का मसौदा तैयार किया गया था।

Search On TG @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

282. (1) मैं नास्तिक क्यों हूँ, 1930 में लाहौर सेंट्रल जेल में भारतीय क्रांतिकारी भगत सिंह द्वारा लिखित एक निबंध है।
- यह निबंध उनके धार्मिक मित्रों के लिए एक उत्तर था जो सोचते थे कि भगत सिंह अपनी घमंड के कारण नास्तिक बन गए है।

283. (4) 12 मार्च, 1930 को महात्मा गाँधी ने गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती आश्रम से राज्य के दांडी गाँव के तटीय क्षेत्र तक नमक पर अंग्रेजों द्वारा लगाए गए कर के विरोध में एक ऐतिहासिक नमक मार्च का आयोजन किया।
- इस महत्वपूर्ण मार्च को दांडी मार्च या नमक मार्च के रूप में भी जाना जाता है, इसे दांडी सत्याग्रह भी कहा जाता है।
- नमक मार्च एक 24 दिवसीय नमक मार्च का आयोजन था, जो अहिंसक प्रकृति का था। यह ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने बड़े पैमाने पर सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किया था।

284. (3) हिंद स्वराज या इंडियन होम रूल 1909 में मोहनदास के. गाँधी द्वारा लिखित एक पुस्तक है।
- पुस्तक को 1910 में भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा एक राजद्रोही विषय के रूप में प्रतिबंधित किया गया था।
- उन्होंने यह पुस्तक अपनी मूल भाषा गुजराती में लिखी, तब जब वह 13 नवम्बर से 22 नवम्बर, 1909 के बीच एसएस किल्डोनन कैसल पर लंदन से दक्षिण अफ्रीका की यात्रा कर रहे थे।

285. (1) स्वदेशी आंदोलन बंगाल के विभाजन के खिलाफ शुरू किया गया था और 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में आयोजित बैठक में इसकी औपचारिक उद्घोषणा हुई।
- इसका सुझाव कृष्ण कुमार मित्र की पत्रिका संजीवनी ने 1905 ई. में दिया था।
- इस आंदोलन में स्वदेशी के नेताओं ने सरकारी सेवा, अदालतों, स्कूलों और कॉलेजों तथा विदेशी वस्तुओं के प्रचार के बहिष्कार, स्वदेशी सामानों को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय स्कूलों की स्थापना के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की।
- इसलिए यह न केवल राजनीतिक बल्कि आर्थिक आंदोलन भी था।

286. (3) भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन कहे जाने वाले 'दादाभाई नौरोजी' ने यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के सदस्य (सांसद) के रूप में कार्य किया।
- वह ब्रिटिश सांसद बनने वाले पहले भारतीय थे।
- वह एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रवादी और भारत में ब्रिटिश राज की आर्थिक नीतियों के आलोचक थे।
- अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया' के माध्यम से उन्होंने 'धन की निकासी' के सिद्धांत को आगे रखा, जिसने ब्रिटेन के लाभ के लिए भारतीय संसाधनों के शोषण को उजागर किया।
- वह 1876 में सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस द्वारा स्थापित इंडियन नेशनल एसोसिएशन के सदस्य भी थे।
- 28 दिसम्बर, 1885 के बाद स्थापित इंडियन नेशनल कांग्रेस का इंडियन नेशनल एसोसिएशन के साथ विलय हो गया और 1886 में नौरोजी कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए।

287. (4) बाल गंगाधर तिलक ने प्रसिद्ध घोषणा की 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा'।
- ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'भारतीय अशांति का जनक' कहा और उनके अनुयायियों ने उन्हें 'लोकमान्य' की उपाधि दी जिसका अर्थ है कि वह लोगों द्वारा सम्मानित हैं।
- उन्होंने दो समाचार पत्रों मराठी में 'केसरी' और अंग्रेजी में 'मराठा' की स्थापना की।

288. (3) 1757 में नवाब सिराज उद-दौला को प्लासी के युद्ध में रॉबर्ट क्लाइव के ब्रिटिश बलों ने हराया था।
- इसके बाद, बंगाल के नवाब को सैन्य समर्थन के लिए ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी पर निर्भर रहना पड़ा। सिराज-उद-दौला का स्थान मीर जाफर ने ग्रहण किया था जो 1757 की लड़ाई में क्लाइव का समर्थन किया था।

289. (3) दादाभाई नौरोजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। इन्हें द ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया भी कहा जाता है।
- नौरोजी अन्य महत्वपूर्ण संगठनों जैसे रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बॉम्बे और ईस्ट इंडियन एसोसिएशन इन लंदन सहित कई अन्य संगठनों की स्थापना के लिए भी जिम्मेदार हैं।
- उनके विशिष्ट योग्यता ने उन्हें ब्रिटिश संसद के पहले भारतीय संसद सदस्य बनने का नेतृत्व किया, जहाँ उन्होंने यूनाइटेड किंगडम हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के सदस्य के रूप में संसद सदस्य की जिम्मेदारियाँ निभाईं।
- भारत में उनकी पुस्तक पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया ने ब्रिटेन में भारत के धन की निकासी पर ध्यान आकर्षित किया। इसमें उन्होंने अपने "धन निकास सिद्धांत" को समझाया।

290. (1) स्वतंत्रता के बाद चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (1878-1972) एकमात्र भारतीय और अंतिम गवर्नर जनरल (1948-50) बने।
- इस पद पर वे 26 जनवरी, 1950 तक रहे।
- 1950-1954 तक वे मद्रास के मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 1959 में विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेसी नेताओं से मतभेद के कारण उन्होंने कांग्रेस छोड़कर 'स्वतंत्र पार्टी' का गठन किया।

291. (2) 12 मार्च, 1930 के ऐतिहासिक दिन, गाँधी जी ने ऐतिहासिक दांडी नमक मार्च का आयोजन करके सविनय अवज्ञा आंदोलन का उद्घाटन किया, जहाँ उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा लगाए गए नमक कानून को तोड़ दिया।
- 79 आश्रमवासियों के साथ, गाँधी जी ने अपने साबरमती आश्रम से दांडी तक पैदल मार्च किया जो अरब सागर के तट पर स्थित है।
- 6 अप्रैल, 1930 को गाँधी ने 79 सत्याग्रहियों के साथ, समुद्र तट पर पड़े एक मुट्ठी नमक को उठाकर नमक कानून का उल्लंघन किया। उन्होंने दांडी तट पर स्वयं नमक बनाया।

292. (1) एम. के. गाँधी ने वर्ष 1932 में एक गैर-लाभकारी संगठन हरिजन सेवक संघ की स्थापना की।
- इस संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में अस्पृश्यता को समाप्त करना था।
- इस संगठन ने भारतीय समाज की अनुसूचित जातियों के निचले तबके के उत्थान के लिए काम किया।
- यह संघ या संगठन पीड़ित समाज को स्कूलों, मंदिरों, जल संसाधनों और सड़कों

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों तक पहुँचने में मदद करता है और साथ ही अंतरजातीय भोजन और अंतरजातीय विवाह भी आयोजित करता है।

293. (3) 1919 का अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, जिसे बेहतर रूप से रौलट एक्ट के रूप में जाना जाता है, जलियांवाला बाग में नरसंहार से एक महीने पहले लागू हुआ था।

- 13 अप्रैल, 1919 को, निंद्य जलियांवाला बाग की घटना हुई।
- इसके विरोध में रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने नाइटहुड को त्याग दिया।
- जलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच के लिए हंटर कमेटी का गठन किया गया।
- हत्याकांड के विरोध में पंजाब के विभिन्न हिस्सों में हिंसा हुई।

294. (3) चंपारण और उत्तर बिहार के अन्य क्षेत्रों के किसान 'तिनकठिया' प्रणाली के तहत नील की खेती कर रहे थे।

- इस प्रणाली के तहत, किसान जमींदार के लिए जमीन के 20 में से 3 हिस्से में नील की खेती करने के लिए बाध्य थे।
- इसका मतलब यह है कि 20 कट्टा अर्थात् एक एकड़ में से अत्यधिक गरीबी में भी किसानों को नील की खेती के लिए 3 कट्टा भूमि छोड़नी पड़ती थी।
- महात्मा गाँधी को राज कुमार शुक्ल ने आमंत्रित किया था और गाँधीजी ने निमंत्रण स्वीकार किया और एके विरोध में एक जन आंदोलन शुरू किया।
- गाँधी जी ने यहाँ एक आश्रम की स्थापना की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे प्रख्यात वकीलों ने ग्रामीणों पर होने वाले अत्याचारों का अध्ययन किया और गाँवों की बेहतरी के लिए काम किया।
- यहाँ पहली बार गाँधी ने सत्याग्रह शब्द का इस्तेमाल किया था।
- परिणामस्वरूप, गाँधीजी को गिरफ्तार किया गया और अशांति पैदा करने के लिए प्रांत छोड़ने के लिए कहा गया।
- अंत में, नील वृक्षारोपण से किसानों को छूट देने के लिए एक कानून पारित किया गया।
- इस आंदोलन के दौरान उन्हें पहली बार बापू और महात्मा कहा गया था।

295. (2) 23 जून 1757 को प्लासी की युद्ध सिराज उद दौला की सेनाओं, उनके फ्रांसीसी समर्थक सैनिकों और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सैनिकों के बीच रॉबर्ट क्लाइव के नेतृत्व में लड़ी गई थी।

- यह घटना सात वर्षीय के युद्ध का एक हिस्सा थी।
- प्लासी के युद्ध में नवाब की सेनाएँ हार गई।
- 2 जुलाई, 1757 को मीर जाफर के पुत्र मीर मीरन के आदेश से सिराज-उद-दौला को मार दिया गया।
- नवाब के वफादार सेनापति मीर मदन और मोहन लाल थे।

296. (1) रेलवे की शुरुआत डलहौजी ने की थी, जिन्होंने 1848-1853 तक भारत के गवर्नर जनरल के रूप में कार्य किया।

- पहली रेल लाइन डलहौजी ने 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई से ठाणे के लिए शुरू की थी।
- यह एक 14 कैरिज ट्रेन थी जिसे तीन लोकोमोटिव द्वारा संचालित किया गया था: साहिब, सिंध और सुल्तान।

297. (3) हंटर शिक्षा आयोग वायसराय लॉर्ड रिपन द्वारा गठित एक ऐतिहासिक आयोग था।

- इसका उद्देश्य था
  - 1854 की वुड्स डिस्पैच के गैर-कार्यान्वयन की शिकायतों पर गौर करना
  - ब्रिटिश क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा की समकालीन स्थिति, तथा
  - सुझाव देना, जिसका अर्थ है किसके द्वारा इसे बढ़ाया और बेहतर बनाया जा सके।
- हंटर कमीशन ने देश में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की उपेक्षा को दूर किया और सिफारिश की कि प्राथमिक शिक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय बोर्डों और नगरपालिकाओं को दी जानी चाहिए।

298. (2) स्वामी दयानंद ने 7 अप्रैल, 1875 को बंबई में आर्य समाज की स्थापना की।

- इस संगठन ने भारतीयों की धार्मिक धारणाओं में भारी बदलाव लाया।
- स्वामी दयानंद सरस्वती को मूलशंकर के नाम से जाना जाता है।
- दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश, वेदांग प्रकाश, संस्कारविधि आदि प्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं।

299. (1) स्वामी दयानंद सरस्वती सिर्फ एक धार्मिक नेता से अधिक थे।

- हिंदू सुधार संगठन 'आर्य समाज' के संस्थापक ने भारतीय समाज और धर्म की अवधारणा पर गहरा प्रभाव छोड़ा।
- उनके धार्मिक विश्वासों के तार्किक, वैज्ञानिक और महत्वपूर्ण विश्लेषण के लिए और देवत्व की धारणा में क्रांति लाने के लिए वह आम तौर पर एक तार्किक व्यक्ति थे जो इतनी आसानी से किसी चीज पर विश्वास नहीं करते थे।
- उनके पास जर्मनी के मार्टिन लूथर की तरह चीजों का अनुसरण करने का एक अलग तरीका था।
- अपने उपदेश और ज्ञान के कारण उन्होंने भारत के मार्टिन लूथर के रूप में ख्याति प्राप्त किया।

300. (2) आर. एम. बर्ड और जेम्स थॉमसन, महालवाड़ी भू-राजस्व व्यवस्था से संबंधित थे।

- आर. एम. बर्ड ने एक पूरे महाल (राजस्व की इकाई) की मालगुजारी के आकलन के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण का प्रावधान तैयार किया था। इसका आधार खेत की संभावित उपज का मूल्य होता था। इसे बर्ड द्वारा आरंभ किया गया और जेम्स टॉमसन द्वारा पूरा किया गया।
- स्थायी बंदोबस्त तथा रैय्यतवाड़ी व्यवस्था के बाद महालवाड़ी व्यवस्था ब्रिटिश भारत में लागू की जाने वाली भू-राजस्व की अगली व्यवस्था थी जो संपूर्ण भारत के 30 प्रतिशत भाग दक्कन के जिलों, मध्य प्रांत पंजाब तथा उत्तर प्रदेश (संयुक्त प्रांत) आगरा, अवध पर लागू थी।
- इस व्यवस्था में महाल या गाँव के जमींदारों या प्रधानों से बंदोबस्त किया गया। इसमें गाँव के प्रमुख किसानों को भूमि से बेदखल करने का अधिकार था। महालवाड़ी व्यवस्था के तहत लगान का निर्धारण महाल या संपूर्ण गाँव के ऊपज के आधार पर किया जाता था।

301. (1) भारत की विदेश नीति गुट निरपेक्षता की नीति पर आधारित है। नेहरू ने गुटनिरपेक्षता को भारतीय विदेश नीति की एक विशेषता बनाया।

- गुटनिरपेक्षता का सिद्धान्त भारत की विदेश नीति का केन्द्र बिन्दु है।
- विश्व शान्ति, मैत्रीपूर्ण सहयोग तथा एकता के सिद्धान्तों की पूर्ति इसी सिद्धान्त से की जाती है।

Search On TG @apna_but

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

• भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण सिद्धान्त होने के नाते कई बार राजनीतिक विश्लेषक भारत की विदेश नीति को गुटनिरपेक्षता की नीति तक कह देते है।

• यह गुटनिरपेक्षता का सिद्धान्त समकालीन अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की एक महत्वपूर्ण सच्चाई तथा भारतीय विदेश नीति की महत्वपूर्ण विशेषता है।

302. (1) भारत की विदेश नीति गुट निरपेक्षता की नीति पर आधारित है। नेहरू ने गुटनिरपेक्षता को भारतीय विदेश नीति की एक विशेषता बनाया।

• गुटनिरपेक्षता का सिद्धान्त भारत की विदेश नीति का केन्द्र बिन्दु है।

• विश्व शान्ति, मैत्रीपूर्ण सहयोग तथा एकता के सिद्धान्तों की पूर्ति इसी सिद्धान्त से की जाती है।

• भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण सिद्धान्त होने के नाते कई बार राजनीतिक विश्लेषक भारत की विदेश नीति को गुटनिरपेक्षता की नीति तक कह देते हैं।

• यह गुटनिरपेक्षता का सिद्धान्त समकालीन अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की एक महत्वपूर्ण सच्चाई तथा भारतीय विदेश नीति की महत्वपूर्ण विशेषता है।

303. (1) भारतीय परिषद् अधिनियम 1861 ब्रिटिश संसद का एक अधिनियम था जिसने गवर्नर-जनरल की परिषद् में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए।

• लॉर्ड कैनिंग, जो उस समय गवर्नर-जनरल और वायसराय थे, ने पोर्टफोलियो प्रणाली की शुरुआत की। इस प्रणाली में, प्रत्येक सदस्य को एक विशेष विभाग का एक पोर्टफोलियो सौंपा गया था।

• उन्होंने 1862 में तीन भारतीयों को परिषद् में नामित किया, अर्थात् बनारस के राजा, पटियाला के महाराजा और सर दिनकर राव।

304. (2) 1919 में गाँधीजी ने अंग्रेजों द्वारा पारित रॉलेट एक्ट के खिलाफ सत्याग्रह का आह्वान किया था।

• आधिकारिक तौर पर इसे अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, 1919 के रूप में जाना जाता है।

• इसे मार्च 1919 में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा पारित किया गया।

• इस अधिनियम ने ब्रिटिश सरकार को आतंकवादी गतिविधियों के संदिग्ध किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए अधिकृत किया।

• इसने सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए ऐसे लोगों को बिना किसी मुकदमे के 2 साल तक के लिए हिरासत में रखने का भी अधिकार दिया।

305. (3) आर्य समाज की स्थापना आधुनिक हिंदू धर्म के जोरदार सुधार आंदोलन के लिए 1875 में दयानंद सरस्वती ने की थी।

• उनका मुख्य संदेश हिंदुओं के लिए अपने धर्म की जड़ों की ओर वापस लौटाना था, जो वेद हैं।

306. (3) स्वामी सहजानंद सरस्वती एक योगी, राष्ट्रवादी एवं भारतीय किसान नेता थे।

• उन्हें अखिल भारतीय किसान सभा के संस्थापक के रूप में व्यापक रूप से याद किया जाता है।

• बिहार में किसान सभा आंदोलन सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में शुरू हुआ, जिन्होंने 1929 में बिहार प्रांतीय किसान सभा (BPKS) का गठन किया था ताकि किसानों की उनके खेती के अधिकारो पर जमीन्दारी हमलों के विरुद्ध किसानों की शिकायतों को संगठित किया जा सके, और इस तरह इस घटना ने भारत में किसान आंदोलन को जन्म दिया।

307. (2) दांडी मार्च या नमक मार्च नमक के उत्पादन पर ब्रिटिश एकाधिकार के खिलाफ महात्मा गाँधी के अहिंसक विरोध का हिस्सा था।

• गाँधी के नेतृत्व में, 78 लोगों ने 12 मार्च, 1930 को 24 दिवसीय मार्च शुरू किया एवं 5 अप्रैल, 1930 को दांडी पहुँचे।

• दांडी में नमक बनाने के बाद, गाँधी 40 किमी दक्षिण में धरसाना साल्ट वर्क्स गए, लेकिन 5 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

308. (3) "मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूँगा" सुभाष चंद्र बोस का एक प्रसिद्ध उद्धरण है।

• उनके अनुसार, यह खून ही है जो स्वतंत्रता की कीमत चुका सकता है।

• उन्हें आजाद हिंद फौज या भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) की स्थापना के लिए जाना जाता है।

309. (2) ताशकंद समझौता, (जनवरी 10, 1966), भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री (जिनकी अगले दिन मृत्यु हो गई) और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान द्वारा हस्ताक्षरित समझौता है, जिसमें अगस्त-सितम्बर 1965 का भारत-पाकिस्तान के मध्य 17-दिवसीय युद्ध को समाप्त करने पर समझौता हुआ था।

310. (1) राजनीतिक-धार्मिक संस्था, हिंदू महासभा, का गठन मदन मोहन मालवीय द्वारा वर्ष 1915 में किया गया था। इसका उद्देश्य ब्रिटिश भारत में हिंदू समुदाय के अधिकारों की रक्षा करना था।

311. (2) कुंवर सिंह (1777-26 अप्रैल, 1858) 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान एक उल्लेखनीय नेता थे।

• वह जगदीशपुर के एक शाही उज्जैनिया (पँवार) राजपूत घर से थे, जो वर्तमान में बिहार के भोजपुर जिले का एक हिस्सा है।

• उन्हें लोकप्रिय रूप से वीर कुंवर सिंह के नाम से जाना जाता है।

312. (4) अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक (AIFB) भारत में एक वामपंथी राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है।

• यह 1939 में सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर एक गुट के रूप में उभरा।

313. (3) राजा राम मोहन राय को आधुनिक भारत का जनक माना जाता है जिन्होंने 1828 में प्रथम धार्मिक सुधार संगठन यानी ब्रह्म समाज की स्थापना की थी।

• इसने मूर्ति-पूजा का निषेध किया और अर्थहीन संस्कारों और कर्मकांडों को त्याग दिया।

• ब्रह्म समाज ने अपने सदस्यों को किसी भी धर्म पर हमला करने से भी मना किया।

314. (2) बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशान्ति का पिता भी कहा जाता है।

• उन्होंने गणेश चतुर्थी को ब्राह्मणों और गैर-ब्राह्मणों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक राष्ट्रीय त्योहार के रूप में लोकप्रिय बनाया।

315. (2) स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता (पहले कलकत्ता) में हुआ था।

Search On Tg: @apna_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में "राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया जाता है।
- 1893 में उन्होंने शिकागो धर्म संसद में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।

316. (4) लॉर्ड कर्जन 1899 से 1905 तक भारत के वायसराय थे। बंगाल प्रांत का विभाजन उनके कार्यकाल के दौरान 16 अक्टूबर, 1905 को प्रभावी हुआ।
- राष्ट्रीय संघर्ष में स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन इसी विभाजन के परिणामस्वरूप शुरू हुए।
- स्वदेशी आंदोलन को आधिकारिक तौर पर 7 अगस्त, 1905 को बंगाल के कलकत्ता टाउन हॉल में घोषित किया गया था।
- स्वदेशी आंदोलन के साथ-साथ बहिष्कार आंदोलन भी शुरू किया गया था।
- बंगाल विभाजन देश में सांप्रदायिक दरार पैदा करने में सफल रहा, यहाँ तक कि 1906 में मुस्लिम लीग के जन्म में भी योगदान दिया।

317. (3) सत्यशोधक समाज 24 सितम्बर, 1873 को पुणे, महाराष्ट्र में ज्योतिराव फुले द्वारा स्थापित एक सामाजिक आंदोलन समाज था।
- यह एक समाज सुधार अह्वान था जो सत्य की खोज के लिए समर्पित था।
- सावित्रीबाई (ज्योतिराव फुले की पत्नी) सत्यशोधक समाज के महिला वर्ग की नेता थीं।

318. (4) पिण्डारी अनियमित सवार थे, जो मराठा सेनाओं के साथ-साथ चलते थे। उन्हें कोई वेतन नहीं दिया जाता था लेकिन उन्हें दुश्मन राज्यों को लूटने की छूट थी।
- वे हिंदुओं, मुसलमानों, अफगानों, जाटों और मराठों का मिश्रण थे, जिन्हें 'मुगल साम्राज्य का मलबा' कहा जाता था, जिसे किसी भी शासन में शामिल नहीं किया गया था।
- लॉर्ड हेस्टिंग्स ने ईस्ट इंडिया कंपनी के कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स की मंजूरी से 1813 में पिंडारियों को खत्म करने का फैसला किया।

319. (1) सार्जेंट योजना, जिसे औपचारिक रूप से भारत में युद्ध के बाद के शिक्षा विकास पर सार्जेंट आयोग की रिपोर्ट के रूप में जाना जाता है, 1944 का एक ज्ञापन था (जैसा कि ब्रिटिश सरकार द्वारा दावा किया गया)। इसे भारत की ब्रिटिश सरकार के इशारे पर तैयार किया गया था जिसने भविष्य के भारत में साक्षरता एवं शिक्षा के विकास को रेखांकित किया था।
- इसमें 12 अध्याय थे जिनमें पूर्व-प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा की रूपरेखा शामिल थी।

320. (3) कूकाओं को नामधारी भी कहा जाता था, जो सिख धर्म के भीतर एक संप्रदाय थे।
- कूका शब्द पंजाबी शब्द 'कूक' से बना है, जिसका अर्थ रोना होता है।
- कूका आंदोलन ने 1849 के बाद अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई नई राजनीतिक व्यवस्था के प्रति पंजाब में लोगों की पहली बड़ी प्रतिक्रिया को चिह्नित किया।
- इसका नेतृत्व राम सिंह ने किया था।

321. (3) रॉलेट एक्ट 1919 में कहा गया कि किसी भी भारतीय को बिना मुकदमे के हिरासत में लिया जा सकता है। यह निवारक निरोध था जिसका अर्थ है कि सरकार बिना किसी अपराध के किसी भी नागरिक को जेल में रख सकती है।
- भारतीय इस तरह के कानून से नाराज थे, लाहौर के एक अखबार ने रॉलेट एक्ट को इस शीर्षक के साथ वर्णित किया: 'कोई दलिल नहीं, कोई वकील नहीं, कोई अपील नहीं'। निवारक निरोध क्या है यह इसका एक अच्छा विवरण है।

322. (3) चिटगाँव शस्त्रागार छापा 18 अप्रैल, 1930 को सूर्य सेन के नेतृत्व में सशस्त्र भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा ब्रिटिश भारत के बंगाल प्रेसीडेंसी में चटगांव (अब बांग्लादेश में) शस्त्रागार से पुलिस एवं सहायक बलों के शस्त्रागार पर छापा मारने का एक प्रयास था।
- इस घटना के बाद सूर्य सेन एवं तारकेश्वर दस्तीदार को ब्रिटिश प्रशासन ने 12 जनवरी, 1934 को जेल में अमानवीय यातना देने के बाद फांसी पर लटका दिया था।

323. (3) बंगाल के पहले गवर्नर-जनरल वारेन हेस्टिंग्स थे।
- 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा, बंगाल के गवर्नर-जनरल के पद का नाम भारत के गवर्नर-जनरल में परिवर्तित हो गया। लॉर्ड विलियम बेंटिक (1828-1835) उस समय बंगाल के गवर्नर जनरल थे। इस प्रकार वे बंगाल के अंतिम गवर्नर जनरल रहे।
- भारत के पहले गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक थे।

324. (4) बारदोली सत्याग्रह, 1928, सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बारदोली के किसानों के लिए अन्यायपूर्ण करों के खिलाफ एक आंदोलन था।

325. (2) 1857 का विद्रोह भारत के लोगों द्वारा विद्रोह की एक लंबी अवधि थी जो मेरठ (उत्तरी भारत) से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के तहत काम करने वाले भारतीय सैनिकों द्वारा विद्रोह के रूप में शुरू हुई थी।
- बेगम हजरत महल एवं उनकी सेना के विद्रोह का नेतृत्व राजा जलाल सिंह ने किया था, जबकि उनकी महिलाओं की सेना की कमान उदा देवी ने संभाली थी।
- उन्होंने लखनऊ को वापस जब्त कर लिया एवं बेगम के बेटे बिरजिस कद्र को शासक घोषित कर दिया गया लेकिन यह जीत थोड़े समय के लिए थी।
- बिरजिस कद्र 1857 से 1858 तक ही अवध के नवाब रहे।

326. (3) चुआर, बंगाल प्रांत के मिदनापुर, बांकुड़ा और मानभूम क्षेत्रों में पाए जाते थे। वे अंग्रेजों की राजस्व व्यवस्था से असंतुष्ट थे। इसलिए करनगढ़ की रानी शिरोमणि के नेतृत्व में उन्होंने विद्रोह का झंडा फहराया।
- अंग्रेजों के खिलाफ यह क्रांति लंबे समय तक जारी रही। 1789 में, यह अपने चरमोत्कर्ष पर था।
- लेकिन 6 अप्रैल, 1799 को रानी शिरोमणि को गिरफ्तार कर लिया गया और कोलकाता की जेल में भेज दिया गया। लेकिन विद्रोह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ था। बाद में वे भूमिज जनजाति के गंगा नारायण द्वारा किए गए विद्रोह में शामिल हो गए।

327. (3) 1916 में कांग्रेस का लखनऊ अधिवेशन कांग्रेस का 31वाँ अधिवेशन था।
- अंबिका चरण मजूमदार कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन के अध्यक्ष थे।
- लखनऊ समझौता एक ऐतिहासिक समझौता था जो 1916 में लखनऊ में दोनों पार्टियों

Search on TG: @apna_library

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

(मुस्लिम लीग और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) के संयुक्त सत्र में हुआ था। संधि के अनुसार, कांग्रेस और लीग अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने प्रयासों में शामिल होने के लिए सहमत हुए।

328. (3) डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स एक विलय नीति थी जिसका लॉर्ड डलहौजी द्वारा व्यापक रूप से पालन किया गया था जब वह 1848 से 1856 तक भारत का गवर्नर-जनरल था।

- यह ईस्ट इंडिया कंपनी के कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा 1847 की शुरुआत में तैयार किया गया था और लॉर्ड डलहौजी के गवर्नर-जनरल का पद लेने से पहले ही कई छोटे राज्यों को इस सिद्धांत के तहत हड़पा जा चुका था।
- ईस्ट-इंडिया कंपनी की क्षेत्रीय पहुँच का विस्तार करने के लिए उनके द्वारा इस नीति का अधिक व्यापक रूप से उपयोग किया गया था।

329. (4) 'तीस वर्षीय' युद्ध मुख्य रूप से आधुनिक जर्मनी और मध्य यूरोप के बीच लड़ा गया संघर्ष था।

- यह युद्ध 1618 से 1648 तक चला, जो कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट राज्यों के बीच एक लड़ाई के रूप में शुरू हुआ जिसने पवित्र रोमन साम्राज्य का गठन किया।

330. (2) मोहनदास करमचंद गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था।

- 13 वर्ष की उम्र में, उन्होंने तत्कालीन प्रचलित प्रथा के अनुसार कस्तूरबा कपाड़िया से विवाह किया।
- उनका जन्म दिवस 2 अक्टूबर भारत में गाँधी जयंती एवं पूरे विश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

331. (3) सत्यशोधक समाज की स्थापना 24 सितम्बर, 1873 को महाराष्ट्र के पुणे में ज्योतिराव फुले ने की थी।

- यह एक सुधारवादी समाज था जिसने वंचित वर्गों में शिक्षा, सामाजिक अधिकारों, न्याय और राजनीतिक पहुँच को बढ़ावा दिया।
- इसका प्राथमिक ध्यान महाराष्ट्र में दलितों, शूद्रों और महिलाओं के उत्थान और समर्थन पर था।

332. (1) नादिर शाह का भारत पर आक्रमण: 16 फरवरी, 1739

- प्लासी की लड़ाई: 23 जून, 1757
- पानीपत की तीसरी लड़ाई: 14 जनवरी, 1761
- बक्सर का युद्ध: 22 अक्टूबर, 1764 ई.

333. (2) 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण, योगेन्द्र शुक्ल, सूरज नारायण सिंह, गुलाब चंद गुप्ता, पंडित रामनंदन मिश्रा, शालिग्राम सिंह और श्याम बर्धवार के साथ हजारीबाग सेन्ट्रल जेल से भाग निकले और भूमिगत गतिविधियों का आयोजन किया।

- उन्होंने राम मनोहर लोहिया, छोटूभाई पुराणिक और अरुणा आसफ अली के साथ चल रहे आंदोलन की कमान संभाली रखा गया था।

334. (3) **सूची I (स्थान): सूची II (शहर)**

- आनंद भवन: इलाहाबाद (प्रयागराज)
- साबरमती आश्रम: अहमदाबाद
- गेटवे ऑफ इंडिया: मुंबई
- जलियांवाला बाग: अमृतसर

335. (3) टीपू सुल्तान ने दिसम्बर, 1782 से अपनी मृत्यु 1799 तक मैसूर राज्य पर शासन किया था।

- कृष्ण राजा वोडेयार III ने 30 जून, 1799 से 27 मार्च, 1868 तक मैसूर पर शासन किया था।
- वह कई भाषाओं के जानकार थे एवं "वीणा" बजाने में पारंगत थे।

336. (3) जलियाँवाला बाग हत्याकांड 13 अप्रैल, 1919 को घटित एक बर्बर घटना थी, जिसमें ब्रिटिश सैनिकों ने पंजाब के अमृतसर में जलियाँवाला बाग के नाम से जाने जाने वाले खुले स्थान में इकट्ठी निहत्थे भारतीयों की एक बड़ी भीड़ पर गोलीबारी की थी।

- अमृतसर में जलियाँवाला बाग स्थल अब एक राष्ट्रीय स्मारक है।

337. (1) चौरीचौरा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले का एक कस्बा है।

- 4 फरवरी, 1922 को, इस शहर में एक हिंसक घटना हुई - किसानों की एक बड़ी भीड़ ने एक पुलिस थाने में आग लगा दी, जिसमें 22 पुलिसकर्मी मारे गए थे।
- इस घटना के कारण महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन (1920-22) को वापस ले लिया।

338. (4) अमला जमींदार का अधिकारी था जो रिकॉर्ड बनाए रखता था एवं गाँवों से राजस्व एकत्र करता था।

175. (4) पखावज, जो एक अवनद्ध वाद्य है, की प्रकृति गंभीर है। मृदंग या मृदगंम इसका बड़ा रूप है। आरंभ में मिट्टी के बने होने के कारण इसे मृंदग कहा गया। बाद में यह लकड़ी या लोहे का बनने लगा। गुणिजनों के मतानुसार खैर की लकड़ी से बना हुआ मृदंग अथवा पखावज श्रेष्ठ है। कर्नाटक अथवा दक्षीण भारतीय शास्त्रीय गायन में अधिकतर पखावज का प्रयोग होता है। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में ध्रुपद-धमार में पखावज तथा ख्याल, टप्पा, ठुमरी के साथ तबला बजाया जाता है, क्योंकि इन तीनों शैलियों की प्रकृति चंचल होती है।

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

176. (3) धमार गीत में धमार ताल बजाया जाता है। इस गायन की प्रकृति ध्रुपद से हलकी है। विशेष रूप से वसन्त ऋतु में होली के समय ये गाने गाये जाते थे। धमार ताल का आविष्कार बैजू बावरा ने किया था।

177. (2) भीमपलासी-काफी थाट, जाति-औड़व-सम्पूर्ण वादी-म तथा संवादी-सा। यह दिन के तीसरे प्रहर में गाये जाने वाला राग है।

178. (3) एक सप्तक में सात स्वर होते हैं। सा रे ग मध्य ध नि।

179. (2) कोमल स्वरों की संख्या चार है- ऋषभ, गन्धार, धैवत, निषाद। ये वे स्वर होते हैं जो अपने निश्चित स्वर से नीचे गाये-बजाये जायें। अंग्रेजी में इन्हें Flate Notes कहा जाता है।

180. (3) 'सा' अचल स्वर है। अतः इसे वर्जित करने का प्रश्न नहीं उठता है। सा को वर्जित करने से गायन का आधार समाप्त हो जाता है, अतः गायक को गाने में अत्यन्त कठिनाई होगी। 'सा' से स्केल अर्थात सप्तक का पता चलता है। 'सा' ही गायन का मूलाधार है। इसे **ओ३म** (ॐ) भी कहा या माना जा सकता है।

181. (3) राग केदार की उत्पत्ति कल्याण थाट से हुई है। यह रात के प्रथम प्रहर में गाया जाता है।

182. (4) राग मूलतानी सायंकालीन संधिप्रकाश राग है। यह दिन के चौथे प्रहर में गेय है। तोड़ी थाट से उत्पन्न इस राग की जाती औड़व-सम्पूर्ण है। जिस राग को दिन और रात्री की मिलन वेला में प्रस्तुत किया जाता है उसे संधिप्रकाश राग कहते हैं।

183. (4) राग भैरवी में रे ग ध नि कोमल लगते हैं। भैरवी प्रातः कालीन राग है।

184. (3) राग कामोद का आरोह अवरोह इस प्रकार है-

आरोह-सा रेप मंप धप निधसां

अवरोह-सांनिध प मंपधप गमरेसा

राग यमन में निरेग, गौड़ सारंग में गरेमग, तथा राग श्री जो कि पूर्वी थाट का राग है, में सारे मंप की स्वर संगति देखने को मिलती है।

185. (4) यमन राग में ग वादी नी संवादी स्वर होता है। यह कल्याण थाट का राग है। जाति षड़व-षड़व और गायन समय रात्रि का प्रथम प्रहर है।

186. (3) राग भुपाली का स्वर समूह ग प ध प गरे सा; खमाज का सग मपधनिसं तथा राग काफी में रेग मप मगरेसा आदि स्वर प्रयुक्त होते हैं।

187. (4) राग मालकौंस भैरवी थाट का राग है। भीमपलासी काफी थाट का, राग हिण्डोल कल्याण थाट से, तथा राग देस खमाज थाट से उत्पन्न राग है।

188. (3) राग यमन का दूसरा नाम यमन कल्याण अथवा कल्याण है। यह कल्याण थाट से उत्पन्न हुआ एक राग है। रात्रि प्रथम प्रहर में गायन योग्य है।

189. (1) जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, कि पर परमेल-प्रवेशक उस राग को कहा जाता है जिसमें एक थाट से दूसरे थाट में प्रवेश करने की प्रक्रिया होती है। यह दिन के अन्तिम प्रहर का अन्तिम भाग है जिसके पूर्व भैरवी थाटों का समय समाप्त हो चुका होता है। जैजैवन्ती, मुलतानी जैसे राग इस श्रेणी में आते हैं।

190. (3) थाटों की संख्या में अनेक मत-मतान्तर हैं, परन्तु वर्तमान हिन्दुस्तानी संगीत में 10 थाटों की परम्परा प्रचलित है।

191. (4) 7 स्वरों के अतिरिक्त 5 अन्य श्रुतियाँ भी हैं, जिनका महत्व शुद्ध स्वरों से कम तथा शेष 10 श्रुतियों से अधिक है। शास्त्रकारों ने इन पाचों श्रुतियों को विकृत स्वरों का नाम दिया है। इनमें से 4 श्रुतियाँ शुद्ध स्वरों से नीचे थीं, और केवल एक ऊंची। चारों को कोमल विकृत तथा शेष एक को तीव्र विकृत स्वर के नाम से जाना गया।

192. (1) जो कुछ कानों से सुना जाये श्रुति है-श्रूयते इति श्रुतिः।' प्राचीन शास्त्रकारों ने यह जानने का प्रयत्न किया है कि एक सप्तक के अन्तर्गत अधिक से अधिक कितने नाद स्वर रूप से पहचाने और पृथक-पृथक गाये बजाए जा सकते हैं। अन्तिम निष्कर्ष स्वरूप सिर्फ 22 नादों को ही श्रुति की संज्ञा दी जा सकी क्योंकि प्रत्येक श्रुति नाद है, किन्तु प्रत्येक नाद श्रुति नहीं है।

193. (3) एक सप्तक के अन्तर्गत सिर्फ दो ही स्वर अचल हो सकते हैं। पहले यह जान लेना आवश्यक होगा कि वास्तव में अचल स्वर क्या है। गुणिजनों के अनुसार वे स्वर जो अपना स्थान परिवर्तन नहीं करते या उनका कोई विकृत स्वर या रूप नहीं है, अचल कहलाते हैं। सा और प ही ऐसे दो स्वर हैं जिनका कोई विस्थापित या विकृत रूप नहीं है।

194. (4) प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। यह एक शिक्षण संस्था है, जहाँ छात्रों द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण होने पर उन्हें 'संगीत प्रवीण की डिग्री दी जाती है। कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में विश्वभारती विश्वविद्यालय, दिल्ली में केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी तथा भातखण्डे विश्वविद्यालय लखनऊ ऐसे प्रतिष्ठान हैं जहाँ तीनों कलाओं की शिक्षा दी जाती है।

195. (1) उत्तर भारतीय शास्त्रीय या हिन्दुस्तानी संगीत में दो-स्वरलिपि पद्धतियाँ प्रचलित हैं। विष्णु दिगम्बर और भातखण्डे संगीत लिपि। भारतीय शैली का मुख्य क्षेत्र उत्तर भारत और इसका विकास प्राचीनतम भारतीय संगीत परम्परा में फारसी तत्वों के द्वारा हुआ। हिन्दुस्तानी संगीत की प्राचीनतम रचना ध्रुपद और जनक स्वामी हरिदासजी हैं। कर्नाटक शैली का प्राचीनतम इतिहास 'पुरन्दर दास' से प्रारम्भ होता है, वे ही इस शैली के जनक हैं।

196. (3) खमाज थाट से उत्पन्न इस राग में 'वन्दे मातरम्' की रचना की गई है। दूरदर्शन द्वारा प्रचारित 'मिल सुर मेरा तुम्हारा' की सम्पूर्ण रचना' राग देश के आधार पर की गई है। राग देश खमाज थाट का राग है।

197. (4) राग भैरव प्रातःकालीन राग है। असावरी दिन का दूसरा प्रहर अथवा दोपहर को, पूर्वी सायंकालीन तथा पट बिहाग रात के प्रथम प्रहर में गाये जाने वाला राग है।

198. (3) राग मेघ, मियाँ मल्हार, गौड़ मल्हार, नट मल्हार, रामदासी मल्हार, सुर मल्हार आदि राग वर्षा ऋतु में गाये जाने वाले राग समूह हैं। लेकिन शास्त्रीय विवरण में मल्हार, राग में शुद्ध धैवत और शुद्ध निषाद का प्रयोग होता है।

199. (3) द्विमात्रिक एकताल में छः विभाग हैं, जिनमें एक विभाग में दो बोल होते हैं। चौताल के जैसा इसमें भी 1, 5, 9 और 11 मात्रा में तालि और 3 और 7 मात्रा में खालि दिखाया जाता है। अन्तर सिर्फ बोल में है। एकताल, चौताल के जैसे गंभीर प्रकृति का नहीं है। इसलिए ध्रुपद के साथ कभी एकताल नहीं बजाया जाता अथवा ख्याल में भी एकताल के बदले चौताल नहीं बजाया जाता।

200. (4) कंठे महाराज के भतीजे एवं शिष्य पं० किशनमहाराज भी समसामयिक तबला-वादकों में श्रेष्ठतम स्थान रखते थे। तन्त्रकारों की संगति के लिए आपकी प्रसिद्धि विशेष है। नृत्य की संगति भी उदाहरण से परे हैं। बाँए का काम इनका अत्यन्त सराहनीय है। अजराड़ा घराना के उस्ताद शम्मू खाँ, दिल्ली बाज के उस्ताद करामत खाँ तथा लखनऊ-घराने के प्रवर्तकों में सिद्धार खाँ के पौत्र उस्ताद मौजू खाँ तथा बब्लू खाँ का नाम लिया जाता है।

201. (3) यूँ तो तबले में बजने वाले किसी भी बोल को टुकड़ा कहा जा सकता है, परन्तु यह तिहाईदार और बिना तिहाईदार दोनों प्रकार का हो सकता है। तिहाइयाँ दो प्रकार की होती हैं- जिस तिहाई में धा के बाद एक या दो मात्रा ठहरना पड़े, उसे **इकदार तिहाई** तथा जब धा पर टिकाव बिल्कुल न हो तो उसे **बेदम की तिहाई** कहते हैं।

202. (1) दिल्ली घराने की नींव उस्ताद सिद्धार खाँ ने डाली थी उनकी वंश परम्परा रोशन खाँ, तुल्लन खाँ और कल्लू खाँ तक चली।

कहरवा, दादरा, परतो, रूपक इत्यादि तालों को विभिन्न प्रकार से बजाने की क्रिया 'लग्गी' कहलाती है। लग्गी का एक उदाहरण नीचे दिया गया है-

(ताल-कहरवा) धीक् नधीऽक धी नाड़ा।
तीऽक् नतीऽकती नाड़ा।

203. (3) वह संगीतकार, जिसने मात्र अभ्यास के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया हो और उसका प्रभावी प्रदर्शन कर रहा हो, **'कलावन्त'** कहलाता है। ध्रुपद की उत्पत्ति का सम्बन्ध मानसिंह तोमर से माना जाता है। किन्तु इसको प्रचार करने का श्रेय बैजू बावरा तथा तानसेन को जाता है। इस दृष्टिकोण से वे 'कलावन्त' कहलाएगें। वह संगीतकार, जिसने किसी गुरु अथवा 'उस्ताद' से शिष्य परम्परा के अनुरूप संगीत-शिक्षा ग्रहण करके अपनी मौलिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया हो, **'गायक'** कहलाता है। तानसेन की वंश एवं शिष्य परम्परा **'सेनी'** घराने के नाम से जानी जाती है। तानसेन एक प्रसिद्ध गायक थे जो अकबर की शासनकाल के थे।

204. (3) शारंगदेव द्वारा रचित ग्रन्थ **'संगीत रत्नाकर'** का रचनाकाल 14वीं शताब्दि का मध्य भाग माना जाता है।

205. (4) भातखण्डे द्वारा रचित स्वरलिपि में मध्य सप्तक में कोई चिन्ह नहीं दिया जाता है।

206. (4) भरत ने चार वीणाओं पर प्रयोग किया जिसे सारणा चतुष्टयी कहते हैं। सहायक नाद, ग्राम तथा मूर्च्छना पर भरत जी ने वीणा का प्रयोग नहीं किया।

207. (4) भातखण्डे पद्धति में किसी ताल में सम का चिन्ह (x) होता है। खालि का चिन्ह (0) से व्यक्त किया जाता है।

208. (3) अमीर खुसरो ने वीणा में 4 तार के स्थान पर 3 तार लगाए और उसे **सहतार** की संज्ञा दी वर्तमान सितार में सात तार होते हैं। इसे 'मिजराब' से बजाया जाता है। इसके अलावा इसमें घुड़च, तरब तथा अटो के अंग हैं। सितार में तरब के कुल 11 तार होते हैं। इसपर मसीतखानी और रजाखानी गत बजाया जाता है।

209. (1) मसीतखानी गत में विलम्बित बजाया जाता है। गायन में ख्याल या बड़ा ख्याल गाने को विलम्बित कहते हैं।

210. (2) रागों की उत्पत्ति जिस राग के अन्तर्गत मानी जाती है उसे **थाट** कहते हैं। तार यंत्र से उत्पन्न होने वाली ध्वनी को **ततकार** कहते हैं। **आमद** तबले में बजाया जाने वाला रेला है। नृत्य में पैरों के बोल को **अदा** कहते हैं।

211. (4) पं० रविशंकर सितार वादक हैं। पं० बिरजु महाराज कथक नृत्य से जुड़े हुए हैं। पं० किशन महाराज तबला वादक हैं।

212. (4) वाद्य यन्त्रों को चार भागों में बाँटा गया है-

(1) **तत्** - सितार, वीणा, सारंगी, गीटार, तानपुरा, दिलरूबा, मेण्डोलिन इत्यादि।

(2) **सुषिर** - शहनाई, बाँसुरी, शंख, क्लेरिओनेट, सेक्सोफोन, ट्रामपेट, भोंपू, हारमोनियम, तुरही इत्यादी जो हवा देकर बजाए जाते हैं।

(3) **अवनद्ध** - चमड़े से या किसी अन्य वस्तु से ढके हुए इस वाद्य को हाथ अथवा लकड़ी से बजाया जाता है। तबला, ढोल, डमरु, पखावज, डमस, ढोलक, कांगो, थुम्बा इत्यादि।

(4) **घन वाद्य** - लकड़ी अथवा धातु निर्मित इस वाद्य को आघात करके बजाया जाता है। मँजिरा, करताल, जलतरंग, घड़ा, घुंघरू, घंटी इत्यादि।

213. (2) स्वरों के चढ़ते हुए क्रम को **आरोह** तथा उतरते हुए क्रम को **अवरोह** कहा जाता है। इसी के द्वारा रागों की पहचान की जाती है तथा भाव प्रकट किये जाते हैं।

214. (4) विद्वानों के मतानुसार अमीर खुसरो का जन्मकाल 1253-54 बताया जाता है। इनके पिता का नाम सैफुद्दीन था। यह सुफी मत के माननेवाले थे। हजरत निजामूद्दिन इनके गुरु थे। ये तुर्की, फारसी, अरबी एवं हिन्दी के विद्वान थे।

215. (3) तिलवाड़ा को विलंबित तिनताल भी कहा जा सकता है। इस ताल में विलम्बित ख्याल भी गाये जाते हैं। दीपचन्दी 14 मात्रा का, आड़ा चारताल और धमार भी 14-14 मात्रा के ताल हैं।

216. (2) ध्रुपद गानों के रचनाओं में कवित्व का झलक मिलता है। गाने से पहले 'नोम-तोम' से आलाप और गाने के बीच में लयकारी दिखाना ही इस गायन की विशिष्ठता है। तान इसमें नहीं चलते हैं। इसके साथ पखावज में ही संगत करने का रिवाज या प्रचलन है। तीव्रा, सूलताल, चौताल इत्यादि तालों के साथ ध्रुपद गाया जाता है।

217. (3) राग भूपाली में 'म' व 'नि' वर्जित हैं, जबकि विलावल थाट वाले दुर्गा राग में 'म' प्रयुक्त है, तथा खमाज थाट वाले राग दुर्गा-में 'म' और 'नि' दोनों उपस्थित हैं।

218. (4) राग भूपाली में 'म' और 'नि' वर्जित हैं। बाकि सारे स्वर शुद्ध हैं।

219. (4) लोकगीतों में लचकदार छन्द तथा मन को आनन्द देने वाले सुर तथा ताल प्रयोग किये जाते हैं। ढोलक, तबला इस दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रातीत होते हैं। पैड, ड्राम पाश्चात्य संगीत के अंग हैं, लेकिन उनका उपयोग भी लोकगीतों के क्षेत्र में वर्तमान में किया जा रहा है।

220. (3) यह झपताल का दुगुण में दिखाया गया रूप है।

221. (4) दुगुणा का अर्थ है 'एक में दो' अर्थात एक विभाग में दो मात्राएँ, एक में तीन का अर्थ होता है तीनगुणा, एक में चार का अर्थ चौगुण है।

Search on Tg: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

222. (1) हिन्दी गीतों को मंच पर प्रतिष्ठित करने का श्रेय श्री हरिवंश राय बच्चन तथा उसे घर घर प्रचलित करने का श्रेय पद्मश्री नीरज को दिया जाता है। प्रेम एवं शृंगारमय काव्य रचनाओं को संगीतरूप में प्रस्तुत करने को 'गीत' कहा जाता है।

223. (1) दोनों काफी थाट से निकले हुए राग समूह हैं। दोनों का कोमल स्वर ग नि है तथा मध्यरात्रि में गाये जाते हैं।

224. (4) द्रुत तथा मध्यलय में बजाया जाने वाला गत राजाखानी है।

225. (1) 3 मात्राओं में 2 मात्रायें बोलना अर्थात 2 स्वर। इसे आड़ुलय कहते हैं। इसे डेढ़गुण भी कहा जा सकता है।

226. (1) सौंधप्रकाश राग प्रातः काल तथा सायंकाल (4-7) बजे गाए जाते हैं। विलावल का गायन समय प्रातःकाल है। लेकिन भैरव में कोमल ऋषभ (रे) प्रयोग किया जाता है। देशकार का गायन समय दिन का प्रथम प्रहर और तोड़ी भी दिन के दूसरे प्रहर में गाया जाता है।

227. (3) ध्रुपद गायन शैली में कुल 4 बानियाँ होती है (1) शुद्धा वाणी (2) खंडहार वाणी (3) डागुर वाणी (4) नौहार वाणी।

228. (1) राग जिनमें दो से अधिक रागों का मिश्रण हो **संकीर्णराग** है। **शुद्ध राग** में किसी राग का मिश्रण नहीं होता है। जिस थाट से राग की उत्पत्ति होती है उसे **आश्रय राग; छायालग राग** में दूसरे राग की छाया आती है तथा **परमेल प्रवेशक** राग में एक राग, दूसरे राग में प्रवेश करने की क्षमता रखता है।

229. (4) भरत मुनि ने 22 श्रुतियों पर सात स्वरों की स्थापना की, जिसमें षड्ज स्वर **छन्दोवती श्रुति** पर, गन्धार स्वर **क्रोध श्रुति** पर, पंचम स्वर **अलापिनी श्रुति** पर निषाद स्वर **क्षोभिणी श्रुति** पर स्थापित किये। इस तरह चार बार अपने वीणा के तारों को उतारा।

230. (4) सामता प्रसाद (गुदई महाराज) तबले से, अल्ला रखा (उस्ताद जाकिर हुसैन के पिता) तथा किशन महाराज ये तीनों तबलावादक हैं जबकि नाना साहेब पानसे पखावज वादक रह चुके हैं। मृदंग पखावज का बड़ा रूप है। यह झपताल का बोल है।

231. (4) विश्वमोहन भट्ट गोटार (रूद्रवीणा), पं॰ रविशंकर सितार, उस्ताद जाकिर हुसैन तबला वादक हैं।

232. (4) प्रश्नानुसार- धमार ताल (14 मात्रा), एकताल (12 मात्रा) तथा झपताल (10 मात्रा) अर्थात इनमें एक ही ताल 14 मात्रा का है।

233. (3) इस ताल में भजन और गज़लों के अतिरिक्त कभी-कभी ठुमरियाँ भी गाई जाती हैं। नब्बे प्रतिशत फिल्मी गानें तो इसी ताल में होते हैं। इस ताल का आनन्द लग्गीयों में आता है।

234. (3) तानपूरे में स्टील के तीन और पीतल का एक तार होता है। अधिकतर गायक स्वयं तानपूरा नहीं छेड़ते हैं, उनके सहयोगी कलाकर ही इसे बजाया करते हैं। गायन को और मनमोहक बनाने के लिये 'सुरमंडल' नामक एक 'साज़' होता है, जो गायक द्वारा छेड़ा जाता है।

235. (2) राग मालकौंस का वादी ग है। यह गंभीर प्रकृति का राग है।

236. (3) पं॰ किशन, पं॰ सामता तथा उस्ताद जाकिर तीनों तबला वादक हैं। उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ साहब ठुमरी, ख्याल तथा गजल के गायक थे। ये पटियाला घराने से सम्बन्धित थे।

237. (3) राग काफी में 'ग' कोमल होता है। यह काफी थाट का राग है। वादी 'प' संवादी 'सा'। मध्यरात्रि-गायन समय। आरोह अवरोह इस प्रकार है। (आज खेलो स्याम संग होरी पिचकारी रंगभरी केशर की)

आरोह – सा रे ग म प ध नि सां

अवरोह – सां नि ध प मग रे सा

238. (4) तानपूरा अथवा तम्बूरा चार तारों का एक वाद्य यंत्र है, जिसमें लकड़ी के चार खूँटे लगे होते हैं। शास्त्रीय संगीत में इसका प्रयोग होता है।

239. (3) ठुमरी प्रधानतः पीलू, भैरवी, खमाज इत्यादि हल्की प्रकृति की रागों में गाया जाता है। इसमें चपलता, चंचलता आदि का स्थान होता है। यमन, दरबारी, विहाग आदि गम्भीर प्रकृति के राग हैं।

240. (3) सूलताल में पाँच विभाग हैं और यह दश मात्रा का ताल है। आड़ा चारताल 14 मात्राओं का ताल है तथा इसके 7 विभाग हैं। एकताल 12 मात्राओं का ताल है तथा इसके 6 विभाग माने जाते हैं।

241. (1) उदयशंकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न रागों तथा ताल के साथ अन्य प्रादेशिक गायन और पाश्चात्य शैली के मेल से एक नये शैली का विकास किया। उन्होंने स्वयं अनेक मिश्रित रागों का सृजन किया जैसे-भैरव, भैरवी, तोड़ी-भैरवी आदि। नौशाद फिल्मी गानें के संगीतकार थे।

242. (4) **कत्थक** (उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान) के विख्यात कलाकारों में बिन्दादीन महाराज, कालकादीन महाराज, अच्छन महाराज, गोपीकृष्ण आदि प्रमुख हैं।

कथकली-मृणलिणी साराभाई, गुरू शंकरन; **मणिपुरी** (मणिपुर)- सूर्यमुखी देवी, गुरू विपिन सिंह तथा **ओडिसी** (ओडिशा)- प्रोतिमा देवी, संयुक्ता पाणिग्राही, सोनल मानसिंह आदि प्रमुख कलाकार हैं।

243. (4) बिलावल थाट के प्रायः सभी रागों में सभी स्वर शुद्ध होते हैं। कुछ रागों में कोमल निषाद (नि) का प्रयोग किया गया है। कमलरंजनी, दीपक (बिलावल तथा खमाज थाट) इत्यादि। काफी थाट वाले रागों में **कोमल गन्धार, कोमल निषाद;** भैरव थाट वाले रागों में **कोमल ऋषभ** कोमल धैवत तथा कल्याण थाट वाले रागों में प्रायः **तीव्र मध्यम** का प्रयोग किया जाता है।

244. (4) सप्तक तीन तरह के होते हैं-मंद्र, मध्य तथा तार सप्तक।

245. (4) विष्णु दिगम्बर तथा भातखण्डे संगीत पद्धति।

246. (4) एक ग्राम में 7 मूर्च्छनाएँ तथा 7 स्वर होते हैं। मूर्च्छना तीन प्रकार के होते हैं। (1) षड्ज् ग्राम की (2) मध्यम ग्राम की तथा (3) गन्धार ग्राम की मूर्च्छना। 7 x 3 = 21 अर्थात् कुल मूर्छनाओं की संख्या 21 होती हैं।

247. (3) परमेल प्रवेशक राग का अर्थ है वह राग जो एक राग से दूसरे राग या एक थाट से दूसरे थाट में प्रवेश करने की क्षमता रखता है। मुलतानी एक परमेल प्रवेशक राग है।

248. (2) 'गुदई महाराज' सामता प्रसाद जी तबले की सूक्ष्मतम बातों को बहुत सफाई के साथ प्रस्तुत कर देते थे, साथ ही साधारण श्रोताओं के मनोरंजन के लिए रेल चलाना; पानी बरसाना, झरने की आवाज, बिजली की आवाज भी बड़ी खूबी से सुनाते थे।

249. (1) पंजाबी लोक गीतों का प्रभाव है। इस अंग के दुमरियों में गायक एक स्वर के दोनों रूप (शुद्ध और विकृत) साथ-साथ लगाते पाये जाते हैं। इस शैली के गायकों में बरकत अली, आशिक अली, अफजल हुसैन तथा स्व॰ बड़े गुलाम अली उल्लेखनीय हैं। किराना घराना के गायक पं॰ भीमसेन जोशी, मैहर घराना के पं॰ रविशंकर तथा आगरा घराना के उस्ताद फैयाज खाँ प्रमुख हैं।

250. (4) मैहर घराने के प्रसिद्ध सितार वादक पं॰ रविशंकर केवल भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी (इनके द्वारा निर्देशित 'मैहर बैंड') अत्यधिक लोकप्रिय हैं।

251. (3) किसी राग के मुख्य अंश अर्थात् संयोजन के पूर्व **आलाप** का गायन होता है। इसमें 'आ' का प्रयोग होता है। **विस्तार** लयबद्ध आलाप है, इसमें 'आ' अथवा 'सरगम' के बोल 'धनिसरेग मगमग रेसा' जैसी लयकारी होती है। तान को वाद्य संगीत में 'पलटा' कहते हैं। स्थायी गाने के बाद गायक पहले विस्तार और बाद में द्रुत गति से **तान** बोलता है। वाद्य संगीत में 'आलाप' के ठीक वाद में 'तोड़' तथा 'झाला' बजाए जाते हैं।

252. (3) ऋग्वेद में गायन से जीविका निर्वाह करने वाले गन्धर्वों का उल्लेख है। चारों वेदों में संगीत का कुछ न कुछ अंश विद्यमान हैं लेकिन 'सामवेद' ग्रंथ पूर्णतः संगीतमय है।

253. (3) भूपाली-कल्याण थाट, भैरवी-भैरवी थाट, कामोद-कल्याण थाट तथा जौन पुरी आसावरी थाट का राग है तथा इसका मिलता जुलता रूप है।

254. (1) उक्त स्वर समूह राग बिहाग के हैं। इसके आरोह अवरोह इस प्रकार हैं।

आरोह-स ग म प नि सां

अवरोह-सां नि ध प म ग रे सा

व्याख्या : उक्त स्वर समूह में आरोह में **प नि सा** प्रयुक्त किया गया है। यहाँ इस राग के प्रस्तुत आरोह-अवरोह में 'पनिसा' का प्रयोग हुआ है। राग वागेश्री में आरोह में 'प' का उपयोग नहीं होता, **मालकौंस** में भी 'प' का प्रयोग नहीं होता है। **तिलक कामोद** का स्वर विन्यास उक्त स्वर समूह जैसा नहीं है।

255. (3) 'जन गण मन' हमारा राष्ट्रगान है। इसकी औपचारिक गायन अवधि 52 सेकेण्ड है। आरंभिक व अंतिम पंक्तियों के गायन गायन में 20 सेकेण्ड लगते हैं।

256. (2) हमारा राष्ट्रगीत बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित 'वन्देमातरम्' है। इसे बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखित आनंदमठ से लिया गया है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों का प्रेरणा स्रोत माना जाता था। संविधान परिषद् में 24 जनवरी, 1950 को इस राष्ट्रगीत को भी राष्ट्रीय गान का गौरव प्रदान किया गया।

257. (2) आलम आरा भारत की पहली बोलती फिल्म थी। आर्देशिर ईरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को 14 मार्च, 1931 को प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म को सर्वप्रथम मुंबई (पूर्व में बम्बई) के मैजिस्टिक सिनेमा हॉल में दिखाया गया था। यह फिल्म जोसफ डेविड द्वारा लिखित पारसी नाटक पर आधारित, एक राजकुमार और एक जिप्सी लड़की की प्रेम कहानी है।

258. (3) भारत के राष्ट्रीय गान, जन गण मन के पूर्व रूपान्तरण को गाने में 52 सेकण्ड का समय लगता है। राष्ट्रीय गान की रचना रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा की गई थी। जन गण मन के रूप में यह गीत 11 दिसम्बर, 1911 को लिखा गया था, जिसे सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में 28 दिसम्बर, 1911 को गाया गया था।

259. (2) अशोक चक्र विधि के शाश्वत चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। धर्मचक्र - "धर्म का पहिया" या "विधि का चक्र" एक प्रतीक है जो धर्म का प्रतिनिधित्व करता है। यह बौद्ध धर्म के प्रारंभिक काल से भगवान बुद्ध द्वारा अविद्या एवं जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति के लिए बताए गए उपदेशों का अनुसरण कर ज्ञान मार्ग पर चलने की सीख देता है।

260. (3) मधुबनी पेंटिंग : पारंपरिक रूप से बिहार के मिथिला क्षेत्र में विभिन्न समुदायों की महिलाओं से जुड़ी हुई है : मंजूषा कला: सांप के चित्र जो अंग महाजनपद में उत्पन्न हुए, इसे अंगिका कला के नाम से भी जाना जाता है; पत्थरकट्टी : गया से पत्थर की कला; टिकुली कला: टूटे हुए काँच से बना शिल्प का एक रूप, शिल्पकार पहले टूटे हुए काँच को पिघलाते है और फिर आकार और डिजाइन देते हैं।

261. (4) भारत का राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है। बरगद का पेड़ अपनी हमेशा फैलते रहने वाली शाखाओं के कारण अमरता का प्रतीक है। भारत की एकता इस पेड़ के विशाल और गहरी जड़ों से प्रतिबिम्बत होती है। बरगद को कल्प वृक्ष भी कहा जाता है जिसका अर्थ इच्छाएँ पूरी करने वाला वृक्ष होता है।

262. (1) भरतनाट्यम भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख रूप है जो तमिलनाडु में उत्पन्न हुआ।

- यह एक मंदिर नृत्य परंपरा के रूप में 2000 साल पहले दासियाट्टम (दासी- सेवकों का नृत्य) के रूप में शुरू हुआ था।
- यह भारत के अधिकांश अन्य शास्त्रीय नृत्यों की मातृ कला माना जाता है तथा मूर्तिकला और चित्रकला जैसे कई कला रूपों को प्रेरित करता है।

263. (1) छत्तीसगढ़ के जाने-माने पंडवानी कलाकार तीजन बाई को पद्म विभूषण के लिए चुना गया है।

- वह महाभारत के प्रसंगों को संगीतमय संगत के साथ सुनाती है।
- उन्हें 1987 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें 2003 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- 1995 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

264. (2) कंबाला दक्षिण-पश्चिमी भारतीय राज्य कर्नाटक में आयोजित एक वार्षिक भैंस दौड़ है।

- कंबाला सीजन आमतौर पर नवम्बर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है।
- कंबाला रेस ट्रैक एक कीचड़दार धान का खेत है और भैंस को चाबुक मारने वाले किसान द्वारा संचालित किया जाता है।

265. (1) कुमार गंधर्व भारतीय शास्त्रीय संगीत से संबद्ध रहे है। इन्होंने स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर की गायकी पर बेबाक टिप्पणी करते हुए इन्हें बेजोड़ गायिका के रूप में रेखांकित किया है। लता मंगेशकर के 'गानपन' के बहाने कुमार गंधर्व ने शास्त्रीय संगीत एवं चित्रपट संगीत के संबंधों पर भी अपना मत प्रकट किया है।

266. (3) 'कुमार गंधर्व' भारतीय शास्त्रीय संगीत से संबद्ध रहे हैं। इनके संगीत की मुख्य विशेषता मालवा लोकधुन और हिन्दुस्तानी

Search on TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

शास्त्रीय संगीत है। इन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं चित्रपट संगीत के संबंधों पर भी अपना मत प्रकट क्रिया है।

267. (4) लिओनार्दो दा विंची (1452-1519) इटलीवासी, महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर तथा वैज्ञानिक था।
- लियोनार्दो द विंची के द्वारा लास्ट जजमेंट चित्र नहीं बनाया गया है।
- लिओनार्दो दा विंची का मोना लिसा और द लास्ट सपर सबसे प्रसिद्ध चित्र हैं। जिन्हें विश्व में समसे अच्छे चित्रों में से एक माना जाता है।
- लास्ट जजमेंट चित्र माइकल एंजेलो ने वेदी की दीवार पर बनाई थी।

268. (1) केन्द्र सरकार सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में डॉ. भीमराव अंबेदकर की 125वीं जयंती मना रही है। भारत सरकार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजली देते हुए उनसे जुड़ी पाँच स्थानों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित कर रही है। इसमें मध्य प्रदेश का महू जहाँ बाबा साहब ने जन्म लिया, उनकी जन्म स्थली के रूप में विकसित की जा रही है। दूसरी दीक्षा भूमि नागपुर, तीसरी मुम्बई का इंदुमिल, चौथा लंदन का वह घर जहाँ रहकर बाबा साहब ने वकालत की शिक्षा ग्रहण की उसे भारत सरकार खरीदकर विकसित कर रही है और पाँचवीं दिल्ली के अलीपुर में वह घर जहाँ बाबा साहेब ने अंतिम साँस ली, उस स्थान को भारत सरकार संविधान निर्माता के स्मृति के रूप में विकसित कर रही है।

269. (2) भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता सहिष्णुता है। भारत में, सभी धर्मों, जातियों, समुदायों आदि के लिए सहिष्णुता और उदारवाद पाया जाता है।

270. (4) बिहार में लग्नी राग विवाह के अवसर पर गाया जाता है।

271. (4) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान भारत के सर्वाधिक प्रसिद्ध शहनाई वादक थे।
- उन्हें 2001 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

272. (3) आमतौर पर गुरुमुखी, सिख लिपि के रूप में माना जाता है। पंजाब में गुरुमुखी का उपयोग पंजाबी भाषा की आधिकारिक लिपि के रूप में किया जाता है।
- सिख धर्म का प्राथमिक ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब, गुरुमुखी में लिखा गया है।

273. (1) पीएम नरेंद्र मोदी आमिर कुमार द्वारा निर्देशित और अनिरुद्ध चावला और विवेक ओबेरॉय द्वारा लिखित 2019 की हिंदी भाषा की जीवनी पर आधारित ड्रामा फिल्म है।

274. (2) राष्ट्रीय युद्ध स्मारक भारत सरकार द्वारा वर्तमान छतरी (कैनोपी) के आसपास, इंडिया गेट, नई दिल्ली के पास बनाया गया था।
- इसे 1962 में भारत-चीन युद्ध, 1947, 1965 और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्धों, 1999 में कारगिल संघर्ष और श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के संचालन के दौरान मारे गए सैनिकों श्रद्धांजलि के रूप में बनाया गया है।

275. (4) बिहार में लग्नी राग विवाह के अवसर पर गाया जाता है।

276. (1) बिहार में 'फाग-रागों' की रचना नवल किशोर सिंह ने की थी।

277. (4) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान भारत के सर्वाधिक प्रसिद्ध शहनाई वादक थे।
- उन्हें 2001 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

278. (2) बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशान्ति का पिता भी कहा जाता है।
- उन्होंने गणेश चतुर्थी को ब्राह्मणों और गैर-ब्राह्मणों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक राष्ट्रीय त्योहार के रूप में लोकप्रिय बनाया।

279. (2) सरहुल मुख्यत: मुंडा आदिवासियों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रकृति से संबंधित पर्व है।
- यह त्यौहार 'झारखंड' में प्रमुखता से मनाया जाता है।
- इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में भी आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।
- इस पर्व में पूजा के अतिरिक्त नृत्य के साथ गायन का प्रचलन है।

280. (2) पंडित बिरजू महाराज का संबंध कथक नृत्य से है।
- इनका संबंध लखनऊ के कालका-बिन्दादिन घराने से है।
- इन्होंने कथक नृत्य के विस्तार हेतु कलाश्रम की स्थापना की।
- भारत सरकार द्वारा इन्हें पदमविभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।
- 17 जनवरी, 2022 को इनकी मृत्यु हो गई।

281. (2) मधुबनी पाटना हिंदू पेंटिंग की एक शैली है, जो बिहार के मिथिला क्षेत्र और नेपाल में प्रचलित है।
- प्राकृतिक रंगों और रंगने का कई पदार्थ का उपयोग करके उंगलियों, टहनियों, ब्रश, निब पेन और माचिस की तीलियों से पेंटिंग की जाती है।
- इन चित्रों में आँखों के आकर्षण के साथ चेहरे को प्रदर्शित किया जाता है। पेंटिंग पूरी होने के बाद आँखों पर पेंट किया जाता है।

282. (3) बिस्मिल्लाह खान एक भारतीय संगीतकार थे, जिन्हें शहनाई को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है, जो ओबो वर्ग का एक उपमहाद्वीपीय पवन वाद्य है। शहनाई को संगीत कार्यक्रम के मंच पर लाने का श्रेय खान को जाता है।
- उन्हें 2001 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

283. (4) सारे जहाँ से अच्छा उर्दू भाषा का देशभक्ति गीत है जिसे कवि मुहम्मद इकबाल ने उर्दू शायरी की गजल शैली में लिखा है।
- यह कविता साप्ताहिक पत्रिका इत्तेहाद में 16 अगस्त, 1904 को प्रकाशित हुई थी।
- इसे बाद में 1924 में प्रकाशित किया गया था।

284. (1) शॉन कॉनरी डॉ. नो. (1962) में जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाने वाले पहले अभिनेता थे।
- जेम्स बॉन्ड 1952 में ब्रिटिश पत्रकार और उपन्यासकार इयान फ्लेमिंग द्वारा बनाया गया एक काल्पनिक चरित्र है।
- उन्होंने सात फिल्मों में जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाई: डॉ. नो, फ्रॉम रशिया विद लव, गोल्डफिंगर, थंडरबॉल, यू ओनली लिव ट्वाइस, और डायमंड्स आर फॉरएवर, और नेवर से नेवर अगेन।

285. (1) छोटानागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल महुआ और कदम्ब के पेड़ों की पूजा करते हैं।
- ओडिशा और बिहार के आदिवासी विवाह के दौरान इमली और आम के पेड़ों की पूजा करते हैं।
- राजस्थान में बिश्नोई गांवों के आसपास काले हिरण, नीलगाय और मोर के झुंड पाए जाते हैं और उन्हें समुदाय का अभिन्न अंग माना जाता है। □□□

4 भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

1. शिक्षा, जो मूलत: राज्य का विषय था, समवर्ती सूची में स्थानान्तरित किया गया–
(1) 24वें संशोधन के द्वारा
(2) 42वें संशोधन के द्वारा
(3) 29वें संशोधन के द्वारा
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

2. भारतीय संविधान में संशोधन का प्रावधान है–
(1) अनुच्छेद 358 में
(2) अनुच्छेद 320 में
(3) अनुच्छेद 368 में
(4) इनमें से सभी में
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

3. भारत में पंचायती राज संस्थान अपने कोष मुख्यत: प्राप्त करते हैं–
(1) स्वयंसेवी अंशदानों से
(2) सम्पत्ति कर से
(3) स्थानीय कर से
(4) सरकारी अनुदानों से
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

4. स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था?
(1) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(2) लॉर्ड क्लाइव
(3) लॉर्ड माउण्टबेण्टन
(4) लॉर्ड हार्डिज
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

5. भारत का संविधान अंगीकृत हुआ/और अस्तित्व में आया–
(1) नवम्बर 26, 1949/जनवरी 26, 1950 को
(2) अगस्त 15, 1947/जनवरी 26, 1950 को
(3) जनवरी 26, 1949/जनवरी 26, 1950 को
(4) नवम्बर 26, 1948/जनवरी 26, 1950 को
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

6. भारत के संविधान को किसने अंगीकृत किया?
(1) भारत की जनता ने
(2) भारत की संसद ने
(3) संविधान सभा में भारत की जनता के प्रतिनिधियों ने
(4) कैबिनेट ने
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

7. संविधान बनाने में संविधान सभा ने समय लिया–
(1) 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन
(2) 3 वर्ष, 10 माह और 10 दिन
(3) 4 वर्ष, 11 माह और 11 दिन
(4) 5 वर्ष, 5 माह और 5 दिन
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

8. संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत आपात काल में भी कौन सा मौलिक अधिकार निलम्बित नहीं किया जा सकता है?
(1) समानता का अधिकार
(2) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(3) जीवन का अधिकार
(4) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

9. मौलिक अधिकार किस प्रकार निलम्बित किए जा सकते हैं?
(1) यदि संसद दो-तिहाई बहुमत से नियम बनाती है
(2) यदि सर्वोच्च न्यायालय इसके लिए आदेश करता है
(3) यदि राष्ट्रीय आपात काल के समय राष्ट्रपति इस हेतु आदेश जारी करते हैं
(4) इनका निलम्बन कभी नहीं हो सकता है
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

10. कौन लोक सभा को इसकी अवधि के समाप्त होने के पूर्व भंग कर सकता है?
(1) राष्ट्रपति
(2) प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति
(3) प्रधानमंत्री
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

11. राज्य सभा किसके द्वारा भंग किया जा सकता है?
(1) लोक सभा
(2) राष्ट्रपति
(3) संवैधानिक संशोधन
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

12. राज्य के राज्यपाल अपने कार्यों हेतु उत्तरदायी हैं–
(1) राज्य विधायिका के प्रति
(2) राज्य विधान सभा के प्रति
(3) राष्ट्रपति के प्रति
(4) प्रधानमंत्री के प्रति
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

13. निम्न में से कौन न्यायपालिका का कार्य नहीं है?
(1) नागरिक के अधिकारों के लिए अभिभावक की तरह कार्य करना
(2) राज्य एवं केन्द्र के मध्य विवाद का निपटारा करना
(3) अपराधियों को पकड़ना और उन्हें दंडित करना
(4) वाद जारी करना
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

14. भारत में किसे न्यायिक समीक्षा का अधिकार प्राप्त है?
(1) राष्ट्रपति
(2) प्रधानमंत्री
(3) संसद
(4) उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

15. एक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है–
(1) संविधान, राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय उद्गीत के प्रति श्रद्धा
(2) राष्ट्रपति के प्रति श्रद्धा
(3) सरकार के प्रति श्रद्धा
(4) इनमें से सभी
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

Search On TG: @apna_pdf

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

16. राष्ट्रपति के चुनाव में विवाद के मामले को संदर्भित किया जाता है–
(1) मुख्य निर्वाचन आयुक्त को
(2) सर्वोच्च न्यायालय को
(3) संसद को
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

17. उप-राष्ट्रपति का पद–
(1) संविधान के द्वारा सृजित किया गया है
(2) संसदीय नियम के द्वारा सृजित किया गया है
(3) संविधान से अलग प्रावधान है
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

18. मंत्रिमंडल के सदस्य को राष्ट्रपति बर्खास्त कर सकता है–
(1) स्वयं
(2) प्रधानमंत्री की संस्तुति पर
(3) केवल आपातकालीन परिस्थितियों में
(4) अध्यक्ष की सलाह से
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

19. लोक सभा की सदस्यता के लिए एक उम्मीदवार की आयु कम नहीं होनी चाहिए–
(1) 21 वर्ष से (2) 25 वर्ष से
(3) 30 वर्ष से (4) 35 वर्ष से
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

20. छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना किस वर्ष हुई?
(1) 1997 ई. में (2) 1999 ई. में
(3) 2000 ई. में (4) 1998 ई. में
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

21. भारत में प्रथम आम चुनाव किस वर्ष हुए थे?
(1) 1948 ई. में (2) 1950 ई. में
(3) 1951 ई. में (4) 1952 ई. में
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

22. भारत में पंचायती राज का आरम्भ किस वर्ष में हुआ?
(1) 1957 ई. में (2) 1952 ई. में
(3) 1959 ई. में (4) 1951 ई. में
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

23. भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब आरम्भ हुआ?
(1) 2 अक्टूबर, 1952
(2) 2 अक्टूबर, 1959
(3) 2 अक्टूबर, 1961
(4) 2 अक्टूबर, 1957
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

24. 'गरीबी हटाओ' का नारा किस भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने दिया?
(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) लालबहादुर शास्त्री
(3) इन्दिरा गाँधी
(4) गुलजारीलाल नन्दा
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

25. मौलिक कर्तव्यों को प्राप्त नहीं है, किसी भी तरह की–
(1) सामाजिक स्वीकृति
(2) नैतिक स्वीकृति
(3) राजनीतिक स्वीकृति
(4) विधिक स्वीकृति
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

26. राज्य के नीति-निर्देशक तत्व प्रत्यक्षत: संबंधित है–
(1) मौलिक अधिकारों से
(2) मौलिक कर्तव्यों से
(3) गाँधीवादी सिद्धान्तों से
(4) प्रस्तावना से
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

27. संघ के कार्यकारिणी पर संवैधानिक प्रमुख है–
(1) राष्ट्रपति
(2) प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद् एक साथ
(3) प्रधानमंत्री
(4) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

28. क्या राष्ट्रपति एक मंत्री विशेष को हटा सकते हैं?
(1) नहीं, कभी नहीं
(2) केवल जबकि प्रधानमंत्री ऐसी सलाह देते हैं
(3) हाँ, यदि राष्ट्रपति सोचते हैं कि मंत्री अयोग्य हैं
(4) यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति ऐसा कर सकते हैं अथवा नहीं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

29. जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण करता है, तो–
(1) राज्य सभा को दूसरा अध्यक्ष चुनना पड़ता है
(2) राज्य सभा का अध्यक्ष का पद खाली अवश्य रहना चाहिए
(3) राज्य सभा के बैठकों की अध्यक्षता लोक सभा के अध्यक्ष करते हैं
(4) इनमें से कोई नहीं होता है
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

30. निम्नलिखित में से कौन भारतीय न्यायपालिका का विशिष्ट अभिलक्षण नहीं है?
(1) यह स्वतंत्र एवं मुक्त होता है
(2) यह संविधान का अन्तिम व्याख्याकार है
(3) एक एकल समन्वित तंत्र है
(4) यह सर्वोच्च विधि-निर्मात्री संस्था है
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

31. वित्त के संदर्भ में संविधान ने–
(1) राज्यों के अनुकूल बँटवारा किया है
(2) केन्द्र के अनुकूल बँटवारा किया है
(3) बँटवारा वित्त आयोग पर छोड़ दिया है
(4) केन्द्र और राज्यों के मध्य बँटवारा समान रूप से किया है
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

32. ग्राम सभा का सदस्य सामान्यत: कौन होता है–
(1) संबंधित ग्रामों के परिवारों के मुखिया गण
(2) संबंधित ग्रामों में समस्त मतदाता
(3) ग्रामों में समस्त वयस्क पुरुषगण
(4) नामित सदस्य गण
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

33. भारत में मतदाताओं का पंजीकरण करवाने की उत्तरदायी है–
(1) सरकार का
(2) निगमों का
(3) व्यक्तिगत मतदाताओं का
(4) निर्वाचन आयोग का
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

34. भारत के संघ में सिक्किम एक नया राज्य ..... संशोधन अधिनियम ..... में हुआ
(1) 32वें, 1974 (2) 35वें, 1975
(3) 36वें, 1975 (4) 37वें, 1975
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

35. 'भारत का संघ'–
(1) 'भारत का क्षेत्र' पर्यायवाची है
(2) उन राज्यों को समाहित करता है जो संघीय व्यवस्था के सदस्य है
(3) भारत के राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों को शामिल किए हैं
(4) केन्द्रीय स्तर पर प्रशासित प्रदेशों को सम्मिलित किए हैं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

36. शोषण के विरुद्ध स्वतंत्रता का अधिकार' में वर्णित अधिकार सम्मिलित नहीं किया है–
(1) कुछ मामलों में गिरफ्तारी एवं निरोध से बचाव
(2) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(3) जीवन एवं वैयक्तिक स्वतंत्रता का बचाव
(4) विवेक की स्वतंत्रता
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

37. एकत्रित होने के नागरिकों के अधिकार पर लागू बुनियादी शर्त यह है कि, सभा होनी चाहिए–
(1) रचनात्मक उद्देश्यों के लिए
(2) शांतिपूर्ण और शस्त्रविहीन
(3) अहिंसक
(4) शांतिपूर्ण
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

38. भारतीय संविधान घोषणा करता है कि जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा–
(1) केवल विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुरूप ही वापस ली जा सकती है
(2) किसी दशा में वापस नहीं ली जा सकती है
(3) राष्ट्रपति के आदेश से आपात काल के समय वापस ली जा सकती है
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

39. भारत का एकमात्र राज्य कौन-सा है, जहाँ समान आचार संहिता (Common Civil Code) लागू है?
(1) जम्मू और कश्मीर
(2) मिजोरम
(3) नागालैण्ड
(4) गोवा
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

40. भारत में प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अवधि कितनी है–
(1) 5 वर्ष
(2) जब तक लोक सभा में प्रधानमंत्री सबसे बड़े दल का नेता बना रहता है
(3) यह राष्ट्रपति के निर्देश पर निर्भर करता है
(4) जब तक प्रधानमंत्री लोक सभा का विश्वास प्राप्त किए रहता है
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

41. यदि महालेखा-परीक्षक त्यागपत्र देना चाहता है, तो वह त्याग-पत्र सम्बोधित करता है–
(1) राष्ट्रपति को
(2) प्रधानमंत्री को
(3) लोक सभा के अध्यक्ष को
(4) वित्त मंत्री को
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

42. सामान्यत: समस्त महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये जाते हैं–
(1) मंत्रिपरिषद् के द्वारा
(2) कैबिनेट के द्वारा
(3) प्रधानमंत्री के द्वारा
(4) प्रधानमंत्री एवं संसदीय सचिवों के द्वारा
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

43. एक धन विधेयक और एक वित्त विधेयक में यह अंतर है कि–
(1) वित्त विधेयक केवल एक सामान्य विधेयक है
(2) वित्त विधेयक को राज्य सभा में प्रस्तावित किया जा सकता है
(3) वित्त विधेयक को राज्य सभा के द्वारा प्रभावपूर्ण ढंग से अस्वीकृत किया जा सकता है, जबकि धन विधेयक को अस्वीकृत नहीं किया जा सकता है
(4) कोई अन्तर नहीं है
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

44. नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक संबंधित है–
(1) व्यवसाय सलाहकार समिति से
(2) सार्वजनिक उपक्रमों की समिति से
(3) लोक-लेखा समिति से
(4) संसद से
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

45. आकस्मिकता निधि (Contigency Fund) को राष्ट्रपति कैसे व्यय कर सकता है?
(1) राष्ट्रीय संकट के समय
(2) संसदीय स्वीकृति के बाद
(3) संसदीय स्वीकृति के पूर्व
(4) व्यय नहीं कर सकता है
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

46. मुख्य चुनाव आयुक्त को पदच्युत किया जा सकता है–
(1) सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(2) राष्ट्रपति द्वारा
(3) मंत्रिमंडल के प्रस्ताव से
(4) संसद के दोनों सदनों के 2/3 बहुमत से प्रमाणित कदाचार के आधार पर
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

47. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्म-निरपेक्ष' शब्द किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया?
(1) 42वाँ (2) 45वाँ
(3) 51वाँ (4) 43वाँ
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

48. संविधान निर्मात्री परिषद् की 'झण्डा समिति' के अध्यक्ष कौन थे?
(1) सी. राजगोपालाचारी
(2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(3) जे. बी. कृपलानी
(4) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

49. सॉलिसिटर जनरल निम्नलिखित में से क्या होता है?
(1) सरकारी अधिवक्ता
(2) राष्ट्रपति का कानूनी अधिकारी
(3) कानूनी सलाहकार
(4) प्रशासनिक अधिकारी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

50. भारतीय संविधान में अवशिष्ट शक्तियाँ किसमें सन्निहित हैं?
(1) राष्ट्रपति
(2) राज्य
(3) केन्द्रीय मंत्रिमंडल
(4) संसद
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

51. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा से संबंधित है?
(1) अनुच्छेद-51 (2) अनुच्छेद-48
(3) अनुच्छेद-42 (4) अनुच्छेद-39(A)
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

52. केन्द्र सरकार राज्यों को निर्देश जारी कर सकती है–
(1) संघ सूची के संदर्भ में
(2) राज्य सूची के संदर्भ में
(3) समवर्ती सूची के संदर्भ में
(4) उपरोक्त सभी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

Search on TG: @apna_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

53. भारतीय संसद का संयुक्त अधिवेशन निम्नलिखित में से कौन बुला सकता है?
(1) राष्ट्रपति
(2) उपराष्ट्रपति
(3) प्रधानमंत्री
(4) उपरोक्त सभी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

54. उड़ीसा की पूर्व राजधानी कहाँ थी?
(1) उत्कल (2) कटक
(3) उदयगिरि (4) भुवनेश्वर
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

55. उपराष्ट्रपति किस सदन का पदेन सभापति होता है?
(1) लोक सभा
(2) राज्य सभा
(3) राज्य विधानमण्डल
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

56. भारत के निम्न राष्ट्रपति निर्विरोध चुने गए–
(1) नीलम संजीव रेड्डी
(2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(3) डॉ. शंकर दयाल शर्मा
(4) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

57. राज्य सरकार को सबसे अधिक राजस्व प्रदान करता है–
(1) बिक्री कर (2) निगम कर
(3) सीमा शुल्क (4) आबकारी शुल्क

58. भारत के संविधान निर्माताओं ने निम्न में से कौन-सा लक्षण अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया है?
(1) न्यायिक समीक्षा
(2) मौलिक अधिकार
(3) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया
(4) उपरोक्त सभी
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

59. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य सरकार को ग्राम पंचायत के संगठन का निर्देश देता है?
(1) अनुच्छेद 40
(2) अनुच्छेद 32
(3) अनुच्छेद 48
(4) अनुच्छेद 78
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

60. भारत के संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है?
(1) 14 (2) 18
(3) 16 (4) 22
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

61. भारत का उपराष्ट्रपति किसका पदेन सभापति होता है?
(1) लोक सभा (2) विधान सभा
(3) राज्य सभा (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

62. भारत के मुख्य न्यायाधीश की सेवा-निवृत्ति की आयु क्या है?
(1) 60 वर्ष (2) 65 वर्ष
(3) 55 वर्ष (4) 62 वर्ष
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

63. भारत के राष्ट्रपति द्वारा दो व्यक्तियों को किसका प्रतिनिधित्व करने हेतु लोक सभा का सदस्य बनने के लिए मनोनीत किया जाता है?
(1) आंग्ल भारतीय (2) भारतीय ईसाई
(3) बौद्ध (4) पारसी
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

64. राज्यों के गवर्नर संविधान के अन्तर्गत किसके प्रति अपने आचरण के लिए उत्तरदायी हैं?
(1) राज्य का मुख्यमंत्री
(2) संघ का प्रधानमंत्री
(3) राज्य विधान सभा
(4) राष्ट्रपति
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

65. भारतीय संविधान में किस आधार पर आरक्षण प्रदान किया गया है?
(1) धर्म (2) जाति
(3) स्थान (4) उम्र
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

66. कोई विधेयक को धन विधेयक होने का अंतिम निर्णय कौन देता है?
(1) प्रधानमंत्री (2) लोक सभा अध्यक्ष
(3) वित्त मंत्री (4) वित्त सचिव
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

67. प्रधानमंत्री की नियुक्ति आयु है–
(1) 20 वर्ष (2) 25 वर्ष
(3) 30 वर्ष (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

68. राज्य सभा सदस्यों का कार्यकाल होता है–
(1) 3 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 6 वर्ष (4) 8 वर्ष
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

69. उपसष्ट्रपति का निर्वाचन किसके द्वारा होता है?
(1) राष्ट्रपति (2) मंत्रिमंडल
(3) जनता (4) संसद
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

70. कौन भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में भाग नहीं लेता?
(1) राज्य सभा (2) लोक सभा
(3) विधान सभा (4) विधान परिषद्
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

71. राज्य सभा के लिए नामांकित प्रथम महिला कौन थी?
(1) वैजयंती माला (2) नरगिस
(3) माला सिन्हा (4) पूनम ढिल्लन
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

72. बच्चों को कारखाना में बलात् प्रवेश निषेध किस अनुच्छेद में है?
(1) अनु. 22 (2) अनु. 23
(3) अनु. 24 (4) अनु. 20
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

73. भारत के संविधान को किसने अंगीकृत किया?
(1) भारत की जनता ने
(2) भारत की संसद ने
(3) संविधान सभा में भारत की जनता के प्रतिनिधियों ने
(4) कैबिनेट ने
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

74. राज्य में संवैधानिक विफलता होने पर किस धारा का प्रयोग होता है?
(1) अनु.–360 (2) अनु.–356
(3) अनु.–250 (4) अनु.–410
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

75. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किए जाते हैं?
(1) राज्यपाल
(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(3) भारत के राष्ट्रपति
(4) प्रधानमंत्री
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

76. राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्यों की संख्या होती है–
(1) 2 (2) 10
(3) 12 (4) 8
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

77. बलवंत राय मेहता समिति का गठन वर्ष है–
(1) 1950 ई. (2) 1956 ई.
(3) 1986 ई. (4) 1980 ई.
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

78. भारतीय संविधान सभा ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा को अंगीकार किया :
(1) 23 अगस्त, 1947 को
(2) 13 सितम्बर, 1947 को
(3) 15 अगस्त, 1947 को
(4) 22 जुलाई, 1947 को
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

79. उस राज्य का नाम बताएँ जहाँ से भारत का प्रथम राष्ट्रपति चुना गया ?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश
(3) पश्चिम बंगाल (4) बिहार
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

80. निम्नलिखित में से कौन सा आयोग सर्वप्रथम, भारत के संविधान की किसी धारा के अंतर्गत किसी निश्चित प्रावधान के अनुपालन में स्थापित किया गया ?
(1) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(2) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
(3) चुनाव आयोग
(4) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

81. 1946 में गठित अंतरिम सरकार में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद किस विभाग के मंत्री थे ?
(1) रक्षा
(2) विदेशी मामले तथा राष्ट्रमंडल संबंध
(3) खाद्य एवं कृषि
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

82. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् का अध्यक्ष कौन है ?
(1) भारत का राष्ट्रपति
(2) भारत का उपराष्ट्रपति
(3) भारत का प्रधानमंत्री
(4) केन्द्रीय मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

83. राज्य नीति का निम्नलिखित में से कौन सा एक दिशा निर्देशक सिद्धांत महात्मा गाँधी के दर्शन से जुड़ा हुआ है ?
(1) धन का एक समान वितरण
(2) ग्राम पंचायतों की स्थापना
(3) प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
(4) अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

84. भारतीय संविधान में कितने अध्याय हैं?
(1) 4 (2) 16
(3) 22 (4) 12
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

85. भारतीय सरकार द्वारा 'दोहरी नागरिकता' कब स्वीकृत की गई?
(1) 2005 ई॰ (2) 2010 ई॰
(3) 2011 ई॰ (4) 1977 ई॰
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

86. भारतीय संविधान में "स्वतंत्रता का अधिकार" से संबंधित आर्टिकल की गई?
(1) 12 (2) 15
(3) 17 (4) 19
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

87. 'RTI कानून' किस वर्ष प्रभावी हुआ?
(1) 2005 (2) 2010
(3) 2000 (4) 2007
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

88. भारतीय संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है?
(1) राष्ट्रपति
(2) उपराष्ट्रपति
(3) स्पीकर, लोकसभा
(4) लोकसभा में विपक्षी नेता
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

89. भारत के किस राष्ट्रपति का काल दीर्घतम रहा है?
(1) राजेन्द्र प्रसाद (2) एस. राधाकृष्णन
(3) वी.वी.गिरी (4) अब्दुल कलाम
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

90. किस संशोधन द्वारा पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया?
(1) 70वाँ (2) 60वाँ
(3) 73वाँ (4) 57वाँ
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

91. राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र देते हैं–
(1) मुख्य चुनाव आयुक्त को
(2) प्रधानमंत्री को
(3) उप-राष्ट्रपति को
(4) लोकसभा के स्पीकर को
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

92. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति आयु है–
(1) 62 वर्ष (2) 65 वर्ष
(3) 58 वर्ष (4) 60 वर्ष
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

93. स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री कौन थे?
(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) वल्लभभाई पटेल
(3) बी॰ आर॰ अम्बेडकर
(4) सरोजिनी नायडू
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

94. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए कौन-सी योग्यता आवश्यक नहीं है?
(1) भारत का नागरिक
(2) 35 वर्ष से अधिक आयु
(3) लोकसभा का सदस्य
(4) कोई लाभकारी पद का अधिकारी न हो
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

95. शारदा अधिनियम सम्बन्धित है–
(1) विधवा पुनर्विवाह से
(2) बाल मजदूरी से
(3) अंतर्जातीय विवाह से
(4) बाल विवाह से
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

Search on Tg: @apna_pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

96. भारतीय संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(1) यह पूर्ण रूप से ब्रिटिश संविधान पर आधारित है?
(2) यह भारत सरकार के एक्ट, 1935 के आधार पर केवल बनाया है
(3) यह विभिन्न संविधानों का मिश्रण है
(4) यह मौलिक है
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

97. सरकार के संसदीय रूप में, राज्य की वास्तविक शक्ति में निहित है
(1) मंत्री परिषद् जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री के द्वारा हो
(2) राष्ट्रपति
(3) सरकार
(4) संसद
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

98. शब्द 'सोशलिस्ट' भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया था। इसका मुख्य उद्देश्य है-
(1) आर्थिक व राजनीतिक स्थिति में असमानता को समाप्त करने
(2) राजनीतिक और धार्मिक मामलों में असमानता को समाप्त करने
(3) आय और स्थिति में असमानता को समाप्त करने और जीवन में मानकों को
(4) वर्ग आधारित समाज को समाप्त करने में
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

99. अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया है और अपने अभ्यास करने के लिये दंडनीय है-
(1) अनुच्छेद-15
(2) अनुच्छेद-16
(3) अनुच्छेद-17
(4) अनुच्छेद-15(4)
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

100. कौन भारत के राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग की कार्यवाही चला सकते हैं?
(1) केवल लोकसभा
(2) राज्यसभा
(3) कोई भी विधानसभा
(4) संसद का कोई भी सदन
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

101. कौन राज्यसभा का सदस्य न होते हुए पहली बार भारत का प्रधानमंत्री नियुक्त हुआ ?
(1) लाल बहादुर शास्त्री
(2) इन्दिरा गाँधी
(3) मोरारजी देसाई
(4) चरण सिंह
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

102. भारत में राज्य के मुख्यमन्त्री राष्ट्रपति चुनाव में मतदान के लिये पात्र नहीं हैं यदि
(1) यदि वह स्वयं ही प्रत्याशी हो
(2) उसे राज्य की विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करना होगा
(3) उसे राज्य की विधान परिषद् का सदस्य होना चाहिये
(4) यदि वह कार्यवाहक मुख्यमन्त्री हो
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

103. लोकसभा का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
(1) जी. वी. मावलंकर
(2) पी. उपेन्द्र
(3) अनन्त श्यानम आयंगर
(4) हुकुम सिंह
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

104. सार्वजनिक खाता समिति का अध्यक्ष है-
(1) केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल द्वारा चयनित
(2) लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्त
(3) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त
(4) पी. ए. सी. के सदस्यों द्वारा चयनित
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

105. उच्च न्यायालय के जजों/न्यायाधीशों की संख्या कौन निर्धारित करता है?
(1) राज्य सरकार
(2) राष्ट्रपति
(3) राज्य विधायिका
(4) कोई भी नहीं
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

106. राज्यपाल द्वारा अनुमोदित है-
(1) संसद
(2) राष्ट्रपति
(3) राज्य विधायिका
(4) कोई भी नहीं
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

107. निम्न में से कौन लोकपाल विधेयक के बारे में सच नहीं है?
(1) लोकपाल सेट अप संस्थागत भ्रष्टाचार स्खलित पर प्रतिबन्ध लगा
(2) एक नियुक्त लोकपाल पाँच वर्ष से एक अधिकतम अवधि के लिये पद धारण कर सकता है
(3) लोकपाल शिकायतों के एक सरकारी नौकर के अतिरिक्त अन्य किसी भी नागरिक द्वारा किया जा सकता है
(4) लोकपाल सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त किया जाता है
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

108. भारतीय विदेश नीति बहुत से सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें से एक है-
(1) पंचशील
(2) सत्यमेव जयते
(3) जीओ और जीने दो
(4) वसुधैव कुटुम्बकम्
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

109. यह राजनीतिज्ञ कभी दूर संचार विभाग के कार्यवाहक मंत्री नहीं रहे :
(1) ए. राजा (2) प्रमोद महाजन
(3) सी. नरायणन (4) कपिल सिबल
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

110. पं. जवाहरलाल नेहरू इस समय तक प्रधानमंत्री थे :
(1) 1984 (2) 1964
(3) 1974 (4) 1954
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

111. भारत में संघ शासित प्रदेशों की संख्या है:
(1) 6 (2) 7
(3) 4 (4) 9
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

112. इस व्यक्ति ने लोक सभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने का विश्व रिकॉर्ड कायम किया :
(1) राम विलास पासवान
(2) शरद पवार
(3) इंदिरा गांधी
(4) आचार्य कृपलानी
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

113. पृथक् पंचायती राज मंत्रालय का गठन कब हुआ?
(1) 1956 (2) 1965
(3) 2010 (4) 2004
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

114. [illegible] कहाँ ?
(1) कोहिमा
(2) इम्फाल
(3) गंगटोक
(4) आइजोल
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

115. लोकसभा के कार्यकाल की अवधि कितनी होती है?
(1) 5 वर्ष (2) 6 वर्ष
(3) 4 वर्ष (4) निश्चित नहीं है
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

116. भारत का पहला उप प्रधानमंत्री कौन था?
(1) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(2) मोरारजी देसाई
(3) चौधरी चरण सिंह
(4) जगजीवन राम
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

117. भारत के सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर कौन हैं?
(1) भारत के राष्ट्रपति
(2) भारत के उपराष्ट्रपति
(3) भारत के प्रधानमंत्री
(4) भारत के रक्षामंत्री
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

118. इनमें से राज्यसभा का अध्यक्ष कौन होता है?
(1) प्रधानमंत्री
(2) राष्ट्रपति
(3) उप-राष्ट्रपति
(4) विरोधी दल का नेता
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

119. त्रिपुरा की राजधानी है-
(1) अगरतला (2) शिलांग
(3) दीमापुर (4) ईटानगर
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

120. भारत का राष्ट्रपति कौन हैं?
(1) प्रतिभा देवी सिंह पाटिल
(2) के. आर. नारायणन
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

609. राज्य सभा में निम्न राज्यों की सीटों का उचित अवरोही क्रम चुनें।
(1) उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, महाराष्ट्र
(2) उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु
(3) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार
(4) उत्तर प्रदेश, बिहार तमिलनाडु, महाराष्ट्र
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

610. भारतीय संविधान में संशोधन किसके/किनके द्वारा प्रारम्भ किया जा सकता है?
1. लोक सभा 2. राज्य सभा
3. राज्य का विधानमण्डल
4. राष्ट्रपति 5. उपराष्ट्रपति
उपर्युक्त में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(1) केवल 1
(2) केवल 1, 2 और 3
(3) केवल 2, 3 और 4
(4) केवल 1 और 2
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

611. भारतीय संविधान में 'कैबिनेट' शब्द के प्रयोग केवल एक जगह किसके लिए हुआ है?
(1) अनुच्छेद 74 (1)
(2) अनुच्छेद 78
(3) अनुच्छेद 352
(4) अनुच्छेद 356
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

612. विधान-सभा के दोनों सदनों द्वारा किए पास होने के बाद राज्यपाल के पास निम्न विकल्प होते हैं:
1. वह अपनी अनुमति दे सकता है।
2. वह अपनी अनुमति को रोक सकता है।
3. वह बिल को पुनर्विचार के लिए वापस भेज सकता है।
4. वह बिल को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख सकता है।
5. वह बिल को प्रधानमन्त्री के विचार के लिए सुरक्षित रख सकता है।
उपर्युक्त में से कौन-सा कथन असत्य है?
(1) केवल 1 (2) केवल 2
(3) केवल 3 (4) केवल 4
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

613. पंचायत सदस्य की अयोग्यता का प्रश्न कौन निर्धारित करेगा?
(1) राज्यपाल
(2) मुख्यमन्त्री
(3) ऐसी संस्था, जिसे राज्य विधानमण्डल मुहैया करा सके
(4) जिलाधीश
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

614. असत्य मेल को चुनें:
1. अनुच्छेद 48.....समान नागरिक कोड
2. अनुच्छेद 50.....प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल
3. अनुच्छेद 49.....ग्राम पंचायत का गठन
4. अनुच्छेद 40.....कार्य का अधिकार
5. अनुच्छेद 45.....समान कार्य के लिए समान वेतन
निम्नलिखित कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(1) केवल 1 और 2
(2) केवल 2, 3 और 4
(3) केवल 1
(4) उपर्युक्त सभी
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

615. उच्च न्यायालय के कार्यक्षेत्र में बदलाव किसके द्वारा किया जा सकता है?
(1) केवल संसद द्वारा
(2) केवल राज्य विधानमण्डल द्वारा
(3) संसद और राज्य विधानसभा द्वारा मिलकर
(4) संसद और राज्य विधानसभा द्वारा एक सामूहिक बैठक में
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

616. राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व किसके सुझाव पर हटाया जा सकता है?
(1) सर्वोच्च न्यायालय
(2) लोक सभा
(3) राज्य सभा
(4) संसद के दोनों सदन
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

617. राज्य में अध्यादेश किसके द्वारा लागू किया जा सकता है?
(1) राज्य के मुख्यमन्त्री
(2) राज्य के राज्यपाल
(3) भारत के राष्ट्रपति
(4) केन्द्रीय संसद
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

618. संसदीय शासन का मूल सिद्धान्त है-
(1) गणतंत्रीय व्यवस्था
(2) छाया मंत्रिमंडल
(3) सामूहिक उत्तरदायित्व
(4) शक्तिशाली मंत्रिमंडल
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

619. भारतीय संविधान में वर्णित संपत्ति का अधिकार है-
(1) प्राकृतिक अधिकार
(2) कानूनी अधिकार
(3) ऐच्छिक अधिकार
(4) मौलिक अधिकार
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

620. उच्चतम न्यायालय को न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति किस अनुच्छेद के अन्तर्गत आती है ?
(1) अनुच्छेद 138
(2) अनुच्छेद 139
(3) अनुच्छेद 140
(4) अनुच्छेद 137
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

621. भारत के नियंत्रक एवं महालेखाजोखा परीक्षक की नियुक्ति कौन करता है ?
(1) राष्ट्रपति (2) उप-राष्ट्रपति
(3) प्रधानमंत्री (4) संसद
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

622. भारत में दल-बदल संबंधी मामले पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार है :
(1) सदन के अध्यक्ष को
(2) सत्ता पक्ष के नेता को
(3) संबंधित दल के नेता को
(4) निर्वाचन आयोग को
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

623. संघात्मक व्यवस्था का मुख्य लक्षण है:
(1) प्रांतीय सरकारें सर्वोच्च होती हैं।
(2) राजनीतिक दल सर्वोच्च होते हैं।
(3) शक्तियों का समेकन होता है।
(4) संविधान की सर्वोच्चता
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

624. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पदच्युत किया जा सकता है:
(1) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(2) प्रधानमंत्री द्वारा
(3) संसद के दोनों सदनों द्वारा
(4) लोक सभा द्वारा
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

625. भारतीय संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?
(1) पुरुषोत्तम दास टंडन
(2) डॉ. भीम राव अम्बेदकर
(3) जवाहर लाल नेहरू
(4) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

626. भारतीय संविधान में द्विसदनीय प्रणाली, किस देश से ली गई है?
(1) ऑस्ट्रेलिया
(2) अमेरिका
(3) आयरलैंड
(4) यूनाइटेड किंगडम
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

627. राज्य का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है?
(1) राज्यपाल (2) राष्ट्रपति
(3) मुख्यमंत्री (4) मुख्य न्यायाधीश
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

628. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(2) दादाभाई नौरोजी
(3) जवाहर लाल नेहरू
(4) बाल गंगाधर तिलक
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

629. भारतीय संविधान की प्रस्तावना किस देश के संविधान से प्रेरित है ?
(1) अमेरिका
(2) ब्रिटेन
(3) दक्षिण अफ्रीका
(4) रूस
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

630. _____ के आदेश पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को उसके पद से हटाया जा सकता है।
(1) प्रधानमंत्री
(2) राष्ट्रपति
(3) लोकसभा अध्यक्ष
(4) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

631. भारत के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं?
(1) श्री नरेन्द्र मोदी
(2) श्री प्रणब मुखर्जी
(3) श्री रामनाथ कोविंद
(4) श्री वेंकैया नायडू
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

632. आधुनिक लोकतंत्र को (कहा) जाना जाता है।
(1) प्रत्यक्ष लोकतंत्र
(2) शुद्ध लोकतंत्र
(3) प्रतिनिधित्व लोकतंत्र
(4) सामाजिक लोकतंत्र
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

633. राजनीतिक दल आवश्यक है:
(1) राजतंत्र में
(2) लोकतंत्र में
(3) कुलीनतंत्र में
(4) अधिनायकतंत्र में
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

634. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना हुई थी वर्ष:
(1) 1990 (2) 1991
(3) 1992 (4) 1993
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

635. राष्ट्रपति को महाभियोग की प्रक्रिया से कौन अपदस्थ कर सकता है?
(1) संसद
(2) सर्वोच्च न्यायालय
(3) निर्वाचन आयोग
(4) संसद और राज्यों की विधान सभाएं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

636. मतदाता सूची को आमतौर पर कहा जाता है:
(1) चुनावी सूची
(2) विधानसभा सूची
(3) वोटर्स लिस्ट (मतदाता सूची)
(4) सामान्य सूची
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

637. राज्यसभा का सभापति अपना त्यागपत्र संबोधित करता है:-
(1) राष्ट्रपति को
(2) प्रधानमंत्री को
(3) उपसभापति को
(4) राज्यसभा के वरिष्ठतम सदस्य को
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

638. भारत में सम्प्रभु कौन है?
(1) प्रधानमंत्री
(2) राष्ट्रपति
(3) भारत के लोग
(4) मंत्रि-परिषद्
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

639. निम्न में से कौन संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य नहीं था?
(1) मुहम्मद अली जिन्ना
(2) जवाहरलाल नेहरू
(3) मौलाना अबुल कलाम
(4) वल्लभभाई पटेल
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

640. निम्न में से कौन भारत के उप-प्रधानमंत्री नहीं रहे हैं?
(1) एच.एन. बहुगुणा
(2) देवीलाल
(3) मोरारजी देसाई
(4) एल.के. अडवाणी
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

641. देश का प्रथम नागरिक होता है :
(1) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(2) प्रधानमंत्री
(3) भारत का महान्यायवादी
(4) राष्ट्रपति
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

642. भारत के CAG (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की नियुक्ति कौन करता है?
(1) प्रधानमंत्री (2) राष्ट्रपति
(3) राज्यपाल (4) उप राष्ट्रपति
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

643. भारत में है–
(1) एक दलीय व्यवस्था
(2) द्वि दलीय व्यवस्था
(3) बहु दलीय व्यवस्था
(4) निरंकुश सरकार
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

644. भारत का राष्ट्रपति बनने के लिए न्यूनतम आयु है–
(1) 25 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 35 वर्ष (4) 21 वर्ष
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

645. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उसके पद से हटाया जा सकता है :
(1) महाभियोग के द्वारा
(2) कार्यालय त्यागपत्र
(3) जनमत संग्रह
(4) प्रीवी काउन्सिल
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

646. भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति कौन है?
(1) निर्मला सीतारमण
(2) प्रतिभा पाटिल
(3) सुषमा स्वराज
(4) सरोजिनी नायडू
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

647. देश की प्रथम महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त थी :
(1) एस. धामी
(2) विजयलक्ष्मी रामनन
(3) बी. एस. रमा देवी
(4) मीरा कुमार
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

648. लोकतंत्र में अंतिम सत्ता निहित होती है–
(1) संसद
(2) जनता
(3) मंत्रि परिषद्
(4) नौकरशाह
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

649. संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता करता है :
(1) भारत का राष्ट्रपति
(2) लोक सभा का अध्यक्ष
(3) प्रधानमंत्री
(4) राज्य सभा का सभापति
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

650. भारत की लोकसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष रहीं :
(1) विजयालक्ष्मी पंडित
(2) मीरा कुमार
(3) शीला दीक्षित
(4) सुचेता कृपलानी
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

651. निम्न में से कौन-से राष्ट्रपति सबसे कम समय के लिये पद पर रहे?
(1) एन. संजीव रेड्डी
(2) वी. वी. गिरि
(3) डॉ. जाकिर हुसैन
(4) डॉ. शंकर दयाल शर्मा
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

652. आपातकाल के दौरान मूल अधिकारों के प्रवर्तन को निलंबित किया जा सकता है:
(1) संसद द्वारा
(2) राष्ट्रपति द्वारा
(3) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(4) लोकसभा द्वारा
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

653. राज्य सभा के एक-तिहाई सदस्य अवकाश ग्रहण करते हैं प्रत्येक _____ पश्चात्।
(1) 2 वर्ष (2) 4 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) 6 वर्ष
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

654. सम्पत्ति का अधिकार है
(1) कानूनी अधिकार है
(2) मौलिक अधिकार है
(3) धार्मिक अधिकार है
(4) सामाजिक अधिकार है
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

655. लोकसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे प्रस्तुत करता है?
(1) राष्ट्रपति
(2) लोकसभा उपाध्यक्ष
(3) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(4) प्रधानमंत्री
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

656. उप राष्ट्रपति का कार्यकाल होता है :
(1) आठ वर्ष (2) छः वर्ष
(3) चार वर्ष (4) पाँच वर्ष
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

657. भारत सरकार का प्रथम लीगल ऑफिसर है–
(1) विधि सचिव
(2) सॉलिसीटर जनरल
(3) भारत का महान्यायवादी
(4) कानून मंत्री
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

658. सामाजिक न्याय क्या दर्शाता है?
(1) पुरुष और महिलाओं हेतु रोजगार के समान अवसर
(2) धन का समान वितरण
(3) राजनीति में महिलाओं की समान भागीदारी
(4) बिना किसी सामाजिक भेदभाव के सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

659. भारतीय संविधान _____ से कम आयु के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करने पर ज़ोर देता है।
(1) 10 वर्ष (2) 18 वर्ष
(3) 20 वर्ष (4) 14 वर्ष
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

660. इनमें से किसका भारत में प्रत्यक्ष चुनाव होता है?
(1) भारत के राष्ट्रपति
(2) भारत के उप-राष्ट्रपति
(3) विधान-सभा का सदस्य
(4) राज्य सभा का सदस्य
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

661. भारत में संविधान संशोधन _____ द्वारा किया जा सकता है।
(1) लोगों (2) संसद
(3) राज्यों (4) राष्ट्रपति
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

662. पंचायत के चुनावों में राजनीतिक दलों की साझेदारी का किसने विरोध किया था?
(1) विनोबा भावे
(2) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(4) जयप्रकाश नारायण
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

663. राज्यों के पुनर्गठन की शक्ति किसके पास है?
(1) भारत के राष्ट्रपति
(2) भारत के प्रधानमंत्री
(3) भारत के सर्वोच्च न्यायालय
(4) भारतीय संसद
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

664. म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन साधारणतः _____ प्रशासन के लिए स्थापित की जाती है।
(1) सभी शहरों के
(2) मध्य दर्जे के शहरों के
(3) महानगरों के
(4) बड़े कस्बों के
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

665. पंचायती राज प्रथम बार अक्टूबर 1959 में प्रारम्भ किया गया था
(1) केरल में (2) तमिलनाडु में
(3) राजस्थान में (4) कर्नाटक में
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

666. पंचायती राज _____ के लोगों को वास्तविक स्वराज देने के लिए स्थापित किया गया था।
(1) महानगरों (2) कस्बों
(3) ग्रामीण क्षेत्रों (4) जिलों
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

667. भारत का संविधान
(1) एक मूल संविधान है
(2) 'उधार का एक बोरा' है
(3) दूसरे संविधानों की कोई नकल नहीं है
(4) अमेरिकी संविधान की नकल है
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

668. इनमें से कौन 1946 में स्थापित अन्तरिम सरकार के सदस्य नहीं थे?
(1) डॉ. जॉन मथाई
(2) सरदार बलदेव सिंह
(3) अच्युत पटवर्द्धन
(4) जगजीवन राम
(पटना उच्च न्यायालय परीक्षा, 30.04.2023)

669. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(1) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यपालिका की संसद के प्रति उत्तरदायित्व को सुरक्षित करते हैं।
(2) उनके पास लेखापरीक्षा निष्कर्षों को लागू करने की कोई शक्ति नहीं है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(1) केवल 1
(2) केवल 2
(3) 1 और 2 दोनों
(4) न 1 और न 2 सही
(पटना उच्च न्यायालय परीक्षा, 30.04.2023)

670. निम्नलिखित में से किस केन्द्र शासित प्रदेश का राज्य सभा में प्रतिनिधित्व है?
1. पुडुचेरी
2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) दिल्ली
3. जम्मू और कश्मीर
4. लद्दाख

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(1) केवल 2
(2) केवल 2 और 3
(3) केवल 1, 2 और 3
(4) 1, 2, 3 और 4
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

671. निम्नलिखित में से कौन-सा रिट व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सुरक्षित करता है?
(1) बंदी प्रत्यक्षीकरण
(2) परमादेश
(3) उत्प्रेषण
(4) अधिकार पृच्छा
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

672. भारत के संविधान के तहत, निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?
(1) भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना
(2) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना
(3) कल्याणकारी राज्य की सुविधा के लिए कर का भुगतान करना
(4) महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजक प्रथाओं का त्याग करना
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

673. न्यायपालिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. संसद द्वारा पारित प्रत्येक कानून को सर्वोच्च न्यायालय के अनुमोदन की आवश्यकता होती है।
2. न्यायपालिका अपने निर्णय को रद्द कर सकती है यदि वह संविधान की भावना के खिलाफ़ हो।
3. मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर देश का कोई भी नागरिक न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है।

उपयुक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(1) केवल 1
(2) केवल 1 और 2
(3) केवल 2 और 3
(4) 1, 2 और 3
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

674. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना से संबंधित है?
(1) अनुच्छेद 324 (2) अनुच्छेद 148
(3) अनुच्छेद 342 (4) अनुच्छेद 325
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

675. निम्नलिखित में से किस-किस ने भारत के उप-राष्ट्रपति का पद सँभाला है?
1. मोहम्मद हिदायतुल्लाह
2. फखरुद्दीन अली अहमद
3. नीलम संजीव रेड्डी
4. शंकर दयाल शर्मा
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(1) 1, 2, 3 और 4
(2) केवल 1 और 4
(3) केवल 2 और 3
(4) केवल 3 और 4
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

676. निम्नलिखित में से कौन एक उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश थी?
(1) गीता मुखर्जी
(2) लीला सेठ
(3) सुजाता मनोहर
(4) रानी सेठ मलानी
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

677. भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् (NSC) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(1) यह तीन-स्तरीय संगठन है।
(2) नीति आयोग के उपाध्यक्ष इसके सदस्य होते हैं।
(3) यह शीर्ष निकाय है जो विशेष रूप से देश की सुरक्षा समस्याओं को देख-रेख करता है।
(4) RAW एवं IB, NSC को रिपोर्ट करते हैं।
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

678. लोकसभा के चुनाव के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु न्यूनतम आयु है-
(1) 18 साल (2) 35 साल
(3) 25 साल (4) 21 साल
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

679. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में विवाद के मामले की जाँच करता है-
(1) भारत का सर्वोच्च न्यायालय
(2) लोकसभा
(3) चुनाव आयोग
(4) संसद
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

680. किनके नाम के अंतर्गत केन्द्र सरकार के कार्यकारी क्रियाएँ किए जाते हैं?
(1) प्रधानमंत्री
(2) राष्ट्रपति
(3) मंत्रिमंडल
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

681. भारतीय संविधान ने सुदृढ़ केन्द्र के साथ संघीय प्रणाली कहाँ से ली है?
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका
(2) कनाडा
(3) यूनाइटेड किंगडम
(4) फ्रांस
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

682. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची किन चार राज्यों में अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित है?
(1) मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड
(2) असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम
(3) मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड
(4) असम, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

683. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची किस देश के संविधान से ली गई है?
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका
(2) कनाडा
(3) जर्मनी
(4) ऑस्ट्रेलिया
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

684. भारत में कितने उच्च न्यायालयों का एक से अधिक राज्यों (केन्द्रशासित प्रदेशों को छोड़कर) पर अधिकार क्षेत्र है?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

685. भारत के सम्पूर्ण क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से आने जाने का अधिकार भारत के संविधान के ..... के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है।
(1) अनुच्छेद 24 (2) अनुच्छेद 14
(3) अनुच्छेद 21 (4) अनुच्छेद 19
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

686. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कानून की नियत प्रक्रिया का सिद्धांत सम्मिलित है?
(1) अनुच्छेद 16 (2) अनुच्छेद 26
(3) अनुच्छेद 21 (4) अनुच्छेद 11
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

687. राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत किये जाते हैं?
(1) 12 (2) 14
(3) 10 (4) 15
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

688. राष्ट्रपति ____ की सलाह से लोकसभा को भंग कर सकता है।
(1) प्रधान मंत्री
(2) स्पीकर
(3) उप-राष्ट्रपति
(4) चुनाव आयुक्त
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

689. सरकार द्वारा अवरोधों अथवा प्रतिबंधों को हटाना कहलाता है:
(1) वैश्वीकरण (2) निजीकरण
(3) राष्ट्रीयकरण (4) उदारीकरण
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

690. सिनेमेटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 का उद्देश्य हैं-
(1) क्षेत्रीय सिनेमा का विकास सुनिश्चित करना
(2) सार्वजनिक स्थलों पर शूटिंग रोकना
(3) पाइरेटेड फिल्म कंटेट को रोकना व आयु अनुसार रेटिंग सुनिश्चित करना।
(4) ज्ञान पोर्टल का विकास सुनिश्चित करना।
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

691. नव निर्वाचित लोकसभा में तात्कालिक अध्यक्ष (Pro tem Speaker) किसे चुना जाता है?
(1) लोकसभा के वरिष्ठतम सदस्य को
(2) भूतपूर्व अध्यक्ष को
(3) प्रधान मंत्री द्वारा मनोनीत सदस्य को
(4) राज्यसभा के वरिष्ठतम सदस्य को
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

692. विधान परिषद वाले राज्य की विधान परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या ____ में अधिक नहीं होगी।
(1) $\frac{1}{4}$ (2) $\frac{1}{3}$
(3) $\frac{2}{3}$ (4) $\frac{1}{6}$
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

693. डेमोस शब्द का तात्पर्य है-
(1) जनता (2) शासन
(3) कानून (4) इच्छा
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

694. संविधान का अनुच्छेद 25 सम्बन्धित है-
(1) समानता से
(2) धर्म की स्वतंत्रता से
(3) स्वतंत्रता से
(4) शिक्षा से
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

695. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के लिये गणपूर्ति चाहिये-
(1) दोनों सदनो की कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{5}$
(2) दोनों सदनो की कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{8}$
(3) दोनों सदनो की कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{10}$
(4) दोनों सदनो की कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{12}$
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

696. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय के बारे में है?
(1) 123 (2) 124
(3) 153 (4) 213
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

697. भारत सरकार का प्रथम लॉ ऑफिसर है-
(1) विधि सचिव
(2) सॉलिसीटर जनरल
(3) एटॉर्नी जनरल
(4) कानून एवं न्याय मंत्री
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

698. भारत की संसद के नये भवन के प्रभारी वास्तुकार का नाम क्या है?
(1) अनूप राय
(2) अरुण गोयल
(3) पद्मश्री बिमल पटेल
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

699. केवल संविधान सभा के सदस्यों के चुनाव में भाग लेने वाले भारत की वयस्क आबादी के मतदाताओं का प्रभावी प्रतिशत क्या था?
(1) 30 से 35 प्रतिशत
(2) 10 से 15 प्रतिशत
(3) 20 से 25 प्रतिशत
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

700. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I (भारत में नारी कल्याण हेतु अधिनियमों के नाम)
a. विशेष विवाह अधिनियम
b. दहेज निषेध अधिनियम
c. समान पारिश्रमिक अधिनियम
d. नारी अशिष्ट प्रतिनिधित्व (प्रतिषेध) अधिनियम

सूची-II (अधिनियमों से संबंधित वर्ष)
1. 1976 2. 1954
3. 1986 4. 1961

कूट :
(1) a b c d
4 2 3 1
(2) a b c d
2 4 1 3
(3) a b c d
3 1 2 4
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

701. निम्नलिखित में से कौन-सा बुनियादी मूल्य, सभी नेताओं द्वारा भारत के संविधान पर विचार-विमर्श हेतु संविधान निर्मात्री सभा के मिलने से बहुत पहले ही स्वीकार कर लिया गया था?
(1) अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण
(2) सार्वभौम वयस्क मताधिकार
(3) स्वतंत्रता और समानता का अधिकार
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

702. भारतवर्ष के संविधान की प्रस्तावना में 'बन्धुत्व' निम्नलिखित में से मुख्यतः किसे आश्वासित करता है?

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

(1) नागरिकों के न्याय, उनकी स्वतंत्रता एवं समानता
(2) व्यक्ति की गरिमा
(3) देश की एकता एवं अखंडता
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

703. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I (नारों के नाम)
a. गरीबी हटाओ
b. लोकतंत्र बचाओं
c. जोतने वाले को भूमि
d. तेलगुओं के स्वाभिमान की रक्षा

सूची-II (संबंधित राजनीतिक दल/राजनेता)
1. वाम मोर्चा 2. इंदिरा काँग्रेस
3. जनता दल 4. एन.टी. रामाराव

कूट:
(1) a b c d
1 4 3 2
(2) a b c d
2 1 3 4
(3) a b c d
2 3 1 4
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

704. भारत की किस संस्था का आदर्श वाक्य है, "धर्मो रक्षति रक्षितः (कानून तभी रक्षा करता है, जब उसकी रक्षा की जाती है)"?
(1) भारत का सर्वोच्च न्यायालय
(2) अनुसंधान और विश्लेषण विंग
(3) भारतीय सेना
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

705. सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के आरक्षण हेतु भारत सरकार के 13 अगस्त, 1990 के आदेश की वैधता निम्नलिखित में से किस वर्ष निर्णीत हुई थी?
(1) 1993 (2) 1991
(3) 1992
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

706. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के संविधान के अन्तर्गत, मूल कर्तव्य है?
(1) प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित करना
(2) अपने बच्चे को शैक्षिक अवसर प्रदान करना
(3) देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखना
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

707. भारत में प्रेस की स्वतंत्रता लोगों को प्राप्त है, क्योंकि
(1) यह भारत के संविधान में विशेष रूप से प्रदत्त है
(2) यह विचाराभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में निहित है
(3) यह संसद की विधि के तहत लोगों के लिए उपलब्ध है
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

708. 'समुद्रपारीय भारतीय नागरिकता (ओ.आइ. सी.) योजना' भारत में निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा प्रारंभ की गई थी?
(1) नागरिकता अधिनियम, 1955
(2) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019
(3) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2003
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

709. भारत की नव-उद्घाटित संसद में सांसदों के लिए कुल कितनी सीटें है?
(1) 1272
(2) 1326
(3) 888
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

710. मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए न्यायालय निम्नलिखित में से किसे जारी कर सकता है?
(1) रिट
(2) अध्यादेश
(3) डिक्री
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	2. (3)	3. (4)	4. (3)
5. (1)	6. (3)	7. (1)	8. (3)
9. (3)	10. (2)	11. (4)	12. (3)
13. (2)	14. (4)	15. (1)	16. (2)
17. (1)	18. (2)	19. (2)	20. (3)
21. (3)	22. (3)	23. (1)	24. (3)
25. (4)	26. (4)	27. (1)	28. (2)
29. (2)	30. (4)	31. (3)	32. (2)
33. (4)	34. (3)	35. (3)	36. (4)
37. (2)	38. (1)	39. (4)	40. (4)
41. (1)	42. (2)	43. (3)	44. (3)
45. (3)	46. (4)	47. (1)	48. (3)
49. (3)	50. (4)	51. (1)	52. (4)
53. (1)	54. (2)	55. (2)	56. (1)
57. (1)	58. (4)	59. (1)	60. (4)
61. (3)	62. (2)	63. (1)	64. (4)
65. (2)	66. (2)	67. (2)	68. (3)
69. (4)	70. (4)	71. (2)	72. (3)
73. (3)	74. (2)	75. (3)	76. (3)
77. (2)	78. (4)	79. (4)	80. (3)
81. (3)	82. (3)	83. (2)	84. (3)
85. (1)	86. (4)	87. (1)	88. (3)
89. (1)	90. (3)	91. (3)	92. (2)
93. (2)	94. (3)	95. (4)	96. (3)
97. (1)	98. (1)	99. (3)	100. (4)
101. (2)	102. (3)	103. (1)	104. (2)
105. (2)	106. (3)	107. (4)	108. (1)
109. (1)	110. (2)	111. (2)	112. (*)
113. (4)	114. (2)	115. (1)	116. (1)
117. (1)	118. (3)	119. (1)	120. (3)
121. (3)	122. (4)	123. (2)	124. (3)
125. (2)	126. (3)	127. (2)	128. (3)
129. (1)	130. (4)	131. (2)	132. (4)
133. (1)	134. (3)	135. (2)	136. (2)
137. (2)	138. (4)	139. (1)	140. (2)
141. (1)	142. (*)	143. (1)	144. (2)
145. (2)	146. (1)	147. (3)	148. (2)
149. (2)	150. (3)	151. (1)	152. (3)
153. (3)	154. (3)	155.(3)	156. (3)
157. (3)	158. (3)	159. (1)	160. (1)
161. (3)	162. (1)	163. (4)	164. (2)
165. (4)	166. (2)	167. (2)	168. (1)
169. (2)	170. (2)	171. (3)	172. (2)
173. (4)	174. (1)	175. (4)	176. (3)
177. (4)	178. (2)	179. (1)	180. (1)
181. (1)	182. (4)	183. (4)	184. (2)
185. (2)	186. (4)	187. (2)	188. (2)
189. (1)	190. (4)	191. (2)	192. (3)
193. (3)	194. (1)	195. (2)	196. (1)
197. (4)	198. (1)	199. (1)	200. (4)
201. (1)	202. (2)	203. (2)	204. (1)
205. (4)	206. (1)	207. (1)	208. (3)
209. (4)	210. (3)	211. (3)	212. (3)
213. (1)	214. (2)	215. (1)	216. (4)
217. (3)	218. (3)	219. (3)	220. (4)
221. (2)	222. (4)	223. (2)	224. (3)
225. (3)	226. (1)	227. (3)	228. (1)
229. (3)	230. (2)	231. (2)	232. (3)
233. (3)	234. (3)	235. (3)	236. (4)
237. (1)	238. (3)	239. (1)	240. (3)
241. (2)	242. (3)	243. (3)	244. (1)
245. (2)	246. (3)	247. (1)	248. (4)
249. (3)	250. (3)	251. (2)	252. (1)
253. (3)	254. (1)	255. (2)	256. (2)
257. (3)	258. (4)	259. (*)	260. (4)
261. (1)	262. (2)	263. (3)	264. (2)
265. (2)	266. (1)	267. (2)	268. (3)
269. (2)	270. (2)	271. (1)	272. (1)
273. (2)	274. (1)	275. (2)	276. (3)
277. (2)	278. (4)	279. (3)	280. (4)
281. (1)	282. (2)	283. (3)	284. (1)
285. (3)	286. (1)	287. (2)	288. (3)
289. (2)	290. (1)	291. (4)	292. (2)
293. (3)	294. (3)	295. (2)	296. (4)
297. (3)	298. (4)	299. (3)	300. (2)
301. (2)	302. (2)	303. (3)	304. (4)
305. (2)	306. (3)	307. (2)	308. (3)
309. (2)	310. (2)	311. (1)	312. (4)
313. (2)	314. (2)	315. (3)	316. (1)
317. (4)	318. (1)	319. (2)	320. (3)
321. (1)	322. (1)	323. (4)	324. (1)
325. (3)	326. (3)	327. (3)	328. (3)
329. (4)	330. (2)	331. (3)	332. (4)
333. (2)	334. (2)	335. (2)	336. (3)
337. (1)	338. (2)	339. (4)	340. (2)
341. (3)	342. (4)	343. (1)	344. (4)
345. (4)	346. (3)	347. (4)	348. (4)
349. (1)	350. (2)	351. (1)	352. (3)
353. (4)	354. (1)	355. (3)	356. (3)
357. (1)	358. (3)	359. (4)	360. (2)
361. (4)	362. (1)	363. (4)	364. (3)
365. (4)	366. (2)	367. (1)	368. (1)
369. (2)	370. (3)	371. (4)	372. (2)
373. (3)	374. (1)	375. (4)	376. (4)
377. (2)	378. (1)	379. (3)	380. (2)
381. (2)	382. (4)	383. (2)	384. (2)
385. (3)	386. (2)	387. (2)	388. (1)
389. (1)	390. (1)	391. (3)	392. (1)
393. (2)	394. (1)	395. (4)	396. (2)
397. (1)	398. (3)	399. (2)	400. (3)
401. (2)	402. (1)	403. (2)	404. (3)
405. (2)	406. (3)	407. (2)	408. (2)
409. (3)	410. (1)	411. (4)	412. (4)
413. (2)	414. (3)	415. (1)	416. (2)
417. (4)	418. (2)	419. (3)	420. (2)
421. (2)	422. (3)	423. (*)	424. (2)
425. (3)	426. (1)	427. (2)	428. (3)
429. (2)	430. (4)	431. (3)	432. (1)
433. (3)	434. (2)	435. (2)	436. (3)
437. (4)	438. (1)	439. (2)	440. (3)
441. (1)	442. (2)	443. (2)	444. (1)
445. (1)	446. (3)	447. (3)	448. (4)
449. (1)	450. (2)	451. (1)	452. (4)
453. (1)	454. (1)	455. (3)	456. (3)
457. (2)	458. (1)	459. (1)	460. (2)
461. (1)	462. (4)	463. (1)	464. (4)
465. (1)	466. (4)	467. (2)	468. (1)
469. (2)	470. (1)	471. (3)	472. (3)
473. (3)	474. (4)	475. (1)	476. (4)
477. (3)	478. (4)	479. (2)	480. (1)
481. (2)	482. (3)	483. (2)	484. (4)
485. (2)	486. (2)	487. (4)	488. (3)
489. (2)	490. (2)	491. (1)	492. (3)
493. (2)	494. (*)	495. (2)	496. (3)
497. (3)	498. (4)	499. (3)	500. (4)
501. (3)	502. (2)	503. (1)	504. (2)
505. (1)	506. (1)	507. (3)	508. (4)
509. (3)	510. (3)	511. (2)	512. (1)
513. (2)	514. (4)	515. (2)	516. (3)
517. (4)	518. (1)	519. (1)	520. (2)
521. (4)	522. (4)	523. (4)	524. (2)
525. (3)	526. (1)	527. (2)	528. (4)
529. (4)	530. (3)	531. (1)	532. (3)
533. (3)	534. (3)	535. (1)	536. (1)
537. (4)	538. (3)	539. (2)	540. (1)
541. (1)	542. (1)	543. (2)	544. (3)
545. (1)	546. (3)	547. (4)	548. (2)
549. (4)	550. (3)	551. (3)	552. (4)
553. (1)	554. (3)	555. (3)	556. (3)
557. (2)	558. (3)	559. (4)	560. (1)
561. (3)	562. (3)	563. (4)	564. (4)
565. (4)	566. (3)	567. (3)	568. (4)
569. (2)	570. (2)	571. (4)	572. (4)
573. (3)	574. (3)	575. (2)	576. (4)
577. (1)	578. (4)	579. (2)	580. (3)
581. (4)	582. (2)	583. (3)	584. (2)
585. (2)	586. (2)	587. (3)	588. (3)
589. (3)	590. (2)	591. (4)	592. (2)
593. (3)	594. (4)	595. (2)	596. (4)
597. (1)	598. (4)	599. (1)	600. (2)
601. (1)	602. (2)	603. (4)	604. (1)
605. (4)	606. (3)	607. (2)	608. (2)
609. (3)	610. (4)	611. (3)	612. (5)
613. (3)	614. (4)	615. (3)	616. (5)
617. (2)	618. (3)	619. (2)	620. (4)
621. (1)	622. (1)	623. (4)	624. (3)
625. (2)	626. (4)	627. (1)	628. (1)
629. (1)	630. (2)	631. (3)	632. (3)
633. (2)	634. (4)	635. (1)	636. (3)
637. (1)	638. (3)	639. (1)	640. (1)
641. (4)	642. (2)	643. (3)	644. (3)
645. (1)	646. (2)	647. (3)	648. (2)
649. (2)	650. (2)	651. (3)	652. (2)
653. (1)	654. (1)	655. (2)	656. (4)
657. (3)	658. (4)	659. (4)	660. (3)
661. (2)	662. (4)	663. (4)	664. (3)
665. (3)	666. (3)	667. (2)	668. (3)
669. (3)	670. (3)	671. (1)	672. (3)
673. (2)	674. (1)	675. (2)	676. (2)
677. (4)	678. (3)	679. (1)	680. (2)
681. (2)	682. (2)	683. (4)	684. (2)
685. (4)	686. (3)	687. (1)	688. (1)
689. (4)	690. (3)	691. (1)	692. (1)
693. (1)	694. (2)	695. (3)	696. (2)
697. (3)	698. (3)	699. (2)	700. (2)
701. (4)	702. (4)	703. (3)	704. (2)
705. (3)	706. (4)	707. (2)	708. (1)
709. (1)	710. (1)		

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) पाँच विषयों की राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरण जैसे–शिक्षा, वन, वन्य जीवों एवं पक्षियों का संरक्षण, नाप-तौल, और न्याय प्रशासन सभी न्यायालयों का गठन और संगठन 42वें संविधान संशोधन के द्वारा हुआ।

2. (3) भारतीय संविधान में संविधान संशोधन का प्रावधान भाग-20 के अनुच्छेद-368 में दिया गया है। यह व्यवस्था दक्षिण अफ्रीका के संविधान से अपनायी गई है।

3. (4) पंचायती राज में ग्राम, तालुका और जिला आते हैं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में राज्यों को पंचायतों के गठन का निर्देश दिया गया है। पंचायती राज संस्थान अपने कोष सरकारी अनुदानों से प्राप्त करता है।

4. (3) स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउण्टबेटन (1947) को नियुक्त किया गया। यह भारत आने वाला अंतिम ब्रिटिश वायसराय था। इन्होंने भारत के विभाजन हेतु माउण्टबेटन योजना प्रस्तुत की, जिसे 3 जून योजना भी कहा जाता है।
स्वतंत्र भारत के प्रथम एवं अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी थे।

5. (1) भारत का संविधान 26 नवंबर, 1949 ई. को अंगीकृत किया गया 26 जनवरी, 1950 ई. को भारतीय संविधान पूरी तरह लागू कर दिया गया।

6. (3) 26 नवम्बर, 1949 ई. को भारतीय संविधान, संविधान सभा में भारत की जनता के प्रमुख प्रतिनिधियों के माध्यम से अंगीकृत किया गया। इसका उल्लेख स्पष्ट संविधान की उद्देशिका में किया गया है। अर्थात भारत में शक्ति का सर्वोच्च प्रतीक स्वयं भारत की जनता है।

7. (1) संविधान सभा द्वारा संविधान निर्माण में लिया गया समय- 2 वर्ष, 11 माह तथा 18 दिन है। संविधान सभा के गठन का विचार सर्वप्रथम सन् 1934 में M.N. रॉय द्वारा रखा गया था।
संविधान सभा ने संविधान के निर्माण हेतु विभिन्न कार्यों के लिए अनेक समितियों का गठन किया था। उदाहरण- प्रारूप समिति, संघ शक्ति समिति, प्रांतीय संविधान समिति, संचालन समिति इत्यादि।

8. (3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत देश में आपातकाल लगाया जाता है इसको लागने के बाद जीवन का अधिकार, मौलिक अधिकार निलम्बित नहीं किया जा सकता।

9. (3) मौलिक अधिकार को राष्ट्रपति निलम्बित कर सकता है देश में राष्ट्रीय आपातकाल के समय राष्ट्रपति इस हेतु आदेश जारी करते हैं। (Art-352)

10. (2) अनुच्छेद-75 में प्रावधान है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की नियुक्ति करेगा। तथा अनुच्छेद-52 कहता है, भारत का एक राष्ट्रपति तथा अनुच्छेद-53 के अनुसार सभी कार्यपालक शक्तियाँ राष्ट्रपति के निहित होंगी।
अनुच्छेद-74 के अनुसार राष्ट्रपति को अपनी शक्तियों का प्रयोग केन्द्रीय मंत्री परिषद् की सलाह और सहायता से करना होता है।
प्रधानमंत्री द्वारा दी गई सलाह पर ही राष्ट्रपति लोक सभा को समय से पूर्व भंग कर सकता है। ऐसा निर्णय प्रधानमंत्री द्वारा तब ही लिया जाता है जब वह पुनः चुनाव करवाना चाहता हो। हालाँकि राष्ट्रपति, उस केन्द्रीय मंत्री-परिषद की सलाह को मानने के लिए बाध्य नहीं, जिसने लोकसभा में बहुमत होने के उपरांत भी लोकसभा भंग करने की अनुशंसा की हो।

11. (4) राज्य सभा संसद का ऊपरी और स्थायी सदन है, जिसे कभी भंग नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 80 के तहत राज्य सभा की अधिकतम संख्या 250 है। जिसमें 238 सदस्य राज्यों की विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित तथा 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं। इन सभी सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष होता है तथा प्रत्येक दूसरे वर्ष एक-तिहाई सदस्य अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त होते हैं, जिनकी जगह नए 1/3 सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं।

12. (3) राज्य के राज्यपाल अपने कार्यों हेतु राष्ट्रपति के प्रति उत्तरदायी होते हैं। राज्य के राज्यपाल को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शपथ दिलाते हैं।

13. (2) राज्य एवं केन्द्र के मध्य विवाद का निपटारा करना न्यायपालिका का कार्य नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 263 के बाबत इस संदर्भ में व्याख्या की गई है।
अनुच्छेद 263- राज्यों के बीच समन्वय का उपबंध करता है।
अंतर्राज्य परिषद के संबंध में उपबंध राष्ट्रपति द्वारा इस परिषद् की स्थापना लोकहित की सिद्धि के लिए की जाती है।

14. (4) भारत में न्यायिक समीक्षा का अधिकार भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय को प्राप्त है। भारतीय संविधान ने एकीकृत न्याय व्यवस्था की स्थापना की है जिसमें शीर्ष स्थान पर उच्चतम न्यायालय व उसके अधीन उच्च न्यायालय है।

15. (1) मौलिक कर्तव्यों को संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर जोड़ा गया। वह संविधान के भाग 4(क) में अनुच्छेद 51(क) में वर्णित है। इन्हें पूर्व सोवियत संघ के संविधान से ग्रहण किया गया है। इनकी कुल संख्या 11 है।

16. (2) राष्ट्रपति के चुनाव में विवाद के मामले को सर्वोच्च न्यायालय के लिए संदर्भित किया जाता हैं अनुच्छेद 52 में कहा गया है; भारत का एक राष्ट्रपति होगा, तथा अनुच्छेद 53 के अनुसार संघ की समस्त कार्यपालिक शक्ति उसमें निहित होगी। अनुच्छेद 71 के अनुसार राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन संबंधी विवाद का निपटारा उच्चतम न्यायालय करेगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

17. (1) उपराष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा जिसका कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। उपराष्ट्रपति पद अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया गया है। यह संविधान के द्वारा सृजित किया गया है।

18. (2) केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह से करता है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सहमति से ही बर्खास्त कर सकता है।

19. (2) लोक सभा की सदस्यता के लिए अनिवार्य योग्यताएँ निम्न है–भारत का नागरिक हो, उसकी आयु 25 वर्ष या इससे अधिक हो, वह पागल व दिवालिया न हो।

20. (3) छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भारत के 26वें राज्य के रूप में 1 नवम्बर, 2000 को किया गया था। इससे पूर्व यह अविभाजित मध्य प्रदेश का भाग था। इसकी राजधानी रायपुर है, तथा यह वर्तमान में भारत का सर्वाधिक नक्सल प्रभावित राज्य है। इसके साथ ही उत्तराखंड (9 नवम्बर, 2000) तथा झारखंड (15 नवम्बर, 2000) राज्यों का भी गठन किया गया।

21. (3) चुनाव लोकतंत्र का आधार स्तंभ है आजादी के बाद से भारत में चुनावों ने एक लंबा रास्ता तय किया है। 1951 को हुए आम चुनावों में मतदाताओं की संख्या 17,32,12,343 थी।

22. (3) आधुनिक भारत में प्रथम बार तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा राजस्थान के नागौर जिले के बगदरी गाँव में 2 अक्टूबर, 1959 को पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई।

23. (1) भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम 2 अक्टूबर, 1952 ई. में शुरू किया गया था देश में कृषि कार्यक्रम और संचार की प्रणाली में सुधार के साथ ग्रामीण स्वास्थ्य और स्वच्छता और ग्रामीण शिक्षा में पर्याप्त वृद्धि प्रदान करने के लिए सामुदायिक विकास कार्यक्रम तेजी से लागू किया गया था।

24. (3) 'गरीबी हटाओं' देश बचाओ का नारा 1971 के आम चुनाव में इंदिरा गाँधी का प्रमुख नारा था। बाद में उनके बेटे राजीव गाँधी ने भी इस नारे का उपयोग किया।

25. (4) मौलिक कर्तव्यों को किसी भी तरह की विधि स्वीकृति प्राप्त नहीं है। इन्हें 42वें संविधान अधिनियम 1976 के द्वारा संविधान के भाग 4(क) (अनुच्छेद-51 क) में जोड़ा गया। इन्हें Russia के संविधान से लिया गया है। तथा इन्हें जोड़ने की सिफारिश सरदार स्वर्ण सिंह कमेटी द्वारा की गई थी। इनकी संख्या 11 है। वह केवल भारतीय नागरिकों के लिए हैं, विदेशियों हेतु नहीं।

26. (4) राज्य के नीति निदेशक तत्त्व प्रत्यक्षतः प्रस्तावना से संबधित हैं। ग्रेनविल ऑस्टिन ने निदेशक तत्वों और मौलिक अधिकारों को "संविधान की मूल आत्मा" कहा है। इनका उल्लेख अनुच्छेद-36 से 51 तक किया गया है। संविधान निर्माताओं द्वारा यह विचार आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया है। ये वो तत्त्व हैं। जिन्हें व्यवस्था को चलाने में सरकार को ध्यान रखना होता है। इनकी प्रकृति गैर न्यायोचित होती है।

27. (1) कार्यकारिणी सरकार का वह अंग होता है जो राज्य के शासन का अधिकार रखता है और उसकी जिम्मेदारी उठाता है कार्यकारिणी कानून को कार्यान्वित करता है और उसे लागू करता है। संघ के कार्यकारिणी का संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है।

28. (2) केन्द्रीय मंत्री को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह से ही हटाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सलाह से ही केन्द्रीय मंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

29. (2) यदि राष्ट्रपति का पद उसकी मृत्यु, निष्कासन अथवा त्यागपत्र आदि किन्हीं भी कारणों से रिक्त होता है, तो उपराष्ट्रपति नए राष्ट्रपति के निर्वाचित होने तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है। इस प्रकार जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है, तो वह राज्य सभा के सभापति के रूप में काम नहीं करता।

30. (4) कथन 4 गलत है, क्योंकि भारत में सर्वोच्च विधि-निर्मात्री संस्था 'संसद' है।

31. (3) वित्त के संदर्भ में संविधान ने बँटवारा वित्त आयोग पर छोड़ दिया है संविधान के अनुच्छेद 280 में वित्त आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है। वित्त आयोग के गठन का अधिकार राष्ट्रपति को दिया जाता है। भारत के 14वें वित्त आयोग डॉ. वाई. वी. रेड्डी है। जबकि 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. के. सिंह को बनाया गया है।

32. (2) ग्राम सभा का सदस्य संबंधित ग्रामों में समस्त मतदाता उस ग्राम सभा का सदस्य होता है।

33. (4) भारत निर्वाचन आयोग एक स्वायत एवं अर्ध-न्यायिक संस्थान है। जिसका गठन भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से भारत के प्रतिनिधिक संस्थानों में प्रतिनिधि चुनने के लिए किया गया था मतदाताओं का पंजीकरण करवाना निर्वाचन आयोग का कार्य है।

34. (3) 36वाँ संशोधन अधिनियम, 1975, में सिक्किम को भारतीय संघ का पूर्ण राज्य बनाकर दसवीं अनुसूची को समाप्त कर दिया गया।

35. (3) भारत का संघ, भारत के राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों को शामिल किए है। भारत अर्थात् राज्य का संघ होगा, भारत के राज्यक्षेत्र में राज्यों के राज्यक्षेत्र होंगे।

36. (4) स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 19-22 के अन्तर्गत भारतीय नागरिकों को निम्न अधिकार है वाक्-स्वतंत्रता, अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण, प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण, कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण। विवेक की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता का अधिकार में वर्णित नहीं है।

37. (2) एकत्रित होने के नागरिकों के अधिकार पर लागू बुनियादी शर्त यह है कि, सभा शांतिपूर्ण और शस्त्रविहीन होनी चाहिए।

38. (1) अनुच्छेद 21 के प्रावधानों के तहत प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण किया गया है। इस अनुच्छेद के तहत किसी व्यक्ति को उसके प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता से केवल विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के द्वारा ही वंचित किया जा सकता है। अनुच्छेद में उल्लेखित प्राण का अर्थ मानवीय गरिमा के साथ जीने के अधिकार से है। साथ ही जीवन के वो सभी आयाम हैं, जिनसे मानव जीवन सार्थक एवं जीने योग्य बनता है। दैहिक स्वतंत्रता की परिधि में मनुष्य को वे सभी स्वतंत्रताएँ प्राप्त हैं, जो अनुच्छेद-19 में शामिल नहीं हैं। जैसे- स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार, एकांत का अधिकार, निजता का अधिकार, आश्रम का अधिकार इत्यादि।

39. (4) भारत के गोवा में समान आचार संहिता लागू है। भारत में सभी नागरिकों के लिए एक जैसा नागरिक कानून होना चाहिए चाहे वो किसी धर्म के क्यों न हो।

40. (4) अनुच्छेद 74 में राष्ट्रपति को सलाह और सहयता देने के लिए मंत्रि-परिषद का उल्लेख है। इसी मंत्रिपरिषद् का प्रधान नेता प्रधानमंत्री होता है। सामान्यतः प्रधानमंत्री का कार्यकाल 5 वर्ष होता है। क्योंकि लोस का कार्यकाल 5 वर्ष है। परंतु प्रधानमंत्री तक तक ही अपने पद पर रह सकता है, जब तक उसे लोक सभा का विश्वास प्राप्त हो। लोक सभा में विश्वास खो देने पर प्रधानमंत्री समेत पूरी मंत्रिपरिषद का कार्यकाल समाप्त हो जाता है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

41. (1) भारत के संविधान (अनुच्छेद 148) में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के स्वतंत्र पद की व्यवस्था की गई है। जिसे संक्षेप में महालेखा-परीक्षक कहा गया। इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होता है इससे पहले वह राष्ट्रपति के नाम किसी भी समय अपना त्याग पत्र भेज सकता है।

42. (2) सामान्यतः समस्त महत्त्वपूर्ण निर्णय 'कैबिनेट' द्वारा लिए जाते हैं। कैबिनेट 15 या 20 महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को मिलाकर बनती है, जिसका प्रमुख प्रधानमंत्री होता है। यह प्रधानमंत्री को महत्त्वपूर्ण राजनैतिक तथा प्रशासनिक मुद्दों पर सलाह देती है। इसमें कैबिनेट मंत्री के अलावा, बाहरी सदस्य जैसे प्रधानमंत्री के मित्र व पारिवारिक सदस्य भी शामिल हो सकते हैं।

43. (3) अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गई है। तथा अनुच्छेद 117 वित्त विधेयक के बारे में संदर्भित है। धन विधेयक तथा वित्त विधेयक केवल लोक सभा में ही सर्वप्रथम पेश किए जा सकते हैं। ये दोनों विधेयक राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से ही पेश किए जाते हैं। कोई भी विधेयक तभी धन विधेयक समझा जाता है जब वह कर, उधार, संचित निधि, आकस्मिक निधि, व्यय आदि से संबंधित हो जबकि वित्त विधेयक का संबंध अन्य विषयों से भी हो सकता है। लोक सभा से धन विधेयक पर 14 दिन का समय प्राप्त है, वह इसे अस्वीकृत नहीं कर सकती। जबकि वित्त विधेयक को अस्वीकार सकती है।

44. (3) लोक-लेखा समिति की स्थापना 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत की गई और अभी विद्यमान है वर्तमान समय में इसमें 22 सदस्य (15 लोक सभा, 7 राज्य सभा से) होते हैं। समिति का कार्य नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वार्षिक रिपोर्ट की जाँच करना है, जिसे राष्ट्रपति संसद के समक्ष रखता है।

45. (3) अनुच्छेद 267 संसद को निधि जो कि आपातकाल में प्रयोग की जा सकती है। स्थापित करने का अधिकार देता है यह निधि राष्ट्रपति के अधीन है इससे खर्च धन का खर्च राष्ट्रपति की स्वीकृति से होता है परन्तु संसद के समक्ष इसकी स्वीकृति ली जाती है यदि संसद स्वीकृति दे देती है तो व्यय धन के बराबर धन भारत की संचित निधि से निकालकर इसमें डाल दिया जाता है।

46. (4) भारतीय मुख्य चुनाव आयुक्त भारतीय चुनाव आयोग का प्रमुख होता है मुख्य चुनाव आयुक्त को नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 साल जो पहले हो, का होता है। चुनाव आयुक्त का सम्मान और वेतन भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान होता है। इस पद के लिए संसद के दोनों सदनों के 2/3 बहुमत से प्रमाणित कदाचार के आधार पर किया जाता है वर्तमान के मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार ज्योति है।

47. (1) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द 42वाँ संविधान संशोधन 1976 में जोड़ा गया। इस संशोधन में तीन नए शब्द जोड़े गए–समाजवादी, धर्म-निरपेक्षता, अखण्डता।

48. (3) संविधान निर्मात्री परिषद् की 'झण्डा समिति' के अध्यक्ष जे. बी. कृपलानी थे।

49. (3) भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है। महान्यायवादी की मदद के लिए एक सॉलिसिटर जनरल और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी होते हैं।

50. (4) संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है यह द्विसदनीय व्यवस्था है। भारतीय संसद में राष्ट्रपति तथा दो सदन- लोक सभा (लोगों का संदन) एवं राज्य सभा (राज्यों की परिषद्) होती हैं भारत के संविधान की सारी शक्तियाँ संसद में निहित है।

51. (1) राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्त में अनुच्छेद 51 अन्तर्राष्ट्रीय शन्ति सुरक्षा की अभिवृद्धि।

52. (4) केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों को, संघ सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची तीनों के संदर्भ में निर्देश जारी कर सकती है। इन तीनों सूचियों का वर्णन संविधान की 7वीं अनूसूची में किया गया है। जिनमें विभिन्न विषयों को अलग-अलग सूचियों में सूचीबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त संविधान के 11वें भाग में भी केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी संबंधों का उल्लेख किया गया है।

53. (1) भारतीय संसद के सदनों को [illegible] के लिए आमंत्रिक करने की शक्ति राष्ट्रप[illegible] में निहित है प्रत्येक अधिवेशन की अंति[illegible] तिथि के बाद राष्ट्रपति को छह मास के भीतर आगामी अधिवेशन के लिए सदन की बैठक के लिए आमंत्रिक कर सकता है।

54. (2) उड़ीसा भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक राज्य है उड़ीसा राज्य की स्थापना 1 अप्रैल, 1936 को हुई थी इसकी पूर्व राजधानी कटक है वर्तमान राजधानी भुवनेश्वर है।

55. (2) राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है भारत के उपराष्ट्रपति (वर्तमान में वैंकेया नायडू) राज्य सभा के सभापति होते हैं। राज्य सभा का पहला सत्र 13 मई, 1952 को हुआ था।

56. (1) नीलम संजीव रेड्डी भारत के छठे राष्ट्रपति थे उनका कार्यकाल 25 जुलाई, 1977 से 25 जुलाई, 1982 तक रहा। नीलम संजीव रेड्डी को राष्ट्रपति निर्विरोध चुना गया था।

57. (1) बिक्री कर सरकार किसी भी समान की खरीद-फरोख्त पर कर वसूलती है। ज्यादातर राज्यों में अब बिक्री कर की जगह वैट ने ले ली है। राज्यों द्वारा सबसे ज्यादा वसूलने वाला कर बिक्री कर है।

58. (4) भारत के संविधान निर्माताओं ने अमेरिका के संविधान से–न्यायिक समीक्षा, मौलिक अधिकार, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया लिया गया है।

59. (1) अनुच्छेद-40 राज्य सरकार को पंचायत के संगठन का निर्देश देता है। यह अनुच्छेद राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों के अंतर्गत शामिल है। जिनका वर्णन भारतीय संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 36 से अनुच्छेद 51 तक किया गया है। राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों को आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया है। साथ ही ये वादयोग्य नहीं हैं। अर्थात आप इन्हें लागू करवाने के लिए न्यायालय नहीं जा सकते। वहीं मौलिक अधिकार वाद योग्य हैं।

60. (4) भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है। इनका वर्णन संविधान की 8वीं अनुसूची के अंतर्गत किया गया है। 92वें संविधान संशोधन 1992 द्वारा 4 भाषाएँ बोड़ो, डोगरा, मैथिली, संथाली संविधान में जोड़ी गई थी। **नोट:** अंग्रेजी मान्यता प्राप्त भाषा नहीं है।

61. (3) राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है लोक सभा निचली प्रतिनिधि सभा है। भारत के उपराष्ट्रपति (वर्तमान में वैंकेया नायडू) राज्य सभा के सभापति होते हैं।

62. (2) भारत गणराज्य में कुल 45 (वर्तमान मुख्य न्यायाधीश सहित) व्यक्तियों ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा की। इनका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष आयु तक का होता है।

63. (1) राष्ट्रपति द्वारा लोक सभा में दो आंग्ल भारतीयों को आंग्ल भारतीयों का प्रतिनिधित्व करने हेतु मनोनीत किया जाता है। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान के अनुच्छेद-331 में की गई है।

64. (4) राज्यों में गर्वनर अपने आचरण के प्रति राष्ट्रपति के लिए उत्तरदायी हैं। अनुच्छेद 153 राज्यों के राज्यपाल का उपबंध करता है। अनुच्छेद 159 में इसकी शपथ का वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान में राज्यपाल को पद से हटाने की कोई प्रक्रिया नहीं दी गई है। राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है।

65. (2) भारत के संसद में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधित्व के लिए भी आरक्षण नीति को विस्तारित किया गया है। भारत में आरक्षण जाति के आधार पर किया गया है।

66. (2) विधेयक को धन विधेयक होने का अंतिम निर्णय लोक सभा अध्यक्ष देते हैं कोई विधेयक जब लोक सभा में पास हो जाता है तो वह धन विधेयक कहलाता है।

67. (2) भारत के प्रधानमंत्री का पद भारतीय संघ के शासन प्रमुख का पद है। भारतीय संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री केन्द्र सरकार के मंत्रिपरिषद् का प्रमुख और राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार होता है। प्रधानमंत्री बनने की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए।

68. (3) राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। राज्य सभा के सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं।

69. (4) उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के द्वारा होता है। उपराष्ट्रपति के चुनाव में दोनों सदन के सभी सदस्य अपना वोट देकर उपराष्ट्रपति चुनते हैं।

70. (4) राष्ट्रपति के चुनाव में संसद के दोनों सदन लोक सभा, राज्य सभा और भारत के राज्यों की विधान सभा से निर्वाचित सदस्य भाग लेते है। विधान परिषद् के लोग भाग नहीं लेते हैं।

71. (2) नरगिस दत्त का जन्म कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ था। राज्य सभा के लिए नामित प्रथम फिल्म अभिनेत्री नरगिस दत्त थी।

72. (3) अनु.-24 में कारखानों में बाल श्रम आदि पर निषेध है।

73. (3) भारतीय संविधान को 26 नवम्बर, 1949 ई. में संविधान सभा में भारत की जनता के प्रतिनिधियों ने अंगीकृत किया। इसका उल्लेख भारतीय संविधान की उद्देशिका में भी किया गया है। अर्थात् भारतीय लोकतंत्र की शक्ति का स्रोत स्वयं भारत की जनता है।

74. (2) भारत के संविधान का अनुच्छेद-356 केन्द्र की संघीय सरकार को राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता या संविधान के स्पष्ट उल्लंघन की दशा में उस राज्य सरकार को बर्खास्त कर उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर देता है।

75. (3) भारत में 24 उच्च न्यायालय है। उच्च न्यायलयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबन्धित राज्य के राज्यपाल के साथ परामर्श के साथ होती है।

76. (3) राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में 12 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं। राज्य सभा की संरचना का वर्णन संविधान के अनुच्छेद-80 में किया गया है। राज्य सभा में सदस्यों की कुल सदस्य संख्या 250 है। (238 + 12) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत 12 सदस्यों का चयन निम्न विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव पर होता है- साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा।

77. (2) बलवंत राय मेहता समिति का गठन 'पंचायती राज व्यवस्था' को मजबूती प्रदान करने के लिए वर्ष 1956 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट 1957 में प्रस्तुत कर दी थी।

78. (4) भारत के राष्ट्रीय ध्वज को इसके वर्तमान रूप में, 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा स्वीकार किया गया। इसके बाद यह ध्वज आधिकारिक रूप से प्रभुत्व संपन्न भारत का राष्ट्रीय ध्वज बन गया। तब से अब तक यह ध्वज भारतीय गणतंत्र का राष्ट्रीय ध्वज बना हुआ है।

79. (4) राजेन्द्र प्रसाद, भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। उनका जन्म बिहार में सिवान जिले के जिरादेई नामक एक गाँव में हुआ था। वे 26 जनवरी, 1950 से 13 मई, 1962 तक (दो बार) भारत के राष्ट्रपति रहे।

80. (3) भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान की धारा 324 के अन्तर्गत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। संविधान की यह धारा चुनाव आयोग को भारत में राष्ट्रपति एवं उप राष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों के चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से कराने, निर्धारित करने एवं नियंत्रित करने की शक्ति प्रदान करता है।

81. (3) 2 सितंबर, 1946 को, जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में 12 मंत्रियों के नामांकन के साथ अंतरिम सरकार की स्थापना की गई। इस सरकार में राजेन्द्र प्रसाद को खाद्य और कृषि मंत्रालय सौंपा गया। बाद में 11 दिसंबर, 1946 को राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया।

82. (3) भारत का प्रधानमंत्री, काउंसिल ऑफ साईंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च (CSIR) का अध्यक्ष होता है। 1942 में स्थापित यह एक स्वतंत्र निकाय है तथा भारत का सबसे बड़ा अनुसंधान तथा विकासात्मक (R&D) संगठन है।

83. (2) गांधी जी के सिद्धांतों को राज्यों के नीति-निर्देशक सिद्धांत के रूप में संविधान की धारा 40, 43, 47 और 48 के अंतर्गत संविधान द्वारा मान्यता दी गई है। धारा 40 के अनुसार सभी राज्य स्वशासन की इकाई के रूप में ग्राम-पंचायत का निर्माण करेंगे।

84. (3) भारतीय संविधान में 22 अध्याय हैं।

85. (1) भारत सरकार ने 2005 में संशोधन करते हुए क्षेत्र की तुलना में रक्त के अधिकार को (नागरिकता के संदर्भ में) प्राथमिकता दी। भारतीय नागरिकता और राष्ट्रीयता कानून के अनुसार भारत का संविधान पूरे देश के लिए एक मात्र नागरिकता उपलब्ध कराता है।

86. (4) भारत का संविधान अनुच्छेद-19 में वाक् स्वतंत्रता आदि विषयक कुछ अधिकारों को संरक्षण प्रदान करता है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

87. (1) सूचना का अधिकार अर्थात् राइट टू इन्फॉर्मेशन का तात्पर्य है सूचना पाने का अधिकार। भारत में यह सन् 2005 में प्रभावी हुआ।

88. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 118 के अनुसार संसद की संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता लोकसभा के स्पीकर (अध्यक्ष) द्वारा की जाती है।

89. (1) राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे इनका कार्यकाल 26 जनवरी, 1950-14 मई, 1962 तक रहा जोकि अब तक सबसे लम्बा कार्यकाल है। अत्यन्त लोकप्रिय होने के कारण इन्हें देश रत्न के नाम से पुकारा जाता था।

90. (3) 73वाँ संविधान संशोधन, 1992 में पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई। इस उद्देश्य के लिए संशोधन में नया भाग 1X जोड़ा गया।

91. (3) राष्ट्रपति को शपथ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा दी जाती है लेकिन राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को सौंपता है।

92. (2) भारत के उच्चतम न्यायालय में 30 न्यायाधीश तथा 1 मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय के सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय के परामर्शानुसार की जाती है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश का कार्यकाल 65 वर्ष तक होता है।

93. (2) भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल थे। 26 मई, 2014 से राजनाथ सिंह भारत के 30वें गृहमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं।

94. (3) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए लोकसभा का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है।

95. (4) शारदा अधिनियम में बाल विवाह निरोधक कानून पास किया गया।

96. (3) भारतीय संविधान विभिन्न देशों के संविधान का मिश्रण है।

97. (1) सरकार के संसदीय रूप में, राज्य की वास्तविक शक्ति मंत्री परिषद्, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री के द्वारा हो में निहित है।

98. (1) सोशलिस्ट, धर्म निरपेक्ष एवं अखण्डता ये तीन शब्द 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के तहत जोड़े गए इनका उद्देश्य आर्थिक व राजनीतिक स्थिति में असमानता को समाप्त करना है।

99. (3) अनु. 17 के तहत अस्पृश्यता को समाप्त करना।

100. (4) राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग के आरोप संसद के किसी भी सदन में प्रारंभ किए जा सकते हैं।

101. (2) इंदिरा गाँधी राज्यसभा की सदस्य थी जब वह पहली बार भारत की प्रधानमंत्री बनीं। इंदिरा गाँधी 1966 से 1977 तक लगातार 3 पारी के लिए भारत की प्रधानमंत्री रहीं। भारत की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं।

102. (3) भारत में राज्य के मुख्यमंत्री राष्ट्रपति चुनाव में मतदान के लिए पात्र नहीं होते हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री को उस राज्य की विधान परिषद् की सदस्यता लेनी पड़ती है। राज्य के विधान परिषद् के सदस्य राष्ट्रपति को मतदान नहीं कर सकते।

103. (1) लोकसभा का प्रथम अध्यक्ष जी. वी. मावलंकर थे। वर्तमान में लोकसभा का अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन है।

104. (2) सार्वजनिक खाता समिति का अध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया जाता है।

105. (2) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या राष्ट्रपति निर्धारित करता है।

106. (3) राज्यपाल केवल उन्हीं विषयों पर अध्यादेश जारी कर सकता है। जिस पर कानून बनाने की शक्ति राज्य के विधानमंडल के पास है।

107. (4) लोकपाल विधेयक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त किया जाता है। यह कथन सही नहीं है।

108. (1) भारतीय विदेश नीति बहुत से सिद्धान्तों पर आधारित है लेकिन एक पंचशील सिद्धान्त भी है। जो भारतीय विदेश नीति के सिद्धान्त का हिस्सा है। पंचशील का मतलब-मानव कल्याण तथा विश्वशांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के पाँच आधारभूत सिद्धान्त जिन्हें पंचशील कहते हैं।

109. (1) दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का पदभार ग्रहण करने वाले व्यक्ति निम्नलिखित हैं : प्रमोद महाजन (सितम्बर 2001- जनवरी 2003), ए.राजा (2007-नवम्बर 2010), कपिल सिब्बल (जनवरी 2011- मई 2014)। ए. राजा पर 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में शामिल होने का आरोप था।

110. (2) जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। वे 1964 में अपने निधन तक इस पद पर आसीन थे। वे 16 वर्ष और 286 दिनों तक इस पद पर रहे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने 1951, 1957 और 1962 के आम चुनावों में शानदार जीत दर्ज की।

111. (2) भारत 29 राज्यों और 7 केन्द्र शासित प्रदेशों का एक संघात्मक संगठन है। केन्द्र शासित प्रदेशों में अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और पुडुचेरी शामिल है। भारतीय संविधान के अधिनियम 1991 के अंतर्गत 69 वें संविधान संशोधन द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) दिल्ली को विशेष दर्जा प्रदान किया गया है।

112. (*) भारतीय क्रिकेटरों मुंह की पूर्व वेस्ट मुंह से भारतीय धुरंधरों के इतिहास में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अक्टूबर 2014 में लोकसभा चुनाव के इतिहास में लगभग 7,00,000 मतों के अंतर से महाराष्ट्र में स्थित बीड सीट पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह अब तक के लोकसभा चुनावों में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड राम रतन के नाम था जिन्होंने 2004 में अपने करीब 5, 92, 502 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। तीसरी सबसे बड़ी जीत के अंतर का रिकॉर्ड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम है। उन्होंने मई 2014 में 5.7 लाख मतों के अंतर से वाराणसी सीट जीती थी। उनके बाद रामविलास पासवान चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 1989 में बिहार में हाजीपुर से 5, 04, 448 मतों के अन्तर से जीत दर्ज की थी।

113. (4) 27 मई, 2004 को एक नये मंत्रालय के रूप में पंचायती राज मंत्रालय की स्थापना की गई थी। यह मंत्रालय संविधान के 73 वें संशोधन और पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों का विस्तार करने)

अधिनियम 1996 के प्रावधानों को लागू करने और निरीक्षण करने के लिए उत्तरदायी है। यह मंत्रालय राज्यों में स्थानीय स्वशासन और विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया को देख-भाल करता है।

114. (2) मणिपुर भारत का एक राज्य है। इसकी राजधानी इम्फाल है। इसका क्षेत्रफल 22,347 वर्ग किलोमीटर है।

115. (1) लोकसभा, भारतीय संसद का निचला सदन है लोकसभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 तक हो सकती है। लोकसभा की कार्यावधि 5 वर्ष है परंतु इसे समय से पूर्व भंग किया जा सकता है।

116. (1) संसद भवन परिसर, पार्क स्ट्रीट भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत को आजादी के बाद वे उपप्रधानमंत्री बने।

117. (1) भारतीय संसद के लोकसभा को सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास है। राष्ट्रपति को सहायता एवं सलाह मंत्रिपरिषद् के पास होता है।

118. (3) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र को संघीय प्रतिनिधि सभा है। भारत के उपराष्ट्रपति (वर्तमान में वेंकैया नायडू) राज्यसभा के सभापति होते हैं। राज्यसभा का पहला सत्र 13 मई, 1952 को हुआ था।

119. (1) त्रिपुरा भारत का एक राज्य है अगरतला त्रिपुरा की राजधानी है। बांग्ला और त्रिपुरी यहाँ की मुख्य भाषाएँ हैं।

120. (3) भारत में राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का पद कार्यकारिणी में दूसरा सबसे बड़ा पद होता है भारत के वर्तमान उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू हैं जो 5 अगस्त 2017 को चुने गए। हामिद अंसारी भारत के उपराष्ट्रपति थे।

121. (3) राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र को ऊपरी प्रतिनिधि सभा है राज्य सभा में 250 सदस्य होते हैं। जिनमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं।

122. (4) धर्म निरपेक्षता का अर्थ यह है कि किसी राज्य के संचालन एवं नीति-निर्धारण में मजहब का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, सभी धर्म के लोग कानून, संविधान एवं सरकारी नीति के आगे समान हैं।

123. (2) भारतीय संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के बाद का समय शून्यकाल होता है इसका समय 12 बजे से 1 बजे तक होता है। शून्यकाल का आरंभ 1960 के दशकों में हुआ जब बिना पूर्व सूचना उठाने की प्रथा विकसित हुई।

124. (3) भारत के उपराष्ट्रपति (वर्तमान में वेंकैया नायडू) राज्यसभा के सभापति होते हैं राज्यसभा का पहला सत्र 13 मई, 1952 को हुआ था।

125. (2) संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है यह द्विसदनीय व्यवस्था है भारतीय संसद में राष्ट्रपति तथा दो सदन-लोकसभा (लोगों का सदन) एवं राज्यसभा (राज्यों के परिषद) है भारतीय संसद भवन नई-दिल्ली में स्थित है।

126. (3) 22 जनवरी 1947 को उद्देश्य प्रस्ताव को स्वीकृति के बाद संविधान सभा ने संविधान के निर्माण के लिए विभिन्न समितियाँ गठित कीं। प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे।

127. (2) भारत का संविधान, संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ।

128. (3) कोई विधेयक धन विधेयक है या उस पर लोकसभा के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गई। धन विधेयक राज्यसभा में पेश नहीं किया जा सकता है। धन विधेयक राज्य सभा में पेश नहीं किया जा सकता है। कोई भी विधेयक धन विधेयक तभी माना जाएगा जब वह संबंधित के अनुच्छेद 110 को पूर्ति करता हो।

129. (1) पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम तालुका और जिला आते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में राज्यों को पंचायत के गठन का निर्देश दिया गया है। पंचायती राज त्रिस्तरीय व्यवस्था है।

130. (4) भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर, 1949 को बनकर तैयार हुआ था भारत में 26 जनवरी, 1950 से संविधान अमल में लाया गया।

131. (2) भारतीय संविधान, संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ। भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बाबसाहेब अम्बेडकर ने 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान 'संविधान सभा के अध्यक्ष' एवं राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंपा।

132. (4) संवैधानिक उपचारों के अधिकार को भीम राव अम्बेडकर ने संविधान की आत्मा कहा। संविधान के अनुच्छेद-32 के अनुसार संवैधानिक उपचार के अन्तर्गत यह अधिकार सभी नागरिकों को छूट देता है कि अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है। और अपने अधिकारों को लागू करने की माँग कर सकता है। भारतीय संविधान को संविधान की कुँजी कहा गया।

133. (1) भारतीय संविधान द्वारा भारत को धर्म निरपेक्ष राज्य घोषित किया गया भारतीय संविधान की पूर्वपीठिका में 'सेक्युलर' शब्द 42वें संविधान संशोधन द्वारा सन् 1976 में जोड़ा गया। यह सभी धर्मों और धार्मिक सहिष्णुता और सम्मान की समानता का अर्थ है।

134. (3) लोकसभा भारतीय संसद का निचला सदन है भारतीय संसद का ऊपरी सदन राज्यसभा है भारतीय संविधान के अनुसार सदन में सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 तक हो सकती है। लोक सभा की कार्यावधि 5 वर्ष है। परंतु इसे समय से पूर्व भंग किया जा सकता है।

135. (2) उत्तर-प्रदेश भारत का सबसे बड़ा (जनसंख्या के आधार पर) राज्य है। लखनऊ प्रदेश की प्रशासनिक व विधायिक राजधानी है इलाहाबाद न्यायिक राजधानी है। उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक प्रतिनिधि चुने जाते हैं।

136. (2) भारत के प्रधानमंत्री भारत गणराज्य की सरकार के मुखिया है भारत के प्रधानमंत्री का पद, भारत के शासन प्रमुख का पद है वह भारत सरकार के कार्यपालिका का नेतृत्व करता है। प्रधानमंत्री बनने की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं।

137. (2) सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे भारत की आजादी के बाद वे प्रथम गृहमंत्री और उपमुख्य मंत्री बने। बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर वहाँ की महिलाओं ने सरदार की उपाधि प्रदान की।

138. (4) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारतीय संविधान के अध्याय 5 द्वारा स्थापित एक अधिकारी है जो भारत सरकार तथा

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

सभी प्रादेशिक सरकारों के आय-व्यय का लेखांकन करता है। वर्तमान समय में इस संस्थान के मुखिया राजीव महर्षि हैं।

139. (1) संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है यह द्विसदनीय व्यवस्था है भारतीय संसद में राष्ट्रपति तथा दो सदन-लोकसभा (लोगों का सदन) एवं राज्यसभा (राज्यों के परिषद्) होते हैं भारतीय संसद का संचालन 'संसद भवन' में होता है जो कि नई दिल्ली में स्थित है। संविधान की व्याख्या का अधिकार संसद के पास है।

140. (2) संविधान के अनुच्छेद 124 में उच्चतम न्यायालय के गठन के सम्बन्ध में प्रावधान किया गया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 31 (मुख्य न्यायाधीश सहित) है। उच्चतम न्यायालय की मुख्यपीठ नई दिल्ली में स्थित है। उच्चतम न्यायालय में न्यायिक कामकाज के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता है।

141. (1) भारत की स्वतंत्र न्यायपालिका का शीर्ष सर्वोच्च न्यायालय है जिसका प्रधान न्यायाधीश होता है भारत में 24 उच्च न्यायालय है जिनके अधिकार और उत्तरदायित्व सर्वोच्च न्यायालय की अपेक्षा सीमित है।

142. (*) भारतीय उच्च न्यायालय भारत के उच्च न्यायालय है भारत में कुल 24 उच्च न्यायालय है जिनका अधिकार क्षेत्र कोई राज्य विशेष या राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के एक समूह होता है न्यायिक प्रणाली के भाग के रूप में, उच्च न्यायालय राज्य विधायिकाओं और अधिकारों के संस्था से स्वतंत्र है।

143. (1) भारतीय संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री का पद बहुत ही महत्वपूर्ण पद है क्योंकि प्रधानमंत्री ही संघ कार्यपालिका का प्रमुख होता है। भारत के प्रधानमंत्री को शपथ राष्ट्रपति दिलवाता है। त्यागपत्र भी राष्ट्रपति ही लेता है।

144. (2) राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख राज्यपाल होता है। संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से की जाएगी। राज्यपाल की कार्य अवधि उसके पद ग्रहण की तिथि से पाँच वर्ष तक होती है।

145. (2) उपराज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

146. (1) मुख्यमंत्री भारतीय राज्य की कार्य-पालिका का वास्तविक प्रधान होता है। वह विधानसभा का नेता होता है। मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत की जाती है। राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति या तो आम चुनाव के बाद करता है या फिर तब करता है जब मुख्यमंत्री के त्यागपत्र देने के कारण या बर्खास्त कर दिए जाने के कारण उसका पद रिक्त हो जाता है।

147. (3) मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा होती है।

148. (2) जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे और स्वतन्त्रता के पूर्व और पश्चात् की भारतीय राजनीति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। भारतीय बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के रूप से जानते हैं।

149. (2) सूचना का अधिकार अधिनियम भारत की संसद द्वारा पारित एक कानून है। जो 12 अक्टूबर, 2005 को लागू हुआ। यह कानून भारत के सभी नागरिकों को सरकारी फाइलों/रिकॉर्डस में दर्ज सूचना को देखने और उसे प्राप्त करने का अधिकार होता है।

150. (3) संसद भारत का सर्वो विधायी निकाय है यह द्विसदनीय व्यवस्था है भारतीय संसद में राष्ट्रपति तथा दो सदन-लोकसभा, राज्यसभा होते हैं। उच्चतम न्यायालय संसद का अंग नहीं है।

151. (1) झारखण्ड भारत का एक राज्य है। जिसकी राजधानी राँची है। 15 नवम्बर, 2000 को बिहार से अलग कर एक नया राज्य बनाया गया।

152. (3) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। राज्य सभा में 250 सदस्य होते हैं। जिनमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं।

153. (3) राज्यसभा का पहला सत्र 13 मई, 1952 को हुआ था। भारत का उपराष्ट्रपति इसका सभापति होता है। राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।

154. (3) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करता है।

155. (3) अस्पृश्यता की प्रथा को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध घोषित कर किया गया है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है। अनुच्छे 17 में दिए गए अधिकार मौलिक अधि कार के अंतर्गत आते हैं।

156. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 249 कहा गया है कि राज्य सभा में सदन में उपस्थित और मत देने वाले 2/3 सदस्यों के बहुमत से राज्य सूची के किसी विषय को उस सूची से निकाल कर संघ सूची में शामिल किया जा सकता है। अगर ऐसा संकल्प पारित हो जाता है, तो वह एक वर्ष तक प्रवर्तन में रहता है। यदि ऐसा संकल्प पारित हो चुका है तो इस विषय के संबंध में संसद द्वारा कानून बनाया जा सकता है। राज्य सूची के तहत आने वाले विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य विधानमंडल यानी राज्य सरकारों के पास है। इस सूची में 61 विषय हैं।

157. (3) 25 अक्टूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 के मध्य चार महीने की अवधि के दौरान भारत में प्रथम आम चुनाव का आयोजन किया गया। 489 सीटों में से 389 सीटें जीत कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारी बहुमत से विजयी हुई। भारत के प्रथम लोक सभा को 17 अप्रैल, 1952 को गठित किया गया।

158. (3) भारतीय निर्वाचन आयोग के नियमानुसार वैसे पराजित उम्मीदवार जो चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र में दिए गए कुल वैध मतों का 1/6 हिस्सा भी प्राप्त नहीं कर पाते हैं वह अपनी जमानत की राशि भी खो देते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुसार लोक सभा और विधान सभा चुनावों में प्रत्येक उम्मीदवार को क्रमशः 25000 रुपए और 10,000 रुपए जमानत की राशि के तौर पर जमा करना होता है।

159. (1) संसद के नियमों के अनुसार, किसी राजनैतिक दल को विपक्षी दल होने के लिए उसके पास लोक सभा की कुल सदस्यता का कम से कम 10 प्रतिशत या 55 सदस्य होना चाहिए। वह दल जो इन मापदंडों को पूरा करता है उसे सदन में 'मुख्य विपक्षी दल' और उसके द्वारा चयनित नेता को 'विपक्ष के नेता' की मान्यता दी जाती है। हालांकि, इस संबंध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है।

160. (1) बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 के अनुसार ग्राम पंचायत का कोई भी सदस्य ग्राम पंचायत के मुखिया को स्वयं लिखकर अपनी सदस्यता से त्याग-पत्र दे सकता है। सदस्य त्याग-पत्र देने की तिथि से सात दिनों के अंदर अपना त्याग-पत्र स्वयं लिखकर वापस मुखिया से ले सकता है। यदि सदस्य सात दिनों के अंदर त्याग-पत्र वापस नहीं लेता है तो उसका पद त्याग-पत्र की तिथि से सात दिन की समाप्ति पर रिक्त हो जाएगा।

161. (3) भारत की स्वतन्त्रता के बाद 31 मार्च, 1952 को समुदाय परियोजना प्रशासन के रूप में ज्ञात एक संगठन की योजना आयोग के अधीन स्थापित की गई, जिसका कार्य सामुदायिक विकास से संबंधित कार्यक्रमों का संचालन करना था। सामुदायिक विकास कार्यक्रम का उद्घाटन 2 अक्टुबर, 1952 को किया गया। ग्रामीण लोगों को आर्थिक विकास की बेहतर संभावनाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में लोगों की उत्तरोत्तर भागीदारी सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम का मुख्य सार था।

162. (1) भारत सरकार ने 1956 में 'पंचायती राज व्यवस्था' को मजबूती प्रदान करने के लिए बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया। इस समिति ने 1957 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में ग्रामीण स्थानीय शासन के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था (ग्राम-ग्राम पंचायत; खंड-पंचायत समिति; ज़िला-ज़िला परिषद) का सुझाव दिया। इस समिति की सिफारिश के पश्चात् पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर ज़िले में 2 अक्टूबर, 1959 को भारी जनसमूह के बीच पंचायती राज का शुभारंभ किया।

163. (4) बिहार पंचायत अधिनियम 2006 के अनुसार (i) राज्य चुनाव आयोग की देख-रेख, नियंत्रण और निर्देशों के अंतर्गत होने वाले प्रत्येक ग्राम पंचायत चुनाव के बाद होने वाली पहली बैठक में निर्वाचित सभी सदस्य अधिनियम 12 की धारा (1) की उप-धारा के उपवाक्य (b) के अंतर्गत वोटों के बहुमत से अपने उप-मुखिया का चुनाव करेंगे, (ii) उप-मुखिया के चुनाव में ग्राम पंचायत का मुखिया भी एक मतदाता की भाँति मतदान करेगा, (iii) उप-मुखिया के चुनाव में वोटों के समान होने की स्थिति में ड्रॉ द्वारा इसका फैसला किया जाएगा।

164. (2) बिहार पंचायत अधिनियम 2006 के अनुसार, लोगों की शिकायतों की सुनवाई के लिए गठित होने वाली न्यायपीठ के निर्माण के लिए एक कोरम का निर्माण किया जाएगा जिसमें पंचों की न्यूनतम संख्या 7 से कम नहीं होगी। ग्राम कचहरी के पूर्ण न्यायपीठ के निर्णय के विरुद्ध 30 दिनों के अंदर अपील की जा सकेगी, 30 दिन की समय-अवधि पूर्ण हो जाने की स्थिति में दीवानी मामले से संबंधित केस उप-न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे और आपराधिक मामले की स्थिति में केस जिला-सत्र न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

165. (4) बिहार पंचायत अधिनियम 2006 के अनुसार, ग्राम सभा एक या उससे अधिक निगरानी समितियों का निर्माण कर सकती है, लेकिन उन्हीं व्यक्तियों को निगरानी समिति का सदस्य बनाया जाएगा जो ग्राम पंचायत के सदस्य नहीं हैं। ग्राम पंचायत के कार्यों, योजनाओं और गाँव से संबंधित अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट सभा में प्रस्तुत की जा सकती है।

166. (2) भारत सरकार द्वारा 1976 में गठित स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों को संविधान में शामिल किया गया था। आरंभ में मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 10 थी। 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 11 कर दी गई।

167. (2) 74वें संविधान संशोधन अधिनियम 1993 के अंतर्गत तीन प्रकार की नगरपालिकाओं : नगर पंचायत, नगर परिषद् और नगर निगम के गठन का प्रावधान किया गया है। शहरी स्थानीय निकायों के कार्यों, शक्ति और वित्त से संबंधित उनकी भूमिका को पुनः परिभाषित करने के लिए यह अध्याय जोड़ा गया है।

168. (1) भारतीय संविधान की प्रथम अनुसूची भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सीमाओं से संबंधित है, जिसके अनुसार नियमों के प्रयोग द्वारा सीमाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-3 नए राज्य के निर्माण से संबंधित है, जिसके अंतर्गत प्रभावित राज्य की विधान सभा से परामर्श के बाद राष्ट्रपति की सिफारिश पर संसद में विधेयक प्रस्तुत किया जा सकता है।

169. (2) दसवीं अनुसूची - दल बदल विरोधी अधिनियम के नाम से जानी जाती है। इसके अंतर्गत निर्वाचित सदस्यों द्वारा दल बदलने पर या दूसरी राजनीतिक पार्टी में चले जाने पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिए जाने का प्रावधान किया गया है। 52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985 द्वारा इसे संविधान में शामिल किया गया था।

170. (2) अनुच्छेद 198 के अनुसार, यदि विधान सभा द्वारा पारित धन विधेयक सिफारिशों के लिए विधान परिषद् में भेजा जाता है, और 14 दिनों की समय-अवधि के बाद भी यदि विधेयक विधान सभा में वापस नहीं आता, तो धन विधेयक को दोनों सदनों द्वारा उसी स्वरूप में पारित मान लिया जाता है जिस स्वरूप में विधान सभा द्वारा पारित किया गया था।

171. (3) अब तक 29 में से केवल 7 राज्यों में विधान परिषद् का गठन किया गया है। विधान परिषद् वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28 नवंबर, 2013 को असम में विधान परिषद् के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है।

172. (2) विधान परिषद् (राज्य का ऊपरी सदन) में विधान सभा (निचला सदन) के एक-तिहाई सदस्यों से अधिक सदस्य नहीं हो सकते। यद्यपि विधान परिषद् के सदस्यों की संख्या 40 से कम नहीं हो सकती (अपवादः संसद द्वारा पारित अधिनियम के अनुसार जम्मू-कश्मीर में न्यूनतम सदस्यों की संख्या 36 है)।

173. (4) वर्तमान में भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त भारत में तीन राष्ट्रीय पार्टियाँ-भारतीय जनता पार्टी (BJP), कांग्रेस एवं भारतीय साम्यवादी पार्टी (मार्क्सवादी) है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की अकल्पनीय जीत एवं महाराष्ट्र में प्रभावशाली प्रदर्शन ने राष्ट्रीय (राष्ट्रवादी) कांग्रेस पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय दल होने की स्थिति को हटा दिया।

174. (1) गणेश वासुदेव मावलंकर भारतीय संसद के निचली सदन लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष थे। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व वे केन्द्रीय विधान सभा के प्रमुख के तौर पर 1946 से 1947 के मध्य रहे एवं बाद में वे भारतीय संविधान सभा के स्पीकर भी रहे।

Join Telegram: @apna_library
Study@Home Notes
Scanned with CamScanner

175. (4) वर्ष 1975 तक सिक्किम भारत द्वारा संरक्षित राज्य एवं स्वतंत्र प्रांत था। वर्ष 1975 में एक जनमत संग्रह के द्वारा सिक्किम से राजतंत्र का उन्मूलन कर दिया गया और यह प्रांत भारत में समाहित हो गया। उसके बाद संविधान संशोधन अधि नियम, 1975 के अंतर्गत सिक्किम को भारत का पूर्ण राज्य बना दिया गया।

176. (3) 3 अप्रैल, 1952 को पहली बार राज्य सभा का विधिवत् गठन किया गया था और इसकी पहली बैठक का आयोजन 13 मई, 1952 को किया गया था। यह संसद का ऊपरी सदन है। 1951-52 के दौरान भारत में पहली बार आम चुनाव कराए गए थे, तत्पश्चात् अप्रैल 1952 में प्रथम निर्वाचित संसद अस्तित्व में आई।

177. (4) सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक, अपीलीय और सलाहकारी अधिकार क्षेत्र की शक्तियाँ प्राप्त हैं। अपने मौलिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय संविधान के रक्षक एवं संरक्षक के रूप में कार्य करता है। अपीलीय अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय दीवानी और आपराधिक दोनों मुकदमों की सुनवाई करता है। अन्त में, अनुच्छेद 143 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय को सलाहकारी अधिकार क्षेत्र की शक्ति प्रदान की गई है।

178. (2) मेनका गाँधी बनाम भारत सरकार के मुकदमे (1978) में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय इस सामान्य आधार-वाक्य पर आधारित है कि 'स्वेच्छा से बनाया गया नियम कोई नियम नहीं है'। इस मामले में, शीर्ष न्यायालय ने न्यायिक शासन की स्थापना करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के सिवाय किसी व्यक्ति को उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

179. (1) नरेन्द्र नाथ वोहरा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल हैं। वह जून 2008 से इस पद पर आसीन हैं। उन्होंने 25 जून, 2008 को पूर्व राज्यपाल एस. के. सिन्हा का स्थान ग्रहण किया। वह जगमोहन के बाद पिछले 18 वर्षों में जम्मू-कश्मीर के प्रथम असैनिक राज्यपाल हैं। इससे पूर्व, वह कश्मीर में भारत सरकार के संवादी (इंटरलॉक्यूटर) के रूप में कार्यरत थे।

180. (1) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के अंतर्गत अनुच्छेद 47 वर्णन करता है कि राज्य चिकित्सा के उद्देश्य से प्रयुक्त होने वाली औषधियों के अलावा स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाले नशीले पेय पदार्थों और नशीली दवाईयों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा। यह अनुच्छेद पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार करने के राज्य के कर्त्तव्य का वर्णन करता है।

181. (1) संविधान के अनुच्छेद 356 के अनुसार, यदि राज्य सरकार किन्हीं विशेष परिस्थितियों के उत्पन्न होने के कारण संविधान के प्रावधानों के अनुसार राज्य की शासन व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ हो जाती है तो ऐसी स्थिति में उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है। राष्ट्रपति शासन लागू हो जाने के बाद राज्य की विधान सभा भंग कर दी जाती है और राज्य पर प्रत्यक्षत: केन्द्र सरकार का नियंत्रण स्थापित हो जाता है।

182. (4) केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार (1973) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'मूल संरचना का सिद्धांत' प्रस्तुत किया गया था। न्यायाधीश हंस राज खन्ना ने इस सिद्धांत के द्वारा दावा करते हुए कहा कि संविधान संवैधानिक सिद्धांतों और मूल्यों की मूल संरचना से युक्त है। संसद की संशोधित शक्तियों को सीमित करने के लिए इस सिद्धांत का प्रयोग किया गया था। ताकि संविधान के अंतर्गत संसद की निर्वाचक शक्ति का प्रयोग करते हुए 'संविधान के मूल नियम की मौलिक संरचना' में संशोधन न किया जा सके।

183. (4) भारतीय संविधान के प्रतिपादन के लिए बी.एन.राव को संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। वह संविधान की लोकतांत्रिक कार्ययोजना की सामान्य संरचना और फरवरी 1948 में तैयार किए गए इसके आरंभिक प्रारूप के लिए उत्तरदायी थे। अंतत: 26 नवम्बर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इस प्रारूप को स्वीकार कर लिया गया।

184. (2) वर्ष 1976 के आरंभ में भारत सरकार द्वारा गठित स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्त्तव्यों को संविधान में शामिल किया गया। आरंभ में मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 10 थी, वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्त्तव्य में एक अन्य कर्त्तव्य को शामिल किया गया जिससे इनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई।

185. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश स्वहस्ताक्षरित त्याग पत्र राष्ट्रपति को सौंपकर अपना पद छोड़ सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को केवल दुर्व्यवहार या अक्षमता के आरोपों के सिद्ध हो जाने पर भारत के राष्ट्रपति के आदेश पर हटाया जा सकता है।

186. (4) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की भाँति केवल महाभियोग द्वारा ही उसके पद से हटाया जा सकता है। दूसरी ओर, अन्य चुनाव आयुक्तों को मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है।

187. (2) राष्ट्रपति (कार्यों से संबंधित) अधिनियम, 1969 के प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों का पद खाली होने की स्थिति में भारत का मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भारत के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेगा। उदाहरण के लिए, राष्ट्रपति जाकिर हुसैन की मृत्यु हो जाने पर, उपराष्ट्रपति वी.वी. गिरि ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में राष्ट्रपति के कार्यों को निष्पादित किया था।

188. (2) कोरम सदन में किसी कार्य को शुरू करने से पूर्व सदन में उपस्थित सदस्यों की अनिवार्य न्यूनतम संख्या है। यह अध्यक्षता करने वाले अधिकारी सहित प्रत्येक सदन में सदस्यों की कुल संख्या का एक-दसवाँ भाग है। इसका अर्थ है कि सदन में किसी कार्य को आरंभ करने के लिए लोक सभा में न्यूनतम 55 सदस्यों और राज्य सभा में न्यूनतम 25 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

189. (1) भारतीय ध्वज के चक्र का रंग गहरा नीला है। यह चक्र धर्मचक्र के रूप में है जो "कानून के चक्र" के महत्त्व को निर्दिष्ट करता है, इसका निर्माण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य सम्राट अशोक द्वारा किया गया था। यह दर्शाता है कि गति में जीवन है और निष्क्रियता में मृत्यु है।

190. (4) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (DPSP) भारतीय संविधान के भाग IV (अनुच्छेद 36-51) के अंतर्गत आते हैं। प्रस्तावना द्वारा प्रस्तावित नीति निदेशक सिद्धांत आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना हेतु राज्य को दिए गए निर्देश हैं।

191. (2) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारतीय गणतंत्र की आधिकारिक भाषाओं की सूचियाँ समाहित हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 (1) और 351 के अनुसार, आठवीं अनुसूची में 22 मान्यता प्राप्त भाषाओं को शामिल किया गया है। आरंभ में इनमें से केवल 14 भाषाओं को संविधान में शामिल किया गया था।

192. (3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 26 जनवरी, 1950 से 14 मई, 1962 तक भारत के राष्ट्रपति के पद पर आसीन थे। वह राष्ट्रपति के रूप में दो कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र राष्ट्रपति थे। इससे पूर्व, 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद प्रसाद को भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया था। संविधान सभा ने भारत का संविधान तैयार किया और अन्तरिम संसद के रूप में कार्य किया।

193. (3) भारत में राष्ट्रपति के निर्वाचन की विधि आयरलैंड के संविधान से ग्रहण की गई है। भारतीय संविधान की अन्य विशेषताएँ जिन्हें आयरलैंड के संविधान से लिया गया है, निम्नलिखित हैं : राज्य के नीति निदेशक तत्त्व और राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के सदस्यों की नियुक्ति।

194. (1) भारतीय संविधान द्वारा सदन की निर्धारित अधिकतम संख्या 552 है। जिसमें से अधिकतम 530 सदस्य राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किए जाते हैं, अधिकतम 20 सदस्य केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के राष्ट्रपति द्वारा आंग्लो-इंडियन समुदाय के अधिकतम दो सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।

195. (2) पंचायत समिति (या प्रखंड पचायत) पंचायती राजव्यवस्था में एक मध्यवर्ती स्तर है जो ग्राम पंचायत (गाँव) और जिला पंचायत (जिला) के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। सरकार द्वारा नियुक्त एक प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत समिति के अधीक्षण और कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करता है। प्रभावी तौर पर, वह इसका प्रशासनिक प्रमुख है।

196. (1) संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम 1992 के अनुसार, स्थानीय स्तर पर पंचायत के चुनाव प्रत्येक पाँच वर्ष पर होते हैं उदाहरणार्थ ग्राम पंचायत के सदस्य प्रत्येक पाँच वर्ष पर ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं। इसी प्रकार, पंचायत समिति पाँच वर्ष की अवधि के लिए चुनी जाती है।

197. (4) संविधान के अनुच्छेद 243 D के उपबंधों (प्रावधानों) के अनुसार, संविधान के भाग IX के तहत पंचायती राज संस्थाओं के $\frac{1}{3}$ स्थान और अध्यक्षों के $\frac{1}{3}$ स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने पंचायतों में महिलाओं के लिए वर्तमान आरक्षण $\frac{1}{3}$ से बढ़ाकर 50% करने की स्वीकृति प्रदान की है।

198. (1) संविधान संशोधन अधिनियम (73वाँ) 1992 में सभी राज्यों में एक त्रिस्तरीय तंत्र का प्रावधान किया गया है : ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती स्तर पर ब्लॉक पंचायत या पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद्। बलवंत राय मेहता आयोग की सिफारिशों के आधार पर भारत में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई।

199. (1) पंचायती राज को सामान्यत: भारत में स्थानीय स्वशासन तंत्र माना जाता है जिसका लक्ष्य है राजनीतिक शक्ति का विकेंद्रीकरण तथा भारतीय प्रशासन में सामान्य जनता की भागीदारी द्वारा आधारिक (मूलभूत) लोकतंत्र की प्राप्ति। यह गाँधी जी की उस विचारधारा के अनुरूप है जिसमें सरकार का विकेंद्रीकरण हो तथा जिसमें प्रत्येक गाँव अपने मामलों के स्वयं उत्तरदायी हों।

200. (4) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 धार्मिक मामलों को प्रबंधित करने की स्वतंत्रता से संबंधित है। यह प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग को यह अधिकार देता है कि वह अधिकारों का प्रयोग करे। हालांकि अनुच्छेद-26 के अधीन अधिकार भी लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य के अधीन हैं।

201. (1) वर्तमान में, भारत में सात मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल हैं : भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (TMC)। राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पहचाने जाने के लिए, राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 में उल्लिखित शर्तों को पूरा करना होता है।

202. (2) बच्चों का मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम या शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE), 2009 एक अप्रैल, 2010 से जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू हुआ। भारत दुनिया के 135 देशों में से एक बन गया जहाँ यह अधिनियम लागू हुआ तो शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार बन गया।

203. (2) बलवंत राय मेहता समिति को सरकार द्वारा 16 जनवरी, 1957 को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के कार्यों की जाँच करने के लिए गठन किया गया था। नवम्बर 1957 में सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में इस समिति ने 'लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण' की स्थापना की सिफारिश की थी।

204. (1) भारत के कई अन्य पूर्वोत्तर राज्यों की तरह, मिजोरम पहले 1972 तक असम का हिस्सा था, जब इसे केंद्रशासित प्रदेश के रूप में शामिल किया गया था। यह भारतीय संविधान के पचासवें संशोधन, 1986 के साथ, 20 फरवरी, 1987 को भारत का 23वाँ राज्य बना।

205. (4) "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया" की अवधारणा भारतीय संविधान में जापान से उधार ली गई है। इसका मतलब है कि विधायिका या संबंधित निकाय द्वारा विधिवत कानून लागू किया जाता है यदि वह सही प्रक्रिया का पालन करता है। इस सिद्धांत का पालन करने का मतलब है कि, एक व्यक्ति कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार अपने जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित हो सकता है।

206. (1) 'ओम्बुड्समैन' शब्द स्वीडिश भाषा से लिया गया है और जिसका अर्थ है 'शिकायत करने वाला व्यक्ति'। 1809 में इसका आधुनिक अर्थ में पहली बा

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

उपयोग किया गया था, जब स्वीडिश संसद ने जस्टीटीयोम्बुड्समैन के कार्यालय की स्थापना की थी, जिसे सरकार के साथ अपने व्यवहार में नागरिकों के हितों की देखभाल करनी थी।

207. (1) सरकार ने दिसम्बर 1977 में अशोक मेहता की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्थाओं पर एक समिति की नियुक्ति की। समिति ने अगस्त 1978 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और देश में घटती पंचायती राज व्यवस्था को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने के लिए 132 सिफारिशें कीं।

208. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद के अनुसार राज्यसभा में सदस्यों की संख्या 250 से अधिक नहीं हो सकती जिसमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचित किए जाते हैं। ये 12 सदस्य विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ होते हैं। जैसे - साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा आदि।

209. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 233 के अनुसार, किसी राज्य में जिला न्यायाधीश नियुक्त होने वाले व्यक्तियों की नियुक्ति तथा जिला न्यायाधीश की पदस्थापना और प्रोन्नति उस राज्य का राज्यपाल ऐसे राज्य के संबंध में अधिकारिता का प्रयोग करने वाले उच्च न्यायालय से परामर्श करके करेगा। वह व्यक्ति, जो संघ की या राज्य की सेवा में पहले से नहीं है, जिला न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए केवल तभी पात्र होगा जब वह कम से कम सात वर्ष तक अधिवक्ता या अभिवक्ता (pleader) रहा है और उसकी नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय ने सिफारिश की है।

210. (3) भारत के राष्ट्रपति को उसके पद से महाभियोग की प्रक्रिया (जिसका उल्लेख भारत के संविधान 1949 के अनुच्छेद के 61 में किया गया है) के लिए अव्यवहार का मामला पर्याप्त नहीं है। महाभियोग की प्रक्रिया संसद के दोनों सदनों में चलाई जा सकती है।

211. (3) रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की स्थापना कम्युनिस्ट लीग के रूप में सौम्येंद्रनाथ टैगोर ने 1934 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) से अलग हो कर की थी।

212. (3) राष्ट्रीय एकता परिषद की शुरुआत सितम्बर-अक्टूबर 1961 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में हुई थी। एनआईसी का आयोजन पहली बार जून 1962 में किया गया था। एनआईसी भारत में वरिष्ठ राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों का एक समूह है जो साम्प्रदायिकता, जातिवाद और क्षेत्रवाद की समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में जानकारी देता है।

213. (1) शून्यकाल 1962 में एक अनौपचारिक प्रक्रिया के रूप में शुरू हुआ था। यह संसदीय प्रक्रियाओं के क्षेत्र में एक भारतीय नवाचार है। यह बिना किसी पूर्व सूचना के मामलों को उठाने के लिए संसद के सदस्यों के लिए एक अनौपचारिक माध्यम है। शून्यकाल प्रश्नकाल के तुरन्त बाद शुरू होता है और तब तक रहता है जब तक सदन का नियमित कार्यकाल शुरू नहीं हो जाता।

214. (2) 1986 में, राजीव गाँधी सरकार ने एल. एम. सिंघवी की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र और विकास के लिए पंचायती राज संस्थानों के पुनरोद्धार' पर एक समिति नियुक्त की। इसने सिफारिश की कि पंचायती राज संस्थानों को संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त, संरक्षण और संरक्षित किया जाना चाहिए, और इस उद्देश्य के लिए भारत के संविधान में एक नया अध्याय जोड़ा जाना चाहिए।

215. (1) चुनाव आयोग देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 द्वारा स्थापित एक स्थायी और एक स्वतंत्र निकाय है। यह अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के लिए निर्वाचक नामावली की तैयारी और आचरण, संसद के लिए सभी चुनावों और प्रत्येक राज्य के विधानमंडल के लिए और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के कार्यालयों के लिए जिम्मेदार है। इसे 25 जनवरी, 1950 को स्थापित किया गया था।

216. (4) 84वाँ संशोधन अधिनियम, 2001 ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों के पुनर्मूल्यांकन पर प्रतिबन्ध को 25 साल तक (यानी 2026 तक) बढ़ाकर जनसंख्या को सीमित करने के उपायों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ प्रस्तुत किया गया। इस अधिनियम ने अनुच्छेद 82 को संशोधित किया और 1991 की जनगणना के आधार को निर्वाचन क्षेत्रों के नए परिसीमन के लिए निर्धारित किया। बाद में 2003 के 87वें संशोधन ने अनुच्छेद 82 में संशोधन किया और 2001 की जनगणना के आँकड़े के आधार पर परिसीमन प्रदान किया गया।

217. (3) भारतीय संविधान के भाग IX के तहत अनुच्छेद 243K राज्य निर्वाचन आयोग के लिए प्रावधान करता है। इसमें कहा गया है कि पंचायतों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन नामावली की तैयारी, संचालन, निर्देशन और नियंत्रण, राज्य के आयोग में निहित होंगे, जिनमें से एक राज्य चुनाव आयुक्त राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

218. (3) पंचायत राज प्रणाली को पहली बार राजस्थान राज्य में 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर जिले में अपनाया गया था। इसे स्तरीय शासन योजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। राजस्थान के बाद आंध्र प्रदेश ने 1959 में इस प्रणाली को अपनाया।

219. (3) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 1993 में संसद द्वारा बनाए गए एक कानून के तहत की गई थी, जिसका नाम, मानवाधिकार अधिनियम, 1993 है। यह एक वैधानिक (और संवैधानिक नहीं) निकाय है। आयोग देश में मानव अधिकारों का प्रहरी है, अर्थात्, संविधान द्वारा गारंटीकृत व्यक्ति की जीवन, स्वतंत्रता समानता और गरिमा से सम्बन्धित अधिकार या अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निहित और भारतीय न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय है।

220. (4) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243 जी पंचायतों के अधिकार और जिम्मेदारियों से सम्बन्धित है। इसके अनुसार, राज्यों को पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) को पर्याप्त शक्तियों और जिम्मेदारियों को विकसित करने की आवश्यकता है। ग्यारहवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 29 विषय पंचायतों को भी सौंपे गए हैं।

221. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 में धन विधेयक को परिभाषित किया गया है। इस लेख के अनुसार, एक विधेयक को धन विधेयक माना जाता है यदि उसमें केवल अनुच्छेद 110 में वर्णित सभी या किन्हीं विषयों से संबंधित प्रावधान हो। इसमें कहा गया है कि अगर कोई सवाल

उठता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, तो लोक सभा के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

222. (4) स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद, भारत सरकार ने 6 अप्रैल, 1948 को अपनी पहली औद्योगिक नीति घोषित की। इसे संसद में तत्कालीन उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। इस नीति के तहत, बड़े उद्योगों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया था। रणनीतिक उद्योग, बुनियादी/प्रमुख उद्योग, महत्वपूर्ण उद्योग और अन्य उद्योग।

223. (2) भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है। भारत के महान्यायवादी (अनुच्छेद 76) की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

224. (3) भारत के राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के कार्यपालक अध्यक्ष होते हैं। राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक होता है। भारत के राष्ट्रपति नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में रहते हैं। भारत का राष्ट्रपति अपना त्याग पत्र उपराष्ट्रपति को देता है।

225. (3) भारतीय संविधान में राज्यपाल के परामर्श तथा सहायता के लिए मंत्रिपरिषद् की व्यवस्था की गई। मंत्रियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री के परामर्श पर राज्यपाल के द्वारा ही की जाती है। राज्य के मंत्रिपरिषद् विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होता है।

226. (1) भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है। भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। भारत का राष्ट्रपति महान्यायवादी को हटा भी सकता है।

227. (3) झारखण्ड भारत का एक राज्य है। इसकी राजधानी रांची है। इसकी स्थापना 2000 में केन्द्र सरकार ने 15 नवम्बर (आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के जन्म-दिन) को भारत का 28वाँ राज्य बनाया।

228. (1) राज्य सभा और लोक सभा की संयुक्त बैठक बुलाने का अधिकार राष्ट्रपति को है। इसका वर्णन संविधान के अनुच्छेद 108 में किया गया है। संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष द्वारा की जाती है। दोनों दलों में किसी विधेयक को लेकर सहमति ना होने पर, राष्ट्रपति द्वारा संयुक्त बैठक बुलाई जा सकती है। ऐसा अब तक सिर्फ 3 बार हुआ है। (i) दहेज प्रतिषेध विधेयक (1961), बैंकिंग विधेयक (1969) तथा पोटा (2002)

229. (3) यदि कोई व्यक्ति ग्राम पंचायत की सदस्यता के लिए चुनाव लड़ना चाहता है तो उसकी उम्र कम से कम 21 वर्ष होनी चाहिए।

230. (2) राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है राज्य सभा में 250 सदस्य होते हैं। राज्य सभा के सदस्य के निर्वाचित होने की न्यूनतम उम्र 30 वर्ष की होनी चाहिए।

231. (2) भारत के राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के कार्यपालक अध्यक्ष होते हैं। अनुच्छेद-61 राष्ट्रपति के महाभियोग से संबंधित है। राष्ट्रपति को हटाने का निर्णय संसद करती है। वह तभी पद से हटेगा जब उसे संसद में प्रस्तुत किसी ऐसे प्रस्ताव से हटाया जाए जिसे प्रस्तुत करते समय सदन के 1/4 सदस्यों का समर्थन मिले। प्रस्ताव पारित करने से पूर्व उसको 14 दिन पहले नोटिस दिया जाएगा प्रस्ताव सदन की कुल संख्या के 2/3 से अधिक बहुमत से पारित होना चाहिए।

232. (3) अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक विशेष अनुच्छेद है जिसके द्वारा जम्मू एवं कश्मीर राज्य को सम्पूर्ण भारत में अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार प्राप्त है।

233. (3) भारतीय जनता पार्टी का मूल संबंध श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में निर्मित भारतीय जनसंघ है। 1974 में आपातकाल की समाप्ति के बाद जनता पार्टी के निर्माण हेतु जनसंघ का अन्य दलों के साथ विलय हो गया। 1980 में जनता पार्टी विघटित हो गई और पूर्व जनसंघ के पदचिह्नों को पुनःसंयोजित करते हुए भारतीय जनता पार्टी का निर्माण किया गया।

234. (3) संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से की जाएगी। किंतु वास्तव में राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा प्रधानमंत्री की सिफारिश पर की जाती है।

235. (3) विधान परिषद् कुछ भारतीय राज्यों में लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। इसके सदस्य अप्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने जाते हैं। कुछ सदस्य राज्यपाल द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। विधान परिषद् विधान मंडल का अंग है। आंध्रप्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तरप्रदेश के रूप में सात राज्यों में विधान परिषद् है।

236. (4) संघवाद संवैधानिक राजसंचालन की उस प्रवृत्ति का प्रारूप है जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य एक संविदा द्वारा एक संघ की स्थापना करते हैं। इस संविदा के अनुसार एक संघीय सरकार एवं अनेक राज्य सरकारें संघ की विभिन्न इकाई हो जाती हैं। विशेषता- सत्ता का विकेन्द्रीकरण, केन्द्र और राज्य सरकार के बीच सत्ता का बँटवारा, स्थानीय सरकारों को अधिक अधिकार देना।

237. (1) दहेज निरोध अधिनियम, 1961 में पारित हुआ। दहेज माँगने वालों को न्यूनतम पाँच वर्ष की सजा होती है। दहेज प्रथा आज भी एक समस्या है। लोगों को जागृत करने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है।

238. (3) ऐसे हारे हुए अभ्यर्थी की, जो किसी निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए कुल विधिमान्य मतों की संख्या के छठे भाग से अधिक मत प्राप्त करने में असफल होता है, उसकी जमानत राशि जब्त हो जाती है। चुनाव आयोग द्वारा अभ्यर्थी को चुनाव चिह्न प्रदान किया जाता है। प्रत्येक-दल अपना घोषणा पत्र तैयार करता है जिसमें उसके कार्यक्रम, सिद्धांत एवं उसके उद्देश्य होते हैं। आचार संहिता नियमों के अनुसार मतदान के दिन से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद कर देना चाहिए।

239. (1) संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 मौलिक अधिकार हैं।

मौलिक अधिकार निम्न हैं–

(1) स्वतंत्रता का अधिकार
(2) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(3) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(4) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार
(5) कुछ विधियों की व्यावृत्ति
(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

240. (3) राज्य सभा में सदस्यों का चुनाव विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है। जिसमें विधान परिषद् के सदस्य वोट नहीं डाल सकते हैं। नामांकन फाइल करने के लिए 10 सदस्यों की सहमति आवश्यक होती है।

241. (2) त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत पंचायत समिति पंचायत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पंचायत समिति की कार्यावधि पाँच वर्षों की होती है। इसकी पहली बैठक से अगले पाँच वर्षों तक कार्यावधि होती है। पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य अपने बीच से दो सदस्यों को प्रमुख और उप-प्रमुख के रूप में चुनते हैं।

242. (3) राज्यसभा में सदस्य 6 वर्षों के लिए चुने जाते हैं। उन सदस्यों में एक-तिहाई सदस्य हर 2 वर्ष में सेवा-निवृत होते हैं।

243. (3) डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर एक भारतीय विधिवेत्ता थे जो एक बहुजन नेता, और एक बौद्ध पुनरुत्थानवादी होने के साथ साथ, भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार भी थे। डॉ. अंबेडकर को भारतीय बौद्ध भिक्षुओं ने बोधि सत्व की उपाधि प्रदान की है। अंबेडकर ने अपना सारा जीवन हिंदू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली, और भारतीय समाज में सर्वव्यापित जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बीता दिया। दलित समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए उन्होंने 1942 में अनुसूचित जाति फ़ेडरेशन की स्थापना की।

244. (1) दक्षिण अफ्रीका में नेशनल पार्टी की सरकार द्वारा सन् 1948 में विधान बनाकर काले और गोरे लोगों को अलग निवास करने की प्रणाली लागू की गई जिसे रंगभेद नीति (Apartheid) कहते हैं। अफ्रीका की भाषा में इसका शाब्दिक अर्थ है- अलगाव या पृथकता। यह नीति सन् 1994 में समाप्त कर दी गई। इसके विरुद्ध नेल्सन मंडेला ने बहुत संघर्ष किया।

245. (2) लोकतंत्र की सफलता लोगों की भागीदारी और सभी की समानता पर निर्भर करती है। इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाने की जरूरत होती है। इसके अलावा, ईमानदार और जिम्मेदार नागरिक लोकतंत्र की जड़ों को शक्ति प्रदान करते हैं।

246. (3) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 ने शिक्षा क्षेत्र में असमानताओं को हटाने पर विशेष जोर दिया और सभी भारतीयों के लिए शिक्षा के अवसर में समानता लाने का प्रयास किया। इस नीति का ध्यान विशेष तौर से भारतीय महिलाओं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों की शिक्षा पर केन्द्रित रहा। इस नीति के द्वारा संतोषजनक गुणवत्ता के साथ मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने की बात कही गई। इस नीति ने शिक्षा के प्रति अभिरुचि जगाने की भी बात कही।

247. (1) संघवाद (फेडरलिज्म) संवैधानिक राजसंचालन की उस प्रवृत्ति का प्रारूप है जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य एक संविदा द्वारा एक संघ की स्थापना करते हैं। इस संविदा के अनुसार एक संघीय सरकार एवं अनेक राज्य सरकारें संघ की विभिन्न इकाइयाँ हो जाती हैं। सामान्य रूप से प्रभुसत्ता का विभाजन संघीय एवं राज्यसरकारों के मध्य उनके संविधान में उल्लिखित होता है जो उस संविदा को अंतिम रूप में पुष्ट करता है।

248. (4) अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन (1809-0865) ने लोकतंत्र को 'जनता का, जनता के लिए एवं जनता के द्वारा' कहा। उनकी ये पंक्तियाँ गॅटीस्बर्ग सम्बोधन (Gettysbury Address) का हिस्सा है जिसे लिंकन ने 19 नवम्बर 1863 को पॅन्सिल्वेनिया राज्य के गॅटीस्बर्ग शहर में राष्ट्रीय सैनिक कब्रिस्तान के समर्पण दिवस के मौके पर पढ़ा जब अमेरिकी गृहयुद्ध को खत्म हुए कुछ महीने हुए थे और अमेरिका दो हिस्सों में खण्डित होते-होते बचा था।

249. (3) भारत की राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में बहुजन समाजवादी पार्टी (बीएसपी), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शमिल हैं।

250. (3) भारतीय शांति रक्षा सेना (IPKF) भारतीय सेना दल था जिसने 1987 से 1990 के मध्य श्रीलंका में शांति स्थापना ऑपरेशन को क्रियान्वित किया। इसका गठन भारत-श्रीलंका संधि के अधिदेश के अंतर्गत किया गया था जिस पर भारत और श्रीलंका ने 1987 में हस्ताक्षर किया। इस संधि का उद्देश्य युद्धरत श्रीलंकाई गृहयुद्ध को समाप्त करना था। उस समय राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री थे।

251. (2) जयप्रकाश नारायण दल विहीन जनतंत्र के पक्षधर थे। उन्होंने इस प्रकार के जनतंत्र के द्वारा संसदीय लोकतंत्र में सभी दोषों को दूर करने का सुझाव दिया। दल विहीन जनतंत्र पर उनकी सोच को गांधी और विनोबा के अलावा एम एन रॉय के विचारों ने प्रभावित किया।

252. (1) भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) में भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुसम्पन्न, समाजवादी, संसदीय लोकतंत्रात्मक गणराज्य बताया गया है। भारतीय संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम 1976 के द्वारा संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ा गया।

253. (3) 'मानव और नागरिकों के अधिकार' की घोषणापत्र को पुरातन व्यवस्था का प्रपत्र कहा जाता है क्योंकि इस दस्तावेज ने आधुनिक दुनिया में मानव अधिकारों की बुनियाद रखी। इसने सभी नागरिकों को स्वतंत्रता और कानूनी समानता का वादा किया। इस दस्तावेज ने धर्म की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं, संप्रभुता का सिद्धांत, कानूनी समानता का सिद्धांत और निजी संपत्ति के अधिकार की घोषणा की।

254. (1) पंचायतों के सभी सदस्य वयस्क निर्वाचन प्रणाली के आधार पर चुने जाते हैं। सभी पंचायत क्षेत्रों का विभाजन जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। ग्राम पंचायत का सदस्य बनने हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष है।

255. (2) बलवन्त राय मेहता समिति 1957 ई. में बनी थी। इसने त्रि-स्तरीय व्यवस्था वाली पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश की थी। पंचायती राज अधिनियम 2 सितम्बर, 1959 ई. को पारित किया गया। इस व्यवस्था का आरंभ 2 अक्टूबर, 1959 ई. को राजस्थान के नागौर जिले में किया गया था।

256. (2) संविधान (42 वाँ संशोधन) अधिनियम 1976 में अनुच्छेद 31-(ग) जोड़कर यह प्रावधान किया गया कि नीति निदेशक तत्वों को प्रभावी करने के लिए मूलाधिकार में संशोधन किया जा सकता है।

257. (3) न्यायिक पुनरावलोकन अथवा न्यायिक पुनरीक्षा उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसके अन्तर्गत कार्यकारिणी के कार्यों की न्यायपालिका द्वारा पुनरीक्षा का प्रावधान हो।

258. (4) मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल (अनुच्छेद 163) करता है किसी सजायफ्ता व्यक्ति (2001 में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय) के लिए मुख्यमंत्री पद के लिए अयोग्य माना जाएगा। राज्यपाल राज्य विधानसभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता को ही मुख्यमंत्री नियुक्त करता है। यदि किसी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त न हो तो राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति में अपने विवेकाधिकार का प्रयोग कर सकता है।

259. (*) उच्च न्यायालय का सेवानिवृत स्थायी न्यायाधीश भारत में उच्चतम न्यायालय और अन्य उच्च न्यायालयों के अलावा किसी भी न्यायालय में अथवा प्राधिकारी के सामने बहस अथवा कार्य नहीं कर सकता। इससे यह सुनिश्चित होता है कि वे भविष्य में किसी लाभ की आशा से किसी के साथ पक्षपात न करें।

260. (4) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं।

261. (1) भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे। इनका जन्म 1888 ई. में तथा मृत्यु 1975 ई. में हुई। इनका कार्यकाल 1952 ई. से 1962 ई. तक रहा। वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू हैं।

262. (2) भारत में प्रथम आम चुनाव 1951-52 ई. में हुई थी। उस समय मतदाताओं की संख्या 17,32,12,343 थी।

263. (3) राष्ट्रपति कला, साहित्य, पत्रकारिता, विज्ञान तथा सामाजिक कार्यों में पर्याप्त अनुभव एवं दक्षता रखने वाले 12 व्यक्तियों को राज्यसभा में नामजद कर सकता है।

264. (2) बलवंत राय मेहता ने त्रिस्तरीय व्यवस्था वाली पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश की थी। पंचायती राज अधिनियम 2 सितम्बर, 1959 को पारित किया गया। पंचायती राज व्यवस्था का आरंभ 2 अक्टूबर, 1959 ई. को राजस्थान के नागौर जिले में किया गया था।

265. (2) राष्ट्रीय महिला आयोग भारतीय संसद द्वारा 1990 में पारित अधिनियम के अन्तर्गत जनवरी 1992 में गठित एक सांविधिक निकाय है। यह एक ऐसी इकाई है जो शिकायत या स्वतः संज्ञान के आधार पर महिलाओं के संवैधानिक हितों और उनके लिए कानूनी सुरक्षा उपायों को लागू कराती है।

266. (1) लोकतांत्रिक सरकार के अंग- कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका। विधायिका-विधायिका संसद को कहते हैं, जिसके दो सदन होते हैं उच्च सदन राज्य सभा तथा निम्न सदन लोकसभा। कार्यपालिका-कार्य पालिका के तीन अंग हैं- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और मंत्रिमंडल न्यायपालिका- न्यायपालिका का शीर्ष सर्वोच्च न्यायालय है जिसका प्रमुख प्रधान न्यायाधीश होता है।

267. (2) पंचायतों, नगर निगमों और नगर पालिकाओं के चुनाव हेतु संबंधित क्षेत्र को छोटे-छोटे निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है, इसे वार्ड कहा जाता है।

268. (3) भारत का संविधान भारत को एक सार्वभौमिक, समाजवादी, गणराज्य की उपाधि देता है। भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, जिसका द्विसदनात्मक संसद वेस्टमिनिस्टर शैली के संसदीय प्रणाली द्वारा संचालित है। इसके शासन में तीन मुख्य अंग हैं- न्यायपालिका, कार्यपालिका और व्यवस्थापिका।

269. (2) महापौर किसी नगर के प्रशासक को कहते हैं। कई बार महापौर का चुनाव उस नगर में रहने वाले लोगों द्वारा किया जाता और अन्य कई बार, एक केन्द्रीय समिति निर्णय लेती है कि किसी नगर का महापौर कौन होगा। अतः नगर-निगम का प्रमुख महापौर कहलाता है।

270. (2) अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति थे। ये रिपब्लिकन पार्टी से थे। उन्होंने अमेरिका को उसके सबसे बड़े संकट गृहयुद्ध से पार लगाया। अमेरिका में दास प्रथा का अंत का श्रेय लिंकन को ही जाता है। उनका कहना था कि "लोकतंत्र जनता का, जनता द्वारा तथा जनता के लिए शासन है।"

271. (1) भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतांत्रिक का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कुछ अपवादों के अतिरिक्त संघीय है।

272. (1) अल्तमस कबीर भारत के उच्चतम न्यायालय के 39वें मुख्य न्यायाधीश थे। इनके बाद पी. सदाशिवम देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बने थे। वर्तमान में जगदीश सिंह खेहर मुख्य न्यायाधीश हैं।

273. (2) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की उपरी प्रतिनिधि सभा है। राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं जिनमें एक तिहाई सदस्य 2 साल में सेवा निवृत हो जाते हैं। राज्यसभा की सदस्यता के लिए कम से कम 30 वर्ष की आयु होनी चाहिए।

274. (1) भारतीय कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के किसी अपराधी को किशोर के रूप में परिभाषित किया गया है।

275. (2) संविधान के भाग-3 में सन्निहित अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों के संबंध में हैं। मौलिक अधिकार निम्न है- स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार, तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

276. (3) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत की भाषाओं से संबंधित है। इस सूची में 22 भाषाओं को शामिल किया गया है। इनमें 14 भाषाओं को संविधान में शामिल किया गया था। 1967 में सिंधी भाषा को 1992 में कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषा को तथा 2004 में बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषा को शामिल किया गया।

277. (2) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द 42 वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया। यह संशोधन मुख्यतः स्वर्ण सिंह आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू किया गया था। इस संशोधन के अन्तर्गत संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' 'धर्म निरपेक्ष' एवं 'एकता' और 'अखंडता' आदि शब्द जोड़े गए।

278. (4) वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या मुख्य न्यायाधीश सहित 31 है। न्यायाधीश का कार्यकाल 65 वर्ष का होता है। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 से 147 तक उच्चतम न्यायालय की संरचना एवं अधिकार की चर्चा है।

279. (3) सांविधिक निकाय वह है जो संसद के अधिनियम या राज्य विधान द्वारा गठित किया जाता है। संवैधानिक निकाय इस प्रकार हैं- वित्त आयोग (अनच्छेद-280),

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

संघ लोक सेवा आयोग (अनुच्छेद–315), चुनाव आयोग (अनुच्छेद–324)। अत: कर्मचारी चयन आयोग सांविधिक निकाय नहीं है।

280. (4) न्याय संबंधित किसी भी मुद्दे को लेकर राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श ले सकता है। राष्ट्रपति द्वारा परामर्श माँगने पर सर्वोच्च न्यायालय परामर्शदायी अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जनता के लिए विशेष महत्व के तथ्य पर परामर्श देता है।

281. (1) राज्यसभा धन विधेयक को न तो अस्वीकार कर सकती है और न ही उसमें कोई संशोधन कर सकती है। वह विधेयक की प्राप्ति की तारीख से 14 दिन के भीतर विधेयक लोकसभा को लौटा देती है। लोकसभा राज्यसभा की सिफारिशों को अस्वीकार कर सकती है। यदि धन विधेयक को राज्य सभा द्वारा 14 दिन के भीतर लोकसभा को नहीं लौटाया जाता है, तो दोनों सदनों द्वारा पारित समझा जाता है (अनुच्छेद-109)।

282. (2) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुने गए सदस्य और लोकसभा तथा राज्यसभा में चुनकर आए सांसद अपने वोट के माध्यम से करते हैं। संविधान के अनुच्छेद – 54 में इसका वर्णन है।

283. (3) संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी तथा देवनागरी लिपि को स्वीकार किया गया है। अनुच्छेद 345 में राज्य की राजभाषाओं का उल्लेख किया गया है। अनुच्छेद 347 के अंतर्गत किसी राज्य की जनसंख्या के किसी अनुभाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष प्रावधान है। अनुच्छेद 348 में उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों में प्रयोग की जाने वाली भाषा के संबंध में उपबंध है।

284. (1) 'नगर निगम' भारत में प्राय: बड़े शहरों में स्थानीय शासी निकाय के रूप में होते हैं। नगर निगम का अध्यक्ष 'महापौर' होता है।

285. (3) 24 अप्रैल, 1993 में पंचायती राज व्यवस्था को संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 के माध्यम से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। पंचायती राज को संविधान की 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध कर कुल 29 विषय को शामिल किया गया।

286. (1) केन्द्रीय सतर्कता आयोग (CVC) केन्द्र सरकार, में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक प्रमुख संस्था है। सन् 1964 में संथानम समिति की सिफारिश पर इसका गठन हुआ था। यह एक सांविधिक संस्था है, जिसमें एक केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) व दो या दो से कम सतर्कता आयुक्त होते हैं। केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त के वेतन, भत्ते एवं अन्य सेवा शर्ते संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के समान ही होती है और सतर्कता आयुक्त की संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के समान।

287. (2) शिक्षा का अधिकार अधिनियम 4 अगस्त, 2009 को संसद द्वारा पारित किया गया 1 अप्रैल, 2010 से यह भारत के जम्मू कश्मीर राज्य को छोड़कर संपूर्ण भारत में लागू हुआ। इसकी परिकल्पना 6–14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चों को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा मुहैया कराने के लिए की गई है।

288. (3) लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का सबसे बुनियादी परिणाम 'नागरिकों के प्रति जवाबदेही' है। लोकतंत्र की सबसे सुंदर परिभाषा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने दिया था, उन्होंने लोकतंत्र को 'जनता के लिए, जनता के द्वारा, जनता का शासन' बताया। इस प्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनभावनाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है तथा शासन को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाया जाता है।

289. (2) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (c) सभी नागरिकों को "संस्थाएँ और संघ" का निर्माण करने का अधिकार प्रदान करता है। हालांकि राज्य अनुच्छेद 19 के उपबंध (4) के अंतर्गत, भारत की प्रभुता और अखण्डता या नैतिकता, सार्वजनिक सुव्यवस्था के हित में इस अधिकार पर कानून द्वारा उचित सीमाएँ लगा सकता है।

290. (1) एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी को 'चुनाव चिन्ह (आरक्षण और आबंटन) आदेश, 1968' में सूचीबद्ध मानदण्ड के अनुरूप राज्य या राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है। यदि कोई राजनीतिक पार्टी नवीनतम आम चुनाव में न्यूनतम तीन विभिन्न राज्यों में लोक सभा की 2 प्रतिशत सीट जीत लेती है, या लोक सभा या विधान सभा चुनाव में न्यूनतम चार राज्यों में कुल वैध मतों का 6 प्रतिशत मत प्राप्त करने के अतिरिक्त लोक सभा की चार सीटें जीत लेती है, या न्यूनतम चार राज्यों में राज्य पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त कर लेती है तो उसे राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्रदान की दी जाती है।

291. (4) 44वाँ संशोधन अधिनियम, 1978 राष्ट्रपति को किसी विषय को पुनर्विचार के लिए मंत्रिमण्डल के पास वापस भेजने की शक्ति प्रदान करता है। हालांकि, ऐसे पुनर्विचार के बाद राष्ट्रपति को दी गई सलाह के अनुसार कार्य करना पड़ता है। इससे पूर्व राष्ट्रपति को मंत्रिमण्डल द्वारा दी गई सलाह के अनुसार कार्य करना पड़ता था।

292. (2) भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे.एस. खेहर ने 25 जुलाई, 2017 को नई दिल्ली में संसद के केन्द्रीय भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में रामनाथ कोविन्द को भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। कोविन्द ने प्रणब मुखर्जी का स्थान ग्रहण किया, जिनका राष्ट्रपति के रूप में एकमात्र कार्यकाल 24 जुलाई, 2017 को समाप्त हो गया।

293. (3) भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त प्रारंभिक कथन है जो दस्तावेज के सिद्धांतों और मार्गदर्शक उद्देश्यों को प्रदर्शित करता है और यह उस स्रोत का संकेत करता है जहाँ से दस्तावेज को प्राधिकार प्राप्त हुआ है। यह बताता है कि संविधान को इसकी प्रभुता भारत के लोगों से प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त यह न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व जैसे उद्देश्यों को स्पष्ट करता है। हालांकि, यह न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है।

294. (3) मौलिक अधिकार : अमेरिकन बिल ऑफ राइट्स, राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त : आयरलैंड का संविधान, संसदीय सरकार : ब्रिटिश संविधान, केन्द्र - राज्य संबंध : कनाडा का संविधान।

295. (2) लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर आधारित है जो पार्टी वर्तमान में सत्ता में होती है उसके हार जाने की संभावना

होती है। चुनाव लोगों को वर्तमान शासकों को बदलने का अवसर और नए शासक को चुनने का मौका प्रदान करता है। समानता के आधार पर सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार है। चूंकि सरकार लोगों द्वारा निर्वाचित की जाती है, अत: लोकतंत्र लोगों द्वारा, लोगों के लिए, लोगों की सरकार के रूप में प्रसिद्ध है।

296. (4) सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त 2017 में कहा कि निजता एक मौलिक अधिकार है जो संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रत्याभूत जीवन और निजी संपत्ति के अधिकार का एक अभिन्न अंग है। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय ने एम. पी. शर्मा (1958) और खड़क सिंह (1961) दोनों के मामले में दिए गए निर्णय को रद्द कर दिया जिसमें कहा गया था कि निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अंतर्गत संरक्षित नहीं है।

297. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 263 के प्रावधानों के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा स्थापित अन्तर-राज्यीय परिषद् एक अस्थायी संवैधानिक निकाय है। इस परिषद् का निर्माण राज्य के मध्य विवाद, सामान्य हित के मुद्दों, नीतियों की जाँच या विचार विमर्श करने हेतु किया गया है।

298. (4) 3 दिसम्बर, 1989 को अपने पहले संदेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री वी पी सिंह ने संविधान में संशोधन करके सूचना का अधिकार कानून बनाने तथा शासकीय गोपनीयता अधिनियम में संशोधन करने की घोषणा की। सूचना का अधिकार अधिनियम भारत की संसद द्वारा पारित एक कानून है जो 12 अक्टूबर, 2005 को लागू हुआ।

299. (3) मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को की गई थी।

300. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गई है धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय लोकसभा का अध्यक्ष करते हैं।

301. (2) राज्यपाल को राज्य के मुख्य न्यायाधीश शपथ दिलाते हैं।

302. (2) राष्ट्रपति के चुनाव सम्बन्धी विवाद का निपटारा उच्चतम न्यायालय करता है।

303. (3) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं जिनमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं।

304. (4) बलवंत राय मेहता समिति का गठन 'पंचायती राज व्यवस्था' को मजबूती प्रदान करने के लिए वर्ष 1956 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में किया गया था। त्रिस्तरीय पंचायत का सुझाव बलवंत राय मेहता समिति ने दिया।

305. (2) लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी उच्चतर सिविल सेवाओं के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित, भारत का अग्रणी संस्थान है यह मसूरी (उत्तराखण्ड) में स्थित है।

306. (3) 44वाँ संविधान संशोधन 1978 में मूल अधिकारों की सूची से संपत्ति का अधिकार समाप्त किया गया और इसे केवल विधिक अधिकार बनाया गया।

307. (2) डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों के अधिकार को संविधान की आत्मा कहा। अनुच्छेद 32 के तहत उपबन्धित संवैधानिक उपचारों का अधिकार एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मूल अधिकार है।

308. (3) राष्ट्रपति के निधन अथवा त्यागपत्र के बाद 6 महीनों के अन्दर राष्ट्रपति चुनाव पूरा हो जाना चाहिए।

309. (2) भारत के राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के कार्यपालक अध्यक्ष होते हैं। राष्ट्रपति भारत देश के प्रथम नागरिक हैं। भारत का कोई नागरिक जिसकी उम्र 35 साल या अधिक हो वह एक राष्ट्रपति बनने के लिए उम्मीदवार हो सकता है।

310. (2) भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल 22 भाषा को शामिल किया गया है।

ये निम्न है-

असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला, बोड़ो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत, सिंधि, हिंदी।

311. (1) केन्द्रीय वेतन आयोग केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमान, सेवा निवृति के लाभ और अन्य सेवा शर्तों संबंधी मुद्दों पर विचार करने के लिए समय-समय पर गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग का अब तक गठन किया जा चुका है।

312. (4) भारत का संविधान, संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ।

313. (2) लोक सभा का सचिवालय संसदीय मामले के मंत्री की सीधी देख-रेख में कार्य करता है।

314. (2) सम्पूर्ण भारत को प्रशासन की दृष्टि से 5 भागों में विभाजित किया गया, इसकी बैठक की अध्यक्षता गृहमंत्री ने की।

315. (3) राष्ट्रपति अनुपस्थित हो एवं उपराष्ट्रपति भी देश से बाहर हो तो राष्ट्रपति का कार्यभार भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सम्भालेगा।

316. (1) भारतीय लोकसेवक को सुरक्षा प्रदान करने की बात अनुच्छेद 311 में कही गई है।

317. (4) स्वायत्त शासन की इकाईयों के रूप में ग्राम पंचायतों का गठन अनुच्छेद 40 में निहित है।

318. (1) जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर जिले का मुख्य कार्यकारी, प्रशासनिक और राजस्व अधिकारी है। वह जिले में कार्य कर रहीं विभिन्न सरकारी एजेंसियों के मध्य आवश्यक समन्वय की स्थापना करता है।

319. (2) भारत में 29 राज्य और दो केन्द्र शासित प्रदेशों (दिल्ली और पुदुचेरी) की प्रत्येक सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री कहलाता है। राज्य सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री कहलाता है। राज्य का वास्तविक कार्यपालिका प्रधान मुख्यमंत्री होता है।

320. (3) राज्य स्तर पर सरकार के तीन घटक है मंत्री, सचिव, और कार्यकारी प्रमुख, कार्यकारी प्रमुख के कार्यालय को निर्देशालय का नाम दिया गया है। निदेशालय राज्य सचिवालय के अधीन कार्य करता है।

321. (1) विधान सभा जिसे भारत के विभिन्न राज्यों में निचला सदन (द्विसदनीय राज्यों में) या सोल हाउस (एक सदनीय राज्यों में) भी कहा जाता है। 7 द्विसदनीय राज्यों में ऊपरी सदन को विधान परिषद कहा जाता है। विधानसभा के सदस्य सामान्यत: 5 वर्ष के लिए चुने जाते हैं।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

322. (1) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा है। राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं। जिसमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं। राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं।

323. (4) भारत की मूल प्रशासनिक इकाई ब्लॉक है। ब्लॉक, ग्राम पंचायत और जिला परिषद के मध्य कड़ी होती है। इस संस्था का विभिन्न राज्यों में भिन्न नाम है। उदाहरण के लिए गुजरात में तालुका, कर्नाटक में महल पंचायत के नाम से जाना जाता है।

324. (1) पंचायत समिति तहसील के रूप भारत में सबसे को स्थानीय इकाई होती है यह इस तहसील के सभी गाँवों पर समान रूप से कार्य करती है। इसको प्रशासनिक ब्लॉक भी कहते हैं। ग्राम पंचायत का चुनाव में उम्मीदवार की उम्र कम से कम 21 वर्ष की होनी चाहिए। ग्राम पंचायत के चुने गए उम्मीदवार का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।

325. (3) जिला मजिस्ट्रेट पद का सृजन 1772 में वॉरन हेस्टिंग्स ने किया था। जिला मजिस्ट्रेट जिले का मुख्य कार्यकारी, प्रशासनिक और राजस्व अधिकारी है। वह जिले में कार्य कर रही विभिन्न सरकारी एजेंसियों के मध्य आवश्यक समन्वय की स्थापना करता है। जिला मजिस्ट्रेट के निवास स्थान को समाहरणालय कहा जाता है।

326. (3) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 में पंचायत समिति का अस्तित्व ब्लॉक स्तर पर रखा गया। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई।

327. (3) 73वाँ संविधान संशोधन 1992 के अनुसार 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं।

328. (3) 73वें संविधान संशोधन संशोधन 1992 में पंचायत के तीन स्तर रखने की सिफारिश की गई। तीन स्तर-ग्राम पंचायत तहसील, ब्लॉक।

329. (4) राजेन्द्र प्रसाद (जन्म 3 दिसम्बर 1884-28 फरवरी 1963) भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अपना योगदान दिया था। इनका राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल 26 जनवरी 1950 से 14 मई, 1962 तक रहा।

330. (2) भारत के राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के कार्यपालक अध्यक्ष होते हैं, भारत का राष्ट्रपति भारत देश का प्रथम नागरिक होता है। रामनाथ कोविन्द भारत के 14वें राष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।

331. (3) न्यायिक समीक्षा विधायिका और कार्यपालिका के कार्यों के व्यापक अधिकार क्षेत्र के साथ भारत की एक स्वतंत्र न्यायपालिका है न्यायिक समीक्षा को सिद्धान्त के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। जिसके तहत न्यायपालिका द्वारा विधायी और कार्यपालिका के कार्यों की समीक्षा की जाती है।

332. (4) भारत में राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का पद कार्यकारिणी में दूसरा सबसे बड़ा पद होता है भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा के अध्यक्ष के तौर पर विधायी कार्यों में भी हिस्सा लेता है। भारत के वर्तमान उपराष्ट्रपति श्री वैंकेया नायडू हैं उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचक गण के सदस्यों के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा और ऐसे निर्वाचन में मतदान गुप्त होगा।

333. (2) संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन की सिफारिश पर किया गया था जिसने 1946 में भारत का दौरा किया। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन हाल (अब संसद भवन) में हुई थी। श्री सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष निर्वाचित किए गए थे डॉ राजेन्द्र प्रसाद बाद में संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष बने।

334. (2) भारत राज्यों का एक संघ है यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है। जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को ग्रहण किया गया और 26 जनवरी, 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारत की संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से ली गई है।

335. (2) मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 में किया गया है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार अमेरिका के संविधान से लिए गए हैं। मौलिक अधिकार वे मूलभूत अधिकार होते हैं जो किसी व्यक्ति के जीवनयापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदान किए जाते हैं। संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है।

336. (3) झारखंड भारत का एक राज्य है जिसकी राजधानी राँची है। झारखंड को 15 नवम्बर, 2000 में बिहार से अलग करके बनाया गया झारखंड पूर्व में पश्चिम बंगाल से, पश्चिम में उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से, उत्तर में बिहार से और दक्षिण में उड़ीसा से घिरा है।

337. (1) भारत का उच्चतम न्यायालय या भारत का सर्वोच्च न्यायालय भारत का शीर्ष न्यायिक प्राधिकरण है जिसे भारतीय संविधान के भाग 5 अध्याय 4 के तहत स्थापित किया गया है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष होती है।

338. (2) सांसद, संसद मतदाताओं का प्रतिनिधि होता है। लोकसभा के सदस्यों को सभी भारतीय राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों के निर्वाचन क्षेत्रों में लोकप्रियता या बहुमत के आधार पर वह चुना जाता हैं लोकसभा के चुनाव लड़ने के लिए सदस्य की उम्र कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए।

339. (4) भारत सरकार अधिनियम 1935 से भारतीय संविधान की रचना पर सर्वाधिक गम्भीर प्रभाव पड़ा। इस अधिनियम में कुल 321 धाराएँ एवं 10 सूचियों का समावेश था। इसके द्वारा केन्द्र में द्वैधशासन की व्यवस्था की गई थी।

340. (2) संघ लोक सेवा आयोग भारत के संविधान द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है संविधान के अनुच्छेद 315-323 में एक संघीय लोक सेवा आयोग और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान है। आयोग के सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति होते हैं। संघ लोक सेवा आयोग के वर्तमान अध्यक्ष विनय मित्तल है।

341. (3) राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि है राज्य सभा में 250 सदस्य होते हैं जिनमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं। राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं।

342. (4) जब एक विधेयक संसद द्वारा पारित होकर राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है तो वह विधेयक को अपनी स्वीकृति देता है विधेयक को सुरक्षित रखता है। विधेयक को संसद के पुनर्विचार के लिए लौटा देता है। विधेयक को संसद के पुनर्विचार के लिए लौटा देता है। विधेयक पर कार्यवाही की सीमा तय नहीं है।

343. (1) भारत में सभी राज्यों में महाधिवक्ता होते है। जो विधिक मामलों में न्यायालय या सरकारों को सलाह देने का काम करता है। इसकी नियुक्ति राज्यपाल करता है। संविधान (अनुच्छेद 165) में राज्य के महाधिवक्ता की व्यवस्था की गई है।

344. (4) बहुसंख्यकों का शासन लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है।

345. (4) सर्वप्रथम महिलाओं को मत देने का अधिकार इंग्लैंड में प्राप्त हुआ।

346. (3) चुनाव अभियान के आखिरी चरण को मतगणना कहतें हैं।

347. (4) चुनाव के लिए चुनाव चिह्न निर्वाचन आयोग आवंटित करता है।

348. (4) इनमें से कोई नहीं; राष्ट्रपति का निर्वाचन लोकसभा, राज्य सभा एवं विधान सभा के निर्वाचित सदस्य करते हैं।

349. (1) भारतीय संविधान के 42 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1976 में) द्वारा राष्ट्रपति के आपात् कालीन अधिकारों में परिवर्तन किया गया। इसके अनुसार,

(i) राष्ट्रपति पूरे देश के साथ-साथ अब देश के किसी एक भाग में भी अनुच्छेद - 352 के तहत आपात् की घोषणा कर सकेगा।

(ii) अनुच्छेद-356 के तहत राज्यों में आपात घोषणा के पश्चात् संसद द्वारा अनुमोदन के बाद छः महीने लागू रह सकती थी। अब यह एक वर्ष तक लागू रह सकती है।

350. (2) संसद के दोनों सदनों में मतभेद हो जाने की स्थिति में जब लोक सभा राज्य सभा की संयुक्त बैठक बुलाई जाती है तो उसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ही करता है।

351. (1) लोकतंत्र का आशय यह है कि शासन की शक्ति किसी व्यक्ति या वर्ग-विशेष के हाथों में नहीं, वरन् समस्त जनता के पास है।

352. (3) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं रूस में व्यस्क आयु 18 वर्ष है, जबकि भारत में आयु 21 वर्ष थी। परंतु भारत में 61 वाँ संविधान संशोधन (1988 में) करके मताधिकार की आयु 18 वर्ष कर दी।

353. (4) भारतीय संविधान की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं–

(i) लिखित एवं निर्मित संविधान है,

(ii) विश्व का सबसे बड़ा संविधान है,

(iii) संविधान में एक प्रभावशाली एवं प्रेरणा स्रोत प्रस्तावना है,

(iv) भारतीय संविधान में विभिन्न संविधानों का समावेश है,

(v) कठोर तथा लचीलेपन का संविधान में समन्वय है,

(vi) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न राज्य है,

(vii) लोकतन्त्रात्मक राज्य है,

(viii) गणतन्त्र राज्य है,

(ix) संसदीय सरकार है,

(x) समाजवादी व्यवस्था है,

(xi) धर्मनिरपेक्ष राज्य है,

(xii) संघात्मक व्यवस्था तथा एकात्मक व्यवस्था का समन्वय है,

(xiii) एकीकृत न्याय व्यवस्था है,

(xiv) व्यस्क एवं सार्वजनिक मताधिकार है।

354. (1) ब्रिटेन में कोई लिखित संविधान नहीं है। संवैधानिक प्रलेख, अभिसमय तथा राजनैतिक परम्परायें ही इस हेतु उसकी मूल्यावान धरोहर है। अपनी इसी अपूर्व सम्पत्ति के बल पर वह किसी भी देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं को चुनौती दे सकती है।

355. (3) लोकतंत्र की सफलता नागरिकों को विवेकपूर्ण सहभागिता पर निर्भर करती है। यह वह राजनीति व्यवस्था है जिसमें मतदाता चुनाव के द्वारा अपने प्रतिनिधि चुनते हैं और से चुने हुए प्रतिनिधि संसद में बैठकर कानून बनाते हैं और उस कानूनों के द्वारा शासन चलाते हैं। इस पद्धति में शासन जन-सहमति पर आधारित होता है।

356. (3) संघ राज्य की विशेषता इकहरी शासन नहीं है।

357. (1) संघ सरकार का उदाहरण संयुक्त राज्य अमेरिका है।

358. (3) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीमती इंदिरा गाँधी के निर्वाचन को अवैध करार दिया था।

359. (4) संसद देश के वर्तमान कानून में संशोधन कर सकती है।

360. (2) 'विदेश में घुसने का अधिकार' मौलिक अधिकार नहीं है।

361. (4) मौलिक अधिकार के रक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय कार्य करता है।

362. (1) आपातकाल में नागरिकों के मौलिक अधिकार स्थगित किये जाते हैं।

363. (4) भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या 10 है।

364. (3) भारतीय संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को 6 मौलिक अधिकार प्रदान किये गये हैं। संविधान में मूल रूप से 7 मूल अधिकारों को स्थान दिया गया था, लेकिन 44 वें संविधान द्वारा सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को कानूनी अधिकार बना दिया गया, जिससे केवल छः मूल अधिकार रह गए।

(i) समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)

(ii) स्वातंत्र्य अधिकार (अनुच्छेद 19-22)

(iii) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)

(iv) धार्मिक स्वतन्त्रता (अनुच्छेद 25-28)

(v) संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)

(vi) सांविधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32-35)

365. (4) 86 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (2002ई॰) द्वारा देश के 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देने संबंधी प्रावधान किया गया।

366. (2) 61वें संवैधानिक संशोधन द्वारा अनुच्छेद 326 में संशोधन करके लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के चुनाव में मतदान करने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गयी।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

367. (1) भारतीय लोक सभा में अनुसूचित जातियों के लिए 79 सीट आरक्षित है जबकि अनुसूचित जनजाति के लिए 40 सीटें आरक्षित हैं।

368. (1) भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है।

368. (2) 15 नवम्बर, 2000 को

370. (3) 19 अगस्त, 1947 को गठित भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को बनाया गया।

371. (4) भारतीय संविधान का निर्माण एक संविधान सभा द्वारा 2 वर्ष 11 महीने तथा 18 दिन में किया गया था।

372. (2) 26 नवम्बर, 1949 को ही अन्तिम पारित संविधान पर सभापति तथा उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर हुए। इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार कर लिया।

373. (3) 42वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा संविधान के भाग IV(क) के अनुच्छेद 51 (क) में दस मौलिक कर्तव्यों का समावेश किया गया।

374. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद (25 - 28) में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का प्रावधान किया गया है।

375. (4) बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट वैयक्तिक स्वतंत्रता का आधार माना जाता है।

376. (4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द 1976 में 42 वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए।

377. (2) भारत में प्रत्यक्ष लोकतन्त्र की स्थापना न करके अप्रत्यक्ष लोकतन्त्र की स्थापना की गई है।

378. (1) चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है।

379. (3) भारत का प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन (25 मार्च, 1950 से 19 दिसम्बर, 1958) थे।

380. (2) भारत में राष्ट्रपति संघीय कार्यपालिका का प्रधान होता है।

381. (2) यू. एस. ए. एक गणराज्य है क्योंकि वहाँ का प्रधान राष्ट्रपति होता है। गणराज्य (गणतंत्र) शब्द का अभिप्राय है कि अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होता है।

382. (4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 61 में राष्ट्रपति पर महाभियोग का प्रावधान है।

383. (2) भारत में कुल 28 राज्य हैं।

384. (2) लोकसभा का प्रधान (नेता) प्रधानमंत्री होता है।

385. (3) भारतीय विदेश सेवा केन्द्रीय सेवाएँ के अंतर्गत आता है, जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवाएँ, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा अखिल भारतीय सेवाएँ के अंतर्गत आता है।

386. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 110 में धन विधेयक का प्रावधान है।

387. (2) लोक सभा की अधिकतम संख्या 552 से अधिक नहीं हो सकती जिसमें 530 सदस्य राज्यों, 20 सदस्य केन्द्र शासित प्रदेशों तथा 2 सदस्य आंग्ल - भारतीय समुदाय से होते हैं।

388. (1) द्विसदनात्मक व्यवस्था संसदीय प्रणाली का एक आवश्यक तत्व है जिसमें उच्चसदन (राज्य सभा) तथा निम्न सदन (लोक सभा) आते हैं।

389. (1) न्यायिक पुनर्विलोकन का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को है। वह कार्यपालिका, तथा व्यवस्थापिका के द्वारा बनाए गए मौलिक अधिकारों सम्बन्धी कानूनों का पुनर्निरीक्षण कर सकता है।

390. (1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति अंतर्निहित है।

391. (3) उच्च न्यायालय अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित रिट बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा और उत्प्रेषण जारी करता है।

392. (1) महाभिवक्ता की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

393. (2) भारत सरकार का प्रथम कानून अधिकारी महान्यायवादी है।

394. (1) वर्तमान समय में इंग्लैण्ड (ब्रिटेन), फ्रांस, इटली, जापान, नॉर्वे, स्वीडन, हॉलैण्ड, बेल्जियम आदि देशों में एकात्मक शासन व्यवस्था है।

395. (4) के. सी. हवीयर ने भारतीय संविधान को अर्द्ध - संघात्मक कहा है।

396. (2) जिला नियोजन समिति (जिला नियोजन सम्बन्धी) प्रावधान 74 वाँ संविधान संशोधन में किया गया है।

397. (1) भारत में स्थानीय स्वशासन को लॉर्ड रिपन को कहा जाता है।

398. (3) अशोक मेहता समिति और एल. एम. सिंघवी समिति पंचायती राज से संबंधित हैं।

399. (2) भारत में राष्ट्रीय आपातकाल में 1975 में लगाया गया था।

400. (3) संविधान संशोधन का प्रावधान अनुच्छेद 368 में दिया गया है।

401. (2) संविधान की मूल संरचना के सिद्धांत का प्रतिपादन केशवानन्द भारती मुकदमे में किया गया था।

402. (1) संविधान का 42वाँ संशोधन (1976) तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने लाया था।

403. (2) संविधान के अनुच्छेद 3 में नए राज्यों के गठन का प्रावधान है।

404. (3) 'विधि के शासन' का प्रतिपादन ए. वी॰ डायसी ने किया था।

405. (2) 19 दिसम्बर, 1953 के संकल्प द्वारा भारत सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना की।

406. (3) योजना आयोग गैर–संवैधानिक संस्था है। योजना आयोग का गठन 15 मार्च, 1950 को हुआ।

407. (2) राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 6 अगस्त, 1952 को हुआ था।

408. (2) भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था सोवियत संघ (रूस) से लिया गया।

409. (3) योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

410. (1) भारत में चौथा आम चुनाव फरवरी, 1967 में हुआ था।

411. (4) संविधान के अनुच्छेद 360 में वित्तीय आपात काल का प्रावधान है।

412. (4) गोलकनाथ मुकदमे, गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967) से संबंधित है।

413. (2) भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में की गई।

414. (3) सूचना का अधिकार 2005 में अधिनियम बना।

415. (1) 15 नवम्बर, 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन हुआ।

416. (2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के अन्तर्गत जम्मू-कश्मीर को विशेष

417. (4) जम्मू-कश्मीर का संविधान 1957 में लागू किया गया।

418. (2) नेशनल कांफ्रेंस जम्मू – कश्मीर का क्षेत्रीय दल है।

419. (3) राजीव गाँधी के बाद भारत का प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह (2 दिसम्बर, 1989 से 10 नवम्बर, 1990) बने।

420. (2) प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राज्य सभा में असम राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।

421. (2) बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम थे। वर्तमान अध्यक्ष मायावती हैं।

422. (3) पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन अनुच्छेद 340 के तहत किया गया है।

423. (*) भारत में एकल नागरिकता ब्रिटेन से लिया गया। इसमें चारों विकल्प गलत हैं।

424. (2) आठवीं अनुसूची के अनुच्छेद 344 व 351 में भाषा संबंधी प्रावधान है। पाँचवीं अनुसूची निर्दिष्ट क्षेत्रों के प्रशासन व नियंत्रण से संबंधित है। दसवीं अनुसूची संसद सदस्यों व राज्य विधानसभा सदस्यों के कर्तव्यविरोधी प्रावधानों से संबंधित है। बारहवीं अनुसूची नगरपालिका से संबंधित है।

425. (3) सुप्रीम कोर्ट या भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना 26 जनवरी 1950 को हुई थी। यह तिलक मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है। वर्तमान भवन में आने से पहले सुप्रीम कोर्ट अपनी कार्यवाही का संचालन संसद भवन से करता था।

426. (1) 1920 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य पार्टी कांग्रेस ने लोगों से भाषा के आधार पर क्षेत्रों के गठन का वादा किया था। स्वतंत्रता के पश्चात् वादा न निभाने पर कई स्थानों पर आंदोलन हुए। 15 दिसंबर 1952 को तेलुगु भाषी क्षेत्र की मांग कर रहे। पोट्टी श्रीरामुल्ला की 58 दिन की भूख हड़ताल के बाद मृत्यु से हुए आंदोलन के उग्र रूप धारण करने से सरकार को विवश होकर । अक्टूबर 1953 को भाषा के आधार पर आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना करनी पड़ी।

427. (2) राज्यसभा संसद का ऊपरी सदन है। भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है।

428. (3) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता प्रथा का उन्मूलन करता है और किसी भी रूप में उसके आचरण को निषिद्ध करता है। अनुच्छेद 17 के उपबंध के अनुसार, "अस्पृश्यता से उपजी किसी निर्योग्यता को लागू करना अपराध होगा" जो विधि के अनुसार दण्डनीय होगा।

429. (2) भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सर्वप्रथम 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा संशोधित किया गया। मूल प्रस्तावना में भारत को "प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य" के रूप में वर्णित किया गया था। 42वें संविधान संशोधन द्वारा परिवर्तन करते हुए इसे "प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य" कर दिया गया। इस प्रकार, 42वें संशोधन के साथ ही उद्घोषणा द्वारा यह स्पष्ट हो गया कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।

430. (4) संसद के दो अधिवेशनों (या सत्रों) के मध्य छः महीने से अधिक का अन्तराल नहीं होना चाहिए, अधिक अन्तराल होने की स्थिति में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 85 राष्ट्रपति को संसद के प्रत्येक सदन की बैठक बुलाने की शक्ति प्रदान करता है। अतः संसद के दो अधिवेशनों के मध्य छः महीने से अधिक का अन्तराल नहीं होना चाहिए। एक वर्ष में संसद की न्यूनतम दो बैठकें अवश्य होनी चाहिए।

431. (3) पंचायती राज व्यवस्था को सर्वप्रथम 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में लागू किया गया था। त्रि-स्तरीय शासन प्रणाली का उद्घाटन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा किया गया था। राजस्थान के बाद आंध्र प्रदेश ने भी 1959 में इस व्यवस्था को लागू किया।

432. (1) भारत के महान्यायवादी को भारत के सभी न्यायालयों में सुनवाई के साथ-साथ संसद की कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार है। भारत के महान्यायवादी को संसद के दोनों सदनों, जिसमें संयुक्त बैठक भी शामिल है, की कार्यवाहियों में भाग लेने और बोलने का अधिकार है। हालांकि, वह संसद में वोट नहीं दे सकता।

433. (3) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 राष्ट्रीय आपातकाल लागू करने से संबंधित है। आपातकाल के दौरान, भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है। स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत दी गई छः स्वतंत्रताएँ स्वतः ही निलंबित हो जाती हैं। इसके विपरीत मूल संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को निलंबित नहीं किया जा सकता।

434. (2) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 16 केन्द्र सरकार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को पदों और नियुक्तियों में आरक्षण देने के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है। इस अनुच्छेद के अनुसार, राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबंधित विषयों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समता होगी।

435. (2) ग्राम सभा का अर्थ है उन सभी व्यक्तियों से युक्त निकाय जिनका नाम ग्राम स्तर पर पंचायत के लिए मतदाता सूची में शामिल है। पंचायती राज के अन्य सभी संस्थान जैसे ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला परिषद् का गठन निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है।

ग्राम पंचायत में सीधे निर्वाचित पंच और नियुक्त सदस्य होते हैं और इसमें अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आनुपातिक सदस्यता आरक्षण शामिल है। जिला परिषद् के सदस्यों को जिले से वयस्क मताधिकार के आधार पर पाँच साल के लिए चुना जाता है। जिला परिषद् का गठन जिले के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से सीधे चुने गए सदस्यों, आँचलिक पंचायतों के अध्यक्ष, विधायक और सांसद द्वारा किया जाता है जो पूरे जिले के एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके निर्वाचन क्षेत्र जिले के अंतर्गत आते हैं।

436. (3) संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत, राज्यों की परिषद् (राज्य सभा) 250 से अधिक सदस्यों से अधिक नहीं हो सकती है, जिनमें से 12 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन व्यक्तियों में से नामित किया जाता है जिनके पास साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक सेवा जैसे मामलों का विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

437. (4) केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठकें भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में की जाती हैं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति में, उप-प्रधानमंत्री (यदि कोई एक है) या वरीयता में रैंक द्वारा निर्णय लिया गया सबसे वरिष्ठ मंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठकें होती हैं।

438. (1) लोकसभा भारत के द्विसदनीय संसद का निचला सदन है, जिसमें उच्च सदन राज्य सभा है। राष्ट्रपति के साथ मिलकर दोनों सदन भारत की संसद का गठन करते हैं।

439. (2) परमादेश (मैंडमस) के रिट का अर्थ है "हम आज्ञा देते है"। यह रिट एक सार्वजनिक अधिकारी, सार्वजनिक निकाय, निगम, अवर न्यायालय, न्यायाधिकरण या सरकार को अदालत द्वारा जारी एक आदेश है जो उन्हें कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिए कहता है जिसे उन्होंने प्रदर्शन करने से मना कर दिया है।

440. (3) 73वाँ और 74वाँ संवैधानिक संशोधन दिसम्बर 1992 में संसद द्वारा पारित किया गया था। इन संशोधनों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी भारत में स्थानीय स्वशासन की शुरुआत की गई थी। अधिनियम 24 अप्रैल, 1993 को संविधान (73वाँ संशोधन) अधिनियम, 1992 और 1 जून, 1993 को संविधान (74वाँ संशोधन) अधिनियम, 1992 के रूप में लागू हुआ।

441. (1) राज्य सभा का प्रत्येक सदस्य छः वर्षों के लिए चुना जाता है। राज्य सभा एक स्थायी निकाय है और विघटन के अधीन नहीं है। हालांकि, हर तीसरे वर्ष इसके एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, और उनकी जगह नव निर्वाचित सदस्य आ जाते हैं।

442. (2) संविधान के अनुच्छेद 100 के अनुसार, संसद के किसी भी सदन की बैठक आयोजित करने का कोरम सदन के कुल सदस्यों की संख्या का दसवाँ हिस्सा है।

- राज्य सभा की कुल सदस्यता 245 है, इसलिए, इसकी बैठक का आयोजन करने के लिए 25 सदस्यों की उपस्थिति कोरम के लिए पर्याप्त है।

443. (2) 14 सितम्बर, 1949 को, हिंदी को भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था।

- बाद में 1950 में, भारत के संविधान ने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया।
- हिंदी के अलावा, अंग्रेजी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

444. (1) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के पहले अध्यक्ष (अस्थायी अध्यक्ष) थे, जब 9 दिसम्बर, 1946 को इसकी प्रथम बैठक हुई थी।

- इसके बाद डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष बने, और बाद में भारत के पहले राष्ट्रपति बने।
- इसके उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मुखर्जी थे।

445. (1) छः भारतीय राज्यों, आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश में द्विसदनीय विधानसभाएँ हैं।

- इन राज्यों में, उच्च सदन को राज्य विधान परिषद् (विधान परिषद्) कहा जाता है, जिसके एक तिहाई सदस्य हर दो साल में चुने जाते हैं।
- शेष राज्यों में केवल एक सदन है जिसे विधान सभा के रूप में जाना जाता है।

446. (3) वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है क्योंकि इसकी स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत प्रदान की गई है।

- यह 1951 में अस्तित्व में आया।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो, नीति आयोग, राज्य मानव अधिकार आयोग और केंद्रीय सतर्कता आयोग कुछ गैर-संविधान निकाय है।

447. (3) लोक सभा भारत के द्विसदनीय संसद का निचला सदन है, जिसमें उच्च सदन राज्य सभा है।

- लोकसभा के सदस्य पाँच साल तक या जब तक राष्ट्रपति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा निकाय को भंग नहीं किया जाता है, तब तक उनके सदस्य रहते हैं।
- भारत के संविधान द्वारा आवंटित सदन की अधिकतम शक्ति 552 है।
- वर्तमान में, सदन में 545 सीटें हैं जो 543 निर्वाचित सदस्यों के चुनाव के द्वारा बनाई गई हैं और भारत के राष्ट्रपति द्वारा एंग्लो-इंडियन समुदाय के अधिकतम 2 नामित सदस्य हैं।

448. (4) केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध मौलिक अधिकार इस प्रकार हैं:

- धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध (अनुच्छेद 15);
- सार्वजनिक रोजगार के मामलों में अवसर की समानता (अनुच्छेद 16);
- स्वतंत्रता के संबंध में छः अधिकारों की सुरक्षा: (i) भाषण और अभिव्यक्ति, (ii) विधानसभा, (iii) संगठन, (iv) आंदोलन, (v) निवास, और (vi) पेशे (अनुच्छेद 19);
- अल्पसंख्यकों की भाषा, लिपि और संस्कृति का संरक्षण (अनुच्छेद 29);
- शैक्षिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन के लिए अल्पसंख्यकों का अधिकार (अनुच्छेद 30)।

449. (1) 1976 का चालीसवाँ संशोधन कभी-कभी "लघु-संविधान" या "इंदिरा का संविधान" कहा जाता है।

- इसमें भारतीय संविधान के इतिहास में सबसे व्यापक बदलाव किये गए।
- संविधान के लगभग सभी भागों, जिसमें प्रस्तावना और संशोधन खंड शामिल थे, 42 वें संशोधन द्वारा बदल दिए गए थे और कुछ नए लेख और अनुभाग सम्मिलित किए गए थे।

450. (2) पंचायत समिति (या प्रखंड पंचायत) पंचायती राजव्यवस्था में एक मध्यवर्ती स्तर है जो ग्राम पंचायत (गाँव) और जिला पंचायत (जिला) के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। सरकार द्वारा नियुक्त एक प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत समिति के अधीक्षण और कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करता है। प्रभावी तौर पर, वह इसका प्रशासनिक प्रमुख है।

451. (1) संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम 1992 के अनुसार, स्थानीय स्तर पर पंचायत के चुनाव प्रत्येक पाँच वर्ष पर होते हैं उदाहरणार्थ ग्राम पंचायत के सदस्य प्रत्येक पाँच वर्ष पर ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं। इसी प्रकार, पंचायत समिति पाँच वर्ष की अवधि के लिए चुनी जाती है।

452. (4) संविधान के अनुच्छेद 243 D के उपबंधों (प्रावधानों) के अनुसार, संविधान के भाग IX के तहत पंचायती राज संस्थाओं के $\frac{1}{3}$ स्थान और अध्यक्षों के $\frac{1}{3}$ स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने पंचायतों में महिलाओं के लिए वर्तमान आरक्षण $\frac{1}{3}$ से बढ़ाकर 50% करने की स्वीकृति प्रदान की है।

453. (1) संविधान संशोधन अधिनियम (73वाँ) 1992 में सभी राज्यों में एक त्रिस्तरीय तंत्र का प्रावधान किया गया है : ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती स्तर पर ब्लॉक पंचायत या पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद्। बलवंत राय मेहता आयोग की सिफारिशों के आधार पर भारत में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई।

454. (1) पंचायती राज को सामान्यतः भारत में स्थानीय स्वशासन तंत्र माना जाता है जिसका लक्ष्य है राजनीतिक शक्ति का विकेंद्रीकरण तथा भारतीय प्रशासन में सामान्य जनता की भागीदारी द्वारा आधारिक (मूलभूत) लोकतंत्र की प्राप्ति। यह गाँधी जी की उस विचारधारा के अनुरूप है जिसमें सरकार का विकेंद्रीकरण हो तथा जिसमें प्रत्येक गाँव अपने मामलों के स्वयं उत्तरदायी हों।

455. (3) भारतीय संविधान में कुल 22 भाग, 12 अनुसूचियाँ एवं 444 अनुच्छेद हैं। मूल संविधान में कुल 8 अनुसूचियाँ थी, शेष अनुसूचियाँ बाद में जोड़ी गई विदित है कि भारतीय संविधान 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी, 1950 को यह लागू किया गया।

456. (3) मत देने का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है जोकि भारतीय संविधान के भाग 15 एवं अनुच्छेद 326 के अंतर्गत नागरिकों को प्रदान किया गया है। अनुच्छेद 326 के अंतर्गत सार्वभौम वयस्क मताधिकार का प्रावधान है।

457. (2) सन् 1986 में राजीव गाँधी की सरकार के द्वारा डाक संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित कराया गया तथा उसे राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त करने हेतु तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पास भेजा गया। राष्ट्रपति ने उक्त विधेयक पर अपने पॉकेट वीटो का प्रयोग करते हुए न उस पर अपनी सहमति दी न ही उसे वापस लौटाया। फलतः यह विधेयक कभी भी संशोधित रूप में सामने नहीं आया।

458. (1) भारतीय संविधान की 6ठी अनुसूची में असम, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध है। 6ठी अनुसूची में ही दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद् के संदर्भ में उपबंध है। विदित है कि वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 12 अनुसूचियाँ हैं।

459. (1) संविधान के अनुच्छेद - 263 के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए राष्ट्रपति एक अनतर्राज्यीय परिषद् की स्थापना कर सकता है। पहली बार जून, 1990 में अंतर्राज्यीय परिषद् की स्थापना हुई थी। इसमें निम्न सदस्य होते हैं:-

(i) प्रधानमंत्री
(ii) प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत 6 कैबिनेट स्तर के मंत्री
(iii) सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
(iv) संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक।

460. (2) दसवीं अनुसूची को लोकप्रिय रूप से दलबदल कानून के रूप में जाना जाता है, जिसमें किसी अन्य राजनीतिक दल को दलबदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता के प्रावधान शामिल हैं।

- इसे 52 वें संशोधन अधिनियम 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।

461. (1) चुनाव सुधार के सम्बंध दिनेश गोस्वामी समिति को 1990 में नियुक्त किया गया था। इस समिति की प्रमुख सिफारिशें थीं:

- उपचुनावों की समय सीमा
- निर्दलीय उम्मीदवारों से जमा में वृद्धि।
- नए पत्रों पर विज्ञापनों की जांच और चुनाव आयोग को मजबूत बनाना।
- बूथ कैप्चरिंग धांधली और डराने-धमकाने के लिए विधायी उपायों की एक शृंखला स्थापित किया जाना।
- समिति ने अयोग्यता को प्रतिबंधित करने के लिए दलबदल विरोधी कानून में संशोधन का भी आह्वान किया।

462. (4) लोकसभा का उपसभापति भारतीय संसद के निचले सदन का उप-पीठासीन अधिकारी होता है।

- उपसभापति लोकसभा अध्यक्ष की मृत्यु या बीमारी के कारण छुट्टी या अनुपस्थिति के मामले में पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य करता है।
- उपसभापति लोकसभा के पहली बैठक में लोकसभा के सदस्यों के बीच 5 साल के कार्यकाल के लिए आम चुनाव के बाद चुना जाता है।
- सदन की अध्यक्षता करते हुए, उपसभापति पहले मतदान नहीं कर सकता, वह केवल बराबर मतदान के मामले में वोट डाल सकता है।

463. (1) केवल उन वित्तीय बिलों में, जिनमें संविधान के अनुच्छेद 110 में सूचीबद्ध मामलों पर विशेष रूप से प्रावधान हैं, जिन्हें धन विधेयक कहा जाता है।

- इसे केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है। इसकी शुरुआत से पहले इसे राष्ट्रपति के समक्ष पूर्व सिफारिश की आवश्यकता होती है।
- यह केवल सरकारी विधेयक हो सकता है, निजी विधेयक नहीं।

464. (4) लोकसभा द्वारा पारित धन विधेयक राज्यसभा को भेजे जाते हैं। राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन नहीं कर सकती है, लेकिन संशोधनों की सिफारिश कर सकती है। एक धन विधेयक को 14 दिनों के भीतर लोकसभा में वापस करना होगा या विधेयक को दोनों सदनों में उस रूप में पारित किया जाना माना जाता है जिस रूप में यह मूल रूप से लोकसभा द्वारा पारित किया गया था।

465. (1) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 स्पष्ट रूप से मानव तस्करी और ब्लात् श्रम को प्रतिबंधित और आपराधिक बताता है।

- यह भारत के संविधान के भाग III के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- अनुच्छेद 23 में उल्लिखित अपराधों को बाद के अधिनियमों में रखा गया है - जिसमें 1976 का बंधुआ श्रम उन्मूलन अधिनियम और बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 शामिल है।

466. (4) 2 नवंबर, 1976 के चालीसवाँ संशोधन प्रस्तावना में किया और भारत के इस विवरण को 'संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य' से 'संप्रभु, समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य' में बदल दिया।

- इसने राष्ट्र की एकता और अखंडता के साथ 'राष्ट्र की एकता' शब्दों को भी प्रतिस्थापित दिया।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

467. (2) एक व्यक्ति जो विधायिका का सदस्य नहीं है, उसे मुख्यमंत्री माना जा सकता है बशर्ते कि वह अपनी नियुक्ति की तारीख से छह महीने के भीतर खुद को राज्य विधानमंडल के लिए चुने।

- असफल होने पर वह मुख्यमंत्री बनना बंद कर देंगे।
- भारत का संविधान मुख्य योग्यता निर्धारित करता है, जिसे मुख्यमंत्री के कार्यालय के लिए पात्र होना चाहिए।

468. (1) भारत में संसद सर्वोच्च कानून बनाने वाली संस्था है।

- संसद संविधान के तहत सातवीं अनुसूची में संघ और समवर्ती सूची के तहत इसे आवंटित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर कानून बना सकती है।
- अवशिष्ट शक्तियां संसद में उन मामलों में निहित होती हैं जो विशेष रूप से राज्यों को नहीं सौंपे जाते हैं।

469. (2) प्रस्तावना संविधान के परिचय के रूप में कार्य करती है।

- 1976 में 42 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा इसे संशोधित किया गया, जो भारत को एक सप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के गठन के लिए दृढ़ संकल्पित था।
- यह भारत के सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता प्रदान करता है और लोगों में भाईचारे को बढ़ावा देता है।
- प्रस्तावना में न्याय शब्द तीन अलग-अलग रूपों में है: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, जो मौलिक और नीति निर्देशक सिद्धांतों के विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से सुरक्षित है।

470. (1) प्राक्कलन समिति पहली बार 1920 के दशक में ब्रिटिश काल के दौरान स्थापित की गई थी।

- प्राक्कलन समिति में 30 सदस्य होते हैं।
- ये सभी सदस्य लोकसभा से चुने जाते हैं।
- प्राक्कलन समिति में राज्यसभा का कोई सदस्य नहीं होता है।
- सदस्यों को एकल संक्रमणीय मत पद्धति के माध्यम से और आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांतों द्वारा हर साल लोकसभा सदस्यों के बीच से चुना जाता है।

471. (3) भारतीय संविधान का भाग IVA (अनुच्छेद 51 ए) मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है।

- मौलिक कर्तव्यों को 42 वें और 86 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था।
- मौलिक कर्तव्यों स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों द्वारा जोड़ा गया।
- भारत ने यूएसएसआर से मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा को लिया है।

472. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 में कहा गया है कि भारत का एक प्रधानमंत्री होगा जिसे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

- प्रधानमंत्री कैबिनेट मंत्रियों का नेता होता है।
- सरकार की मुख्य कार्यकारी शक्तियाँ प्रधानमंत्री में निहित होती हैं, जबकि राष्ट्रपति देश का संवैधानिक प्रमुख होता है।

473. (3) संघ सूची भारत के संविधान में सातवीं अनुसूची में दिए गए 100 गिने-चुने विषयों की एक सूची है, जिस पर संसद के पास कानून बनाने की विशेष शक्ति है।

- विधायी भाग को तीन सूचियों में बांटा गया है: संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची।
- स्थानीय स्व-शासन का विषय राज्यों की जिम्मेदारी है इसलिए यह राज्य सूची में आता है।

474. (4) 2019 का भारतीय आम चुनाव 17 वीं लोकसभा का गठन करने के लिए 11 अप्रैल से 19 मई, 2019 तक सात चरणों में आयोजित किया गया था।

- भारतीय जनता पार्टी लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और सरकार बनाई।
- ओम बिड़ला को लोकसभा के स्पीकर के रूप में चुना गया था।
- 17 वीं लोकसभा में 14 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि रही।

475. (1) धार्मिक कार्यों की स्वतंत्रता अनुच्छेद 26 द्वारा सुनिश्चत की जाती है।

- अनुच्छेद 26 प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग को उन अधिकारों का प्रयोग करने का अधिकार देता है जिन्हें वह निर्धारित करता है।
- हालाँकि इस अधिकार का प्रयोग इस तरीके से किया जाना चाहिए जो सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अनुरूप हो।
- अनुच्छेद 23 द्वारा मानव का दुर्व्यापार और बेगार एवं बलात्श्रम को निषिद्ध किया जाता है।
- अनुच्छेद 24 के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा या किसी अन्य खतरनाक रोजगार में नहीं लगाया जाएगा।
- अनुच्छेद 28 के अनुसार राज्य वित्त पोषित शिक्षण संस्थानों में कोई भी धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

476. (4) अनुच्छेद 65 के अनुसार जब राष्ट्रपति अनुपस्थिति, बीमारी या किसी अन्य कारण से अपने कार्यों का निर्वहन करने में असमर्थ होता है, तो उपराष्ट्रपति अपने कार्यों का निर्वहन तब तक करेगा जब तक कि राष्ट्रपति अपने कर्तव्यों को फिर से शुरू नहीं करता।

- अनुच्छेद 62: राष्ट्रपति पद पर व्यक्ति को नियुक्त करने के लिए निर्वाचन का समय और रीतियां।
- अनुच्छेद 63: भारत के उपराष्ट्रपति
- अनुच्छेद 64: उपराष्ट्रपति, राज्यसभा का पदेन सभापति होना
- अनुच्छेद 66: उपराष्ट्रपति का निर्वाचन

477. (3) एक व्यक्ति जब तक उपराष्ट्रपति के रूप में चुनाव के लिए पात्र नहीं होगा:

- भारत का नागरिक है;
- पैंतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है; तथा
- राज्य परिषद के सदस्य के रूप में चुनाव के लिए योग्य है।

- एक व्यक्ति उपराष्ट्रपति के रूप में चुनाव के लिए योग्य नहीं होगा यदि वह भारत सरकार या किसी राज्य या किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के अधीन किसी भी सरकार के नियंत्रण के अधीन लाभ का पद धारण करता है।

478. (4) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को संसद के अवकाश के दौरान अध्यादेश लाने का अधिकार देता है।

- अध्यादेश एक अधिनियम समान प्रभाव वाले अस्थायी कानून हैं।
- एक अध्यादेश ऐसी परिस्थितियों में बनाया जा सकता है जिसमें तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता होती है।
- इसे राष्ट्रपति की महत्वपूर्ण विधायी शक्तियों में से एक माना जाता है।

479. (2) भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मतदान के अधिकार को मान्यता दी गई है।

- इसमें कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है यदि वह वयस्क मताधिकार की आवश्यकता को पूरी करता है यानी वह 18 वर्ष से अधिक आयु का है।
- संविधान के भाग-III के तहत इस अधिकार का उल्लेख नहीं किया गया है, यह मौलिक अधिकार नहीं है।
- चूंकि, इसका उल्लेख भारत के संविधान के तहत किया गया है, भले ही संविधान के भाग-III के तहत नहीं है, यह केवल एक संवैधानिक अधिकार है और मौलिक अधिकार नहीं है।

480. (1) राष्ट्रपति लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति करता है।

- प्रो-टेम स्पीकर को सदन के संचालन के लिए चुना जाता है जब लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हुए रहते हैं और स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के लिए मतदान नहीं हुआ रहता है।
- प्रो-टेम स्पीकर का मुख्य कर्तव्य सदन के नए सदस्यों को पद की शपथ दिलाना है।
- वह सदन को नए स्पीकर का चुनाव करने में सक्षम बनाता है।

481. (2) कर समझौता आयोग एक अर्ध न्यायिक निकाय था, जिसे आयकर अधिनियम 1961 की धारा 245 बी के तहत स्थापित किया गया था।

- इसे प्रत्यक्ष कर जांच समिति (लोकप्रिय वांचू समिति के रूप में जाना जाता है) द्वारा की गई सिफारिशों के परिणामस्वरूप स्थापित किया गया है।
- अर्ध-न्यायिक निकाय एक गैर न्यायिक निकाय है जो कानून की व्याख्या कर सकता है।
- विवाद समाधान के लिए एक वैकल्पिक साधन प्रदान करना इसका उद्देश्य है।
- शासन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तेजी से विवाद समाधान की प्रक्रिया।

482. (3) 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' (हेबियस कॉर्पस) शब्द का लैटिन अर्थ है (हमारा आदेश है कि) आपके पास शरीर है। यह रिट उस अधिकारी के विरुद्ध दायर किया जाता है जिसने किसी व्यक्ति को बंदी बनाकर रखा है। न्यायालय द्वारा कैद करने वाले अधिकारी को यह निर्देश दिया जाता है कि वह गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय में पेश करे।

- "परमादेश" एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है 'हम आदेश देते हैं'। इस रिट का उपयोग अदालत द्वारा सार्वजनिक अधिकारी को आदेश देने के लिए किया जाता है जो अपने कर्तव्य को निभाने में विफल रहा है या अपने कर्तव्य को करने से इनकार कर दिया है, ताकि वह अपना काम फिर से शुरू कर सके।
- "निषेधाज्ञा" का अर्थ है 'मना करना या बंद करना' और आम बोलचाल में इसे 'स्टे आर्डर' के रूप में जाना जाता है। एक अदालत जो स्थिति में उच्च होती है, एक अदालत के खिलाफ निषेधाज्ञा रिट करती है, जो बाद में अपने अधिकार क्षेत्र को पार करने से रोकने के लिए स्थिति में कम होती है या एक अधिकार क्षेत्र को रोकती है जो इसके पास नहीं है। यह निष्क्रियता को निर्देशित करता है।
- "उत्प्रेषण" एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ 'सूचित करने के लिए' है। यह रिट एक निचली न्यायालय या अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उच्च न्यायालय में जारी किए गए आदेश के खिलाफ है जो या तो उनके साथ लंबित मामले को स्वयं में स्थानांतरित करने या किसी मामले में उनके आदेश को रद्द करने का आदेश देता है।
- "अधिकार पृच्छा" एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है 'किस वारंट द्वारा'। सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक कार्यालय के अवैध रूप से उपयोग को रोकने के लिए यह रिट जारी करता है।

483. (2) कार्यपालिका वह अंग है जो विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों और राज्य की इच्छा को लागू करती है।

- यह सरकार का प्रशासनिक प्रमुख होती है।
- प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति/राज्यपाल सहित मंत्री कार्यकारिणी का हिस्सा होते हैं।

484. (4) भारतीय राष्ट्रपति को भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति करनी होती है।

- राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की नियुक्ति भी करता है और प्रधानमंत्री की सलाह से वह मंत्रिपरिषद को विभागों का वितरण करता है।
- राष्ट्रपति राज्यों के राज्यपालों, महान्यायवादी, मुख्य न्यायाधीश, मुख्य चुनाव आयुक्त, राजदूत और अन्य देशों के उच्चायुक्त को नियुक्त करता है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा एक नियंत्रक और महालेखा परीक्षक नियुक्त किये जाने का प्रावधान हैं।

485. (2) किसी विधेयक को सदन यानी लोकसभा या राज्यसभा में से किसी में भी पेश किया जा सकता है।

- फिर विधेयक को मंजूरी के लिए दूसरे सदन में भेजा जाता है।
- यदि विधेयक दूसरे सदन से पारित हो जाता है, तो उसे राष्ट्रपति के पास उसकी सहमति के लिए भेजा जाता है।
- यदि राष्ट्रपति अपनी सहमति देता है, तो विधेयक एक अधिनियम में परिवर्तित हो जाता है।

486. (2) 42 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा हमारे संविधान के भाग IV-I में मौलिक कर्तव्यों को शामिल किया गया था।

- वर्तमान में हमारे अनुच्छेद 51-ए के तहत हमारे संविधान में 11 मौलिक कर्तव्य हैं, जो वैधानिक कर्तव्य हैं और कानून द्वारा लागू करने योग्य हैं।
- स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर वर्ष 1976 में पारित 42वें संविधान संशोधन के अंतर्गत 10 संविधान संशोधन को रखा गया था। वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा एक और मौलिक कर्त्तव्य को जोड़ा गया।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

487. (4) भारतीय राजनीतिक [illegible] महत्वपूर्ण विशेषताएँ है:
- कठोरता और लचीलापन
- सरकार की संसदीय प्रणाली
- एकात्मक झुकाव के साथ संघीय प्रणाली
- मौलिक अधिकार और मौलिक कर्त्तव्य
- राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
- धर्मनिरपेक्षता
- स्वतंत्र न्यायपालिका

488. (3) भारत वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बना।
- तत्पश्चात, भारत के नागरिकों को मत देने और अपने नेताओं का चुनाव करने का अधिकार दिया गया।
- भारत में वह अपने नागरिकों को उनकी जाति, रंग, पंथ, धर्म और लिंग के बिना किसी भेदभाव के मत देने का अधिकार देता है।
85. (2) पूर्ण सूर्य ग्रहण की स्थिति में चन्द्रमा, सूर्य को पूरी तरह ढक लेता है। आंशिक या वलय सूर्य ग्रहण की स्थिति तब होती है जब चन्द्रमा, पृथ्वी से दूरस्थ स्थिति (अपसौर) में होता है एवं चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह नहीं ढँक पाता। पृथ्वी से देखने पर सूर्य वलयाकार दिखता है एवं बीच का भाग काला दिखाई देता है। आंशिक सूर्य ग्रहण तब होता है जब चन्द्रमा सूर्य के आंशिक भाग को ही ढँक पाता है।

86. (2) जब सूर्य अपसौर की अवस्था में होता है तो यह पृथ्वी से सर्वाधिक दूर होता है। यह 4 जुलाई के आसपास प्रतिवर्ष घटित होता है। अपसौर दूरी लगभग 152,098,000 किलोमीटर होती है। दूरी वास्तव में अन्य ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के चलते वर्ष-दर-वर्ष थोड़ा भिन्न होती है।

87. (2) सौरमंडल के ग्रहों में पृथ्वी का घनत्व सबसे अधिक 5.514 g/cm^3 है। इसे अन्य ग्रहों के मानक के रूप में माना जाता है और इसके संदर्भ में घनत्व को भी मापा जाता है।

88. (1) वायुमंडल में पृथ्वी की सतह से 20 से 50 किमी. की ऊँचाई के बीच ओजोन गैस की परत पाई जाती है, जो सूर्य की पराबैंगनी किरणों का अवशोषण कर हमारी रक्षा करती है।

89. (2) वायुमण्डल की वायु में कार्बन डाइक्साइड की मात्रा 0.03% है। वायु में सबसे अधिक मात्रा नाइट्रोजन का है, उसके बाद ऑक्सीजन, आर्गन और कार्बन डाइऑक्साइड का है।

90. (4) उत्तरी तथा दक्षिणी विषुवतीय रेखीय धाराओं के मध्य पश्चिम से पूर्व दिशा में प्रवाहित होने वाली धारा को प्रति विषुवतीय रेखीय धारा कहा जाता है।

91. (3) पृथ्वी के मानचित्र पर समान वायुदाब के स्थानों से गुजरने वाली काल्पनिक रेखा को 'आइसोबार' कहा जाता है।

92. (4) किसी निश्चत ताप पर निश्चित आयतन वाली हवा की आर्द्रता सामर्थ्य तथा उसमें मौजूद आर्द्रता की वास्तविक मात्रा (निरपेक्ष आर्द्रता) के अनुसार को सापेक्ष आर्द्रता कहते हैं।

93. (1) महाद्विपीय विस्थापन सिद्धांत का प्रतिपादन अल्फ्रेड वेगनर द्वारा सन् 1912 में किया गया। उनके अनुसार कार्बनिक काल के पूर्व विश्व के सभी महाद्वीप एक महान स्थल खंड पेंजिया के रूप में आपस में जुडे हुए थे। पेंजिया के चारों ओर एक विशाल सागर था, जिसे पैंथालासा के नाम से जाना जाता है। पेंजिया के विभाजन के फलस्वरूप अंगारालैंड (उत्तर) एवं गोंडवाना लैंड (दक्षिण) का निर्माण हुआ।

94. (1) पृथ्वी के केन्द्र की परतों का क्रमागत विन्यास–
सिआल(SiAl)–सीमा(SiMa)–निफे(NiFe)

95. (1) भूमध्य सागरीप प्रदेशों का विस्तार दोनों गोलार्द्धों में 30° से 45° के मध्य महाद्वीपों के पश्चिमी तटों पर मिलता है।

यहाँ ग्रीष्म काल सूखा एवं शीत काल आर्द्र होता है। यहाँ पर अंगूर एवं नींबू प्रजातीय फल बड़े पैमाने पर उगाए जाते हैं।

96. (3) पहाड़ों के ऊँचाई वाले भागों में पूर्णतः पर्वतीय वनस्पति का वर्चस्व मिलता है जिसमें सिल्वर फर, वर्च, भोजपत्र, सैज तथा लिचेन के वृक्ष मिलते हैं। इन वृक्षों को अल्पाइन वृक्ष भी कहते हैं। फर वनस्पति मुख्यतः शंकुवृक्ष (कोनिफर) होते हैं।

97. (3) विषुवत रेखीय वन भूमध्य रेखा के 0°–10° उत्तर और दक्षिण में पाए जाते हैं। इस वन क्षेत्र में सभी पेड़ सदाबहार प्रकार के होते हैं। उच्च आर्द्रता तथा तापमान के कारण ये वन बड़े सघन तथा ऊँचे होते हैं जिस कारण सूर्य की किरणें भूमि तक नहीं पहुँच पाती हैं। विषुवत रेखीय वनों में रबड़, महोगनी, एबोनी, नारियल, बांस, सिनकोना, बेंत, आइरनवुड, रोजवुड, इत्यादि पाए जाते हैं।

98. (2) चंद्रमा पृथ्वी कि परिक्रमा 27.3 दिन में पूरा करता है और अपने अक्ष के चारों ओर एक पूरा चक्कर भी 27.3 दिन में लगाता है। यही कारण है कि चन्द्रमा का एक हिस्सा या फेस हमेशा पृथ्वी की ओर होता है।

99. (4) एक जगह की जलवायु को प्रभावित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक कारक हैं: अक्षांश, समुद्र से दूरी, ऊँचाई, भूमि का आकार, समुद्री धाराएँ, प्रचलित पवन, इत्यादि। अपनी धुरी पर पृथ्वी की परिक्रमण गति के कारण सर्दी, बसंत, ग्रीष्म, जैसे मौसम आते हैं। चूंकि पृथ्वी के घूर्णन की धुरी अपने अक्ष से झुकी है, इस कारण पृथ्वी की सतह के विभिन्न भागों में असमान सूर्य की ऊष्मा प्राप्त होती है। इस कारण एक स्थान के जलवायु पर प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी की परिभ्रमण गति रात और दिन के लिए उत्तरदायी होती है।

100. (1) कुछ वर्ष पहले तक सौर मण्डल का नौवाँ ग्रह प्लूटो को माना जाता था, लेकिन प्लूटो द्वारा ग्रह की वो सारी शर्तें पूरी नहीं कर पाने के कारण उसे ग्रह की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। अब प्लूटो को दूसरे सबसे बड़े बौने ग्रह का सम्मान मिल गया है।

101. (1) शीत अयनांत या मकर संक्रांति; पृथ्वी पर तब होता है जब 22 दिसम्बर को दक्षिणी गोलार्द्ध सूर्य के सम्मुख रहता है। जिसमें सूर्य मकर रेखा ($23\frac{1}{2}°$ द.) पर लंबवत चमकता है, जिससे यहाँ ग्रीष्म ऋतु रहती है।

102. (2) पृथ्वी का एक मात्र उपग्रह चन्द्रमा है, इसे पृथ्वी का प्राकृतिक अपग्रह के नाम से भी जाना जाता है, जबकि बृहस्पति, शुक्र, नेप्च्यून सूर्य का ग्रह है।

103. (1) प्रशांत महासागर अमेरिका और एशिया को पृथक करता है। यह विश्व का सबसे बड़ा और गहरा महासागर है।
क्षेत्रफल — 1,61,80,0000 किमी²
औसत गहराई — 4280 मी.

104. (1) सम्पूर्ण पृथ्वी का $\frac{3}{4}$ भाग (लगभग 71%) पर जलमंडल का विस्तार है। उत्तरी गोलार्द्ध का 60.7% और दक्षिणी गोलार्द्ध का 80.9% भाग महासागरों से ढँका है। पृथ्वी पर उपस्थित जल की कुछ मात्रा का 97.5% जल महासागरों में है, जो खारा है। जल राशि का मात्र 2.5% भाग ही स्वच्छ जल या मीठा जल है।

105. (2) पृथ्वी की दो गतियाँ हैं- घूर्णन और परिक्रमण। घूर्णन को दैनिक गति भी कहते हैं जबकि परिक्रमण को वार्षिक गति कहते हैं। पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है, जिसे पृथ्वी की दैनिक गति कहते हैं।

106. (3) समताप मंडल का क्षोभ सीमा के ऊपर 50 किमी की ऊँचाई तक विस्तार पाया जाता है। समतापमंडल में मौसमी हलचल नहीं होने की वजह से यह जेट विमानों के लिए आदर्श उड़ान परिस्थितियों के हालात प्रदान करती है।

107. (2) सूर्य या किसी तारे के चारों ओर परिक्रमा करने वाले खगोल पिण्डों को ग्रह कहते हैं। शुक्र पृथ्वी की तरह ही एक चट्टानी पिंड है। आकार एवं द्रव्यमान में यह पृथ्वी के समान है और अक्सर पृथ्वी की बहन या जुड़वा के रूप में वर्णित किया गया है।

108. (1) टाइटन शनि का उपग्रह या चन्द्रमा है।

109. (2) विभ्रंश घाटी एक स्थलरूप है जिसका निर्माण विवर्तनिक हलचल के परिणामस्वरूप होने वाले भ्रंशन के कारण होता है। ये सामान्यतया पर्वत श्रेणियों अथवा उच्चभूमियों के बीच स्थित लंबी आकृति वाली घाटियाँ होती हैं, जिनमें अक्सर झीलें भी निर्मित हो जाती है।

110. (2) किसी नदी में लहरों की क्रिया के कारण मिट्टी का भाग टूटकर नदी में विलीन हो जाते हैं। मिट्टी या कोमल चट्टानों की सिवाय कड़ी चट्टानों का भी अपक्षय होता है, जिसकी वजह से नदी घाटी चौड़ा होने लगती है।

111. (3) कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान सिक्किम में स्थित है। यह भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान है जिसे 1936 ई. में बनाया गया था। इसमे हिम तेंदुआ, हिमालयी काला भालू, लाल पांडा, फ्लाइंग गिलहरी, जंगली गधा आदि का निवास है।

112. (3) मृदा संरक्षण से तात्पर्य उन विधियों से है जो मृदा को अपने स्थान से हटने से रोकते हैं। संसार के विभिन्न क्षेत्रों में मृदा अपरदन को रोकने के लिए भिन्न-भिन्न विधियाँ अपनाई गई हैं। मृदा संरक्षण की विधियाँ हैं– वनों की रक्षा, वृक्षारोपण, बाँध बनाना, अत्यधिक चराई पर रोक पट्टीदार या सोढ़ीदार कृषि इत्यादि।

113. (2) पतझड़ या पर्णपाती ऐसे पौधों और वृक्षों को कहा जाता है जो हर वर्ष किसी मौसम में अपने पत्ते गिरा देते हैं, जैसे– शहतूत, अनार, आँवला, चंदन, सागौन, शीशम, साल, अमलतास, सेब, अंजीर आदि।

114. (4) जलभर या जलभृत धरातल की सतह के नीचे चट्टानों का ऐसा संस्तर है, जहाँ भूजल एकत्रित होता है और मनुष्य द्वारा नलकूपों से निकालने योग्य जल अनुकूल दशाओं में होता है।

115. (2) 'टेरा रोस्सा' एक प्रमुख भूमिगत जलकृत अपरदनात्मक स्थलरूप है। टेरा रोस्सा' एक प्रकार की लाल मिट्टी है। चूना पत्थर के निक्षालन से प्राप्त होता है।

116. (4) सुपरसोनिक विमान ओजोन मंडल के समीप अधिक ऊँचाई पर उड़ने वाला विमान है। जिसमें अन्यास्थानिक ईंधन जलने से नाइट्रोजन आक्साइड उत्सर्जित होता है, जो ओजोन मंडल को क्षति पहुँचाता है।

117. (1) उच्च तापमान एवं वाष्पीकरण के कारण शुष्क मिट्टी विकसित होती है। ध्यातव्य है कि भारत में शुष्क मिट्टी का क्षेत्र पश्चिमी भारत (मुख्यतः राजस्थान) में पाया जाता है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

118. (2) 'प्रस्वेदन' (Deliquescence) किसी पदार्थ का वह गुण है जिस कारण कोई पदार्थ वायुमंडल की नमी को सोख लेता है।

119. (2) 'प्रस्वेदन' प्रक्रिया के अन्तर्गत कोई पदार्थ वायुमंडल की नमी को सोख लेता है।

120. (2) वनों के वितरण को दिखाने वाले मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहते हैं। यह मानचित्र भौगोलिक क्षेत्र किसी खास थीम या विषय को इंगित करता है।

121. (4) $W = m \times g$

$\therefore$ m (mass) हमेशा constant होता है अतः किसी भी वस्तु वजन उसके g (gravitational acceleration) पर निर्भर करता है। विदित है कि 'g' का मान चन्द्रमा पर पृथ्वी का 1/6 होता है अतः किसी वस्तु का वजन जितना पृथ्वी पर होगा उसका 1/6 चन्द्रमा पर होगा।

122. (3) ओजोन छिद्र वस्तुतः को रूप से एक ऐसा "छिद्र" नहीं है, जहाँ ओजोन उपस्थित नहीं होती, बल्कि वस्तुतः में यह अंटार्कटिक के ऊपर समताप मण्डल में अपवादस्वरूप एक क्षीण ओजोन क्षेत्र है। जो दक्षिणी गोलार्द्ध में अगस्त (अगस्त- अक्टूबर) के आसपास में होता है। ओजोन छिद्र और ओजोन क्षय का मुख्य कारण मानव निर्मित हैलोकार्बन प्रशीतक, विलायक, नोदक और झाग का निर्माण करने वाले कारक (CFCs, HCFCs) हैं, जिन्हें ओजोन को क्षीण करने वाले पदार्थ (ODS) के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है।

123. (4) मृदा में नाइट्रीकारी जीवाणु अमोनिया को नाइट्राइट (NO_2) और तत्पश्चात् नाइट्रेट (NO_3) में परिवर्तित करते हैं। यह प्रक्रिया नाइट्रीकरण कहलाती है। यौगिक जैसे नाइट्रेट, नाइट्राइट, अमोनिया और अमोनियम को पौधों द्वारा मृदा से लिया जाता है और तब इसका प्रयोग प्रोटीनों के निर्माण में किया जाता है।

124. (4) यवनोद (लोएस) मृत्तिका का निर्माण विश्व के गर्म मरुस्थलों में वायु के द्वारा उड़ने वाली धूल के संचय द्वारा होता है। जर्मन मूल के शब्द लोएस का अर्थ है 'खोना', जो अपनी मुख्य विशेषता को भी सूचित करता है। लोएस का व्यापक भण्डार उत्तरी चीन, उत्तरी अमेरिका के विशाल मैदानों, मध्यवर्ती यूरोप, और रूस एवं कजाकिस्तान के भागों में पाया जाता है।

125. (4) ऊर्जा संग्रहण के विकल्पों में शामिल हैं: (1) विद्युत रसायन संग्रहण, लेड एसिड, ली-आयन्स, निकेल-कैडमियम, निकेल धातु हाइड्राइड, सोडियम सल्फर और वैनेडियम फ्लो बैटरियाँ, (2) विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा संग्रहण: अति संधारित्र और अति चालन चुम्बकीय ऊर्जा संग्रहण, (3) हाइड्रोजन संग्रहण: ऑनबोर्ड सिस्टम और यूटिलिटी स्केल, (4) यांत्रिक संग्रहण: सम्पीडित वायु, फ्लाइ व्हील (उपचक्र), पम्पित जल, स्प्रिंग (सम्मिश्र और धातु), और (5) ताप ऊर्जा संग्रहण।

126. (3) गोल्डन राइस चावल (ओरिजा सेटाइवा) की एक किस्म है जिसे चावल के खाने योग्य भाग में विटामिन A के पूर्ववर्ती बीटा कैरोटीन को जैव संश्लेषित करने हेतु आनुवंशिक अभियंत्रण द्वारा उत्पादित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पौष्टिक भोजन का उत्पादन करना और उपभोग हेतु इसे विटामिन A की कम मात्रा वाले दैनिक आहार की कमी वाले क्षेत्र में उपलब्ध कराना है। वर्ष 2005 में विकसित गोल्डन राइस-2 में कूल किस्म से 23 गुणा बीटा कैरोटीन उत्पादित करने की क्षमता है।

127. (1) लाल मिट्टी, लाल, पीली एवं चॉकलेटी रंग की होती है। इस मिट्टी में लोहा, ऐल्युमिनियम और चूना अधिक होता है।

128. (4) सूर्य के चारों ओर ग्रहों की कक्षाएँ वृत्तीय एवं दीर्घवृत्तीय हो सकती हैं। सूर्य सौरमंडल के केन्द्र में स्थित एक तारा है जिसके चारों तरफ पृथ्वी और सौरमंडल के अन्य अवयव घूमते हैं। सूर्य हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा पिंड है।

129. (3) पृथ्वी जिसे विश्व भी कहा जाता है पृथ्वी पश्चिम से पूरब दिशा की ओर घूमती है। पृथ्वी अपनी कक्षा में 365 बार घूमती है। पृथ्वी सूर्य से तीसरा ग्रह और ज्ञात ब्रह्माण्ड में एकमात्र ग्रह है।

130. (2) प्रकाश को सूर्य से पृथ्वी तक आने में 8.3 मिनट समय लगता है।

131. (2) रबी की फसल को शीतकालीन फसल कहा जाता है शीत ऋतु की फसल उगाने के लिए विविधतापूर्ण जलवायु की आवश्यकता होती है रबी की फसलें बोने का समय अक्टूबर से नवम्बर होता है रबी की प्रमुख फसलें गेहूँ, जौ, चना, सरसों, आलू आदि।

132. (4) 'सर्वाहारी' ऐसे जानवरों को कहते हैं जो अपने आहार में वनस्पति (फल, अनाज) और मांस दोनों को शामिल करे। जैसे-मानव

133. (4) पृथ्वी पर 0° देशान्तर पर खींची गई मध्याह्न रेखा प्रधान मध्याह्न रेखा, प्रीमेरिडियन रेखा कहलाती है दुनिया का मानक समय इसी रेखा से निर्धारित किया जाता है। लन्दन के एक शहर ग्रीनविच इसी रेखा पर स्थित है इसलिए इसे ग्रीनविच रेखा भी कहते हैं।

134. (3) समुद्र के तल में चट्टानें मौजूद हैं जिनके लवण भी समुद्र जल में घुले रहते हैं इसी तरह समुद्रों के नीचे ज्वालामुखियाँ भी जो कि समय-समय पर फटकर लावा और क्लोरीन आदि गैस छोड़ती है समुद्र में सोडियम आदि भी पदार्थ है। इनके साथ क्लोरीन आदि की अभिक्रिया करके लवण बन जाते हैं वे इस तरह समुद्र में नमक बना रहता है।

135. (1) बुद्ध सौरमंडल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य से निकटतम है। इसका परिक्रमा काल लगभग 88 दिन है।

136. (3) प्रशान्त महासागर अमेरिका और एशिया को पृथक करता है यह विश्व का सबसे बड़ा तथा सबसे गहरा महासागर है। प्रशांत महासागर की आकृति त्रिभुजाकार है इसका शीर्ष बेरिंग जल-डमरुमध्य पर है जो घोड़े के खुर की आकृति का है और ज्वालामुखी पर्वतों तथा छोटी-छोटी पहाड़ियों से घिरा बेसिन बनाता है।

137. (3) कपास का एक नकदी फसल है इससे रुई तैयार की जाती हैं भारत में कपास को 'सफेद सोना' भी कहा जाता है। भारी काली दोमट मिट्टी जो गुजरात व महाराष्ट्र राज्यों में मिलती है। भारत में कपास का सर्वोत्कृष्ट क्षेत्र भरुच, अहमदाबाद तथा खानदेश जिलों में फैला है।

138. (4) इनमें से कोई नहीं; महासागर के सबसे कम गहरे हिस्से को महाद्वीपीय मग्नतट (Continental Shelf) कहते हैं।

139. (1) पर्वत के विमुख प्रदेश (Opposite area of mountain) को वृष्टिछाया प्रदेश (Rain Shadow) कहते हैं।

140. (1) उच्चावच प्रदर्शन के लिए हैच्यूर विधि का विकास ऑस्ट्रेलियाई भूगोलवेत्ता जोहानन जॉर्ज लेहमान ने 1799 ई॰ में किया था।

141. (3) स्तर रंजन विधि के अन्तर्गत मानचित्रों में नीले रंग से जल को प्रदर्शित किया जाता है।

142. (1) पर्वतीय छायाकरण विधि में भू-आकृतियों पर उत्तर-पूर्व दिशा से प्रकाश पड़ने की कल्पना की जाती है।

143. (2) कोयला अनवीकरणीय प्रकार का संसाधन है।

144. (2) सौर ऊर्जा पुनःपूर्ति योग्य संसाधन है।

145. (4) ग्लोबल वार्मिंग से कालान्तर में समुद्र के जल स्तर में वृद्धि, हिमनदियों के अस्तित्व पर संकट तथा नदियों में बाढ़ की स्थिति हो सकती है।

146. (3) मापनी में 'हर' (Denominator) व्यक्त करता है:-

(i) धरातल की दूरी, तथा

(ii) मानचित्र पर की दूरी

147. (3) भूगोल में क्षेत्रीय अध्ययन एक उपागम (Approach) है।

148. (4) जल ठोस अवस्था में बर्फ, तरल अवस्था में जल एवं गैस अवस्था में जलवाष्प के रूप में उपलब्ध होता है।

149. (4) आयन मंडल: यह 80 से 400 किमी. तक फैला है। यह मंडल रेडियो ट्रांसमिशन में भी सहायक है।

150. (4) औसतन 13,740 फुट की गहराई के साथ प्रशान्त महासागर विश्व का सबसे गहरा महासागर है। लगभग 36,200 फुट गहरा मैरिन ट्रेन्च प्रशान्त महासागर का सबसे गहरा स्थल है। मैरिन ट्रेन्च प्रशान्त महासागर के पश्चिमी भाग में स्थित है, इसे पृथ्वी की सतह पर विद्यमान सबसे गहरे स्थल के रूप में जाना जाता है।

151. (4) साइक्लोन, हरिकेन या टाइफून 64-72 मील/घंटे (104-117किमी./घंटे) से 140 मील/घंटे (220 किमी./घंटे) की तेजी से आने वाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती हवाएँ हैं। अधिकांश टॉरनेडो हवाओं की न्यूनतम गति 110 मील/घंटे (180किमी./घंटे) होती है, हालांकि, अधिकांश टॉरनेडो हवाओं की अधिकतम गति 300 मील/घंटे (480किमी./घंटे) से अधिक हो सकती है।

152. (3) संलयन सूर्य और तारों का ऊर्जा स्रोत है।

- संलयन में दो प्रकाश नाभिक (जैसे हाइड्रोजन) एक नए नाभिक (जैसे हीलियम) में संयोजित होते हैं और इस प्रक्रिया में भारी ऊर्जा छोड़ते हैं। हमारा सूरज भी एक तारा है।
- संलयन शक्ति तारे बनाती है और न्यूक्लियोसिंथेसिस नामक एक प्रक्रिया में लगभग सभी तत्वों का उत्पादन करती है।

153. (1) बृहस्पति को सौर मंडल के 'वैक्यूम क्लीनर' के रूप में जाना जाता है।

- यह सौर प्रणाली का सबसे विशाल ग्रह है और इसके मजबूत गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से कई छोटे धूमकेतु और क्षुद्रग्रह इससे टकराते हैं।
- इसके गुरुत्वाकर्षण ने कई धूमकेतु, क्षुद्रग्रह और उल्काओं को सोख लिए हैं जो शायद सूर्य के करीब चले गए हैं और पृथ्वी को प्रभावित करते हैं।

154. (4) ओरियन, आकाशीय भूमध्य रेखा पर स्थित एक प्रमुख तारामंडल और दुनिया भर में दिखाई देने वाले हंटर के रूप में भी जाना जाता है।

- यह ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक शिकारी, ओरियन के नाम पर है।
- यह रात के आकाश में सबसे विशिष्ट और पहचानने योग्य नक्षत्रों में से एक है।

155. (3) भू-स्थिर उपग्रह मानव निर्मित उपग्रह है। यह पृथ्वी की विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा के सीध में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाता है। उपग्रह की घूमने की गति पृथ्वी के घूमने की गति के बराबर होती है। इन उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में 36000 किमी॰ की ऊँचाई पर ध्रुवीय प्रक्षेपण यान द्वारा स्थापित किया जाता है।

156. (2) अगस्त 2006 में इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (IAU) ने प्लूटो की स्थिति को 'बौने ग्रह' के रूप में बदल दिया।

- सौर मंडल में किसी वस्तु को ग्रह मानने की तीन शर्तें हैं:
- पिंड को सूर्य के चारों ओर कक्षा में होना चाहिए।
- पिंड को बड़े पैमाने पर स्वगुरुत्व द्वारा चक्कर लगाया जाना चाहिए। विशेष रूप से अपने स्व गुरुत्व को इस हाइड्रोस्टेटिक संतुलन द्वारा परिभाषित आकार में खींचना चाहिए।
- स्वकक्षा के समीपवर्ती के प्रति इस स्पष्ट होना चाहिए
- प्लूटो को पदावनत किया गया क्योंकि यह तीसरी शर्त को पूरा करने में विफल रहा।

157. (4) वैश्विक तापन जलवायु की तापन है जिसका परिणाम है कि वायुमण्डल का ताप पृथ्वी से अंतरिक्ष की ओर बढ़ता है।

- वातावरण में कुछ गैसें एक ग्रीनहाउस में कांच समान हैं, जो सूर्य के प्रकाश को 'ग्रीनहाउस' में जाने देती हैं, लेकिन पृथ्वी की गर्मी को अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं।
- वैश्विक तापन में योगदान देने वाली गैसों में जलवाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), मीथेन (CH_4), नाइट्रस ऑक्साइड और क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) शामिल हैं।

158. (3) भू-तापीय ऊर्जा पृथ्वी की उप-सतह के भीतर उत्पन्न होने वाली ऊष्मा है।

- यह ऊष्मीय ऊर्जा पृथ्वी की पपड़ी के नीचे चट्टान और तरल पदार्थों में निहित है।
- यह उथली जमीन से सतह के नीचे कई मील तक पाया जा सकता है और यहां तक कि अत्यंत गर्म पिघली हुई चट्टान तक नीचे तक जा सकता है जिसे मैग्मा कहा जाता है।
- जल और/या भाप भू-तापीय ऊर्जा को पृथ्वी की सतह तक ले जाते हैं।
- बिजली पैदा करने के लिए भाप और गर्म जल के इन भूमिगत जलाशयों का दोहन किया जाता है।

159. (3) वैज्ञानिकों ने गणना की है कि 50 मिलियन वर्ष की त्रुटि सीमा के साथ पृथ्वी 4.54 बिलियन वर्ष पुरानी है।

- यह आयु पृथ्वी की क्रोड गठन की अभिवृद्धि या उस पदार्थ की आयु का प्रतिनिधित्व कर सकती है जिससे पृथ्वी बनी।
- यह डेटिंग उल्कापिंड सामग्री के रेडोमेट्रिक आयु-डेटिंग के साक्ष्य पर आधारित है और यह सबसे पुराने स्थलीय और चंद्र नमूनों के रेडियोमेट्रिक युग के अनुरूप है।

160. (1) वह परिघटना जिसमें तारे टिमटिमाते हैं, वायुमंडलीय अपवर्तन कहलाती है।

- हमारे ऊपर की हवा बहुत घने तरल पदार्थ का एक बड़ा महासागर जैसी है

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

जिसके घटते-बढ़ते घनत्वों के कारण तारे टिमटिमाते हैं।

- यदि यह पूरी तरह से स्थिर रहे, तो एक तारे से निकलने वाली रोशनी एक ऐसे रास्ते का अनुसरण करेगी, जो स्थिर रहेगा और तारों की छवि स्थिर दिखाई देगी।

161. (2) हिप्पोकैम्प मूल रूप से S / 2004 N 1 के रूप में जाना जाता है जो नेप्च्यून का एक छोटा चंद्रमा है।

- 1 जुलाई, 2013 को इसकी खोज ने नेपच्यून के ज्ञात उपग्रहों की संख्या को चौदह तक बढ़ा दिया।
- हिप्पोकैम्पस वास्तविक जीवन के समुद्री घोड़ों का भी जीनस नाम है।
- ट्राइटन नेप्च्यून का सबसे बड़ा चंद्रमा है।
- ट्राइटन सौर मंडल का एकमात्र बड़ा चंद्रमा है जिसका एक प्रतिगामी कक्ष है, जिसका अर्थ है कि यह नेप्च्यून के घूर्णन की विपरीत दिशा में परिक्रमा करता है।

162. (1) भूकंप रिक्टर पैमाने पर मापा जाता है।

- रिक्टर स्केल भूकंप की तीव्रता (यह कितना शक्तिशाली है) को मापता है।
- इसे एक सिस्मोमीटर नामक मशीन का उपयोग करके मापा जाता है जो एक सिस्मोग्राफ का उत्पादन करता है।
- एक रिक्टर स्केल को सामान्यतया 1-10 तक गिना जाता है, हालांकि इसकी कोई ऊपरी सीमा नहीं है।

163. (1) ऊर्जा प्रवाह हमेशा एकदिशीय होती है।

- ऊर्जा का प्रवाह क्रमिक रूप से एक पौष्टिकता स्तर से दूसरे में होता है और वापस नहीं लौट सकता।
- अधिकांश प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में, ऊर्जा सूर्य से आती है, यह उत्पादकों द्वारा फँस जाती है और फिर भोजन के रूप में क्रमिक पौष्टिकता स्तरों पर गुजरती है।

164. (1) बुध सूर्य के सबसे निकट का ग्रह है।

- बुध को सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में 88 पृथ्वी दिन लगते हैं, हालांकि, एक परिक्रमण पूरा करने में 59 पृथ्वी दिन लगते हैं।
- बुध का अत्यंत पतला वातावरण मुख्य रूप से सोडियम, पोटेशियम, हीलियम और हाइड्रोजन से बना है।
- नासा के बुध की परिक्रमा करने वाले यान मैसेंजर ने बुध पर उत्तरी ध्रुव पर भारी मात्रा में बर्फ की पुष्टि की है।
- मैसेन्जर यान जो 2004 में लॉन्च किया गया था, वह दक्षिण की तुलना में उत्तरी ध्रुव के काफी करीब था।

165. (1) अरस्तू ने एक गोलाकार पृथ्वी के विचार का समर्थन करते हुए इसके भौतिक और अवलोकन संबंधी तर्क दिए।

- दार्शनिक और गणितज्ञ पाइथागोरस को पहली बार 500 ईसा पूर्व में एक गोलाकार पृथ्वी का प्रस्ताव करने का श्रेय दिया जाता है।
- लेकिन जब इस तथ्य को साबित करने की बात आती है कि पृथ्वी गोल है, तो अरस्तू पहले ग्रीक दार्शनिक थे।
- 350 ईसा पूर्व में अपनी पुस्तक 'ऑन द हैवन्स' लिखते समय उन्होंने पृथ्वी के लिए एक गोलाकार आकृति वाले कई साक्ष्य रखे।

166. (1) सौर मंडल के चार ग्रहों में वलय हैं।

- ये चार विशाल गैस ग्रह हैं: बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण।
- शनि, जिसके पास अब तक की सबसे बड़ी वलय प्रणाली है, एक लंबे समय तक वलय के लिए जाना जाता था।

167. (3) सिरोको सहारा मरुस्थल में भूमध्य सागर की ओर चलने वाली गर्म हवा हैं।

- सहारा मरुस्थल से इटली में प्रवाहित होने वाली सिरोको हवा बालू के कणों से युक्त होती हैं।
- सागर से नमी धारण करने के बाद जब इटली में वर्षा करती हैं तो इन बालू के कणों के कारण वर्षा की बूंदें लाल हो जाती हैं। इस प्रकार की वर्षा को इटली में रक्त की वर्षा कहतें हैं।
- सिरोको हवा इटली में अंगूर की खेती के लिए नुकसानदाय है।

168. (3) सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले आठ ग्रहों, उपग्रहों, क्षुद्रग्रहों, उल्का और धूमकेतुओं और अन्य आकाशीय पिंडों के समूह को सौरमंडल कहते हैं।

- सौरमंडल में 8 ग्रह हैं- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण।
- ताराकार सौर मंडल का सदस्य नहीं है।

169. (1) ऐसे पौधे जो सीमित मिट्टी में लवणता की अधिकता वाले जगहों में उगते हैं, लवणमृदोद्भिद (Halophytes) कहलाते हैं।

- मरुस्थल में उगने वाले पौधों को जीरोफाइट्स कहते हैं।
- जल में उगने या तैरने वाले पौधों को जलोद्भिद (Hydrophytes) कहते हैं।

170. (1) अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का अर्थ है समाप्त हो जाने वाले ऊर्जा के स्रोत।

- अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे कोयला, तेल एवं प्राकृतिक गैस आदि।
- हम सभी अधिकतर अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर काफी ज्यादा निर्भर रहते हैं।

171. (4) जल चक्र सूर्य की ऊर्जा से प्रेरित होता है।

- सूर्य समुद्र से पानी को भाप बना कर ऊपर ले जाता है जहाँ पानी की भाप ठंडी हो कर संघनन बादलों में बदल जाती है।
- बादलों के रूप में बनी जल की बूंदें, जोकि बारिश (वर्षा या बर्फ) के रूप में धरती पर गिरती है।
- यह ठण्डी जलवायु में, वर्षण हिम, बर्फ और ग्लेशियर का निर्माण करती है।
- यह संपूर्ण प्रक्रिया बहुत ही सरल है जिसे 6 भागों में विभाजित किया गया है।
  - वाष्पीकरण/वाष्पोत्सर्जन
  - द्रवण
  - वर्षण
  - अंत:-स्यंदन
  - अपवाह
  - संग्रहण
- जल चक्र में संचलन प्रक्रिया सम्मिलित नहीं होती है।

172. (4) भूमंडलीय धरातल पर औसत तापमान लगभग 14°C के आस-पास होता है, परंतु तापमान के स्थानीय औसत में व्यापक भिन्नता पाई जाती है।

- मानचित्रों पर क्षैतिज तापक्रमों का वितरण सामान्यतया समताप रेखाओं द्वारा दिखाया जाता है।
- अधिकांशत: तापक्रमों का क्षैतिज वितरण अक्षांशों द्वारा निर्धारित होता है। परंतु अक्षांश ही एकमात्र नियंत्रणकारी कारक नहीं होता। तापक्रम का क्षैतिज वितरण कई अन्य भौतिक कारकों पर भी निर्भर करता है।

- निम्नलिखित क्षैतिज वितरण के कारक हैं- अक्षांश, समुद्रतल से ऊँचाई, समुद्र से दूरी, वायुसंहति तथा महासागरीय धाराएँ, मेघ आवरण तथा दिन की अवधि।
- भूकंप पृथ्वी की सतह पर तापमान के वितरण को प्रभावित नहीं करता है।

173. (1) क्षोभमण्डल वायुमंडल की सबसे निचली परत है। यह मण्डल जैव मण्डलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मौसम संबंधी सारी घटनाएँ इसी में घटित होती हैं।

- क्षोभमंडल में प्रति 165 मीटर की ऊँचाई पर 1°C ताप घटता है तथा प्रत्येक कि. मी. की ऊँचाई पर तापमान में औसतन 6.5°C की कमी आती है। इसे ही सामान्य ताप पतन दर कहते हैं।
- इसकी ऊँचाई ध्रुवों पर 8 से 10 किमी॰ तथा विषुवत रेखा पर लगभग 18 से 20 किमी॰ होती है।
- इस सामान्य ताप पतन के विपरीत कभी-कभी ऊँचाई के साथ तापमान में वृद्धि होती है। इसे ही 'ऋणात्मक ताप पतन दर' (Negative lapse rate) कहते हैं।

174. (4) भूमंडलीय धरातल पर औसत तापमान लगभग 14°C के आस-पास होता है, परंतु तापमान के स्थानीय औसत में व्यापक भिन्नता पाई जाती है।

- मानचित्रों पर क्षैतिज तापक्रमों का वितरण सामान्यतया समताप रेखाओं द्वारा दिखाया जाता है।
- अधिकांशत: तापक्रमों का क्षैतिज वितरण अक्षांशों द्वारा निर्धारित होता है। परंतु अक्षांश ही एकमात्र नियंत्रणकारी कारक नहीं होता। तापक्रम का क्षैतिज वितरण कई अन्य भौतिक कारकों पर भी निर्भर करता है।
- निम्नलिखित क्षैतिज वितरण के कारक हैं- अक्षांश, समुद्रतल से ऊँचाई, समुद्र से दूरी, वायुसंहति तथा महासागरीय धाराएँ, मेघ आवरण तथा दिन की अवधि।
- भूकंप पृथ्वी की सतह पर तापमान के वितरण को प्रभावित नहीं करता है।

175. (2) भूगोल शब्द सबसे पहले एक यूनानी विद्वान इराटोस्थनीज (276-194 ई.पू.) द्वारा गढ़ा गया था।

- यह शब्द ग्रीक भाषा जियो (पृथ्वी) और ग्राफोस (विवरण) से दो शब्दों से लिया गया है।

176. (3) हवा में क्षैतिज संचालन होने वाला ताप का स्थानांतरण अभिवहन कहलाता है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में विशेष रूप से उत्तरी भारत में गर्मी के मौसम के दौान 'लू' नामक स्थानीय हवाएँ अभिवहन प्रक्रिया का परिणाम होती है।

177. (2) कार्यान्तिरित चट्टानों अति-समेकित होती है, इसका मतलब कि उन्होंने अतीत में उच्च तापमान और दबावों का अनुभव किया है। कायान्तरित चट्टानों के प्रत्रण की क्रिया से यह अभिप्राय है कि कुछ शैलों में कणों या खनिजों का सतहों या रेखाओं के रूप में व्यवस्थित हो जाना।

178. (4) व्यवस्थित भूगोल का दृष्टिकोण जर्मन भूगोलवेत्ता अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट द्वारा पेश किया गया था।

- यह व्यवस्था-उपागम भूमि उपयोग योजना और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की प्रभावशीलता को काफी बढ़ाता है।

179. (4) अपघटन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मृत कार्बनिक पदार्थों को सरल रूप से कार्बनिक या अकार्बनिक पदार्थ जैसे कार्बन डाईऑक्साइड, पानी, सरल शर्करा और खनिज लवण में तोड़ दिया जाता है।

180. (1) मैंटल (Mantle) पृथ्वी की पेरिडोटाइट परत है।

181. (1) जब टेक्टोनिक प्लेट आपस में टकराती हैं तो एक अभिसरण प्लेट सीमा बनती है। उन्हें विनाशकारी सीमाओं के रूप में भी जाना जाता है।

- ये सीमाएँ अक्सर सबडक्शन जोन होती हैं, जहाँ भारी प्लेट हल्की प्लेट के नीचे खिसक जाती है, जिससे एक गहरी खाई बन जाती है।
- विवर्तनिक प्लेटों द्वारा एक दूसरे से अलग होने के कारण एक अपसारी सीमा का निर्माण होता है। उन्हें रचनात्मक सीमाओं के रूप में जाना जाता है।
- अपसारी सीमाएँ समुद्र तल के फैलाव और भ्रंश घाटियों का स्थल हैं।

182. (3) जानवरों और पौधों की प्रजातियों की सबसे बड़ी विविधता उष्णकटिबंधीय नम जंगलों में पाई जाती है।

- उष्ण कटिबंधीय वन कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित अधिकांश भूमि क्षेत्र को कवर करते हैं।

183. (2) इनुइट लोग, जिन्हें आमतौर पर एस्किमो के नाम से जाना जाता है, बर्फ से बने घरों में रहते हैं, जिन्हें इग्लू कहा जाता है।

- एक इग्लू का आकार गुंबददार होता है और यह बर्फ की ठोस ईंटों से बना होता है।

184. (3) आयनमंडल (आयनोस्फीयर) ऊपरी वायुमंडल का एक क्षेत्र है जहाँ मुक्त आयनों एवं इलेक्ट्रॉनों की बड़ी सांद्रता होती है। जबकि आयन आयनमंडल को अपना नाम देते हैं, लेकिन यह मुक्त इलेक्ट्रॉन हैं जो रेडियो तरंगों एवं रेडियो संचार को प्रभावित करते हैं।

185. (4) आर्कटिक महासागर दुनिया के पाँच प्रमुख महासागरों में सबसे छोटा और उथला है।

- सबसे छोटे से सबसे बड़े पाँच महासागर हैं: उत्तरी आर्कटिक, दक्षिणी आर्कटिक, हिंद, अटलांटिक और प्रशांत।

186. (2) बिग बैंग थ्योरी इस बारे में प्रमुख व्याख्या है कि ब्रह्मांड की शुरुआत कैसे हुई।

- यह विचार है कि ब्रह्मांड केवल एक बिंदु के रूप में शुरू हुआ, फिर विस्तारित हुआ और विस्तृत होता गया।

187. (3) शुक्र एवं यूरेनस ऐसे दो ग्रह हैं जो पूर्व से पश्चिम की ओर घूमते हैं।

- यूरेनस ग्रह का अतीत में एक बड़ा चंद्रमा था, इस ग्रह पर उस चंद्रमा से गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण ग्रह अपनी तरफ गिर गया। उसके बाद, चंद्रमा पिनबॉल की तरह दूसरे ग्रह पर घुमता है।
- जहाँ तक शुक्र ग्रह का सवाल है, वैज्ञानिकों ने बताया कि आद्याक्षर वामावर्त घूमना शुरू करते हैं, एवं एक अवधि हेतु स्थिर होते हैं तथा पुन: उसी दिशा में घूमते हैं।

188. (2) ग्रेनाइट एक आग्नेय चट्टान है जो चार खनिजों से बनी है।

- ये खनिज क्वार्ट्ज, फेल्डस्पार, अभ्रक एवं आमतौर पर हॉर्नब्लेंड हैं।
- जब ग्रेनाइट को तीव्र गर्मी और दबाव के अधीन किया जाता है, तो यह एक कायापलट (कायांतरित) चट्टान में बदल जाता है जिसे नीस/सिस्ट कहा जाता है।

189. (3) आंतरिक ग्रहों में से बुध एवं शुक्र का कोई प्राकृतिक उपग्रह नहीं है।

- पृथ्वी का एक बड़ा प्राकृतिक उपग्रह है, जिसे चंद्रमा के नाम से जाना जाता है।
- मंगल के दो छोटे प्राकृतिक उपग्रह फोबोस एवं डीमोस हैं।

Scanned with CamScanner

190. (4) "प्लेट टेक्टोनिक्स" में वर्णित दो प्रकार की भूकंपीय तरंगों को P-वेव्स एवं S-वेव्स को बॉडी वेव्स के रूप में जाना जाता है क्योंकि वे पृथ्वी के ठोस भाग से होकर गुजरती है।
- P-तरंगें ठोस, द्रव एवं गैसों में गमन करती है।
- S-तरंगें केवल ठोस पदार्थों में गति करती है।
- सतही तरंगें भूकंप के केंद्र से बाहर की ओर, जमीन के साथ-साथ चलती है।

191. (2) उत्तर-दक्षिण में चलने वाली लम्बवत रेखाएँ दो ध्रुवों को जोड़ती है।
- इन्हें देशांतर रेखाएँ कहा जाता है।
- वे भूमध्य रेखा पर सबसे दूर स्थित हैं, यह प्रत्येक ध्रुव पर एक बिंदु पर अभिसरण करती हैं।
- देशांतर को डिग्री, मिनट एवं सेकंड में मापा जाता है।

192. (2) पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित, मरियाना गर्त को पृथ्वी की सतह का सबसे गहरा भाग माना जाता है।
- मरियाना गर्त, जो उत्तरी मरियाना द्वीप समूह एवं गुआम की US निर्भरता वाले क्षेत्रों के भीतर स्थित है, को 2009 में एक US राष्ट्रीय स्मारक नामित किया गया था।

193. (1) पृथ्वी की सतह पर प्लेटों की गति को प्लेट टेक्टोनिक्स कहा जाता है।
- जर्मन मौसम विज्ञानी अल्फ्रेड वेगेनर को प्रायः महाद्वीपीय बहाव के रूप में प्लेट टेक्टोनिक्स के सिद्धांत को विकसित करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में श्रेय दिया जाता है।
- प्लेट टेक्टोनिक्स शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले टोरंटो विश्वविद्यालय के टुज़ो विल्सन ने किया था, लेकिन प्लेट टेक्टोनिक्स सिद्धांत को पहली बार 1962 में प्रिंसटन विश्वविद्यालय के डब्ल्यू. जे. मॉर्गन द्वारा प्रकाशित किया गया था।

194. (2) हरमट्टन ठंडी शुष्क हवा है जो पश्चिमी सहारा में उत्तर पूर्व या पूर्व से चलती है, यह नवम्बर के अंत एवं मार्च के मध्य के बीच सबसे मजबूत होती है।
- हरमट्टन रेगिस्तान की तरह मौसम की स्थिति लाता है: यह आर्द्रता को कम करता है, बादल कवर को नष्ट कर देता है, वर्षा के गठन को रोकता है और कभी-कभी धूल के बड़े बादल बनाता है जिसके परिणामस्वरूप धूल भरी आंधी या रेतीले तूफान उठ सकते हैं।

195. (4) LOWER जलवायु को प्रभावित करने वाले पाँच कारकों का संक्षिप्त रूप है।
- ये पाँच कारक अक्षांश, महासागरीय धारा, हवा एवं वायु द्रव्यमान, ऊंचाई एवं उच्चावच हैं।

196. (4) देवदार, जुनिपर, चीड़, सन्टी एवं रोडोडेंड्रोन आदि 3,000-4,000 मीटर या पर्वतीय वन के बीच पाए जाते हैं।
- सिनकोना फूलों के पौधे की एक प्रजाति है जिसका उपयोग ज्यादातर औषधीय पौधे के रूप में किया जाता है क्योंकि इसमें मौजूद क्विनोन होते हैं। यह उष्णकटिबंधीय सदाबहार एवं अर्ध सदाबहार वनों में पाया जाता है।

197. (3) संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCLOS) द्वारा समुद्र के कानून पर निर्धारित एक विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) समुद्र में एक क्षेत्र है जिस पर एक देश के कुछ विशिष्ट अधिकार होते हैं।
- UNCLOS एक विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) को परिभाषित करता है, जो आम तौर पर तट से 200 समुद्री मील की दूरी तक फैला होता है, जिसके भीतर तटीय राज्य को खोज एवं दोहन करने का अधिकार होता है, साथ-साथ जीवित एवं निर्जीव दोनों संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है।

198. (2) सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी एवं सूर्य के बीच आ जाता है, एवं चंद्रमा पृथ्वी पर छाया डालता है।
- सूर्य ग्रहण केवल अमावस्या के चरण में ही घटित हो सकता है, जब चंद्रमा सीधे सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरता है, इसकी छाया पृथ्वी की सतह पर पड़ती है।

199. (3) कार्टोग्राफी या मैपमेकिंग नक्शे बनाने का अध्ययन एवं अभ्यास है।
- सुलेख सुंदर लिखावट की कला है। यह लेखन से संबंधित एक दृश्य कला है।
- समुद्र विज्ञान समुद्र के भौतिक एवं जैविक पहलुओं का अध्ययन है।
- एक यूडियोमीटर एक प्रयोगशाला उपकरण है जो भौतिक या रासायनिक परिवर्तन के बाद गैस मिश्रण के आयतन में परिवर्तन को मापता है।

200. (3) ऑलिव रिडले का नाम उसके सिर के आकार के खोल एवं जैतून के रंग से लिया गया है।
- यह प्रजाति दुनिया के सबसे छोटे समुद्री कछुओं में से एक है। यह मुख्य रूप से प्रशांत, भारतीय और अटलांटिक महासागरों के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाते जाते हैं।
- ओलिव रिडले कछुए पूरी दुनिया में पाए जाते हैं।

201. (1) जनसंख्या के हिसाब से और क्षेत्रफल के हिसाब से भी एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- घटते क्रम में महाद्वीप (सबसे बड़े से लेकर सबसे छोटे तक) हैं: एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अंटार्कटिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया।

202. (3) भूमध्य रेखा भारत से नहीं गुजरती है।
- कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है।
- भूमध्य रेखा 13 देशों से होकर गुजरती है: इक्वाडोर, कोलंबिया, ब्राजील, साओ टोम-प्रिंसिपे, गैबॉन, कांगो गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा, केन्या, सोमालिया, मालदीव, इंडोनेशिया और किरिबाती।

203. (4) आर्कटिक महासागर दुनिया के पाँच प्रमुख महासागरों में सबसे छोटा और उथला है।
- सबसे छोटे से सबसे बड़े पाँच महासागर हैं: उत्तरी आर्कटिक, दक्षिणी आर्कटिक, हिंद, अटलांटिक और प्रशांत।

204. (2) बिग बैंग थ्योरी इस बारे में प्रमुख व्याख्या है कि ब्रह्मांड की शुरुआत कैसे हुई।
- यह विचार है कि ब्रह्मांड केवल एक बिंदु के रूप में शुरू हुआ, फिर विस्तारित हुआ और विस्तृत होता गया।

205. (4) बगीचा कोई प्राकृतिक पारितंत्र नहीं है।
- अधिक वर्षा वाले वन, घासस्थल, रेगिस्तान, पर्वत, झील, नदी, महासागर एवं छोटे से ताल का भी एक पारितंत्र हो सकता है।

- प्राकृतिक पारितंत्र वे पारितंत्र होते हैं जो मानव क्रियाकलापों के प्रभाव से मुक्त होते हैं, तथा अच्छी प्रकार फलते-फूलते हैं। उदाहरण-वन, नदियाँ, झीलें, समुद्र।
- मानव निर्मित पारितंत्रों को हम कृत्रिम पारितंत्र कहते हैं जैसे - एक्वेरियम, बगीचा, बाघ, फसल क्षेत्र तथा तालाब आदि।

206. (1) नजदीकी विकल्प 75% है।
- पानी पृथ्वी की सतह का लगभग 71% भाग है, जबकि अन्य 29% में महाद्वीप और द्वीप होते हैं।
- पृथ्वी के वायुमंडल और परत में अधिकांश पानी महासागर के नमकीन समुद्री जल से आता है, जबकि ताजे पानी का कुल 2.5% हिस्सा होता है।

207. (1) पहाड़ और पर्वतीय क्षेत्रों में जहां समोच्च रेखीय जुताई, सीढ़ीनुमा कृषि, घास की पेट्टी, वृक्षारोपण और पशुचारण पर नियंत्रण रख मृदा अपरदन को रोका जा सकता है।
- शुष्क और मरुस्थलीय क्षेत्रों में रक्षक मेखला और वृक्षारोपण जैसे तरीके मृदा अपरदन को रोकने में सहायक होते हैं।

208. (3) मंगल ग्रह को लाल ग्रह के रूप में जाना जाता है।
- सतह पर आयरन ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण यह थोड़ा लाल रंग का दिखाई देता है।
- मंगल ग्रह की सतह पर लौह ऑक्साइड पाया जाता है, जिससे यहाँ का धरातल और वातावरण लाल दिखाई देता है।

209. (3) एल नीनो एक स्पेनिश शब्द है जिसका अर्थ है छोटा लड़का, या क्राइस्ट चाइल्ड।
- अल नीनो प्रशांत महासागर में एक जलवायु नमूना है जो विश्व भर में मौसम को प्रभावित कर सकता है।
- अल नीनो के साथ पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में उच्च वायुदाब और पूर्वी प्रशांत में निम्न वायुदाब होता है।

210. (2) ग्रहों की गति केप्लर के तीन नियमों द्वारा नियंत्रित होती है:
- प्रत्येक ग्रह सूर्य के परितः दीर्घ वृत्ताकार पथ पर गति करते हैं तथा सूर्य उस दीर्घ वृत्त के किसी एक फोकस पर होता है। विभिन्न ग्रहों की कक्षाएँ भिन्न-भिन्न होती हैं। यह केप्लर का प्रथम नियम है जिसे कक्षाओं का नियम (Law of orbit) भी कहते हैं।
- किसी भी ग्रह को सूर्य से मिलाने वाली रेखा बराबर समय अंतरालों में बराबर क्षेत्रफल पार करती है अर्थात् प्रत्येक ग्रह की क्षेत्रीय चाल नियत रहती है। इसे केप्लर का द्वितीय नियम कहते हैं और इसे क्षेत्रीय चाल का नियम (Law of areal velocity) भी कहते हैं।
- सूर्य के परितः किसी भी ग्रह का परिक्रमण काल का वर्ग उस ग्रह की दीर्घवृत्ताकार कक्षा के अर्द्ध दीर्घ अक्ष की तृतीय घात के अनुक्रमानुपाती होता है। इसे केप्लर का तृतीय नियम तथा इसे परिक्रमण काल का नियम (Law of periods) भी कहते हैं।

211. (4) लू पश्चिम से आने वाली एक तेज, धूल भरी, वातमय, गर्म और शुष्क ग्रीष्म की हवा है जो उत्तर भारत और पाकिस्तान के पश्चिमी भारत-गंगा के मैदानी क्षेत्र में बहती है।
- यह विशेष रूप से मई और जून के महीनों में सबसे प्रबल होती है।

212. (1) सामान्यतः सिंचाई की सुविकसित प्रणाली के कारण किसान एक वर्ष में तीन अलग-अलग फसलें उगाने में सक्षम होते हैं।
- सिंचाई कृषि फसलों को उगाने, परिदृश्य बनाए रखने और शुष्क क्षेत्रों में तथा औसत से कम वर्षा की अवधि के दौरान मिट्टी को फिर से फसल उगाने में मदद करती है।

213. (1) वर्षा छाया वह क्षेत्र है जिसमें स्थलाकृतिक अवरोध, विशेष रूप से पर्वत शृंखला के प्रभाव के कारण अपेक्षाकृत कम वर्षा होती है।
- अवरोध के कारण प्रचलित हवाएँ हवा की ओर से अपनी नमी खो देती हैं, जिससे हवा की तरफ शुष्क हो जाती है।
- यह पहाड़ों के क्षेत्र में एक ऐसा क्षेत्र है जो पहाड़ों के घुमावदार क्षेत्र की तुलना में कम वर्षा प्राप्त करता है।

214. (1) खड़ भूमध्यरेखीय क्षेत्र की फसल है, लेकिन इसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी उगाया जाता है।
- इसे 200 सेमी से अधिक वर्षा के साथ नम और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।

215. (4) उत्तर पश्चिम भारत में शीतकालीन वर्षा पश्चिमी विक्षोभ का परिणाम है, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय तूफान है।
- यह एक गैर-मॉनसून वर्षा पैटर्न है जो पछुआ हवाओं द्वारा संचालित होता है। पश्चिमी विक्षोभ रबी फसल (गेहूँ) के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

216. (4) आवधिकता के आधार पर, ज्वालामुखियों को सक्रिय, निष्क्रिय या विलुप्त के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- सक्रिय ज्वालामुखियों का विस्फोटों का हाल का इतिहास रहा है; उनके फिर से फूटने की संभावना रहती है।
- प्रसुप्त ज्वालामुखी बहुत लंबे समय से उद्गारित नहीं हुए हैं लेकिन भविष्य में कभी उद्गारित हो सकते हैं।
- विलुप्त ज्वालामुखियों के भविष्य में उद्गारित होने की उम्मीद नहीं है।

217. (1) वनारोपण किसी खाली क्षेत्र में पेड़ लगाने की प्रक्रिया है।
- यह अपवाह को कम करके और वन की अधिकता को बढ़ाकर भूजल में सुधार करने में मदद करता है।
- यह पौधों को फलने-फूलने और बढ़ने में मदद करने के लिए एक सूक्ष्म-जलवायु भी बनाता है, जैव विविधता को बढ़ाता है और मिट्टी के कटाव को कम करता है।

218. (3) वन्यजीव एक विशेष क्षेत्र में एक साथ रहने वाले वन्य जीवों और पौधों को संदर्भित करता है।
- इसमें सभी गैर पालतू पौधे, जानवर और अन्य जीव शामिल हैं।

219. (2) किसी वस्तु का भार उस पर कार्यरत गुरुत्वाकर्षण बल है।
- चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी का 1/6 है।
- अतः चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार भी पृथ्वी पर उसके भार की तुलना में 1/6 होता है।

220. (1) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर एक कदम बढ़ने पर दिन और रात की अवधि में अंतर बढ़ जाता है।
- ऐसा इसलिए है क्योंकि जैसे-जैसे हम भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ते हैं, अक्षांश बढ़ता जाता है (90° तक)।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

- हम भूमध्य रेखा से किसी भी दिशा में जितना आगे बढ़ेंगे, साल के अलग-अलग समय में दिन और रात की अवधि के बीच का अंतर बढ़ा होगा।

221. (3) अवसादी चट्टानों का निर्माण पृथ्वी के धरातल पर चट्टानों के अपरदन एवं अपक्षय के कारण होता है। स्थलमंडल में सबसे अधिक भाग पर यही चट्टानें पाई जाती हैं।
- जीवाश्म ईंधन का स्रोत अवसादी चट्टान है।
- **चट्टान मुख्यतः** आग्नेय अवसादी एवं कायांतरित (तीन प्रकार के) होते हैं।

222. (3) कटमई ज्वालामुखी क्षेत्र को दस हजार धुएं की घाटी के रूप में जाना जाता है।
- माउंट कटमई दक्षिणी अलास्का में अलास्का प्रायद्वीप पर एक बड़ा स्ट्रैटोवोलकैनो (समग्र ज्वालामुखी) है, जो कटमई राष्ट्रीय उद्यान और संरक्षित क्षेत्र के भीतर स्थित है।
- इक्वाडोर में स्थित है कोटोपैक्सी विश्व का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी पर्वत है।
- चिम्बोराजो एंडीज के कॉर्डिलेरा ऑक्सिडेन्टल रेंज में एक निष्क्रिय मिश्रित ज्वालामुखी है। इक्वाडोर का सबसे ऊँचा पर्वत चिम्बोराजो है।
- माउंट एटना यूरोप महाद्वीप के इटली में सिसली द्वीप पर स्थित एक ज्वालामुखी है। यह यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल है। यह एक सक्रिय ज्वालामुखी है।

223. (1) भूपर्पटी में पाया जाने वाला सबसे प्रचुर तत्व ऑक्सीजन है। ऑक्सीजन भूपर्पटी का 46.6% भाग है।
- एल्युमिनियम भूपर्पटी (8.1%) पर बहुतायत मात्रा में पाया जाता है।

224. (1) वायुमंडलीय वायु की विशाल राशि या पुंज जिसके भौतिक गुण, विशेषकर तापमान और आर्द्रता, क्षैतिज दिशा में लगभग एक समान होते हैं, वायु राशि कहलाती हैं।
- सामान्यतः वायुराशि सैकड़ों किमी. तक विस्तृत होती है।
- वह प्रदेश जहाँ समान गुण धारण करने वाली वायुराशियों का की उत्पत्ति होती है, वायुराशि का उद्गम क्षेत्र कहलाती है।

225. (2) 'S' अक्षर का आकार बनाने वाला महासागर अटलांटिक महासागर है।
- आर्कटिक महासागर बेरेंट्सा सागर, नॉर्वेजियन सागर, ग्रीनलैंड सागर और डेनमार्क जलडमरूमध्य के माध्यम से जुड़ा हुआ है।

226. (4) सीप (आऍस्टर) की खेती मोती के उत्पादन के लिए की जाती है।
- मोती का उत्पादन ग्राफ्टिंग नामक एक शल्य प्रक्रिया पर निर्भर करता है, जिसमें मोती सीप के ऊतक में एक कृत्रिम नाभिक (शेल मनका) को शल्य चिकित्सा द्वारा प्रत्यारोपित किया जाता है।
- इसके बाद सीप नाभिक के चारों ओर नैक्रे का स्राव करता है।
- कई वर्षों तक सीपों की देखभाल के बाद मोती तैयार किए जाते हैं।

227. (2) एक गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन एक प्राकृतिक संसाधन है जिसे उपभोग के बराबर बनाए रखने के लिए इतनी तेज गति से प्राकृतिक साधनों द्वारा आसानी से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है।
- गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उदाहरणों में तेल, प्राकृतिक गैस और कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन शामिल हैं।

228. (1) सुदूर अतीत के पौधों, जानवरों, कीड़ों जैसे जीवित जीवों के परिरक्षित अवशेष को जीवाश्म के रूप में जाना जाता है।
- जीवाश्मों के अध्ययन को जीवाश्म विज्ञान के नाम से जाना जाता है।

229. (2) **फॉस्फोरस चक्र** एक अवसादी जैव-भू-रासायनिक चक्र है।
- इसका अर्थ है कि फॉस्फोरस का मुख्य भंडार चट्टानें और अवसाद (sediment) हैं।
- फास्फोरस चक्र एक गैसीय चक्र नहीं है क्योंकि फास्फोरस वायुमंडल में गैस के रूप में मौजूद नहीं है।
- **नाइट्रोजन चक्र** एक गैसीय जैव-भू-रासायनिक चक्र है जिसमें वायुमंडल, जीवमंडल, भूमंडल और जलमंडल के बीच नाइट्रोजन का आदान-प्रदान शामिल है।
- **ऑक्सीजन चक्र** एक गैसीय जैव-भू-रासायनिक चक्र है जिसमें वायुमंडल, जीवमंडल, भूमंडल और जलमंडल के बीच ऑक्सीजन का आदान-प्रदान शामिल है।

230. (4) पारिस्थितिकी तंत्र जीवित जीव और उनके भौतिक पर्यावरण का एक संयोजन है। पारिस्थितिकी तंत्र के घटकों में निम्न हैं :
- **सूक्ष्मजीव:** ये छोटे जीव हैं जिन्हें आंखों से नहीं देखा जा सकता है। ये पदार्थ को तोड़कर और पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण करके पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **पशु:** ये बहुकोशिकीय जीव हैं जो सकते हैं। वे पौधों और अन्य जानवरों खाकर पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपू भूमिका निभाते हैं।
- **पौधे:** ये बहुकोशिकीय जीव हैं जो नहीं सकते। वे प्रकाश संश्लेषण के से भोजन का उत्पादन करके पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

231. (2) खाद्य शृंखला जीवों का एक क्रमिक अनुक्रम है जिसमें ऊर्जा और पोषक तत्व शामिल है।
- खाद्य शृंखला में तीन पोषी स्तर शामिल होते हैं :

  घास (उत्पादक) प्रथम पोषी स्तर का प्रतिनिधित्व करती है।

  हिरण (शाकाहारी होने के कारण) द्वितीय पोषी स्तर का प्रतिनिधित्व करता है।

  शेर (मांसाहारी होने के कारण) तीसरे पोषी स्तर का प्रतिनिधित्व करता है।

232. (2) देशांतर की प्रत्येक डिग्री 4 मिनट के समय के बराबर होता है। 30° पूर्व ग्रीनविच से 120 मिनट (2 घंटे) आगे है। इसलिए, यदि ग्रीनविच में दोपहर के 12:00 बजे हैं, तो 30° पूर्व पर दोपहर के 2:00 बजे होंगे।

233. (1) पृथ्वी की सतह के ऊपर की सबसे ऊपरी परत को भूपर्पटी कहा जाता है। यह सभी परतों में से सबसे पतली है। यह लगभग 35 किमी. है। महाद्वीपीय द्रव्यमान पर और केवल 5 किमी. समुद्र तल पर।
- महाद्वीपीय द्रव्यमान के मुख्य खनिज घटक सिलिका और एल्यूमिना हैं।
- समुद्री परत में मुख्य रूप से सिलिका और मैग्नीशियम होते हैं; इसलिए इसे सिमा (सी-सिलिका और मा-मैग्नीशियम) कहा जाता है।

234. (2) मृदा संरक्षण के तरीके:
- **मल्चिंग** : पौधों के बीच की खाली जमीन को भूसे जैसे कार्बनिक पदार्थ की एक परत से ढक दिया जाता है। यह मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद करता है।
- **समोच्च अवरोध** : समोच्च के साथ अवरोध बनाने के लिए पत्थर, घास, मिट्टी का उपयोग किया जाता है। जल एकत्र करने के लिए अवरोधों के सामने खाइयाँ बनाई जाती हैं।
- **सीढ़ीदार खेती** : ये खड़ी ढलानों पर बनाई जाती हैं ताकि फसल उगाने के लिए सपाट सतह उपलब्ध हो। वे सतही अपवाह और मिट्टी के कटाव को कम कर सकते हैं।

235. (4) भूपर्पटी में वह स्थान जहां से गति प्रारंभ होती है, फोकस कहलाता है। फोकस के ऊपर सतह पर स्थित स्थान को अधिकेन्द्र (epiccentre) कहा जाता है।
- स्थानीय स्तर पर लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली कुछ सामान्य भूकंप भविष्यवाणी विधियों में जानवरों के व्यवहार का अध्ययन करना शामिल है; तालाबों में मछलियाँ उत्तेजित हो जाती हैं, साँप सतह पर आ जाते हैं।
- तीन प्रकार की भूकंपीय तरंगे होती है जिसमें *p* तरंगें अनुदैर्ध्य तरंगें हैं; S तरंगें अनुप्रस्थ तरंगें हैं और L तरंगें सतही तरंगें हैं।

236. (1) शुक्र को 'पृथ्वी का जुड़वां ग्रह' माना जाता है, क्योंकि इसका आकार पृथ्वी के बहुत समान है। शुक्र सूर्य का दूसरा निकटतम ग्रह है।
- शुक्र और यूरेनस को छोड़कर सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा वामावर्त दिशा में करते हैं और अपनी धुरी पर वामावर्त (पश्चिम से पूर्व) घूमते हैं।
- शुक्र दक्षिणावर्त (पूर्व से पश्चिम) में घूमता है, जबकि यूरेनस सूर्य की परिक्रमा करते समय अपनी तरफ घूमता है।
- शुक्र ग्रह को 'भोर का तारा' एवं 'सांझ का तारा' कहा जाता है। इस ग्रह के पास अपना कोई प्राकृतिक उपग्रह नहीं है। यह सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह है।

237. (2) पृथ्वी की सतह से शुरू होने वाली वायुमंडल की परतों का सही क्रम है:
- **क्षोभमंडल** वायुमंडल की सबसे निचली परत है। यहीं पर पृथ्वी का अधिकांश मौसम संबंधी घटनाएँ घटित होता है।
- **समताप मंडल** वायुमंडल की दूसरी परत है। यहाँ पर ओजोन परत पाई जाती है।
- **मध्यमंडल** वायुमंडल की तीसरी परत है। यह वायुमंडल की सबसे ठंडी परत है।
- **थर्मोस्फीयर** वायुमंडल की चौथी परत है। यह वह जगह है जहां ऑरोरा बोरेलिस (उत्तरी रोशनी) और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस (दक्षिणी रोशनी) होती हैं।
- **बाह्यमंडल** वायुमंडल की सबसे बाहरी परत है। यह वह जगह है जहां वातावरण धीरे-धीरे अंतरिक्ष में बदल जाता है।

238. (2) वायुमंडल की सबसे ठंडी परत मध्यमंडल है। यह समताप मंडल और तापमंडल के बीच स्थित है।
- मध्यमंडल में तापमान -90 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।
- मध्यमंडल वायुमंडल की तीसरी परत है तथा यह पृथ्वी की सतह से 50 से 85 किलोमीटर ऊपर स्थित है।
- मध्यमंडल वायुमंडल की एक ठंडी परत है क्योंकि यह सूर्य से बहुत दूर तथा क्योंकि ओजोन परत सूर्य के अधिकांश विकिरण को अवशोषित करती है।
- मध्यमंडल भी वायुमंडल की एक बहुत पतली परत है। मध्यमंडल की औसत मोटाई केवल लगभग 30 किलोमीटर है।

239. (3) पारिस्थितिकी तंत्र में वाई-आकार का ऊर्जा प्रवाह मॉडल 1956 में एचटी ओडम द्वारा प्रस्तावित किया गया था।
- यह पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह का एक मॉडल है जो ऊर्जा प्रवाह को दो मुख्य मार्गों में अलग करता है: शाकाहारी खाद्य शृंखला और जैव अपघटक खाद्य शृंखला।
- शाकाहारी खाद्य शृंखला पौधों से शाकाहारी और मांसाहारी तक ऊर्जा प्रवाह का मार्ग है।
- जैव अपघटक खाद्य शृंखला मृत जीवों से जैव अपघटक तक ऊर्जा प्रवाह का मार्ग है।
- वाई-आकार का ऊर्जा प्रवाह मॉडल इस अवलोकन पर आधारित है कि पारिस्थितिकी तंत्र में अधिकांश ऊर्जा प्रत्येक ट्रॉफिक स्तर पर गर्मी के रूप में खो जाती है।
- ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी जीव द्वारा उपभोग की जाने वाली ऊर्जा का केवल एक छोटा सा अंश ही वास्तव में विकास और प्रजनन के लिए उपयोग किया जाता है।

240. (1) खाद्य शृंखला में प्रत्येक पोषी स्तर पर, ऊर्जा का एक बड़ा भाग जीवों के रखरखाव के लिए उपयोग किया जाता है जो उस पोषी स्तर पर होता है तथा गर्मी के रूप में नष्ट हो जाता है।
- इसके परिणामस्वरूप, प्रत्येक पोषी स्तर में जीव अगले पोषी स्तर को प्राप्त होने वाली ऊर्जा की तुलना में कम और कम ऊर्जा हस्तांतरित करते हैं।
- लिंडमान के 10% नियम के अनुसार, केवल 10% ऊर्जा एक पोषी स्तर से दूसरे पोषी स्तर तक स्थानांतरित होती है और शेष 90% ऊर्जा का उपयोग पहले पोषी स्तर द्वारा वृद्धि, विकास और प्रजनन के लिए किया जाता है।

241. (3) किसी पारिस्थितिकी तंत्र में क्रमिक पोषी स्तरों के माध्यम से ऊर्जा के प्रवाह के दौरान पूरे मार्ग में ऊर्जा की हानि होती है। ऊर्जा का प्रवाह कभी भी 100% नहीं होता है।
- 1942 ई. में लिंडमान ने ऊर्जा का 10% नियम प्रतिपादित किया। खाद्य शृंखला में ऊर्जा के प्रवाह का क्षय सामान्य घटना है, जिसे उष्मागतिकी का दूसरा नियम या एन्ट्रॉपी का नियम कहा जाता है।
- ऊर्जा के 10% नियम के अनुसार जीवों के एक विशेष पोषी स्तर में प्रवाह करने वाले ऊर्जा का केवल 10% भाग ही अगले उच्च पोषी स्तर पर हस्तांतरित होता है।

242. (4) उत्तरी गोलार्ध में आर्कटिक वृत्त और उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्ध में अंटार्कटिक वृत्त और दक्षिणी ध्रुव के बीच स्थित क्षेत्र बहुत ठंडे हैं।
- ऐसा इसलिए क्योंकि यहां सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं उठता। इसलिए इसकी किरणें हमेशा तिरछी होती हैं तथा कम गर्मी प्रदान करती हैं।
- इसलिए, इन्हें शीतोष्ण क्षेत्र (बहुत ठंडा) कहा जाता है।
- आर्कटिक वृत्त भूमध्य रेखा के $66\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तर में है और अंटार्कटिक वृत्त भूमध्य रेखा के $66\frac{1}{2}^{\circ}$ दक्षिण में है। □□□

Join Telegram: @apna_library
Search on Google.pdf
Scanned with CamScanner

6 भारत का भूगोल

1. दिल्ली शहर किस नदी के किनारे स्थित है?
(1) गंगा (2) गोमती
(3) यमुना (4) गोदावरी
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

2. 'लेप्चा' जनजाति मुख्यत: कहाँ निवास करती है?
(1) मेघालय में
(2) मिजोरम में
(3) सिक्किम में
(4) अरुणाचल प्रदेश में
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

3. भारत में 'हरित क्रांति' ने सर्वाधिक किसे प्रभावित किया?
(1) गन्ने की फसलों को
(2) गेहूँ की फसलों को
(3) धान की फसलों को
(4) सब्जियों की फसलों को
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

4. देश में 'ऑपरेशन फ्लड' की शुरुआत का श्रेय दिया जाता है–
(1) एम. एस. स्वामीनाथन को
(2) डॉ. वर्गीस कुरियन को
(3) एम. जी. के. मेनन को
(4) जयंत नार्लिकर को
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

5. भारतीय मानक समय तथा ग्रीनविच माध्य समय में कितना अन्तर (घण्टे में) है?
(1) $4\frac{1}{2}$ (2) $5\frac{1}{2}$
(3) 4 (4) 5
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

6. भारत का लगभग पूरा क्षेत्र किस गोलार्द्ध (Hemisphere) में स्थित है?
(1) दक्षिणी एवं पश्चिमी गोलार्द्ध
(2) उत्तरी एवं पूर्वी गोलार्द्ध
(3) दक्षिणी एवं पूर्वी गोलार्द्ध
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

7. जनसंख्या घनत्व (Population Density) कहलाता है–
(1) किसी क्षेत्र में रहने वाले स्त्री-पुरुष की संख्या
(2) प्रति किमी. मनुष्यों की संख्या
(3) प्रति वर्ग किमी. मनुष्यों की संख्या
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

8. कन्याकुमारी निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?
(1) केरल (2) तमिलनाडु
(3) कर्नाटक (4) उड़ीसा
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

9. 'केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान' कहाँ पर स्थित है?
(1) दिल्ली (2) लखनऊ
(3) नागपुर (4) रुड़की
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

10. भारत में इस्पात का प्रथम कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था?
(1) बोकारो (2) जमशेदपुर
(3) भिलाई (4) राउरकेला
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

11. उत्पादन की दृष्टि से भारत का प्रमुख खाद्यान्न है–
(1) बाजरा (2) मक्का
(3) चावल (4) गेहूँ
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

12. अपने उद्गम स्थल में गंगा नदी जानी जाती है–
(1) मंदाकिनी के नाम से
(2) अलकनन्दा के नाम से
(3) हुगली के नाम से
(4) भागीरथी के नाम से
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

13. निम्नलिखित में से कौन-सी परियोजना राउरकेला स्टील प्लांट को बिजली प्रदान करती है?
(1) दामोदर घाटी परियोजना
(2) हीराकुंड बाँध परियोजना
(3) नागार्जुन सागर परियोजना
(4) तुंगभद्रा परियोजना
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

14. भारत एवं अफगानिस्तान के मध्य सीमा-रेखा को निर्धारित किया जाता है–
(1) डूरण्ड रेखा से
(2) मैकमोहन रेखा से
(3) हिन्डेनवर्ग रेखा से
(4) रेडक्लिफ रेखा से
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

15. रेलवे के यात्री डिब्बे निर्मित होते हैं–
(1) वाराणसी में (2) चित्तरंजन में
(3) पैराम्बूर में (4) कौचीन में
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

16. भारत में सबसे कम वर्षा वाला स्थान है–
(1) लेह (2) बीकानेर
(3) जैसलमेर (4) चेरापूँजी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

17. 'थारू' लोगों का निवास स्थान कहाँ है?
(1) अरुणाचल प्रदेश
(2) उत्तर प्रदेश
(3) मध्य प्रदेश
(4) बिहार
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

18. हजीरा उर्वरक कारखाना किस पर आधारित है?
(1) पेट्रोलियम (2) प्राकृतिक गैस
(3) नेप्था (4) कोल
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

19. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर आधारित है?
(1) महानदी (2) गोदावरी
(3) कृष्णा (4) नर्मदा
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

20. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहाँ स्थित है?
(1) पटना (2) दिल्ली
(3) हैदराबाद (4) शिमला
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

21. भारत किस खनिज के उत्पादन में आत्मनिर्भर है?
(1) टिन (2) चाँदी
(3) सोना (4) ग्रेफाइट
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

22. कोलार स्वर्ण खादानें किस राज्य में स्थित हैं?
(1) महाराष्ट्र (2) बिहार
(3) मध्य प्रदेश (4) कर्नाटक
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

23. भारत में कौन सा विनिर्माण उद्योग सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है?
(1) लोहा एवं इस्पात उद्योग
(2) सूती वस्त्र उद्योग
(3) चीनी उद्योग
(4) चमड़ा उद्योग
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

24. बोकारो इस्पात कारखाने में किस विदेशी देश का सहयोग प्राप्त किया गया?
(1) अमेरीका (2) ब्रिटेन
(3) फ्रांस (4) पूर्व सोवियत संघ
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

25. गंगा के दक्षिणी भाग में पुरानी जलोढ़ मिट्टी को किस नाम से पुकारते हैं?
(1) भांगर मिट्टी
(2) लाल मिट्टी
(3) बलथर मिट्टी
(4) करैल-कैवाल मिट्टी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

26. सिमलीपाल मुख्यत: किस वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है?
(1) हाथी (2) हिरण
(3) भालू (4) तेन्दुआ
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

27. नंदन कानन अभ्यारण्य किस लिए प्रसिद्ध है?
(1) पक्षी (2) हिरण
(3) सफेद बाघ (4) सफेद चीता
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

28. सदाबहार वन पाए जाते हैं–
(1) हिमालय क्षेत्र में
(2) विंध्य क्षेत्र में
(3) नीलगिरि क्षेत्र में
(4) सुन्दरवन क्षेत्र में
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

29. भारत का सबसे ऊँचा बाँध है–
(1) हीराकुंड (2) भाखड़ा-नांगल
(3) नागार्जुन सागर (4) टिहरी
177. (2) 1973 में आरंभ की गई बाघ परियोजना भारत की पहली वन्य जीव संरक्षण परियोजना थी। इस परियोजना की शुरुआत वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी। बाघ परियोजना भारत की सबसे प्रसिद्ध वन्य जीव संरक्षण परियोजना है जिसकी शुरुआत भारतीय बाघों की घटती जनसंख्या को सुरक्षा प्रदान करने के लिए की गई थी।

178. (3) फारसी लिपि में लिखी उर्दू जम्मू और कश्मीर की आधिकारिक भाषा है। हालांकि, जम्मू और कश्मीर में मातृभाषा के रूप में उर्दू बोलने वालों आबादी 1% से भी कम है। कश्मीरी, डोगरी, हिन्दी, पंजाबी, पहाड़ी, बाल्टी, लद्दाखी, गोजरी, शिना और पश्तो इत्यादि बोली जाने वाली अन्य प्रमुख भाषाएँ है।

179. (4) यमुना दिल्ली की एक प्रमुख नदी है। इसका जलग्रहण क्षेत्र 1485 वर्ग किलोमीटर है जबकि प्रतिशत की दृष्टि से जलग्रहण क्षेत्र 0.4% है।

180. (4) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के चार सर्वाधिक आबादी वाले राज्य हैं: उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल। भारत की कुल जनसंख्या में इन राज्यों का योगदान क्रमशः 16.49%, 9.28%, 8.58% और 7.55% है। तमिलनाडु भारत का छठा सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है।

181. (1) 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,102/ किमी² के साथ बिहार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है। इसके बाद पश्चिम बंगाल (1,029/किमी²) का स्थान आता है। केन्द्र शासित प्रदेशों में दिल्ली का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक (11,297/ किमी²) है। सम्पूर्ण भारत का जनसंख्या घनत्व 382/किमी² है।

182. (2) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता को महलों के शहर के रूप में भी जाना जाता है। इस पूरे शहर में स्तंभित कर देने वाली सुन्दर हवेलियों और महलों का निर्माण किया गया है। यह 1911 तक ब्रिटिश साम्राज्य की राजधानी रही।

183. (1) अंडमान-निकोबार द्वीप के पोर्ट ब्लेयर के सेलूलर जेल में स्थित वीर सावरकर को बंदीगृह पर्यटकों के लिए पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यह जेल 'कालापानी' के रूप में बदनाम थी। सावरकर को सेलूलर जेल में पेन और पेंपर देने से मना कर दिया गया था। उन्होंने कविताओं की रचना की और काँटों तथा कंकड़ों की सहायता से अपनी कविताओं को बंदीगृह की दीवारों पर लिखा।

184. (1) कर्क रेखा भूमध्य रेखा के उत्तर में 23.5 डिग्री. अक्षांश का वृत्त बनाते हुए भारत में 8 राज्यों : गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।



185. (1) ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश में जमुना के रूप में प्रवाहित होती है। गंगा के विशाल डेल्टा में यह पद्मा नदी के साथ मिल जाती है, जिसे बांग्लादेश में गंगा के लिए प्रयुक्त किया जाता है, और अन्त में बंगाल की खाड़ी में मिलने से पूर्व इसे मेघना के नाम से जाना जाता है। ब्रह्मपुत्र सीमा पार बहने वाली नदी है जो चीन, भारत और बांग्लादेश में प्रवाहित होती है।

186. (4) स्वर्ण चतुर्भुज भारत के कई औद्योगिक, कृषि और सांस्कृतिक केन्द्रों को जोड़ने वाला एक राजमार्गीय तंत्र है जिसे एनडीए सरकार के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2001 में शुरू किया गया था। इसका कार्य 2012 में सम्पन्न हुआ। यह भारत की सबसे लंबी और विश्व की पाँचवीं सबसे लंबी राजमार्गीय परियोजना है।

187. (2) पीली क्रांति भारत में तिलहन के उत्पादन से संबंधित है। तिलहन की नई किस्मों और सम्पूरक तकनीकों को अपनाने के परिणाम- स्वरूप, तिलहन का उत्पादन 1987-88 में 12.6 मिलियन टन से बढ़कर 1996-97 में 24.4 मिलियन टन अर्थात् लगभग दोगुना हो गया। तिलहन पर टेक्नोलॉजी मिशन द्वारा उत्प्रेरक के परिणामस्वरूप पीली क्रांति आई।

188. (3) पश्चिम बंगाल में स्थित दुर्गापुर इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 में ग्रेट ब्रिटेन (इंग्लैंड) की सहायता से की गई थी। यह भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में से एक है। यह दामोदर नदी के तट पर स्थित है।

189. (1) चिल्का झील एक खारे पानी का लैगून है। यह ओड़िसा के पूरी, खुर्दा और गंजाम जिले में फैला हुआ है। यह दया नदी (Daya river) के मुख पर स्थित है और इस नदी का बहाव बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह 1, 100 किमी.² क्षेत्र में विस्तृत है। भारत में यह सबसे लंबा तटीय लैगून (Lagoon) है और विश्व में दूसरा सबसे लंबा तटीय लैगून है।

190. (2) कवरत्ती केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप की राजधानी है। यह एक प्रवाल द्वीप का भी नाम है जिसके ऊपर यह शहर बसा है। कवरत्ती द्वीप केरल के तट से 360 किमी. दूर स्थित है। यह अपने प्राचीन श्वेत बालू वाले तट एवं शांत लैगून के लिए जाना जाता है, जो इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनाती है।

191. (2) भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है। यह देहरादून के दक्षिणी जंगलों के करीब चंद्रबनी में स्थित है। मई 1982 में स्थापित, यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक स्वायत संस्थान है।

192. (4) जेमू ग्लेशियर सिक्किम के हिमालयी क्षेत्र में कंचनजंगा के आधार पर स्थित है। यह पूर्वी हिमालय का सबसे बड़ा ग्लेशियर है। यह ग्लेशियर कई नदियों जैसे तीस्ता के लिए पानी का स्रोत है।

193. (3) इंडियन मिनरल्स ईयर 2017 के अनुसार, राष्ट्रीय उत्पादन में 21.03% के योगदान के साथ ओडिशा के बाद 21.7% की हिस्सेदारी के साथ छत्तीसगढ़ सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। कुल उत्पादन में हिस्सेदारी के क्रम में झारखंड (19.08%), मध्य प्रदेश (15.84%), तेलंगाना (8.98%), महाराष्ट्र (6.12%), पश्चिम बंगाल (4.17%) और उत्तर प्रदेश में 2.42 प्रतिशत थे।

194. (3) रजत क्रांति भारत में अंडा/ पोल्ट्री उत्पादन से जुड़ी है। यह भारत के इतिहास में उस समय की अवधि को संदर्भित करता है जिसमें अंडों के उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हुई थी। यह चिकित्सा अनुप्रयुक्त विज्ञान, मुर्गे के बेहतर संकर और मुर्गी पालकों के लिए बेहतर सुविधाओं की मदद से किया गया था।

195. (3) इंद्रावती टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा (पूर्व बस्तर) जिले में स्थित है। इंद्रावती नदी के नाम पर है, जो रिजर्व की उत्तरी सीमा बनाती है। यह बीजापुर जिले में स्थित है। यह छत्तीसगढ़ के तीन बाघ परियोजना स्थलों में से एक है।

196. (1) सरकार द्वारा 1992 में जंगली एशियाई हाथियों की आबादी के मुक्त क्षेत्र के लिए वन्यजीव प्रबंधन प्रयासों के वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु हाथी परियोजना आरंभ किया गया था। इसका उद्देश्य हाथियों, उनके आवासों और प्रवास गलियारों की रक्षा करके उनके प्राकृतिक आवासों में हाथियों के व्यवहार संरक्षण के लिए लंबे समय तक जीवित रखना सुनिश्चित करना है।

197. (2) माधव राष्ट्रीय उद्यान उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश में ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में स्थित है। इसका नाम ग्वालियर के सिंधिया राजवंश से संबंधित ग्वालियर के महाराजा माधो राव सिंधिया के नाम पर रखा गया है। इसकी स्थापना 1958 में हुई थी।

198. (1) दिसम्बर 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपने मानव संसाधन के कौशल और क्षमता निर्माण के लिए बड़ौदा में पहली बार राष्ट्रीय रेल और परिवहन विश्वविद्यालय (NRTU) स्थापित करने के रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। विश्वविद्यालय को यूजीसी (संस्थानों डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटीज) विनियम, 2016 के अनुसार डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किया जाएगा।

199. (2) भारत मे, स्वर्ण क्रांति शहद और बागवानी उत्पादन से जुड़ी है। यह 1991 से 2003 के बीच की अवधि को संदर्भित करता है जो फलों, सब्जियों, शहद और अन्य बागवानी उत्पादों के विशाल उत्पादन द्वारा चिह्नित किया गया था।

200. (1) टोडा लोग एक द्रविड जातीय समूह हैं जो तमिलनाडु के नीलगिरी पर्वत में रहते हैं। टोडा जनजाति नीलगिरी पहाड़ियों की सबसे प्राचीन और असामान्य जनजाति है जिनकी अपनी भाषा और स्वयं के गुप्त रीति-रिवाज हैं। टोडा प्रकृति की पूजा करते हैं जैसे पहाड़ी देवता, भगवान अमोदर (मृतकों का क्षेत्र) और देवी टीकरोजी।

201. (3) ओडिशा भारत में लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसका उत्पादन 50 प्रतिशत से अधिक है। राज्य में अधिकांशतः उच्चकोटि के लौह अयस्क का उत्पादन होता है। ओडिशा का वित्त वर्ष मार्च 2017 में उत्पादित भारत के कुल 192 मिलियन टन से अधिक लौह अयस्क के उत्पादन का आधा हिस्सा ओडिशा का है। भारत में लौह अयस्क के अन्य प्रमुख उत्पादक राज्य हैं: कर्नाटक, छत्तीसगढ़, गोवा और झारखंड।
स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड, ओडिशा में लौह अयस्क का उत्पादन 17 मार्च, 2017 तक 94 मिलियन टन तक पहुँच गया है।

202. (4) मेघालय में गारो पहाड़ियाँ, गारो-खासी शृंखला का एक भाग है। यह राज्य के पश्चिमी भाग का गठन करता है। गारो पहाड़ियाँ पूरी तरह से घने जंगलों से घिरी हैं और इस प्रकार जैव-विविधता में सबसे घने स्थानों में से एक है। यह दुनिया के सबसे आर्द्र स्थानों में से एक है। मेघालय शृंखला उपोष्णकटिबंधीय वनों के पर्यावरणीय क्षेत्र का एक हिस्सा है।

203. (*) देव घर मैंग्रोव महाराष्ट्र में तथा देवी कुंडा मैंग्रोव स्थल उड़ीसा में स्थित है।

204. (3) मिंधोला नदी पश्चिमी भारत में गुजरात में बहने वाली एक नदी है जिसका उद्गम दाँसवाड़ा, सोनगढ़ के पास है। इसके बेसिन की अधिकतम लम्बाई 105 किमी. है। बेसिन का कुल जलग्रहण क्षेत्र 1,518 वर्ग किमी. है। इस नदी की महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ खलिखाड़ी, विजागखाड़ी, घवई नाड़ी और चिखखाड़ी हैं।

205. (4) पल्लीवैसल जलविद्युत परियोजना केरल के इडुक्की जिले में स्थित है। यह 1940 में चालू होने के बाद केरल का पहला पनबिजली केन्द्र है। त्रावणकोर के दीवान सर सी.पी. रामास्वामी अय्यर ने 19 मार्च, 1940 को पल्लीवैसल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया।

206. (4) भारत में स्वर्ण फाइबर क्रांति जूट उत्पादन से सम्बन्धित है। जूट को उसके रंग और उच्च नकद मूल्य के लिए "गोल्डन फाइबर" कहा जाता है। इसके अलावा, यह एक प्रमुख विदेशी मुद्रा अर्जक है। जूट एक लम्बो, नरम, चमकदार वनस्पति फाइबर है जिसे मोटे, मजबूत धागे में काता जा सकता है।

207. (2) कोरिंगा मैंग्रोव वन, गोदावरी डेल्टा, आन्ध्र प्रदेश में स्थित है। यह भारत में मैंग्रोव वनों का दूसरा सबसे बड़ा खंड है जिसमें 24 मैंग्रोव वृक्ष प्रजातियाँ और 120 से अधिक पक्षियों की प्रजातियाँ हैं। इसे वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया है।

208. (1) भारत में, चाँदी का उत्पादन मुख्य रूप से राजस्थान में होता है, जिसमें राष्ट्र के शुद्ध उत्पादन का 87% हिस्सा प्राप्त होता है। उदयपुर में जावर की खदानें देश की सबसे बड़ी चाँदी की खान है। बाकी चाँदी का उत्पादन ज्यादातर कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में होता है। भारत में चाँदी का समृद्ध भंडार नहीं है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

209. (3) हीराकुद बाँध ओडिशा के संबलपुर के पास महानदी नदी के पार बनाया गया है। 1947-57 के दौरान निर्मित, यह भारत की स्वतंत्रता के बाद शुरू की गई पहली प्रमुख बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं में से एक है। यह भारत का सबसे लम्बा मिट्टी का बाँध है, जो डाइक्स सहित 25.8 किमी लम्बा है।

210. (3) डूँगेश्वरी हिल्स, जिसे महाकाल गुफाओं के रूप में भी जाना जाता है, बिहार में बोधगया के पास स्थित है। इस पहाड़ी पर एक गुफा है जो कई मंदिरों और प्राचीन स्तूपों से घिरा हुआ है। माना जाता है कि यह वही गुफा है, जिसने छः साल तक भगवान बुद्ध को रखा की थी, इससे पहले कि वह आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए बोधगया की यात्रा किए।

211. (3) 2011 की धार्मिक जनगणना के अनुसार, ईसाइयों में 1000 लड़कों के मुकाबले 958 लड़कियों का सबसे अच्छा अनुपात था। अन्य समुदायों में, 1000 लड़कों के मुकाबले 913 हिन्दू लड़कियाँ, 1,000 लड़कों के मुकाबले 943 मुस्लिम लड़कियाँ और 1000 लड़कों के मुकाबले 933 बौद्ध लड़कियाँ थीं। देश में सिखों और जैनों का लिंगानुपात सबसे खराब है।

212. (3) डिम्बी लोवर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना अरुणाचल प्रदेश में बनाने वाली 1750 मेगावाट की बिजली परियोजना है। परियोजना का 124 मीटर ऊँचा बाँध लोहित नदी पर बनाया जाना प्रस्तावित है। यह परियोजना स्थल सांस्कृतिक विरासत स्थल परशुराम कुंड जो, एक प्रमुख हिन्दू तीर्थस्थल है के नजदीक स्थित है।

213. (2) खारिया झारखंड और ओडिशा के छोटा नागपुर क्षेत्र में रहने वाले पहाड़ी जनजाति लोगों के कई समूह हैं। अधिकांश खारिया मुंडा परिवार की दक्षिण मुंडा भाषा बोलते हैं। खारिया को आमतौर पर तीन समूहों में विभाजित किया जाता है–हिल खारिया, ढेलकी और दुधा। इनका समाज पितृसत्तात्मक है, परिवार इनकी मूल इकाई है और एक आदिवासी द्वारा ही इनका नेतृत्व किया जाता है।

214. (2) सुरिनसर और मानसर झीलें जम्मू और कश्मीर में स्थित हैं। जम्मू के पास स्थित, उन्हें जुड़वाँ झीलों के रूप में माना जाता है। उन्हें जम्मू के मुकुट के रूप में जाना जाता है। ये झील संरक्षित आर्द्रभूमि हैं और जैव विविधता से समृद्ध हैं।

215. (3) भारत की कृष्ण क्रांति पेट्रोलियम के उत्पादन से जुड़ी है। यह देश में कच्चे पेट्रोलियम के उत्पादन में वृद्धि से तेल आयात पर भारत की निर्भरता को रोकने के लिए 1970 के दशक में उठाए गए सरकारी कदमों को संदर्भित करता है।

216. (1) श्वेत क्रान्ति का सम्बन्ध दुग्ध उत्पादन से हैं। दुग्ध कृषि, डेयरी उद्योग या दुग्ध उद्योग, कृषि की एक श्रेणी है यह पशुपालन से जुड़ा एक बहुत लोकप्रिय उद्यम है। जिसके अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन उसकी प्रोसेसिंग और खुदरा बिक्री के लिए जाने वाले कार्य आते हैं।

217. (3) सिंधु नदी पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी है इस नदी की लंबाई प्राय: 2880 किलोमीटर है। झेलम, चिनाब, रावी, व्यास, सतलज सिंधु नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ है।

218. (3) सरदार सरोवर बाँध भारत के गुजरात राज्य में नर्मदा नदी पर स्थित है। सरदार सरोवर बाँध दुनिया का सबसे बड़ा बाँध है। यह नर्मदा नदी पर बना 800 मीटर ऊँचा है।

219. (2) नदी नर्मदा, ताप्ती, माही पूर्व से पश्चिम की ओर प्रवाहित होते हुए अपना सारा पानी अरब सागर में डाल देती हैं। वहीं चंबल नदी यमुना से मिलकर अपना सारा पानी बंगाल की खाड़ी में डाल देती है।

220. (2) फूलों की घाटी एक राष्ट्रीय पार्क है। यह विभिन्न प्रजाति के फूलों की उपलब्धता के लिए प्रसिद्ध है। इसे 1982 ई. में राष्ट्रीय पार्क घोषित किया गया था।

221. (1) नाथूला हिमालय का एक पहाड़ी दर्रा है जो भारत के सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत में चुम्बी घाटी को जोड़ता है। यह 14,2000 फीट की ऊँचाई पर है। यह दर्रा प्राचीन रेशम मार्ग की एक शाखा का हिस्सा रहा है।

222. (2) तमिलनाडु में औसत वार्षिक वर्षा दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वोत्तर मॉनसून पर निर्भर होती है। सर्दियों में तमिलनाडु तट पर उत्तर पूर्वी हवाओं के कारण बारिश होती है।

223. (3) मेघालय के नोखालिखाई प्रपात बाद जोग प्रपात भारत का दूसरा बड़ा जल प्रपात है। यह महाराष्ट्र कर्नाटक की सीमा पर शरावती नदी स्थित है। यह चार छोटे-छोटे प्रपातों राकेट, रोरर और दाम ब्लाचें-से बना है। इसे जेरसप्पा प्रपात भी कहते

224. (4) प्रशासनिक सुविधा एवं रेलों परिचालन की सुविधा की दृष्टि से भारत रेल को क्षेत्र या जोन्स में बाँटा गया है उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिणपूर्व रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे, मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, दक्षिणपूर्व मध्य रेलवे, पूर्व तटीय रेलवे, पूर्वमध्य रेलवे और कोंकण रेलवे।

225. (3) राउरकेला इस्पात संयंत्र ओडिशा राज्य के राऊरकेला नामक स्थान में स्थित है। यह भारत में सार्वजनिक क्षेत्र में पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र था। यह 1955 में जर्मन सहयोग के साथ स्थापित किया गया।

226. (2) भारत में पश्चिम से पूर्व की ओर, कर्क रेखा जिन राज्यों से गुजरती है, वे हैं: गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम।

227. (2) 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या का 56.6% कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र में संलग्न था। भारत की जनसंख्या का 13.4% विनिर्माण में; 9.4% होटल और रेस्तरां, थोक, खुदरा व्यापार और मरम्मत कार्यों में; और 4% जनसंख्या परिवहन, भंडारण और संचार में व्यस्त थी। इन आंकड़ों के अनुसार द्वितीयक क्षेत्र (विनिर्माण) में भारत की कार्यशील जनसंख्या की संलग्नता द्वितीय सर्वाधिक रही।

228. (3) खरीफ फसलों को बोते समय अधिक तापमान एवं आर्द्रता तथा पकते समय शुष्क वतावरण की आवश्यकता होती है। उत्तर भारत में इनको जुन-जुलाई में बोते हैं और इन्हें अक्टूबर के आसपास काटा जाता है। अरबी भाषा में 'खरीफ' शब्द का अर्थ 'पतझड़' है। खरीफ की फसल

अक्टूबर में पतझड़ के मौसम में तैयार होती है इसलिए इसे इस नाम से बुलाया जाता है।

229. (3) दिल्ली से हावड़ा चलते वाली राजधानी एक्सप्रेस निम्नलिखित राज्यों से होकर गुजरती है–
दिल्ली–उत्तर प्रदेश–बिहार–बंगाल

230. (3) गीतांजलि एक्सप्रेस हावड़ा से मुंबई के बीच चलती है। इसका प्रथम परिचालन 36 दिसम्बर, 1977 को हुआ था। यह सुपरफास्ट एक्सप्रेस है।

231. (1)

रेल मंडल	मुख्यालय
1. उत्तर रेलवे	नई दिल्ली
2. दक्षिण रेलवे	चेन्नई
3. मध्य रेलवे	मुंबई (सी.एस.टी)
4. द.पू. रेलवे	कोलकाता
5. उ.पू.सी. रेलवे	मालेगाँव
6. उत्तर मध्य रेलवे	इलाहाबाद
7. द.प. रेलवे	हुबली
8. पूर्वी तट रेलवे	भुवनेश्वर
9. पश्चिमी रेलवे	चर्च गेट मुंबई
10. पूर्व रेलवे	कोलकाता
11. पूर्वोत्तर रेलवे	गोरखपुर
12. पूर्व मध्य रेलवे	हाजीपुर
13. द. मध्य रेलवे	सिकन्दराबाद
14. प. मध्य रेलवे	जबलपुर
15. उ.प. रेलवे	जयपुर
16. द-पूर्व मध्य रेलवे	बिलासपुर
17. कोलकाता मेट्रो रेल	कोलकाता

232. (1) रेलवे स्टॉफ कॉलेज 1930 में देहरादून स्थापित किया गया था, इसके पश्चात् 1952 में बड़ोदरा स्थानांतरित किया गया।

233. (2) कोच्चि बंदरगाह केरल में अवस्थित है। यह बंदरगाह अरब सागर के तट पर है। देश का सबसे बड़ा बंदरगाह मुंबई में है। देश का सर्वश्रेष्ठ प्राकृतिक बंदरगाह विशाखापत्तनम है। गुजरात स्थित कांडला एक ज्वारीय बंदरगाह है। चेन्नई एक कृत्रिम बंदरगाह है। यह भारत कां सबसे प्राचीन बंदरगाह है। देश में 12 बड़े एवं 185 छोटे एवं मंझोले बंदरगाह स्थित हैं।

234. (1) भारत में वायु परिवहन की शुरुआत 1911 ई. मे हुई; जब इलाहाबाद से नैनी के बीच विश्व की सर्वप्रथम विमान डाक सेवा का परिवहन किया गया। गोपीनाथ बारडोली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा गुवाहटी में स्थित है।

235. (3) भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कार्बेट राष्ट्रीय पार्क (उत्तराखण्ड) है। इसका पुराना नाम हेली नेशनल पार्क था, जिसकी स्थापना 1935 में की गई थी। इस राष्ट्रीय उद्यान में हाथी, बाघ, चीता, हिरण, भालू, नीलगाय, साँभर, जंगली सूअर आदि हैं।

236. (1) नागार्जुन सागर बाँध कृष्णा नदी पर स्थित है। यह परियोजना भारत के आंध्रप्रदेश राज्य में स्थित एक प्रमुख नदी घाटी परियोजना है। 10 दिसंबर, 1955 ई. में इस बाँध की नींव तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने रखी। यह भारत का सबसे उँचा और लंबा बाँध है। इस बाँध से निर्मित नागार्जुन सागर झील दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है।

237. (1) काली मिट्टी को रेगुर मृदा के नाम से भी जाना जाता है। काली मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस की मात्रा कम होती है। इसमें लोहा, चूना, मैग्नीशियम एवं एलूमिना की मात्रा अधिक होती है। क्षेत्रफल की दृष्टि से काली मिट्टी का स्थान भारत में दूसरा है।

238. (4) भारत में झूम खेती के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रसिद्ध है। कुछ वर्षों तक (प्राय: दो या तीन वर्ष तक) जब तक मिट्टी में उर्वरता विद्यमान रहती है; तब तक उस भूमि पर खेती की जाती है। भारत की पूर्वोत्तर पहाड़ियों में आदिम जातियों द्वारा की जाने वाली इस प्रकार की कृषि को झूम कृषि कहते हैं।

239. (1) भारत का सिलिकॉन वैली बेंगलुरु को कहा जाता है। बेंगलुरु कर्नाटक राज्य का शहर और राजधानी है। समुद्र तल से 949 मीटर की उँचाई पर कर्नाटक पठार की पूर्वी पश्चिमी श्रृंखला पर स्थित यह शहर राज्य के दक्षिण पूर्वी भाग में हैं। बेंगलुरु को सूचना तकनीक का केन्द्र होने के कारण भी सिलिकॉन वैली कहा जाता है।

240. (1) नाथूला दर्रा हिमालय का एक पहाड़ी दर्रा है जो भारत को सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत मे चुम्बी घाटी को जोड़ता है।

241. (2) अरावली भारत के पश्चिमी भाग राजस्थान में स्थित एक पर्वतमाला है। भारत की भौगोलिक संरचना में अरावली प्राचीनतम पर्वत है। यह संसार की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है। अरावली पर्वत का सबसे उँची चोटी गुरु शिखर (1722 मी.) है।

242. (4) चिपको आंदोलन एक पर्यावरण रक्षा का आंदोलन है। यह भारत के उत्तराखण्ड राज्य में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए किया था। वे राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों द्वारा वनों की कटाई का विरोध कर रहे थे और उन पर अपना परंपरागत अधिकार जमा रहे थे।

243. (1) भारतीय हिमालयी क्षेत्र की सबसे उँची चोटी आस्टिन गॉडविन है, लेकिन अब यह पाक अधिकृत कश्मीर में है। इसके बाद सबसे उँची चोटी कंचनजंगा है। इसलिए भारत की सबसे उँची चोटी कंचनजंगा को माना जाएगा।

244. (2) गोदावरी दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी है। इसे दक्षिण की गंगा भी कहा जाता है। इसकी उत्पत्ति पश्चिम घाट की पर्वतश्रेणी के अतंर्गत त्र्यम्बक पर्वत से हुई है। इसकी लंबाई 1450 किमी. है। यह महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश से बहते हुए राजमुंद्री शहर के समीप बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है।

245. (2) मैंगनीज आवर्त सारणी का एक तत्व जो स्थान VIIB में स्थित है। मैंगनीज का प्रतीक M_n, परमाणु सं. 0-25 परमाणु भार 54.93 है। देश में मैंगनीज खनिज के मुख्य भंडार कर्नाटक में हैं, उसके बाद ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं गोवा में है। भारत में मैंगनीज उत्पादन में प्रथम स्थान ओडिशा, द्वितीय स्थान मध्यप्रदेश तथा तृतीय स्थान महाराष्ट्र का है।

246. (2) अमरकंटक नर्मदा नदी, सोन नदी और जोहिला नदी का उद्गम स्थान है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित है। नर्मदा नदी यहाँ से पश्चिम की तरफ और सोन नदी पूर्व की दिशा में बहती है।

247. (3) नाथूला हिमालय का एक पहाड़ (पास) है, जो भारत के सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत में चुम्बी घाटी को जोड़ता है। यह दर्रा प्राचीन रेशम मार्ग की एक शाखा का हिस्सा भी रहा है।

Join Telegram: @apna_library
Search @ Google.pdf
Scanned with CamScanner

248. (3) डल झील, श्रीनगर में 'श्रीनगर का गहना' या कश्मीर के मुकुट के नाम से लोकप्रिय है। डल झील श्रीनगर, कश्मीर में एक प्रसिद्ध झील है।

249. (4) कोटा मंडल उत्तर मध्य रेलवे का हिस्सा नहीं है।

250. (1) भारतीय राज्यों में उत्तर प्रदेश सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है और सिक्किम सबसे कम आबादी वाला राज्य है।

251. (3) लखीमपुर खीरी जनपद में स्थित दुधवा नेशनल पार्क की सोमा तराई-भाभर क्षेत्र के निकट स्थित है। यह प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 230 किमी दूर है।

252. (1) नन्दा देवी राष्ट्रीय उद्यान भारत के उत्तराखंड राज्य में नन्दा देवी पर्वत के आस-पास का इलाका है जो कि 630.66 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान को मिलाकर सन् 1977 में इसे विश्व धरोहर घोषित किया गया।

253. (3) भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक मात्र असम में ही खनिज तेल निकाला जाता था। असम घाटी तेल क्षेत्र में भारत का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राचीन तेल क्षेत्र है।

254. (1) उत्तर के विशाल मैदान को सिन्धु-गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान या ग्रेट प्लेन (वृहत मैदान) भी कहा जाता है। यह मैदान हिमालय के उत्थान के बाद निर्मित हुए हैं–

– हिमालय से निकलने वाली नदियाँ यहाँ की उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी का स्रोत है।

– उत्तर से दक्षिण तक यह मैदान तीन भागों में विभक्त है- भाभर, तराई या जलोढ़ मैदान।

– खादर और बांगर को संयुक्त रूप से जलोढ़ मैदान कहा जाता है।

255. (2) रबी फसलों की बुआई के समय कम तापमान तथा पकते समय शुष्क और गर्म वातावरण की आवश्यकता होती है। ये फसलें सामान्यतः अक्टूबर-नवंबर के महीनों में बोई जाती हैं, जैसे- गेहूँ, जौ, चना, मसूर, सरसों।

256. (2) राष्ट्रीय राजमार्ग-2 → दिल्ली-मथुरा-आगरा-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी-मोहनिया-बरही-पलासित-बैधबटी-बाग-कोलकाता।

257. (1) राजस्थान की जलवायु शुष्क से उप-आर्द्र मानसूनी जलवायु है। अरावली के पश्चिम में न्यून वर्षा, उच्च दैनिक एवं वार्षिक तापान्तर, निम्न आर्द्रता तथा तीव्र हवाओं युक्त शुष्क जलवायु है। अक्षांशीय स्थिति, समुद्र से दूरी, समुद्रतल से ऊँचाई, अरावली पर्वत श्रेणियों की स्थिति वनस्पति आवरण आदि सभी यहाँ की जलवायु को प्रभावित करते हैं।

258. (2) मुंबई हाई अरब सागर में एक तेल क्षेत्र है। इसका परिचालन ओ.एन.जी.सी. द्वारा किया जा रहा है।

259. (*) देश में कूल वन आच्छादित क्षेत्र 7,01,675 वर्ग किमी. है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 21.34 प्रतिशत है। देश में वनाच्छादित क्षेत्र में मामलें में मध्यप्रदेश का पहला स्थान है, जहाँ देश के कुल वनाच्छदित क्षेत्र के 11.22 प्रतिशत में वन है।

260. (2) अलग-अलग किस्म की फसल को उसी जमीन में बारी-बारी से उगाना, तकनीकी रूप से 'फसल चक्र (Crop Rotation) कहलाता है। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप भूमि की जैविक, रसायनिक और भौतिक दशाओं में संतुलन आता है तथा फसलों की गुणवत्ता एवं पोषकता में वृद्धि होती है। सामान्यतः फसल चक्र के अंतर्गत दो धान्य फसलों के बीच एक दलहन फसल की खेती की जाती है।

261. (4) स्वर्ण चतुर्भुज सुपर राजमार्गों का रख रखाव एन.एच.ए.आई. द्वारा किया जाता है। इस परियोजना का आरंभ 2001 में किया गया था। यह भारत का एक प्रसिद्ध राजमार्ग है जो कई औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं कृषि संबंधी नगरों को जोड़ता है।

262. (2) 'हीराकुंड परियोजना' ओडिशा में महानदी पर बनाया गया बाँध है। यह संसार के लंबे बाँधों में एक है, इसकी लंबाई 26 किमी. है। इस परियोजना का उद्देश्य सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण एवं विद्युत उत्पादन है। टिहरी बाँध भागीरथी नदी पर बनाया गया भारत का सबसे ऊँचा बाँध है। रणाप्रयाप बाँध, चंबल घाटी नदी पर बनाया गया एक गुरुत्वीय बाँध है।

263. (1) सोन बहुउद्देशीय परियोजना बिहार राज्य में स्थित है। इसके अलावा गंडक परियोजना, कोसी परियोजना, बाण सागर परियोजना आदि भी बिहार राज्य से संबद्ध परियोजना है।
हीराकुंड परियोजना - महानदी (उड़ीसा)
जवाहर सागर परियोजना - चंबल (राजस्थान)
रिहंद परियोजना - रिहंद (उत्तर प्रदेश)

264. (1) शिवालिक की पहाड़ियाँ हिमाचल प्रदेश में स्थित है। शिवालिक हिमालय की गिरिपद पहाड़ियाँ है। इसकी औसत ऊँचाई 600 मी. है। हिमाचल श्रेणी तथा शिवालिक श्रेणी के बीच कुछ समतल संरचनात्मक घाटियाँ है, इन्हें 'दून' कहते हैं (देहरादून)। शिवालिक के गिरिपद मैदानों के दक्षिण में दलदली क्षेत्र है जिसे 'तराई' कहते हैं। शिवालिक को निम्न अथवा बाह्य हिमालय के नाम से भी जानते हैं।

265. (1) पंजाब में भूमि अपरदन का मुख्य कारण 'सघन कृषि' है। सघन कृषि (Intensive farming) कृषि उत्पादन की वह प्रणाली है जिसमें कम जमीन में अधिक परिश्रम, पूँजी, उर्वरक या कीटनाशक आदि डालकर अधिक उत्पादन लिया जाता है इसमें एक ही भूमि पर वर्ष में कई फसले बोई जाती है।

266. (2) 'अरावली' भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। अरावली पर्वत श्रेणी दिल्ली से लेकर अहमदाबाद के निकट तक लगभग 800 किमी. की दूरी में फैली है। यह विवर्तनिक पर्वत है, जो कठोर क्वार्ट्जाइट चट्टानों से बना है। गुरु शिखर (1722 मी.) इसका सर्वोच्च शिखर है। अरावली के पूर्व क्षेत्र की ऊँचाई 250 मी. से लेकर 500 मी. तक है। इसे पूर्वी राजस्थान की उच्च भूमि कहते हैं। चंबल तथा बनास मुख्य रूप से इस क्षेत्र का जल बहाकर ले जाती है।

267. (1) अरब सागर में स्थित भारत के द्वीप समूह का नाम 'लक्षद्वीप' है। यह प्रवाल द्वीप का उदाहरण है। आंद्रोत द्वीप इसका सबसे बड़ा द्वीप है जबकि अमीनी द्वीप इसका सबसे बड़ा द्वीप समूह है। लक्षद्वीप की राजधानी कवरत्ती है। यह मिनिकॉय द्वीप से 9° चैनल द्वारा अलग होता है।

268. (2) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है। जबकि जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है। विश्व में भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवां तथा जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा स्थान है।

269. (3) कर्क रेखा उड़ीसा से नहीं गुजरती है।

कर्क रेखा $\left(23\frac{1}{2}^{\circ}N\right)$ भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है। ये राज्य है- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम।

270. (2) भारत की सीमा नेपाल से 1751 किमी. क्षेत्र से लगती है। उत्तरी प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड पश्चिम बंगाल, सिक्किम की सीमा नेपाल से संबद्ध है नेपाल की सीमा से लगा सबसे लम्बा संबद्ध राज्य बिहार है। चीन की सीमा से संबद्ध भारतीय राज्य- जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश बांग्लादेश की सीमा से सटे राज्य-असम मेघालय, मिजोरम, पश्चिम बंगाल।

271. (2) भारत की प्रथम रेलवे टर्मिनस बोरो बंदर थी। ब्रिटिश भारत के अन्तर्गत 1849 ई. में इसका निर्माण कराया गया था। ध्यातव्य है कि भारत की प्रथम रेल 1853 ई. में बम्बई-ठाणे के की बीच चलाई गई थी।

272. (2) दक्षिणी-पश्चिमी आर्द्र पवनें समुद्र से स्थल की ओर बहती है। हजारों किलोमीटर की समुद्री यात्रा के कारण इन पवनों में पर्याप्त नमी होती है, इस कारण ऊमस का वातावरण बन जाता है तथा भारी वर्षा होती है। इस प्रकार मानसून का आकस्मिक प्रारम्भ होता है जिसे 'मानसून-प्रस्फोट' कहते हैं। उत्तर भारत में अधिकांश वर्षा दक्षिणी- पश्चिमी मानसून के कारण होती है।

273. (1) हीराकुंड परियोजना उड़ीसा में संभलपुर के निकट महानदी पर बनाया गया है। यह संसार का सबसे लम्बा बाँध है। कृष्णा नदी पर नागार्जुन परियोजना बनाई गई है। दामोदर घाटी परियोजना भारत की प्रथम बहुउद्देशीय परियोजना है (1948 ई.) यह दामोदर नदी पर बनाया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत तिलैया, मैथान, पंचेत, बोकारो आदि बाँध बनाए गए है।

274. (4) अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ नर्मदा, तापी, माही, लूनी तथा घग्घर नदी है। नर्मदा नदी का उद्गम मैकाल पर्वत की अमरकंटक चोटी है। अरब सागर में गिरने वाली यह सबसे बड़ी नदी है। नर्मदा नदी के उत्तर में विन्ध्याचल तथा दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत है, इनके बीच में यह भ्रंश घाटी में बहती है।
'तापी नदी' बैतूल जिले के मुल्ताई नामक स्थान के पास सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी 'पूरणा' है। काकरापार तथा उकाई परियोजना इस नदी पर बनाया गया है।

275. (2) 'प्रायद्वीप' भूमि के वो हिस्से हैं जिनके चारों ओर पानी होता है पर यह मुख्य भूमि से एक भू-संधि के द्वारा जुड़े रहते हैं। दूसरे शब्दों में, प्रायद्वीप भूमि के वे भाग होते हैं जिनके तीन तरफ जल तथा एक ओर स्थल होती है। 'द्वीप' स्थल खंड के ऐसे भाग होते हैं, जिनके चारों ओर जल का विस्तार पाया जाता है।

276. (1) रबड़ की उत्तम कृषि के लिए 25°C से 32°C का उच्च तापमान, अत्यधिक वर्षा, लाल लैटेराइट, चिकनी एवं दोमट मिट्टी तथा अत्यधिक मानव श्रम की आवश्यकता होती है। दक्षिण भारत में इसकी सबसे उपयुक्त दशाएँ मिलती हैं। इसका सर्वाधिक उत्पादन केरल में होता है। अन्य प्रमुख उत्पादक राज्य तमिलनाडु, कर्नाटक तथा अंडमान निकोबार द्वीप समूह हैं।

277. (1) हिमालय के सबसे दक्षिणी भाग को 'शिवालिक' कहा जाता है। शिवालिक हिमालय की सबसे बाहरी एवं नवीनतम श्रेणी है। इसे बाह्य हिमालय एवं उपहिमालय भी कहते हैं। यह पंजाब में पोतवार बेसिन के दक्षिण से आरंभ होकर पूर्व की ओर कोसी नदी तक अर्थात् 87° पूर्वी देशांतर तक फैली है। इसके आगे यह मध्य हिमालय के साथ असम्बद्ध हो गई है। पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक भी यह मिली हुई मिलती है।
लघु या मध्य हिमालय या हिमाचल हिमाद्रि के दक्षिण तथा शिवालिक के उत्तर में उसके समानांतर फैली है। हिमाद्रि हिमालय का उत्तरतम भाग है। त्रिकुला पहाड़ी श्रीलंका में अवस्थित है।

278. (3) इन्द्रावती बाघ रिजर्व: छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है, पेरियार बाघ रिजर्व: केरल के इडुक्की, कोट्टायम और पथानमथित्ता के जिलों में थेक्कडी के निकट एक संरक्षित क्षेत्र है, सिमलिपाल बाघ रिजर्व: ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित है, बांदीगढ़ बाघ रिजर्व : कर्नाटक के बांदीपुर जिले में स्थित है।

279. (1) कोच्चि : केरल में स्थित कोच्चि पोतनिर्माण उद्योग के लिए प्रसिद्ध है, लुधियाना : साइकिल, होजरी या यान्त्रिक कार्य उद्योग के लिए प्रसिद्ध है, भिलाई : रेलवे के अन्य उपकरणों और अग्रिम 'स्विच प्वॉइंट रेल' के लिए प्रसिद्ध है, जबलपुर : ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

280. (3) भारत में केसर उगाने वाले राज्यों की सूची में जम्मू और कश्मीर शीर्ष स्थान पर है। कश्मीर के श्रीनगर में स्थित पम्पोर अपने अच्छे गुणवत्ता के केसर के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। केसर की खेती राज्य के किश्तवाड़ क्षेत्र में भी की जाती है, हालांकि यहाँ केसर की खेती एक छोटे पैमाने पर की जाती है।

281. (2) धनबाद के निकट स्थित सिन्दरी संयंत्र भारत की पहली उर्वरक इकाई थी, इसकी स्थापना 1951 में की गई थी। यह भारत में अमोनियम सल्फेट (1951), यूरिया (1959), अमोनियम नाइट्रेट- सल्फेट, जिसे सामान्यतः डबल साल्ट (1959) कहा जाता था, का उत्पादन करने वाला पहला संयंत्र था और 1951 में कैप्टिव पॉवर प्लांट वाला पहला उर्वरक संयंत्र था।

282. (1) नीमू बाजगो विद्युत परियोजना जम्मू और कश्मीर में लेह के निकट अलची गाँव में सिंधु नदी पर स्थित एक रन-ऑफ द रीवर विद्युत परियोजना है। इस परियोजना को नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, जबकि इस परियोजना के विद्युत-यांत्रिक कार्य को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा निष्पादित किया गया है। इसका उद्घाटन 12 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था।

283. (4) अंडमान और निकोबार द्वीप के अंडमान जिले के वन्दूर में स्थित महात्मा गाँधी मैरिन नेशनल पार्क एक राष्ट्रीय उद्यान है। पोर्ट ब्लेयर से लगभग 30 किमी. की दूरी पर स्थित यह पार्क बंगाल की खाड़ी में दक्षिणी अंडमान के दक्षिण पश्चिमी तट पर स्थित है। इस उद्यान की स्थापना 1983 में की गई थी।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner
Search on Google

284. (3) 93.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के साथ उत्तर प्रदेश ट्यूबवेल सिंचाई के अंतर्गत सबसे बड़े क्षेत्र वाला राज्य है जो भारत के पूर्ण सिंचित क्षेत्र में लगभग 28.19 प्रतिशत योगदान देता है। विश्व में सर्वाधिक ट्यूबवेलों की संख्या भारत में है। वर्तमान में ट्यूबवेल भारत में सिंचाई के सबसे लोकप्रिय स्रोत हैं। सामान्यत: ट्यूबवेल धनी और मध्यम किसानों के मध्य लोकप्रिय है।

285. (3) ब्रह्मपुत्र सीमा पार बहने वाली नदी है जो तीन देशों- चीन, भारत और बांग्लादेश से होकर प्रवाहित होती है। यह थारत्सुंग सांगपो नदी के रूप में तिब्बत के आंग्सी ग्लेशियर से निकलती है। इसके बाद यह नदी अरुणाचल प्रदेश (भारत) में प्रवेश करती है, जहाँ इसे दिहांग के रूप में जाना जाता है। इसके बाद यह नदी ब्रह्मपुत्र के रूप में असम घाटी से होकर दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है और जमुना के रूप में बांग्लादेश से होकर दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है।



286. (2) भारत अपनी सीमा रेखाओं को पश्चिम में पाकिस्तान के साथ, उत्तर पूर्व में चीन, नेपाल और भूटान के साथ और पूर्व में म्यांमार और बांग्लादेश के साथ साझा करता है। भारत हिन्द महासागर में श्रीलंका और मालदीव के आसपास विद्यमान है। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह थाईलैंड और इंडोनेशिया के साथ समुद्री सीमा साझा करते हैं।

287. (1) सर क्रीक पाकिस्तान के सिंध प्रांत और कच्छ के रण में भारत के गुजरात राज्य के मध्य एक विवादित जल धारा है। पाकिस्तान भारत की सीमा तक व्याप्त सम्पूर्ण जल धारा पर दावा करता है, जबकि भारत का तर्क है कि इस मुद्दे का समाधान अंतर्राष्ट्रीय नदी तंत्र के अनुसार किया जाना चाहिए और इस प्रकार भारत मध्य में विभाजन के साथ जल धारा के आधे भाग पर दावा करता है।

288. (3) पंजाब के रूपनगर जिले में स्थित नांगल अपने उर्वरक उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर मुख्यत: भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (NFL) के उर्वरक परिसर के रूप में कार्य करता है। नांगल मुख्यत: यूरिया का उत्पादन करता है।

289. (2) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में केरल का लिंग अनुपात सर्वाधिक (1084) है, इसके बाद पांडिचेरी (1037) और तमिलनाडु (996) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, 36,137,975 पुरुष और 36,009,055 महिलाओं के साथ तमिलनाडु की कुल जनसंख्या 72,147,039 है।

290. (2) पश्चिमी घाट एक पर्वतीय शृंखला है जो भारतीय प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के समानान्तर फैली हुई है, यह विश्व में जैव विविधता के आठ "हॉटस्पॉट हॉटस्पॉट्स" में से एक है। इसमें 7,400 से अधिक पुष्पित पादपों की प्रजातियाँ, 139 स्तनपायी प्रजातियाँ, 508 पक्षियों की प्रजातियाँ, 179 उभयचर प्रजातियाँ और 288 ताजे जल में रहने वाली मछलियों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

291. (4) स्लेटी पत्थर (शेल) उत्कृष्ट [illegible] कीचड़ से बनी एक खण्डमय [illegible] शैल है जो अन्य खनिजों विशेष [illegible] क्वार्ट्ज और कैल्साइट के छोटे [illegible] (रेत के आकार के कणों) और [illegible] मिट्टी की पपड़ी का मिश्रण है। [illegible] पत्थर कायान्तरित दबाव और [illegible] अधीन होते हैं, जो कठोर, [illegible] कायान्तरित शैल में परिवर्तित हो [illegible] इन्हें स्लेट के रूप में जाना जाता है।

292. (2) नर्मदा मध्य भारत की एक नदी है। भारत की पांचवी सबसे लंबी नदी है। नर्मदा नदी दरार घाटी से होकर गुजरती है।

293. (1) लिंगानुपात का अर्थ है प्रति [illegible] हजार पुरुषों पर महिलाओं की [illegible] जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य केरल (1084) है, जबकि न्यूनतम लिंगानुपात वाला [illegible] हरियाणा (878) है।

294. (4) जवाहर सुरंग या बनिहाल सुरंग [illegible] के जम्मू और कश्मीर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बनिहाल और काजीगुंड के बीच स्थित एक सुरंग है।

295. (4) राजस्थान भारत का एक प्रान्त है [illegible] की राजधानी जयपुर है। राजस्थान भारत गणराज्य का क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य है।

296. (1) इंदिरा प्वाइंट भारत के निकोबार द्वीप समूह के बड़े निकोबार द्वीप पर स्थित एक गाँव है यह भारत का दक्षिणतम बिंदु भी है। यहाँ एक प्रकाश स्तम्भ स्थित है।

297. (2) चिपको आंदोलन के प्रणेता सुन्दरलाल बहुगुणा का जन्म 9 जनवरी, 1927 को देवों की भूमि उत्तराखंड के सिलयारा नामक स्थान पर हुआ चिपको आन्दोलन एक पर्यावरण-रक्षा का आन्दोलन है।

298. (2) वृहद सिंचाई परियोजना के अंतर्गत आने वाला जमीन का न्यूनतम क्षेत्रफल 10000 हेक्टेयर न्यूनतम क्षेत्रफल होता है।

299. (4) दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर पटना की जनसंख्या न्यूनतम है।

300. (1) सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के दक्षिणी भाग में गंगा नदी के सुंदरवन डेल्टा क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय उद्यान, बाघ संरक्षित क्षेत्र एवं बायो स्फीयर रिजर्व क्षेत्र है। विश्व प्रसिद्ध रॉयल बंगाल टाइगर का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है।

301. (2) कपास एक नकदी फसल है इससे रुई तैयार की जाती है भारत में रुई को सफेद सोना भी कहा जाता है। कपास काली मिट्टी की उपयुक्त फसल है।

302. (4) धान, ज्वार, बाजरा, खाद्य फसल है। भारत का मुख्य खाद्य फसल चावल है।

303. (3) गन्ना सारे विश्व में पैदा होने वाली एक प्रमुख फसल है भारत को गन्ने का 'जन्म स्थान' माना जाता है। भारत में सर्वाधिक गन्ना उत्तर प्रदेश राज्य में होता है।

304. (2) टिहरी बाँध भारत की एक प्रमुख नदी घाटी परियोजना है। टिहरी बाँध दो महत्वपूर्ण हिमालय की नदियों भागीरथी तथा भीलांगना के संगम पर बना है। टिहरी बाँध उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है।

305. (2) बाघ परियोजना की शुरुआत 7 अप्रैल, 1973 को हुई थी। इसके तहत शुरु में 9 अभ्यारण्य बनाए गए थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

306. (3) वन अनुसंधान संस्थान उत्तराखण्ड के देहरादून में स्थित है भारतीय वन अनुसंधान संस्थान का सबसे बड़ा वन आधारित प्रशिक्षण संस्थान है। भारत के अधिकांश वन अधिकारी इसी संस्थान से आते हैं।

307. (2) भारत की स्थानीय मिट्टी में से काली मिट्टी सबसे अलग दिखाई देती है। इसे रेगुर भी कहा जाता है। लेकिन प्राय: इसे काली कपास मिट्टी कहते हैं क्योंकि इसमें कपास की खेती ज्यादा होती है। काली मिट्टी सर्वाधिक महाराष्ट्र में पायी जाती है।

308. (2) गोदावरी दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी है यह नदी दूसरी प्रायद्वीपीय नदियों में से सबसे बड़ी नदी दूसरी प्रायद्वीपीय नदियों में से सबसे बड़ी नदी है। इसे दक्षिण गंगा भी कहा जाता है इसकी उत्पत्ति पश्चिम घाट की पर्वत श्रेणी के अन्तर्गत त्रिम्बक पर्वत से हुई है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले से निकलती है।

309. (3) गन्ना एक प्रमुख फसल है। जिससे चीनी, गुड़ आदि का निर्माण होता है। गन्ना सर्वाधिक उत्तर प्रदेश में होता है।

310. (4) औरंगाबाद में मखाने का उत्पादन नहीं होता है। मखाने का उत्पादन दरभंगा, मधुबनी जिले में अधिक होता है। इसका कारण यह है कि वहाँ हजारों की संख्या में छोटे-बड़े तालाब और सरोवर हैं जो वर्ष पर्यन्त भरे रहते हैं।

311. (4) गंगा नहर प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं में से एक है गंगा नहर की आधारशिला फिरोजपुर हैडवर्क्स पर 5 सितम्बर, 1921 को महाराजा गंगा सिंह द्वारा रखी गई। गंगा नहर से राजस्थान राज्य की सिंचाई होती है।

312. (4) सुनामी एक समुद्री हवा है जो बड़े पैमाने पर समुद्री पानी में हलचल पैदा कर देती है। सुनामी जापानी शब्द है। अधिकतर सुनामी का कारण भूकंप होता है। सुनामी बिहार राज्य को प्रभावित नहीं कर सकती।

313. (3) ऑपरेशन फ्लड का कार्यक्रम 1970 में शुरू हुआ था। ऑपरेशन फ्लड की आधारशिला ग्राम दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियाँ हैं। ये समितियाँ उत्पादकों से दूध खरीदती हैं। ऑपरेशन फ्लड भारत की योजना है जिससे भारत में दूध की कमी को दूर किया जा सके।

314. (3) फसलों के साथ-साथ पेड़ों एवं झाड़ियों को समुचित प्रकार से लगाकर दोनों के लाभ प्राप्त करने को कृषि वानिकी कहा जाता है। इसमें कृषि और वानिकी की तकनीकों का मिश्रण करके विविधतापूर्ण, लाभप्रद, स्वस्थ एवं टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित किया जाता है।

315. (1) भारत में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए चलाई गई एक विशेष योजना को नीली क्रान्ति का नाम दिया गया। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक राष्ट्र बन गया है।

316. (3) कोसी नदी

317. (3) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित मुम्बई भारतीय राज्य महाराष्ट्र की राजधानी है मुम्बई बंदरगाह भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह है जो सालसट द्वीप पर स्थित है। मुंबई बंदरगाह उल्हास नदी के दक्षिणी भाग का मुहाना है।

318. (1) चिपको आन्दोलन एक पर्यावरण-रक्षा का आन्दोलन है यह भारत के उत्तराखण्ड राज्य (तब उत्तर प्रदेश का भाग) में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए किया था। यह आन्दोलन चमोली जिले में सन् 1973 में प्रारम्भ हुआ।

319. (4) सरसों के तेल शब्द का इस्तेमाल तीन भिन्न प्रकार के तेलों के लिए किया जाता है जो सरसों के बीज से बने होते हैं। सरसों का तेल पेट्रोलियम उत्पाद नहीं है।

320. (2) मानक समय वह है जो किसी देश या विस्तृत भू-भाग के लोगों के व्यवहार के लिए स्वीकृत है। भारत का मानक याम्योत्तर ग्रीनविच से 82.5° पूर्व है जिसका अर्थ है कि हमारा मानक समय ग्रीनविच के मानक समय से साढ़े पाँच घंटे आगे हैं। भारत में पूर्वी देशान्तर जो कि इलाहाबाद के निकट नैनी से गुजरती है। के समय को मानक समय कहा गया है।

321. (1) 2001 की जनगणना के अनुसार भारतवासियों की औसत आयु 63.8 वर्ष है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरुषों की औसत आयु 67.3 वर्ष और महिलाओं के मामले में 69.6 वर्ष हो गई है।

322. (1) भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 करोड़ हेक्टेयर है जिसके 92.2 प्रतिशत के भूमि उपयोग सम्बन्धी आकड़े उपलब्ध हैं वर्तमान में देश में शुद्ध बोया गया क्षेत्र 16.2 करोड़ हेक्टेयर है। इस प्रकार कुल क्षेत्रफल का लगभग 51 प्रतिशत भाग कृषि के अन्तर्गत आता है। बिहार राज्य में सर्वाधिक सिंचाई नहरें एवं नलकूप से होती है।

323. (3) डीजल इंजन एक अंतर्दहन इंजन है जो बन्द स्थान में वायु को संपीड़ित करने से उत्पन्न ऊष्मा का उपयोग करके ईंधन में ज्वलन उत्पन्न करता है। डीजल इंजन का निर्माण चितरंजन (पश्चिम बंगाल) में होता है।

324. (1) उत्तर प्रदेश देश का सबसे प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य है जहाँ इसके 116 कारखाने लगाए गए हैं। भारत में गन्ने के अलावा चुकन्दर से भी चीनी बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है राजस्थान के गंगानगर में चुकन्दर से चीनी बनाने का एक कारखाना स्थापित किया गया।

325. (4) राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ में स्थित एक संस्थान है। यह सीएसआईआर के अंतर्गत है। यह संस्थान भारत की अग्रणी प्रयोगशालाओं में से एक है जो कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, के अन्तर्गत लखनऊ में कार्यरत है।

326. (1) केन्द्रीय चावल अनुसंधान केन्द्र कटक में स्थित है। अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान केन्द्र मनीला (फिलीपीन्स) में है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

327. (2) असम उत्तर पूर्व का एक राज्य है असम अन्य उत्तर पूर्वी भारतीय राज्यों से घिरा हुआ है असम भारत का सीमांत राज्य है जो चतुर्दिक, सुरम्य पर्वतश्रेणियों से घिरा है असम भारत का प्रमुख चाय उत्पादक राज्य है।

328. (3) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान भारत का सबसे पुराना राष्ट्रीय पार्क है। 1936 में तुपत्राय बंगाल बाघ को रक्षा के लिए हैली नेशनल पार्क के रूप में स्थापित किया गया था। यह उत्तराखण्ड में स्थापित किया गया था। यह उत्तराखण्ड में स्थित है।

329. (3) साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान भारत के दक्षिणी भारत के केरल राज्य के पालक्काड जिले में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है। जो नीलगिरि पर्वत में है।

330. (4) भारतीय राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण स्मारक चारमीनार है। चारमीनार के यहाँ के शासक मुहम्मद कुली कुतुबशाह ने बनवाया था।

331. (4) पन्ना बेरिल ($Be_3Al_2(SiO_3)_6$) नमक खनिज का एक प्रकार है। जो हरे रंग का होता है। जिसे क्रोमियम और कभी-कभी वेनेडियम की मात्रा से पहचाना जाता है। पन्ना एक दुर्लभ और अनमोल रत्न है। प्राचीन काल में पन्ना को मिस्रवासियों द्वारा और ऑस्ट्रिया में खनन करके निकाला गया था।

332. (3) खरीफ या अगहनी के अन्तर्गत प्रधान फसल धान है।

333. (2) भारत में मॉनसून आगमन के लिए वायु का निम्न दाब जिम्मेदार है।

334. (3) बांदीपुर (कर्नाटक) हाथियों के लिए प्रसिद्ध अभयारण्य है।

335. (4) भारत में तारापुर (महाराष्ट्र) में 1972 में पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थापित किया गया था।

336. (4) पहली आधुनिक सूती मिल मुम्बई में स्थापित की गई थी क्योंकि मुम्बई एक पत्तन है, यह कपास उत्पादक क्षेत्र के निकट है तथा मुम्बई में पूँजी उपलब्ध थी।

337. (4) गंडक परियोजना बिहार की दूसरी नदी घाटी परियोजना है। यह परियोजना बिहार राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार के संयुक्त प्रयास से बनी इस परियोजना के अन्तर्गत गण्डक नदी पर वाल्मीकि नगर के निकट एक बैराज निर्मित किया गया है तथा दो नहरें निकाली गई हैं।

338. (2) नेपाल की सीमा भारत के उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश बिहार, पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम राज्य से मिलती है।

339. (3) भारत से श्रीलंका को पाक जलसंधि अलग करता है।

340. (4) भारत का अक्षांशीय विस्तार– 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी आक्षांश तक। भारत का देशांतरीय विस्तार– 68°7' पूर्वी देशांतर से 97°25' पूर्वी देशांतर तक।

341. (3) कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, प० बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम से होकर गुजरती है।

342. (1) भारत का सबसे प्राचीन भूखंड प्रायद्वीपीय पठार है। जो विश्व के प्राचीनतम 'ग्रोण्डवाना लैण्ड' का अंग है।

343. (3) अन्नामलाई पहाड़ियों में स्थित अनाईमुड़ी (2,695 मीटर) दक्षिणी भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है।

344. (4) राजस्थान का सांभर झील लवणीय (नमकीन) झील है।

345. (4) पश्चिम घाट में उत्तर से दक्षिण की तरफ विद्यमान दर्रों के नाम क्रमशः थालघाट, भोरघाट, पालघाट तथा शेनकोटा गेप हैं। थाल घाट दर्रे से मुम्बई-कोलकाता, भोरघाट से मुम्बई-चेन्नई तथा पालघाट दर्रे से होकर कोच्चि-चेन्नई रेलमार्ग गुजरते हैं।

346. (3) भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में किसान समय-समय पर कृषि कार्य हेतु स्थान परिवर्तन करते रहते हैं, जिन्हें झूम कृषि कहते हैं।

347. (2) भारत से लौह अयस्क का आयात जापान सर्वाधिक करता है।

348. (4) टाटा लौह और इस्पात कंपनी (TISCO) –1907 ई०
भारतीय लौह और इस्पात कंपनी (IISCO) –1908 ई०
विश्वेश्वरैया लौह और इस्पात कंपनी (VISCO) –1923 ई०
बोकारो स्टील सिटी –1968 ई०

349. (1) पक्की सड़कों की लंबाई की दृ से भारत में प्रथम स्थान महाराष्ट्र का

350. (3) 7 दिसम्बर, 2005 को ए एयरलाइन्स को 'इंडियन' नाम दिया

351. (2) भारत को कुल 8 डाक क्षेत्रों में गया है।

352. (2) तटरेखा से 200 एन. एम. क्षेत्र अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र कहलाते है।

353. (3) समुद्री क्षेत्र में राजनैतिक सीमा 12.2 किमी० क्षेत्र तक राष्ट्रीय नि निहित है।

354. (4) सोपानी कृषि उत्तराखंड में प्रच है।

355. (3) भारत का प्रथम तेल शोधक कार डिगबोई (असम) में स्थित है।

356. (1) सिंधु नदी तिब्बत में मानसरोवर के पास सानोख्याबाब हिमनद से निकल पूरब दिशा में जम्मू-कश्मीर को पार हुए पाकिस्तान में उत्तर से दक्षिण दि प्रवाहित होकर अरब सागर में मिल जा

357. (4) कभी-कभी उत्तर भारत में सबस से कम वर्षा एल-नीनो के कारण हो है।

358. (2) प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंब नदी गोदावरी है।

359. (3) ताप्ती नदी भ्रंश घाटी से होकर ब है।

360. (1) जाड़े में तमिलनाडु के तटीय भाग वर्षा का कारण उत्तर-पूर्वी मॉनसून है।

361. (1) मई महीने में पश्चिम बंगाल चलने-वाली धूल से भरी आँधी को कहते हैं।

362. (4) भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनि 1972 में लागू हुआ।

363. (3) भरतपुर घाना पक्षी विहार राजस्था में स्थित है।

364. (4) महानगर

365. (2) ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रथम भारती वन अधिनियम 1865 में लागू हुआ था

366. (1) ग्रीष्म ऋतु

367. (4) कपास

368. (3) कांजीरंगा राष्ट्रीय पार्क–एक सींग वा गैंडा (असम)
यह असम के गोलाघाट व नागाओ (Nagaon) जिले में पाया जाता है। इस पार्क में विश्व के 2/3 एक सींग वाले गैंडे पाए जाते है

369. (2) जयपुर के पश्चिमी भाग में 60 कि०मी० की दूरी पर एक छोटा सा गाँव सांभर स्थित है। यह भारत की सबसे बड़ी आंतरिक नमकीन झील है। यह भारत की सबसे बड़ी नमक की झील भी है जो हजारों टन नमक प्रतिवर्ष उत्पादित करती है। सांभर नमक एक उत्तम कोटि का नमक माना गया है।

370. (3) दिल्ली 2011 की जनगणना के अनुसार 1, 67, 53, 235 लोगों के साथ सबसे अधिक जनसंख्या वाला केन्द्र शासित प्रदेश है। लक्षद्वीप सबसे कम जनसंख्या वाला केन्द्र शासित प्रदेश है। इसकी जनसंख्या है 64, 429 ।

371. (2) पुनपुन नदी बिहार में बहने वाली नदियों में से एक है। पेरियार तमिलनाडु एवं केरल में, बेतवा मध्य प्रदेश में, महानदी छत्तीसगढ़ व ओडिशा में बहती है।

372. (4) रबी फसलें शीत ऋतु अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य बोई जाती है, ग्रीष्म ऋतु, अप्रैल से जून के मध्य काटा जाता है। रबी फसलों में गेहूँ, जौ, मटर, चना और सरसों मुख्य फसलें हैं। धान, मक्का, बाजरा खरीफ की फसलें हैं।

373. (4) उत्तर-मध्य रेलवे की स्थापना अप्रैल 2003 में इलाहाबाद डिवीजन, झांसी डिवीजन तथा नए आगरा डिवीजन को मिला कर हुई। इसका मुख्यालय इलाहाबाद रखा गया। उत्तर मध्य रेलवे भारतीय रेलवे के 16 जोन्स में से एक है जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा राज्यों में सेवारत है।

374. (2) फोलीथीन संश्लेषित तंतुओं पर आधारित है जबकि चीनी, वनस्पति तेल व सूती कपड़े का निर्माण कृषि से प्राप्त संसाधनों से होता है।

375. (2) किसी बड़े क्षेत्र पर लंबी अवधि तक औसत वायुमंडलीय दशाओं को जलवायु कहते हैं। विश्व के विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के आधार पर प्राकृतिक वनस्पति के क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है।

376. (3) अंग्रेजों के समय में भारत में प्रथम जनगणना 1872 में हुई थी। तब से प्रत्येक दस वर्ष बाद 1881, 1891, 1901, 1911, 1921, 1931 तथा 1941 में अंग्रेजी सरकार द्वारा जनगणना करवाई गई। 1947 में भारत की आजादी के पश्चात भारतीय सरकार ने प्रत्येक दस वर्ष बाद जनगणना कार्य 1951 में शुरू किया है। पिछले वर्ष 2011 में जनगणना की गई थी।

377. (3) बांदीपुर राष्ट्रीय प्राणि उद्यान कर्नाटक के मैसूर जिले में स्थित है। वर्ष 1973 में बाघ परियोजना के अंतर्गत इसकी स्थापना की गई थी। यह एक समय मैसूर राज्य के महाराजा के लिए निजी रूप से आरक्षित आखेटक स्थल था। यह नीलगिरी जैवमंडल रिजर्व का एक भाग है और दक्षिण भारत का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है।

378. (4) जवाहर सुरंग जम्मू-कश्मीर में स्थित एक सड़क सुरंग है। इसे बनिहाल सुरंग के नाम से भी जाना जाता है। पूरे वर्ष के दौरान सतही यातायात आवागमन के लिए इसका निर्माण 1954 और 1960 के मध्य अल्फ्रेड कुंज और सी. बारसेल द्वारा किया गया था, जवाहरलाल नेहरू के नाम पर इसका नामकरण किया गया। यह सुरंग श्रीनगर को जम्मू से जोड़ते हुए पूरे वर्ष के दौरान सड़क यातायात की सुविधा प्रदान करती है।

379. (2) भारत में खरीफ फसल ग्रीष्मकालीन या वर्षा ऋतु में बोई जाने वाली फसल है जिसे प्रायः दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के दौरान, जुलाई में पहली वर्षा के आरंभ होने पर बोया जाता है। भारत मे रबी की फसल वसन्त ऋतु या शीतकालीन ऋतु की फसल है जिसे प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के अंत में बोया जाता है और मार्च-अप्रैल के महीने में काट लिया जाता है। भारत में रबी की प्रमुख फसलों में गेहूँ, जौ, सरसों, तिल, मटर इत्यादि शामिल हैं।

380. (2) कलोल जल विद्युत संयंत्र गाँधीनगर, गुजरात में स्थित है।
- गुजरात का सबसे बड़ा उद्योग, इफको भारतीय किसान उर्वरक सहकारी, भी यहाँ स्थित है।

381. (2) टाटा पॉवर मुंबई, महाराष्ट्र के पास वलवन, लोनावाला में एक हाइड्रो प्लांट का संचालन कर रहा है।
- लोनावाला पुणे जिले में स्थित एक शहर, एक हिल स्टेशन और नगर परिषद् है।

382. (3) नोनमाटी असम के गुवाहाटी में स्थित एक क्षेत्र है।
- यह वह स्थान है जहाँ इंडियन ऑयल कंपनी (अब इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन) ने अपनी पहली तेल रिफाइनरी, गुवाहाटी रिफाइनरी 1 जनवरी, 1962 को चालू की थी।
- रिफाइनरी का उद्घाटन स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान मंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था।
- रिफाइनरी को रोमानियाई सहयोग के साथ बनाया गया था।

383. (2) मेघालय में अधिकांश रबर गारो हिल्स में उगाया जाता है।
- वर्तमान में, काउटचौक या प्राकृतिक रबर, मुख्य रूप से कुछ पेड़ों से लेटेक्स के रूप में निकाला जाता है।
- लेटेक्स एक चिपचिपा, दूधिया पदार्थ होता है जिसे छाल में चीरा लगाकर और बर्तनों बर्तनों में तरल पदार्थ इकट्ठा किया जाता है जिसे टैपिंग कहा जाता है।
- लेटेक्स को फिर वाणिज्यिक प्रसंस्करण के लिए तैयार रबर में परिष्कृत किया जाता है।

384. (3) भारत उन कुछ देशों में से एक है जिनको 1894 से वन नीति है।
- 1952 में और फिर 1988 में नीति को संशोधित किया गया।
- स्वतंत्रता के बाद भारत में पहली वन नीति भारतीय वन नीति, 1952 थी।
- 1988 में नीति को संशोधित किया गया था।
- 1988 की संशोधित वन नीति का मुख्य मुद्दा वनों का संरक्षण और विकास है।

385. (2) अंडमान और निकोबार द्वीप में इंदिरा पॉइंट भारत का सबसे दक्षिणी छोर है।
- यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर निकोबार जिले का एक गाँव है।
- यह रोंडो द्वीप, इंडोनेशिया के सुमात्रा के इक्का प्रांत के सबांग जिले में सबसे उत्तरी द्वीप है, कन्याकुमारी भारत का सबसे दक्षिणी मुख्य भूभाग है।

386. (3) स्वास्थ्य मंत्रालय, केरल द्वारा नवम्बर 2018 में जारी आँकड़ों के अनुसार, राज्य में देश में शिशु मृत्यु दर (IMR) सबसे कम है।
- इसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मिजोरम और कर्नाटक है।
- केरल का IMR 6 (एकल अंक में) है जिसने सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

387. (2) अरुणाचल प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सबसे कम जनसंख्या घनत्व है। इसमें प्रति वर्ग किलोमीटर केवल 17 व्यक्ति रहते हैं।
- दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व 11,297 प्रति वर्ग किलोमीटर है।
- बिहार सबसे घनी आबादी वाला राज्य (1106 व्यक्ति / वर्ग किमी) है, जिसके बाद पश्चिम बंगाल (1028) है।

388. (3) नमदफा राष्ट्रीय उद्यान अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में स्थित है।
- यह भारत का चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
- यह 27°N अक्षांश पर दुनिया के सबसे उत्तरी तराई सदाबहार वर्षावनों में स्थित है।

389. (3) वन अनुसंधान संस्थान (भारत) उत्तराखंड में देहरादून में स्थित है।
- यह भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद् का एक संस्थान है।
- यह भारत में वानिकी अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है।
- इसकी स्थापना 1878 में ब्रिटिश इंपीरियल फॉरेस्ट स्कूल के रूप में हुई थी।

390. (3) मुसी और भीमा कृष्णा नदी की सहायक नदियाँ हैं।
- भीमा की उत्पत्ति पुणे जिले में पश्चिमी घाट के पश्चिमी ओर भीम शंकर मंदिर के पास से होती है और कर्नाटक और तेलंगाना की सीमा के साथ कृष्णा में विलीन हो जाती है।
- इसी तरह, मुसी नदी या मुसिनुरु तेलंगाना से होकर बहने वाली दक्कन के पठार में कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है।

391. (1) ओडिशा के मयूरभंज में स्थित बादामपहाड़ की खदानें सोने और लौह अयस्क के खनन के लिए प्रसिद्ध हैं।
- बादामपहाड़ में लोहे के उच्च श्रेणी के हेमाटाइट अयस्क पाए जाते हैं।
- मयूरभंज में पूर्व की ओर, बैंडेड हेमाटाइट क्वार्टजाइट बादामपहाड़ से गोरुमहिसानी तक पहाड़ियों की एक शृंखला बनाती है।
- इस लौह अयस्क रेंज में लौह अयस्क की भारी मात्रा मौजूद है।

392. (2) सुंदरी पेड़ सुंदरबन में सबसे अधिक पाए जाने वाली मैंग्रोव प्रजातियों में से एक है। बंगाल की खाड़ी में गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के संगम से बने डेल्टा में एक मैंग्रोव क्षेत्र।
- सुंदरी पेड़ (हेरिटियर फॉम्स) में क्षेत्र के लगभग 70% पेड़ शामिल हैं।

393. (3) लुसाई भाषा मिजोरम में बोली जाने वाली आम भाषा है।
- मूल रूप से लुसाई को मिजो समूह के एक विशेष वर्ग द्वारा बोला जाता था, जिसे लुसाई समूह के रूप में जाना जाता है, अन्य मिजो समूह अपनी बोली बोलते हैं।
- मिजो भाषा मुख्य रूप से लुसाई बोली पर आधारित है लेकिन इसने अपने आसपास के मिजो उप-जनजातियों और उप-कबीले से कई शब्द भी लिए हैं।

394. (3) बुक्सा टाइगर रिजर्व उत्तर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक बाघ अभयारण्य है। इसे 1983 में भारत में 15वें बाघ अभयारण्य के रूप में बनाया गया था।
- यह पड़ोसी राज्य सिक्किम के नामची से मामली गाँव से संलग्न है।
- इसकी उत्तरी सीमा भूटान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा से संलग्न है।

(3) स्वास्थ्य सुविधाओं की प्राप्ति में बालिकाओं के साथ भेदभाव
(4) रोजगार के अवसरों की प्राप्ति में बालिकाओं के साथ भेदभाव

334. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना' की शुरुआत कब हुई ?
(1) 2017 (2) 2014
(3) 2015 (4) 2016
(बिहार फॉरेस्ट गार्ड परीक्षा, 16.12.2020)

335. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) योजना शुरू हुई थी-
(1) 2011 (2) 2008
(3) 2009 (4) 2010
(बिहार फॉरेस्ट गार्ड परीक्षा, 16.12.2020)

336. नदियों एवं पर्वतों को क्या कह सकते हैं
(1) राष्ट्रीय पूँजी
(2) राष्ट्रीय धन
(3) वास्तविक पूँजी
(4) अंतर्राष्ट्रीय पूँजी
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

337. पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि से कार की माँग में:
(1) स्थिर (2) वृद्धि
(3) कमी (4) अप्रभावित
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

338. किसी वस्तु का मूल्य निर्धारित होता है:
(1) पूर्ति के द्वारा
(2) माँग के द्वारा
(3) माँग एवं पूर्ति दोनों के द्वारा
(4) सरकार के द्वारा
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

339. बजट की अवधि होती है
(1) वार्षिक (2) दो वर्ष
(3) चार वर्ष (4) छः वर्ष
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

340. राजकोषीय नीति का संबंध है:
(1) सरकारी राजस्व और व्यय से
(2) मुद्रा आपूर्ति प्रबंधन से
(3) (A) और (B) दोनों से
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

341. अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक विस्तारवादी आय प्रभाव किस प्रकार की बजट नीति रखती है ?
(1) सरकारी व्यय में वृद्धि एवं कर में वृद्धि
(2) सरकारी व्यय में वृद्धि एवं कर में कटौती
(3) सरकारी व्यय में कटौती एवं कर में वृद्धि
(4) सरकारी व्यय में कटौती एवं कर में कटौती
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

342. सभी अनुसूचित बैंकों को किसके साथ पंजीकृत होना होगा ?
(1) वित्त मंत्रालय (2) एस.बी.आई.
(3) एस.ई.बी.आई (4) आर.बी.आई.
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

343. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का सम्बन्ध है-
(1) विद्युत से (2) स्वास्थ्य से
(3) शिक्षा से (4) परिवार से
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

344. जल-जीवन-हरियाली योजना (अभियान) किस राज्य से संबंधित है ?
(1) गुजरात (2) केरल
(3) बिहार (4) उत्तर प्रदेश
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

345. निम्नलिखित में से कौनसी सरकारी योजना का उद्देश्य सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को सतही रेलवे क्रॉसिंग मुक्त करना है ?
(1) रेलवे हाइटेक योजना
(2) नव भारत
(3) सेतु भारतम
(4) AMRUT योजना
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

346. उत्पादन प्रक्रिया में निम्न में से किस संसाधन की आवश्यकता होती है ?
(1) प्राकृतिक संसाधन
(2) मानव प्रयास
(3) मुद्रा
(4) उपर्युक्त सभी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

347. भारत के बंगाल में अकाल कब पड़ा था?
(1) 1930 ई. (2) 1940 ई.
(3) 1943 ई. (4) 1950 ई.
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

348. "अंत्योदय" कार्ड का संबंध है-
(1) निजी वितरण प्रणाली
(2) क्षेत्रीय कार्य प्रणाली
(3) सार्वजनिक वितरण प्रणाली
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

349. 'पॉवर्टी एण्ड फेमिंस' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(1) सुदीप बनर्जी
(2) अरविन्द सुब्रहमणियम
(3) मनमोहन सिंह
(4) अमर्त्य सेन
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

350. विश्व मानव विकास सूचकांक 2019 में भारत का स्थान है-
(1) 135वाँ
(2) 129वाँ
(3) 132वाँ
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

351. उत्पादन का निष्क्रिय साधन है-
(1) श्रम (2) उद्यम
(3) संगठन (4) भूमि
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

Join Telegram: @apna_library
Search on Google pdf
Scanned with CamScanner

352. किस निर्धनता निरोधी कार्यक्रम का प्रारंभ 2005 में किया गया था-
(1) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना
(2) प्रधानमंत्री रोजगार योजना
(3) स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना
(4) ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

353. ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने वाली बेरोजगारी कहलाती है-
(1) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(2) मौसमी बेरोजगारी
(3) दोनों (क) एवं (ख)
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

354. जुलाई से अक्टूबर में जो फसल उगाई जाती है, उसे कहते हैं-
(1) खरीफ फसल
(2) रबी फसल
(3) जायद फसल
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

355. 'रुपया' को सर्वप्रथम किसने चलाया ?
(1) अकबर (2) शेरशाह
(3) ईस्ट इंडिया कंपनी
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

356. उत्पादन के विभिन्न साधनों में कौन-कौन सम्मिलित हैं ?
(1) भूमि (2) श्रम
(3) पूँजी (4) सभी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

357. "श्रम का अर्थ मनुष्य के आर्थिक कार्य से है चाहे वह हाथ से किया जाय या मस्तिष्क से।" यह कथन किस अर्थशास्त्री का है?
(1) एडम स्मिथ (2) रिकार्डो
(3) माल्थस (4) मार्शल
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

358. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम कब लागू किया गया ?
(1) 2013 ई. (2) 2002 ई.
(3) 2003 ई. (4) 1997 ई.
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

359. 'कारगिल फुड्स' किस देश की बहुराष्ट्रीय कंपनी है ?
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) अमेरिका (4) फ्रांस
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

360. किस राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों को सहकारी समितियों के माध्यम से सर्वाधिक चलाई जाती है ?
(1) बिहार (2) उत्तर प्रदेश
(3) तमिलनाडु (4) पश्चिम बंगाल
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

361. उत्पादन में जोखिम उठाने के कार्य को कहा जाता है।
(1) साहस
(2) उद्यम
(3) दोनों (1) एवं (2)
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

362. 'भण्डारण' आर्थिक गतिविधियों के कौन से क्षेत्र में है-
(1) प्राथमिक क्षेत्र
(2) द्वितीयक क्षेत्र
(3) तृतीयक क्षेत्र
(4) चतुर्थक क्षेत्र
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

363. भारत में प्रतिबंधित मोबाइल गेम कौन है?
(1) क्लैश ऑफ किंग
(2) मोबाइल लिजेण्ड
(3) पबजी
(4) उपर्युक्त सभी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

364. निम्न में से कौन वैदिक कालीन मुद्रा थी?
(1) दमड़ी (2) जितल
(3) निष्क (4) दिनार
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

365. देश की सर्वाधिक असंगठित श्रमिकों की संख्या किस क्षेत्र में है ?
(1) प्राथमिक क्षेत्र
(2) द्वितीयक क्षेत्र
(3) तृतीयक क्षेत्र
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

366. निम्न में से कौन फार्मा क्षेत्र की भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है ?
(1) इन्टास (2) सनफार्मा
(3) टोरेन्ट (4) उपर्युक्त सभी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

367. 'COPRA' अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ ?
(1) 1990 ई. (2) 1986 ई.
(3) 1952 ई. (4) 1960 ई.
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

368. भारत और भूटान के बीच जल विद्युत परियोजना निम्नांकित में से कौन सी है?
(1) खोलोंग्चु (2) चुखा
(3) मांगदेच्छु (4) पकलदुल
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

369. 'हमारा घर हमारा विद्यालय' परियोजना किस राज्य में संचालित की गई है ?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश
(3) राजस्थान (4) छत्तीसगढ़
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

370. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 कब लागू हुआ ?
(1) 20 जुलाई, 2019
(2) 20 जुलाई, 2020
(3) 9 सितम्बर, 2019
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

371. विश्व के देशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश का सबसे अधिक सामान्य मार्ग है?
(1) नये कारखाने की स्थापना
(2) स्थानीय कंपनियों को खरीद लेना
(3) स्थानीय कंपनी से साझेदारी
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

372. भारत में सबसे पहले किस राज्य में मूल्य वर्धित कर लागू किया गया था ?
(1) हरियाणा (2) झारखण्ड
(3) उत्तर प्रदेश (4) बिहार
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

373. ATL ऐप डेवलपमेन्ट मॉड्यूल किसने जारी किया है ?
(1) राष्ट्रीय बाल आयोग
(2) नीति आयोग
(3) राष्ट्रीय बाल श्रमिक आयोग
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

374. किस वर्ष NREGA का नाम बदलकर MNREGA कर दिया गया ?
(1) 2005 ई. (2) 2009 ई.
(3) 2006 ई. (4) 2004 ई.
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

375. सर्वप्रथम चलती-फिरती ATM सेवा किस भारतीय व्यावसायिक बैंक द्वारा प्रारंभ किया गया ?
(1) येस बैंक
(2) एच. डी. एफ. सी. बैंक
(3) आई. सी. आई. सी. आई बैंक
(4) एक्सीस बैंक
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

376. जब न तो निर्यात हो और न किसी प्रकार का आयात हो तो ऐसी अर्थव्यस्था को कहते हैं ?
(1) खुली अर्थव्यवस्था
(2) बन्द अर्थव्वस्था
(3) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

377. 1 रुपया प्रति किलोग्राम किसानों से गाय-गोबर खरीदने की योजना किस राज्य में प्रारंभ की गई है ?
(1) उत्तर प्रदेश (2) गुजरात
(3) छत्तीसगढ़ (4) मध्य प्रदेश
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

378. 'कोरोना कवच' नामक स्वास्थ बीमा पॉलिसी कितनी राशि तक का बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराती है ?
(1) 5 लाख (2) 7 लाख
(3) 10 लाख (4) 15 लाख
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

379. 'अल्फा बेट' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौन हैं ?
(1) अरुंधति राय (2) आभास झा
(3) चन्दाकोचर (4) सुन्दर पिचई
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

380. आरोग्य सेतु एप्प किस संस्था ने विकसित किया है ?
(1) परिवार कल्याण मंत्रालय
(2) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(3) आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

381. निम्न में से कौन भारत-नेपाल के बीच क्षेत्रीय विवाद का क्षेत्र नहीं है ?
(1) सुस्ता
(2) कालापानी
(3) सरक्रीक
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

382. एंटीट्रस्ट (अविश्वास) कानून संबंधित है-
(1) विश्वास की कमी से
(2) प्रतिस्पर्द्धा से
(3) आर्थिक अपराध से
(4) कर से
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

383. हाल ही में भारत और भूटान के बीच कौन सा नया व्यापारिक मार्ग खोला गया है ?
(1) जयगाँव-अहले मार्ग
(2) गुंजी-पुलान व्यापार मार्ग
(3) मोरेह-तमू व्यापार मार्ग
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

384. निम्न में से कौन सा सकल राष्ट्रीय उत्पाद का सही सूत्र है?
(1) GNP = GDP + X – M
(2) GNP + M = GDP + X
(3) NGP – GDP = X – M
(4) उपर्युक्त सभी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

385. जब सकल घरेलू उत्पाद एवं सकल राष्ट्रीय उत्पाद समान हो तो यह उदाहरण होगा-
(1) खुली अर्थव्यवस्था
(2) बन्द अर्थव्यवस्था
(3) मिश्रित अर्थव्यस्था
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

386. निम्न में से कौन बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ा नहीं है?
(1) रेपोरेट
(2) बेसरेट
(3) प्राइम लैंडिंग रेट
(4) चेंज रेट
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

387. रुपये के संकेत के लिए '₹' चिन्ह की रचना किसने की थी ?
(1) अजय कुमार (2) उदय कुमार
(3) सुमित कुमार (4) राकेश कुमार
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

388. ONGC का मुख्यालय कहाँ है ?
(1) दिल्ली (2) मुंबई
(3) देहरादून (4) मथुरा
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

389. भारत में आर्थिक क्रांतिकारी कौन नहीं हैं?
(1) बर्गीज कुरियन
(2) एम. एस. स्वामीनाथन
(3) निरपाख टूटेज
(4) इरविंग फिशर
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

390. भारत में सबसे पहले चकबंदी कहाँ लागू की गई ?
(1) नागौर (2) कोट्टायम
(3) बड़ौदा (4) मोतिहारी
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

391. NASDAQ किस देश का शेयर बाजार सूचकांक है ?
(1) न्यूयॉर्क (2) यूएसए
(3) हांगकांग (4) मेक्सिको
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

392. भारत ने किस वर्ष मुद्रा की दाशमिक प्रणाली अपनाई ?
(1) 1950 (2) 1948
(3) 1957 (4) 1972
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

393. बैंकिंग सेवा सुधार से जुड़ी समिति निम्न में से कौन हैं ?
(1) जानकी रमन समिति
(2) रंगराजन समिति
(3) नरसिम्हन समिति
(4) मीरा सेठ समिति
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

394. भारत में सरकार का वित्तीय वर्ष चलता है
(1) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक
(2) 1 मार्च से 28/29 फरवरी तक
(3) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
(4) 1 फरवरी से 31 जनवरी तक
(बिहार LDC परीक्षा, 26.02.2022)

395. भिलाई, दुर्गापुर एवं राउरकेला में इस्पात संयंत्रों का निर्माण किस पंचवर्षीय योजना में हुआ था?
(1) प्रथम (2) द्वितीय
(3) तृतीय (4) चतुर्थ
(बिहार Daroga परीक्षा, 24.04.2022)

396. 'वर्ल्ड इकॉनोमिक आऊटलुक' का प्रकाशन निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा किया जाता है?
(1) विश्व बैंक द्वारा
(2) विश्व व्यापार संगठन द्वारा
(3) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
(4) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा
(बिहार Daroga परीक्षा, 24.04.2022)

397. किस वर्ष में केन्द्र सरकार ने रेल बजट को आम बजट के साथ मिला दिया?
(1) 2016 (2) 2019
(3) 2018 (4) 2017
(बिहार Daroga परीक्षा, 24.04.2022)

398. भारत में तृतीय पंचवर्षीय योजना तथा चौथी पंचवर्षीय योजना में कितने वर्षों का अंतराल है?
(1) 2 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 4 वर्ष (4) कोई अंतराल नहीं
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

Join Telegram: @apna_library
Search @ Google.pdf
Scanned with CamScanner

399. अस्थायी अनुमान के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय (रुपयों में) चालू कीमतों पर 2018-19 में है (2011-12 श्रेणी)
(1) 1,30,406 रुपये
(2) 1,40,406 रुपये
(3) 1,26,406 रुपये
(4) 1,16,406 रुपये
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

400. प्रिवेंशन ऑफ मनी लौडरिंग ऐक्ट प्रभावी हुआ
(1) 1998 में (2) 1999 में
(3) 2001 में (4) 2002 में
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

401. मुख्य रूप से सामान्य मानव विकास सूचकांक में सम्मिलित है
(1) जीवन प्रत्याशा
(2) प्रति व्यक्ति आय
(3) साक्षरता दर
(4) उपर्युक्त सभी
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

402. भारत की नई औद्योगिक नीति, 1991 आधारित है
(1) उदारवादिता पर
(2) निर्जाकरण पर
(3) वैश्वीकरण पर
(4) उपर्युक्त सभी
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

403. ट्राइसेम (ग्रामीण युवा के स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण योजना) एक कार्यक्रम है
(1) ग्रामीण विकास का
(2) औद्योगिक विकास का
(3) शहरी विकास का
(4) सुरक्षात्मक तैयारियों का
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

404. भारत में पहली औद्योगिक नीति जारी हुई थी
(1) 31 मार्च, 1948 को
(2) 03 अप्रैल, 1948 को
(3) 06 अप्रैल, 1948 को
(4) 25 मार्च, 1948 को
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

405. 'मेक इन इंडिया' वैश्विक पहल का प्रवर्तन किया गया
(1) सितम्बर 06, 2015 को
(2) सितम्बर 29, 2015 को
(3) सितम्बर 25, 2014 को
(4) सितम्बर 29, 2014 को
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

406. नाबार्ड (कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु राष्ट्रीय बैंक) का लक्ष्य है
(1) ग्रामीण साख
(2) औद्योगिक साख
(3) शहरी साख
(4) उपर्युक्त सभी
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

407. भारतीय छठी पंचवर्षीय योजना (नई) की अवधि संबंधित है
(1) 1978-83 से
(2) 1980-85 से
(3) 1979-84 से
(4) 1981-86 से
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

408. अटल पेंशन योजना ____ की भलाई के लिए केन्द्रीय सरकार के द्वारा प्रारंभ की गयी।
(1) संगठित क्षेत्र के कामगारों
(2) केन्द्रीय सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों
(3) किसानो
(4) असंगठित क्षेत्र के कामगारों
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

409. निम्न में से किसका उद्देश्य बालश्रम मुक्त समाज है?
(1) हौसला (2) लक्ष्य
(3) बालश्रम (4) मेंसिल
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

410. पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि से कार की बिक्री में :
(1) स्थिर (2) वृद्धि
(3) कमी (4) अप्रत्याशित
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

411. किसी वस्तु का मूल्य निर्धारित होता है
(1) पूर्ति के द्वारा
(2) माँग के द्वारा
(3) माँग एवं पूर्ति दोनों के द्वारा
(4) सरकार के द्वारा
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

412. बजट की अवधि होती है
(1) वार्षिक (2) दो वर्ष
(3) चार वर्ष (4) छः वर्ष
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

413. राजकोषीय नीति का संबंध है:
(1) सरकारी राजस्व और व्यय से
(2) मुद्रा आपूर्ति प्रबंधन से
(3) (1) और (2) दोनों से
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

414. अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक विस्तारवादी का प्रभाव किस प्रकार की बजट नीति रखती है ?
(1) सरकारी व्यय में वृद्धि एवं कर में वृद्धि
(2) सरकारी व्यय में वृद्धि एवं कर में कटौती
(3) सरकारी व्यय में कटौती एवं कर में वृद्धि
(4) सरकारी व्यय में कटौती एवं कर में कटौती
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

415. सभी अनुसूचित बैंकों को किसके रूप पंजीकृत होना होगा ?
(1) वित्त मंत्रालय
(2) एस.बी.आई.
(3) एस.ई.बी.आई.
(4) आर.बी.आई.
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

416. LMV लाइसेंस प्राप्त करने की न्यूनतम आयु है-
(1) 16 वर्ष (2) 18 वर्ष
(3) 21 वर्ष (4) 19 वर्ष
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

417. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का सम्बन्ध है-
(1) विद्युत से (2) स्वास्थ्य से
(3) शिक्षा से (4) परिवार से
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

418. जल-जीवन-हरियाली योजना (अभियान) किस राज्य से संबंधित है ?
(1) गुजरात (2) केरल
(3) बिहार (4) उत्तर प्रदेश
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

419. निम्नलिखित में से कौनसी सरकारी योजना का उद्देश्य सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को सतही रेलवे क्रॉसिंग मुक्त करना है ?
(1) रेलवे हाइटेक योजना
(2) नव भारत
(3) संतु भारतम
(4) AMRUT योजना
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

420. खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य है-
(1) खाद्य उपलब्धता
(2) खाद्य को पहुँच
(3) खाद्य को सामर्थ्य
(4) उपरोक्त सभी
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

421. स्वयं सहायता समूह में ऋण संबंधी अधिकाश निर्णय लिये जाते है:
(1) बैंकों के द्वारा
(2) सदस्यों के द्वारा
(3) सरकार के द्वारा
(4) सहकारी समिति के द्वारा
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

422. कौन भौतिक पूँजी का उदाहरण नहीं है?
(1) यंत्र व मशीनें
(2) भवन
(3) कच्चा माल
(4) शिक्षा व प्रशिक्षण
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

423. निम्न में से किस क्षेत्र में मौसमी बेरोजगारी की समस्या होती है?
(1) कृषि (2) उद्योग
(3) सेवा क्षेत्र (4) निर्यात क्षेत्र
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

424. एक कम्पनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन का स्वामित्व रखती है या नियंत्रण करती है, वह कहलाती है-
(1) क्षेत्रीय कम्पनी
(2) राष्ट्रीय कम्पनी
(3) बहुराष्ट्रीय कम्पनी (MNC)
(4) क्षेत्रीय आर्थिक निगम
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

425. देशों के बीच विकास की तुलना करने हेतु उपयोग मापक है:
(1) प्रति व्यक्ति आय
(2) कुल आय
(3) सकल घरेलू उत्पाद
(4) पूँजी निर्माण
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

426. तृतीयक क्षेत्र में सम्मिलित गतिविधि नहीं है:
(1) व्यापार (2) यातायात
(3) संदेशवाहन (4) पशुपालन
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

427. भारत में बजट निर्माण का कार्य किया जाता है:
(1) वित्त मंत्रालय द्वारा
(2) गृह मंत्रालय द्वारा
(3) कैबिनेट मंत्रालय द्वारा
(4) आर्थिक मंत्रालय द्वारा
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

428. परख (PARAKH), जो हाल ही में खबरों में रहा किस क्षेत्र से जुड़ा एक पोर्टल है ?
(1) निवेश सलाह
(2) रक्षा अधिग्रहण
(3) छात्र सीखने का आकलन
(4) सीमा शुल्क निकासी
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

429. मानव पूँजी में निवेश करने का जरिया है:
(1) शिक्षा
(2) प्रशिक्षण
(3) शिक्षा व प्रशिक्षण दोनों
(4) एक उद्योग में यंत्र
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

430. निम्न में किस श्रेणी में भारत आता है?
(1) विकसित देश
(2) गरीब देश
(3) विकासशील देश
(4) अत्यधिक विकसित देश
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

431. भारत में ऋण के औपचारिक स्रोतों की कार्यक्रम का पर्यवेक्षण कौन करता है?
(1) नीति आयोग
(2) संघ वित्त मंत्रालय
(3) भारतीय स्टेट बैंक
(4) भारतीय रिजर्व बैंक
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

432. भारत जैसे देश में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध उत्पादन का साधन है :
(1) भूमि (2) श्रम
(3) पूँजी (4) ज्ञान
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

433. बैंकों की तुलना में साहूकार के द्वारा वसूली जाने वाली ब्याज दर होती है
(1) कम
(2) समान
(3) थोड़ी सी ज्यादा
(4) बहुत अधिक
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

434. सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य है :
(1) महिलाओं को प्रारम्भिक शिक्षा देना।
(2) ग्रामीण निर्धन को प्रारम्भिक शिक्षा देना।
(3) 6-14 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा देना।
(4) शहरी निर्धन को प्रारम्भिक शिक्षा देना।
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

435. GDP से तात्पर्य है–
(1) सामान्य घरेलू मापक
(2) सकल घरेलू उत्पाद
(3) सकल विभिन्न उत्पाद
(4) सामान्य घरेलू उत्पादन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

436. अल्प बेरोजगारी तब होती है जब लोग
(1) काम करना नहीं चाहते हैं।
(2) सुस्त ढंग से काम करते हैं।
(3) अपनी क्षमता से कम काम करते हैं।
(4) उनके काम के बदले भुगतान नहीं दिया जाता है।
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

Join Telegram: @apna_library
Search On Google.pdf
Scanned with CamScanner

437. कच्चा माल एवं हाथ में मुद्रा को कहा जाता है :
(1) कार्यशील पूँजी
(2) स्थिर पूँजी
(3) मानव पूँजी
(4) (1) एवं (2) दोनों
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

438. वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन के लिए आवश्यक है :
(1) भूमि
(2) श्रम एवं भौतिक पूँजी
(3) (1) एवं (2) दोनों
(4) सामाजिक संस्थाएँ
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

439. जीवन के बाद के वर्षों में शिक्षा का लाभ क्या नहीं है?
(1) अच्छा कार्य एवं वेतन
(2) स्वास्थ्य सेवाओं का कोई विकास नहीं
(3) जीवन मूल्यों का विकास
(4) राष्ट्रीय आय का संवर्धन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

440. भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार की बेरोजगारी पायी जाती है?
(1) मौसमी बेरोजगारी
(2) छुपी हुई (प्रच्छन्न) बेरोजगारी
(3) दोनों मौसमी एवं प्रच्छन्न बेरोजगारी
(4) शिक्षित बेरोजगारी
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

441. टेस्ला ने किस शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये भारतीय सहायक कंपनी पंजीकृत की है? (जनवरी 2021 के अनुसार)
(1) मुम्बई (2) हैदराबाद
(3) चेन्नई (4) बैंगलूरु
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

442. राष्ट्रीय आय का मतलब क्या है?
(1) सरकारी आय
(2) पारिवारिक आय
(3) सार्वजनिक उपक्रम की आय
(4) उत्पादन के साधनों से आय
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

443. विदेशी निवेश कहलाता है :
(1) विश्व बैंक द्वारा किया गया निवेश
(2) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा किया गया निवेश
(3) विदेशी देश द्वारा किया गया निवेश
(4) बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा किया गया निवेश
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

444. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है?
(1) बिहार
(2) झारखंड
(3) पश्चिम बंगाल
(4) ओडिशा
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

445. मनरेगा के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कितने दिन काम दिया जाता है?
(1) 300 (2) 200
(3) 100 (4) 50
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

446. किस उत्पाद के लिए हॉलमार्क का उपयोग होता है?
(1) कृषि उत्पाद
(2) ज्वैलरी
(3) विद्युत वस्तुएँ
(4) इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

447. उस एजेंसी का नाम जिसके मार्फत सरकार वफर स्टॉक के लिए खाद्यान्न खरीदती है, वह है :
(1) भारतीय खाद्य निगम
(2) भारतीय खाद्य आपूर्ति निगम
(3) राज्य व्यापार निगम
(4) निर्यात-आयात निगम
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

448. भारत सरकार की तरफ से करेंसी नोट कौन-सी एजेन्सी जारी करती है?
(1) सेबी
(2) भारतीय रिजर्व बैंक
(3) बैंक ऑफ इंडिया
(4) विश्व बैंक
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

449. किस क्षेत्र में कामगार को रोजगार सुरक्षा मिलती है?
(1) संगठित क्षेत्र
(2) असंगठित क्षेत्र
(3) विदेशी क्षेत्र
(4) अनौपचारिक क्षेत्र
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

450. किस भारतीय राज्य ने 1969-70 में खनिज उत्पादन में करीब 32.33% के तौर पर अग्रणी स्थिति बना ली थी?
(1) पश्चिम बंगाल
(2) बिहार
(3) मध्य प्रदेश
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

451. जे. एन. टाटा ने सिंहभूम में किन दो नदियों के मध्य अपनी लोहे और इस्पात की कम्पनी स्थापित की थी?
(1) गोगरा और गंडक
(2) गोगरा और गंगा
(3) गंडक और कोशी
(4) सुवर्णरेखा और खरकई
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

452. हरित क्रांति मुख्य रूप से सीमित थी
(1) खाद्य फसलों तक
(2) व्यावसायिक फसलों तक
(3) खाद्य और व्यावसायिक फसलों तक
(4) फल और खाद्य फसलों तक
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

453. योजना आयोग की स्थापना के साथ ही भारत में आर्थिक योजना का युग प्रारंभ हुआ
(1) 1948 में (2) 1950 में
(3) 1951 में (4) 1952 में
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

454. भारत में कृषि सुधार शुरू किया गया था
(1) ज़मींदारों की सहायता हेतु
(2) कृषकों की सहायता हेतु
(3) उपलब्ध साधनों के दोहन हेतु
(4) उपर्युक्त सभी
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

455. निम्न में से कौन प्रायः आर्थिक विकास का सहगामी है?
(1) मुद्रा अपस्फीति
(2) मुद्रास्फीति
(3) मुद्रास्फीति जनित मंदी
(4) अतिमुद्रास्फीति
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

456. डिजिटल नियमों में हुए बदलाव के चलते किस कंपनी ने भारत में अपना काम बंद कर दिया है?
(1) Yahoo (2) Google
(3) Gmail (4) Amazon
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

457. निम्न में से कौन-सी पर्यावरण क्षति, बहुउद्देशीय परियोजनाओं के कारण नहीं हुई है?
(1) जलजनित रोग और कीट
(2) पानी के अत्यधिक प्रयोग से प्रदूषण
(3) भूकंप
(4) ज्वालामुखी गतिविधि
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

458. राष्ट्रीय आय समान है-
(1) बाजार मूल्य पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
(2) लागत कारक पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
(3) बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(4) कारक लगातार पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

459. भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था को चुना-
(1) संविधान के निर्माण के लिए
(2) दूसरी पंचवर्षीय योजना के लिए
(3) 1948 की औद्योगिक नीति के लिए
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

460. भारत में सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है-
(1) विक्रय कर से
(2) प्रत्यक्ष कर से
(3) उत्पाद शुल्क से
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

461. सार्वजनिक वस्तु का क्या अर्थ है?
(1) सरकार द्वारा उत्पादित एक वस्तु
(2) एक वस्तु जिसका लाभ अविभाज्य रूप से पूरे समुदाय को लाभ पहुँचाता है।
(3) एक सरकारी योजना जो गरीब परिवारों को लाभान्वित करती है।
(4) कोई भी वस्तु जो आम जनता के बीच बहुत लोप्रिय है।
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

462. निम्नलिखित में से कौन मानव विकास सूचकांक (HDI) का एक घटक नहीं है?
(1) प्रति व्यक्ति आय
(2) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
(3) सकल नामांकन दर
(4) स्वास्थ्य और पोषण
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

463. भारत में वाणिज्यिक बैंकिंग प्रणाली है-
(1) मिश्रित बैंकिंग
(2) यूनिट बैंकिंग
(3) शाखा बैंकिंग
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

464. निम्न में से कौन, कृषि मूल्य समर्थन कार्यक्रम का एक उदाहरण है?
(1) प्राइस सीलिंग
(2) प्राइस फ्लोर
(3) इक्विलिब्रियम प्राइसिंग
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

465. केन्द्रीय बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन गैर-योजना व्यय के अंतर्गत आता है/हैं?
1. रक्षा व्यय 2. ब्याज भुगतान
3. वेतन और पेंशन 4. सब्सिडी
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
कूट :
(1) केवल 1
(2) केवल 2 और 3
(3) 1, 2, 3 और 4
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

466. प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन, _____ के विकास से संबंधित है।
(1) खेलों की उत्कृष्ट कोचिंग
(2) साइबर क्राइम सेल
(3) आदिवासी समूहों
(4) उच्च शिक्षा क्षेत्र
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

467. रिवर्स रेपो रेट में वृद्धि:
(1) तरलता बढ़ाती है।
(2) तरलता घटाती है।
(3) तरलता को प्रभावित नहीं करती।
(4) दीर्घकालीन ब्याज दर तथा स्थायी पूँजी विनियोग को प्रभावित करती है।
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

468. एक देश में एक विशेष वर्ष के दौरान उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं व सेवाओं के कुल मूल्य को कहा जाता है?
(1) राष्ट्रीय आय
(2) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(3) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(4) सकल घरेलू उत्पाद
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

469. अप्रैल 2023 में प्रमुख फसल बीमा योजना-प्रधान मंत्री फसल योजना (PMFBY) ने कितने वर्ष पूर्ण कर लिए है?
(1) तीन (2) चार
(3) सात (4) पाँच
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

470. भारत में प्रति वर्ष 'आर्थिक सर्वेक्षण' कौन प्रकाशित करता है?
(1) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
(2) भारतीय रिजर्व बैंक
(3) योजना आयोग
(4) नीति आयोग
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

471. बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (BJRCY) का सम्बन्ध _____ विद्यार्थियों के लिए छात्रवास निर्माण से है।
(1) OBC (2) SC
(3) ST (4) EWS
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

472. कौन-सी भारतीय कंपनी बहुराष्ट्रीय निगम नहीं है?
(1) बी.एस.एन.एल.
(2) टाटा मोटर्स
(3) रैनबेक्सी
(4) एशियन पेन्ट्स
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

473. नाथपा झाकड़ी जल विद्युत परियोजना भारत के _____ राज्य में स्थित है ?
(1) हिमाचल प्रदेश
(2) उत्तराखंड
(3) अरूणाचल प्रदेश
(4) सिक्किम
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

Join Telegram: @apna_library
Search @ E.B.O.O.K.s.pdf
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

474. E-20 क्या है?
(1) पर्यावरण बचाने के 20 लक्ष्य
(2) आर्थिक सुधार
(3) आर्थिक समूह
(4) ऐल्कोहॉल मिश्रित पेट्रोल
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

475. भारत के राष्ट्रीय प्रतिदर्श-सर्वेक्षण संगठन का क्या उत्तरदायित्व है?
(1) जनगणना करना
(2) विभिन्न क्षेत्रों में अखिल भारतीय स्तर पर बड़े पैमाने के सर्वेक्षण करना
(3) पशु जनगणना करना
(4) अंतर-राज्यीय व्यापार के आंकड़े एकत्रित करना
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

476. भारत में एक्सपोर्ट प्रीपेअर्डनेस इन्डेक्स (निर्यात तैयारी सूचकांक) का प्रकाशन निम्नलिखित में कौन करता है?
(1) नीति आयोग
(2) फिक्की (एफआईसीसी आई)
(3) भारतीय रिजर्व बैंक
(4) ट्राई (टी आर ए आई)
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

477. भारत में मनरेगा कब लागू किया गया?
(1) 2004 (2) 2005
(3) 2006 (4) 2007
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

478. किस मूल्यों में से सरकार फसलों के समर्थन में कौन से मूल्य की घोषणा करती है ?
(1) न्यूनतम समर्थन मूल्य
(2) अधिकतम समर्थन मूल्य
(3) नगद समर्थन मूल्य
(4) मध्यम समर्थन मूल्य
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

479. 'सर्व शिक्षा अभियान' किसने प्रारंभ किया?
(1) नरसिम्हा राव
(2) अटल बिहारी वाजपेयी
(3) इन्दिरा गाँधी
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

480. भारत सरकार ने किसान बीमा दावों के लिए कौन-सा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है?
(1) ग्रेन प्लेटफॉर्म
(2) डिजिक्लेम प्लेटफॉर्म
(3) कुशल प्लेटफॉर्म
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

संक्षिप्त उत्तर

1. (1)	2. (2)	3. (3)	4. (1)
5. (3)	6. (2)	7. (4)	8. (1)
9. (4)	10. (3)	11. (4)	12. (3)
13. (*)	14. (2)	15. (4)	16. (1)
17. (2)	18. (1)	19. (1)	20. (3)
21. (4)	22. (3)	23. (1)	24. (4)
25. (1)	26. (4)	27. (3)	28. (3)
29. (1)	30. (1)	31. (2)	32. (3)
33. (1)	34. (1)	35. (2)	36. (1)
37. (3)	38. (3)	39. (2)	40. (3)
41. (4)	42. (4)	43. (3)	44. (3)
45. (4)	46. (2)	47. (4)	48. (2)
49. (4)	50. (4)	51. (3)	52. (3)
53. (3)	54. (1)	55. (4)	56. (2)
57. (2)	58. (4)	59. (1)	60. (2)
61. (1)	62. (2)	63. (3)	64. (3)
65. (3)	66. (1)	67. (1)	68. (2)
69. (2)	70. (2)	71. (4)	72. (3)
73. (1)	74. (1)	75. (1)	76. (2)
77. (4)	78. (4)	79. (4)	80. (4)
81. (3)	82. (3)	83. (4)	84. (4)
85. (1)	86. (4)	87. (2)	88. (1)
89. (4)	90. (*)	91. (3)	92. (4)
93. (1)	94. (2)	95. (3)	96. (2)
97. (2)	98. (*)	99. (4)	100. (3)
101. (3)	102. (2)	103. (4)	104. (3)
105. (4)	106. (1)	107. (4)	108. (4)
109. (2)	110. (1)	111. (3)	112. (3)
113. (2)	114. (3)	115. (3)	116. (1)
117. (2)	118. (3)	119. (3)	120. (3)
121. (4)	122. (2)	123. (1)	124. (1)
125. (1)	126. (4)	127. (4)	128. (4)
129. (3)	130. (3)	131. (4)	132. (4)
133. (1)	134. (4)	135. (4)	136. (3)
137. (3)	138. (1)	139. (3)	140. (2)
141. (1)	142. (4)	143. (4)	144. (2)
145. (1)	146. (4)	147. (2)	148. (4)
149. (4)	150. (3)	151. (1)	152. (3)
153. (1)	154. (1)	155. (4)	156. (3)
157. (1)	158. (3)	159. (2)	160. (2)
161. (1)	162. (2)	163. (1)	164. (4)
165. (3)	166. (4)	167. (4)	168. (2)
169. (4)	170. (4)	171. (4)	172. (1)
173. (3)	174. (3)	175. (1)	176. (4)
177. (3)	178. (4)	179. (3)	180. (2)
181. (4)	182. (3)	183. (4)	184. (3)
185. (1)	186. (1)	187. (3)	188. (1)
189. (1)	190. (2)	191. (1)	192. (2)
193. (2)	194. (3)	195. (2)	196. (1)
197. (4)	198. (1)	199. (4)	200. (1)
201. (1)	202. (1)	203. (3)	204. (2)
205. (2)	206. (3)	207. (3)	208. (2)
209. (1)	210. (4)	211. (2)	212. (1)
213. (2)	214. (3)	215. (4)	216. (3)
217. (4)	218. (2)	219. (1)	220. (2)
221. (1)	222. (2)	223. (3)	224. (3)
225. (3)	226. (1)	227. (4)	228. (1)
229. (3)	230. (1)	231. (4)	232. (1)
233. (3)	234. (4)	235. (2)	236. (3)
237. (3)	238. (1)	239. (1)	240. (1)
241. (3)	242. (1)	243. (4)	244. (4)
245. (4)	246. (4)	247. (1)	248. (2)
249. (3)	250. (4)	251. (3)	252. (4)
253. (1)	254. (3)	255. (2)	256. (1)
257. (2)	258. (2)	259. (2)	260. (4)
261. (4)	262. (1)	263. (3)	264. (1)
265. (2)	266. (1)	267. (1)	268. (2)
269. (1)	270. (1)	271. (2)	272. (3)
273. (1)	274. (3)	275. (1)	276. (4)
277. (1)	278. (4)	279. (1)	280. (2)
281. (1)	282. (4)	283. (2)	284. (1)
285. (3)	286. (2)	287. (4)	288. (4)
289. (2)	290. (4)	291. (2)	292. (3)
293. (2)	294. (3)	295. (4)	296. (3)
297. (4)	298. (4)	299. (1)	300. (3)
301. (3)	302. (4)	303. (3)	304. (4)
305. (3)	306. (2)	307. (4)	308. (1)
309. (4)	310. (3)	311. (3)	312. (3)
313. (4)	314. (4)	315. (1)	316. (4)
317. (1)	318. (2)	319. (1)	320. (2)
321. (2)	322. (1)	323. (3)	324. (2)
325. (4)	326. (2)	327. (2)	328. (4)
329. (3)	330. (3)	331. (2)	332. (3)
333. (2)	334. (3)	335. (3)	336. (2)
337. (3)	338. (3)	339. (1)	340. (1)
341. (2)	342. (4)	343. (1)	344. (3)
345. (3)	346. (4)	347. (3)	348. (3)
349. (4)	350. (2)	351. (4)	352. (4)
353. (1)	354. (1)	355. (2)	356. (4)
357. (4)	358. (1)	359. (3)	360. (3)
361. (2)	362. (3)	363. (3)	364. (3)
365. (1)	366. (4)	367. (2)	368. (4)
369. (2)	370. (2)	371. (2)	372. (1)
373. (2)	374. (2)	375. (3)	376. (2)
377. (3)	378. (1)	378. (4)	380. (2)
381. (3)	382. (2)	383. (1)	384. (1)
385. (2)	386. (4)	387. (2)	388. (1)
389. (4)	390. (*)	391. (1)	392. (3)
393. (3)	394. (3)	395. (2)	396. (3)
397. (4)	398. (2)	399. (3)	400. (5)
401. (5)	402. (4)	403. (1)	404. (3)
405. (3)	406. (1)	407. (2)	408. (4)
409. (4)	410. (3)	411. (3)	412. (1)
413. (1)	414. (2)	415. (4)	416. (2)
417. (1)	418. (3)	419. (3)	420. (4)
421. (2)	422. (4)	423. (1)	424. (3)
425. (1)	426. (4)	427. (1)	428. (1)
429. (3)	430. (3)	431. (4)	432. (2)
433. (4)	434. (3)	435. (2)	436. (3)
437. (1)	438. (3)	439. (1)	440. (3)
441. (4)	442. (4)	443. (3)	444. (3)
445. (3)	446. (2)	447. (1)	448. (2)
449. (1)	450. (2)	451. (4)	452. (1)
453. (2)	454. (2)	455. (1)	456. (1)
457. (2)	458. (3)	459. (2)	460. (3)
461. (2)	462. (3)	463. (3)	464. (2)
465. (3)	466. (3)	467. (2)	468. (4)
469. (3)	470. (1)	471. (2)	472. (4)
473. (1)	474. (4)	475. (2)	476. (1)
477. (3)	478. (2)	479. (2)	480. (2)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (1) पहली पंचवर्षीय योजना 8 दिसंबर, 1951 को संसद में की गई थी। उस समय सकल घरेलू उत्पाद का 2.1 फीसदी निर्धारित किया था। इस परियोजना में कृषि क्षेत्र पर विशेष जोर दिया क्योंकि उस दौरान खाद्यान्न की कमी गंभीर चिंता का विषय थी।

2. (2) मुद्रास्फीति का आंकलन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे गए समानों एवं सेवाओं के औसत मूल्य को मापने वाला एक सूचकांक है।

3. (3) नौंवी पंचवर्षीय 1997-2002 तक चली इस योजना में मानव विकास, पूर्ण पैमाने पर रोजगार, गरीबी में कमी और घरेलू संसाधनों पर आत्मनिर्भरता जैसे उद्देश्यों को प्राप्त करने का मुख्य उद्देश्य था।

4. (1) भारत का योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी। जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है जिसे योजना आयोग के स्थान पर बनाया गया है इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ इसका पदेन अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री होता हैं।

5. (3) मुद्रास्फीति गणितीय आकलन पर आधारित एक अर्थशास्त्रीय अवधारणा है जिससे बाजार में मुद्रा का प्रसार व वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि या कमी की गणना की जाती है। मुद्रास्फीति के समय व्यापारी वर्ग लाभ में रहता है।

6. (2) योजना आयोग का गठन 15 मार्च, 1950 को हुआ था। योजना आयोग भारत सरकार की प्रमुख स्वतंत्र संस्थाओं में से एक है इसका मुख्य कार्य पंचवर्षीय योजना बनाना। योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन भारत सरकार ने 1 जनवरी, 2015 को किया।

7. (4) 1 अप्रैल, 1978 - 31 मार्च, 1979 को 5वीं पंचवर्षीय योजना लागू नहीं की जा सकी। पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में रोजगार, गरीबी उन्मूलन, और न्याय पर रखी गयी थी। कृषि उत्पाद और बचाव में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1978) तक रही इसे 1 वर्ष पूर्व ही समाप्त कर दिया गया जिसे अनवरत योजना का नाम दिया गया।

8. (1) औद्योगिक नीति प्रस्ताव (1956) में सर्वाजनिक क्षेत्र के महल पर जोर दिया गया था। इस वक्त देश में 2nd FTP लागू था। मुख्यत: इस योजना का लक्ष्य तीव्र औद्योगिक था। इसमें उद्योगों को वर्गीकृत हुए पुन: तीन चरण बनाए गए थे।
अनुसूची A→ सार्वजनिक क्षेत्र के 17 उद्योग शामिल, अनुच्छेद B – मिश्रित क्षेत्र के 12 उद्योग शामिल, अनुच्छेद C – शेष सभी उद्योग निजी क्षेत्र हेतु रखे गए।

9. (4) मुद्रा और वित्त एक वार्षिक दस्तावेज है जो एक विषय वस्तु से संबंधित मुद्दों के विस्तृत आर्थिक विश्लेषण को प्रस्तुत करता है और एक विशेष विषय वस्तु के आसपास घूमता है।

10. (3) भारत में आर्थिक विकास, क्षेत्रों या व्यक्तियों की आर्थिक समृद्धि के वृद्धि को अर्थिक विकास कहते हैं वर्तमान युग की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक विकास की समस्या है आर्थिक विकास बाधित होता है जिसका मुख्य कारण खराब अवस्थापना सुविधाओं के कारण।

11. (4) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एक अप्रत्यक्ष कर है जो भारत में विनिर्माण की जाने वाली उन वस्तुओं पर लगाया जाता है जो घरेलू खपत के लिए होती है कर 'विनिर्माण' पर लगाया जाता है। केन्द्रीय सरकार का अधिकतम राजस्व उत्पाद शुल्क से आता है।

12. (3) योजना का आयोग का उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री के समकक्ष होता था तथा इसकी अध्यक्षता स्वयं भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती थी। योजना आयोग का गठन भारत सरकार द्वारा 1950 में किया गया था। यह एक गैर-संविधानिक निकाय था। अर्थात् संविधान द्वारा निर्मित नहीं था। वर्तमान समय में इसका अस्तित्व समाप्त हो चुका है तथा इसकी जगह पर 1 जनवरी, 2015 से नीति आयोग का गठन किया गया है।

13. (*) अवमूल्यन आर्थिक शब्दावली का एक हिस्सा है जब किसी देश द्वारा मुद्रा की विनिमय दर अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में जानबूझ कर कम कर दिया जाए ताकि निवेश को बढ़ावा मिल सके तो उसे अवमूल्यन कहते हैं।

14. (2) बन्द अर्थव्यवस्था का अर्थ आयात-निर्यात बन्द, खुली अर्थव्यवस्था का मतलब एक ऐसा देश या समाज जहाँ किसी को किसी से भी व्यापार करने की छूट होती है।

15. (4) लघु उद्योगों की प्रमुख समस्या, पूँजी का अभाव, विपणन जानकारी का अभाव, कच्चे माल का अभाव इत्यादि है। लघु उद्योग ऐसे उद्योग हैं, जिनमें अधिक से अधिक 1 करोड़ रुपए का निवेश हुआ हो, लघु उद्योगों को वित्त प्रदान करने हेतु भारत सरकार ने 1990 ई. में SIDBI (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) की स्थापना की है। आबिद हुसैन समिति का संबंध लघु उद्योगों में सुधार से संबंधित है।

16. (1) आयकर प्रत्यक्ष कर का उदाहरण है। वैसे कर, जिसमें करों (tax) का आरोपण तथा उदग्रहण एक ही बिन्दु (या व्यक्ति) पर होता है प्रत्यक्ष कर कहलाते हैं। (दिए गए सभी अन्य कर अप्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं।)

17. (2) भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भारत की सबसे बड़ी एवं सबसे पुरानी बैंक है। इसकी स्थापना 1806 कलकत्ता में हुई थी। भारतीय स्टेट बैंक के अनुषंगी बैंकों की संख्या 7 है।

Scanned with CamScanner

18. (1) कैनवैट का मतलब मूल्य वर्धित कर (वैट) है यह एक बिन्दु गंतव्य आधारित कराधान है। जिसमें उत्पादन वितरण शृंखला के लेन-देन के प्रत्येक चरण पर मूल्यवर्धन पर लिया जाने वाला कर है।

19. (1) वन्दे मातरम् योजना → गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए शुरू यह योजना विफल हो गई। दिल्ली में वंदेमातरम् योजना के तहत शुरू किए गए केन्द्रों को नई सरकार द्वारा न तो दिशा-निर्देश मिल रहे और न ही आवश्यक की गोलियाँ उपलब्ध कराई जा रही है।

20. (3) LG दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीविजन सैट निर्माता तथा तीसरी सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्माता कम्पनी है। LG इलेक्ट्रॉनिक दक्षिण कोरिया की कंपनी है।

21. (4) वी. के. आर. वी. राव एक प्रसिद्ध भारतीय अर्थशास्त्री थे। यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत की राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के लिए, वैज्ञानिक प्रयास किए। हालाँकि इनसे पूर्व में सन् 1868 ई. में दादा भाई नौरोजी द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया गया था। वी.आर.सी. राव 1449 में गठित 'राष्ट्रीय आय समिति' के भी प्रमुख सदस्य थे। इस समिति की अध्यक्षता P.C. महालनोबिस द्वारा की गयी थी।

वर्तमान समय में राष्ट्रीय आय का अनुमान केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा लगाया जाता है। जिसकी स्थापना 1951 में की गई थी।

22. (3) एकाधिकार का अर्थ एकल विक्रेता से है। इसमें पूर्ति के ऊपर विक्रेता का पूर्णनियंत्रण होता है। एकाधिकारी वस्तुओं का कोई नजदीकी स्थानन्न नहीं होता। एकाधिकार में फर्म तथा उद्योगों में अंतर नहीं होता है, साथ ही फर्मों का प्रवेश अधिक होता है।

23. (1) मांडवैट उत्पाद कर है मांडवैट स्कीम अनिवार्य रूप से कराधान की वैट स्कीम का अनुसरण करती है मांडवैट स्कीम का विनिमय केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम के नियम 57 क से 57 प और उनके अधीन जारी अधिसूचनाओं के द्वारा होता है।

24. (4) जुलाई 2013 में भारत में ओरल-बी दूध ब्रश लॉन्च हुआ था। ओरल-बी इज ब्रान्ड ऑफ ओरल हाइजीन उत्पाद है।

25. (1) भारत की राष्ट्र-आय किसी देश की उत्पादन व्यवस्था से अंतिम उपभोक्ता के हाथों में जाने वाले वस्तुओं या देश के पूँजीगत साधनों के विशुद्ध जोड़ को राष्ट्रीय आय कहते हैं भारत की राष्ट्रीय आय का मुख्य स्रोत कृषि है।

26. (4) भारत की योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था। 1 जनवरी, 2015 में इस संस्था का नाम बदलकर नीति आयोग कर दिया गया है।

27. (3) भारत में नई उदार औद्योगिक नीति 1991 ई. में घोषित किया। इस नीति के तहत जो कदम उठाए उनका उद्देश्य देश की पिछली औद्योगिक उपलब्धियों को मजबूती प्रदान करना और भारतीय उद्योगों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाना था।

28. (3) केन्द्रीय लोक उद्यम विभाग द्वारा कंपनियों को निम्न तीन दर्जे प्रदान किए जाते हैं।

(i) महारत्न (ii) नवरत्न (iii) मिनीरत्न

अभी हाल ही में (नवम्बर 2017 में) BPCL (भारत पेट्रोलियम को प्रा.लि.) को महारत्न का दर्जा दे दिया गया है, जिसे महारत्न में अब कुल 8 कंपनियाँ तथा नवरत्न में केवल 16 कंपनियाँ शेष हैं।

29. (1) उत्पाद शुल्क सामानों के उत्पादन या विनिर्माण पर लगने वाला कर है। एल्कोहलिक सामग्री और मादक पदार्थों पर उत्पाद शुल्क की वसूली राज्य सरकार करती है। अन्य सामानों पर लगने वाला उत्पाद शुल्क केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कहा जाता है।

30. (1) कर संरचना संबंधित सुधारों के लिए चेलैया समिति का गठन किया गया था। *नरसिम्हन समिति-* वित्तीय (बैंकिंग सुधार हेतु) 1991 में गठित।

31. (2) मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज, एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी स्थापना 1857 में हुई थी।

32. (3) शेवर्रान दवा की कम्पनी नहीं है। शेवर्रान एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय ऊर्जा निगम है। इसका मुख्यालय कैलिफोर्निया के सैन रमोन में है।

33. (1) डॉ. वर्गीज कुरियन को "श्वेत क्रांति का जनक" माना जाता है।

'बिलियन-लीटर आइडिया' (ऑपरेशन फ्लड) का प्रतिपादन करने के कारण ही डॉ. वर्गीज कुरियन को "श्वेत क्रांति का जनक" माना जाता है। इसी ऑपरेशन के कारण भारत अपर्याप्त दूध वाले राष्ट्र की श्रेणी से निकलकर, 1998 में दूध उत्पादन के क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है।

34. (1) ग्रामीण बैंक मुहम्मद यूनुस द्वारा स्थापित किया गया। इन्हें 2000 में भारत सरकार द्वारा गाँधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

35. (2) ब्लैकबेरी लिमिटेड जिसे पहले रिसर्च इन मोशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, कनाडा की एक दूरसंचार और वेयर फोन उपकरणों की कंपनी है।

36. (1) कृषि का भारतीय GDP में लगभग 23.2% (1999-2000), 16.8% (2007-08) एवं 13.9% (2012-13) का योगदान है।

37. (3) सीमा शुल्क एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है जो भारत में आयातित तथा भारत से निर्यातित माल पर लगाया जाता है।

38. (3) जब कभी बैंकों के पास दिन-भर के काम-काज के बाद बड़ी रकमें बच जाती हैं वे उस रकम को रिजर्व बैंक में रख दिया करते हैं, जिस पर RBI उन्हें ब्याज दिया करता है। अब रिजर्व बैंक इस ओवरनाइट रकम पर जो ब्याज दर देता है, उसे रिवर्स रेपो रेट कहते हैं।

39. (2) भारत की योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी जिसका कार्य पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था। 1 जनवरी, 2015 को इसका स्थान पर नीति आयोग बनाया गया। यह सरकार की कार्यकारिणी निकाय है।

40. (3) राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 6 अगस्त, 1952 ई. को किया गया था पंचवर्षीय योजनाओं को स्वीकृति देने वाला यह सर्वोच्च निकाय है।

41. (4) हाउसिंग एण्ड अरबन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (HUDCO) एक गृह एवं शहरी विकास निगम की कंपनी है।

42. (4) बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच, बैंक ऑफ अमेरिका के निवेश बैंकिंग और धन प्रबंधन का प्रभाग है।

43. (3) प्रथम पंचवर्षीय योजना-1951-1956
वार्षिक योजना -1966–1969
चतुर्थ पंचवर्षी योजना- 1969-1974
रोलिंग प्लान - 1978-1979

44. (3) होशंगाबाद भारतीय राज्य मध्यप्रदेश का एक जिला है। यह नर्मदा नदी के किनारे बसा है। इसके किनारे पर सतपुड़ा पर्वत स्थित है। होशंगाबाद में प्रतिभूति कागज कारखाना है। जिसमें भारतीय रुपया छापने के लिए कागज बनाया जाता है।

45. (4) माइक्रो क्रेडिट को माइक्रो फिनांसा या ऋण अथवा सूक्ष्म वित्तपोषण भी कहते हैं। यह कर्ज आमतौर पर उन लोगों को दिया जाता है जिनके पास बैंकों से ऋण पाने के बदले गिरवी रखने के लिए कुछ नहीं होता। बांग्लादेश में इस तरह के ऋण को बढ़ावा दिया गया।

46. (2) अरूप रॉय चौधरी भारत के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर नहीं रहे हैं।

47. (4) "जस्ट डू इट" प्रसिद्ध शू (जूता) कम्पनी नाइक का ट्रेडमार्क है। यह नाइक ब्रांड के मुख्य घटकों में से एक है। इस स्लोगन का निर्माण 1988 में हुआ था। अमेरिकी विज्ञापन कार्यकारी अधिकारी डैन बिडेन ने इस टैगलाइन का निर्माण किया था।

48. (2) ईएमआई (EMI) से तात्पर्य इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट से है, जिसका भुगतान ऋणी द्वारा ऋणदाता को प्रत्येक माह की एक निश्चित तारीख को किया जाता है। इक्वेटेड मंथली इन्सटॉलमेंट (EMI) के अंतर्गत प्रत्येक माह ब्याज और मूल दोनों का भुगतान एक साथ किया जाता है, ताकि निर्दिष्ट वर्षों की समयावधि में पूरे ऋण का भुगतान किया जा सके।

49. (4) प्रत्यक्ष कर वह कर है जो किसी व्यक्ति पर लगाया जाए वही उस कर से भार को वहन करे आयकर, सम्पत्ति कर, व्यय कर प्रत्यक्ष कर के उदा. है। विक्रय कर प्रत्यक्ष कर का उदा. नहीं है।

50. (4) ऐक्सिस बैंक (पुराना नाम यू टी आई बैंक) भारत का एक प्रमुख निजी क्षेत्र का बैंक है।

51. (3) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2013 से प्रभावी स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के पुनर्गठन से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की शुरुआत की है। 29 मार्च, 2016 से इसका नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कर दिया गया है, इसका मुख्य कार्यक्रम गरीब विशेष रूप से महिलाओं हेतु मजबूत संस्थान बनाना तथा वित्तीय सहायता देना है।

52. (3) एक रुपये का नोट और सभी सिक्के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए जाते हैं।

53. (3) वैश्वीकरण से भारत का कृषि क्षेत्र सबसे कम लाभान्वित हुआ।

54. (1) सी रंगराजन राज्यसभा के सांसद एवं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना सी रंगराजन द्वारा तैयार किए गए मॉडल पर आधारित है।

55. (4) 12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2012 से 2017 तक निर्धारित है। इस योजना में 100 प्रतिशत साक्षरता हासिल करना इसका लक्ष्य है।

56. (2) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना 12 जुलाई, 1982 को 100 करोड़ रुपये की प्रदत्त धनराशि के साथ की गई थी। इसका कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास गतिविधियाँ को बढ़ावा देने हेतु निवेश।

57. (2) भारत की पहली पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल, 1951 से 31 मार्च, 1956 तक रही। पहली पंचवर्षीय योजना हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित है। यह मॉडल विकासात्मक अर्थशास्त्र हेतु प्रतिपादित मॉडल है।

58. (4) प्राथमिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का वह क्षेत्र है जो प्राकृतिक संसाधनों का सीधा उपयोग करता है। इसमें कृषि, वानिकी, मछली पकड़ना खनन शामिल है इसलिए बैंकिंग इसमें नहीं होगा।

59. (1) केन्द्रीय कम्प्यूटर से जुड़ी हुई बैंकिंग व्यवस्था की आवश्यकता खातों का उपयोग, बिलो का भुगतान और एक खाते से दूसरे खाते में धन हस्तांतरण करने में होता है।

60. (2) LIC का पूर्ण रूप-लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन है।

61. (1) भारतीय संसद द्वारा 2 फरवरी, 2006 को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार शुरू करने के लिए प्रारम्भ की गई। इस योजना के अंतर्गत रोजगार प्रदान करने के खर्च का 90 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र वहन करता है। 2 अक्टूबर, 2009 को इसका नया नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना कर दिया गया।

62. (2) तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) के दौरान भारत को दोबारा युद्ध का सामना करना पड़ा: चीन के साथ 1962 में और पाकिस्तान के साथ 1965-66 में। इसके अलावा, इस योजना के दौरान दो वर्षों में देश को सूखे और बाढ़ का भी सामना करना पड़ा। इस योजना की दयनीय विफलता के कारण सरकार को 1966-67, 1967-68 और 1968-69 के लिए योजना विराम (plan holiday) की घोषणा करनी पड़ी।

63. (3) डॉ. वाई वेणुगोपाल रेड्डी 3 जनवरी, 2013 से 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं। वह 1964 बैच के एक आईएएस अधिकारी हैं। वह 6 सितम्बर, 2003 से 5 सितम्बर, 2008 तक भारतीय रिजर्व बैंक (भारत के केन्द्रीय बैंक) के गवर्नर रहे।

64. (3) अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिए, सरकारी राजस्व की वसूली (मुख्यतः करों) और व्यय के लिए वित्तीय नीति का प्रयोग किया जाता है। वित्तीय नीति के दो प्रमुख उपकरणों में करों की संरचना, स्तर में परिवर्तन और विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी व्यय का निर्धारण करना शामिल है। व्यापार नीति एक्जिम नीति के एक भाग का निर्माण करती है।

65. (3) भारत में वाणिज्यिक कृषि के अंतर्गत एकमात्र आनुवंशिकीय परिष्कृत नकदी फसल कपास है। बीटी कॉटन (बॉलगार्ड) को भारत में 2002 में स्वीकृति प्रदान की गई थी। भारत को अभी जीएम खाद्य फसलों की वाणिज्यिक कृषि का अनुमोदन करना है।

66. (1) नीति आयोग या नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया की स्थापना 1 जनवरी, 2015 को की गई थी। यह भारत सरकार के लिए नीति-निर्धारित करने वाला आयोग है जिसकी स्थापना नरेन्द्र मोदी

Join Telegram: @apna_library
Search on Google pdf
Scanned with CamScanner

सरकार द्वारा योजना आयोग के स्थान पर की गई थी जो टॉप-डाउन मॉडल का पालन करता था।

67. (1) लोक सेवक सी.डी. देशमुख 1943 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय थे। गवर्नर के रूप में देशमुख ने औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना में सहायता की और ग्रामीण ऋण को प्रोत्साहन देने पर बल दिया। बाद में उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल (1950-56) में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया।

68. (2) भारतीय रुपये के प्रतीक चिह्न का डिजाइन इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे के बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर एंड विजुअल डिजाइन के छात्र डी. उदय कुमार द्वारा तैयार किया गया था। उदय कुमार के अनुसार यह डिजाइन भारतीय तिरंगे पर आधारित है। वह आईआईटी गुवाहाटी में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

69. (2) बैंक नोट प्रेस (BNP) देवास, मध्य प्रदेश में स्थित है। यह आर्थिक मामले विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की एक औद्योगिक इकाई है। यह प्रेस भारतीय करेंसी नोटों को मुद्रित करती है। इसकी कल्पना 1969 में की गई थी तथा इसकी स्थापना 1974 में हुई थी।

70. (2) द फाइनेंशियल टाइम्स स्टॉक एक्सचेंज 100 इंडेक्स (FTSE 100) बाजार की सर्वाधिक पूंजी के साथ लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 100 कंपनियों का एक शेयर मूल्य सूचकांक है। इसे यूके कंपनी नियम द्वारा विनियमित व्यवसाय के लिए समृद्धि के मापक के रूप में देखा जाता है। इस इंडेक्स को लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप की समनुषंगी FTSE ग्रुप द्वारा सम्पोषित किया जाता है।

71. (4) आईसीआईसीआई बैंक ने अपने महिला कर्मचारियों की संख्या में कमी को रोकने हेतु मार्च 2016 में, वर्क-फ्रॉम-होम प्रोग्राम के रूप में 'iWork@home' को लॉन्च करने की घोषणा की। यह महिला कर्मचारियों को घर से कार्य करने और बैंक के कोर बैंकिंग सर्वरों को एक्सेस करने की सुविधा प्रदान करने हेतु फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी का प्रयोग करता है। यह प्रत्येक गैर-उपभोक्ता को घर से कार्य करने की सुविधा प्रदान करता है।

72. (3) भारत के सुनियोजित विकास के लिए रूपरेखा 'सर्वोदय योजना' की अवधारणा जयप्रकाश नारायण द्वारा 1950 में प्रस्तुत की गई थी। यह योजना मुख्यत: आचार्य विनोबा भावे की सर्वोदय अवधारणा के अतिरिक्त न्यासिता और समुदाय द्वारा रचनात्मक कार्यों की गाँधीवादी तकनीक से प्रेरित थी।

73. (1) अर्थशास्त्र में, लॉरेन्ज वक्र आय या संपत्ति के वितरण का आरेखीय प्रस्तुतीकरण है। धन के वितरण की असमानता का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसे 1905 में मैक्स ओ. लॉरेन्ज द्वारा विकसित किया गया था। लॉरेन्ज वक्र का प्रयोग प्राय: आर्थिक असमानता को प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है, हालाँकि, इसका प्रयोग किसी भी प्रणाली में असमान वितरण को प्रस्तुत करने के लिए भी किया जा सकता है।

74. (1) वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को सर्वप्रथम 2006-07 के बजटीय संबोधन में प्रस्तुत किया गया था। बजट में, वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने जीएसटी के कार्यान्वयन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल, 2010 तय की थी। जीएसटी 1 जुलाई, 2017 से तत्काल प्रभाव से लागू है।

75. (1) भारतीय स्टेट बैंक को आरंभ में इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता था जिसकी स्थापना 27 जनवरी, 1921 को की गई थी। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ने इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के नियन्त्रणकारी अधिकारों का अधिग्रहण किया था। 1 जुलाई, 1955 को इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया भारतीय स्टेट बैंक बन गया।

76. (2) वर्तमान में 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) चल रही है। 11वीं पंचवर्षीय योजना मार्च 2012 में समाप्त हुई थी। वर्तमान सरकार ने हाल ही में पंचवर्षीय योजना प्रणाली को मध्य-अवधि की वित्तीय रूपरेखा के साथ प्रतिस्थापित करने की योजना की घोषणा की। मध्य-अवधि की वित्तीय रूपरेखा राजस्व और व्यय आवंटन को अगले तीन वर्षों के लिए प्रक्षेपित करेगी।

77. (4) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-1956) कुछ संशोधनों के साथ हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी। 1946 में रॉय एफ. हारोड और एवसी डोमर द्वारा विकसित, हैरोड-डोमर मॉडल आर्थिक विकास का एक शास्त्रीय कीन्सियन मॉडल है जिसका उपयोग विकास अर्थशास्त्र में पूंजी की बचत और उत्पादकता के स्तर के संदर्भ में अर्थव्यवस्था की विकास दर को समझाने के लिए किया जाता है।

78. (4) 3 जून, 2011 को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने राजस्थान के बांसवाड़ा से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का शुभारंभ किया। यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक गरीबी उन्मूलन परियोजना है, जो ग्रामीण गरीबों के स्व-रोजगार और संगठन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

79. (4) RuPay एक भारतीय घरेलू कार्ड योजना है जिसे 26 मार्च, 2012 को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा शुरू किया गया था। यह भारत में भुगतान की डोमेस्टिक, ओपेन (फोर-पार्टी), बहुपक्षीय प्रणाली को देखते हुए RBI की मांग के अनुसार इसका निर्माण किया गया था। RuPay सभी भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।

80. (4) तीसरी योजना की दयनीय विफलता के कारण सरकार को "योजना अवकाश" (1966-67, 1967-68 और 1968-69 से) घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ा इस बीच की अवधि के दौरान तीन वार्षिक योजनाएँ तैयार की गईं। योजना के अवकाश का मुख्य कारण युद्ध संसाधनों की कमी और मुद्रास्फीति में वृद्धि को मान्य जाता है।

81. (3) भारतीय औद्योगिक निवेश बैंक (IIBI) भारत सरकार के स्वामित्व वाली वित्तीय निवेश संस्था थी, जिसने 1971 में अपनी स्थापना से लेकर 2012 तक जब भारत सरकार द्वारा इसे बंद नहीं किया गया तब तक इसने काम किया। इसका मुख्यालय कोलकाता में था।

82. (3) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अक्टूबर, 2017 को गुजरात के वडनगर से एक गहन टीकाकरण अभियान 'इन्द्रधनुष' शुरू किया। इस मिशन के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य दो वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे तक पहुँचना है और गर्भवती महिलाओं को अभी भी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत अपूरित (Uncovered) रखा गया है।

83. (4) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि का उद्देश्य सभी विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए सस्ती कीमत पर उपलब्ध गुणवत्ता वाली दवाइयाँ उपलब्ध कराना है, विशेष रूप से "प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों" के माध्यम से, ताकि स्वास्थ्य देखभाल में जेब खर्च को कम किया जा सके। जनऔषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाइयाँ बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत सस्ती हैं।

84. (4) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अंतर्गत अर्थव्यवस्था का वर्गीकरण स्वामित्व, अर्थात् जो परिसम्पत्ति का स्वामी होता है और सेवाओं के वितरण के लिए उत्तरदायी होता है, के आधार पर किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र में, सरकार अधिकांश परिसम्पत्तियों की स्वामी होती है और सभी सेवाएँ प्रदान करती है। निजी क्षेत्र में, परिसम्पत्तियों का स्वामित्व और सेवाओं का वितरण निजी व्यक्तियों या कंपनियों के हाथ में होता है।

85. (1) बीएसई ने 22 मई, 2006 को बीएसई-100 के डॉलर से जुड़े संस्करण डॉल्लेक्स-100 को पेश किया। 22 मई, 1994 को डॉल्लेक्स-200 बीएसई 200 के डॉलर संस्करण को लॉन्च किया गया। डॉल्लेक्स-30, एक बीएसई 30 का डॉलर से जुड़ा संस्करण, 25 जुलाई, 2001 को लॉन्च किया गया था। ये सूचकांक विदेशी निवेशकों के लिए उपयोगी हैं, क्योंकि ये विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के लिए उन्हें प्रदान करने के बाद उनके 'वास्तविक रिटर्न' को मापने में मदद करते हैं।

86. (4) नौवीं योजना (1997-2002) का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय और समानता पर जोर देने के साथ देश में विकास को बढ़ाना था। इसने विकास की नीतियों के सुधार के वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने के मिशन के साथ विकास उन्मुख नीतियों के संयोजन पर काफी महत्व दिया जो देश में गरीबों के सुधार की दिशा में काम करेगा।

87. (2) रुपे कार्ड (अंग्रेजी: RuPay) भारत का स्वदेशी भुगतान प्रणाली पर आधारित एटीएम कार्ड है। इसे वीजा एवं मास्टर कार्ड की तरह प्रयोग किया जाता है। अभी देश में भुगतान के लिए वीजा और मास्टर कार्ड के डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड प्रचलन में हैं। ये कार्ड विदेशी भुगतान प्रणाली पर आधारित है। रुपे कार्ड को अप्रैल 2011 में विकसित किया गया था। इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने विकसित किया है। 8 मई, 2014 को भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने भारत का अपना भुगतान कार्ड 'रुपे' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2005 में ऐसी स्वदेशी सेवा की आवश्यकता की परिकल्पना की थी और यह कार्य 2010 में इसके संचालन के तुरन्त बाद भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को सौंप दिया था।

88. (1) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) एक ग्रामीण विकास कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत वैसे गाँवों को जहाँ अनुसूचित जातियों की संख्या अधिक (50 प्रतिशत से अधिक) हो वहाँ केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लागू कर और निधि आबंटित कराकर उनका उत्थान करना है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) वर्ष 2009-10 में शुरू किया गया।

89. (4) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) 12 अप्रैल, 2005 को शुरू किया गया था, ताकि ग्रामीण आबादी, खासकर कमजोर समूहों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जा सके। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के साथ विलय कर दिया गया था जिसे 2013 में लॉन्च किया गया था।

90. (*) पूर्व में भारत का औद्योगिक वित्त निगम आईएफसीआई, सार्वजनिक क्षेत्र की एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह 1948 में देश में औद्योगिक संस्थाओं को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्रदान करने वाला पहला विकास बैंक था।

91. (3) बार काउंसिल ऑफ इंडिया एक वैधानिक निकाय है जो अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 4 के तहत स्थापित किया गया है। यह भारत में कानूनी प्रक्रिया और कानूनी शिक्षा को नियंत्रित करता है। इसके सदस्य भारत में वकीलों के बीच से चुने जाते हैं और भारतीय बार काउंसिल का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पेशेवर आचरण, शिष्टाचार और बार काउंसिल पर अनुशासनात्मक अधिकार क्षेत्र के मानकों को निर्धारित करता है।

92. (4) संगम योजना का उद्देश्य विकलांगों के कल्याण को सुनिश्चित करना है। यह सरकार द्वारा 15 अगस्त 1996 को घोषित किया गया था। इस योजना के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विकलांगों को एक समूह में संगठित किया जाता है 'संगम' नाम के प्रत्येक संगठित समूह को उनकी आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए 15,000 रुपये की सहायता दी जाती है।

93. (1) नीति आयोग का अर्थ नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया आयोग है। इसने 1 जनवरी, 2015 को भारत के योजना आयोग का स्थान ले लिया। यह सरकार द्वारा गए लोगों का एक समूह है, जो इसमें विशेषज्ञों के साथ सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर नीतियों को बनाने/विनियमित करने के लिए सरकार द्वारा सौंपे गये कार्यों पर सुझाव देती है। भारत के प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं।

94. (2) भारतीय रुपये का नया प्रतीक चिह्न 15 जुलाई, 2010 को जारी किया गया। यह प्रतीक चिह्न आईआईटी गुवाहटी में असिस्टेण्ट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डी. उदयकुमार ने डिजाइन किया है।

95. (3) स्थानीय निकाय निम्नलिखित 'कर' लगा सकते हैं- शुल्क मार्ग कर, चुंगी, संपत्ति या गृह कर, पेशा कर, भूमि कर, वाहनों पर लगने वाला कर, मनोरंजन कर, मवेशी पंजीकरण फीस, जल कर, प्रकाश कर इत्यादि।

96. (2) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, अर्थिक व्यय विभाग की औद्योगिक इकाई बैंक नोट प्रेस, देवास की संकल्पना 1969 में की गई और 1974 ई. में इसकी स्थापना हुई।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

97. (2) लघु कृषकों से तात्पर्य उन कृषकों से लगाया जाता है जिनकी कृषि जोत का आकार एक हेक्टेयर से दो हेक्टेयर के बीच होता है तथा सीमान्त कृषकों को सम्मिलित किया जाता है जिनकी कृषि योग्य भूमि का आकार एक हेक्टेयर से कम हो।

98. (*)
- भारत में कुल 27 सरकारी बैंक हैं RBI के अनुसार 19 राष्ट्रीयकृत बैंक हैं + एक IDBI बैंक + एक SBI जिसे केन्द्रीय बैंक कहा जाता है।
- वर्तमान में भारत में 23 निजी बैंक कार्य करते हैं।
- वर्तमान में भारत में 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्य करते हैं।
- वर्तमान में भारत में 41 विदेशी बैंक कार्य करते हैं।

99. (4) मर्सीडीज कार खरीदने के लिए पूँजी की आवश्यकता होती है, अतः यह पूँजीगत वस्तुओं का उदाहरण है।

100. (3) उपभोक्ता कीमत सूचकांक उसे कहा जाता है, जो मुद्रास्फीति द्वारा खरीदी गई उपभोक्ता वस्तुओं तथा सेवाओं की औसत कीमत को मापता है।

101. (3) एक वास्तविक द्वयाधिकार एक विशेष प्रकार का अल्पाधिकार है जहाँ किसी एक बाजार में केवल दो निर्माता मौजूद होते हैं। आमतौर पर इस परिभाषा का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जहाँ बाजार सिर्फ दो कंपनियों का ही प्रभावी नियंत्रण होता है।

102. (2) राष्ट्रीय आय मौद्रिक अर्थव्यवस्था के ढाँचे की माप करता है। आर्थिक गतिविधियों को तीन प्रकार से मापा जा सकता है–
(1) अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन
(2) उत्पादन की अर्जित आय
(3) अंतिम उपभोक्ता द्वारा किया गया कुल व्यय।

103. (4) किसी उत्पादक फर्म के लिए अल्प-काल में नियत लागत सदा स्थिर और नियत रहेगी।

104. (3) इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में बैंकों के राष्ट्रीकरण का अहम फैसला लिया था। उन्होंने 19 जुलाई 1969 को 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था।

105. (4) एक रुपये के करेंसी नोटों पर वित्त सचिव भारत सरकार के हस्ताक्षर होते हैं। 2 रुपये से उच्च मूल्य वर्ग के नोटों को रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रित किया जाता है, जब कि एक रुपये के करेंसी नोटो को भारत सरकार द्वारा मुद्रित किया जाता है।

106. (1) हीरा एक ऐसा वस्तु है जिसका केवल विनिमय मूल्य होता है।

107. (4) 'ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड' का लक्ष्य है – शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना। इस योजना का आरंभ 1987 ई. में किया गया। इसका उद्देश्य प्राथमिक स्कूलों में न्यूनतम सुविधा एवं गुणवत्ता को सबल करना है।

108. (4) 8वीं पंचवर्षीय योजना में मानव पूंजी के महत्त्व पर जोर दिया गया। अर्थात् रोजगार, शिक्षा व जनस्वास्थ्य को इस योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता प्राप्त हुआ। इस योजना में 5.6% वार्षिक वृद्धि दर का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जबकि लक्ष्य से ज्यादा 6.8% वृद्धि दर प्राप्त की गई।

109. (2) भारत सरकार द्वारा 1 जून, 1997 में गरीबों के भोजन एवं पोषण संबंधी स्थिति में सुधार हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली संबंधी स्थिति में सुधार हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। FCI, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को संभालती है। पीडीएस कार्यक्रम खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

110. (1) 'गार्डन सिटी' का सिद्धांत 1898 ई. एबेनेजर हॉवर्ड ने विकसित किया। यह सिद्धांत नगरीय नियोजन से संबद्ध था।

111. (3) FCI की स्थापना भारत सरकार द्वारा एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में 1964 ई. में की गई थी। विदित है कि इसकी स्थापना फूड कॉर्पोरेशन एक्ट, 1964 के तहत हुई। FCI का मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह निगम भारत में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु यह खाद्यान्नों का क्रय करके उन्हें गोदामों में भंडारित करता है।

112. (3) सर्वशिक्षा अभियान भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत 2001 में की गई थी। इसे भारतीय संविधान के 86वें संशोधन द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके तहत 6-14 साल के बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के प्रावधान को मौलिक अधिकार बनाया गया है। इसमें 8 मुख्य कार्यक्रम हैं।

113. (2) जुलाई 1968 ई. में "गेहूँ क्रांति" नामक एक विशेष डाक टिकट इंदिरा गाँधी ने जारी किया था। विदित है कि भारत में हरित क्रांति इंदिरा गाँधी के समय में ही हुआ था, इससे गेहूँ की फसल में आशातीत वृद्धि हुई थी।

114. (3) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम सरकारी स्वामित्व वाले हैं जबकि निजी क्षेत्र किसी खास व्यक्ति या समूह द्वारा संचालित होते हैं। 'रेलवे' सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जबकि टिसको, आर.आई.एल. विप्रो निजी क्षेत्र संबद्ध उद्यम हैं।

115. (3) भारत 'दलहन' का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। भारत में दलहन के उत्पादन में मध्य प्रदेश का प्रथम स्थान है।

116. (1) 15-35 वर्ष के उम्र के लोगों को मुख्य श्रम शक्ति माना जाता है। विदित है कि भारत की जनसंख्या में यह श्रम शक्ति (15-35 वर्ष) वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक है।

117. (2) खाद्य सुरक्षा मिशन - 2013 भारत सरकार द्वारा अधिसूचित एक कानून है जिसके अंतर्गत लोगों को सस्ती दर पर आपूर्ति के द्वारा खाद्य एवं पोषक सुरक्षा मुहैया कराया जाता है। इसके अंतर्गत लाभ प्राप्तकर्ता को 5 kg चावल, गेहूँ या मोटे अनाज क्रमशः 3, 2 तथा 1 रुपए प्रति किलोग्राम पर प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है।

118. (3) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) भारत में सांख्यिकीय मानकों का विकास एवं सांख्यिकीय कार्यकलापों का समन्वय करता है। इसके कार्यकलापों में राष्ट्रीय आय के अनुमानों का संग्रह, आर्थिक गणना, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण आदि शामिल हैं।

119. (3) भारत सरकार ने 3 मार्च, 2015 को ग्रीन इंडिया मिशन का विलय 'मनरेगा' के साथ का दिया है। विदित है कि ग्रीन इंडिया मिशन जलवायु परिवर्तन पर चलाए जा रहे आठ मिशनों में से एक है। इस मिशन को फरवरी 2014 में केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में मान्यता दी गई थी।

120. (3) जीएसटी कानून लागू करने वाला पहला राज्य 'असम' है। भारत में जीएसटी 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ। इसे लागू करने का सुझाव विजय केलकर समिति ने दिया था। इसमें कुल 17 अप्रत्यक्ष कर तथा 23 अधिभार को सम्मिलित किया गया है। शराब, पेट्रोल तथा शिक्षा को जीएसटी दायरे से बाहर रखा गया है। जीएसटी में कुल 5 दरे (0%, 5%, 12%, 18%, 28%) है। भारत का जीएसटी कनाडा के मॉडल में आधारित है। विश्व में जीएसटी लागू करने वाला पहला देश फ्रांस है।

121. (4) राइन की तर्ज पर गंगा नदी की सफाई हेतु भारत ने इस संबंध में नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए जर्मनी के साथ एक समझौता किया है। जर्मनी राइन के अनुभव के आधार पर गंगा को निर्मल बनाने में भारत की मदद करेगा। जर्मनी शुरुआत में इसके लिए 22.18 करोड़ रुपए देगा। यह परियोजना 2016-2018 तक तीन वर्ष चलेगी।

122. (2) भारत में भुगतान संतुलन की स्थिति के संतुलन को सुधारने में रुपए का अवमूल्यन, आयात पर उच्च शुल्क लगाने तथा आयात प्रतिस्थापन के प्रोत्साहन आदि उपाय मदद कर सकता है। मौद्रिक अधिकारी अपनी मुद्रा का विदेशी मुद्राओं के रूप में मूल्य या विदेशी विनिमय दर घटाकर या बढ़ाकर भुगतान संतुलन को संतुलित कर सकते हैं। आयात शुल्क उच्च होने से आयात को हतोत्साहित व प्रतिबंधित किया जा सकता है।

123. (1) देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र संगठन रेलवे है। भारतीय रेलवे सबसे बड़ा नियोक्ता संगठन है। यह एशिया की सबसे बड़ी तथा विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था है। भारतीय रेलवे को 17 मंडलों में बाँटा गया है। प्रत्येक मंडल का प्रधान महाप्रबंधक होता है।

124. (1) वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ स्थानीय या क्षेत्रीय वस्तुओं या घटनाओं के विश्व स्तर पर रूपांतरण की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया आर्थिक, तकनीकि, सामाजिक और राजनीतिक ताकतों का एक संयोजन है। वैश्वीकरण का उपयोग अक्सर आर्थिक वैश्वीकरण के संदर्भ में किया जाता है। अर्थात् व्यापार, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पूँजी प्रवाह, प्रवास एवं पौद्योगिकी के प्रसार के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकरण हो जाता है।

125. (1) औद्योगिकरण के फलस्वरूप ग्रामीण खेतिहर अर्थव्यवस्था ने नगरीय पूँजीवादी अर्थव्यवस्था का स्वरूप ग्रहण किया। औद्योगिकरण के कारण जनसंख्या का शहरों की ओर पलायन होने लगा फलस्वरूप शहरों की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि होने लगी, मानव यहाँ मशीनी मानव की तरह कारखानों में काम करने लगा, पारिवारिक संरचना टूटने लगी तथा वह एकाकी रहने लगा। औद्योगिक श्रमिकों का भरपूर शोषण होने लगा। इस प्रकार शहरीकरण जो औद्योगिकरण की देन था मानव के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में गहरा प्रभाव छोड़ा।

126. (4) कर्मचारी रेफरल स्कीम संगठनों द्वारा प्रयुक्त योग्य अभ्यार्थियों का उनके विद्यमान सामाजिक नेटवर्क से चिह्नित करते हुए आंतरिक भर्त्ती प्रक्रिया से संबद्ध है। शेष अन्य विकल्प किसान कल्याणकारी योजना से संबद्ध है।

127. (4) भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवहन का मुख्य साधन रोडवेज (सड़क परिवहन) है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश के कुल यात्री यातायात का 87% व माल यातायात का 65% सड़क परिवहन के द्वारा संपन्न होता है। परिवहन प्रणाली में कुल मार्गों का लगभग 83% सड़कें, 9% रेल, 6% वायु मार्ग एवं 2% जल मार्ग है। हमारा देश वर्तमान में विश्व की दूसरी बड़ी सड़क प्रणाली वाला देश है। अगस्त 2015 के आँकड़ों के अनुसार, देश की कुल सड़कों की लम्बाई लगभग 55.32 लाख किमी. है। सड़क नेटवर्क के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यों के राजमार्ग, जिला सड़कें तथा ग्रामीण सड़कें आती हैं।

128. (4) किसान कॉल सेन्टर (KCC) तथा L – 1 किसान कॉल सेन्टर 21 जनवरी, 2004 से देश के लगभग सभी राज्यों में लागू है, इस योजना की टोल फ्री टेलीफोन लाइन 1800-180-1551 है। यह किसान समुदाय को कृषि सूचना देता है। प्रत्येक किसान कॉल सेंटर पर किसान कॉल सेन्टर एजेंट जिन्हें L-1 एजेंट कहा जाता है, किसानों के पूछताछ तथा प्रश्नों का नियमित रूप से जवाब देते हैं।

129. (3) बहुउद्देशीय परियोजनाओं से सिंचाई की सुविधा के अलावा बाढ़ नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, जल विद्युत उत्पादन, नहरी परिवहन, पर्यटन आदि अनेक कार्य किए जा सकते हैं। इसलिए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे आधुनिक भारत का मंदिर एवं नए तीर्थ भी कहा था।

130. (3) अर्थशास्त्र में 'डंपिंग' का मतलब किसी भी प्रकार के अत्यधिक कम मूल्य निर्धारण से है। हालांकि आमतौर पर यह शब्द अब केवल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के संदर्भ में ही प्रयोग किया जाता है जहाँ डंपिंग की परिभाषा किसी देश के एक निर्माण द्वारा किसी उत्पाद को या तो इसकी घरेलू कीमत से नीचे या इसकी उत्पादन लागत से कम कीमत पर किसी दूसरे देश में निर्यात करने के रूप में दी जाती है। इस शब्द का एक नकारात्मक संकेतार्थ है लेकिन मुक्त बाजार के पैरोकार इसे उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद मानते हैं।

131. (4) भारतीय संसद द्वारा अधिनियमित इस कानून का प्रभाव जम्मू एवं कश्मीर को छोड़कर समस्त भारत में है। इस कानून को बनाने के पीछे जो प्रमुख उद्देश्य रहे हैं उनमें विकल्प में दिए गए सभी कारण सम्मिलित है।

132. (4) दिल्ली पुलिस ने अगस्त 2017 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) के अंतर्गत एक कौशल विकास कार्यक्रम 'युवा' (YUVA) की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा किया गया था। इस पहल का उद्देश्य युवाओं की योग्यता और क्षमता के अनुसार उनके कौशल को उन्नत करते हुए उनके साथ सम्पर्क स्थापित करना है।

133. (1) भारत में पहला सहकारी आंदोलन ब्रिटिश शासन के दौरान कृषि ऋण के साथ आरंभ हुआ था। देश में व्यापक स्तर पर फैले संकट, ग्रामीण ऋण में भारी वृद्धि और साहूकारों की साजिश के परिणामस्वरूप ग्रामीण ऋण के क्षेत्र में आंदोलन आरंभ हुआ। भारत में इस आंदोलन की शुरुआत कम आय वाले व्यक्तियों जैसे किसानों, कारीगरों और समाज के अन्य वर्गों के विकास के लिए मितव्ययिता और पारस्परिक सहायता को प्रोत्साहन और

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

बढ़ावा देने के लिए की गई थी।
इस आंदोलन का उद्देश्य शोषित वर्ग को महाजनों के चंगुल से बाहर निकालने के प्रयासों पर ध्यान केन्द्रित करना भी था। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, सहकारी समिति अधिनियम 1904 के अंतर्गत साख समितियों की स्थापना की गई थी। सहकारी समिति अधिनियम 1904 को सहकारी समिति अधिनियम 1912 के द्वारा निरस्त कर दिया गया था, नया अधिनियम साख के अतिरिक्त सहकारी समितियों को प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराता है।

134. (4) वस्तु के मूल्य का अर्थ है इसे क्रय करने की सामान्य शक्ति, जबकि कीमत का अर्थ है मुद्रा का मूल्य; अर्थात् धन की मात्रा जिससे इसका विनिमय किया जाता है। वस्तु की कीमत वस्तु के लिए भुगतान की गई धन मुद्रा की मात्रा है। अत: जब वस्तु के लिए मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होती है, तो इसका अर्थ यह है कि समान वस्तु के लिए अधिक धन का भुगतान करना होगा। स्पष्टत: तब क्रय शक्ति या मुद्रा का मूल्य कम हो जाता है, जबकि वस्तु के मूल्य में साथ-साथ वृद्धि होती है। (स्रोत: बोर्ड ऑफ इक्नॉमेंस द्वारा कृत 'दि एलीमेंट्स ऑफ मॉडर्न साइंस, और गिम्लेन डिलिप्लेस द्वारा कृत 'रिकार्डो ऑन मनी: ए रिपरसल')।

135. (4) एनएसडीएल से तात्पर्य नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड से है। यह मुंबई में स्थित एक भारतीय केन्द्रीय प्रतिभूति न्यासी है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय सम्मान के सुझाव पर आधारित राष्ट्रीय कानून के साथ भारत में प्रथम इलेक्ट्रॉनिक प्रतिभूति न्यासी के रूप में 8 नवम्बर, 1996 को की गई थी। यह भारत में आर्थिक विकास के लिए उत्तरदायी है।

136. (3) बहुराष्ट्रीय समूहों के विभिन्न भागों के मध्य व्यापारिक लेन-देन दो स्वतंत्र फर्मों के मध्य समान बाजार बलों को आकार देने वाले संबंध के अधीन नहीं हो सकता। एक पार्टी कीमत के लिए दूसरी वस्तुओं या सेवाओं को हस्तांतरित करती है। इस कीमत को "हस्तांतरित कीमत" के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार, हस्तांतरित कीमत वह कीमत है जो संगठन की स्वतंत्र रूप से परिचालित इकाईयों के मध्य वस्तु या सेवाओं के मूल्य का प्रतिनिधित्व करती है। लेकिन, "हस्तांतरित कीमत" को अभिव्यंजना सामान्यत: सम्बद्ध उद्यमियों के मध्य लेन-देन की कीमत से संबंधित होती है जो स्वतंत्र उद्यमियों के मध्य घटित होने वाली विभिन्न अवस्थाओं के अंतर्गत घटित हो सकती है। यह संबंधित उद्यमियों के मध्य वस्तुओं, सेवाओं और तकनीकी के हस्तांतरण से संबद्ध कीमत से संबंधित होती है।

137. (3) पेटेन्ट प्रभुत्वसम्पन्न राष्ट्र या अन्तर-सरकारी संगठन द्वारा किसी आविष्कारक या प्रतिनिधि को आविष्कार के विषय में विस्तृत सार्वजनिक प्रकटीकरण के बदले एक निश्चित समय अवधि के लिए प्रदान किए गए एकमात्र अधिकारों का समूह है। पेटेन्ट की अवधि एक निर्दिष्ट समय अवधि के लिए प्रभावी होती है। इसके बाद अन्य व्यक्ति स्वतंत्र रूप से उस आविष्कार की नकल कर सकते हैं।

138. (1) केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए अनुरक्षण अनुबंध और समुदाय अनुबंध पर आधारित प्रदर्शन के लिए जुलाई 2017 में आरंभ नामक मोबाइल एप लॉन्च करने की घोषणा की। इसके प्रयोग से प्रदर्शन पर आधारित ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण अनुबंध के नियोजन और कार्यान्वयन में और राज्य स्तरीय संस्थाओं के सेवा वितरण की वृद्धि में मदद मिलेगी।

139. (3) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्य सरकार की कन्याश्री प्रकल्प (बालिका) योजना के लिए जून 2017 में हेग (नीदरलैंड) में सर्वोच्च पुरस्कार के रूप में संयुक्त राष्ट्र सार्वजनिक सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 62 देशों से प्राप्त की गई 552 परियोजना मनोनयन में पश्चिम बंगाल की कन्याश्री प्रकल्प योजना प्रथम स्थान पर रही।

140. (2) वैश्विक भूख सूचकांक (GHI) की गणना प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) द्वारा की जाती है और इसी के द्वारा इसे प्रकाशित किया जाता है। इसे सर्वप्रथम 2006 में जर्मन गैर लाभकारी संगठन (NPO) वेल्थनगरहिलफे के साथ प्रकाशित किया गया था। 2007 में विश्वव्यापी मुद्दों से सरोकार रखने वाला आयरिश एनजीओ सह-प्रकाशक के रूप में इस समूह में शामिल है।

141. (1) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक निर्दिष्ट समय (तिमाही या वार्षिक) अवधि में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के बाजार मूल्य का मौद्रिक माप है। क्षेत्र की कुल जनसंख्या की जीडीपी का अनुपात प्रति व्यक्ति जीडीपी है और इसे औसत जीवन स्तर कहते हैं। जीडीपी को "राष्ट्रीय विकास और प्रगति मापने वाला विश्व का सबसे शक्तिशाली सांख्यिकीय संकेतक" माना जाता है।

142. (4) विशेष आहरण अधिकार (SDR) बास्केट अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रेन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग से बना है। इसमें अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रेन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड का योगदान क्रमश: 41.73 प्रतिशत, 30.93 प्रतिशत, 10.92 प्रतिशत, 8.33 प्रतिशत और 8.09 प्रतिशत है।

143. (4) इक्विटी का नीतिपरक सिद्धान्त विशेष रूप से अन्तर उत्पादन इक्विटी धारणीय विकास की अवधारणा पर केन्द्रित है। ब्रन्ड्टलैंड आयोग, जिसने धारणीय विकास के विचार को लोकप्रिय बनाने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने इक्विटी के संदर्भ में इसे इस प्रकार परिभाषित किया है: विकास वह है जो भविष्य की पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले संसाधनों की क्षमता को जोखिम में डाले बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता को पूरा करता है। उसके बाद से अन्तर उत्पादन (इन्टरजनरेशनल) इक्विटी की इस आलंकारिक भाषा को कई धारणीय विकास योजनाओं और नीतियों में सम्मिलित किया जा चुका है।

144. (2) ब्लु चिप राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, पूर्णत: स्थापित और वित्तीय रूप से सुदृढ़ कंपनी है। सामान्यत: ब्लु चिप अच्छी गुणवत्ता वाले, व्यापक स्तर पर स्वीकार्य उत्पाद और सेवाओं को बेचती है। ब्लु चिप कंपनियों को खराब स्थिति से बचकर निकलने और विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में लाभपूर्ण रीति से परिचालन करने के लिए जाना जाता है, जो उनके स्थायी और विश्वसनीय वृद्धि के दीर्घकालीन रिकॉर्ड में योगदान देने में सहायता करता है।

145. (1) जब कोई अर्थव्यवस्था स्फीतिकारी परिस्थिति का सामना करती है तो प्रत्यक्ष करों में वृद्धि की जानी चाहिए। ब्याज दर

में कमी के अतिरिक्त सार्वजनिक व्यय में वृद्धि के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में अधिक धन आएगा, इस प्रकार मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होगी। करों में वृद्धि करने से लोगों के पास व्यय हेतु उपलब्ध धन कम हो जाता है। ब्याज दर में वृद्धि से लोग अधिक बचत करने और कम खर्च करने को प्रेरित होते हैं। इस प्रकार स्फीतिकारी दबाव कम हो जाता है।

146. (4) मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस जियो इंफोकॉम ने जुलाई 2017 में एशिया-अफ्रीका-यूरोप (AAE – 1) समुद्री केबिल तंत्र की शुरुआत करने की घोषणा की। दावा किया गया है कि यह विश्व की सबसे लंबी 100 Gbps तकनीकी पर आधारित समुद्री प्रणाली है। यह प्रणाली मार्सेली, फ्रांस से हांगकांग तक 25,000 किमी. से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें एशिया और यूरोप के पार 21 केबिल लैंडिंग्स होंगे।

147. (2) हरियाणा पुलिस ने राज्य में 'रोमियो' की अनुचित गतिविधियों को नियंत्रित करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में अप्रैल 2017 में 'ऑपरेशन दुर्गा' की शुरुआत की। इस पहल के अंतर्गत स्थानीय पुलिस थाने की एक पुलिस टीम स्कूल, कॉलेज, बाजार, मॉल और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थलों की निगरानी करेगी।

148. (4) ऐक्सिस बैंक (पुराना नाम यूटीआई बैंक) भारत का एक प्रमुख निजी क्षेत्र का बैंक है। बैंक का पंजीकृत कार्यालय अहमदाबाद तथा केन्द्रीय कार्यालय मुंबई में है।

149. (4) 10वीं पंचवर्षीय योजना में 5 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार का लक्ष निर्धारित किया गया था। यह योजना (2002-2007) तक लागू थी।

150. (3) संरकारी जिला स्तरीय एजेन्सी कोऑपरेटिव बैंक है।

151. (1) योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था। 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग की स्थापना की गई थी। 2014 में उस संस्था का नाम बदलकर (NITI) नीति आयोग किया गया। योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

152. (3) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन भारत में सांख्यिकीय गतिविधियों के समन्वय एवं सांख्यिकीय मानकों के विकास एवं अनुश्रवण हेतु उत्तरदायी संगठन है।

153. (1) सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजनान्तर्गत ग्रामीण गरीबों को 5 किलोग्राम प्रति श्रम दिवस की दर से खाद्यान्न दिया जाना चाहिए।

154. (1) योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष प. जवाहर लाल नेहरू थे। नीति आयोग भारत द्वारा गठित एक नया संस्थान है जिसे योजना आयोग के स्थान पर 13 जनवरी, 2015 को बनाया गया।

155. (4) अच्छे प्रबन्धक का गुण यह नहीं होना चाहिए कि वह कनिष्ठ अधिकारियों को डाँटता रहे।

156. (3) BCCL तुवरल कंपनी नहीं है। BCCL (भारतीय कोकिंग कोल लिमिटेड) कंपनी भारत की सहायक इकाई है, इसका मुख्यालय धनबाद में है। इसकी स्थापना कोकिंग कोल की खानों को चलाने के लिए की गई थी।

157. (1) भारतीय संसद द्वारा 2 फरवरी, 2006 को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभ की गई। इसके तहत हर घर के एक व्यस्क सदस्य को एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों की रोजगार दिए जाने की गारंटी है।

158. (3) अन्त्योदय अन्नपूर्णा योजना ग्रामीण एवं शहरी गरीबों के लिए कम दाम पर भोजन उपलब्ध कराना इस योजना का उद्देश्य है। यह योजना सर्वप्रथम भारत के राजस्थान राज्य में सर्वप्रथम लागू की गई।

159. (2) लक्ष्मी मित्तल लंदन में बसे भारतीय मूल के उद्योगपति है उनका जन्म राजस्थान के चूरू जिले के शादूलपुर नामक स्थान में हुआ है। लक्ष्मी मित्तल ने आर्सेलर कंपनी का अधिग्रहण किया। आर्सेलर मित्तल एक वैश्विक इस्पात कंपनी है।

160. (2) सुधा डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन संस्था है यह 1983 में स्थापित की गई थी।

161. (1) PACS निचली स्तर की सहकारी संस्था है।

162. (2) DRDA (District Rural Development Agency) यह एक ऐसी संस्था है जिसे जिला स्तर पर विशेष तौर पर ग्रामीणों के लिए बनाई गयी है।

163. (1) एगमार्क एक प्रमाण चिन्ह है जो भारत में कृषि/खाद्य उत्पादों पदार्थों पर लगाया जाता है। जिन उत्पादों पर एगमार्क लगा हो उनके बारे में आशा की जाती है कि वे उत्पाद कुछ निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं।

164. (4) मानव संसाधन वह अवधारणा है जो जनसंख्या को अर्थव्यवस्था पर दायित्व से अधिक परिसंपत्ति के रूप में देखती है शिक्षा प्रशिक्षण और चिकित्सा सेवाओं में निवेश के परिणामस्वरूप जनसंख्या मानव संसाधन के रूप में बदल जाती है।

165. (3) अन्त: करण की वह शक्ति जिसमें मनुष्य यह समझता है कि कौन-सा काम अच्छा है या बुरा करने योग्य है, अच्छी बुद्धि या समझ, विवेक के आधार पर होती है। विवेक उत्पादन का साधन नहीं है।

166. (4) उत्पादकता उत्पादन के दक्षता की औसत माप है उत्पादन प्रक्रिया में आउटपुट और इनपुट के अनुपात को उत्पादकता कह सकते हैं। उत्पादकता का विचार सर्वप्रथम 1766 में प्रकृतिवाद के संस्थापक क्वेसने के लेख में सामने आया।

167. (4) घर, जमीन आदि सम्पत्तियाँ अचल सम्पत्ति कहलाती है इन्हें मुद्रा, सोना एवं अन्य चल सम्पत्तियों की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित नहीं किया जा सकता।

168. (2) कच्चा माल उन मूल द्रव्यों को कहते हैं जिनका उपयोग विविध शिल्पों में उत्पादन कार्य के लिए होता है। उदाहरण-चीनी मिल के लिए गन्ना, वस्त्र उद्योग के लिए रुई, कागज बनाने के लिए बाँस आदि कच्चा माल है। कच्चा माल एक ही बार प्रयोग की जाने वाली पूँजी है।

169. (4) बिहार में गरीबी की समस्या से निदान के लिए कृषि में विकास पर्याप्त निवेश, उचित जल प्रबन्धन, शिक्षा में विकास इनका विकास अनिवार्य है।

170. (4) वर्तमान युग की सबसे महत्वपूर्ण समस्या आर्थिक विकास की समस्या है व्यक्तियों की आर्थिक समृद्धि के वृद्धि को आर्थिक विकास कहते हैं गरीबी, बेरोजगारी ये आर्थिक समस्या का मुख्य कारण है।

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

171. (4) अर्थशास्त्र में भूमि का तात्पर्य यह है कि भूमि की ऊपरी सतह, खनिज सम्पदा, जंगल ये सभी अर्थशास्त्र की भूमि है इनसे आर्थिक विकास होता है।

172. (1) लकड़ी का काम करने वाले लोगों को बढ़ई कहते हैं। इस आधुनिक समाज के विकास का श्रेय इस जाति को जाता है। इनकी संख्या भारत में 6% से 8% के आस-पास है। बढ़ई यह काम करके आर्थिक विकास करते हैं।

173. (3) हल एक कृषि यंत्र है जो जमीन की जुताई के काम आता है। इसकी सहायता से बीज बोने के पहले जमीन की आवश्यक तैयारी की जाती है कृषि में प्रयुक्त औजारों में हल शायद सबसे प्राचीन है।

174. (3) खाद-बीज चल पूँजी है। चलपूँजी से तात्पर्य है कि स्थिर न रहना या स्थायी न होना। हल, टैक्टर ये अचल संपत्ति है।

175. (1) खेती भूमि का एक क्षेत्र है जो भोजन और अन्य फसलों के उत्पादन के प्राथमिक लक्ष्य के साथ, प्राथमिक रूप से कृषिक प्रक्रिया में निरत रहता है वह खाद्य उत्पादन की मूलभूत इकाई है।

176. (4) खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य खाद्य पदार्थों की सुनिश्चित आपूर्ति एवं जन सामान्य के लिए भोज्य पदार्थों की उपलब्धता से है सन् 1974 में विश्व खाद्य सम्मेलन में 'खाद्य सुरक्षा' की परिभाषा दी गयी जिसमें खाद्य आपूर्ति पर बल दिया गया।

177. (3) भूमि की विशेषता यह है कि भूमि में गतिशीलता का अभाव होता है।

178. (4) उत्पादन औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा वस्तुओं, सामानों या सेवाओं को निर्मित करने की प्रक्रिया को कहते हैं उत्पादन का उद्देश्य ऐसी वस्तुएँ और सेवाएँ बनाना है जिनकी मनुष्यों को बेहतर जीवनयापन के लिए आवश्यक होती है। उत्पादन भूमि, पूँजी और श्रम को संयोजित करके किया जाता है।

179. (3) जो व्यक्ति व्यवसाय में जोखिम उठाता है, उसे साहसी (हिम्मतवाला) कहते हैं।

180. (2) गरीबी रेखा आय के उस स्तर को कहते हैं जिससे कम आमदनी होने पर इंसान अपनी भौतिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ होता है। अगर किसी व्यक्ति की आय राष्ट्रीय औसत आय के 60 फीसदी से कम है तो उस व्यक्ति को गरीबी रेखा के नीचे बिताने वाला माना जाता है।

181. (4) जब किसी राज्य में नदियों में बाढ़ आती है तो उस राज्य की फसल, आवास, सड़क, आदि बर्बाद होता है।

182. (3) बिहार की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 93.60 लाख हेक्टेयर है जिसमें से केवल 56.03 लाख हेक्टेयर है जिसमें से केवल 56.03 लाख हेक्टेयर पर खेती होती है। बिहार की प्रमुख खाद्य फसलें है-धान, गेहूँ, मक्का, दाल।

183. (4) सघन कृषि, कृषि उत्पादन की वह प्रणाली है जिसमें कम जमीन में अधिक परिश्रम, पूँजी, उर्वरक या कीटनाशक आदि डालकर अधिक उत्पादन लिया जाता है भण्डारण नीति, आयात नीति, ये सभी खाद्यान्न के स्रोत हैं।

184. (3) भारत के राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान लगभग 27.4 प्रतिशत है। देश के कुल निर्यात में कृषि का योगदान 18 प्रतिशत है।

185. (1) कृषि और उद्योग एक दूसरे के पूरक हैं।

186. (1) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) मुम्बई, महाराष्ट्र अवस्थित भारत का एक शीर्ष बैंक है इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1982 को हुई थी। यह एक ऐसा बैंक है। जो ग्रामीणों को उनके विकास एवं आर्थिक रूप से उनके जीवन स्तर सुधारने के लिए उनको ऋण उपलब्ध कराती है।

187. (3) किसानों की फसल के संबंध में अनिश्चिताओं को दूर करने के लिए नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट ने 13 जनवरी, 2016 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई हानि को किसानों के प्रीमियम का भुगतान देकर एक सीमा तक कम करायेंगी। फसल बीमा की अधिकतम राशि 20,000 है।

188. (1) कागज उद्योग, कच्चे माल के रूप में लकड़ी का उपयोग करते हुए लुगदी, कागज, गत्ते एवं अन्य सेलुलोज-आधारित उत्पाद निर्मित करता है। कागज उद्योग को सरकार द्वारा 1925 ई. में संरक्षण प्रदान किया गया।

189. (1) अपर इण्डिया पेपर मिल की स्थापना सन् 1879 ई. में लखनऊ में हुई थी।

190. (2) उपभोक्ता उस व्यक्ति को कहते हैं जो विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं का या तो उपभोग करता है या उसका उपयोग करता है। चीनी का उपयोग हर कोई करता है। अतः चीनी उद्योग उत्तर सही है। चीनी उद्योग के विकास का प्रारम्भ 1903 में हुआ था और भारत में चीनी बनाने के 29 कारखाने स्थापित हो गए थे।

191. (1) किसी देश की औद्योगिक नीति वह नीति है जिसका उद्देश्य उस देश के निर्माण उद्योग का विकास करना एवं उसे वांछित दिशा देना होता है। भारत में सर्वप्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा सन् 1948 ई. में हुई थी।

192. (2) देशों, क्षेत्रों या व्यक्तियों की आर्थिक समृद्धि के वृद्धि को आर्थिक विकास कहते हैं नीति निर्माण की दृष्टि से आर्थिक विकास उन सभी प्रयत्नों को कहते हैं जिनका लक्ष्य किसी जन-समुदाय की आर्थिक स्थिति व जीवन-स्तर के सुधार के लिए अपनाये जाते हैं।

193. (2) भारत में रोजगार प्रदान करने में सार्वजनिक क्षेत्र अग्रणी है। भारत में सरकारी उपक्रमों को सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम कहते हैं। इन उपक्रमों का स्वामी भारत सरकार या कोई राज्य सरकार या दोनों होते हैं।

194. (3) भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था है। मिश्रित अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो अलग-अलग मार्केट एवं आर्थिक योजनाओं का मिश्रण है। जिसमें निजी क्षेत्र और राज्य अर्थव्यवस्था का निर्देशन करते हैं।

195. (2) पत्र मुद्रा का जो भी मूल्य होता है वह उस पर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की शपथ "मैं धारक को (जितने रुपये का नोट होता है) रुपये अदा करने का वचन देता हूँ" के कारण होता है। पत्र मुद्रा को निर्गत करने का अधिकार भारतीय रिजर्व बैंक को है।

196. (1) भारतीय रिजर्व बैंक भारत का केन्दीय बैंक है यह भारत के सभी बैंकों का संचालक है। रिजर्व बैंक भार की अर्थव्यवस्था को नियन्त्रित करता है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है।

197. (4) वित्तीय नीति से आशय धन (फण्ड) के दक्ष एवं प्रभावी प्रबन्धन है ताकि संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकें। "वित्तीय प्रबन्धन वित्तीय निर्णयन की वह प्रक्रिया है जो व्यक्तिगत मामलों एवं उपक्रम के लक्ष्यों के मध्य समन्वय स्थापित करती है।

198. (1) कोयला एक ठोस कार्बनिक पदार्थ है जिसको इंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। ऊर्जा के प्रमुख स्त्रोत के रूप में कोयला अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में कोयले के भंडार प्रचुर मात्रा में प्राप्त है। भारत सबसे अधिक कोयला निर्यात करता है।

199. (4) पेट्रोलियम उत्पाद तेल रिफाइनरियों में संसाधित कच्चे तेल से प्राप्त होने वाली उपयोगी सामग्रियों को कहते हैं। दिसंबर 2016 में रूस दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का उत्पादक देश बन गया। भारत सबसे अधिक पेट्रोलियम आयात करता है।

200. (1) स्वतंत्रता पूर्व भारत के विदेशी व्यापार में इंग्लैंड की प्रधानता थी।

201. (1) व्यावसायिक बैंक अपनी कुल जमा का एक निश्चित भाग रिजर्व बैंक के पास रखता है। जिसे सुरक्षित कोष कहते हैं।

202. (1) देश के सर्वाधिक पिछड़े 150 जिलों में काम के बदले अनाज कार्यक्रम की शुरुआत 14 नवंबर, 2004 को भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने शुरू किया।

203. (3) अंत्योदय अन्न योजना भारत सरकार द्वारा उन सभी भारतीय नागरिक को दिया जाता है जो बीपीएल की श्रेणी से बाहर हो अर्थात बहुत ही गरीब। इस योजना में सस्ते दरों पर राशन प्रदान किया जाता है। यह एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना है जिसे वर्ष 2000 में भारत में लागू किया गया था।

204. (2) भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र का अभी भी वर्चस्व है।

205. (2) सातवीं पंचवर्षीय योजना (1992-1997) की योजनाओं की कुल व्यय में सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र का हिस्सा बहुत कम है।

206. (3) छठी पंचवर्षीय योजना (1980-1983) की योजना आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत के रूप में चिन्हित मूल्य नियंत्रण का सफाया कर रहे थे योजना में इलेक्ट्रॉनिक सामानों का प्रचुर उत्पादन था इसलिए इसे द्रुतगामी उद्योग कहा गया।

207. (3) आठवीं योजना (1992-1997) में उद्योगों का आधुनिकरण एक प्रमुख आकर्षण था। आठवीं योजना की प्रकृति दिशा-निर्देशन, केन्द्रीभूत नियंत्रण की थी।

208. (2) नौंवी पंचवर्षीय योजना (1997-2002) के मध्य लागू हुई। इस योजना में औद्योगीकरण मानव विकास, पूर्ण पैमाने पर रोजगार, गरीबी में कमी और घरेलू संसाधनों पर आत्मनिर्भरता जैसे प्रमुख उद्देश्य इस पंचवर्षीय में थे।

209. (1) अप्रैल 1951 में।

210. (4) चतुर्थ योजना में सरकार का बल सामाजिक कल्याण पर था।

211. (2) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) में गरीबी उन्मूलन, और न्याय पर रखी गई थी योजना में कृषि उत्पादन और बचाव में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।

212. (1) फरवरी 2000 में सरकार ने राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 की घोषणा की यह नीति डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट पर आधारित है। सरकार ने सार्वजानिक बहस के बाद इसे अंतिम रूप दिया।

213. (2) उत्पादन का सक्रिय साधन भूमि है। उत्पादन के साधनों में वस्तुओं की दो व्यापक श्रेणियाँ मौजूद है- श्रम के साधन-1. फैक्ट्री, 2. संरचना, श्रम के विषय-1. प्राकृतिक संसाधन 2. कच्चा माल।

214. (3) सीमा शुल्क एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है जो भारत में आयातित तथा भारत से निर्यातित माल पर लगाया जाता है। कर योग्य घटना है। भारत में आयात अथवा भारत से निर्यात।

215. (4) आयकर एक प्रत्यक्ष कर है जो सरकार लोगों की आय से लेती है आयकर सरकारों के क्षेत्राधिकार के भीतर स्थित सभी संस्थाओं द्वारा उत्पन्न वित्तीय आय पर लागू होता है।

216. (3) सूती वस्त्र उद्योग भारत का सबसे प्राचीन एवं बड़ा उद्योग है इसमें भारत की सर्वाधिक जनसंख्या 5 करोड़ को रोजगार भी प्राप्त हुआ है। भारत में सूती वस्त्र के कारखाने सबसे अधिक महाराष्ट्र में है।

217. (4) तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) में कृषि और गेहूँ के उत्पादन में सुधार पर जोर दिया इसकी प्रगति धीमी हुई जिसका प्रमुख कारण 1962 में चीन से युद्ध, 1965 में पाकिस्तान से युद्ध।

218. (2) भारत सरकार ने रिजर्व बैंक का स्वामित्व 1949 में अपने अधिकार में लिया।

219. (1) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व सरकार के हाथों में होता है भारत में सरकारी उपक्रमों को सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम कहते हैं। इन उपक्रमों का स्वामी भारत सरकार के पास होता है।

220. (2) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को संगठन की दृष्टि से तीन श्रेणी में बाँटा जा सकता है।

221. (1) मिश्रित अर्थव्यवस्था वह है जो अलग-अलग मार्केट एवं आर्थिक योजनाओं का मिश्रण है। या फिर ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें सार्वजनिक स्वामित्व तथा निजी स्वामित्व का मिश्रण हो।

222. (2) 'उत्पाद शुल्क' एक अप्रत्यक्ष कर है जो भारत में विनिर्माण की जाने वाली उन वस्तुओं पर लगाया जाता है। जो घरेलू खपत के लिए होती है कर 'विनिर्माण' पर लगाया जाता है और जैसे ही वस्तुओं का विनिर्माण हो जाता है केन्द्रीय उत्पाद शुल्क देय हो जाता है।

223. (3) भारत का योजना आयोग, भारत सरकार की एक संस्था थी जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में इसके स्थान पर नीति आयोग का गठन किया जिसके अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होते हैं।

224. (3) कोका कोला एक कार्बोकृत पेय है। जो विश्व भर में भण्डारों, दुकानों, होटलों आदि में उपलब्ध होता है। यह कोका कोला कम्पनी का उत्पाद है जो अमेरिका के अटलांटा में स्थित है।

225. (3) संविधान के अनुच्छेद 280 में वित्त आयोग की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति द्वारा इसका गठन होता है। इसमें एक अध्यक्ष और चार अन्य अध्यक्ष होंगे इसका कार्यकाल राष्ट्रपति आदेश द्वारा तथा किया जाता हैं प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष केसी नियोगी थे। इनका कार्यकाल 1951-53 तक था। 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष वाई वी रेड्डी हैं इनका कार्यकाल 2015-2020 तक है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. के. सिंह बनाए गए हैं।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

226. (1) जिस देश का राष्ट्रीय आय होता है तथा औद्योगीकरण अधिक होता है, वह देश विकसित कहलाता है।

227. (4) इनमें से सभी

228. (1) भूमि विकास बैंक का आरंभ भूमि बंधक बैंक के रूप में 1919 ई. में हुआ था। यह दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली संस्था है।

229. (3) कर्नाटक बीमारू राज्य नहीं है। बीमारू राज्य के अंतर्गत आते हैं– बिहार, उत्तर-प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा तथा राजस्थान।

230. (1) आर्थिक विकास का तीसरा क्षेत्र सेवा क्षेत्र है।

231. (4) असंगठित क्षेत्र के अन्तर्गत संस्थागत वित्त का साधन सेठ साहूकार है।

232. (1) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देश में मौद्रिक गतिविधियों के नियमन का नियंत्रण करता है।

233. (3) भारत की वित्तीय राजधानी मुम्बई को कहा गया है।

234. (4) इनमें से सभी; ऊर्जा के निम्नलिखित तीन स्रोत हैं:- विद्युत, कोयला, पेट्रोलियम

235. (2) चीन में मिश्रित अर्थव्यवस्था नहीं है जबकि भारत एवं संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में मिश्रित अर्थव्यवस्था है।

236. (3) भारत में योजना आयोग का गठन 15 मार्च, 1950 में एक गैर सांविधिक के रूप में किया गया।

237. (3) बिहार को पिछड़ा राज्य कहा जाता है।

238. (1) गोवा का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है।

239. (1) भारत की प्रमुख आर्थिक समस्या है: गरीबी तथा बेकारी।

240. (1) सन् 1943 में भारत के पश्चिम बंगाल प्रांत में भयानक अकाल पड़ा था।

241. (3) उत्पादन के प्रमुख साधन चार होते हैं।

242. (1) उत्पादन का निष्क्रिय साधन भूमि होता है।

243. (4) बढ़ई एक उत्पादक है।

244. (4) अकुशलता मानवीय पूँजी नहीं है।

245. (4) इनमें से सभी बहुराष्ट्रीय कंपनी है।

246. (4) पहले समूह के 'थम्स अप' ब्रांड को कोका-कोला नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी ने खरीद लिया है।

247. (1) स्वर्णाभूषणों की परिशुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए हॉल मार्क चिह्न का होना आवश्यक है। भारत सरकार ने 1 जनवरी, 2008 से चरणबद्ध ढंग से सभी स्वर्ण आभूषणों के लिए हॉलमार्क को अनिवार्य कर दिया है।

248. (2) गैर-संस्थागत वित्त प्रदान करने वाला सबसे लोकप्रिय साधन है महाजन।

249. (3) वैश्वीकरण के मुख्य अंग 2 होते हैं।

250. (4) इनमें से सभी; नई आर्थिक नीति के तीन प्रमुख आयाम हैं- वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण।

251. (3) भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की घोषणा 24 दिसम्बर, 1986 को हुई थी।

252. (4) इनमें से कोई नहीं।

253. (1) भारत में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक को कहा जाता है।

254. (3) भारत में व्यावसायिक बैंक का राष्ट्रीयकरण जुलाई 1969 में किया गया।

255. (2) निर्धनों में भी निर्धन के लिए बी. पी. एल. कार्ड उपयोगी है।

256. (1) भारत में गरीबी का आकलन पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा उपभोग न कर पाने की क्षमता के आधार पर किया जाता है। उस व्यक्ति को निर्धनता की रेखा से नीचे माना जाता है; जो ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 2,400 कैलोरी व शहरी क्षेत्रों में 2,100 कैलोरी भोजन प्राप्त करने में असमर्थ है।

257. (2) अप्रैल 1999 से सरकार ने 6 प्रमुख योजनाओं के स्थान पर स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) नाम की एकल योजना को प्रारम्भ किया गया था।

258. (2) औद्योगिक क्रांति

259. (2) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
बढ़ती महँगाई से राहत के लिए सरकार अपने कर्मचारियों को महँगाई भत्ता (DA) प्रदान करती है जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित होता है।

260. (4) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया 16000 शाखाओं के साथ भारत का सबसे बड़ा बैंकीय शाखा नेटवर्क रखता है। रिजर्व बैंक की कोई शाखा नहीं है। पंजाब नेशनल बैंक की 1400 व एक्सिस बैंक की 1110 शाखाएँ हैं।

261. (4) प्राथमिक आर्थिक गतिविधि कच्चे माल के उत्पादन व आधारभूत भोजन से संबंधित होती है। प्राथमिक क्षेत्र में संबंधित गतिविधियों में कृषि, खनन तथा मछली पालन शामिल है। व्यापार महाजनी की गतिविधि है जो खुदरा व थोक विक्रय से संबंधित है।

262. (1) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) भारत में स्थित इस्पात निर्माण की सबसे बड़ी कंपनी सार्वजनिक कंपनी तथा विश्व की इस्पात निर्माण कंपनियों में से एक है। इसका वार्षिक टर्न ओवर 48,681 करोड़ रुपए है।

263. (3) आरबीआई अधिनियम के अनुच्छेद 21ए के तहत राज्य सरकार के व्यवसाय से संबंधित कार्यों को आरबीआई द्वारा निष्पादित किया जाता है। वर्तमान में, सिक्किम और जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्य सरकारों और आरबीआई के मध्य व्यावसायिक कार्यों के निष्पादन हेतु समझौते हुए हैं।

264. (1) 18 जून, 2016 के अनुसार, दी गई मुद्राओं की विनिमय दरें इस प्रकार थी : 1 ब्रिटिश पाउंड (£) = ₹ 93, 1 डॉलर ($) = ₹ 67, 1 यूरो (€) = ₹ 75.5, 1 सऊदी रियाल = ₹ 17.88।

265. (2) मांग में कमी लाने वाली मुद्रास्फीति को सामान्यत: "अधिक धन बहुत कम वस्तुओं को क्रय करता है" के रूप में वर्णित किया जाता है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अर्थव्यवस्था में कुल मांग कुल पूर्ति से अधिक होती है। मुद्रास्फीति में वृद्धि के परिणामस्वरूप वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होती है और बेरोजगारी में कमी आती है। यह स्थिति प्राय: प्रसरणशील अर्थव्यवस्था में उत्पन्न होती है।

266. (1) स्वतंत्रता के बाद, 1952 में भारत में शुरू किया गया सामुदायिक विकास कार्यक्रम पहला प्रमुख विकास कार्यक्रम था। इसका उद्देश्य एक प्रशासनिक ढाँचा प्रदान करना था, जिसके माध्यम से सरकार जिला, तहसील/तालुका और ग्राम स्तर तक पहुँच सके। देश के सभी जिलों को इसके तहत "विकास खंड" में विभाजित किया गया था।

267. (1) सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-1990) का नेतृत्व राजीव गाँधी ने प्रधानमंत्री के रूप में किया। इस योजना

ने प्रौद्योगिकी के उन्नयन से उद्योगों के उत्पादकता स्तर में सुधार पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य "सामाजिक न्याय" के माध्यम से बढ़ती आर्थिक उत्पादकता, खाद्यान्नों के उत्पादन और रोजगार सृजन के क्षेत्रों में विकास को स्थापित करना है।

268. (2) यह राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रमुख घटकों में से एक है जो देश में प्रत्येक गाँव को एक प्रशिक्षित महिला सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा या मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदान करेगा। गाँव से ही चयनित और इसके लिए जिम्मेदार, आशा को समुदाय और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के बीच एक इंटरफेस के रूप में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

269. (1) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि मंत्रालय (DESMOA) कृषि वस्तुओं के मूल्य आँकड़ों के संग्रह, संकलन और प्रसार के लिए जिम्मेदार है। मूल्य डेटा (a) साप्ताहिक और दैनिक थोक मूल्यों (b) आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतों और (c) फसल की कीमतों के संदर्भ में एकत्र किया जाता है।

270. (1) कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने स्टार्ट-अप के लिए परामर्श देने हेतु और उन्हें संभावित निवेशकों से जुड़ने में सक्षम बनाने के लिए एक नया एग्री उड़ान (AGRI UDAAN) कार्यक्रम पेश किया है। सरकार का लक्ष्य 2022 तक औसत किसानों की आय को दोगुना करना है।

271. (2) प्रशांत चंद्र महालनोबिस उन प्रतिष्ठित विचारकों में से एक थे, जिन्होंने भारत में पंचवर्षीय योजना के निर्माण में योगदान दिया।

- द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-1961) को महालनोबिस मॉडल भी कहा जाता है।
- इसने भारी उद्योगों की भूमिका पर जोर दिया।
- महालनोबिस ने भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की स्थापना भी की, और बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण के डिजाइन में योगदान दिया।

272. (3) आरबीआई का मुख्य कार्य नोट जारी करना और सरकार को बैंकर के रूप में सेवा देना है; बैंकर के बैंक के रूप में, विदेशी रिजर्व का कस्टोडियन, क्रेडिट का नियंत्रक आदि है।

- यह कई अन्य विकासात्मक कार्यों को भी करता है। इन कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:
- आर्थिक डेटा एकत्र करना और प्रकाशित करना,
- सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री (गिल्ट एज, ट्रेजरी बिल आदि) और व्यापार बिल, सरकार को ऋण देना,
- मूल्यवान वस्तुओं आदि की खरीद और बिक्री।

273. (1) इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया की नींव ब्रिटिश भारत में उस समय पड़ी थी, जब 2 जून, 1806 को बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना की गई थी।

- बैंक ऑफ बंगाल तीन प्रेसीडेंसी बैंकों में से एक था, अन्य दो-बैंक ऑफ बॉम्बे (1840) और बैंक ऑफ मद्रास (1843) थे।
- प्रेसीडेंसी बैंकों ने 27 जनवरी, 1921 को इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया के रूप में समाहित किया।
- 1 जुलाई, 1955 को इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया भारतीय स्टेट बैंक बन गया।

274. (3) टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी की स्थापना जमशेदजी टाटा ने की थी और 26 अगस्त, 1907 को जमशेदपुर में दोराबजी टाटा द्वारा स्थापित किया गया था।

- इसने 1912 में जमशेदजी के टाटा समूह की एक शाखा के रूप में स्टील का उत्पादन शुरू किया।
- कंपनी ने अपना नाम TISCO से बदलकर 2005 में टाटा स्टील लिमिटेड कर दिया।

275. (1) मांग वक्र एक चित्रमय प्रतिनिधित्व है जो एक वस्तु के विभिन्न मूल्य स्तरों और मात्राओं के बीच संबंधों को दर्शाता है जिसे उपभोक्ता खरीदने के लिए तैयार हैं।

- विकल्प की कीमत में वृद्धि मांग वक्र को बाहर की ओर ले जाने की ओर ले जाती है जो मांग वक्र के विस्तार को इंगित करता है।
- प्रतिस्थानिक वे सामान हैं जो उपभोक्ता दूसरे के स्थान पर खरीद सकते हैं जैसे कोका-कोला और पेप्सी बहुत करीबी विकल्प हैं।

276. (4) प्रत्यक्ष कर, जैसा कि नाम से पता चलता है, वह कर है जो करदाता द्वारा सरकार को सीधे भुगतान किए जाते हैं।

- यह सरकार द्वारा सीधे व्यक्तियों और संगठनों पर लागू किया जाने वाला कर है, जैसे आयकर, निगम कर, धन कर इत्यादि।
- इसे कर के रूप में भी परिभाषित किया गया है जहाँ देयता के साथ-साथ भुगतान करने का बोझ भी उसी व्यक्ति पर रहता है।

277. (1) राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित पूर्व-पश्चिम गलियारा का पूर्वतम बिन्दु सिलचर (असम) है जिसे पोरबंदर (गुजरात) से जुड़ना है। इसी प्रकार उत्तर-दक्षिण गलियारा के तहत श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ना है। पूर्व-पश्चिम गलियारा की लम्बाई 7142 किमी. है।

278. (4) रंगराजन समिति का गठन वर्ष 2005 में किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में गरीबी मापन के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के उपभोग व्यय अनुमानों को आधार बनाया, जिसके आधार पर भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों की संख्या 36.3 करोड़ (कुल जनसंख्या का 29.6%) है।

279. (1) GDKP के विचार को दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रो. अम्बर्टो सुलोगो द्वारा प्रस्तावित किया गया था। सकल घरेलू ज्ञान उत्पाद (GDKP) चार बुनियादी स्तंभों के माध्यम से एक राष्ट्र के विकास और भविष्य को मापता है:

- ज्ञान वाली मदें (Ki) - अलग-अलग श्रेणियों में आधुनिक और स्थानीय दोनों अलग-अलग संस्कृति के ज्ञान की वस्तुओं की पहचान करती हैं।
- देश का ज्ञान उत्पादनकारी आव्यूह (CKPM) - शासनजनित ज्ञान उत्पादनकारी की तुलना में, निजी संस्थानों और परिवारों द्वारा विभेदित तरीके जीडीपी पर प्रभाव डालने के रूप में।
- देश का ज्ञान उपयोगकर्ता आव्यूह (CKUM) - व्यक्तियों और निजी कंपनियों द्वारा उनके आधुनिकीकरण के प्रयासों को मापने के लिए खरीदे गए ज्ञान का मूल्य।
- अधिगम लागत- सरकार के बजटीय निर्णयों के लिए एक राजनीतिक संदर्भ के रूप में उपयोग की लागत के समान युवा नागरिकों का समर्थन करने के लिए शिक्षा परिवार बांड, शिक्षा क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम।

Scanned with CamScanner

280. (2) भुगतान संतुलन एक देश द्वारा किए गए सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड है।
- भुगतान के संतुलन में तीन घटक होते हैं: चालू खाता, वित्तीय खाता और पूँजी खाता।
- चालू खाते में माल, सेवाओं, निवेश आय और वर्तमान हस्तांतरण में लेनदेन शामिल हैं।
- पूँजी खाता पूँजी प्राप्तियों और ऋण और दावों के भुगतान से संबंधित है।
- पूँजी खाता विदेशी साधनों के स्वामित्व और वित्तीय साधनों में लेन-देन में शुद्ध परिवर्तन दिखाता है।
- पूँजी खाता पूँजी प्राप्तियों और ऋण और दावों के भुगतान से संबंधित है।
- वित्तीय खाता संपत्ति के अंतर्राष्ट्रीय स्वामित्व में बदलाव का वर्णन करता है।

281. (1) अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल प्राइज को आमतौर पर अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार के रूप में जाना जाता है जिसकी स्थापना 1968 में स्वीडेन के केंद्रीय बैंक सेवरिग्स रिक्सबैंक से बैंक की 300 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नोबेल फाउंडेशन को दान में की गई थी।
- जैसा कि 1895 में अपनी इच्छा से अल्फ्रेड नोबेल द्वारा स्थापित पुरस्कारों में से एक नहीं है, यह तकनीकी रूप से नोबेल पुरस्कार नहीं है।
- यह नोबेल फाउंडेशन द्वारा नोबेल पुरस्कार के साथ प्रशासित और संदर्भित है।
- 2019 का अर्थशास्त्र विज्ञान का नोबेल मेमोरियल पुरस्कार नवंबर 2019 में अभिजीत बनर्जी, एस्थर डुफ्लो और माइकल क्रेमर को वैश्विक गरीबी को कम करने के लिए उनके प्रयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए दिया गया था।

282. (4) विकल्प (1) और (2) दोनों शामिल होते हैं।

283. (2) तपेदिक (टीबी) के रोगियों को पोषण संबंधी सहायता के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) लायी गई है।
- एनपीवाई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
- एनपीवाई पोषण मिशन से संबंधित नहीं है जो महिला और बाल विकास मंत्रालय की एक पहल है।
- एनपीवाई भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू की गई है।

284. (1) 1976 में भारत सरकार ने आर्थिक जनगणना और सर्वेक्षण नामक एक योजना योजना शुरू की।
- 1977 में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय (डीईएस) के सहयोग से पहली आर्थिक जनगणना की।
- सातवीं आर्थिक जनगणना उत्तर पूर्वी राज्य त्रिपुरा से शुरू हुई।
- यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा आयोजित जनगणना है।
- मंत्रालय ने जनगणना के संचालन के लिए CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (CSC SPV) के साथ भागीदारी की।

285. (3) अरुण -3 हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना (900 मेगावाट) पूर्वी नेपाल के शंखुवासभा जिले में अरुण नदी पर स्थित है।
- यह रन-ऑफ-द-रिवर योजना लगभग 70 मीटर ऊंचे कंक्रीट के गुरुत्वीय बांध और भूमिगत पावर हाउस वाली एवं 11.74 किमी की हेड रेस टनल (एचआरटी) वाली परिकल्पना है, जिसके पूर्वी तट पर 225 मेगावाट की चार उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।
- इसका निवेश राज्य के स्वामित्व वाले सतलुज जल विकास निगम (एसजेवीएन) द्वारा किया जाएगा जो संयंत्र में निर्माण कार्य कर रहा है।

286. (2) सेबी एक वैधानिक एवं नियामक संस्था है जिसकी स्थापना 12 अप्रैल, 1992 को हुई थी।
- सेबी का मुख्य कार्यालय बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई में स्थित है।
- सेबी के अध्यक्ष को भारत सरकार द्वारा मनोनित किया जाता है।
- केंद्रीय वित्त मंत्रालय के दो अधिकारी इसकी संरचना में शामिल होते है।
- एक सदस्य को भारतीय रिजर्व बैंक से नियुक्त किया जाता है।
- पांच अन्य सदस्यों को भारत सरकार द्वारा मनोनित किया जाता है।
- यह प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देता है और सम्बद्ध व्यवसाय को नियमित करता है।

287. (4) भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी।
- ट्राई का कृत्य भारत में दूरसंचार सेवाओं और शुल्कों को विनियमित करना है।
- देखरेख दूरसंचार सेवाओं और टैरिफ के विनियमन की देखरेख केंद्र सरकार द्वारा की जाती थी।
- सकल घरेलू उत्पाद किसी देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं का एक निश्चित अवधि के दौरान, सामान्य रूप से एक वर्ष के लिए अंतिम मूल्य है।
- जीडीपी विकास दर किसी देश के आर्थिक प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

436. (3) अल्परोजगार एक ऐसी स्थिति है जिसमें श्रमिकों को पूर्णकालिक या नियमित नौकरियों से कम या उनके प्रशिक्षण या आर्थिक जरूरतों के लिए अपर्याप्त नौकरियों में नियोजित किया जाता है।

- साथ ही, अल्प-रोजगार एक श्रमिक का कम उपयोग है क्योंकि एक नौकरी में कार्यकर्ता के कौशल का उपयोग नहीं होता है, अर्थात् अंशकालिक या कार्यकर्ता को बेकार छोड़ देता है।

437. (1) कच्चे माल और हाथ में पैसा कार्यशील पूँजी के रूप में जाना जाता है, जिसका उपयोग वस्तुओं के उत्पादन के लिए किया जाता है।

- इसे वर्तमान पूँजी भी कहा जाता है।
- कार्यशील पूँजी की गणना कंपनी की वर्तमान संपत्ति को लेकर और वर्तमान देनदारियों को घटाकर की जाती है।

438. (3) वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन की चार आवश्यकताएँ हैं भूमि, श्रम, भौतिक पूँजी और मानव पूँजी।

- भूमि वह भौतिक स्थान है जहाँ सभी आर्थिक गतिविधियाँ होती हैं।
- श्रम उन सभी लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो संसाधनों को वस्तुओं या सेवाओं में बदलने के लिए उपलब्ध हैं जिन्हें खरीदा जा सकता है।
- भौतिक पूँजी से तात्पर्य विभिन्न प्रकार के इनपुट से है जिनकी उत्पादन के विभिन्न चरणों में आवश्यकता होती है जैसे उपकरण, मशीनरी, वित्त, कच्चा माल आदि।
- मानव पूँजी वह ज्ञान और प्रयास है जिसे वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन शुरू करने के लिए भूमि, श्रम और भौतिक पूँजी जैसी अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था करने में लगाया जाता है।

439. (1) शिक्षा परिवर्तन का एक शक्तिशाली घटक है तथा स्वास्थ्य और आजीविका में सुधार करता है, सामाजिक स्थिरता में योगदान देता है, तथा दीर्घकालिक आर्थिक विकास को गति देता है।

- जो लोग शिक्षा प्राप्त करते हैं उनकी आय अधिक होती है, उनके जीवन में अधिक अवसर होते हैं तथा वे स्वस्थ होते हैं।

440. (3) प्रच्छन्न बेरोजगारी और मौसमी बेरोजगारी ग्रामीण भारत में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में पाई जाने वाली दो सबसे आम प्रकार की बेरोजगारी हैं।

- प्रच्छन्न बेरोजगारी के तहत, व्यक्ति नियोजित प्रतीत होता है लेकिन वास्तव में वह कोई उत्पादकता नहीं जोड़ रहा है।
- मौसमी बेरोजगारी तब होती है जब लोगों को वर्ष के कुछ महीनों में नौकरी नहीं मिल पाती है।
- भारत में कृषि एक पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। यह मौसमी है।

441. (4) अमेरिका स्थित इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने जनवरी 2021 में बेंगलुरु में कंपनी रजिस्ट्रार के साथ 'टेस्ला इंडिया मोटर्स एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में पंजीकरण कराया।

- इसने 15 लाख रुपये की अधिकृत पूँजी के साथ खुद को एक निजी कंपनी के रूप में पंजीकृत किया।
- टेस्ला की सहायक कंपनी सेंट्रल बेंगलुरु में स्थित होगी।

442. (4) राष्ट्रीय आय का अर्थ है एक वित्तीय वर्ष के दौरान किसी देश द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य।

- इस प्रकार, यह एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी भी देश की सभी आर्थिक गतिविधियों का शुद्ध परिणाम है और पैसे के संदर्भ में इसका मूल्यांकन किया जाता है।

443. (3) विदेशी निवेश एक विदेशी निवेशक द्वारा घरेलू कंपनियों और दूसरे देश की संपत्ति में निवेश को संदर्भित करता है।

- विदेशी निवेश तब होता है जब घरेलू कंपनियाँ हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए विदेशी कंपनियों में निवेश करती हैं तथा अपने दिन-प्रतिदिन के संचालन और प्रमुख रणनीतिक विस्तार में सक्रिय भागीदारी चाहती हैं।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- उदाहरण के लिए, यदि कोई अमेरिकी कंपनी किसी भारतीय कंपनी में निवेश करती है, तो यह एक विदेशी निवेश होगा।

444. (3) सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान पश्चिम बंगाल में एक राष्ट्रीय उद्यान, टाइगर रिजर्व और बायोस्फीयर रिजर्व है।

- यह गंगा डेल्टा पर सुंदरवन का भाग है तथा बांग्लादेश में सुंदरवन रिजर्व फॉरेस्ट के निकट है।
- डेल्टा मैंग्रोव वनों से सघन रूप से आच्छादित है तथा इसे बायोस्फीयर रिजर्व का विश्व नेटवर्क माना जाता है।

445. (3) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 या मनरेगा प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से तैयार हैं, के एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार वेतन सहित प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा का प्रावधान करते हैं।

- इसका उद्देश्य 'काम करने के अधिकार' को गारंटी देना है।
- यह अधिनियम 23 अगस्त, 2005 को पारित किया गया था।

446. (2) हॉलमार्क भारत में बेचे जाने वाले सोने के साथ-साथ चांदी के आभूषणों के लिए एक प्रमाणन प्रणाली है जो धातु की शुद्धता को प्रमाणित करती है।

- यह प्रमाणित करता है कि आभूषण का टुकड़ा भारतीय मानक ब्यूरो, भारत के राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा निर्धारित मानकों के एक सेट के अनुरूप है।
- सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग की बीआईएस प्रणाली अप्रैल 2000 में शुरू हुई थी।

447. (1) भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण और वितरण के लिए मुख्य एजेंसी है।

- एफसीआई उन राज्यों के किसानों से गेहूँ और चावल खरीदता है जहाँ अधिशेष उत्पादन होता है।
- किसानों को उनकी फसलों के लिए पूर्व-घोषित मूल्य का भुगतान किया जाता है।

448. (2) वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक रुपये के नोटों को छोड़कर, मुद्रा नोट जारी करने का एकमात्र अधिकार आरबीआई के पास है।

- आरबीआई 2 रुपये, 5 रुपये, 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये, 100 रुपये, 500 रुपये, 1,000 रुपये, 5,000 रुपये और 10,000 रुपये के मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी करने के लिए अधिकृत है।

449. (1) संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार की सुरक्षा प्राप्त होती है।

- उन्हें केवल एक निश्चित संख्या में घंटों में काम करना पड़ता है। नियोक्ताओं से कई लाभ प्राप्त होते हैं जैसे कि सवैतनिक अवकाश, छुट्टियों के दौरान भुगतान, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति पर पेंशन, आदि।
- असंगठित क्षेत्र छोटी और बिखरी हुई इकाइयों की विशेषता है जो सरकार के नियंत्रण से बाहर हैं।

450. (2) 1969-70 में बिहार भारत में सबसे महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों से संपन्न राज्य था और यहाँ राष्ट्रीय खनिज उत्पादन का लगभग 32.33 प्रतिशत उत्पादित होता था। महत्वपूर्ण उत्पादन वाले खनिज कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर, अभ्रक, तांबा, केनाइट, चीनी, मिट्टी, अग्नि मिट्टी और बॉक्साइट थे।

- बिहार का छोटानागपुर पठार (अब झारखंड में) उस समय भारत का सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्र था।

451. (4) जे.एन. टाटा ने सिंहभूम के जमशेदपुर में आयरन एंड स्टील कंपनी की स्थापना की क्योंकि यह झारखंड में सुवर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम के पास थी।

- यह लौह अयस्क, कोयला और मैंगनीज भंडार के साथ-साथ कोलकाता के करीब था, जो एक बड़ा बाजार प्रदान करता था।

452. (1) भारत में हरित क्रांति खाद्य फसलों, विशेषकर गेहूँ और चावल तक ही सीमित थी।

- गैर-खाद्यान्न को नई रणनीति के दायरे से बाहर रखा गया।
- गेहूँ वर्षों तक हरित क्रांति का मुख्य आधार बना रहा।
- भारत में हरित क्रांति एक ऐसी क्रांति को कहा जाता है जिसका सम्बंध कृषि क्षेत्र में रासायनिक तथा बीज के अत्यधिक उत्पादन से तीव्र वृद्धि करना था। भारत में हरित क्रांति की शुरुआत वर्ष 1966-67 में हुई थी जिसे प्रोफेसर नॉर्मन बोरलॉग द्वारा शुरू किया गया था। एस. स्वामीनाथन को भारत में 'हरित क्रांति का जनक' तथा बाबू जगजीवन राम को 'हरित क्रांति का प्रणेता' माना जाता है।

453. (2) योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को हुई थी और योजना युग की शुरुआत 1 अप्रैल, 1951 से प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) की शुरुआत के साथ हुई थी।

- प्रथम पंचवर्षीय योजना को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, गरीबी और बेरोजगारी को कम करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए तैयार किया गया था।
- भारत में योजना आयोग के संबंध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। 15 मार्च, 1950 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा पारित प्रस्ताव के द्वारा योजना आयोग की स्थापना की गई थी। 13 अगस्त, 2014 को योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया और इसकी जगह पर नीति आयोग का गठन किया गया। नीति आयोग भारत सरकार की एक थिंक टैंक है।

454. (2) कृषि सुधार आर्थिक और सामाजिक संबंधों में असमानता को दूर करने के लिए देश में कृषि संसाधनों के पुनर्वितरण को संदर्भित करता है।

- इन सुधारों का उद्देश्य किसानों की स्थिति में सुधार करना, गरीबी को कम करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था।
- कृषि सुधारों का उद्देश्य जमींदारी प्रथा को खत्म करना, भूमिहीन किसानों के बीच भूमि का पुनर्वितरण करना, काश्तकारों के अधिकारों की रक्षा करना और किसानों को ऋण की उपलब्धता में सुधार करना था।

455. (1) आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं के पास उच्च प्रयोज्य आय उपलब्ध होती है जो उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध आपूर्ति के साथ-साथ समग्र मांग को बढ़ाती है।

- मांग में यह वृद्धि मुद्रास्फीति को बढ़ावा देती है, जो अंततः बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए एक आवश्यक बुराई बन जाती है।

456. (1) नियमों में बदलाव के कारण याहू ने भारत में काम करना बंद कर दिया है।

- याहू ने कहा कि उसने 26 अगस्त, 2021 से भारत में सामग्री का प्रकाशन रोक दिया है और देश में अपने कंटेंट ऑपरेशन को बंद कर दिया है।

- चूंकि याहू क्रिकेट में समाचार प्रकाशित करने से भी शामिल है, इसलिए यह नए एफडीआइ नियमों से प्रभावित हुआ।

457. (2) बहुउद्देशीय परियोजनाओं का उद्देश्य सिंचाई का प्रबंध, जलविद्युत उत्पादन, बाढ़ नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, नौकायन, मत्स्य पालन , वन्यजीव संरक्षण, मृदा संरक्षण, पर्यटन आदि होता है।

बहुउद्देशीय परियोजना से हानि -

- नदियों का प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध होने से तलछट कम हो जाता है।
- अत्याधिक तलछट जलाशय की तली पर जमा हो जाता है।
- इससे भूमि का निम्नीकरण होता है।
- भूकंप की संभावना बढ़ जाती है।
- बांध के टूटने पर बाढ़ आने की प्रबलता बढ़ जाती है।
- जल जनित बीमारियां, प्रदूषण वनों की कटाई, मृदा वनस्पति का अपघटन हो जाता है।
- बाढ़ के मैदान में जलाशय से बनाने से वहां की वनस्पति नष्ट हो जाती है, और उपजाऊ मिट्टी जलाशय में चली जाती है।

458. (3) राष्ट्रीय आय अर्थव्यवस्था में उत्पादित विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा का योग होती है।

- प्रोफेसर मार्शल के अनुसार "देश के प्राकृतिक साधनों पर श्रम और पूंजी द्वारा कार्य करने पर प्रतिवर्ष भौतिक एवं अभौतिक वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन होता है।
- इन सबका शुद्ध उत्पादन का योग राष्ट्रीय आय कहलाती है।

459. (2) भारत ने दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61) के दौरान मिश्रित अर्थव्यवस्था का स्वरूप अपनाया।

- यह एक मिश्रित आर्थिक प्रणाली वह है जो पूंजीवाद और समाजवाद दोनों की विशेषताओं को दर्शाती है।

460. (3) सरकार के राजस्व का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत उत्पाद शुल्क है।

- यह उन वस्तुओं पर लगाया जाता है जो देश के भीतर उत्पादित होती हैं। इस टैक्स से सरकार को सबसे अधिक राजस्व प्राप्त होता है।

461. (2) सामूहिक आवश्यकताओं को संतुष्टि करने के लिये जिन वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन किया जाता है, उन्हें सार्वजनिक वस्तुएं कहा जाता है।

- यह वस्तुएं समाज द्वारा सामाजिक कल्याण वृद्धि हेतु सामूहिक आवश्यकताएं पूरा करने के लिये उत्पादित एवं आपूरित की जाती है।

462. (3) मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) जीवन प्रत्याशा, शिक्षा (शिक्षा प्रणाली में प्रवेश करने पर स्कूली शिक्षा के पूरे वर्ष और स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष), और प्रति व्यक्ति आय संकेतक का एक सांख्यिकीय समग्र सूचकांक है, जिसका उपयोग देशों को मानव विकास के चार स्तरों में क्रमबद्ध करने के लिए किया जाता है।

- मानव विकास सूचकांक का जनक पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूल-उल-हक को माना जाता है।

463. (3) ब्रांच बैंकिंग एक प्रकार की बैंकिंग पद्धति है, जहां बैंक के कई शाखा कार्यालय ग्राहक के साथ बातचीत करते हैं और प्रधान कार्यालय बैंक की नीतियां तैयार करता है।

- बैंक के ग्राहक नियमित वित्तीय गतिविधियों के लिए शाखा कार्यालयों के साथ बातचीत करते हैं।
- प्रत्येक व्यावसायिक बैंक किसी भी उद्योग अथवा व्यावसाय को अल्प समय के लिए कर्ज देते हैं।
- बैंक लम्बे काल तक वे कर्ज नहीं देना चाहते परन्तु जब वे कोई भी कर्ज लंबी अवधि के लिए देते तो इस प्रणाली को मिश्रित बैंकिंग (Mixed Banking) कहा जाता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक भारत की यूनिट बैंकिंग प्रणाली का एक प्रमुख उदाहरण है।
- बैंकिंग सेवाओं के विपरीत, जो अन्य क्षेत्रों में धन हस्तांतरित करती हैं, यूनिट बैंकिंग केवल संबंधित क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग करती है।

464. (2) कृषि मूल्य समर्थन कार्यक्रम वह मूल्य है जो यह निर्धारित करता है कि वस्तु की सबसे कम कीमत क्या हो सकती है।

- अर्थात यह मूल्य नियन्त्रण का काम करता है जो सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। किसी भी वस्तु की कीमत की निचली सीमा इसलिए तय की जाती है क्योंकि उत्पादन करने वाले को कम से कम उसकी लागत प्राप्त हो सके।
- प्राइस सीलिंग (Price Ceiling) एक अनिवार्य अधिकतम राशि है जिसे किसी विक्रेता को किसी उत्पाद या सेवा के लिए चार्ज करने की अनुमति है। आम तौर पर कानून द्वारा निर्धारित प्राइस सीलिंग खाद्य एवं ऊर्जा उत्पादों पर लागू होते हैं, जब वस्तुओं की कीमतें नियमित उपभोक्ताओं की खरीद के दायरे से बाहर हो जाती हैं।
- संतुलन कीमत वह कीमत है जिस पर माँग तथा पूर्ति एक-दूसरे के बराबर होते हैं या जहाँ क्रेताओं की खरीद या विक्रेताओं की बिक्री एक-दूसरे के समान होती है। पूर्ण प्रतियोगी बाजार में संतुलन कीमत का निर्धारण माँग तथा पूर्ति की शक्तियों द्वारा होता है।

465. (3) योजनागत व्यय के अलावा अन्य सभी प्रकार के व्यय को गैर-योजना व्यय के रूप में जाना जाता है। जैसे- ब्याज भुगतान, पेंशन, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों को संवैधानिक हस्तांतरण इत्यादि।

- वर्ष 2017 में सरकार ने योजना और गैर-योजना व्यय के बीच का अंतर समाप्त कर दिया।

466. (3) 1 फरवरी, 2023 को, भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2023-24 में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के कल्याण के लिए एक मिशन "प्रधानमंत्री पीवीटीजी मिशन" की घोषणा की है।

- इस समूह के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अगले तीन वर्षों के लिए 15,000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है।

467. (2) रिवर्स रेपो दर वह दर है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक (भारत के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक) देश के भीतर वाणिज्यिक बैंकों से पैसा उधार लेता है।

- रिवर्स रेपो दर में वृद्धि से धन आपूर्ति में कमी आएगी और इसके विपरीत, अन्य वस्तुएँ स्थिर रहेंगी।

468. (4) सकल घरेलू उत्पाद एक समयावधि (आमतौर पर 1 वर्ष) के दौरान किसी देश के भीतर उत्पादित (और बाजार में बेची गई) सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- जीडीपी आर्थिक गतिविधि का सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला विधि है।

469. (3) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) ने 18 फरवरी, 2016 को सफलतापूर्वक अपने लॉन्च के सात साल पूरे कर लिए हैं।

- इसे 18 फरवरी, 2016 को मध्य प्रदेश के सीहोर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था।

470. (1) आर्थिक सर्वेक्षण आर्थिक मामलों के विभाग के अर्थशास्त्र प्रभाग द्वारा तैयार किया जाता है जो वित्त मंत्रालय का एक हिस्सा है।

- सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख और मार्गदर्शन में प्रलेखित किया जाता है और वित्त मंत्री की मंजूरी के बाद ही जारी किया जाता है।

471. (2) बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई) का उद्देश्य विशेष रूप से अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए छात्रावासों के निर्माण के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों को आकर्षित करना है, ताकि उनके स्कूल छोड़ने की दर को नियंत्रित करने और कम करने की व्यापक दृष्टि प्राप्त की जा सके।

- इसके अन्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं: (i) कम साक्षरता वाले जिलों के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में, प्राथमिकता के आधार पर, 100 सीटों की क्षमता वाला एक गर्ल्स हॉस्टल बनाना, (ii) हॉस्टल की मरम्मत और उचित रखरखाव, और (iii) निगरानी, समीक्षा आदि के लिए एक प्रभावी तंत्र का होना।

472. (4) टाटा समूह एक भारतीय बहुराष्ट्रीय समूह है जिसका मुख्यालय मुंबई में है।

- 1868 में स्थापित, यह भारत का सबसे बड़ा समूह है, जिसके उत्पाद और सेवाएँ 150 से अधिक देशों में हैं, और इसका परिचालन छह महाद्वीपों के 100 देशों में है।

473. (1) नाथपा झाकरी बांध हिमाचल प्रदेश में सतलज नदी पर एक कंक्रीट ग्रेविटी बांध है।

- बांध का प्राथमिक उद्देश्य पनबिजली उत्पादन करना है, और यह पानी के साथ 1,500 मेगावाट भूमिगत बिजली स्टेशन की आपूर्ति करता है।

474. (4) E20 ईंधन इथेनॉल और गैसोलीन (पेट्रोल/डीजल) का एक सामान्य मिश्रण है और इसमें 20% इथेनॉल और 80% गैसोलीन होता है।

- इसका उपयोग कारों, ट्रकों और बाइक जैसे वाहनों में आंतरिक दहन इंजन के लिए किया जाता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 फरवरी, 2023 को बेंगलुरु, कर्नाटक में इंडिया एनर्जी वीक में 'E20' के लिए एक पायलट सप्ताह लॉन्च किया।

475. (2) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) विभिन्न सामाजिक -आर्थिक पहलुओं पर राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है:

- आर्थिक जनगणना के सर्वेक्षण।
- उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई)।
- क्षेत्र गणना और फसल अनुमान सर्वेक्षण का पर्यवेक्षण।
- शहरी ढाँचा सर्वेक्षण।

476. (1) निर्यात तैयारी सूचकांक नीति आयोग द्वारा प्रतिस्पर्धात्मकता संस्थान के साथ साझेदारी में प्रकाशित किया जाता है।

- यह देश में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की निर्यात तैयारियों का एक व्यापक मूल्यांकन है।
- सूचकांक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की शक्ति और कमजोरियों की पहचान करने के लिए निर्यात-संबंधित मापदंडों पर एक व्यापक विश्लेषण करता है।

477. (3) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 या मनरेगा 23 अगस्त 2005 को पारित किया गया था और फरवरी 2006 में लागू किया गया था।

- मनरेगा को पहले राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) के नाम से जाना जाता था।
- यह एक भारतीय सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य 'काम करने के अधिकार' की गारंटी प्रदान करना है।

478. (2) भारत में, किसानों को उनकी फसलों के लिए पूर्व-घोषित मूल्य का भुगतान किया जाता है जिसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कहा जाता है।

- फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा हर साल एमएसपी घोषित किया जाता है।
- एमएसपी वह मूल्य है जो सरकार द्वारा उत्पादक यानी किसानों को अधिशेष उत्पादन वाले वर्षों में कीमतों में अत्यधिक गिरावट से बचाने के लिए तय की जाती है।

479. (2) सर्व शिक्षा अभियान 2001 में शुरू किया गया था।

- यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा (UEE) का सार्वभौमिकरण हासिल करना है।
- इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था।
- इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:
- 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना।
- प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर को कम करना।
- प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना।
- सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों की स्कूलों तक पहुँच हो।
- यह कार्यक्रम राज्यों और स्थानीय सरकारों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किया जाता है।
- स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने और स्कूल छोड़ने की दर को कम करने में यह एक बड़ी सफलता रही है।

480. (2) सरकार ने राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर एक नया मंच 'डिजीक्लेम' लॉन्च किया है, जो फसल बीमा पॉलिसी लेने वाले किसानों को बीमा दावों के भुगतान में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

- यह किसानों को उनके बीमा दावों को पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।
- प्रौद्योगिकी को राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के एकीकरण के माध्यम से विकसित किया गया है। □□□

9 भौतिक विज्ञान

1. एस. आई. पद्धति में 'तापक्रम' का मात्रक है–
(1) सेल्सियस (2) फॉरेनहाइट
(3) केल्विन (4) रैंकाइन
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

2. पहाड़ पर चढ़ते समय व्यक्ति आगे की ओर झुका रहता है, ताकि–
(1) वह तेजी से चल सके
(2) फिसलने की संभावना कम हो सके
(3) उसकी ऊर्जा बची रहे
(4) स्थायित्व में वृद्धि हो सके
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

3. एक क्रिकेट खिलाड़ी गेंद को पकड़ते समय अपने हाथ को नीचे कर लेता है। ऐसा उसे चोट लगने से बचाता है। यह–
(1) न्यूटन के गति का तीसरा नियम है
(2) संवेग के संरक्षण का सिद्धान्त है
(3) द्रव्यमान व ऊर्जा के संरक्षण का सिद्धान्त
(4) अपकेन्द्री बल है
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

4. एक हवाई जहाज के पंखे पर बह रही हवा की चाल में वृद्धि होती है, तो पंखे पर दाब–
(1) बढ़ जाएगा
(2) समान ही रहेगा
(3) कम हो जाएगा
(4) उतना रहेगा जितना उसके नीचे हैं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

5. तीन प्राथमिक रंग है–
(1) नीला, हरा और लाल
(2) नीला, पीला और लाल
(3) पीला, नारंगी और लाल
(4) बैंगनी, पीला और नीला
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

6. 100 ग्राम द्रव्यमान के पिंड पर एक निश्चित बल कार्य करता है जिससे 25 सेकंड में इसका वेग 50 सेमी./सेकंड हो जाता है। त्वरण और बल के मान क्या होंगे?
(1) क्रमश: 2 सेमी./सेकंड², 200 डाइन
(2) क्रमश: 3 सेमी./सेकंड², 100 डाइन
(3) क्रमश: 2 सेमी./सेकंड², 300 डाइन
(4) क्रमश: 3 सेमी./सेकंड², 200 डाइन
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

7. वेग, त्वरण व तय की गई दूरी में सह-सम्बन्ध है–
(1) $v = u + at$
(2) $v^2 = u^2 + 2as$
(3) $s = ut + \frac{1}{2}at^2$
(4) $s = ut$
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

8. प्रकाश किस रूप में व्यवहार करता है, कण के रूप में अथवा तरंग के रूप में?
(1) कण
(2) तरंग
(3) न तो कण न तरंग
(4) कण व तरंग दोनों
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

9. 0°C तापमान की एक किग्रा. बर्फ, 10°C पर एक किग्रा. पानी के साथ मिला दी जाती है। परिणामी तापमान होगा–
(1) 0°C से 10°C के मध्य
(2) 0°C से कम
(3) 0°C के समान
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

10. जब एक श्वेत प्रकाश ग्लास प्रिज्म से गुजरता है, तो निम्न में से कौन सा रंग सर्वाधिक अपवर्तित होता है?
(1) नीला (2) लाल
(3) नारंगी (4) श्वेत
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

11. दूध की शुद्धता की जाँच किस यन्त्र से की जाती है?
(1) हाइड्रोमीटर (2) मैनोमीटर
(3) लैक्टोमीटर (4) फैदमोमीटर
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

12. प्रकाश का वेग किमी./सेकण्ड में है–
(1) 3×10^5 (2) 3×10^6
(3) 4×10^7 (4) 3×10^4
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

13. एक सरल लोलक का दोलन काल 3 सेकण्ड है। यदि इसकी लम्बाई 9 गुना कर दी जाए, तो इसका नया दोलन काल (सेकण्ड में) कितना होगा?
(1) 3 (2) 5
(3) 6 (4) 9
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

14. एक लेन्स की क्षमता +2.5 डायोप्टर है। लेन्स की फोकस दूरी (सेमी. में) क्या होगी?
(1) 25 (2) 30
(3) 35 (4) 40
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

15. एक अश्व शक्ति लगभग बराबर है–
(1) 546 वाट (2) 646 वाट
(3) 746 वाट (4) 846 वाट
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

16. निम्नलिखित में से किसे ऊर्जा के व्यापारिक मात्रक के रूप में प्रयोग करते हैं?
(1) वाट-घण्टा (2) किलो-जूल-घण्टा
(3) मेगावाट-घण्टा (4) किलोवाट-घण्टा
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

17. ऊर्जा की विमा (Dimension) है–
(1) $M^2L^2T^2$ (2) ML^2
(3) ML^2T^{-2} (4) MLT^{-2}
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

18. हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर हाउसों में किसे विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है?
(1) जल की स्थतिज ऊर्जा
(2) रासायनिक ऊर्जा
(3) वायु ऊर्जा को
(4) सौर ऊर्जा को
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

19. निम्न में से कौन सर्वाधिक रेडियोएक्टिव है?
(1) यूरेनियम (2) थोरियम
(3) रेडियम (4) प्लूटोनियम
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

Scanned with CamScanner

20. दो ऊर्ध्वाधर टीले के मध्य खड़ा हुआ एक व्यक्ति ध्वनि उत्पन्न करता है। दो क्रमिक प्रतिध्वनियों को 4 सेकण्ड एवं 6 सेकण्ड पर सुना जाता है। टीलों के मध्य की दूरी ज्ञात कीजिए– [वायु में ध्वनि की चाल = 320 मीटर/सेकण्ड$^{-1}$]
(1) 2600 मीटर (2) 3600 मीटर
(3) 600 मीटर (4) 1600 मीटर
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

21. एक विद्युत-चुम्बक की शक्ति बढ़ाई जा सकती है–
(1) धारा को बढ़ा करके
(2) चक्करों की संख्या को घटा करके
(3) कुण्डली के लिए पतले तार का प्रयोग करके
(4) इसे पूर्व-पश्चिम दिशा में रख करके
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

22. एक सेल का ई. एम. एफ. है–
(1) सदिश राशि
(2) अदिश राशि
(3) जल के मापन हेतु इकाई
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

23. यह सलाह नहीं दी जाती है कि एक साथ अनेक विद्युत उपकरणों को एक ही प्लग बिन्दु से जोड़ें क्योंकि परिणाम होता है–
(1) वोल्टेज में वृद्धि
(2) धारा में कमी
(3) भार में वृद्धि
(4) प्रतिरोध में कमी
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

24. मानक ताप एवं दाब पर 20 ग्राम हाइड्रोजन गैस के आयतन को गणना लीटर में कीजिए–
(1) 224 लीटर (2) 248 लीटर
(3) 268 लीटर (4) 278 लीटर
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

25. एक परमाणु बम के विस्फोट में अपार ऊर्जा निःसृत होती है। वह मुख्यतया होती है–
(1) भारी परमाणु के हल्के परमाणु में बदलने के कारण
(2) आरम्भिक पदार्थ के द्रव्यमान की अपेक्षा कम द्रव्यमान वाले पदार्थ के उत्पाद के कारण
(3) न्यूट्रॉनों के मुक्त होने के कारण
(4) इलेक्ट्रॉनों के मुक्त होने के कारण
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

26. ऊर्जा संचित होती है–
(1) ADP में (2) AMP में
(3) ATP में (4) RMP में
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

27. लम्बाई के निम्नलिखित मापन में प्रतिशत त्रुटि ज्ञात कीजिए–
0.62 सेमी. एवं 0.623 सेमी.
(1) 1.61% और 0.20%
(2) 1.61% और 0.36%
(3) 1.61% और 0.16%
(4) 1.61% और 0.26%
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

28. एक मैकेनिक 150 न्यूटन के बल के द्वारा एक नट (पेंच) को खोल सकता है, जबकि वह 40 सेमी. लम्बे एक लीवर हत्थे का प्रयोग करता है। यह वह इस नट (पेंच) को 50 न्यूटन के बल के द्वारा खोलना चाहता है, तो कितने लम्बे लीवर हत्थे की आवश्यकता होगी?
(1) 1.5 मीटर (2) 1.6 मीटर
(3) 1.8 मीटर (4) 1.2 मीटर
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

29. एक पुल से एक पत्थर को नदी में स्वतंत्र रूप से छोड़ दिया जाता है। यह नदी में जल के सतह को स्पर्श करने में 5 सेकण्ड लेता है। जल के सतह से पुल की ऊँचाई ज्ञात कीजिए–
[g = 9.8 मी./सेकण्ड^2, जहाँ g = गुरुत्वाकर्षण बल है।]
(1) 122.5 मीटर (2) 120.5 मीटर
(3) 124 मीटर (4) 128 मीटर
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

30. 5° फॉरेनहाइट को केल्विन स्केल में बदलिए–
(1) 250 केल्विन
(2) 268 केल्विन
(3) 260 केल्विन
(4) 258 केल्विन
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

31. जब एक वस्तु को 75° के कोण पर झुकी हुई दो समतल दर्पणों के मध्य रखा जाता है, तो निर्मित प्रतिबिम्बों की संख्या है–
(1) दो (2) तीन
(3) चार (4) पाँच
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 29.12.2005)

32. कार में दृश्यावलोकन के लिए किस प्रकार के सीसे का प्रयोग होता है?
(1) अवतल दर्पण
(2) बेलनाकार दर्पण
(3) उत्तल दर्पण
(4) समतल दर्पण
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

33. अस्त होते समय सूर्य लाल दिखाई देता है–
(1) परावर्तन के कारण
(2) प्रकीर्णन के कारण
(3) अपवर्तन के कारण
(4) विवर्तन के कारण
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

34. पृथ्वी तल से किसी वस्तु का पलायन वेग निम्नलिखित पर निर्भर करता है?
(1) वस्तु के द्रव्यमान पर
(2) प्रक्षेपण की दिशा पर
(3) प्रक्षेपण किए जाने के स्थान पर
(4) उपर्युक्त सभी पर
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

35. जल के वाष्प में परिवर्तन कहलाता है–
(1) प्राकृतिक (2) भौतिक
(3) सामाजिक (4) जैविक
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

36. डायनेमो का कार्य है–
(1) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना
(2) रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना
(3) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना
(4) विद्युत ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में बदलना
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

37. निम्न में से अवश्रव्य तरंगें कौन हैं–
(1) 100 Hz (2) 20 Hz से नीचे
(3) 200 Hz (4) 20000 Hz
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

38. दूध की शुद्धता किससे मापी जाती है–
(1) लैक्टोमीटर (2) हाइड्रोमीटर
(3) हाइग्रोमीटर (4) वेब गेज
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

39. ऊष्मा के स्थानान्तरण का कारण क्या है?
(1) निक्षेपण (2) विस्थापन
(3) तापान्तर (4) विघटन
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

40. इन्द्रधनुष के किनारों के रंग होते हैं–
(1) बैंगनी और लाल
(2) बैंगनी और हरा
(3) लाल और हरा
(4) लाल और नीला
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

41. ऊर्जा का मात्रक वही होता है, जो होता है–
(1) कार्य का (2) शक्ति का
(3) बल का (4) त्वरण का
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

42. किसी रेडियो सक्रिय वस्तु से उत्सर्जित अल्फा किरणें हैं–
(1) हाइड्रोजन नाभिक
(2) ऋणात्मक रूप से आवेशित कण
(3) हीलियम नाभिक
(4) ड्यूट्रॉन
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

43. बल का S.I. मात्रक है–
(1) न्यूटन (2) डाइन
(3) जूल (4) अर्ग
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

44. अच्छी प्रतिरोध कुण्डलियाँ होती हैं–
(1) लोहा की (2) सोना की
(3) चाँदी की (4) मैंगनीज की
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

45. दाब बढ़ाने पर बर्फ का गलनांक–
(1) घटता है
(2) बढ़ता है
(3) अपरिवर्तित रहता है
(4) पहले बढ़ता है फिर घटता है
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

46. किसी भी धातु की अधिकतम चाल कितनी हो सकती है?
(1) अनन्त
(2) 10^{10} मीटर/से.
(3) 4×10^5 मीटर/सेकण्ड
(4) 3×10^8 मीटर/सेकण्ड
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

47. ग्रहों को उनकी कक्षा में बाँधे रखने वाले बल को क्या कहते हैं?
(1) स्थिर वैद्युत बल
(2) चुम्बकीय बल
(3) गुरुत्वीय बल
(4) नाभिकीय बल
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

48. विद्युत सेल में किस तरह की ऊर्जा निहित होती है?
(1) यांत्रिक (2) वैद्युतिक
(3) रासायनिक (4) ताप
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

49. डेसिबल किसकी इकाई है?
(1) मीटर की
(2) ध्वनि की तीव्रता की
(3) प्रतिरोध की
(4) प्रकाश की तीव्रता की
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

50. एंगस्ट्रम क्या मापता है?
(1) आवृत्ति (2) तरंगदैर्ध्य
(3) आवर्तकाल (4) समय
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

51. गुरुत्वाकर्षण का नियम किसने दिया?
(1) न्यूटन (2) डाल्टन
(3) रदरफोर्ड (4) एडिसन
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

52. फैराडे का नियम किस प्रक्रिया से सम्बन्धित है?
(1) इलेक्ट्रोलाइसिस
(2) गैसों की अभिक्रिया
(3) गैसों का दाब
(4) तापमान एवं दाब
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

53. फ्यूज का तार बना होता है–
(1) ताँबा और लोहे का
(2) ताँबा और सीसा का
(3) सीसा और टिन का
(4) सीसा का
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

54. निम्नलिखित में से कौन विद्युत का सबसे अच्छा चालक है?
(1) एल्युमीनियम (2) ताँबा
(3) लोहा (4) चाँदी
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

55. जब ध्वनि तरंगें चलती हैं तो ये अपने साथ ले जाती हैं–
(1) द्रव्यमान (2) ध्वनि
(3) ऊर्जा (4) विभवान्तर
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

56. भारत में घरेलू विद्युत सप्लाई की वोल्टता क्या होती है ?
(1) 220 वोल्ट प्र. धा.
(2) 220 वोल्ट दि. धा.
(3) 440 वोल्ट प्र. धा.
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (ITI) परीक्षा, 27.12.2008)

57. एक विद्युत् ट्रेन उत्तर दिशा में जा रही है, तो उसका धुआँ किस दिशा में जाएगी?
(1) उत्तर-पूर्व (2) दक्षिण
(3) दक्षिण-पूर्व (4) इनमें से कोई नही
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

58. सूर्य किरण पृथ्वी पर कितनी देर में आती है?
(1) 4 मिनट
(2) 7 मिनट, 5 सेकण्ड
(3) 8 मिनट, 5 सेकण्ड
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

59. 'इंद्रधनुष' के सात रंगों के बीच का रंग कौन है?
(1) बैंगनी (2) हरा
(3) पीला (4) नीला
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

60. पानी का घनत्व किस ताप पर अधिकतम होता है?
(1) 0°C पर (2) 4°C पर
(3) –4°C पर (4) 100°C पर
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

61. ऊष्मा का सबसे अच्छा चालक है–
(1) ताँबा
(2) एलुमीनियम
(3) सोना
(4) चाँदी
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

62. सूर्य की ऊर्जा का स्रोत क्या है?
(1) संलयन (2) विखंडन
(3) परावर्तन (4) प्लवन
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

63. यदि एक पेण्डुलम से दोलन करने वाली घड़ी को पृथ्वी से चंद्रमा पर ले जायें, तो घड़ी होगी-
(1) सुस्त
(2) तेज
(3) पृथ्वी के समान समय देगी
(4) कार्य करना बंद कर देगी
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

64. जब प्रकाश की तरंगें वायु से काँच में होकर गुजरती हैं, तब कौन-से परिवर्त्य प्रभावित होंगे?
(1) तरंगदैर्घ्य, आवृत्ति तथा वेग
(2) केवल वेग तथा आवृत्ति
(3) केवल तरंगदैर्घ्य तथा आवृत्ति
(4) केवल तरंगदैर्घ्य तथा वेग
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

65. एक पिण्ड कुल दूरी का आधा भाग वेग v_1 से यात्रा करता है तथा शेष आधा भाग वेग v_2 से करता है, तब उस पिण्ड का औसत वेग होगा-
(1) $\sqrt{(v_1 v_2)}$
(2) $(v_1 + v_2)/2$
(3) $\frac{v_2}{v_1}$
(4) $2v_1v_2/(v_1 + v_2)$
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

66. एक्स-किरणों का उपयोग क्रिस्टर संरचना के अध्ययन के लिये किया जाता है, क्योंकि-
(1) एक्स किरणों को क्रिस्टर पूर्णतय: अवशोषित करता है।
(2) एक्स किरणों की तरंगदैर्घ्य तथा क्रिस्टल के अंतरपरमाणुक की दूरी की परिमाण की कोटि समान होती है।
(3) एक्स किरणों की तरंगदैर्घ्य बहुत छोटी होती है, अपेक्षाकृत क्रिस्टल में अंतरपरमाणुक दूरी के।
(4) एक्स किरणों के लिए क्रिस्टल पूर्णतय: पारदर्शी होता है।
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

67. मनुष्य के नेत्र के रेटिना पर प्रतिबिम्ब बनता है-
(1) काल्पनिक तथा उल्टा
(2) काल्पनिक तथा सीधा
(3) वास्तविक तथा सीधा
(4) वास्तविक तथा उल्टा
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

68. वह तापमान जिस पर सेंटीग्रेड तथा फाहरेनहाइट थर्मोमीटर की रीडिंग एक समान होती है,
(1) 212 (2) 100
(3) 40 (4) -40
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

69. वायु का वेग संबंधित है-
(1) पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने से
(2) पृथ्वी के चक्कर लगाने से
(3) दाव प्रवणता से
(4) तापमान से
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

70. FPS पद्धति में द्रव्यमान की इकाई है-
(1) ग्राम (2) किलोग्राम
(3) मोल (4) पाउण्ड
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

71. न्यूटन की गति के कितने नियम हैं?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

72. एक अश्वशक्ति में कितने वाट होते हैं?
(1) 746 (2) 476
(3) 647 (4) 765
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

73. इन्द्रधनुष में सबसे बाहर की ओर कौन-सा रंग होता है?
(1) बैंगनी (2) नीला
(3) लाल (4) हरा
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

74. फारेनहाइट तापमापी ऊपरी तथा निचले बिंदु के मध्य कितना अंतराल होता है?
(1) 100 (2) 180
(3) 210 (4) 90
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

75. पराश्रव्य ध्वनि की आवृत्ति है-
(1) > 20,000 हर्ट्ज
(2) > 2,000 हर्ट्ज
(3) > 200 हर्ट्ज
(4) > 2,00,000 हर्ट्ज
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

76. रेडियोसक्रिय पदार्थ भंडारित करने के लिए बने पात्र इससे बने होते हैं-
(1) लोहा (2) स्टील
(3) ताँबा (4) लेड
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

77. 3D फिल्म देखने के लिए प्रयुक्त चश्मे में होते हैं?
(1) द्विकेंद्रित लेंस (2) उत्तल लेंस
(3) अवतल लेंस (4) पोलेरॉइड
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

78. डिटरजेंट किस सिद्धांत पर सतहों की सफाई करते हैं?
(1) श्यानता (2) पृष्ठ तनाव
(3) प्रत्यास्थता (4) प्लवन
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

79. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु विद्युत की सुचालक है ?
(1) ताँबा (2) एल्युमिनियम
(3) चाँदी (4) लोहा
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

80. निम्नलिखित ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण के मामले के सही अवरोही क्रम में, अनुक्रम है-
(1) शनि, पृथ्वी, नेप्च्यून, यूरेनस
(2) नेप्च्यून, यूरेनस, शनि, पृथ्वी
(3) यूरेनस, पृथ्वी, शनि, नेप्च्यून
(4) पृथ्वी, यूरेनस, नेप्च्यून, शनि
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

81. आँख की पुतली/आईबॉल के संकुचन के कारण, एक दूर दृष्टि वाली आँख देख सकती है, केवल-
(1) दूर की वस्तुएँ जिसे उत्तल लेंस का उपयोग करते हुये ठीक कर दिया गया है
(2) दूर की वस्तुएँ जिसे अवतल लेंस का उपयोग करते हुए ठीक कर दिया गया है
(3) निकट की वस्तुएँ जिसे उत्तल लेंस का उपयोग करते हुए ठीक कर दिया गया है।
(4) निकट की वस्तुएँ जिसे अवतल लेंस का उपयोग करते हुये ठीक कर दिया गया है
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

82. 'लक्स' इसकी इकाई है :
(1) ताप (2) द्रव्यमान
(3) बल (4) प्रदीप्ति
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

83. यह एक अश्वशक्ति का समतुल्य है :
(1) 746 वाट्स (2) 647 वाट्स
(3) 476 वाट्स (4) 674 वाट्स
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

84. यदि एक अवतल दर्पण में वस्तु एवं प्रतिबिम्ब दोनों वक्रता केन्द्र पर हैं तो प्रतिबिम्ब है :
(1) वस्तु से बड़ा
(2) वस्तु से छोटा
(3) वस्तु के समान आकार का
(4) आभासी
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

85. उष्मागतिकी का कौनसा नियम कहता है कि बिना किसी बाह्य कारक की सहायता के किसी कम तापवाली वस्तु से किसी उच्च तापवाली वस्तु को उष्मा स्थानांतरित नहीं की जा सकती?
(1) 0 (2) पहला
(3) दूसरा (4) तीसरा
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

86. एक वायुयान की ध्वनि सामान्यत: इसके संगत होती है :
(1) 1 डेसिबल
(2) 100 डेसिबल
(3) 1000 डेसिबल
(4) 10 डेसिबल
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

87. एक नैनोमीटर बराबर है :
(1) 10^9 mm (2) 10^{-9} mm
(3) 10^{-9} cm (4) 10^{-7} cm
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

88. सौर ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है :
(1) नाभिकीय विखंडन
(2) गुरुत्वीय संकुचन
(3) दहन
(4) नाभिकीय संलयन
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

89. जब किसी काँच की छड़ को रेशम से रगड़ा जाता है, जो छड़ पर कौन-सा आवेश होगा?
(1) ऋण-आवेश (2) धन आवेश
(3) आवेशहीन (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

90. निम्नलिखित में से कौन-सी ध्वनि हम नहीं सुन सकते हैं?
(1) 25 Hz
(2) 200 Hz
(3) 25,000 Hz
(4) 18,000 Hz
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

91. प्रेशर कुकर में खाना जल्दी पक जाता है, क्योंकि-
(1) प्रेशर कुकर के अंदर दाब कम होता है
(2) प्रेशर कुकर के अंदर दाब अधिक होता है
(3) प्रेशर कुकर के आकार के कारण
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

92. M.K.S. प्रणाली में 'त्वरण' का मात्रक क्या है?
(1) M/S^2 (2) K.M/h
(3) K.M/S (4) M/S
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

93. आमीटर (Ammeter) से क्या मापा जाता है?
(1) विद्युत धारा
(2) विभवान्तर
(3) वायु की चाल
(4) उच्च ताप
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

94. साबुन को जल में घोलने पर, जल का पृष्ठ तनाव-
(1) घट जाएगा
(2) बढ़ेगा
(3) अपरिवर्तित रहेगा
(4) उपर्युक्त सभी
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

95. गंदे जल में जमें हुए मच्छरों को नष्ट करने के लिए केरोसिन तेल का उपयोग किया जाता है, क्योंकि-
(1) यह जल के पृष्ठीय तनाव को कम कर देता है
(2) जल के पृष्ठीय तनाव को बढ़ा देता है
(3) यह जल की श्यानता को बढ़ा देता है
(4) उपर्युक्त सभी
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

96. कैंची में कितने लीवर होते हैं?
(1) दो (2) तीन
(3) चार (4) पाँच
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

97. चुम्बकीय क्षेत्र में गतिमान निम्नलिखित में से कौन-सा विक्षेपित नहीं हो सकता है?
(1) प्रोटॉन (2) केथोड किरण
(3) न्यूट्रॉन (4) अल्फा कण
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

98. मैक संख्या का उपयोग किसकी चाल-निर्धारण करने में किया जाता है?
(1) विमान (2) पोत
(3) प्रकाश (4) ध्वनि
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

99. ध्वनि का वेग सबसे ज्यादा किसमें होता है?
(1) इस्पात में (2) निर्वात में
(3) जल में (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

100. संधारित्रों का नाम दिया जाता है-
(1) संधारित्र के आकार के अनुसार
(2) इनमें से प्रयुक्त परावैद्युत पदार्थ के अनुसार
(3) प्लेटो के बीच की दूरी के अनुसार
(4) वर्किंग वोल्टज के अनुसार
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

101. एक कुंडली में एक 'क्यू' की इकाई होती है-
(1) हेनरी (2) हर्ट्ज
(3) कोई इकाई नहीं होती
(4) कूलॉम्ब
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

Scanned with CamScanner

102. आर. एफ. सर्किट में प्रयुक्त परिवर्ती मान वाला एक प्रेरण कहलाता है-
(1) वरिअक (2) वेरिओमीटर
(3) गेंग्ड प्रेरक (4) वेरेक्टर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

103. एक बैटरी की एम्पीयर घण्टे की रेटिंग को बढ़ाने के लिए सेलों को जोड़ा जाता है-
(1) श्रेणीक्रम में
(2) समानान्तर क्रम में
(3) श्रेणी-समानान्तर क्रम में
(4) स्टार क्रम में
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

104. एक शुष्क सेल के उपयोग को अयोग्य घोषित कर दिया जाता है यदि उसका आउटपुट ई. एम. एफ. उसके अंकित मान का केवल ..... बचे।
(1) 40% (2) 50%
(3) 60% (4) 75%
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I) परीक्षा, 28.07.2013)

105. एक लेड एसिड बैटरी के इलेक्ट्रोलाइट की एस. जी. को मापने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण कहलाता है-
(1) लैक्टोमीटर (2) हाइड्रोमीटर
(3) हाइग्रोमीटर (4) वोल्टमीटर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

106. एक नए सेल के चार्ज और निर्वहन की प्रक्रिया कहलाती है-
(1) साइकिलिंग (2) लोडिंग
(3) पकाई (4) दबाव
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

107. एक अच्छे टैंक का जोड़ होगा-
(1) चिकना, साफ और चमकीला
(2) आकार में पर्याप्त रूप से बड़ा
(3) अस्पष्ट
(4) सपाट
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

108. संधारित्र की धारिता निर्भर होती है-
(1) परावैद्युत पदार्थ पर
(2) प्लेटों के क्षेत्र पर
(3) प्लेटों के बीच की दूरी पर
(4) उपर्युक्त सभी पर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

109. एक संधारित्र में, परावैद्युत का इस्तेमाल किया जाता है-
(1) धारिता के मान को बढ़ाने के लिए
(2) इसके आकार को बढ़ाने के लिए
(3) इसके भुजबल प्रदान करने के लिए
(4) धारिता के मान को घटाने के लिए
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

110. किस माइक्रोफोन को वेग संचालित माइक्रोफोन कहा जाता है
(1) डायनेमिक माइक्रोफोन
(2) रिबन माइक्रोफोन
(3) संधारित्र माइक्रोफोन
(4) एलेक्ट्रेट माइक्रोफोन
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

111. एक तरंग की तरंगदैर्ध्य निर्भर करती है-
(1) तरंग की गति पर
(2) तरंग की आवृत्ति पर
(3) तरंग के आयाम पर
(4) (2) और (3) दोनों पर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

112. ध्वनि तरंगों की आवृत्ति को जाना जाता है-
(1) आयतन
(2) पिच
(3) आवाज की ऊँचाई
(4) आयाम
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

113. N- प्रकार का अर्धचालक तैयार करने के लिए 'डोपिंग के लिए निम्न में से कौन-से पदार्थ का इस्तेमाल किया जाता है?
(1) इन्डियम (2) गैलियम
(3) आर्सेनिक (4) सिल्वर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

114. एक डायोड के कार्य की तुलना की जा सकती है-
(1) फ्यूज (2) रिले से
(3) कुंडली से (4) स्विच से
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

115. धातु की चादरों को काटने के लिए किस उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है, को कहलाता है-
(1) संयोजन प्लायर
(2) साइड कटिंग प्लायर
(3) स्निप
(4) कटर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

116. सभी हाथ के उपकरणों का बचाव किस जाना चाहिए-
(1) जंग लगने से
(2) धूल से
(3) गर्म जलवायु से
(4) शुष्क हवा से
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

117. धारदार औजार को रखा जाना चाहिए-
(1) लोहे के बक्से में
(2) अलग से लकड़ी के बक्से में
(3) उनकी धार को नीचे की तरफ करके
(4) एक कपड़े के टेप के साथ लपेटकर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

118. ताँबा सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाला चालक है क्योंकि-
(1) इसकी प्रतिरोधकता कम होती है
(2) इसे पतले तारों से बनाया जा सकता है
(3) यह चाँदी की तुलना में सस्ता होता है
(4) उपर्युक्त सभी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

119. निषेध के संकेत ..... के आकार में बनाए जाते है।
(1) वर्ग (2) त्रिभुज
(3) आयत (4) वृत्त
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

120. बिजली के तारों में आग लगने का मुख्य कारण है-
(1) कम फ्यूज रेटिंग
(2) ओवरलोडिंग
(3) ढीला संयोजन
(4) ये सभी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

121. एक आवरण का प्रयोग करके ऑक्सीजन की आपूर्ति में कटौती करते हुए शमन की प्रक्रिया की सैंड कहलाती है
(1) शीतलन (2) रोकना (बुझाना)
(3) आवरण करना (4) शमन
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

122. चेतावनी संकेत का आकार होता है -
(1) वृत्ताकार (2) वर्गाकार
(3) त्रिभुजाकार (4) आयताकार
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

123. कीलक द्वारा एक साथ 2 ताँबे की प्लेटों को जोड़ने के लिए प्रयुक्त कीलक को बनाया जाना चाहिए-
(1) एल्युमीनियम से
(2) चाँदी से
(3) ताँबा से
(4) पीतल से
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

124. बल की चुम्बकीय रेखाएँ एक चुम्बक के बाहर ..... तक स्थानांतरित होती है?
(1) दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी
(2) उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव
(3) उत्तरी ध्रुव से निर्वात
(4) निर्वात से उत्तरी ध्रुव
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

125. एक चुम्बक के दो सिरों के बीच मौजूद एक अदृश्य क्षेत्र को जाना जाता है-
(1) विद्युत क्षेत्र
(2) चुम्बकीय क्षेत्र
(3) विद्युत-चुम्बकीय क्षेत्र
(4) अदृश्य क्षेत्र
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

126. निर्वात की विद्युतशीलता होती है-
(1) एक से ज्यादा
(2) एक से कम
(3) एक के बराबर
(4) शून्य
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

127. चुम्बकीय-क्लच के एक पिस्टन को होना चाहिए-
(1) निम्न रिलक्टेंस का
(2) उच्च रिलक्टेंस का
(3) उच्च प्रतिरोध का
(4) निम्न पारागम्यता का
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

128. ए॰ सी॰ का औसत मान होता है-
(1) 0.637 (2) 0.707
(3) 1.1 (4) 1.414
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

129. ओम रेंज में एक मल्टीमीटर द्वारा एक संधारित्र की जाँच करने पर सूचक एक विचलन दिखाता है और फिर एक उच्च ओमिक मान पर टिक जाता है, संधारित्र है-
(1) बंद परिपथ
(2) खुला परिपथ
(3) अच्छा
(4) या तो खुला परिपथ या बंद परिपथ
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

130. एक श्रेणी आर॰ एल॰ परिपथ में-
(1) विभव धारा से आगे होता है
(2) धारा विभव से आगे होती है
(3) विभव धारा के साथ एक फेज में होता है
(4) विभव धारा के मध्य 180° का कलान्तर रहता है
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

131. एक श्रेणी आर॰ सी॰ परिपथ में-
(1) विभव धारा से आगे होता है
(2) धारा विभव से आगे होती है
(3) विभव धारा के साथ एक फेज में होता है
(4) विभव और धारा के मध्य 180° का कलान्तर रहता है
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

132. एक लहर जाल (वेव ट्रैप) है-
(1) लो पास फिल्टर
(2) हाई-पास फिल्टर
(3) बैंड-पास फिल्टर
(4) बैंड-स्टॉप फिल्टर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

133. एक समस्वरित परिपथ (ट्यून सर्किट) में होते हैं-
(1) एक प्रेरक और एक संधारित्र
(2) एक प्रेरक और एक प्रतिरोध
(3) 2 प्रेरक
(4) 2 संधारित्र
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

134. एक केबल की धारा वहन क्षमता निर्भर करती है-
(1) प्रयुक्त धातु के प्रकार पर
(2) तार के व्यास पर
(3) इस्तेमाल होने वाले चालकों की किस्मों की संख्या पर
(4) उपर्युक्त सभी पर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

135. सोल्डरिंग कार्ड एक मिश्रण है-
(1) लेड, टिन और फ्लक्स
(2) लेड और टिन
(3) टिन और फ्लक्स
(4) लेड, टिन और ताँबा
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

136. प्रतिरोध मापने की मौलिक इकाई है-
(1) मेगा ओम (2) मिली ओम
(3) ओम (4) किलो ओम
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

137. एक अज्ञात प्रतिरोध को मापने के लिए प्रारम्भिक ..... सीमा चुनते हैं-
(1) सबसे कम
(2) सबसे अधिकतम
(3) कोई भी
(4) R × 10
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

138. संधन प्रतिरोध मापने के लिए, सबसे अच्छा विकल्प होगा-
(1) डिजिटल मल्टीमीटर
(2) मेगर
(3) मल्टीमीटर
(4) व्हील स्टोन ब्रिज
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

139. ए.सी. का वर्ग माध्य मूल (आर० एम० एस०) मान और औसत मान का अनुपात कहलाता है-
(1) शीर्ष गुणांक (पीक फैक्टर)
(2) शक्ति गुणांक
(3) औसत गुणांक
(4) फॉर्म फैक्टर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

140. भारत में ए.सी. आपूर्ति की मानक आवृत्ति होती है-
(1) 25 हर्ट्ज (2) 50 हर्ट्ज
(3) 100 हर्ट्ज (4) 1000 हर्ट्ज
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

141. एक प्रेरक परिपथ (इंडक्टिव सर्किट) में, शक्ति गुणांक ..... प्रकृति का होता है।
(1) लैगिंग (2) लीडिंग
(3) इकाई (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

142. प्रेरण (इंडक्टेंस) की इकाई होती है-
(1) फैराड (2) ओम
(3) हर्ट्ज (4) हेनरी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

143. एक दिष्टधारी परिपथ (रेक्टिफायर सर्किट) में इस्तेमाल होने वाले प्रेरक होते हैं-
(1) कई हेनरी के (2) माइक्रो हेनरी
(3) मिली हेनरी (4) हनड्रेड हेनरी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

144. पीएमएमसी या 'डी' आर्सोनावल मीटर का इस्तेमाल किसके मापन में किया जा सकता है?
(1) केवल डी. सी.
(2) केवल ए. सी
(3) डी.सी और ए.सी.
(4) एक रेक्टिफायर की सहायता से एक डी. सी. और ए. सी.
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

145. ए.एम. आई मीटर का इस्तेमाल किसके मापन में किया जा सकता है?
(1) केवल डी.सी.
(2) केवल ए. सी.
(3) डी. सी और ए. सी
(4) एक रेक्टिफायर की सहायता से एक डी. सी. और ए.सी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

146. पीजो विद्युत प्रभाव पर आधारित एक मापने का उपकरण कहलाता है-
(1) गर्म तार उपकरण
(2) वैद्युत स्थैतिक उपकरण
(3) एवीओ मीटर
(4) थर्मोकपल मीटर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

147. कई शंटो के साथ उपलब्ध कराया गया एक पीएमएमसी प्रकार का मीटर कहलाता है-
(1) श्रेणी-अमीटर
(2) मल्टीरेंज अमीटर
(3) शंट-अमीटर
(4) मल्टीरेंज वोल्टमीटर
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

148. किन उपयोगों की वजह से अन्य प्रकार के माइक्रोफोनों की तुलना में एक डायनेमिक माइक्रोफोन को चुना जाता है?
(1) ध्वनि रिकॉर्डिंग
(2) टू-इन-वन
(3) सार्वजनिक घोषणा
(4) टेलीफोन
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

149. एक सी. आर. ओ. का ट्रिगर कंट्रोल .... को नियंत्रित करता है।
(1) सिग्नल प्रदर्शन की क्षैतिज रोलिंग
(2) सिग्नल प्रदर्शन की ऊर्ध्वाधर रोलिंग
(3) सिग्नल प्रदर्शन की क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों प्रकार की रोलिंग
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

150. डी.आई.ए.सी मूल रूप से ..... है।
(1) एक पी.एन.पी./एन.पी.एन. ट्रांजिस्टर
(2) किसी आधार कनेक्शन के बिना एक पी.एन.पी./एन.पी.एन. ट्रांजिस्टर
(3) एक 4 स्तरीय एन.पी.एन.पी. डिवाइस
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

151. निष्क्रिय फोटो-अर्धचालक डिवाइस (फोटो- रेसिस्टर) के निर्माण में इस्तेमाल किया जाने वाला एक पदार्थ है-
(1) कैडमियम सल्फाइट
(2) सोडियम सल्फाइट
(3) सिलिकन सल्फाइट
(4) मैग्नेशियम सल्फाइट
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

152. एक डार्लिंगटन फोटो सेंसर में होते हैं-
(1) दो सोपानी डायोड
(2) दो सोपानी ट्रांजिस्टर
(3) एक डायोड और एक ट्रांजिस्टर
(4) दो एफ. ई. टी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

153. एक यू. पी. एस. के विद्युत नियंत्रक ब्लॉक में प्रयुक्त ओसिलेटर ..... की आवृत्ति उत्पन्न करता है।
(1) 50 किलो हर्ट्ज से 100 किलो हर्ट्ज
(2) 100 किलो हर्ट्ज से 200 किलो हर्ट्ज
(3) 100 हर्ट्ज से 400 हर्ट्ज
(4) 100 हर्ट्ज से 100 हर्ट्ज
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

154. ..... के कारण एक समानांतर-फेड हार्टली ओसिलेटर के बदले एक सीरिज फेड सर्किट को पसंद किया जाता है।
(1) कम लागत
(2) उच्चतर आवृत्ति स्थिरता
(3) कम बिजली की खपत
(4) परिपथ की सरलता
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

155. क्रिस्टल ओसिलेटरों की ..... के कारण इंसमीटरों में इनका उपयोग किया जाता है।
(1) आवृत्ति स्थिरता गुण
(2) कम लागत
(3) कठोरता
(4) सरलता
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

156. एक आर. सी. फेज शिफ्ट ओसिलेटर में उत्पन्न होने वाली आवृत्ति ..... पर निर्भर करती है।
(1) प्रयुक्त वी.सी.सी.
(2) परिपथ में प्रयुक्त ट्रांजिस्टर
(3) आर.सी नेटवर्क का समय नियतांक
(4) उपर्युक्त सभी घटक
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

157. एक सी. आर. ओ. में प्रयुक्त स्वीप ओसिलेटर की आवृत्ति सीमा ..... पर रखी जाती है।
(1) 10 हर्ट्ज से 30 किलोहर्ट्ज
(2) 1 किलोहर्ट्ज से 300 किलोहर्ट्ज
(3) 10 किलोहर्ट्ज से 3000 किलोहर्ट्ज
(4) 1 मेगाहर्ट्ज से 30 मेगाहर्ट्ज
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

158. सी. आर. ओ. में प्रयुक्त सी. आर. टी के लिए ..... की सीमा के एक उच्च धनात्मक वोल्टेज की आवश्यकता है।
(1) 5 केवी से 6 केवी
(2) 8 केवी से 10 केवी
(3) 10 केवी से 20 केवी
(4) 25 केवी से 30 केवी
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

159. एक धारा वाहक सोलोनॉइड की ध्रुवीयता ..... का प्रयोग करके निर्धारित की जा सकती है।
(1) कॉर्क-स्क्रू रूल
(2) हेलिक्स रूल
(3) फ्लेमिंग के दाएँ हाथ के नियम
(4) थंब रूल
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

160. जब किसी कोर में फील्ड तीव्रता (एच) बढ़ाई जाती है, फ्लक्स घनत्व (बी)-
(1) बढ़ जाता है
(2) घट जाता है
(3) शून्य हो जाता है
(4) नहीं बदलता है
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

161. किसी चुम्बकीय पदार्थ के अवशिष्ट चुम्बकत्व को परस्पर संतुलित करने के लिए आवश्यक चुम्बकीय बल की मात्रा को ..... कहा जाता है।
(1) अनाकर्षण बल
(2) विकर्षण बल
(3) आकर्षण बल
(4) कोअर्सिव बल
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

162. एक आदर्श संधारित्र की बिजली की खपत-
(1) शून्य होती है
(2) आवृत्ति के साथ बढ़ती है
(3) धारिता के साथ बढ़ती है
(4) अनिश्चितता होती है
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

163. एक गैंग संधारित्र का इंसुलेशन प्रतिरोध ..... होता है।
(1) 100 ओम
(2) 1000 ओम
(3) 1 मिलियन ओम
(4) 100 मिलियन ओम
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

164. एक कार्बन माइक्रोफोन के कार्बन कणों का प्रतिरोध ..... के क्रम में होता है।
(1) 1-2 ओम
(2) 10-20 ओम
(3) 100-200 ओम
(4) 1000-2000 ओम
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

165. सार्वजनिक संबोधन प्रणाली में इस्तेमाल किए जाने वाले लाउडस्पीकर को एक ..... कहा जाता है।
(1) प्रेशर लाउडस्पीकर
(2) हॉर्न लाउडस्पीकर
(3) इलेक्ट्रोडायनेमिक लाउडस्पीकर
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

166. एक अर्धचालक तत्व अपने शुद्ध रूप में एक ..... अर्धचालक कहलाता है और अपने 'डोप्ड' स्वरूप में इसे एक ..... कहा जाता है।
(1) क्रिस्टल, कम्पाउण्ड
(2) डोप्ड, अनडोप्ड
(3) आंतरिक, बाह्य
(4) सामान्य, असामान्य
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

167. अगर किसी ट्रांसफॉर्मर के द्वितीयक वोल्टेज को एक सी. आर. ओ. में डाला जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा मान स्क्रीन पर दिखाई देगा-
(1) औसत वोल्टेज
(2) आर.एम.एस वोल्टेज
(3) उच्चतम वोल्टेज
(4) पीक-टू-पीक वोल्टेज
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (I.T.I.) परीक्षा, 28.07.2013)

168. एक जेनर डायोड का पावर डिसिपेशन
(1) न्यूनतम होता है जब लोड करेंट शून्य होता है
(2) अधिकतम होता है जब लोड करेंट शून्य होता है
(3) हमेशा शून्य होता है
(4) लोड करेंट की भिन्नताओं के बावजूद नियत रहता है।
52. (1) फैराडे का विद्युतचुम्बकीय प्रेरण का नियम या अधिक प्रचलित नाम फैराडे का प्रेरण का नियम विद्युत चुम्बकत्व का एक मौलिक नियम है। ट्रान्सफॉर्मरों, विद्युत जनित्रों आदि की कार्यप्रणाली इसी सिद्धान्त पर आधारित है।

53. (3) फ्यूज़ का तार सीसा और टिन का बना होता है। यह विद्युत परिपथ का एक संरक्षात्मक अवयव है, जोकि परिपथ में नियत मात्रा से अधिक विद्युत धारा बहने पर परिपथ को तोड़ देता है। इस प्रकार परिपथ में लगे अन्य कीमती अवयव खराब होने से बच जाते हैं।

54. (4) विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक चाँदी होता है। इसका परमाणु क्रमांक 47 तथा प्रतीक Ag है। सोना तथा ताँबा भी विद्युत के अच्छे सुचालक हैं। ताँबे के सस्ता होने के कारण विद्युत उपकरणों में इसका प्रयोग बहुतायत होता है।

55. (3) ध्वनि तरंगें अपने साथ चलते समय ऊर्जा ले जाती हैं। ये अनुदैर्ध्य तरंगे होती हैं। जिनकी आवृत्ति 20 H_2 से 20000 H_2 के बीच में होती है। ये तरंगे तीनों माध्यम (ठोस, द्रव, गैस) में संचारित होती हैं। ध्वनि की सर्वाधिक चाल ठोस माध्यम में तथा न्यूनतम गैस में होती है।

56. (1) प्रत्यावर्ती धारा वह धारा है जो किसी विद्युत परिपथ में अपनी दिशा बदलती रहती है। भारत में घरों में विद्युत सप्लाई 220 वोल्टता होता है।

57. (4) एक विद्युत ट्रेन उत्तर की दिशा में जा रही है। इस ट्रेन में धुआँ होगा ही नहीं।

58. (3) सूर्य की किरणें पृथ्वी पर 8 मिनट, 5 सेकण्ड में आ जाती है।

59. (2) हरा (Green) रंग इंद्रधनुष के बीच में उपस्थित होता है। इन्द्रधनुष में पाए जाने वाले 7 रंगों का क्रम है- VIBGYOR (Violet, Indigo, Blue, Green, Yellow Orange, Red)
इंद्रधनुष का निर्माण वर्षा के तुरंत बाद में होता है। जिसमें परावर्तन, पूर्ण आंतरिक परावर्तन तथा अपवर्तन द्वारा वर्ण विक्षेपण होता है।

60. (2) पानी का घनत्व 4°C ताप पर अधिकतम होता है। यही कारण है, की शीतकाल में ठंडे प्रदेशों में नदी की ऊपरी परत पूर्णतः बर्फ में तब्दील होने के बाद भी उसके नीचे मछलियाँ जीवित रहती हैं।

61. (4) चाँदी एक चमकीली व बहुमूल्य धातु है चाँदी सर्वाधिक विद्युत चालक व ऊष्मा चालक धातु है।

62. (1) सूर्य की ऊर्जा का स्रोत नाभिकीय संलयन है। सूर्य के द्रव्यमान का 90% भाग हाइड्रोजन एवं हीलियम का बना है। सूर्य के आंतरिक भाग का ताप लगभग 2 × 107K है। सूर्य के आंतरिक भाग में हाइड्रोजन के नाभिक संलयित होकर हीलियम के कण उत्पन्न करते हैं। जिससे बड़ी मात्रा में ऊर्जा मुक्त होती है।

$$_{1}H^{4} \longrightarrow {}_{2}He^{4} + 2_{+1}e^{0} + \text{ऊर्जा}$$

63. (1) चंद्रमा पर गुरुत्वीय त्वरण का मान पृथ्वी के गुरुत्वीय त्वरण का $\frac{1}{6}$ होता है।

$$\therefore T = 2\pi\sqrt{\frac{l}{g}} \text{ सूत्र से}$$

g का मान कम होने पर 'T' दोलन काल बढ़ जाएगा। अतः घड़ी सुस्त हो जाएगी।

64. (4) जब प्रकाश तरंग एक माध्यम से दूसरे माध्यम में प्रवेश करता है तो तरंग दैर्ध्य परिवर्तित होता है। आवृत्ति नियत रहती है
∵ V = nλ अतः वेग भी बदलता है।

65. (4) यहाँ प्रत्येक भाग = x इकाई

$$\text{कुल दूरी} = 2x \text{ इकाई}$$

$$\text{कुल समय} = \frac{x}{v_1} + \frac{x}{v_2}$$

$$\therefore \text{औसत वेग} = \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$$

$$= \frac{2x}{\frac{x}{V_1} + \frac{x}{V_2}} = \frac{2x}{x(V_2 + V_1)} \quad V_1 V_2$$

$$= \frac{2 V_1 V_2}{V_1 + V_2}$$

66. (2) एक्स-किरणें जिनकी फोटन ऊर्जा 5-10 KeV होती है, उनकी तरंग दैर्ध्य एवं परमाणु का आकार समान होता है। अतः इसका उपयोग क्रिस्टल संरचना के अध्ययन में किया जाता है।

Join Telegram: @apna_library
Search on @pdf.pdf
Scanned with CamScanner

67. (4) मनुष्य के रेटिना पर वास्तविक एवं उल्टा प्रतिबिम्ब बनता है।

68. (4) माना कि अभीष्ट तापमान = x

$$\therefore \frac{x}{5} = \frac{x-32}{9}$$

$$\Rightarrow 9x = 5x - 160$$

$$\Rightarrow 4x = -160$$

$$\Rightarrow x = -40^\circ$$

69. (3) दाब प्रवणता दूरी के सापेक्ष दाबांतर है। दाब के अंतर से वायु उच्च दाब से निम्न दाब की ओर बहती है।

70. (4) फ्रेम पर सेकण्ड पद्धति में द्रव्यमान की इकाई पाउण्ड है।

71. (3) न्यूटन के गति के तीन भौतिक नियम हैं। ये नियम किसी वस्तु पर लगने वाले बल और उससे उत्पन्न उस वस्तु की गति के बीच सम्बन्ध बताते हैं।

72. (1) अश्वशक्ति फैर-SI इकाई का नाम है यह शक्ति की मापन इकाई है। 1 अश्व शक्ति 746 वाट का होता है।

73. (3) इन्द्रधनुष में सबसे बाहर की ओर लाल रंग होता है।

74. (2) फारेनहाइट एक थर्मोडाइनेमिक तापमान पैमाना है। जहाँ पानी का हिमांक बिंदु 32 डिग्री फारेनहाइट और उबाल बिंदु 212 डिग्री F होता है यह उबलते हुए पानी और हिमांक बिंदु को स्पष्ट रूप से 180 डिग्री से अलग करता है।

75. (1) पराश्रव्य शब्द उन ध्वनि तरंगों के लिए उपयोग में लाया जाता है। जिसकी आवृत्ति इतनी अधिक होती है कि वह मनुष्य को कानों से सुनाई नहीं देती। इसलिए 20000 से अधिक आवृत्ति वाली ध्वनि को पराश्रव्य कहते हैं।

76. (4) रेडियो सक्रिय पदार्थ संग्रहित करने के लिए बने पात्र लेड से बने होते हैं। लेड एक धातु एवं तत्व है।

77. (4) 3D फिल्म देखने के लिए प्रयुक्त चश्मे में पोलेरॉइड होता है। पोलेरॉइड कार्बनिक यौगिक हर्पथाइट के अति सूक्ष्म क्रिस्टल नाइट्रोसेलुलोज की बनी पतली प्लास्टिक शीट्स होती है, जिसमें से गुजरने वाले प्रकाश को समतल ध्रुवित प्रकाश में परिवर्तित करती है।

78. (2) डिटरजेंट पृष्ठ तनाव सिद्धांत पर सतहों की सफाई करने का कार्य करता है। पृष्ठ तनाव किसी द्रव के सतह या पृष्ठ का एक विशिष्ट गुण है।

79. (3) चाँदी एक बहुमूल्य धातु है। चाँदी सर्वाधिक विद्युत चालक व ऊष्मा चालक धातु है।

80. (4) गुरुत्वाकर्षण के मामले में सही अवरोही क्रम-पृथ्वी, यूरेनस, नेप्च्यून, शनि

81. (1) दूर दृष्टि वाली आँख देख सकती है। दूर की वस्तुएँ जिसे उत्तल लेन्स का उपयोग करके करते हुए ठीक किया जा सकता है।

82. (4) लक्स (lux) बत्तियों और प्रकाशमान (प्रदीप्त) वस्तुओं से उत्सर्जित प्रकाश की मात्रा मापने का एस. आई मात्रक है। वन लक्स (one lux) से तात्पर्य प्रदान की गई प्रकाश की मात्रा से है जबकि वन ल्यूमेन से तात्पर्य प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में समान रूप से वितरित प्रकाश से है।

83. (1) हॉर्सपावर (hp) शक्ति की मात्रक इकाई है। सामान्यत: विद्युत क्षेत्र में एक हॉर्सपावर (hp) = 1hp = 746 वॉट के समान होता है। 18 वीं शताब्दी में जेम्स वॉट ने घोड़ों द्वारा लगाए गए बल और भाप इंजन द्वारा उत्पादित शक्ति की तुलना करने के लिए हॉर्सपावर शब्द का प्रयोग किया था।

84. (3) जब एक वस्तु वक्र के केन्द्र में स्थित है तो बनने वाला चित्र भी वक्र के केन्द्र में स्थित होगा। इस संदर्भ में चित्र वास्तविक और विपरीत होगा। चित्र की विमाएँ वस्तु की विमाओं के समान होती है।



जब वस्तु को वक्र के केन्द्र पर रखा जाता है।

85. (3) ऊष्मा-गतिकी (thermodynamics) के दूसरे नियम के अनुसार : ऊष्मागतिकी का दूसरा नियम ऊष्मा के प्रवाहित होने की दिशा को व्यक्त करता है। सिस्टम पर बाह्य कार्य किए बिना ऊष्मा को स्वत: ही ठण्डे क्षेत्र से गर्म क्षेत्र में प्रवाहित नहीं किया जा सकता। यह साधारणत: प्रशीतन का प्रमाण है। उदाहरण के लिए : रेफ्रिजरेटर में ऊष्मा ठण्डे क्षेत्र से गर्म क्षेत्र में प्रवाहित होती है। लेकिन रेफ्रिजरेशन (प्रशीतन) पद्धति के अंतर्गत ऐसा केवल बाह्य एजेंट द्वारा बल लगाने पर होता है।

86. (2) एक जेट वायुयान 300 मीटर की दूरी से उड़ान भरते समय प्राय: 100db की ध्वनि उत्पन्न करता है। यद्यपि साधारण: वायुयान की ध्वनि की तीव्रता 140-150db से अधिक होती है। 120db वायुयान की प्रारंभिक ध्वनि मानी जाती है। ध्वनि की तीव्रता में इससे कुछ अधिक वृद्धि से भयानक स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

87. (4) नैनोमीटर स्थानिक माप की एक इकाई है जो 10^{-9} मीटर है या मीटर का एक अरबवां भाग है। यह 10^{-7} सेमी. के बराबर है। परमाणु तत्व की विमाएँ व्यक्त करने के लिए प्राय: नैनोमीटर का प्रयोग किया जाता है। हीलियम परमाणु का व्यास ज्ञात करने के लिए भी नैनोमीटर का प्रयोग किया जाता है, उदाहरण के लिए हीलियम परमाणु का व्यास लगभग 0.1 नैनोमीटर (nm) है।

88. (4) सूर्य एक मुख्य अनुक्रमिक तारा है। यह हीलियम में हाइड्रोजन केन्द्रक के नाभिकीय संलयन द्वारा अपनी ऊर्जा उत्पादित करता है। सूर्य अपने केंद्र में प्रत्येक सेकण्ड 620 मिलियन मैट्रिक टन हाइड्रोजन संलयित (fuses)करता है।

89. (2) जब किसी काँच की छड़ को रेशम से रगड़ा जाता है तो छड़ पर धन आवेश होगा।

90. (3) ध्वनि एक प्रकार का कम्पन या विक्षोभ है जो किसी ठोस, द्रव या, गैस से होकर संचारित होती है मुख्य रूप से उन कम्पनों को ध्वनि कहते हैं। मानव कान लगभग 20Hz से 20000 Hz आवृत्ति की ध्वनि तरंगों को ही सुन सकता है।

91. (2) प्रेशर कुकर में खाना जल्दी पक जाता है। क्योंकि प्रेशर कुकर के अन्दर दाब अधिक होता है।

92. (1) किसी वस्तु के वेग परिवर्तन की दर को त्वरण कहते हैं। इसका मात्रक मीटर प्रति सेकेण्ड^2 होता है यह एक सदिश राशि है।

94. (1) अमीटर किसी परिपथ की किसी शाखा में बहने वाली विद्युत धारा को मापने वाला यन्त्र है।

95. (1) साबुन को जल में घोलने पर जल का पृष्ठ तनाव घट जाएगा।

96. (1) गंदे जल में जमे हुए मच्छरों को नष्ट करने के लिए केरोसिन तेल का उपयोग किया जाता है क्योंकि जल के पृष्ठीय तनाव को कम कर सके।

97. (1) कैंची हाथ से चलाया जाने वाला काटने का उपकरण है। कैंची के दोनों भागों को अवपात ठप्पे से गढ़कर बनाया जाता है। कैंची में दो लीवर होते हैं।

98. (3) चुम्बकीय क्षेत्र में गतिमान न्यूट्रान विक्षेपित नहीं हो सकता।

99. (1) मैंक संख्या का उपयोग विमान की चाल निर्धारण करने में किया जाता है। तरल गतिकी तथा ताप विचरण में प्रयुक्त होने वाली एक विमादीन संख्या।

100. (1) ध्वनि का वेग सबसे ज्यादा इस्पात में होता है।

101. (2) उन कुचालक पदार्थों को परावैद्युत कहते हैं जिनके अन्दर विद्युत क्षेत्र पैदा करने पर वे ध्रुवित हो जाते हैं। परावैद्युत पदार्थ का एक प्रमुख उपयोग संधारित्र की प्लेटों के बीच में किया जाता है। ताकि समान आकार में अधिक धारिता मिले।

102. (3) एक कुंडली में एक 'क्यू' की कोई इकाई नहीं होती है।

103. (2) आर. एफ. सर्किट में प्रयुक्त परिवर्ती मान वाला एक प्रेरण वेरिओमीटर कहलाता है।

104. (2) सेलों को समान्तर क्रम में जोड़ने पर एम्पीयर घण्टे की रेटिंग बढ़ती है। जबकि सेलों को श्रेणीक्रम में जोड़ने पर वोल्टेज क्षमता बढ़ जाएगी।

105. (2) एक शुष्क सेल के उपयोग को अयोग्य घोषित कर दिया जाता है यदि उसका आउटपुट ई. एम. एफ. उसके अंकित मान का 50% बचता।

106. (2) हाइड्रोमीटर वह यंत्र है जिससे किसी भी गणना के, द्रव के घनत्व पढ़े जा सकते हैं। बैटरी में भरे अम्ल का विशिष्ट गुरुत्व हाइड्रोमीटर के माध्यम से मापा जाता है विशिष्ट गुरुत्व की मात्रा ही बैटरी की चार्जिंग या डिस्चार्जिंग को सूचित करता है।

107. (1) नए सेल के चार्ज और निर्वहन की प्रक्रिया साइकिलिंग कहलाती है।

108. (1) एक अच्छे टाँके को जोड़ना, चिकना, साफ, चमकीला, होना चाहिए। अच्छा सोल्डर चमकीला सतह पर आसानी से फैलने वाला व अच्छी पकड़ बनाने वाला होता है।

109. (4) संधारित्र की धारिता, परावैद्युत पदार्थ पर, प्लेटों के क्षेत्र पर, प्लेटों की दूरी पर निर्भर करती है।

110. (1) परावैद्युत का उपयोग संधारित्र की प्लेटों के बीच में किया जाता है जिससे संधारित्र में धारिता के मान को बढ़ाया जा सके।

111. (2) रिबन माइक्रोफोन एक पतली सामान्यत: सिकुड़ी हुई धातु की रिबन का प्रयोग करता है। जो चुंबकीय क्षेत्र में विलंबित होती है। यह रिबन विद्युतीय रूप से माइक्रोफोन के आउटपुट से जुड़ा होता है।

112. (4) तरंग की तरंगदैर्ध्य, तरंग की आवृत्ति, तरंग के आयाम पर निर्भर करती है।

113. (2) ध्वनि तरंगों की आवृत्ति को पिच कहा जाता है। ध्वनि की उच्च आवृत्ति की तरंग में हाई पिच और निम्न आवृत्ति की तरंग में निम्न पिच होती है।

114. (3) आर्सोनिक में अधातु के गुण अधिक और धातु के गुण कम विद्यमान है। N-प्रकार का अर्धचालक तैयार करने के लिए डोपिंग के लिए आर्सेनिक पदार्थ का इस्तेमाल किया जाता है।

115. (4) डायोड एक वैद्युत युक्ति है। अधिकांश डायोड दो सिरों वाले होते हैं। किन्तु ताप-आयनिक डायोड में दो अतिरिक्त सिरे भी होते हैं जिनसे हीटर जुड़ा होता है। डायोड की तुलना स्विच से की जा सकती है।

116. (3) धातु की चादरों को काटने के स्निप उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है।

117. (1) जिनका प्रयोग हाथ के उपकरण में होता है उन उपकरणों को सुरक्षित रखने के लिए उनमें जंग लगने से बचाना चाहिए।

118. (2) धारदार औजार को एक लकड़ी के बक्से में रखना, चाहिए जिसे उसकी धार उतनी ही बनी रहे।

119. (4) तांबा एक भौतिक तत्व है ताम्र धातु विद्युत तथा ऊष्मा का सुचालक हैं तांबा सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाले चालक है क्योंकि ये पतले तारों से बनाया जा सकता, इसकी प्रतिरोधकता कम होती है।

120. (4) निषेध संकेत वृत्ताकार आकार के बनाए जाते है। यह संकेत सफेद बैकग्राउन्ड पर लाल घेरे के अन्दर काले रंग के क्रॉस से बनाए जाते हैं।

121. (2) बुझाने की प्रक्रिया में ऑक्सीजन की आपूर्ति कटौती करके या रोककर दहन प्रक्रिया को नियंत्रित किया जाता है।

122. (3) चेतावनी संकेत पीले रंग के बैकग्राउण्ड पर त्रिभुजाकार के आकार में होता है।

123. (3) दो ताँबे की प्लेटों को कीलक से जोड़ने के लिए ताँबे का होना आवश्यक है धातु झरण या अन्य नुकसान से बचने के लिए धातुओं का प्रयोग किया जाता है।

124. (2) बल एक सदिश राशि है जिससे किसी पिण्ड का वेग बदल सकता है। बल की चुम्बकीय रेखाएँ एक चुम्बक के बाहर उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक स्थानांतरित होती है।

125. (2) चुम्बकीय क्षेत्र विद्युत धाराओं का चुंबकीय प्रभाव है किसी भी बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र दोनों, दिशा और परिणाम द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है। चुम्बकीय क्षेत्र का प्रयोग दो क्षेत्रों के लिए किया जाता है।

126. (3) जब स्पेस के किसी आयतन में कोई पदार्थ नहीं होता तो कहा जाता है कि वह आयतन निर्वात है। निर्वात की स्थिति में गैसीय दाब, वायुमण्डलीय दाब की तुलना में बहुत कम होता है निर्वात को विद्युत शीतलता शून्य होती है।

127. (1) एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक क्लच असेम्बली में इनपुट/आउटपुट डिस्क, प्लन्जर, कन्ट्रोल, सालोनाइड, व एक कन्ट्रोलर होता है यह रिलक्टैंस के पदार्थ द्वारा बनाया जाता है।

128. (1) ए. सी. का औसतन मान लगभग शून्य होता है।

129. (3) ओम रेंज में एक मल्टीमीटर द्वारा एक संधारित्र की जाँच करने पर सूचक एक विलयन दिखाता है और फिर एक उच्च ओमिन भाव पर टिक जाता है तो वह संधारित्र अच्छा कहलाता है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

130. (1) आर. एल. परिपथ में रजिस्टेंस व इंडक्टर का संयोजन होता है। ए.सी. सप्लाई से जोड़ने पर रेजिस्टेंस में वोल्टेज व करंट एक ही फेज में तथा इंडक्टर में विभव धारा से आगे होता है।

131. (2) आर. सी. परिपथ में आर. एल. के बिल्कुल विपरीत होता है। आर. सी. परिपथ में धारा विभव से आगे होती है।

132. (4) ब्रेब ट्रैप सर्किट एक समानान्तर ट्यूण्ड इन्डक्टर केपेसिटर टैंक सर्किट होता है। इसका प्रयोग बैंक स्टॉप फिल्टर की तरह होता है।

133. (1) एक ट्यूण्ड सर्किट में कैपेसिटर व प्रेरक होते हैं। श्रेणीक्रम में जुड़े कैपेसिटर व प्रेरक सीरिज ट्यूण्ड सर्किट बनाते है जबकि समान्तर क्रम में जुड़ने पर समान्तर ट्यूण्ड सर्किट बनाते हैं।

134. (4) एक केबल की धारा वहन क्षमता निर्भर करती है। वो ये है इस्तेमाल होने वाले चालको की किस्मों की संख्या पर, तार के व्यास पर, प्रयुक्त धातु के प्रकार।

135. (1) सोल्डरिंग कार्ड के मध्य में फलक्स व शेष सोल्डरिंग धातु होती है। जो 40 प्रतिशत लेड और 60 प्रतिशत टिन के संयोग से बनती है।

136. (3) प्रतिरोध मापने की मौलिक इकाई ओम है।

137. (2) अज्ञात प्रतिरोध मापने के लिए मल्टीमीटर में प्रतिरोध व्यक्त करने की प्र. सीमा चुनते समय अधिकतम सीमा को चुनते हैं।

138. (2) ओममापी एक वैद्युत उपकरण है जो प्रतिरोध मापने के काम आता है अधिक प्रतिरोध के मापन के लिए मेगोममापी का उपयोग किया जाता है। जिसे आम भाषा में मेगर कहते हैं।

139. (4) फार्म फैक्टर = आर. एम. एस. मान/औसत मान

140. (2) भारत में ए. सी. आपूर्ति की मानक आवृत्ति 50 हर्ट्ज है। भारत में बिजली का मानक वितरण चरणबद्ध तरीके से होता है। एकल चरण में बिजली वितरण 230 वोल्ट में किया जाता है। भारत में बिकने वाले सभी उपकरण अमूल्य 220-240 रेंज वोल्ट के होते हैं।

141. (1) प्रेरक एक वैद्युत अवयव है। जिसमें कोई विद्युत धारा प्रवाहित करने पर यह चुम्बकीय क्षेत्र के रूप में ऊर्जा का भंडारण करता है। एक प्रेरक परिपथ में शक्ति गुणांक लैगिक प्रकृति का होता है।

142. (4) प्रेरक एक वैद्युत अवयव है प्रेरक द्वारा चुम्बकीय ऊर्जा के भंडारण की क्षमता को इसका प्रेरकत्व कहा जाता है प्रेरक को इकाई हेनरी है।

143. (1) दिष्ट धारा वह धारा है जो सदैव एक ही दिशा में बहती है व जिसकी ध्रुवीयता नियत रहती है।

144. (4) पीएम एम सी या डी आर्सोनावल मोटर का इस्तेमाल एक रेक्टिफायर की सहायता से एक डी.सी. और ए.सी. के मापन में किया जाता है।

145. (3) डी.सी. और ए.सी. के मापन में ए. एम. आई. मीटर का इस्तेमाल किया जाता है।

146. (4) यदि दो भिन्न धातुओं की छड़ों के सिरों के बीच पर्याप्त तापान्तर रखा जाए तो छड़ों के युगल में अल्प भाव का डी. सी. विभव पैदा हो जाता है। छड़ों के युगल का यह गुण वैद्युत प्रभाव कहलाता है। थर्मोकपल यन्त्र पीजो-इलैक्ट्रिक सिद्धान्त पर ही कार्य करता है।

147. (2) किसी अमीटर की रेंज बढानी हो तो उसके समान्तर क्रम में शन्ट लगाया जाता है। आजकल डिजिटल अमीटर प्रचलित हो गए हैं।

148. (3) माइक्रोफोन की तुलना में एक डायनेमिक माइक्रोफोन को चुना जाता है। क्योंकि ये विद्युत चुंबकीय प्रवर्तन के माध्यम से कार्य करते हैं वे स्पष्ट, अपेक्षाकृत सस्ते और आर्द्रता के प्रति प्रतिरोधी होते हैं।

149. (1) एक सी. आर. ओ. ट्रिगर कंट्रोल सिग्नल प्रदर्शन की क्षैतिज रोलिंग को नियंत्रित करता है।

150. (2) डी. आई. ए. सी मूल रुप से किसी आधार कनेक्शन के बिना एक पी. एन. पी./एन. पी. एन. ट्रांजिस्टर है।

151. (1) कैडमियम सल्फाइड एक अकार्बनिक यौगिक है। इसका उपयोग निष्क्रिय फोटो-ऊर्ध चालक डिवाइस के निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है।

152. (2) एक डार्लिंगटन फोटो सेंसर में दो सोपानी ट्रांजिस्टर होते हैं।

153. (3) यूपीएस एक ऐसा उपकरण है जो विद्युत से चलने वाले किसी उपकरण को सीमित समय के लिए विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चत करता है। 100 हर्ट्ज से 400 हर्ट्ज तक की आवृत्ति उत्पन्न करता है।

154. (2) उच्चतर आवृत्ति स्थिरता के लिए एक समानांतर-फेड हार्टली ऑसिलेटर के बदले एक सीरीज-फेड सर्किट को प्रयुक्त किया जाता है।

155. (1) क्रिस्टल ऑसिलेटरों की आवृत्ति स्थिर गुण के कारण ट्रांसमीटरों में इनका उपयोग किया जाता है।

156. (3) एक आर. सी. फेज शिफ्ट ऑसिलेटर में उत्पन्न होने वाली आवृत्ति आरसी नेटवर्क का समय नियतांक पर निर्भर करता है।

157. (1) एक सी. आर. ओ. में प्रयुक्त रेखी ओसिलेटर की आवृत्ति सीमा 10 हर्ट्ज से 30 हर्ट्ज पर रखी जाती है।

158. (2) सी. आर. ओ में प्रयुक्त सी. आर. टी के लिए 8 केवो से 10 केवो की पीक के एक उच्च धनात्मक वोल्टेज की आवश्यकता होती है।

159. (2) एक धारा वाहक सोलेनॉइड की भुजबल हेलिक्स रूल का प्रयोग करके निर्धारित की जा सकती है।

160. (1) जब किसी कोर में फील्ड तीव्रता (एच) बढ़ाई जाती हैं फ्लक्स घनत्व (बी) बढ़ जाता हैं

161. (4) चुम्बकीय पदार्थ के अवशिष्ट चुम्बकत्व को परस्पर संतुलित करने के लिए आवश्यक चुम्बकीय बल की मात्रा को कोअर्सिव बल कहा जाता है।

162. (1) संधारित्र विद्युत परिपथ में प्रयुक्त होने वाला दो सिरों वाला एक प्रमुख अवयव है। यदि दो या दो से अधिक चालकों के एक विद्युतरोधी माध्यम द्वारा अलग करके समीप रखा जाए तो यह व्यवस्था संधारित्र कहलाती हैं एक आदर्श संधारित्र विद्युत की खपत शून्य होती है।

163. (4) एक गैंग संधारित्र का इंसुलेशन प्रतिरोध 100 मिलियन ओम होता है।

164. (3) एक कार्बन माइक्रोफोन के कार्बन कणों का प्रतिरोध 100-200 ओम के क्रम में होता है।

165. (2) सार्वजनिक संबोधन प्रणाली में इस्तेमाल किए जाने वाले लाउडस्पीकर को एक हॉर्न लाउडस्पीकर कहा जाता है।

166. (3) एक अर्द्धचालक तत्व अपने शुद्ध रूप में एक आंतरिक अर्द्धचालक कहलाता है। और अपने 'डोप्ड' स्वरूप में इसे एक बाह्य कहा जाता है।

167. (4) ट्रांसफार्मर के द्वितीयक वोल्टेज को एक सी. आर. ओ. में डाला जाता है। तो पीक-टू-पीक वोल्टेज दिखाई देता है।

168. (2) जेनर डायोड एक प्रकार का डायोड है जो एक साधारण डायोड की तरह बिजली के आगे की दिशा में बहने की ही नहीं बल्कि यदि वोल्टेज ब्रेकडान वोल्टेज से जिसे जेनर वोल्टेज भी कहा जाता है। एक जेनर डायोड का पखर डिसिपेशन अधिकतम होता है। जब लोड करेंट शून्य होता है।

169. (3) अलग-अलग क्षमताओं वाले दो संधारित्रों को किसी शृंखला में जोड़ा जाता है। तो छोटे संधारित्र में एकत्रित चार्ज बड़े संधारित्र के चार्ज के समान होता हैं।

170. (2) एम. आई. मीटर में विकर्षण लगाई गई धारा की दिशा पर निर्भर नहीं करता है।

171. (1) इलेक्ट्रोस्टेटिक वोल्टमीटर एक ही ध्रुवीयता से आवेशित दो पिण्ड एक-दूसरे का प्रतिरोध करते है। इलेक्ट्रोस्टैटिक वोल्टमीटर इलेक्ट्रोस्टेटिक चार्जर मीटर में बदल देता है।

172. (3) मेगा ओममीटर एक वैद्युत उपकरण जो प्रतिरोध मापने के काम आता है। मेगर का मुख्य उपयोग मीटर प्रतिरोध को मापना होता है।

173. (1) कार्बन माइक्रोफोन में खराब आवृति प्रतिक्रिया होती है। कार्बन माइक्रोफोन का प्रयोग बड़ी मात्रा में विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए प्रवर्धक के एक रुप में भी किया जाता है।

174. (1) एक कारट्रिज पिक-अप में एक सिरेमिक डिस्टल और एक नीलमणि सुई है।

175. (3) टेप रिकॉर्डर एक एनालॉग ऑडियो स्टोरेज डिवाइस है यह एक ऐसी युक्ति है जो ध्वनि को विद्युत संकेतों में परिवर्तित करती है। और उन्हें एक मैग्नेटिक टेप में संचित करती है।

176. (3) डब्लू. टी. वी. रिसीवर के लिए विशिष्ट ई. एच. टी. वोल्टेज 18 kv है।

177. (2) तस्वीर प्रतिक्रिया को सिंक्रोनाइस रखने के लिए प्रसारण और उसके जनन में अभिमुखता अनुपात 4 : 03 होता है।

178. (4) एक अच्छी गुणवत्ता के एम. सी. आर. के एनोड और कैथोड के बीच मापा गया प्रतिरोध अनन्त होना चाहिए।

179. (4) एसी मोटर की गति को डायक और ट्रायक का उपयोग करके नियन्त्रित किया जा सकता है।

180. (3) परम्परागत चोक की तुलना में इलेक्ट्रानिक चोक का शक्ति गुणांक अधिक होता है। इलेक्ट्रॉनिक्स में चोक एक ऐसा इंडक्टर है जो उच्च आवृत्ति के AC करेंट को विद्युत सर्किट में पास होने से रोकता है। जब निम्न आवृत्ति का DC करेंट विद्युत सर्किट में पास हो रहा हो।

181. (3) आईसी में NOT गेट 7404 होता है।

182. (4) AND गेट में सभी इनपुट उच्च होने पर उच्च आउटपुट देता है।

183. (2) ऐसा उपकरण जो किसी चीज के होने का पता लगाता हो उसे डिटेक्टर कहते है। डिटेक्टर का इनपुट आई. एफ. है।

184. (1) जब किसी भौतिक प्रणाली का कोई पैरामीटर समय के साथ इस प्रकार बदलता है कि उस पैरामीटर के मान को समय के ज्या फलन द्वारा निरूपित किया जा सकता हैं तो उस प्रणाली को सरल आवर्ती दोलक कहते हैं।

185. (2) मारकोनी एंटीना को एच.एफ. आवृत्ति की परिसीमा में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है।

186. (2) एक लूप एंटीना एक क्लोस्ड सर्किट रेडियो एंटीना होता है। एक लूप एंटीना आठ का आँकड़ा की दिशा की विशेषता है।

187. (4) दूरबीन एंटीना का प्रयोग वाकी-टॉकी, मोबाइल प्रेषित्र, मोबाइल संग्राही के साथ किया जाता है।

188. (3) भारत में मोनोक्रोम और रंगीन टीवी की क्षैतिज रेखा आवृत्ति 15625 हर्ट्ज रखी जाती है।

189. (2) पैटर्न जनरेटर से टीवी रिसीवर के प्रदर्शन की जाँच की जाती सकती है।

190. (2) एक संग्राही के आई. एफ. और आर. एफ. संरेखण के लिए पैटर्न जनरेटर का इस्तेमाल किया जाता है।

191. (2) ए. एफ. दोलक का इस्तेमाल श्रव्य आवृत्ति को उत्पन्न करने में किया जाता है।

192. (2) वी.सी.पी./वी.सी.आर. में प्रयुक्त टेप की क्षति को रोकने के लिए पॉज् को 5 मिनट से अधिक समय तक जारी नहीं रखा जाना चाहिए।

193. (3) वी.सी.पी./वी.सी.आर. में प्रयुक्त विडियो टेप की मोटाई 20 माइक्रोन रखी जानी चाहिए।

194. (4) वी.सी.आर. वह उपकरण है जो ऑडियो संकेतों के 'प्लेबैक' रिकॉर्डिंग के लिए डिजाइन किया गया उपकरण है।

195. (4) रडार वस्तुओं का पता लगाने वाली एक प्रणाली है जो सूक्ष्मतरंगों का उपयोग करती है।

196. (3) जब किसी ध्वनि स्त्रोत और श्रोता के बीच आपेक्षिक गति होती है तो श्रोता को जो ध्वनि सुनाई पड़ती है उसकी आवृत्ति मूल आवृत्ति से कम या अधिक होती है। इसी को डॉप्लर प्रभाव कहते हैं।

197. (4) सी.सी.टी.वी. एक कैमरा है। जिसका उपयोग निगरानी करने के लिए किया जाता है। महाविद्यालय, धार्मिक स्थल, मेला, बैंक, चौराहा दुकान आदि जगहों पर प्रयोग किया जाता है।

198. (1) पृथ्वी तल से ऊपर या नीचे जाने पर गुरुत्वीय त्वरण का मान घटता जाता है।

199. (3) एक चलती हुई वस्तु पर कोई बल का प्रयोग न हो तो वो निरंतर गति के साथ चलेगा।

200. (4) चुम्बक वह पदार्थ है जो चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है। चुम्बकीय क्षेत्र अदृश्य होता है। सभी चुम्बकत्व का स्त्रोत विद्युत आवेश है।

201. (4) एक थकी हुई वस्तु में ऊर्जा हो सकती है।

202. (4) प्रकाश का वेग पहली बार रोमर ने खोजा। प्रकाश अनंत गति से यात्रा नहीं करता और उसकी गति सीमित है। जब बृहस्पति पृथ्वी से दूर होता है तब उसमें प्रभाव को पृथ्वी तक पहुँचाने में अधिक समय लगता है।

203. (3) स्टार्च एक पॉलीसेकेराइड कार्बोहाइड्रेट है स्टार्च स्वभाविक रुप से मिलने वाला

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

बहुलक है। जिसका निर्माण ग्लूकोज मोनोसैकेराइड की इकाइयों की एक बड़ी संख्या के आपस में ग्लाइकोसिडिक बंधों द्वारा जुड़ने के कारण होता है।

204. (4) पीला रंग प्राथमिक रंग नहीं होता है।

205. (3) पानी के नीचे एक पनडुब्बी से पानी का सतह पर वस्तुओं को देखने के लिए पेरिस्कोप का प्रयोग किया जाता है।

206. (3) जूल अन्तर्राष्ट्रीय इकाई प्रणाली के अंतर्गत ऊर्जा या कार्य की एक व्युत्पन्न इकाई है।

207. (1) आइंस्टाइन ने $E = mc^2$ की खोज की थी। द्रव्यमान और ऊर्जा समीकरण का सरल सत्यापन- $E = mc^2$, m चिह्न समूह का प्रतिनिधित्व करता है।

208. (1) एक व्यक्ति मशीन के हिस्से में दोष पता करने के लिए अवरक्त किरणों का गलत प्रयोग करता है। एक्स-रे का सही प्रयोग करना चाहिए था।

209. (3) एक चुम्बक के उत्तरी ध्रुव को लगातार एक कंडक्टर की कुण्डली के अंदर और बाहर निकाल जा रहा है जो एक गैलवेनोमीटर से जुड़ा हुआ है। गैलवेनोमीटर का सुई शून्य के दोनों तरफ जाएगा।

210. (3) एक साइकिल चालक के साइकिल के टायर में डायनेमो लगा है और जब तेजी पैडल करता है तब डायनेमो में जो बल्ब लगा है वह उज्ज्वल प्रकाश देता है। क्योंकि कुंडली के संबंध में और अधिक चुंबकीय बल बदलता है और अधिक विद्युत उत्पन्न होता है।

211. (4) जल का सर्वाधिक घनत्व 4° सेल्सियस के तापमान पर पाया जाता है। इसी तापमान पर हाइड्रोजन बॉन्ड का गठन होता है। इस बॉन्ड के गठन से जल के अणु एक संरेखण योजना में एक दूसरे से विलग होते हैं जो तरल अवस्था में उनके पैकिंग को रोकता है।

212. (4) गुरुत्वाकर्षण (g) का मान पृथ्वी के एक स्थान से दूसरे स्थान पर भिन्न होता है। यह पृथ्वी के सम्पूर्ण वृत्ताकार नहीं होने के कारण होता है। गुरुत्वाकर्षण का मान भूमध्यीय रेखा पर न्यूनतम और ध्रुवों पर अधिकतम होता है। भूमध्यीय रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ने पर g के मान में वृद्धि होती है। इसी कारण भौगोलिक दक्षिणी ध्रुव पर स्थित अंटार्कटिका में गुरुत्वाकर्षण का मान सर्वाधिक होगा।

213. (3) जिस प्रकार वायुमंडलीय दबाव में वृद्धि या कमी होती है उसी प्रकार ट्यूब में स्थित पारे के स्तर में भी वृद्धि या कमी होती है। वायुमंडलीय दबाव में अचानक होने वाली कमी तेज आंधी और भारी वर्षा के साथ तूफान आने का सूचक है। वायुमंडलीय दबाव में धीरे-धीरे होने वाली वृद्धि स्थायी या शांत मौसम का सूचक है।

214. (2) इस्पात से निर्मित गोल गेंद को जब पारे (मरकरी) से भरी बाल्टी में डुबोया जाता है तो गेंद सतह पर तैरती है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस्पात का घनत्व (7.75 kg/m^3) पारे के घनत्व (13.5 kg/m^3) की तुलना में काफी कम होता है।

215. (4) 20 हर्ट्ज से कम आवृत्तियों वाली ध्वनि अवश्रव्य ध्वनियाँ कहलाती हैं। 20,000 हर्ट्ज से अधिक आवृत्तियों वाली ध्वनि पराश्रव्य ध्वनियाँ कहलाती हैं। 20 हर्ट्ज से 20,000 हर्ट्ज के मध्य की आवृत्तियों वाली ध्वनि श्रव्य ध्वनियाँ कहलाती हैं जिन्हें मनुष्य सुन सकता है।

216. (3) ध्वनि की तीव्रता मापने के लिए डेसिबल (db) इकाई प्रयोग की जाती है। डेसिबल स्तर पर छोटी श्रव्य ध्वनि' (लगभग शांत ध्वनि) की माप 0 डेसिबल होती है। 10 डेसिबल से तात्पर्य 10 गुना अधिक शक्तिशाली ध्वनि से है।

217. (4) ध्वनि तरंग निर्वात (वैक्यूम) में गति नहीं करती क्योंकि इसे गति करने के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है। ध्वनि तरंगें यांत्रिक तरंगें हैं। विद्युत-चुम्बकीय तरंगों के विपरीत, प्रकाश के समान, यांत्रिक तरंगें निर्वात (वैक्यूम) में गति नहीं करती क्योंकि इन्हें अपने प्रसार के लिए पदार्थ के दोलायमान होने की आवश्यकता होती है।

218. (3) राशि $ut + T$ विमा $= ut + T$

$= Ms^{-1} . s + s = \frac{M.s}{s} + s$

$= Ms = LT$

219. (2) परंपरागत भौतिक नियम $>10^{-8}$ के आकार वाले कणों पर लागू होते हैं क्योंकि $\sim 10^{-8}$ मी. का आकार वह आकार है जब परंपरागत और क्वाण्टम यांत्रिकी के मध्य कोई स्पष्ट सीमा नहीं होती, यह एक सतत परिवर्तन है।

220. (2) सड़क पर घूमने वाले कार के [illegible] के लिए : स्थिर घर्षण > गतिज घर्षण, रॉलिंग घर्षण।

स्थिर घर्षण : यह वह घर्षण है जो [illegible] को विश्राम अवस्था में नियंत्रित करता है।

गतिज घर्षण : यह गति के प्रकार [illegible] ध्यान दिए बिना तब कार्य करता है [illegible] कोई वस्तु चलायमान होती है।

रॉलिंग घर्षण : यह वह न्यूनतम [illegible] घर्षण है जिसे एक लुढ़कने वाली [illegible] चलायमान अवस्था में अनुभव करती है।

221. (2) ध्वनि v का वेग और माध्यम ρ [illegible]

घनत्व है : $\alpha \sqrt{1/\rho}$

ठोस में, ध्वनि का वेग

$V = \sqrt{(G/\rho)}$, यहाँ G शिअर मॉड्यूलस है।

तरल में, ध्वनि का वेग

$V = \sqrt{(K/\rho)}$ यहाँ K बल्क मॉड्यूलस है।

222. (1) बैंगनी प्रकाश के X की रेंज 450-500nm होती है, जो दृश्य वर्णक्रम में प्रकाश के सभी रंगों में सबसे कम है।

223. (3) ऑप्टिकल फाइबर का प्रयोग शरीर के आंतरिक भागों को देखने के लिए किया जाता है, जैसा कि इन्डोस्कोपी में होता है। यह पेप्टिक अल्सर का निरीक्षण करने की एक तकनीक है।

224. (4) दो बिन्दुओं आवेश और दूरी (r) के मध्य लगने वाले बल F के मध्य निम्नलिखित संबंध है:

$F \alpha q.q.$

$F \alpha 1/r^2$

इस प्रकार, कूलंब के स्थिरवैद्युत के नियम के अनुसार,

$F \alpha \frac{q.q}{r^2}$

225. (2) चुम्बकीय प्रवृत्ति को बाह्य क्षेत्र की शक्ति द्वारा विभाजित आन्तरिक घुवण के आकार के रूप में परिभाषित किया जाता है। लौह विद्युत सामग्रियों जैसे आयरन, कोबाल्ट और निकेल की चुम्बकीय प्रवृत्ति अधिक होती है जबकि प्रति-चुम्बकीय मान ऋणात्मक होता है।

226. (2) जब प्रकाश किसी दूसरे माध्यम में प्रवेश करता है तो इसकी आवृत्ति अपरिवर्तित

रहती है, जबकि इसका तरंगदैर्ध्य परिवर्तित हो जाता है और इसके अनुसार इसका वेग भी परिवर्तित हो जाता है।

227. (4) $\frac{C}{5} = \frac{F-32}{9}$

$\Rightarrow \frac{C}{5} = \frac{5-32}{9} = \frac{-27}{9} = -3$

$\Rightarrow C = -3 \times 5 = -15°$

228. (2) हाइग्रोमीटर एक ऐसा उपकरण है जो अंतरिक्ष विज्ञान में आर्द्रता या वायु में जलवाष्प की मात्रा को मापता है। साइक्रोमीटर (Psychrometer) हाइग्रोमीटर का उदाहरण है जो आर्द्रता संबंधित दो थर्मोमीटर को मापता है पहला सूखा बल्ब ताप (dry-bulb temperature) और दूसरा भीगा-बल्ब ताप (Wet-bulb temperature) को मापता है।

229. (4) प्रकाशीय स्पेक्ट्रम के दृश्य प्रकाश (visible light) जिसका तरंगदैर्ध्य 400 nm से 700 nm होता है। यह प्रकाश संश्लेषी सक्रिय विकिरण (PAR) कहलाता है। दृश्य रंग (visible colour) के कम से ज्यादा तरंगदैर्ध्य का क्रम : बैंगनी (Violet), नीला (Blue), हरा (Green), पीला (Yellow), नारंगी (Orange) और लाल (Red) है। पराबैंगनी तरंगदैर्ध्य 100 nm से 400 nm होता है जबकि अवरक्त तरंगदैर्ध्य 740 nm से ज्यादा होता है।

230. (1) जब किसी वस्तु पर बल लगाकर विस्थापन उत्पन्न किया जाता है तो बल (Force) द्वारा किया गया कार्य (Work), बल तथा बल की दिशा में विस्थापन के गुणनफल के बराबर होता है। कार्य एक अदिश राशि (Scalar quantity) है। इसका मात्रक न्यूटन मीटर है, जिसे जूल (Joule) कहते हैं। जूल ऊर्जा का भी मात्रक है।

231. (1) प्रकाश वर्ष (Light Year) दूरी का मात्रक है जिससे खगोलीय दूरी को दर्शाया जाता है। एक प्रकाश वर्ष निर्वात् (Vaccum) में प्रकाश के द्वारा एक वर्ष में चली गई दूरी है, जो 9.4605284×10^{15} मीटर के बराबर होती है।

232. (3) विद्युत चुम्बकीय तरंगें (Electromagnetic waves) को संचरण के लिए माध्यम की आवश्यकता नहीं होती तथा वे तरंगें निर्वात् (Vaccum) में भी संचरित हो सकती हैं। जैसे- गामा किरणें, एक्स किरणें (x-rays), पराबैंगनी किरणें, दृश्य विकिरण, अवरक्त विकिरण आदि।

यांत्रिक तरंगें (Mechanical waves) वे यांत्रिक तरंगें जो किसी पदार्थिक माध्यम (ठोस, द्रव, गैस) में संचरित होती है। पदार्थ की माध्यम के उपस्थिति में इसकी ऊर्जा एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित होती है।

233. (4) प्लैंक स्थिरांक, फोटॉन के ऊर्जा से उस फोटॉन के आवृत्ति संबंधी समानता के स्थिरांक को कहते हैं। इसका मान लगभग 6.626×10^{-34} joule-second है। प्लैंक स्थिरांक आधारभूत घटना कोणीय संवेग के क्वांटाइजेशन (quantization) जैसा है और इसका प्रयोग हाइजेनबर्ग के अनिश्चितता सिद्धांत में होता है।

234. (2) भौतिकी और भौतिक (प्राकृतिक) विज्ञान में, क्यूरी ताप (TC) या क्यूरी बिंदु वह ताप है जो अपना चुंबकीय गुण हमेशा के लिए खो देता है और उसकी जगह चुंबकत्व प्रेरण (induced magnetism) ले लेता है। पियरे क्यूरी (Pierre curie) के बाद क्यरी ताप (Curic temprature) का नाम पड़ा है जो यह दिखाता है कि एक क्रांतिक ताप (Critical temperature) पर वस्तु अपना चुम्बकत्व को खो देता है।

235. (1) दर्पण में दर्पण के सतह से वस्तु की दूरी बराबर होता है तो प्रतिबिंब की दूरी प्राप्त होती है। इस प्रकार, अगर वस्तु की दूरी = u (जैसा कि प्रतिबिंब दर्पण के दूसरे भाग से प्राप्त होता है।)

इस प्रकार, प्रतिबिंब और वस्तु के बीच की दूरी $= 2u$ ... (1)

अब अगर दर्पण वस्तु/व्यक्ति के समीप हो तो चाल (Speed) v है। तब इकाई समय में दर्पण के द्वारा तय की गई दूरी = v units

इस प्रकार, इकाई समय में वस्तु और प्रतिबिंब के बीच की दूरी $= u - v$

इसलिए, वस्तु और इसकी प्रतिबिंब के बीच की दूरी $= 2(u - v)$ ... (2)

समीकरण (1) और (2) से, इकाई समय (1 सेकण्ड) में वस्तु और प्रतिबिंब के बीच की दूरी $2v$ के द्वारा घटता है।

इस प्रकार, वस्तु की सापेक्ष के साथ प्रतिबिंब की चाल $= 2v$.

236. (2) वेन के विस्थापन नियम (Wein's Displacement Law) के द्वारा,

$\lambda_m T = \lambda'_m T'$

$\frac{T}{T'} = \frac{\lambda'_m}{\lambda_m}$

$= \frac{4.8 \times 10^{-7}}{3.6 \times 10^{-7}} = \frac{4}{3}$

237. (4) अनुदैर्ध्य तरंगें वे तरंगें होती हैं जिनमें माध्यम का विस्थापन उसी दिशा में होता है, या लहर के प्रसार की दिशा विपरीत दिशा में होता है। इस तरह की तरंगों में ध्वनि तरंगें और भूकंप द्वारा निर्मित भूकंपीय प्राथमिक तरंगें शामिल हैं। हालाँकि, भूकंप की तरंगें प्राकृतिक होती हैं।

238. (2) समुद्र के खुले सतह के पानी का अक्सर नीला दिखाई देने का कारण प्रकाश का अवशोषण और प्रकीर्णन होता है। आकाश में नीली रोशनी के प्रकीर्णन के समान, प्रकाश की नीली तरंगदैर्ध्य प्रकीर्णित होती है, लेकिन साफ समुद्री पानी के प्रकीर्णन की तुलना में अधिक अवशोषण इसका बड़ा कारक है।

239. (4) प्रकाश की गति निर्वात में अधिकतम 300,000 किलोमीटर प्रति सेकंड होती है जिसका अपवर्तक सूचकांक 1.0 होता है। वायु और कोई अन्य माध्यम, इसे "अपवर्तनांक" के रूप में जाना जाने वाले कारक द्वारा धीमा कर देता है। माध्यम का अपवर्तनांक जितना अधिक होगा प्रकाश की गति उतनी ही कम होगी। यह सूत्र के अनुसार इस प्रकार है :

माध्यम में गति

$= \frac{\text{निर्वात में प्रकाश की गति}}{\text{माध्यम का अपवर्तनांक सूचकांक}}$

इस प्रकार, दिए गए माध्यम के अपवर्तक सूचकांक हैं : पानी : 1.3, तारपीन का तेल : 1 : 47, शीशा : 1.5, नायलॉन : 1.53.

240. (2) लेक्लांशे सेल का उपयोग इलेक्ट्रिक अलार्म, सायरन, टेलीफोन इत्यादि में किया जाता है। ऐसी कोशिकाओं में, NH_4Cl का एक संतृप्त घोल एक ग्लास कंटेनर में लिया जाता है, जिसमें जस्ता रॉड कैथोड

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

की तरह कार्य करता है और कार्बन रॉड को मैंगनीज ऑक्साइड (MnO_2) के मिश्रण में रखा जाता है जो एनोड की तरह कार्य करता है। ईएमएफ का मान 1.5 वोल्ट है। इस प्रकार के सेलों का उपयोग वहाँ किया जाता है जहाँ विद्युत प्रवाह नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होता है।

241. (1) स्प्रिंग का टूटना एक भौतिक परिवर्तन है क्योंकि कोई भी नया पदार्थ नहीं बनता है और साथ ही परिवर्तन प्रतिवर्ती होता है। एक जलती हुई मोमबत्ती में, भौतिक और रासायनिक दोनों परिवर्तन होते हैं। ठोस मोम तरल मोम के पिघलने और तरल मोम का वाष्पीकरण भौतिक परिवर्तन हैं। वाष्प का जलना एक रासायनिक परिवर्तन है।

242. (1) आमतौर पर धातु की सुई पानी में डूब जाती है क्योंकि उनमें पानी की तुलना में घनत्व अधिक होता है। हालांकि, जब इसे क्षैतिज रूप से रखा जाता है और सुई द्वारा लगाया गया दबाव सतह के तनाव से कमजोर होता है, तो यह तैर सकता है।

243. (3) अवतल दर्पणों का उपयोग आमतौर पर न केवल वाहनों की हेडलाइट्स में किया जाता है, बल्कि टार्च और सर्च-लाइट्स में प्रकाश के शक्तिशाली समानांतर बीम प्राप्त करने के लिए, प्रकाश के स्रोत को अवतल दर्पण के फोकस पर रखकर प्रकाश को लंबी दूरी पर केंद्रित करने के लिए किया जाता है। जब हेडलाइट का बल्ब अवतल दर्पण के फोकस पर रखा जाता है, तो यह प्रकाश अनंत (लंबी दूरी) तक फैल जाता है।

244. (4) जरादृष्टि (Presbyopia) उम्र से संबंधित एक स्थिति है। इस स्थिति में आंख का लेंस आकार को आसानी से नहीं बदलता है जैसा कि उसने एक बार किया था, जिससे उसे पढ़ना या देखना अधिक मुश्किल हो जाता है। यह उन आँखों में देखा जाता है जो मायोपिया के साथ-साथ हाइपरमेट्रोपिया से भी ग्रस्त होते हैं। इसे ठीक करने के लिए बाईफोकल लेंस का प्रयोग किया जाता है, जिसमें दोनों प्रकार के लेंस होते हैं: उत्तल और अवतल।

245. (4) एक चिमनी का मूल कार्य आग की ओर दहन वायु को खींचना और फ्लू (flue) गैसों को फ्लू (या स्मोकस्टैक) के माध्यम से बाहर निकालना है। यह संवहन के सिद्धांत पर काम करता है। जब हवा गर्म हो जाती है, तो इसका घनत्व कम हो जाता है, जिससे गर्म हवा ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। यह ऊपर की ओर का प्रवाह नीचे की जगह में कम दबाव बनाता है, जो बदले में ठंडी हवा में खींचता है।

246. (1) एक्स-किरण या एक्स रे (X-Ray) एक प्रकार का विद्युत चुम्बकीय विकिरण है जिसकी तरंगदैर्ध्य 0.01 से 10 नैनोमीटर और ऊर्जा 100 eV से 100 keV के रेंज में होती है। एक्स किरणों में अल्ट्रा वॉयलेट तरंगों की अपेक्षा कम तरंगदैर्ध्य (उच्च ऊर्जा) तथा सामान्यतः गामा किरणों से अधिक तरंगदैर्ध्य (कम ऊर्जा) होती है। यह चिकित्सा में निदान (diagnostics) के लिये सर्वाधिक प्रयोग की जाती है। यह एक प्रकार का आयनकारी विकिरण है, इसलिए खतरनाक भी है। इसे रॉण्टजन विकिरण भी कहते हैं, जो कि इसके अन्वेषक विल्हेल्म कॉनरॅड रॉण्टजन के नाम पर आधारित है।

247. (1) अल्ट्रासोनिक तरंगों का उपयोग रक्तहीन सर्जरी के साथ-साथ दाँतों के दर्द रहित चिकित्सा आदि में किया जाता है। यह असामान्य कोशिकाओं को समाप्त कर सकता है, जैसे कि प्रोस्टेट ग्रंथि के सुसाध्य हाइपरप्लासिया में। इस तकनीक को HIFU (उच्च तीव्रता केंद्रित अल्ट्रासाउंड) के रूप में जाना जाता है।

248. (3) अवतल दर्पण, जिसे अभिसरण दर्पण के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग सौर कुकरों में किया जाता है क्योंकि यह अनन्त से आने वाली प्रकाश किरणों को एक बिन्दु पर परावर्तित करता है ताकि भोजन पकाने के लिए बिन्दु पर अधिक ऊष्मा उत्पन्न हो। यह सूर्य की सभी अवरक्त किरणों को एक बिन्दु पर परावर्तित करता है जो वास्तव में उसे गर्म करता है।

249. (2) टॉर्च में शुष्क सेल का उपयोग किया जाता है। यह अनिवार्य रूप से एक धातु इलेक्ट्रोड या ग्रेफाइट रॉड (तात्विक कार्बन) से बना होता है, जो धातु सिलेंडर में संलग्न नम इलेक्ट्रोलाइट पेस्ट में बंद होता है। टार्च में शुष्क सेल का उपयोग किया जाता है क्योंकि सेल के भीतर ही विद्युत ऊर्जा उत्पन्न होती है। इसे ड्राई सेल कहा जाता है क्योंकि इसमें कोई तरल नहीं होता है।

250. (1) प्रकाश के दृश्य स्पेक्ट्रम के छोर पर नीला और अदृश्य अल्ट्राइवॉयलेट के छोर पर बैंगनी रंग होता है। बैंगनी एक प्रकाश तरंगदैर्ध्य वाला रंग है जिसका तरंगदैर्ध्य लगभग 280-450 नैनोमीटर होता है। वह प्रकाश जिसका तरंगदैर्ध्य बैंगनी रंग से कम होता है लेकिन एक्स-रे और गामा से अधिक होता है - अल्ट्रावॉयलेट कहा जाता है।

251. (2) अधिकांश प्रतिरोध तार हीटिंग तत्व जैसे इलेक्ट्रिक आयरन 80/20 (80% निकेल, 20% क्रोमियम) तार का उपयोग करते हैं। नाइक्रोम 80/20 एक आदर्श सामग्री है, क्योंकि इसमें अपेक्षाकृत कम प्रतिरोध होता है और यह क्रोमियम ऑक्साइड की एक सुसंगत परत बनाता है जब इसे पहली बार गर्म किया जाता है। इस परत के नीचे की सामग्री ऑक्सीकरण नहीं करती, जो तार को टूटने या बार-बार जलने से रोकती है।

252. (1) ट्रान्सफॉर्मर या परिणामित्र एक बैद्युत मशीन है जिसमें कोई चलने या घूमने वाला अवयव नहीं होता। विद्युत उपकरणों में सम्भवतः ट्रान्सफॉर्मर सर्वाधिक व्यापक रूप से प्रयुक्त विद्युत साधित्र (अवयव) है। यह किसी एक विद्युत परिपथ (circuit) से अन्य परिपथ में विद्युत प्रेरण द्वारा परस्पर जुड़े हुए चालकों के माध्यम से विद्युत उर्जा स्थानान्तरित करता है। ट्रांसफॉर्मर केवल प्रत्यावर्ती धारा के विभवान्तर के साथ कार्य कर सकता है, एकदिश (direct) के साथ नहीं।

253. (1) गुरुत्वाकर्षण या केवल गुरुत्वाकर्षण के कारण त्वरण का मान पृथ्वी पर 9.8 m/s^2 है। G का मान पृथ्वी पर स्थिर नहीं है क्योंकि गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी के केंद्र से कार्य करता है जो एक गोला नहीं है। इस प्रकार, चूंकि पृथ्वी का व्यास ध्रुव से भूमध्य रेखा तक भिन्न होता है। इसी प्रकार, गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी की सतह से ऊपर उठने के साथ ही घटता जाता है क्योंकि अधिक ऊँचाई का अर्थ है पृथ्वी के केंद्र से अधिक दूरी।

254. (2) तापमान में वृद्धि के साथ एक तरल का पृष्ठ तनाव घट जाता है। इस प्रकार, गर्म सूप का पृष्ठ का तनाव ठंडे की तुलना में कम है और इसलिए गर्म सूप किसी व्यक्ति की जीभ के बड़े क्षेत्र में फैलता है। यह गर्म सूप को ठंडे सूप की तुलना में अधिक स्वादिष्ट बनाता है।

255. (3) ध्वनि के लिए प्रयुक्त 'इन्फ्रासोनिक' शब्द अश्रव्य ध्वनि की आवृत्तियों के नीचे के ध्वनि तरंगों को संदर्भित करता है, और इसमें नाममात्र से 20 हर्ट्ज के तहत कुछ भी शामिल है। प्रकृति में अपश्रव्य ध्वनि के स्रोतों में ज्वालामुखी, हिमस्खलन, भूकंप और उल्कापिंड शामिल हैं।

256. (3) एक विद्युत मोटर एक विद्युत मशीन है जो विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करती है। यह मोटर के भीतर बल उत्पन्न करने के लिए एक विद्युत मोटर के चुंबकीय क्षेत्र और घुमावदार धाराओं के बीच अन्योन्य क्रिया के माध्यम से संचालित होता है। विद्युत मोटर का विपरीत विद्युत जनरेटर है जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

257. (3) अल्बर्ट आइंस्टीन एक सैद्धांतिक भौतिक शास्त्री थे। ये सापेक्षता के सिद्धान्त और द्रव्यमान ऊर्जा समीकरण $E = mc^2$ के लिए जाने जाते हैं।

258. (3) जब किसी माध्यम का ताप बढ़ता है तो उस माध्यम में प्रकाश का वेग-अपवर्तित रहता है। इसका कारण यह है कि, प्रकाश के वेग पर तापमान का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। निर्वात में प्रकाश का वेग लगभग 3 लाख किमी./सेकण्ड है।

259. (2) डायनमो मूल रूप से विद्युत जनरेटर का दूसरा नाम है। डायनमो यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

260. (3) जस्ता एक रासायनिक तत्त्व है जो संक्रमण धातु का एक सदस्य है। लोहे पर जस्ता चढ़ाने से लोहा जंग खाने से बचा रहता है। और जस्ते का प्रयोग बैट्रियों में भी बहुत होता है।

261. (1) बैरोमीटर – वायुदाब मापने के लिए।
थर्मामीटर – ताप मापने के लिए।
एनीमोमीटर – वायु की गति बल तथा दिशा मापने के लिए
हेक्टोमीटर – मीट्रिक प्रणाली में लंबाई का एक असामान्य रूप से इस्तेमाल की इकाई है, जो एक सौ मीटर के बराबर है।

262. (1) फ्लेमिंग के बाएँ हाथ का नियम एक स्मृतिसहायक विधि है जो चुम्बकीय क्षेत्र में स्थित किसी धारावाही चालक पर लगने वाले चुम्बकीय बल की दिशा बताने के लिए प्रयोग किया जाता है।

263. (3) किसी अवतल लेंस के सामने रखी हुई वस्तु का प्रतिबिम्ब हमेशा उल्टा एवं वास्तविक होता है।

264. (3) अवतल दर्पण एवं उत्तल दर्पण दोनों ही किसी गोले के कटे भाग होते हैं। अतः इस गोले की त्रिज्या दर्पण की वक्रता त्रिज्या (r) कहलाती है। किसी दर्पण की फोकस दूरी, उसकी वक्रता त्रिज्या की आधी होती है।

265. (3) तरंगों के माध्यम से ऊर्जा का स्थानान्तरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता है। ध्वनि तरंगे भी अपने साथ ऊर्जा लेकर चलती हैं।

266. (4) न्यूटन का तृतीय नियम-प्रत्येक क्रिया के बराबर, परंतु विपरीत दिशा में प्रतिक्रिया होती है। उदाहरण- रॉकेट को उड़ाने में। संवेग संरक्षण का सिद्धांत- यदि कणों के किसी समूह या निकाय पर कोई बाह्य बल नहीं लग रहा हो तो उस निकाय का कुल संवेग नियत रहता है। अर्थात् टक्कर के पहले और बाद का संवेग बराबर होता है।

267. (1) अवतल दर्पण पर मुख्य अक्ष के समानान्तर पड़ने वाली किरण परावर्तित होकर दर्पण के फोकस से गुजरेगी, चूँकि इस दर्पण की प्रकृति अभिसारी होती है।

268. (2) एक लंबी परिनालिका जिससे विद्युतधारा प्रवाहित हो रही हो के अक्ष पर चुंबकीय क्षेत्र B उत्पन्न होता है। अगर विद्युत धारा दोगुनी हो जाए, तो नया चुंबकीय क्षेत्र 2B होगा।

269. (2) त्रिज्या r की वृत्ताकार कुण्डली पर धारा i के कारण चुंबकीय क्षेत्र

$$B = \frac{\mu_0 n_i}{2r} \text{ होगा,}$$

चूँकि दूसरी कुंडली पर धारा i का मान दोगुना होता है। अतः उसके केन्द्र पर चुंबकीय क्षेत्र का मान भी दोगुना होगा।

270. (3) लेन्स की क्षमता

$$= \frac{1}{\text{फोकस दूरी (मीटर में)}}$$

$$0.5 = \frac{1}{f} \Rightarrow f = \frac{1}{0.5} = 2 \text{ मीटर}$$

उत्तल लेंस की क्षमता धनात्मक तथा अवतल लेंस की क्षमता ऋणात्मक होती हैं।

271. (3) आपतित किरण और अभिलम्ब के बीच के कोण को आपतन कोण कहा जाता है। इसके विपरीत, परावर्तित किरण और अभिलम्ब के बीच के कोण को परावर्तन कहा जाता है। परावर्तन के नियम के अनुसार आपतन कोण परावर्तन कोण के समान होता है।

272. (3) प्रत्यावर्ती धारा वह धारा है जो किसी विद्युत परिपथ में अपनी दिशा बदलती रहती हैं। इसके विपरीत दिष्ट धारा समय के साथ अपनी दिशा नहीं बदलती है। प्रत्यावर्ती धारा या प्रत्यावर्ती विभव का परिमाण (मैग्निट्यूड) समय के साथ बदलता रहता है और वह शून्य पर पहुँचकर विपरीत चिन्ह का (धनात्मक से ऋणात्मक या इसके उल्टा) भी हो जाता है।

273. (1) जब सूर्य का प्रकाश प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो वह अपवर्तन के पश्चात् प्रिज्म के आधार की ओर झुकने के साथ-साथ विभिन्न रंगों के प्रकाश में बाँट जाता है। इस प्रकार से प्राप्त रंगों के समूह को वर्णक्रम या वर्णपटल कहते हैं। वर्णपट्टी शब्द का इस्तेमाल सब से पहले ऑप्टिक्स में किया गया था जहाँ इन्द्रधनुष के रंगों में अनगिनत विविध ताएँ देखी गईं।

274. (3) किसी वस्तु के वेग परिवर्तन की दर को त्वरण (Acceleration) कहते हैं। यदि समय के साथ वस्तु का वेग बढ़ता या घटता है तो ऐसी स्थिति के त्वरित गति कहते हैं, जबकि यदि समय के साथ वस्तु का वेग घटता है, तो त्वरण ऋणात्मक होता है जिसे मन्दन कहते हैं। यदि किसी वस्तु के वेग और समय में परिवर्तन समान हों, तब उस त्वरण को नियत त्वरण कहते हैं। प्रश्न में दिया गया ग्राफ समान गति (uniform motion) को दर्शाता है जिसमें त्वरण शून्य है।

275. (3) न्यूटन के प्रथम गति नियम के अनुसार प्रत्येक वस्तु या पिंड तब तक अपनी विरामावस्था में रहता है जब कोई बाह्य बल यह बदलने के लिए विवश नहीं करता। इसे जड़त्व का नियम भी कहा जाता है। उदाहरणस्वरूप, कार या गाड़ी में असावधानी से बैठे यात्री कार या गाड़ी के सम्पर्क में है, यह हिस्सा गाड़ी के साथ-साथ चलने लगता है, परन्तु ऊपरी हिस्सा जड़त्व के कारण विरामावस्था में ही बना रहता है।

276. (1) एक कंडक्टर के माध्यम से एक विद्युत प्रवाह के पारित होने पर ऊष्मा का ह्रास होता है जिसे जूल हीटिंग कहते हैं। इस

Join Telegram: @apna_library
#apnalibrary
Scanned with CamScanner

प्रकार उत्पन्न ऊर्जा चालक में विद्युत प्रवाह के वर्ग के समानुपाती होती है। इस संबंध को जूल के नियम द्वारा दर्शाया जाता है।

277. (4) अपवर्तन के नियम के अनुसार, किन्हीं दो माध्यमों के लिए आपतन कोण के ज्या तथा अपवर्तन कोण के ज्या (sine) का अनुपात एक नियतांक होता है। अर्थात

$$\frac{\sin i}{\sin r} = \frac{v_1}{v_2} = \frac{\mu_2}{\mu_1}$$ जहां, i एवं r क्रमशः डेकार्ट के नॉर्मल से मापा कोण, v संबंधित माध्यम में प्रकाश का वेग, और μ संबंधित माध्यम का अपवर्तनांक है।

278. (1) न्यूटन के सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त के अनुसार यदि m_1 और m_2 भार वाले दो बिंदु परस्पर d दूरी पर स्थित हैं, तब उनके बीच कार्य करनेवाले गुरुत्वाकर्षण बल को $F = G\frac{m_1 m_2}{d^2}$ से दर्शाया जाता है, जहाँ G एक सार्वत्रिक नियतांक है जिसका मान सभी पदार्थों के लिए एक जैसा रहता है। इसे गुरुत्व नियतांक (Gravitational Constant) कहते हैं।

प्रश्न के अनुसार, $F = G\left(m_1 \times \frac{m_2}{d^2}\right)$

$= G\left(\frac{5\times10}{100}\right)$

$= G\left(\frac{50}{100}\right) = \frac{G}{2}$ न्यूटन

279. (4) प्रश्न के अनुसार, वस्तु का प्रारंभिक वेग (u) = 18 किमी/घंटा और अंतिम वेग (v) = 36 किमी/घंटा है।

प्रारंभिक वेग (u) = 18 किमी/घंटा = $18 \times \frac{5}{18}$ = 5 मी./से.

इसी प्रकार, अंतिम वेग (v) = 36 किमी/घंटा

$= 36 \times \frac{5}{18}$ = 10 मी./से.

त्वरण (acceleration) = (अंतिम वेग - प्रारंभिक वेग)/समय, अथवा

$\frac{(v-u)}{t} = \frac{(10-5)}{100} = \frac{5}{100}$

$= \frac{1}{20}$ मी/से.

प्रश्न के अनुसार, वस्तु का भार 5 किलोग्राम है,

इसीलिए, बल का मान = वस्तु का भार × त्वरण $= 5 \times \frac{1}{20} = 0.25$ न्यूटन

280. (1) जब दो समानान्तर तारों से एक ही दिशा में विद्युत प्रवाहित हो, तब तारों के बीच उन धाराओं द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र विपरीत दिशाओं में लगते हैं जिस कारण वे एक दूसरे को आकर्षित करते हैं। यदि दो समानान्तर तारों से विपरीत दिशा में विद्युत प्रवाहित हो, तब वे एक दूसरे को विकर्षित करते हैं।

281. (3) लोहे की तीली भरी हुई एक नाव तालाब के पानी में तैर रही है। जब लोहे की तीली को हटा दिया जाए तब पानी का स्तर वही रहेगा। यह आर्कमिडिज के सिद्धांत पर काम करता है। यह सिद्धांत कहता है कि जब कोई वस्तु किसी द्रव में पूरी अथवा आंशिक रूप से डुबोई जाती है तो उसके भार में कमी का आभास होता है। भार में यह कमी आधारी कमी वस्तु द्वारा लगाये गये द्रव के भार के बराबर होती है।

282. (4) आकाश में उड़ते पक्षी में उँचाई के कारण स्थितिज उर्जा एवं गति के कारण गतिज उर्जा होती है।

गतिज उर्जा– किसी वस्तु में उसकी गति के कारण कार्य करने की क्षमता आ जाती है, उसे उस वस्तु का गतिज उर्जा कहते हैं।

स्थितिज उर्जा– जब किसी वस्तु में विशेष अवस्था या स्थिति के कारण कार्य करने की क्षमता आ जाती है, तो उसे स्थितिज उर्जा कहते हैं।

283. (4) गति का सूत्र $s = ut + \frac{1}{2}at^2$

जहाँ, u = पिण्ड

t = समय

a = त्वरण

$s = t$ सेकण्ड में तय की गई दूरी।

284. (1) ध्वनि एक तरंग है, जो वस्तु के कंपन से उत्पन्न होती है तथा हमारे कान में संवेदना उत्पन्न करती है। ध्वनि की तीव्रता का निर्धारण आयाम से होता है।

285. (2) परिपथ का प्रतिरोध

$= 2 + 2 + 2 = 6\Omega$

$\therefore I = \frac{3.0}{6} = 0.5$ A

286. (2) ध्वनि का वेग अधिकतम ठोस में होता है। किसी माध्यम (जैसे- ठोस, जल, लोहा) में ध्वनि 1 सेकण्ड में जिनकी दूरी तय करती है उसे उस माध्यम में ध्वनि का वेग कहते हैं।

287. (3) एक अवतल दर्पण के अक्ष पर एक वस्तु दर्पण के वक्रता केन्द्र पर रखी है। दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब एवं उसके ध्रुव के बीच की दूरी $2f$ के बराबर होगी।



288. (2) किसी वस्तु के द्रव्यमान एवं वेग के गुणनफल को संवेग कहते हैं।

$p = mv$

$p \propto v$ जहाँ m नियतांक है।

यदि v दूगना होता है तो सवेग (p) भी दुगुना हो जाएगा।

289. (3) किसी तरंग के तरंगदैर्ध्य (λ) तरंग के वेग (v) तथा तरंगों की आवृत्ति (f) में निम्नलिखित संबंध होता है।

$\lambda = \frac{v}{f}$ प्रश्नानुसार यदि गैस में तरंग वायु की अपेक्षा दोगुनी हो तो गैस में तरंग का वेग,

$v = 340 \times 2$ मी./सेकण्ड होगा।

$= 680$ मी./सेकण्ड होगा।

$\lambda \propto v$

290. (2) एम्पीयर का लघु रूप amp है। विद्युत धारा या विद्युत आवेश की मात्रा प्रति सेकण्ड की इकाई है। एम्पीयर विद्युत धारा की इकाई है।

291. (1) जिस भौतिक राशि में मात्रा (परिमाण) तथा दिशा दोनों होते हैं उन्हें सदिश राशि कहते हैं। उदाहरण- वेग, प्रतिबल, संवेग इत्यादि।

292. (2) न्यूटन के गति का प्रथम नियम-प्रत्येक पिंड तब तक अपनी विरामावस्था अथवा सरल रेखा में एक समान गति की अवस्था में रहता है जब तक कोई बाह्य बल उसे अन्यथा व्यवहार करने के लिए विवश नहीं करता। इसे जड़त्व का नियम भी कहा जाता है।

293. (3) एक वोल्टमीटर बिजली के सर्किट में दो बिन्दुओं के मध्य क्षमता के अंतर को मापने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक साधन है।

294. (2) आपतन या सूर्यातप किसी कालावधि में किसी क्षेत्रफल पर पड़ने वाले सौर विकिरण की माप है। विश्व मापन संगठन ने इसे मापने के लिए MJ/m² (मेगाजूल प्रति वर्ग मीटर) J/mm² (जूल प्रति वर्ग मिलीमीटर) संस्तुत किया है।

295. (2) एक गोली टकराती है और एक अनुप्रस्थ घर्षणहीन मेज पर पड़े एक ठोस ब्लॉक में धँस जाती है। इस प्रक्रिया में केवल संवेग की राशि सुरक्षित है। किसी वस्तु के द्रव्यमान एवं वेग के गुणनफल को संवेग कहते हैं।

296. (4) किसी पहाड़ पर चढ़ते समय गियर अनुपात या तो 1 के समान या 1 से अधिक होना चाहिए। गियर अनुपात से 'तात्पर्य' आंतरिक गियर के कोणीय वेग और बाह्य गियर के कोणीय वेग के अनुपात से है। यह वाहन के इंजन को बंद होने से रोकता है।

297. (4) एक स्ट्रिंग को दूसरे के अंत में जोड़ने की प्रक्रिया शृंखला बंधन कहलाती है। जब हम + ऑपरेटर का प्रयोग करते हुए स्ट्रिंग कनस्टैन्ट्स या स्ट्रिंग लिटरल्स को कन्कैटेनेट करते हैं तो कंपाइलर सिंगल स्ट्रिंग का निर्माण करता है। स्ट्रिंग केवल रन टाइम में ही कनकैटेनेटेड हो सकते हैं और कनकैटेनेशन की प्रक्रिया रन करने में कोई समय नहीं लगता है।

298. (1) एम.सी.बी. (मनिएचर सर्किट ब्रेकर) इसके कार्य करने के लिए दो प्रकार की व्यवस्थाएँ हैं–

(i) धारा के अति उच्च (या लघु पथन) होने पर उष्मीय प्रभाव

(ii) धारा के अति उच्च (या लघु पथन) होने पर विद्युत चुंबकीय प्रभाव।

299. (1) भौतिकी में जब कोई पिण्ड ऐसी गति करता है कि उसकी गति का पथ एक वृत्त हो तो ऐसी गति को वृत्तीय गति कहते हैं। यदि पिण्ड का कोणीय वेग चर हो तो इस प्रकार की वृत्तीय गति को असमान वृत्तीय गति कहते हैं।

300. (1) संवेश प्रवाह काम की वह मात्रा है जो तंत्र प्रति एकक समय में कर सकता है।

301. (1) जिस भौतिक राशि में मात्रा (परिमाण) तथा दिशा दोनों निहित होते हैं, उन्हें सदिश राशि कहते हैं। उदाहरण- वेग, बल, संवेग इत्यादि।

302. (2) परावर्तक सतह तक ध्वनि के जाने और वापस आने में कम-से-कम $\frac{1}{10}$ सेकण्ड का समय लगना चाहिए।

अतः $\frac{2x}{v} = \frac{1}{10}$

[$\because v = 330$ मी./से.]

$\Rightarrow \frac{2x}{330} = \frac{1}{10}$

$x = \frac{330}{2\times10} = 16.5$ मीटर

303. (2) केशिकत्व– एक ऐसी खोखली नली, जिसकी त्रिज्या बहुत कम तथा एक समान होती है, केशनली कहलाता है। केशनली में द्रव के ऊपर चढ़ने या नीचे दबने की घटना को केशिकत्व कहते हैं।

केशिकत्व के उदाहरण–

(1) ब्लॉटिंग पेपर–स्याही का शीघ्र सोखना

(2) पौधों की जड़ों से इसके पत्तों तक पानी का ऊपर उठना।

(3) सूती कपड़े पर पानी की बूँदों का फैलना

(4) वर्षा के बाद किसानों द्वारा जुताई करना।

304. (3) हुक के नियम से विकृति वस्तु में कार्य करने वाले प्रतिबल की समानुपाती होती है।

किसी वस्तु पर लगाया गया बल किसी बिंदु विशेष पर कार्य न कर उसके किसी तल पर कार्य करता है। अतः इस आंतरिक प्रतिक्रिया की माप इकाई क्षेत्र पर कार्यरत बल से की जाती है, जिसे प्रतिबल कहते हैं।

इसी प्रकार बाह्य बल के फलस्वरूप किसी वस्तु की इकाई लंबाई में उत्पन्न परिवर्तन विकृति कहलाती है।

305. (3) एक कार और भरी हुई एक ट्रक रास्ते पर समान गति से चलते हैं। ट्रक से तुलना की जाए तो कार कम गतिज उर्जा धारण करेगी।

306. (2) 1 किलो ग्राम के पदार्थ के तापमान को 1 डिग्री सेंटीग्रेट बढ़ने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा को पदार्थ की 'विशिष्ट ऊष्मा धारिता' (Specific heat capacity) कहते हैं।

विशिष्ट ऊष्मा का SI मात्रक जूल किलो-ग्राम$^{-1}$ केल्विन$^{-1}$ होगा। जल की विशिष्ट ऊष्मा का मान (1 कैलोरी/ग्राम °C) अन्य पदार्थों की तुलना में सबसे अधिक होती है।

307. (2)

$R_1 = 140\ \Omega$

$R_2 = 250\ \Omega$

$R_3 = 220\ \Omega$

$\therefore R_{total} = R_1 + R_2 + R_3$ ..... (श्रेणीक्रम समूहन में)

$= 140 + 250 + 220\ \Omega$

$= 610\ \Omega$

308. (1) यदि Solenoid (परिनालिका) की लम्बाई उसकी त्रिज्या की तुलना में बहुत बड़ी हो, अर्थात् $L >> r$ तो solenoid के अक्ष पर लगभग समान चुम्बकीय क्षेत्र होता है,

$H = \frac{IN}{L}$

यह चुम्बकीय क्षेत्र Solenoid के बाहर जाते ही बहुत तेजी से शून्य हो जाता है।

(4) मेथिल सैलिसिलेट
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

416. यूरिया की पहचान की जा सकती है
(1) बाइयूरेट परीक्षण द्वारा
(2) बेनेडिक्ट परीक्षण द्वारा
(3) ल्यूकास परीक्षण द्वारा
(4) मुलिकन परीक्षण द्वारा
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

417. CH_3CONH_2 उदाहरण है एक-
(1) अम्ल का (2) एमाइड का
(3) कीटोन का (4) एमीन का
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

418. कौन-सा बहुलक गर्म करने पर मृदु नहीं होता ?
(1) पॉलीथिन (2) पॉलीस्टिरीन
(3) पी वी सी (4) बैकेलाइट
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

419. उस यौगिक का चयन करें जिसमें अचक्रीय हाइड्रोजन हो-
(1) ऐसीटिलीन (2) मीथेन
(3) एथिलिन (4) बेंजीन
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

420. सूखी बर्फ है-
(1) ठोस कार्बन डाईऑक्साइड
(2) जमा हुआ पानी
(3) मीथेन हाइड्रेट
(4) द्रवित नाइट्रोजन
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

421. (S_3O_9) सल्फरट्राइऑक्साइड त्रितयणु में S-S बन्ध की संख्या है-
(1) दो (2) एक
(3) शून्य (4) तीन
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

422. एथिलीन से एथिल क्लोराइड का निर्माण किसका उदाहरण है?
(1) योगात्मक का
(2) उन्मूलन का
(3) प्रतिस्थापन का
(4) बहुलकीकरण का
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

423. निम्न अभिक्रिया को साम्यवस्था पर बंद पात्र में करवाने पर $CaCO_3$ को डालने पर CO_2 की साम्य सांद्रता पर क्या परिवर्तन आएगा ?

$$CaCO_3(S) \rightleftharpoons CaO(S) + CO_2(g)$$

(1) कुछ कहा नहीं जा सकता
(2) घटेगा
(3) कोई परिवर्तन नहीं होगा
(4) बढ़ेगा
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

424. गैस अणुओं की औसत गतिज ऊर्जा सीधे आनुपातिक है-
(1) $\sqrt{T}$ (2) T
(3) 2T (4) T^2
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

425. निम्नलिखित में से किस धातु की धातु ऑक्साइड बनाने की प्रवृति सबसे ज्यादा है?
(1) Ca (2) Cr
(3) Fe (4) Al
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

426. खुली शृंखला वाले हाइड्रोकार्बन जिनमें C = C बंध होता है, कहलाते हैं-
(1) एल्कीन
(2) एल्काइन
(3) एल्काडाईन
(4) ऐल्केन
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

427. प्लास्टर ऑफ पेरिस कठोर होता है-
(1) $CaCO_3$ में परिवर्तित होकर
(2) पानी से मिलकर
(3) गरम करके
(4) CO_2 देकर
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

428. हाइड्रोजन पॉक्साइड है-
(1) एक अपचायक
(2) ऑक्सीकारक एवं अपचायक दोनों
(3) ना तो ऑक्सीकारक और ना ही अपचायक
(4) एक ऑक्सीकारक
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

429. एन्ट्रॉपी की इकाई है-
(1) J mol^{-1}
(2) J^{-1} $K^{-1}mol^{-1}$
(3) J K mol^{-1}
(4) J K^{-1} mol^{-1}
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

430. CaH_2 में, हाइड्रोजन की ऑक्सीजन अवस्था है-
(1) +2 (2) 0
(3) –1 (4) +1
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

431. सी.एन.जी. (C.N.G.) का पूरा नाम है:
(1) स्वच्छ प्राकृतिक गैस (Clean Natural Gas)
(2) कोल प्राकृतिक गैस (Coal Natural Gas)
(3) संपीड़ित प्राकृतिक गैस (Compressed Natural Gas)
(4) स्वच्छ नाइट्रोजन गैस (Clean Nitrogen Gas)
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

432. सिट्रिक अम्ल, मुक्त अम्ल के रूप में होता है:
(1) इमली में (2) दूध में
(3) सेब में (4) नींबू में
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

433. निम्न में से किसका pH मान 7 है ?
(1) शुद्ध पानी
(2) उदासीन विलयन
(3) क्षारीय विलयन
(4) अम्लीय विलयन
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

434. कार्बन (C) की संयोजकता क्या है?
(1) 12 (2) 4
(3) 6 (4) 2
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

435. जल में हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन की परमाणु संख्याओं का अनुपात है:
(1) 1 : 1 (2) 2 : 1
(3) 1: 3 (4) 3 : 1
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

436. कार्बन का कौन-सा अपरूप काँच को काटने में उपयोग किया जाता है ?
(1) ग्रेफाइट (2) ग्रेफीन
(3) हीरा (4) फुलरीन
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

437. निम्न में कौन सा दुर्बल अम्ल है ?
(1) CH_3COOH
(2) H_2SO_4
(3) HNO_3
(4) HCl
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

438. नाभिकीय संलयन अभिक्रिया घटती है:
(1) कम ताप पर
(2) अत्यधिक उच्च ताप पर
(3) कम दाब पर
(4) अधिक ताप तथा कम दाब पर
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

439. कौन सी एक तरल धातु है ?
(1) सोडियम (2) चांदी
(3) पारा (4) सोना
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

440. निम्न में से कौन-सा भौतिक एवं रासायनिक दोनों प्रकार के परिवर्तन का उदाहरण है?
(1) मोमबत्ती का जलना
(2) केले का पकना
(3) जंग लगना
(4) बर्फ का पिघलना
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

441. प्लास्टर ऑफ पेरिस कठोर हो जाता है-
(1) केवल CO_2 के साथ मिश्रण करने पर
(2) केवल $CaCO_3$ के साथ मिश्रण करने पर
(3) केवल H_2O के साथ मिश्रण करने पर
(4) केवल गर्म करने पर
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

442. बेकिंग सोडा है सोडियम _____
(1) हाइपोक्लोराइड
(2) कार्बोनेट
(3) हाइड्राक्साइड
(4) बाइकार्बोनेट
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

443. डी.आई. मेण्डलीफ को श्रेय दिया जाता है:
(1) विद्युतऋणात्मक श्रेणी के लिए
(2) परमाणु आयतन आलेख के लिए
(3) तत्वों की आवर्त सारणी के लिए
(4) रेडियोधर्मी श्रेणी के लिए
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

444. बादल या कोहरा किस कोलॉइडी निकाय का उदाहरण है?
(1) ठोस, गैस में परिक्षिप्त
(2) गैस, गैस में परिक्षिप्त
(3) द्रव, गैस में परिक्षिप्त
(4) ठोस, द्रव में परिक्षिप्त
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

445. अक्षय (नवीकरणीय) ऊर्जा के स्रोत का उदाहरण है:
(1) कोयला
(2) पेट्रोलियम
(3) प्राकृतिक गैस
(4) सूर्य
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

446. इस्पात तथा लोहे को जंग से सुरक्षित रखने के लिए उन पर यशदलेपन की प्रक्रिया में एक पतली परत निम्न की है-
(1) ताँबा
(2) ऐल्युमिनियम
(3) जस्ता
(4) बॉक्साइट
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

447. बायोगैस का मुख्य घटक है
(1) मेथेन (2) इथेन
(3) प्रोपेन (4) ब्यूटेन
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

448. साइट्रिक अम्ल मुक्त अम्ल के रूप में होता है–
(1) इमली में (2) सिरके में
(3) सेब में (4) नींबू में
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

449. खुली वायु में कुछ दिन छोड़ देने पर सिल्वर की वस्तुएँ काली हो जाती है क्योंकि उन पर _____ की परत बन जाती है।
(1) सिल्वर क्लोराइड
(2) सिल्वर सल्फेट
(3) सिल्वर नाइट्रेट
(4) सिल्वर सल्फाइड
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

450. सौर सेल बनाने के लिए कौन-सा पदार्थ उपयोग किया जाता है?
(1) सिलिकॉन
(2) कार्बन
(3) लेड (सीसा)
(4) ऐलुमीनियम
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

451. रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है–
(1) जल का जमना
(2) चीनी का पिघलना
(3) दूध का खट्टा होना
(4) लवण का क्रिस्टलीकरण
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

452. नाइट्रोजन गैस, वायुमंडल में कितने % में उपस्थित है?
(1) 50% (2) 7%
(3) 21% (4) 78%
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

453. अम्लीय वर्षा निम्न के ऑक्साइडों के कारण होती है–
(1) कार्बन
(2) केवल नाइट्रोजन
(3) केवल सल्फर
(4) सल्फर और नाइट्रोजन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

454. परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में विद्युत उत्पन्न करने के लिए किस समस्थानिक का उपयोग किया जाता है?
(1) यूरेनियम 235
(2) आयोडीन 131
(3) कोबाल्ट 60
(4) यूरेनियम 238
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

455. संपीड़ित प्राकृतिक गैस कौनसी गैस होती है?
(1) प्रोपेन (2) मीथेन
(3) ईथेन (4) ब्यूटेन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

456. एक अधातु, जो कमरे के तापमान पर द्रव के रूप में मिलती है, वह है–
(1) Hg (2) Cl
(3) Na (4) Br
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

457. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
(1) प्रकाश संश्लेषण
(2) बहुलकीकरण
(3) उबलता हुआ पानी
(4) दहन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

458. प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाया जाता है–
(1) चूने के पत्थर से
(2) जिप्सम से
(3) संगमरमर से
(4) बॉक्साइट से
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

459. कार्बन-मुक्त परमाणु ऊर्जा से उत्पन्न होने वाले हाइड्रोजन का क्या नाम है?
(1) गुलाबी हाइड्रोजन
(2) काला हाइड्रोजन
(3) पीला हाइड्रोजन
(4) सफेद हाइड्रोजन
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

460. निम्नलिखित में से थर्मल पॉवर प्लान्ट में किस एक का प्रयोग किया जाता है?
(1) यूरेनियम
(2) थोरियम
(3) वायु
(4) जीवाश्म इंधन (फॉसिल फ्यूल)
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

461. निम्नलिखित में से किसमें टंगस्टन का प्रयोग किया जाता है?
(1) धातु निष्कर्षण
(2) विद्युत् बल्ब
(3) कुचालक
(4) टेक्सटाइल उत्पादन
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

462. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्लीय है?
(1) लेमन जूस (2) टमाटर
(3) दूध (4) उपर्युक्त सभी
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

463. निम्नलिखित में से कौन-सा, नीले लिट्मस को लाल में बदल देगा?
(1) सिरका
(2) चूने का पानी
(3) बेकिंग सोडा का घोल
(4) वॉशिंग सोडा का घोल
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

464. HCl घोल का pH 4 है। घोल की मोलरिटी निम्नलिखित में से क्या है?
(1) 4.0 M
(2) 0.4 M
(3) 0.0001 M
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

465. कॉस्टिक पोटाश का रासायनिक सूत्र है
(1) NaOH
(2) $Ca(OH)_2$
(3) NH_4OH
(4) KOH
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

466. रासायनिक भाषा में मोरचा (जंग लगना) क्या है?
(1) हाइड्रेटेड फेरस ऑक्साइड
(2) केवल फेरिक ऑक्साइड
(3) हाइड्रेटेड फेरिक ऑक्साइड
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

467. CO_2 और H_2 दोनों गैसें होती हैं
(1) हवा से भारी
(2) रंगहीन
(3) प्रकृति में अम्लीय
(4) पानी से घुलनशील
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

468. लेड सल्फेट का रासायनिक सूत्र है।
(1) Pb_2SO_4
(2) $Pb(SO_4)_2$
(3) $PbSO_4$
(4) $Pb_2(SO_4)_3$
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

469. वसायुक्त भोजन बासी/गंधयुक्त हो जाते हैं। बताइए कि निम्नलिखित में से किस क्रिया के कारण ऐसा होता है।
(1) उपचयन (ऑक्सीकरण)
(2) क्षरण
(3) अपचयन
(4) हाइड्रोजनीकरण
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

470. हम सिल्वर क्लोराइड को गहरे रंग की बोतल में रखते हैं
(1) क्योंकि यह सफेद ठोस है
(2) अपचयन और उपचयन अभिक्रिया होने के कारण
(3) सूर्य के प्रकाश की क्रिया से बचाने के लिए
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

471. प्राकृतिक स्रोत तथा अम्ल (एसिड) के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?
(1) टमाटर : ऑक्सैलिक एसिड
(2) संतरा : एसिटिक एसिड
(3) बिछुआ डंक : लैक्टिक एसिड
(4) इमली : मेथानोइक एसिड
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

472. पेट्रोलियम उद्योग में मुख्य शुद्धिकरण/पृथक्करण कार्यविधि है–
(1) क्रोमैटोग्राफी
(2) आंशिक आसवन
(3) वाष्प आसवन
(4) अवसादन
(पटना उच्च न्यायलय परीक्षा, 30.04.2023)

473. समुद्र के पानी से नमक को अलग करने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग नहीं किया जाता है?
(1) वाष्पीकरण
(2) सेंट्रीफ्यूगेशन
(3) क्रिस्टलीकरण
(4) (1) और (3) दोनों
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

474. निम्नलिखित में से किसमें सबसे अधिक न्यूट्रॉन होते हैं?
(1) $^{59}_{26}Fe$ (2) $^{61}_{29}Cu$
(3) $^{61}_{30}Zn$ (4) $^{60}_{30}Zn^{2+}$
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

475. बुलेटप्रूफ स्क्रीन (गोली अमेघ आवरण) में निम्नलिखित में से किस शीशा का प्रयोग किया जाता है?
(1) सोडा ग्लास
(2) पाइरेक्स ग्लास
(3) जेना ग्लास
(4) पॉली कार्बोनेट ग्लास
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

476. तत्व X, जिसका परमाणु क्रमांक 16 है, वह है-
(1) एक धातु
(2) एक उपधातु
(3) एक अधातु
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

477. कार्बन टेट्राक्लोराइड और पानी के मिश्रण को अलग करने के लिए निम्न में से किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?
(1) सेंट्रीफ्यूगेशन
(2) सेपरेटिंग फर्नल
(3) आसवन
(4) आंशिक आसवन
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

Scanned with CamScanner

478. एक घोल में 450 ग्राम पानी और 50 ग्राम सामान्य नमक है। घोल की सान्द्रता है-
(1) 500%
(2) 50%
(3) 10%
(4) 80%
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

479. वर्मीकम्पोस्ट होता है-
(1) एक अकार्बनिक उर्वरक
(2) एक विषैला पदार्थ
(3) एक जैविक जैव उर्वरक
(4) एक कृत्रिम उर्वरक
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

480. एक परमाणु इकाई के क्रिटिकल बनने का अर्थ है-.
(1) यह रेटेड क्षमता तक बिजली पैदा कर रहा है।
(2) यह रेटेड क्षमता से कहीं अधिक उत्पादन करने में सक्षम है
(3) परमाणु प्रसार का खतरा है
(4) ईंधन नाभिक के स्वतः विभाजन के कारण बनने वाली शृंखला स्थापित हो गई है।
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

481. निम्न में से किसका उपयोग काँच पर लिखने में किया जाता है?
(1) सिलिकन
(2) ग्रेफाइट
(3) हाइड्रोजन क्लोराइड
(4) हाइड्रोजन आयोडाइड
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

482. निम्न में से कौन-सा मिश्रण नहीं है?
(1) आसवित जल
(2) वायु
(3) दूधमिश्रित पेय
(4) आयोडीकृत नमक
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

483. _____ एक आवश्यक तत्व है, जिसका उपयोग प्रोटीन के संश्लेषण में किया जाता है।
(1) नाइट्रोजन
(2) मैंगनीज
(3) फॉस्फोरस
(4) जिंक
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

484. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस लैंडफिल से उत्पन्न होती है?
(1) तरल पेट्रोलियम गैस
(2) सल्फर डाइऑक्साइड
(3) मीथेन
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

485. खाने के डिब्बों पर जिंक के बजाय टिन की परत चढ़ी होती है, क्योंकि
(1) टिन की तुलना में जिंक अधिक प्रतिक्रियाशील है
(2) जिंक, टिन की तुलना में महँगा है
(3) टिन की तुलना में जिंक का गलनांक अधिक होता है
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

486. इमली में कौन-सा अम्ल है?
(1) लैक्टिक अम्ल
(2) मेथेनॉइक अम्ल
(3) टार्टरिक अम्ल
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

487. निम्नलिखित में से किसका, pH, 7 से अधिक है?
(1) सिरका
(2) गैस्ट्रिक जूस
(3) रक्त प्लाज़्मा
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

488. शुष्क बुझे हुए चूने पर क्लोरीन गैस की क्रिया से कौन-सा पदार्थ बनता है?
(1) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(2) कैल्शियम क्लोराइड
(3) विरंजक चूर्ण
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

489. लोहे के बुरादे में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालने से क्या होता है?
(1) कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है
(2) हाइड्रोजन गैस और आयरन क्लोराइड का उत्पादन होता है
(3) क्लोरीन गैस और आयरन हाइड्रॉक्साइड बनते हैं
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

490. ट्विटर के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) कौन है?
(1) पराग अग्रवाल
(2) एलोन मस्क
(3) लिंडा याकारिनो
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

491. प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षारक से बने लवण का pH मान क्या है?
(1) 7 से कम
(2) 10 और 14 के बीच
(3) 7 से अधिक
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

492. सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया से सोडियम क्लोराइड और जल बनते हैं। यह कौन-सी अभिक्रिया है?
(1) विघटन (2) संयोजन
(3) उदासीनीकरण
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

493. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल-क्षार का संकेतक है?
(1) हल्दी
(2) खाने वाला सोड़ा
(3) सिरका
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-II)

संक्षिप्त उत्तर

1. (1)	2. (2)	3. (1)	4. (3)
5. (1)	6. (3)	7. (2)	8. (3)
9. (1)	10. (2)	11. (3)	12. (4)
13. (2)	14. (1)	15. (2)	16. (1)
17. (1)	18. (3)	19. (1)	20. (3)
21. (4)	22. (4)	23. (4)	24. (2)
25. (3)	26. (1)	27. (2)	28. (2)
29. (4)	30. (*)	31. (1)	32. (4)
33. (1)	34. (4)	35. (3)	36. (4)
37. (1)	38. (4)	39. (2)	40. (2)
41. (4)	42. (2)	43. (3)	44. (3)
45. (2)	46. (1)	47. (3)	48. (1)
49. (3)	50. (2)	51. (1)	52. (1)
53. (2)	54. (2)	55. (3)	56. (1)
57. (4)	58. (1)	59. (3)	60. (2)
61. (2)	62. (2)	63. (1)	64. (2)
65. (4)	66. (2)	67. (4)	68. (2)
69. (1)	70. (2)	71. (1)	72. (3)
73. (3)	74. (1)	75. (2)	76. (3)
77. (4)	78. (2)	79. (2)	80. (1)
81. (3)	82. (3)	83. (3)	84. (1)
85. (3)	86. (1)	87. (3)	88. (3)
89. (3)	90. (1)	91. (1)	92. (4)
93. (4)	94. (2)	95. (1)	96. (3)
97. (2)	98. (1)	99. (3)	100. (2)
101. (1)	102. (2)	103. (3)	104. (2)
105. (1)	106. (3)	107. (3)	108. (1)
109. (4)	110. (1)	111. (1)	112. (1)
113. (3)	114. (3)	115. (2)	116. (3)
117. (1)	118. (1)	119. (1)	120. (3)
121. (3)	122. (2)	123. (3)	124. (1)
125. (3)	126. (3)	127. (1)	128. (3)
129. (1)	130. (4)	131. (1)	132. (3)
133. (3)	134. (2)	135. (1)	136. (4)
137. (1)	138. (2)	139. (3)	140. (1)
141. (4)	142. (2)	143. (3)	144. (4)
145. (2)	146. (1)	147. (4)	148. (2)
149. (1)	150. (2)	151. (1)	152. (2)
153. (4)	154. (1)	155. (2)	156. (1)
157. (3)	158. (3)	159. (4)	160. (1)
161. (2)	162. (1)	163. (3)	164. (3)
165. (2)	166. (3)	167. (1)	168. (1)
169. (1)	170. (1)	171. (4)	172. (3)
173. (1)	174. (4)	175. (3)	176. (2)
177. (3)	178. (4)	179. (*)	180. (2)
181. (2)	182. (3)	183. (2)	184. (3)
185. (3)	186. (4)	187. (1)	188. (4)
189. (2)	190. (1)	191. (3)	192. (1)
193. (1)	194. (4)	195. (1)	196. (4)
197. (1)	198. (1)	199. (1)	200. (1)
201. (3)	202. (2)	203. (1)	204. (2)
205. (1)	206. (2)	207. (4)	208. (3)
209. (4)	210. (2)	211. (3)	212. (3)
213. (*)	214. (2)	215. (1)	216. (3)
217. (4)	218. (2)	219. (1)	220. (3)
221. (1)	222. (3)	223. (4)	224. (1)
225. (4)	226. (2)	227. (3)	228. (4)
229. (4)	230. (2)	231. (4)	232. (4)
233. (3)	234. (3)	235. (4)	236. (4)
237. (2)	238. (3)	239. (4)	240. (4)
241. (3)	242. (4)	243. (3)	244. (2)
245. (4)	246. (3)	247. (1)	248. (2)
249. (3)	250. (4)	251. (4)	252. (2)
253. (1)	254. (4)	255. (3)	256. (3)
257. (2)	258. (2)	259. (1)	260. (3)
261. (2)	262. (4)	263. (3)	264. (3)
265. (4)	266. (1)	267. (4)	268. (2)
269. (2)	270. (4)	271. (1)	272. (2)
273. (4)	274. (2)	275. (2)	276. (3)
277. (2)	278. (2)	279. (1)	280. (3)
281. (2)	282. (2)	283. (1)	284. (4)
285. (1)	286. (3)	287. (4)	288. (1)
289. (2)	290. (4)	291. (1)	292. (1)
293. (1)	294. (2)	295. (2)	296. (1)
297. (3)	298. (3)	299. (2)	300. (1)
301. (4)	302. (4)	303. (3)	304. (4)
305. (2)	306. (1)	307. (4)	308. (2)
309. (4)	310. (3)	311. (3)	312. (4)
313. (3)	314. (2)	315. (*)	316. (3)
317. (4)	318. (4)	319. (1)	320. (3)
321. (4)	322. (1)	323. (2)	324. (3)
325. (1)	326. (1)	327. (1)	328. (4)
329. (3)	330. (1)	331. (2)	332. (4)
333. (4)	334. (2)	335. (4)	336. (4)
337. (1)	338. (3)	339. (3)	340. (3)
341. (4)	342. (4)	343. (1)	344. (3)
345. (1)	346. (3)	347. (2)	348. (3)
349. (3)	350. (2)	351. (1)	352. (1)
353. (4)	354. (3)	355. (4)	356. (*)
357. (2)	358. (2)	359. (3)	360. (1)
361. (1)	362. (2)	363. (3)	364. (1)
365. (3)	366. (4)	367. (1)	368. (3)
369. (1)	370. (4)	371. (2)	372. (4)
373. (3)	374. (3)	375. (4)	376. (1)
377. (2)	378. (3)	379. (3)	380. (2)
381. (3)	382. (1)	383. (1)	384. (2)
385. (2)	386. (3)	387. (1)	388. (2)
389. (1)	390. (1)	391. (2)	392. (2)
393. (2)	394. (3)	395. (1)	396. (1)
397. (2)	398. (3)	399. (4)	400. (3)
401. (1)	402. (3)	403. (3)	404. (4)
405. (1)	406. (2)	407. (3)	408. (4)
409. (2)	410. (2)	411. (3)	412. (3)
413. (1)	414. (5)	415. (4)	416. (5)
417. (2)	418. (4)	419. (2)	420. (1)
421. (3)	422. (1)	423. (3)	424. (2)
425. (1)	426. (1)	427. (2)	428. (2)
429. (4)	430. (3)	431. (3)	432. (4)
433. (*)	434. (2)	435. (2)	436. (3)
437. (1)	438. (2)	439. (3)	440. (1)
441. (3)	442. (4)	443. (3)	444. (3)
445. (4)	446. (3)	447. (1)	448. (4)
449. (4)	450. (1)	451. (3)	452. (4)
453. (4)	454. (1)	455. (2)	456. (4)
457. (3)	458. (2)	459. (1)	460. (4)
461. (2)	462. (4)	463. (1)	464. (3)
465. (4)	466. (3)	467. (2)	468. (1)
469. (1)	470. (3)	471. (1)	472. (2)
473. (2)	474. (2)	475. (4)	476. (3)
477. (2)	478. (3)	479. (3)	480. (4)
481. (3)	482. (1)	483. (1)	484. (4)
485. (1)	486. (3)	487. (3)	488. (3)
489. (2)	490. (3)	491. (1)	492. (3)
493. (1)			

उत्तर व्याख्यासहित

1. (1) बायोगैस वह गैस मिश्रण है जो ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में जैविक सामग्री के विघटन से उत्पन्न होती है। बायोगैस का मुख्य घटक मीथेन होता है मीथेन 50 से 75% तक होता है।

2. (2) जल में जैव-रासायनिक ऑक्सीजन की माँग की अधिकतम मात्रा 3 m.g./liter होनी चाहिए। जैव-रासायनिक ऑक्सीजन माँग (BOD) जल में ऑसीजन का मापक है। इससे जल में कार्बनिक पदार्थों का जैव रासायनिक अपघटन होता है जैसे- जैव निम्नीकरणीय पदार्थ।

3. (1) ए. एम. यू. (परमाण्विक द्रव्यमान इकाई) 1.6735×10^{-24} ग्राम के समतुल्य है।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

4. (3) हीरा, ग्रेफाइट, कोयला आदि कार्बन के अपरूप हैं। जिसमें हीरा अत्यधिक कठोर तथा ग्रेफाइट बहुत नरम है।

हीरा- ताप एवं विद्युत का कुचालक है तथा इसका अपवर्तनांक 2.417 होता है। अतः पूर्ण परावर्तन के कारण यह बहुत चमकता है।

ग्रेफाइट- विद्युत का सुचालक होता है, तथा इसका अपेक्षिक घनत्व 2.2 होता है। इसे काला शीशा भी कहा जाता है। इसका उपयोग पेंसिल बनाने में होता है।

5. (1) निर्जलीकरण एक रासायनिक क्रिया है शरीर में अत्यधिक मात्रा में तरल पदार्थ समाप्त हो जाना निर्जलीकरण कहलाता है। निर्जलीकरण में सोडियम क्लोराइड की कमी हो जाती है सोडियम क्लोराइड अथवा नमक इसका सबसे सामान्य यौगिक है।

6. (3) न्यूट्रॉन एक आवेश रहित मूलभूत कण है जो परमाणु के नाभिक में प्रोटोन के साथ पाए जाते हैं। जेम्स चेडविक ने इनकी खोज की थी। इसे N प्रतीक चिन्ह द्वारा दर्शाया जाता है।

7. (2) ग्रेफाइट कार्बन का एक बहुरूप है ग्रेफाइट का उपयोग पेन्सिल की लीड तथा घड़ियों की कमानी बनाने में होता है ब्लैक लैड ग्रेफाइट को कहते हैं।

8. (3) रॉकेट एक प्रकार का वाहन है जिसके उड़ने का सिद्धान्त न्यूटन के गति के तीसरे नियम क्रिया तथा बराबर एवं विपरीत प्रतिक्रिया पर आधारित है। रॉकेट के ईंधन के प्रयोग किया जाने वाला कृत्रिम रबर नीयोप्रीन है।

9. (1) हीलियम एक रासायनिक तत्त्व है जो प्रायः गैसीय अवस्था में रहता है। हीलियम (He) परमाणु भार 4 है। हीलियम का अन्तराण्विक बल सबसे क्षीण होता है।

10. (2) जिंक एक रासायनिक तत्त्व है जो संक्रमण धातु समूह का एक सदस्य है लोहे पर जस्ता चढ़ाने से लोहा जंग खाने से बचा रहता है और जस्ता का प्रयोग बैट्रियों में भी बहुत होता है।

11. (3) ताँबा एक भौतिक तत्त्व है इसका संकेत Cu है इसकी परमाणु संख्या 29 और परमाणु भार 63.5 है ताम्र धातु विद्युत तथा ऊष्मा का सुचालक है ताँबा से सिक्के बनाए जाते हैं।

12. (4) सल्फर एक प्रमुख अधातु है। इसका परमाणु क्रमांक 16 है। यह प्रोटीन संरचना में महत्त्वपूर्ण है। (जीवों की) प्याज तथा लहसन में सल्फर की मात्रा पायी जाती है।

इसके अतिरिक्त कॉपर (ताँबा), Iron (लोहा) तथा मर्करी (पारा) सभी प्रमुख धातुएँ है।

पारा एकमात्र धातु है जो सामान्य तापमान पर भी द्रव अवसथा में रहती है।

13. (2) इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान (a.m.u. में) 0.00055 होगा।

व्याख्या:- 1 Amu = 1.66×10^{-7} किग्रा.

हमें पता है, $1e^- = 9.11 \times 10\text{–}31$ किग्रा.

$$\therefore 1 \text{ किग्रा} = \frac{1}{1.66 \times 10^{-27}}$$

$$\text{तो } 1e^- \text{ का द्रव्यमान} = \frac{9.11 \times 10^{-31}}{1.66 \times 10^{-27}}$$

$$= 5.488 \times 10^{-4}$$

$$= 0.0005488$$

$$= 0.00055$$

14. (1) प्लूटोनियम एक मानव निर्मित तत्त्व है। यह रेडियोधर्मी तत्त्व है तथा इसका परमाणु क्रमांक 94 है। इसका आविष्कार परमाणु बम तैयार करते समय 1940 ई. में इसका नामकरण किया गया था। इसके कई समस्थानिक हैं। प्लूटोनियम-238 का अर्धायु काल 87.74 वर्ष होता हैं वास्तव में इसकी खोज 1934 में "एनरिको फर्मी" और उनके साथियों ने की थी। उस समय इसे 'हेस्पेरियम' नाम दिया गया था।

15. (2) यूरिया एक कार्बनिक यौगिक है जिसका रासायनिक सूत्र $(NH)_2CO$ होता है। यूरिया में नाइट्रोजन की मात्रा 46% सर्वाधिक होती है।

16. (1) जिप्सम ($CaSO_4.2H_2O$) का प्रयोग लवणीय मृदा को सुधारने में किया जाता है। यह कैल्सियम का एक सल्फेट ही है। इसके अन्य उपयोग हैं-

(a) यह पौधों के लिए कैल्सियम और सल्फर का एक प्रमुख स्रोत है।

(b) यह मिट्टी से एलमुनियम की विषाक्ता को भी हटाता है।

(c) मिट्टी की संरचना के साथ-साथ जल का अंतः स्पंदन भी सुधरता है।

17. (1) फोटोग्राफ के प्लेटों को काले कागज से इसलिए ढकते हैं क्योंकि प्लेट पर फैला सिल्वर ब्रोमाइड प्रकाश के प्रति अत्यन्त संवेदनशील होता है और काला कागज प्रकाश से इसके सम्पर्क को रोके रहता है।

18. (3) आवर्त सारणी रासायनिक तत्त्वों को उनकी संगत विशेषताओं के साथ एक सारणी के रूप में दर्शाने की एक व्यवस्था है। आवर्त सारणी के वर्ग 1 के तत्त्व क्षार धातुएँ है।

19. (1) $KClO_3$ के 91.66 ग्राम मात्रा को गर्म करने पर उतनी ही ऑक्सीजन की प्राप्त होगी जितनी ऑक्सीजन शुद्ध कार्बन के 12 ग्राम को जलाने की आवश्यक होगी।

20. (3) एल्केनों का प्रतिनिधित्व करने वाला सामान्य सूत्र C_nH_{2n+2} है।

21. (4) प्राकृतिक क्लोरीन के औसत परमाणु भार 35.49 है। प्राकृतिक क्लोरीन में क्लोरीन के दो समस्थानिक ^{35}Cl (75.5%) एवं ^{37}Cl (24.5%) प्राप्त है।

22. (4) बेंजोइक अम्ल ऐरोमेटिक कार्बोक्सिलिक अम्ल है यह हल्के, रंगहीन, चमकदार, क्रिस्टलीय, चूर्ण के रूप में प्राप्य है। इसका अधिक उपयोग खाद्य पदार्थों के परिक्षण में है।

23. (4) सर्वाधिक क्रियाशील हैलोजन फ्लोरीन है। आवर्त सारणी के वर्ग VIII A में अधिसूचित तत्त्व हैलोजन कहे जाते हैं। (F, Cl, Br, I, At) हैलोजन तत्त्व अतिक्रियाशील तत्त्व होते हैं, तथा ये मुक्त अवस्था में नहीं पाए जाते हैं। फ्लोरीन तथा क्लोरीन गैसीय अवस्था में जबकि ब्रोमीन तथा आयोडीन ठोस अवस्था में पाए जाते हैं। फ्लोरीन इस परिवार का प्रथम तत्त्व है, जो सर्वाधिक विद्युत ऋणात्मक तत्त्व होता है। इसकी अधिकता से फ्लोरोसिस रोग हो जाता है, जो दाँतों के लिए हानिकारक है।

24. (2) प्राकृतिक रबड़ पेड़ों और लताओं के रस, से बनता है। प्राकृतिक रबड का बहुलक आइसोप्रीन है।

25. (3) गाय का दूध कैरोटीन के कारण पीला होता है।

26. (1) वायुमंडल में सर्वाधिक नाइट्रोजन गैस पाई जाती है।

क्रमः नाइट्रोजन-78%, ऑक्सीजन-20.94%, आर्गन-0.93% कार्बन डाइ-ऑक्साइड-0.03%, नियॉन, हीलियम इत्यादि।

27. (2) साधारण नमक का रासायनिक नाम सोडियम क्लोराइड है इसका सूत्र NaCl है।

28. (2) लेड-एसिड बैटरी बहुतायत का प्रयोग आने वाली बैटरी है जिसका अविष्कार फ्रांसीसी भौतिक शास्त्री गैस्टन प्लेन्टी ने किया था। पुनः आवेशित करने योग्य बैटरियों में यह सबसे पुरानी बैटरी है।

29. (4) लोहा, एक फेरस धातु है। इसका परमाणु क्रमांक 26 है। इसकी खोज आज से कोई लगभग 3000 वर्ष पहले की गई थी। लोहा दिन-प्रतिदिन के कर्यों में प्रयुक्त होने वाली मुख्य धातु है। यह विद्युत एवं ऊष्मा का सुचालक है।

30. (*) पृथ्वी में खारा पानी मुख्यतः समुद्र में पाया जाता है। इसके अतिरिक्त आंतरिक क्षेत्रों में कुछ अन्य लवणीय झीले भी पाई जाती हैं। जैसे भारत में - सांभर झील, डींडवाना झील (राजस्थान) आदि। 1884 में डिटमर ने सागरीय जल में 47 प्रकार के लवणों का पता लगाया था, जिनमें 7 लवण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं→

(1) सोडियम क्लोराइड (NaCl) → 77.8%

(2) मैग्नेशियम सल्फेट ($MgCl_2$) → 10.9%

(3) मैग्नेशियम सल्फेट ($MgSO_4$) → 4.7%

(4) कैल्शियम सल्फेट ($CaSO_4$) → 3.6%

(5) पोटेशियम सल्फेट (K_2SO_4) → 2.5%

(6) कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) → 0.3%

(7) मैग्नेशियम ब्रोमाइड ($MgBr_2$) → 0.2%

31. (1) जेओलाइट्स धातु के सल्फेट के कारण पानी के स्थायी खारेपन को दूर किया जा सकता है।

32. (4) क्लोरोफॉर्म एक कार्बनिक यौगिक है यह एक रंगहीन और सुगंधित तरल पदार्थ होता है। चिकित्सा क्षेत्र में किसी रोगी को बेहोश करने के लिए क्लोरोफॉर्म का प्रयोग किया जाता है।

33. (1) नाइट्रेट कार्बन और तत्त्वों का बना एक ऋणायन होता है। धातुओं अथवा उनके ऑक्साइड पर नाइट्रिक अम्ल की अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न लवणों को नाइट्रेट कहते हैं। ब्राउन-रिंग परीक्षण नाइट्रेटस के विश्लेषण के लिए करते हैं।

34. (4) फैराडे का नियम गैस से संबंधित नहीं है। इनके द्वारा विद्युत चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत की खोज (1839 ई. में) की गई थी। इस नियम के अनुसार, किसी बंद परिपथ में उत्पन्न विद्युत वाहक बल उस परिपथ से होकर प्रवाहित चुंबकीय फ्लक्स के परिवर्तन की दर के बराबर होता है।

35. (3) कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण ऑक्सीजन के दो परमाणु तथा कार्बन के एक परमाणु से मिलकर हुआ है। सामान्य तापमान तथा दबाव पर यह गैसीय अवस्था में रहती है। आग बुझाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

36. (4) सिरका भोजन का भाग है सिरका के बनने में शर्करा ही आधार है सिरका प्राकृतिक रूप से खट्टा होता है।

37. (1) सोना या स्वर्ण अत्यंत चमकदार मूल्यवान धातु है। शुद्ध सोना चमकदार पीले रंग का होता है जोकि बहुत आकर्षण रंग है। यह धातु प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाई जाती है।

38. (4) बॉक्साइड एल्युमीनियम का अयस्क है। एल्युमीनियम एक रासायनिक तत्त्व है जो धातु के रूप में पाया जाता है। एल्युमीनियम का एक प्रमुख अयस्क है बॉक्साइट।

39. (2) भारत के मध्य प्रदेश राज्य के भोपाल शहर में 3 दिसंबर, 1984 को एक भयानक दुर्घटना हुई इसे भोपाल गैस त्रासदी के नाम से जाना जाता है। भोपाल गैस काण्ड में मिथाइल आइसोसाइनेट नामक जहरीली गैस का रिसाव हुआ था।

40. (2) सूर्य में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्त्व हाइड्रोजन है। सूर्य के द्रव्यमान का लगभग 90% भाग का निर्माण हाइड्रोजन तथा हीलियम से हुआ है। बाँकि 10% में अन्य गैसें उपस्थित हैं। सूर्य के आंतरिक भाग में लगातार नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया घटित होती रहती है, जिसमें हाइड्रोजन के नाभिक, हीलियम में टूटकर ऊर्जा उत्पन्न करते हैं।

41. (4) नाइट्रिक अम्ल एक अत्यन्त संक्षारक खनिज अम्ल है इसे एक्वाफ्रोटिस और स्पिरिट ऑफ नाइटर भी कहते हैं। काँच पर लिखने के लिए नाइट्रिक अम्ल का प्रयोग किया जाता है।

42. (2) शुष्क सेल एक प्रकार के विद्युत रासायनिक सेल है जो कम बिजली से चल सकने वाले पोर्टेबल विद्युत-युक्तियों में प्रयुक्त होते हैं। शुष्क सेल में ऊर्जा रासायनिक संगृहीत होती है।

43. (3) स्ट्राशियम एवं बोरियम तत्त्व में लवण पटाखों में रंग उत्पन्न करता है।

44. (3) हाइड्रोजन एक रासायनिक तत्त्व है ब्रह्मांड में (पृथ्वी पर नहीं) यह सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। सूर्य का अधिकांश द्रव्यमान हाइड्रोजन से बना है। यह सबसे हल्की गैस होती है।

45. (2) चाँदी सबसे भारी धातु होती है। चाँदी ऊष्मा चालक धातु है।

46. (1) सिरका भोजन का भाग है जो पाश्चात्य, यूरोपीय एवं एशियाई देशों के भोजन में प्राचीन काल से ही प्रयुक्त होता आया है सिरका में एसिटिक अम्ल पाए जाते हैं।

47. (3) सीमेंट के ग्राइंडिंग प्रक्रम के अंतर्गत क्लिंकर में वांछित सेटिंग दर के लिए $CaSO_4 . 2H_2O$ यानी जिप्सम मिलाया जाता है।

48. (1) प्राकृतिक गैस में एक हाइड्रोकार्बन गैस का मिश्रण है जिसमें मुख्यतः मीथेन (80%) होता है। इसके अतिरिक्त उच्चतर अल्केन, (इथेन 10%) कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन एवं हाइड्रोजन सल्फाइड उपस्थित रहते हैं।

49. (3) नाभिकीय विखंडन से उत्सर्जित न्यूट्रॉनों की गति को मंद करने के लिए ग्रेफाइट रॉड या भारी जल का प्रयोग किया जाता है। जब न्यूट्रॉन की गति कम कर दी जाती है तो वे आगे के विखंडन में भाग लेते है। इस प्रकार शृंखला प्रतिक्रिया होती है।

$$^{235}_{92}U + ^{1}_{0}n \rightarrow ^{141}_{56}Ba + ^{92}_{36}Kr + 3\,^{1}_{0}n$$

Join Telegram: @apna_library

Scanned with CamScanner

50. (2) इसमें विशेषतः कुछ इलेक्ट्रॉन होते हैं।

51. (1) वायुमंडल में गैस की प्रतिशत मात्रा
नाइट्रोजन = 78.084%
ऑक्सीजन = 20.946%
कार्बन डाइऑक्साइड = 0.04%
हाइड्रोजन = 0.000055%

52. (1) भारत के मध्य प्रदेश राज्य के भोपाल शहर में 3 दिसम्बर, 1984 को एक भयानक औद्योगिक दुर्घटना हुई इसे भोपाल गैस त्रासदी के नाम से जाना जाता है। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनेट नामक जहरीली गैस का रिसाव हुआ।

53. (2) ग्रीन हाउस गैसें जलवायु में परिवर्तन और अंततः भूमंडलीय ऊष्मीकरण के लिए उत्तरदायी होती हैं। इनमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कार्बन डाईऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, मीथेन, जलवाष्प एवं ओजोन हैं।

54. (2) सिरका भोजन का भाग है जो पाश्चात्य, (यूरोपीय) एवं एशियाई देशों के भोजन में प्राचीन काल से ही प्रयुक्त होता आया है। इसका मुख्य भाग एसिटिक अम्ल का तनु विलयन है।

55. (3) चीनी का जल में घोलने पर विद्युत का चालन नहीं करती है। चीनी, मिठास के लिए प्रयोग की जाने वाली खाद्य सामग्री है।

56. (1) हैबर प्रक्रम नाइट्रोजन स्थिरीकरण का एक कृत्रिम प्रक्रम है इसके साथ ही वर्तमान समय में अमोनिया के औद्योगिक उत्पादन का मुख्य विधि है। इस प्रक्रम का नाम जर्मनी के रसायन शास्त्री फ्रिट्ज हाबर तथा कार्ल बॉश के नाम पर पड़ा।

57. (4) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एक अत्यंत विषैला पदार्थ है इसका विशुद्ध यौगिक विद्युत का कुचालक है। यह काँच पर प्रतिक्रिया कर सकता है तथा यह अम्ल काँच को घोल सकता है।

58. (1) हाइड्रोजन एक रासायनिक तत्व है। ब्रह्माण्ड में (पृथ्वी पर नहीं) यह सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। तारों तथा सूर्य का अधिकांश द्रव्यमान हाइड्रोजन से बना है।

59. (3) जल एक आम रसायनिक पदार्थ है यह ठोस अवस्था (बर्फ) और गैसीय अवस्था (भाप या जल वाष्प) में भी पाया जाता है। जल ठोस अवस्था के रूप में द्रव अवस्था से कम घनत्व वाला होता है।

60. (2) सोना या स्वर्ण अत्यंत चमकदार मूल्यवान धातु है। शुद्ध सोना चमकदार पीले रंग का होता है।

61. (2) हाइड्रोजन एक रासायनिक तत्व है यह ब्रह्माण्ड में (पृथ्वी पर नही) यह सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। सूर्य का अधिकांश द्रव्यमान हाइड्रोजन से बना है।

62. (2) ऑर्गन एक निष्क्रिय गैस है नाइट्रोजन और ऑक्सीजन के बाद वायुमण्डल की तीसरी सबसे अधिक मात्रा में गैस है औसतन पृथ्वी की वायु में 0.93% ऑर्गन है।

63. (1) प्लूटोनियम तत्व प्रकृति में नहीं मिलता है परन्तु इसे कृत्रिम रूप से बनाया जा सकता है। प्लूटोनियम का अविष्कार परमाणु बम तैयार करने के समय 1940 ई. में कैलिफोर्निया विश्व विद्यालय की प्रयोगशाला में हुआ था।

64. (2) चूना पत्थर एक अवसादी चट्टान है चूना पत्थर वस्तुतः कैल्शियम कार्बोनेट है। चूना पत्थर सीमेन्ट का प्रमुख अवयव है।

65. (4) वायु वस्तुतः गैसों का मिश्रण है। वायु गर्म होने पर बहुत तेजी से फैलती है।

66. (2) स्वर्ण या सोना अत्यंत चमकदार मूल्यवान धातु है। शुद्ध सोना चमकदार पीले रंग का होता है। इस धातु की प्रकृति विषैली नहीं है।

67. (4) जॉन डाल्टन ने 1800 में परमाणु सिद्धांत का विकास किया था, जो यह बताता है कि सभी पदार्थ परमाणुओं से मिलकर बनते हैं। 1911 में अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने यह सिद्ध किया कि परमाणु में एक केन्द्रीय नाभिक होता है और उन्होंने प्रोटॉन और नाभिकों (nucleus) की खोज भी की। नील बॉर ने बाद में रदरफोर्ड के नाभिकीय परमाणु मॉडल का विकास किया। उन्होंने सिद्ध किया कि इलेक्ट्रॉन, सीपियों या विशिष्ट परतों में नाभिकों के चारों ओर गति करते हैं।

68. (2) पोटैशियम से कई महत्वपूर्ण यौगिकों का निर्माण होता है। साबुन, अपमार्जक और ड्रेन क्लीनर्स बनाने में पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड (KOH) का प्रयोग होता है पोटैशियम कार्बोनेट ($KHCO_3$) को पर्ल ऐश के नाम से जाना जाता है। कुछ विशेष प्रकार के काँच और साबुन बनाने में इसका प्रयोग किया जाता है। व्यावसायिक दृष्टि से यह अमोनिया के उपोत्पाद (बाईप्रॉडक्ट) के रूप में प्राप्त किया जाता है।

69. (1) परमाणु द्रव्यमान से तात्पर्य परमाणु कण के द्रव्यमान से है। परमाणु के सभी नाभिकों को मापने के लिए कार्बन-12 का प्रयोग किया जाता है। यह कार्बन तत्व के दो स्थायी आइसोटोप में अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसमें कार्बन की मात्रा 98.89% होती है। इसमें 6 प्रोटॉन, 6 न्यूट्रॉन और 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

70. (2) हाइड्रोजन (H) में प्राकृतिक रूप से तीन आइसोटोप पाए जाते हैं। जिन्हें ^1H प्रोटियम, ^2H ड्यूटेरियम और ^3H ट्रिटियम लिखा जाता है। अन्य अधिक क्षमता वाले अस्थायी नाभिक (^4H से ^7H) को केवल प्रयोगशाला में संश्लेषित किया जा सकता है, इन्हें प्रकृति में संश्लेषित नहीं किया जा सकता। हाइड्रोजन एकमात्र ऐसा तत्व है जिसके आइसोटोप के विभिन्न नाम हैं जिन्हें वर्तमान में प्रयोग किया जाता है।

71. (1) पिचब्लेंड ((Pitchblende) को यूरेनिनाइट नाम से भी जाना जाता है। यह एक खनिज है जिसमें यूरेनियम तत्व के ऑक्साइड UO_2 और UO_3 समाहित है। यह यूरेनियम का प्राथमिक स्रोत है। इस खनिज पदार्थ में रेडियोएक्टिव (विकिरणशीलता) के कई अन्य तत्व जैसे रेडियम, लेड, हीलियम और कई एक्टीनाइड तत्त्व पाए जाते हैं, जो केवल यूरेनियम के अपक्षय से निर्मित होते हैं।

72. (3) ऐल्यूमिनियम ब्रॉन्ज, कांसे का एक प्रकार है जिसमें ऐल्यूमिनियम मुख्य धातु के रूप में कॉपर में मिलायी जाती है। ऐल्यूमिनियम ब्रॉन्ज मिश्रधातु में ऐल्यूमिनियम की मात्रा 9 - 12% और आयरन तथा निकेल की मात्रा 6% से अधिक होती है। भार के रूप में शेष भाग कॉपर होता है।

73. (3) 1828 में जर्मन रसायनविद् फ्रिड्रिश वॉहलर ने प्रयोगशाला में ऊष्मा द्वारा अमोनियम साइनेट (एक अकार्बनिक यौगिक) से प्रथम कार्बनिक यौगिक यूरिया का निर्माण किया था।

NH_4CNO (अमोनियम साइनेट) $\rightarrow$ NH_2CONH_2 (यूरिया)

74. (1) चार्ल्स - एडोल्फ वुर्ट्ज के नाम पर वुर्ट्ज (Wurtz) अभिक्रिया कार्बनिक रसायन विज्ञान के अंतर्गत, एक युग्मक अभिक्रिया है, जिसमें एक नए क्षार का निर्माण करने के लिए दो क्षारीय हैलिड्स (halids) सोडियम के साथ अभिक्रिया करते हैं।

$2\,R-X + 2\,Na \rightarrow R-R + 2Na^+X^-$

वुर्ट्ज युग्मक का प्रयोग सिल्वर, जिंक, आयरन, एक्टिवेटेड कॉपर, इंडियम (indium) और कॉपर क्लोराइड और मैंगनीज के मिश्रण जैसे अन्य धातुओं को भी एफेक्ट (affect) करने के लिए किया जाता है।

75. (2) एसिटिक एसिड का एक विलयन होने के कारण सिरका (vinegar) प्रकृति में अम्लीय रूप में पाया जाता है। सिरके का सही pH इस पर निर्भर करता है कि उसमें अम्ल की कितनी मात्रा उपस्थित है, लेकिन अधिकांश व्यावसायिक आसवित सफेद सिरकों में एसिटिक एसिड की मात्रा 5 से 10% और pH की मात्रा लगभग 2.40 - 3.40 होती है। पाठ्य-पुस्तकों में सिरके का pH 2.5 दिया जाता है।

76. (3) ग्लिसरोल में दो प्राथमिक और एक द्वितीयक ऐल्कोहॉलिक समूह सम्मिलित होते हैं। सामान्यतः प्राथमिक CH_2OH समूह द्वितीयक > CHOH समूह की तुलना में अधिक सक्रिय होता है। कार्बन के परमाणुओं को ग्लिसरोल में निम्नलिखित रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है।

α ग $\alpha'CH_2OH$ ⟵ प्राथमिक एल्कोहॉलिक समूह
β $C'HOH$ ⟵ द्वितीयक एल्कोहॉलिक समूह
α' ग αCH_2OH ⟵ प्राथमिक एल्कोहॉलिक समूह

77. (4) एंथ्रेसाइट को कठोर कोयला भी कहते हैं, इसमें 86 से 98% तक सर्वाधिक कार्बन की मात्रा पाई जाती है। यह कोयले का अधिकांशतः सर्वाधिक कायांतरित रूप है। बिटुमिनस कोयले में 45 से 86% कार्बन पाया जाता है जबकि लिग्नाइट और पीट कोयले में कार्बन की मात्रा क्रमशः 25 से 35% और 50 से 60% होती है।

78. (2) मामबत्ती का जलना रासायनिक प्रतिक्रिया का उदाहरण है।

79. (2) सोना अत्यन्त चमकदार मूल्यवान धातु है जिसका प्रतीक Au एवं परमाणु क्रमांक 79 है। यह एक अंतर्वर्ती धातु है अधिकांश रसायन इससे कोई क्रिया नहीं करते।

80. (1) अभ्रक (माइका) एक बहुउपयोगी खनिज है जो आग्नेय एवं कायांतरित चट्टानों में खण्डों के रूप में पाया जाता है। यह विद्युत कुचालक होता है।

81. (3) पीतल एक प्रमुख मिश्रधातु है यह ताँबा एवं जस्ता धातुओं के मिश्रण से बनाया जाता है।

82. (3) हर परमाणु नाभिक से बना है और नाभिक एक या एक से अधिक इलेक्ट्रॉन्स से सीमित है नाभिक आमतौर पर एक या एक से अधिक न्यूट्रॉन और प्रोटॉन की एक समान संख्या से बना है। एक तत्व का परमाणु भार प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की कुल संख्या के बराबर होता है।

83. (3) फेरिक आक्साइड पदार्थ का इस्तेमाल मैग्नेटिक टेप की परत चढ़ाने के लिए किया जाता है।

84. (1) सोना अत्यन्त चमकदार मूल्यवान धातु है शुद्ध सोना चमकदार पीले रंग का होता है। सोने के आभूषण बनाते समय इसमें तांबा मिलाया जाता है।

85. (3) आतिशबाजी में हरा रंग की उपस्थिति बेरियम तत्त्व के कारण होता है।

86. (1) बेसेस की यह विशेषता नहीं है-लिटमस लाल हो जाता है। इसकी विशेषता है-यह एसिड के साथ मिलकर लवण बनाता है, कड़वा स्वाद आदि।

87. (3) फिटकरी एक रंगहीन क्रिस्टलीय पदार्थ है साधारण फिटकरी का रासायनिक नाम पोटेशियम एल्युमिनियम सल्फेट [KAl $(SO_4)_2.12H_2O$] होता है। फिटकरी का उपयोग कागज उद्योग, रंगसाजी, छींट की छपाई, पेय जल के शोधन और चमड़ा कमाने में होता है। फिटकरी गंदे पानी को स्कंदन प्रक्रिया द्वारा स्वच्छ करती है।

88. (3) मोती एक कठोर पदार्थ है जो मुलायम उत्तकों वाले जीवों द्वारा पैदा किया जाता है। रासायनिक रूप से मोती सूक्ष्म क्रिस्टलीय रूप में कैल्सियम कार्बोनेट है जो जीवों द्वारा संकेन्द्रीय स्तरों में निक्षेप करके बनाया जाता है।

89. (3) अल्कोहल को सार्वभौमिक विलायक के रूप में जाना जाता है।

90. (1) ग्रेफाइट कार्बन का एक अपरूप है। ग्रेफाइट का उपयोग पेन्सिल में होता है।

91. (1) टेफ्लान एक संश्लेषित फ्लूरोबहुलक है यह अनेक कार्यों के लिए उपयोगी है यह नॉन-स्टीक खाना पकाने के बर्तनों के ऊपर पदार्थ का आवरण है।

92. (4) गतिशील वायु को पवन कहते हैं। यह गति पृथ्वी की सतह के लगभग समानांतर रहती है। हवा मिश्रण है।

93. (4) जस्ता एक रासायनिक तत्व है जो संक्रमण धातु समूह का एक सदस्य है लोहे पर जस्ता चढ़ाने से लोहा जंग खाने से बचा रहता है।

94. (2) मिथेन, हरितगैस है। इसके अलावा CO_2, NO_2, O_3, NO_2 आदि भी हरित गैस के उदाहरण हैं।

95. (1) जब कोयला जलता है तो वह रासायनिक ऊर्जा, तापीय ऊर्जा में बदल जाती है।

96. (3) स्निग्ध हाइड्रोकार्बन पेट्रोल में निकाली गयी है।

97. (2) खारे पानी में लोहे के लवण से पीला धब्बा होता है।

98. (1) सेफ्टी ग्लास को बुलेट प्रूफ ग्लास के रूप में प्रयोग किया जाता है क्योंकि वह उच्च तनाव को झेल लेता है।

99. (3) प्राकृतिक पॉलीमर का उदाहरण कार्बोहाइड्रेट्स है। पॉलीमर बहुत अधिक अणु भार वाला कार्बनिक यौगिक होता है।

100. (2) धातु डायल्युट ऑक्साइड से प्रतिक्रिया कर आयरन क्लोराइड तथा हाइड्रोजन गैस बनाता है।

101. (1) अयस्क के साथ मौजूद मिट्टी को अशुद्धियाँ गैंग है।

102. (2) परमाणु की प्रभावी त्रिज्या की कोटि 10^{-10} मीटर एवं नाभिकीय त्रिज्या की कोटि 10^{-15} मीटर होती है।

103. (3) मिट्टी के तेल में पोटैशियम धातु है। मिट्टी का तेल एक तरल खनिज है जिसका मुख्य उपयोग स्टोव दीप में जलाने में होता है।

104. (2) अमॉर्फस सिलिकॉन के उत्पादन में डायल्यूट हाइड्रोक्लोरिक एसिड का उपयोग होता है।- मैग्नीशियम ऑक्साइड को घुलने के लिए।

Join Telegram: @apna_library
Search on Google.pdf
Scanned with CamScanner

105. (1) पीतल, जर्मन सिलवर और गनमेटल ताबे के मिश्र धातु हैं ताबे के अतिरिक्त जस्ता इन तीनों धातु में पाया जाता है।

106. (3) बढ़ते क्रम में-Fe,Zn, Mg

107. (3) एलपीजी के साथ इथाइल मरकेप्टान रासायनिक को गैस के रिसाव का पता लगाने के लिए मिलाया जाता है।

108. (1) सिलिकॉन एक गैर धातु है। गरम होने पर यह अर्धचालक हो जाता है सहसंयोजक बांड के टूटने से जारी इलेक्ट्रॉनों के कारण।

109. (4) पर्यावरण का अनुकूल बहुलक का उदाहरण सेल्यूकोज है। सेल्यूकोज एक कार्बनिक यौगिक है। जिसका रासायनिक सूत्र $(C_6H_{10}O_5)$ है।

110. (1) नाभिकीय प्रतिक्रिया के फलस्वरूप एक नाभिक दो भागों में टूटता है, इस विखंडन के दौरान उत्पन्न ऊर्जा को नाभिकीय ऊर्जा कहते हैं।

111. (1) सौर सेल में प्रयोग किया जाने वाला प्रकाश को अवशोषित करने वाला सामग्री सिलिकॉन है।

112. (1) तकनीक जिसके द्वारा स्थापित किया गया कि सूरज मुख्यतः हाइड्रोजन से बना है। स्पेक्ट्रम विश्लेषण से।

113. (3) सोडियम क्लोराइड, जिसे साधारण लवण कहा जाता है, 1:1 के अनुपात में सोडियम और क्लोरीन के अणुओं से निर्मित एक अकार्बनिक यौगिक है। लवण (Salt) वह यौगिक है जो किसी अम्ल के एक, या अधिक हाइड्रोजन परमाणु को किसी क्षारक के एक, या अधिक धनायन से प्रतिस्थापित करने पर बनता है।

114. (3) 'प्लास्टर ऑफ पेरिस' निर्जलित जिप्सम है, जो प्रायः श्वेत चूर्ण के रूप में मिलता है। यदि विशुद्ध जिप्सम $(CaSO_4 \cdot 2H_2O)$ को 1000 से 190° सें. तक गरम किया जाय, तो जलांश का तीन चौथाई भाग निकल जाता है और परिणामी पदार्थ पेरिस प्लास्टर $(CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O)$ कहलाता है।

$CaSO_4 \cdot 2H_2O + heat \rightarrow CaSO_4 \cdot 0.5H_2O + 1.5H_2O$ (वाष्प के रूप में उत्सर्जित)

115. (2) उर्वरक पोषक तत्त्वों का ऐसा मिश्रण है जो पौधों की वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। उर्वरकों में मुख्य रूप से तीन पोषक तत्व : नाइट्रोजन (N), फॉस्फोरस (P) और पोटेशियम (K) शामिल होते हैं। इन तीनों का मिश्रण NPK कहलाता है। सामान्यतः पौधों को फॉस्फोरस या पोटेशियम की तुलना में नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता होती है।

116. (3) 2-3 दिसम्बर, 1984 को मध्य प्रदेश के भोपाल में यूनियन कार्बाइड इण्डिया लिमिटेड में हुए गैस त्रासदी में, 5,00,000 से ज्यादा लोगों को जहरीली गैस मिथाइल आइसोसायनेट एवं अन्य रसायनों ने खतरे में डाल दिया था। लगभग 10,000 से अधिक लोग इस दुर्घटना में मारे गये।

117. (1) लेड-एसिड से निर्मित बैटरियों में लेड और लेड ऑक्साइड की प्लेटें समाविष्ट की जाती हैं, जिन्हें लगभग 65% जल और 35% सल्फ्यूरिक एसिड के विद्युत-अपघट्य विलयन में डुबोया जाता है। लेड-डाइऑक्साइड प्लेटें एसिड को जल (H_2O) में परिवर्तित कर देती हैं और विद्युत का उत्पादन करती हैं।

118. (1) क्रिस्टेलीन सिलिकन (c-Si) सौर कोशिकाओं के लिए सबसे प्रचलित और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध वस्तु है। इसे "सोलर ग्रेड सिलिकन" के रूप में भी जाना जाता है। ये कोशिकाएँ पूर्णतः p-n जंक्शन की अवधारणा पर आधारित हैं। सौर कोशिका प्रकाश वोल्टीय प्रभाव द्वारा प्रकाश ऊर्जा को प्रत्यक्षतः विद्युत में परिवर्तित करती है।

119. (1) अपने शुद्ध रूप में विद्यमान सभी धातुओं में से टंगस्टन का गलनांक (3422°C,6192°F) सर्वाधिक है। टंगस्टन का यह विशेष गुण इसे उद्दीप्त प्रकाशीय बल्ब तन्तुओं और एक्स-रे ट्यूबों इत्यादि में प्रयोग के लिए उपयोगी बनाता है। टंगस्टन का वाष्प दाब सबसे कम और तन्य बल सबसे अधिक है।

120. (3) बारूद सल्फर, चारकोल और पोटैशियम नाइट्रेट (साल्टपीटर) का मिश्रण है। सल्फर और चारकोल ईंधन के रूप में कार्य करते हैं, जबकि साल्टपीटर एक ऑक्सीडाइजर है। गन पाउडर (बारूद) को ब्लैक पाउडर के रूप में भी जाना जाता है, इसे आरंभ में रसायनिक विस्फोटक के रूप में जाना जाता था।

121. (3) आर्सेनिक ट्राइऑक्साइड (As_2O_3) एक महत्त्वपूर्ण आर्सेनिक ऑक्साइड है, जो रसायन चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग की जाने वाली कैंसर रोधी औषधि है। इस औषधि का प्रयोग ऐक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया (APL) के उपचार में किया जाता है। आर्सेनिक ल्यूकेमिक कोशिकाओं को उत्प्रेरित करने के साथ-साथ कोशिका के अंदर विशिष्ट प्रोटीनों पर कार्य करते हुए सामान्य रक्त कोशिकाओं के उचित विकास को प्रोत्साहित करती है।

122. (2) लोहे की शुद्धता का निर्धारण इसमें विद्यमान कार्बन की मात्रा के आधार पर किया जाता है। इसमें कार्बन की मात्रा जितनी कम होगी, इसकी शुद्धता उतनी ही अधिक होगी। पिटवाँ लोहा, लोहे का सबसे शुद्ध रूप है क्योंकि इसमें कार्बन की बहुत कम मात्रा (0.08% से कम) पाई जाती है। इसके विपरीत, ढलवाँ लोहा, लोहे का सबसे अशुद्ध रूप है क्योंकि इसमें कार्बन की सबसे अधिक मात्रा (2.1% से 4%) पाई जाती है।

123. (3) साबुन लंबी शृंखला वाले कार्बोक्सिलिक एसिड्स (फैटी एसिड्स) जैसे स्टीरिक एसिड ($C_{17}H_{35}COOH$) और पामिटिक एसिड ($C_{15}H_{31}COOH$) के सोडियम या पोटैशियम लवण हैं। सोडियम स्टीरेट एक प्रमुख लवण है जो कि तत्त्वतः एक साबुन है। यह लंबी शृंखला वाले संतृप्त वसीय अम्ल से युक्त सोडियम लवण है जिसे स्टीरिक एसिड कहते हैं। यह क्षारीय समूह $C_{17}H_{35}$ और आयनिक कार्बोक्सिलेट समूह COO^-Na^+ की लंबी शृंखला वाला अम्ल है।

124. (1) पीतल ताँबे और जस्ते के मिश्रण से निर्मित एक मिश्रधातु है। जस्ते और ताँबे के अनुपात में परिवर्तन द्वारा विभिन्न गुणधर्म वाले पीतल का निर्माण किया जा सकता है। तुलनात्मक दृष्टि से कांसा मुख्यतः ताँबे और टिन के मिश्रण से निर्मित एक मिश्रधातु है।

125. (3) इनर्ट (निष्क्रिय) गैस वह गैस है जो सामान्यतः अन्य पदार्थों के प्रति गैर-अभिक्रियाशील रहती है। इसे नोबल गैस के रूप में भी जाना जाता है। इनर्ट (निष्क्रिय) गैसों की संख्या छः है जो इस प्रकार हैं: हीलियम (He), आर्गन (Ar), निऑन (Ne), क्रिप्टन (Kr), जिनॉन (Xe), और रैडन (Rn)। फ्रीऑन कई विभिन्न क्लोरोफ्लुओरोकार्बन या CFCs के लिए डुपॉन्ट द्वारा पंजीकृत ट्रेडमार्क है।

126. (3) क्लोरोफिल लगभग हीमोग्लोबिन के समान है, दोनों में अन्तर केवल इतना है कि मैग्नीशियम क्लोरोफिल अणुओं के केन्द्र में विद्यमान रहता है जबकि हीमोग्लोबिन अणु के केन्द्र में आयरन पाया जाता है। क्लोरोफिल पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) को ऑक्सीजन (O_2) के रूप में परिवर्तित करता है। हीमोग्लोबिन जंतुओं में ऑक्सीजन (O_2) को कार्बन डाईऑक्साइड (CO_2) के रूप में परिवर्तित करता है।

127. (1) अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रणाली (SI) में, बेक्वेरल (Bq) रेडियोधर्मिता की इकाई है। एक बेक्वेरल को रेडियोधर्मी वस्तु की मात्रा की सक्रियता के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें प्रति सेकंड एक केन्द्रक का अपक्षय होता है। हेनरी बेक्वेरल के नाम पर इसका नामकरण किया गया, उन्हें रेडियोधर्मिता के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्यों के लिए 1903 में पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी के साथ संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

128. (3) पोटैशियम परमैंगनेट $(KMnO_4)$ एक गहरा बैंगनी विषैला गन्धहीन एवं जल में घुलनशील क्रिस्टलीय ठोस पदार्थ है जिसे ब्लीच, रोगाणुनाशी और रोगाणुरोधक के रूप में प्रयोग किया जाता है। पूर्व में इसे कोन्डी के क्रिस्टल के रूप में जाना जाता था। यह एक तीव्र ऑक्सीकारक है। एक उपचायक के रूप में पोटैशियम परमैंगनेट रोगाणुरोधक के रूप में कार्य कर सकता है।

129. (1) जब हाइड्रोजन गैस 5 वायुमण्डलीय दाब के अंतर्गत उत्प्रेरक के रूप में उत्कृष्ट रूप से विभाजित निकल की उपस्थिति में 1800°C पर वनस्पति तेलों जैसे मूँगफली का तेल, बिनौले का तेल, नारियल तेल से होकर गुजरती है तो तेल अयस्क 'वनस्पति घी' के रूप में जम जाता है। शीतल होने पर यह उत्पाद स्वादिष्ट ठोस वसा बन जाता है। यह सम्पूर्ण प्रक्रिया "तेलों के हाइड्रोजनीकरण उत्प्रेरक" के रूप में जानी जाती है।

130. (4) सामान्यतः कोला में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। कैफीन का प्रयोग पूरे विश्व में मस्तिष्क को प्रभावित करने वाली दवा के रूप में किया जाता है। औसतन 100 ग्राम कोला पेय पदार्थ में 8 मिग्रा. कैफीन पाई जाती है। कोला पेय पदार्थों को स्वादिष्ट बनाने के लिए कैफीन का प्रयोग किया जाता है।

131. (1) चक्रण क्वाण्टम के मानों के लिए संभावित संभव मान दो है। दो इलेक्ट्रॉन अपनी कक्षा साझा कर सकते हैं, बशर्ते कि प्रत्येक इलेक्ट्रॉन की चक्रण क्वाण्टम संख्या भिन्न हो। एक इलेक्ट्रॉन जिसकी चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = +1/2$ है वह चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = -1/2$ वाले इलेक्ट्रॉन के साथ कक्षा साझा कर सकता है।

हालांकि, एक इलेक्ट्रॉन जिसकी चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = +1/2$ है वह चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = +1/2$ वाले इलेक्ट्रॉन के साथ कक्षा साझा नहीं कर सकता। इसी प्रकार, चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = -1/2$ वाला इलेक्ट्रॉन चक्रण क्वाण्टम संख्या $m_s = -1/2$ वाले इलेक्ट्रॉन के साथ कक्षा साझा नहीं कर सकता।

132. (3) $MHPO_4$, यह मेटैलिक हाइड्रोजन फास्फेट का सूत्र है जिसमें धातु M की संयोजकता 2 है जैसे $CaHPO_4$ में। इस प्रकार इसके क्लोराइड का सूत्र MCl_2 होगा।

133. (3) एथिन में, HC ≡ CH चूंकि दोनों C sp संकरित हैं, इसलिए यहाँ sp संकरण है।

C–H आबन्ध का निर्माण H1 की कक्षा के साथ C sp की पारस्परिक क्रिया द्वारा किया जाता है (लाल तीर देखें)।

1 **C–C** आबन्ध का निर्माण C sp द्वारा दूसरे C sp की कक्षा के साथ पारस्परिक क्रिया द्वारा किया जाता है (हरा तीर देखें)।

2 **C–C** p आबन्ध का निर्माण C p कक्षाओं के दो युग्मों की पारस्परिक क्रिया द्वारा किया जाता है (काला तीर देखें)



134. (2) हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन पर आधारित है. जिसमें ऊर्जा की अत्यधिक मात्रा उत्सर्जित होती है। यह उत्सर्जित ऊर्जा नाभिकीय विखण्डन अभिक्रिया के किसी रूप में उत्सर्जित ऊर्जा की तुलना में अधिक होती है।

135. (1) सर्वाधिक ऋण वैद्युत तत्व होने के कारण फ्लोरिक की ऑक्सीकरण संख्या सदैव -1 होती है। यह परमाण्विक संख्या के साथ हैलोजन वर्ग का पहला सदस्य है = 9 अर्थात् (2,7)।

136. (4) CO_2 के एक अणु में 6×10^{23} कार्बन परमाणु होते हैं। यह एवोगार्डो की संख्या के समान है। एवोगार्डो का नियम बताता है कि किसी तत्त्व या यौगिक के एक अणु में क्रमशः 6×10^{23} परमाणु या अणु होते हैं। चूंकि CO_2 में कार्बन का केवल एक परमाणु होता है, यह संख्या एवोगार्डो की संख्या के समान होगी।

137. (1) $Kc = Kp$

जब अणुओं की संख्या दोनों तरफ समान होती है तो $Kc = Kp$ जैसे $N_2 = O_2 = 2\,NO$

138. (2) $(\Delta P)(\Delta X) \geq h/4\pi$ का सिद्धांत हाइजेनबर्ग अनिश्चितता का सिद्धांत कहलाता है।

139. (3) C_6H_{14} के अचक्रीय शृंखला समावयवों की संभावित संख्या पाँच है। ये हैं :



हेक्सेन | 2-मिथाइल पेन्टेन | 3-मिथाइल पेन्टेन | 2,2-डाइमिथाइल ब्यूटेन | 2,3-डाइमिथाइल ब्यूटेन

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

140. (1) सोडियम क्लोराइड आयनिक बंधन के द्वारा जुड़े होते है। जैस- सोडियम (Na) और क्लोरीन (Cl) परमाणुओं की इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्थाएँ इस प्रकार होती है :

Na (11) - 2, 8, 1

Cl (17) - 2, 8, 7

सोडियम परमाणु (Na) अपनी बाह्यतम कक्षा के एक इलेक्ट्रॉन का त्याग कर अक्रिय गैस निऑन जैसी स्थायी इलेक्ट्रॉनिक संरचना प्राप्त करता है। क्लोरिन (Cl) एक इलेक्ट्रॉन प्राप्त कर अक्रिय गैस ऑर्गन जैसी स्थायी इलेक्ट्रॉनिक संरचना प्राप्त करता है। अब Na^+ और Cl^- आयनों पर विपरीत आवेशों की उपस्थिति के कारण ये दोनों आयन स्थिर वैद्युत आकर्षण बल (ELectrostatic force of Attraction) द्वारा जुड़कर सोडियम क्लोराइड (Na^+Cl^-) या NaCl बनाते है। यह इलेक्ट्रॉन के अलग होने के लिए मात्र 5.14 electron volts लेता है।

141. (4) क्वांटम संख्याएँ (Quantum Numbers) वे संख्याएँ है, जो किसी इलेक्ट्रॉन की स्थिति तथा उसकी ऊर्जा की जानकारी देता है। यह चार प्रकार की होती है :

(1) मुख्य क्वांटम संख्या (n) → इलेक्ट्रॉन का ऊर्जा स्तर के लिए।

(2) दिगंशी या कोणीय संवेग क्वांटम संख्या (l) → इलेक्ट्रॉन का उपकोश के लिए।

(3) चुम्बकीय क्वांटम संख्या (m_l) → इलेक्ट्रॉन का कक्षक के लिए।

(4) चक्रण क्वांटम संख्या (s) → इलेक्ट्रॉन का चक्रण के लिए।

65. (2) चतुर्धातुक गतिविधियाँ "ज्ञान क्षेत्र" में विशिष्ट तृतीयक गतिविधियाँ हैं जो एक अलग वर्गीकरण की माँग करती हैं। म्युचुअल फंड प्रबंधकों से लेकर कर सलाहकारों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स और सांख्यिकीविदों तक सूचना-आधारित सेवाओं की मांग और खपत में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

- अर्थव्यवस्था का चतुर्धातुक क्षेत्र आर्थिक गतिविधि पर आधारित होता हैं जो या तो बौद्धिक या ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था से जुड़ा होता है।

66. (1) IC का पूर्ण रूप इंटीग्रेटेड सर्किट है।

- यह सेमीकंडक्टर सामग्री से निर्मित एक छोटे आकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जिसमें डायोड, ट्रांजिस्टर जैसे कई सूक्ष्म तत्व शामिल हैं।

67. (3) FASTag भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है।

- टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) तकनीक का उपयोग करता है।

68. (3) एटीएम का मतलब ऑटोमेटेड टेलर मशीन है।

- यह एक विशेष कंप्यूटर है जो बैंक खाताधारक के धन का प्रबंधन करना सुविधाजनक बनाता है।

69. (4) पहली पीढ़ी में उपयोग किए जाने वाले वैक्यूम ट्यूबों के बजाय बुनियादी घटक के रूप में ट्रांजिस्टर का उपयोग करके दूसरी पीढ़ी के कंप्यूटर विकसित किए गए थे।

- ये ट्रांजिस्टर सस्ते थे, कम बिजली की खपत करते थे, आकार में छोटे थे, अधिक विश्वसनीय और वैक्यूम ट्यूबों की तुलना में तेज थे।
- दूसरी पीढ़ी की अवधि 1959-1965 तक थी।

70. (3) एक छोटा कंप्यूटर जिसमें केंद्रीय प्रोसेसर के रूप में एक माइक्रोप्रोसेसर होता है, माइक्रो कंप्यूटर के रूप में जाना जाता है।

- डेस्कटॉप कंप्यूटर, लैपटॉप कंप्यूटर, टैबलेट और स्मार्टफोन विभिन्न प्रकार के माइक्रो कंप्यूटर हैं।

71. (3) सीमोर क्रे को सर्वत्र सुपरकंप्यूटिंग के जनक के रूप में जाना जाता है।

- उन्होंने दशकों तक दुनिया में सबसे तेज सुपर कंप्यूटरों की एक शृंखला तैयार की और क्रे रिसर्च की स्थापना की जिसने इनमें से कई मशीनों का निर्माण किया।
- उनके सीडीसी 6600 को दुनिया का पहला वास्तविक सुपर कंप्यूटर माना जाता है।

72. (1) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) किसी भी कंप्यूटर के मस्तिष्क को कहा जाता है।

- इसमें इनपुट को प्रोसेस करने, डेटा स्टोर करने और आउटपुट परिणामों के लिए आवश्यक सभी सर्किट शामिल होते हैं।
- सीपीयू कंप्यूटर प्रोग्राम के निर्देशों का लगातार पालन करता है जो उसे बताता है कि किस डेटा को प्रोसेस करना है और इसे कैसे प्रोसेस करना है।

73. (4) एक मदरबोर्ड एक कंप्यूटर में मुख्य मुद्रित सर्किट बोर्ड (पीसीबी) है।

- मदरबोर्ड एक कंप्यूटर का केंद्रीय संचार बैकबोन कनेक्टिविटी बिंदु है, जिसके माध्यम से सभी घटक और बाह्य उपकरण आपस में जुड़े हुए होते हैं।

74. (1) Shift, Ctrl और Alt संशोधक कुंजियों के उदाहरण हैं।

- एक संशोधक कुंजी एक कुंजी है जो किसी अन्य कुंजी की क्रिया को संशोधित करती है जब दोनों को दबाया जाता है।

75. (4) संक्षिप्त शब्द सीएडी का पूर्ण रूप "कंप्यूटर एडेड डिजाइन" है।

- सीएडी का उपयोग डिजाइन प्रक्रियाओं में सहायता के लिए कंप्यूटर आधारित सॉफ्टवेयर में किया जाता है।
- विभिन्न प्रकार के इंजीनियरों और डिजाइनरों द्वारा सीएडी सॉफ्टवेयर का अक्सर उपयोग किया जाता है।

76. (2) कैश्ड डेटा हमारे कंप्यूटर या डिवाइस पर एक अस्थायी संग्रहण स्थान में संग्रहीत जानकारी है।

- ये फाइलें, स्क्रिप्ट, चित्र और अन्य मल्टीमीडिया हैं जो किसी ऐप को खोलने या पहली बार किसी वेबसाइट पर जाने के बाद हमारे डिवाइस पर संग्रहीत होते हैं।
- लोड समय को कम करते हुए हर बार ऐप या वेबसाइट पर दोबारा जाने पर इस डेटा का उपयोग तुरंत जानकारी एकत्र करने के लिए किया जाता है।

77. (2) ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर (OSS) एक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है जो एक लाइसेंस के तहत जारी किया जाता है जिसमें कॉपीराइट धारक उपयोगकर्ताओं को सॉफ्टवेयर और उसके स्रोत कोड का उपयोग करने, अध्ययन करने, बदलने और वितरित करने का अधिकार देता है।

- उदाहरण: Linux, Firefox, Android, आदि।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित क्लाइंट सॉफ्टवेयर, सर्वर सॉफ्टवेयर और सेवाओं का एक समूह है।

78. (2) बूटिंग एक कंप्यूटर को शुरू करने और ऑपरेटिंग सिस्टम के आवश्यक भागों को रैम में लोड करने की प्रक्रिया है।

- यह किसी कंप्यूटर को शुरू करने की प्रक्रिया है, जो हार्डवेयर जैसे कि एक बटन या एक सॉफ्टवेयर कमांड द्वारा शुरू की जाती है।
- जब पॉवर बटन दबाया जाता है, तो कम्प्यूटर का फर्मवेयर मानी BIOS सक्रिय होता है, और यह परीक्षणों के माध्यम से सुनिश्चित करता है कि हार्डवेयर ठीक से काम कर रहा है। इसे पॉवर-ऑन सेल्फ टेस्ट (POST) के रूप में जाना जाता है।

79. (1) 1 बाइट = 8 बिट

- 1 किलोबाइट (केबी) = 1024 बाइट्स
- 1 मेगाबाइट (एमबी) = 1024 किलोबाइट
- 1 गीगाबाइट (जीबी) = 1024 मेगाबाइट
- 1 टेराबाइट (टीबी) = 1024 गीगाबाइट
- 1 पेटाबाइट (पीबी) = 1024 टेराबाइट्स

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner
Search @ Bharat Exams

13 आविष्कार एवं आविष्कारक

1. डायनेमो का आविष्कार किसने किया था?
(1) मारकोनी (2) फैराडे
(3) फ्रैंकलिन (4) एडीसन
(BSSC स्नातकीय स्तरीय परीक्षा, 21.08.2005)

2. पोलियो के टीके की खोज किसने की थी?
(1) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(2) जॉन साल्क
(3) रॉबर्ट कोच
(4) एडवर्ड जेनर
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.05.2006)

3. ऑक्सीजन की खोज किसने की?
(1) प्रिस्टले (2) न्यूटन
(3) चार्ल्स (4) मैडम क्यूरी
(BSSC स्नातक (ग्रेजुएट) परीक्षा, 28.05.2007)

4. भाप इंजन का आविष्कारक था–
(1) जेम्स वॉट (2) लुई ब्रेल
(3) आईंस्टीन (4) एडिसन
(BSSC स्नातक (ग्रेजुएट) परीक्षा, 28.05.2007)

5. हवाई जहाज का आविष्कारक था–
(1) प्रिस्टले (2) राइट ब्रदर्स
(3) मारकोनी (4) एडिसन
(BSSC स्नातक (ग्रेजुएट) परीक्षा, 28.05.2007)

6. पेनिसिलीन की खोज किसने की?
(1) स्टवर्ट जेनर (2) बेंटिंग
(3) ल्यूवेन हॉक (4) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

7. 'एन्टोमोलॉजी' में किसका अध्ययन किया जाता है?
(1) मत्स्यों का
(2) सरीसृपों का
(3) स्तनधारियों का
(4) कीटों का
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

8. डॉक्टरों के थर्मामीटर का किसने आविष्कार किया?
(1) फाहरेनहाइट
(2) एडिसन
(3) गैलीलियो
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

9. पारिस्थिति विज्ञान 'इकोलॉजी' का किससे सम्बन्ध है?
(1) चिड़ियों
(2) कोशिका संरचना
(3) शरीर संरचना और वातावरण
(4) तंतु
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

10. ओनकॉलोजी किनका अध्ययन है?
(1) पक्षियों
(2) कैंसर
(3) स्तनपायी प्राणी
(4) भूमि
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

11. जेनेटिक्स में किसका अध्ययन किया जाता है?
(1) आनुवांशिकता एवं गुणसूत्र
(2) कोशिका का अध्ययन
(3) नीट्रा का अध्ययन
(4) मांसपेशियों का अध्ययन
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

12. निम्नलिखित को सुमेलित करें–

(a) एपीकल्चर	(i) रेशम उत्पादन
(b) सेरीकल्चर	(ii) शहद उत्पादन
(c) पीसीकल्चर	(iii) अंगूर उत्पादन
(d) विटीकल्चर	(iv) मत्स्य उत्पादन

कूट :

(a)	(b)	(c)	(d)
(1) (i)	(ii)	(iii)	(iv)
(2) (ii)	(i)	(iv)	(iii)
(3) (ii)	(i)	(iii)	(iv)
(4) (i)	(ii)	(iv)	(iii)

(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

13. लघुगणक इनके द्वारा विकसित किया गया-
(1) न्यूटन (2) गैलीलियो
(3) नैपियर (4) वाल्टन
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

14. 'पाइकोलॉजी' किसका अध्ययन है?
(1) शैवाल (2) कवक
(3) बैक्टीरिया (4) पादप
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

15. 'पेलियंटोलॉजी' अध्ययन है-
(1) पक्षियों का
(2) हड्डियों का
(3) जीवाश्मों का
(4) प्राइमेट्स का
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

16. "हिग्स कण" जो हाल ही में मेन स्ट्रीम मीडिया में बोसॉन की खोज से संबंधित खबर थी, उसे प्राय: किससे संदर्भित किया जाता है?
(1) मानक कण (2) देवता कण
(3) बोसॉन कण (4) नव कण
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 30.09.2012)

17. गति का अध्ययन कहलाता है :
(1) काइनैटिक्स्
(2) काइनेमैटिक्स्
(3) मैकेनिक्स्
(4) नॉटिक्स्
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

18. क्वांटम सिद्धांत का सुझाव किसने दिया?
(1) आइजक न्यूटन
(2) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(3) मैक्स प्लैन्क
(4) लीनस पॉलिंग
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

19. वह यंत्र जो अत्यधिक तापक्रम मापता है कहलाता है :
(1) पायरोमीटर (2) पायरोस्कोप
(3) पायरैनोमीटर (4) पायक्नोमीटर
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

20. गैलीलियो एक इतावली खगोलशास्त्री था, जिसने-
(1) टेलीस्कोप का आविष्कार किया
(2) जुपीटर के 4 उपग्रहों की खोज की
(3) यह खोज कि कि पेंडुलम की आवाजाही एक नियमित समय माप का उत्पादन करती है
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC आशुलिपिक-सह-टंकक (स्टेनोग्राफर) परीक्षा, 23.11.2013)

21. पौधों की अध्ययन को क्या कहा जाता है?
(1) जीवविज्ञान
(2) जन्तुविज्ञान
(3) वनस्पतिशास्त्र
(4) जैव प्रौद्योगिकी
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

22. शब्द की उत्पत्ति का अध्ययन कहलाता है-
(1) सोस्योलॉजी
(2) एटीमोलॉजी
(3) ग्रामर
(4) लेक्सीकल
(BSSC अमीन (अमानत) परीक्षा, 27.07.2014)

23. फेदोमीटर क्या मापने के लिए प्रयोग किया जाता है?
(1) भूकम्प
(2) वर्षा
(3) समुद्र की गहराई
(4) ध्वनि की तीव्रता
(BSSC अमीन (अमानत) परीक्षा, 27.07.2014)

24. पेंसिलीन की खोज किसने की थी ?
(1) लुई पाश्चर
(2) एलेक्जेन्डर फ्लेमिंग
(3) ई.आई. कोरी
(4) जे.सी. बोस
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

25. निम्नलिखित में से गलत युग्म को चिह्नित करें :
(1) मैडम क्यूरी - डायनामाइट
(2) ए.जी. बेल - टेलीफोन
(3) जे.एल.बेयर्ड - टेलीविजन
(4) जेम्स वाट - स्टीम इंजिन
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

26. अनुवांशिकी के जनक वैज्ञानिक हैं:
(1) रॉबर्ट हुक
(2) चार्ल्स डार्विन
(3) ह्यूगो डि व्रीज
(4) ग्रेगर मेंडेल
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

27. भूकंप की तीव्रता मापने वाला यंत्र क्या कहलाता है?
(1) रिक्टर स्केल (2) वेव मीटर
(3) रडार (4) टेलीमीटर
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

28. 'थर्मस फ्लास्क' की खोज किसने की?
(1) मारकोनी (2) ग्राहम बेल
(3) डेवोर (4) जे. एल. बीयर्ड
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

29. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का उपयोग किया जाता है?
(1) टेकोमीटर (2) पेरिमीटर
(3) टेक्नोमीटर (4) लैक्टोमीटर
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

30. अग्नि बुझाने के यंत्र में किसका इस्तेमाल किया जाता है?
(1) सोडियम बाईकार्बोनेट
(2) सोडियम कार्बोनेट
(3) पोटाश एलम
(4) पोटैशियम नाइट्रेट
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

31. नाभिकीय विखण्डन की खोज किसने की थी?
(1) होमी जहांगीर भाभा
(2) ओट्टोहान एवं स्ट्रासमैन
(3) आइंस्टीन
(4) प्रांगरा गुंग
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 द्वितीय पाली)

32. भारत में नैनोटेक्नोलॉजी के जनक कौन हैं?
(1) सी.एन.आर.राव
(2) बीरबल साहनी
(3) सुब्रह्मण्यन् चन्द्रशेखर
(4) जयन्त नर्लिकर
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 द्वितीय पाली)

33. टेलिफोन का आविष्कार किसने किया?
(1) थॉमस अल्वा एडीसन
(2) अलेक्जेन्डर ग्राहम बेल
(3) गैलीलियो (4) जी. मार्कोनी
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

34. भाप के इंजन का आविष्कार किसके द्वारा किया गया–
(1) जेम्स वाट द्वारा
(2) न्यूकमेन द्वारा
(3) जेम्स प्रेस्कॉट जूल द्वारा
(4) सर आइजक न्यूटन द्वारा
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

35. निम्न यन्त्र से विद्युतधारा का मापन करते हैं–
(1) वोल्टमीटर (2) एनिमोमीटर
(3) कम्प्यूटर (4) अमीटर
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

36. दूध की सघनता मापने के लिए प्रयुक्त एक उपकरण है-
(1) ग्लैक्टोमीटर (2) लैक्टोमीटर
(3) कैलिसयोमीटर(4) ध्रुवणमापी
(CSBC बिहार पुलिस भर्ती कांस्टेबल परीक्षा, 18.09.2016)

Join Telegram: @apna_library
Search @ pdf
Scanned with CamScanner

37. 'गैमिट की शुद्धता' के नियम का प्रतिपादन किया था
(1) हार्विन ने (2) मेंडल ने
(3) रदरफोर्ड ने (4) मैडलीफ ने
(CSBC बिहार पुलिस भर्ती कान्स्टेबल परीक्षा, 18.09.2016)

38. रेडियोधर्मिता की खोज किसने की?
(1) हेनरी बेक्कुरल
(2) सत्येन्द्रनाथ बोस
(3) जोन्स जैकब बर्जेलियस
(4) अल्बर्ट आइन्सटाइन
(CSBC बिहार पुलिस भर्ती कान्स्टेबल परीक्षा, 18.09.2016)

39. उस वैज्ञानिक का नाम जिसने प्रथम बार टीके की खोज की?
(1) लूईस पाश्चर (2) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(3) एडवर्ड जेनर (4) रॉबर्ट कौच
(CSBC बिहार पुलिस कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा, 15.10.2017)

40. रुधिर परिसंचरण की खोज किसने की थी?
(1) रदरफोर्ड (2) सी.डार्विन
(3) विलियम हार्वे (4) वाटसन और क्रिक
(CSBC बिहार पुलिस कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा, 15.10.2017)

41. Agrostology किसके अध्ययन से संबंधित है?
(1) कृषि विकास (2) अधिपादप
(3) घास (4) निमेटोड रोग
(CSBC बिहार पुलिस कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा, 22.10.2017)

42. निम्नलिखित यंत्र से पवन का वेग मापा जाता है-
(1) बैरोमीटर (2) हाइड्रोमीटर
(3) थर्मामीटर (4) एनीमोमीटर
(DRDA क्लर्क/कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रुप-3) परीक्षा, 15.03.2007)

43. निम्नलिखित में रडार के आविष्कारक कौन हैं?
(1) डॉ अलबर्ट टेलर व लियो यंग
(2) डॉ अलबर्ट
(3) सर जोसेफ स्वान
(4) थॉमस हॉनकाक
(BSSC पटना हाईकोर्ट (सहायक/क्लर्क/पटना) परीक्षा, 10.04.2011)

44. सेफ्टी लैम्प का आविष्कार किसने किया है?
(1) जेम्स हारग्रीव्ज
(2) जॉन
(3) क्राम्पटन
(4) हम्फ्री डेवी
(बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, (कक्षा 9-10) 17.02.2012)

45. स्पिनिंग जेनी का आविष्कार कब हुआ?
(1) 1769 (2) 1770
(3) 1773 (4) 1775
(बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, (कक्षा 9-10) 17.02.2012)

46. निम्नलिखित में से किसने विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज की ?
(1) जूल (2) फैराडे
(3) ओम (4) कैपलर
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

47. रेशम के कीड़े का पालन कहलाता है-
(1) एपीकल्चर (2) सिल्वीकल्चर
(3) सेरीकल्चर (4) ऑलेरीकल्चर
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

48. निम्नलिखित में से किसने 'वाटर फ्रेम' नामक कताई मशीन का आविष्कार किया?
(1) जेम्स हरिग्रीम
(2) सैमुल काम्पटन
(3) रिचर्ड आर्कराइट
(4) एडमंड कार्टाराइट
(बिहार पुलिस परीक्षा, 08.03.2020 (प्रथम पाली)

49. स्पिनिंग जेनी की खोज किसने की।
(1) रिचर्ड आर्कैराइट
(2) जॉन के
(3) जेम्स हारग्रीव्ज
(4) एडमण्ड कार्टराइट
(बिहार पुलिस परीक्षा, 08.03.2020 (द्वितीय पाली)

50. बहुतत्वीय सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था ?
(1) बिने (2) पियाजे
(3) थार्नडाइक (4) स्पीयरमैन
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

51. बहु बुद्धि सिद्धांत का प्रतिपादन कब हुआ था ?
(1) 1981 (2) 1982
(3) 1983 (4) 1984
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

52. भाषा विकास का सिद्धांत दिया है ?
(1) कोहलर ने (2) फ्रायड ने
(3) चॉम्स्की ने (4) थार्नडायक ने
(बिहार STET परीक्षा, 18.09.2020)

53. गैलिलीयो ने किस यंत्र की खोज की)
(1) टेलीस्कोप (2) कम्पास
(3) घड़ी (4) भाप का इंजन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली)

54. प्रथम टीका विकसित किया गया-
(1) लुईस पाश्चर द्वारा
(2) एडवर्ड जैनर द्वारा
(3) कार्ल लैण्डस्टीनर द्वारा
(4) जोसेफ मिस्टर द्वारा
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली)

55. रेस्ट्रिक्शन एन्जाइम का आविष्कार किसने किया था?
(1) स्मिथ और नाथन्स
(2) अलेक्जेन्डर फ्लेमिंग
(3) वर्ग
(4) इनमें से कोई नहीं
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

56. ऑप्टिकल फाइबर का आविष्कार किसने किया?
(1) सैमुअल कोहेन
(2) नरिंदर कपानी
(3) पी.एल. स्पेन्सर
(4) टी.एन. माइमा
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	2. (2)	3. (1)	4. (1)
5. (2)	6. (4)	7. (4)	8. (1)
9. (3)	10. (2)	11. (1)	12. (2)
13. (3)	14. (1)	15. (3)	16. (2)
17. (2)	18. (3)	19. (1)	20. (4)
21. (3)	22. (2)	23. (3)	24. (2)
25. (1)	26. (4)	27. (1)	28. (3)
29. (4)	30. (1)	31. (2)	32. (1)
33. (2)	34. (1)	35. (4)	36. (2)
37. (2)	38. (1)	39. (3)	40. (3)
41. (3)	42. (4)	43. (1)	44. (4)
45. (1)	46. (2)	47. (3)	48. (3)
49. (3)	50. (3)	51. (3)	52. (3)
53. (1)	54. (2)	55. (1)	56. (2)

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) डायनमो इसका अर्थ है पावर या शक्ति मूल रूप से इसे विद्युत जनरेटर का दूसरा नाम है। पहले इलेक्ट्रिक जनरेटर का आविष्कार 1831 में माइकल फैराडे के द्वारा किया गया इसमें ताम्बे की एक डिस्क को चुम्बक के ध्रुवों के बीच घुमाया गया था।

2. (2) पोलियो रोग एक ऐसा रोग है कि वो बहुत जल्दी फैल सकता है। पोलियो एक विषाणुजन्य रोग है जो अधिकांशतः बच्चों में फैलता है। पोलियो के टीके की खोज जॉन साल्क ने की थी।

3. (1) ऑक्सीजन रंगहीन, स्वादहीन तथा गंधरहित गैस है इसकी खोज जे. प्रिस्टले और सी. डब्ल्यू ने की यह एक रासायनिक तत्व है।

4. (1) भाप का इंजन एक प्रकार का ऊष्मीय इंजन है जो कार्य करने के लिए जल-वाष्प का प्रयोग करता है। भाप का इंजन का अविष्कार जेम्स वॉट ने किया था।

5. (2) हवाई जहाज एक प्रकार का वायुयान होता है जो अपने पंखों के द्वारा गति मिलने पर हवा में उड़ता है। यह कई आकार, वजन, आदि में मिलता है। राइट बंधुओं ने वर्ष 1903 को एक हवाई जहाज बनाया था।

6. (4) पेनिसिलिन एंटीबायोटिक का एक समूह है जिसकी व्युत्पत्ति पेनिसिलियम फंगी से हुई है पेनिसिलिन की खोज का श्रेय 1928 में स्कॉटिश वैज्ञानिक एवं नोबल पुरस्कार विजेता अलेक्जेंडर फ्लेमिंग को जाता है।

7. (4) एन्टोमोलॉजी में कीटों का अध्ययन किया जाता है।

8. (1) थर्मामीटर एक तापमान को मापने का उपकरण है। तापमान को मापने का सबसे सामान्य उपकरण काँच का थर्मामीटर है यह काँच के ट्यूब का बना होता है और इसके अंदर पारा या कोई अन्य द्रव्य मौजूद होता है। इसकी खोज फॉरेनहाइट ने की थी।

9. (3) पारिस्थितकी जीव विज्ञान की एक शाखा है जिसमें जीवों तथा उसके वातावरण के साथ पारस्परिक संबंधों का अध्ययन करते हैं। प्रत्येक जन्तु या वनस्पति एक निश्चित वातावरण में रहता है।

10. (2) ऑन्कॉलोजी कैंसर से सम्बन्धित चिकित्सा विज्ञान की एक शाखा है। चिकित्सा के इस क्षेत्र में कार्य करने वाले चिकित्सक ओकोलोजिस्ट कहलाते हैं।

11. (1) जेनेटिक्स (आनुवांशिकी) में आनुवांशिकता एवं गुणसूत्रों का अध्ययन किया जाता है। आधुनिक आनुवंशिकी का पिता ग्रेगर जॉन में मेंडल को कहा जाता है। जीवों का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में लक्षणों का जाना आनुवांशिक लक्षण है, और इसी दूसरी पीढ़ी में लक्षणें के जाने की प्रक्रिया आनुवांशिकता (Inheritence) कहलाती है।
Note- इस शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग बेटसन द्वारा किया गया था।

12. (2) एपीकल्चर → शहद उत्पादन
सेरीकल्चर → रेशम उत्पादन
पीसीकल्चर → मत्स्य उत्पादन
विटीकल्चर → अंगूर उत्पादन

13. (3) स्कॉटलैंड निवासी जॉन नेपियर द्वारा प्रतिपादित लघुगणक एक ऐसी गणितीय युक्ति हैं जिसके प्रयोग से गणनाओं को छोटा किया जा सकता है।

14. (1) शैवाल सरल सजीव है। अधिकांश शैवाल पौधों के समान सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा अपना भोजन स्वयं बनाते हैं। अर्थात् स्वपोषी होते हैं। पाइकोलॉजी में शैवाल का अध्ययन किया जाता है।

15. (3) पेलियंटोलॉजी में जीवाश्मों का अध्ययन किया जाता है। इसमें पौधे, जानवर, बैक्टीरिया, आदि जीवाश्मों का अध्ययन किया जाता है।

16. (2) हिग्स बोसॉन एक मूल कण है, जिसकी प्रथम परिकल्पना 1964 में दी गई और इसका प्रायोगिक सत्यापन 14 मार्च, 2013 को किया गया। हिग्स कण जो मेन स्ट्रीम मीडिया में बोसॉन की खोज से संबंधित है, उसे प्रायः देवता कण (God Particle द्वारा संदर्भित किया जाता है।

17. (2) काइनेमैटिक्स (Kinematics) परंपरागत यांत्रिक प्रक्रियाओं की एक शाखा है जो गति के कारणों पर विचार किए बिना गति बिन्दुओं, वस्तुओं और वस्तुओं के समूहों का वर्णन करता है। काइनेमैटिक्स अध्ययन को प्रायः ज्यामिति गति के रूप में भी जाना जाता है।

18. (3) मैक्स प्लांक ने 1900 में क्वाण्टम सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। अपने तापीय विकिरण के महत्वपूर्ण सिद्धांत में उन्होंने बताया कि चक्रीय प्रक्रम की कुल ऊर्जा में निरंतर परिवर्तन नहीं किया जा सकता। इसके बजाय ऊर्जा की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है।

19. (1) पाइरोमीटर, थर्मामीटर का एक प्रकार है जिसका प्रयोग उच्च तापमान मापने में किया जाता है। यह एक अस्पर्शीय यंत्र है जो अवरोध उत्पन्न करता है (intercepts) और तापीय विकिरण को मापता है यह सम्पूर्ण प्रक्रिया उत्तापमिति (Pyrometry) कहलाती है। किसी वस्तु की सतह के तापमान का निर्धारण करने के लिए तापीय विकिरण का प्रयोग किया जा सकता है।

20. (4) गैलीलियों इटली के वैज्ञानिक थे एक महान आविष्कारक थे। गैलीलियो ने टेली स्कोप का आविष्कार तथा जुपिटर के 4 उपग्रहों की खोज की।

21. (3) पौधों का अध्ययन वनस्पतिशास्त्र में किया जाता है।

22. (2) शब्द की उत्पत्ति का अध्ययन एंटोमोलॉजी में किया जाता है।

23. (3) फेदोमीटर नामक यंत्र से समुद्र की गहराई नापी जाती है।

24. (2) पेनिसिलीन एंटिबायोटिक्स का एक समूह है जिसकी खोज स्कॉटलैंड के प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग द्वारा 1928 में की गई थी। उन्होंने फफूँदी की एक प्रजाति पेनिसिलियम नोटेटम से बेन्जील पेनिसिलीन की खोज की। इस खोज के लिए उन्हें 1945 में हॉवर्ड फ्लोरी और अर्नस्ट बोरिस चेन के साथ संयुक्त रूप से चिकित्साशास्त्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

Join Telegram: @apna_library
Search on Google.pdf
Scanned with CamScanner

25. (1) डाइनामाइट का आविष्कार स्वीडन के प्रसिद्ध रसायन वैज्ञानिक और इंजीनियर अल्फ्रेड नोबेल द्वारा 1867 में किया गया था। यह बारूद की तुलना में अधिक सुरक्षित ढंग से नियंत्रित होने वाला प्रथम विस्फोटक था। मैडम क्यूरी ने रेडियोधर्मिता पर कई उल्लेखनीय शोध किए। वह नोबेल पुरस्कार जीतने वाली प्रथम महिला थीं।

26. (4) ऑस्ट्रियाई संत (या मठवासी) ग्रेगर मेंडेल, जिन्होंने अपनी वाटिका में अपने प्रयोगों के द्वारा आनुवंशिकता के मूल सिद्धांतों की खोज की, उन्हें आनुवंशिकता के जनक के रूप में जाना जाता है। उनके प्रेक्षण आनुवंशिकता के अध्ययन और आधुनिक आनुवंशिकी की स्थापना का आधार बने।

27. (1) रिक्टर परिमाण पैमाना भूकंपों की तीव्रता बताने के लिए उपयोग की जाने वाली संख्याओं का एक पैमाना है। चार्ल्स रिक्टर ने 1935 में रिक्टर स्केल विकसित किया। भूकंप का परिमाण एक भूकंपीय धारा द्वारा मापे गए सबसे बड़े भूकंपीय तरंग के आयाम (ऊँचाई) के लघुगणक का उपयोग करके निर्धारित की जाती है।

28. (3) थर्मस फ्लास्क, जिसे वैक्यूम फ्लास्क के रूप में भी जाना जाता है, का डिजाइन और आविष्कार स्कॉटिश वैज्ञानिक सर जेम्स डेवर ने 1892 में क्रायोजेनिक्स के क्षेत्र में अपने शोध के परिणामस्वरूप किया था। उन्होंने एक फ्लास्क के एक रसायन को स्थिर तापमान पर रखने की आवश्यकता की पहचान की। ऐसा करने के लिए, डेवर ने कांच की बोतल को एक और बड़ी कांच की बोतल में रखा, और दोनों बोतलों की दीवारों के बीच को वायुरहित कर दिया। ऐसा करने के लिए, डेवर ने सामग्री के तापमान को स्थिर रखने के लिए एक आंशिक खाली स्थान (वैक्यूम) बनाया।

29. (4) दूध की शुद्धता मापने के लिए लैक्टोमीटर का उपयोग किया जाता है। यह दूध के घनत्व को मापता है। यह दूध के विशिष्ट गुरुत्व के सिद्धांत पर काम करता है। इसमें एक टेस्ट-ट्यूब और एक मीटर वल्व होता है। गेरबर बटरफैट टेस्ट के साथ एक साथ बाहर निकाला जाता है, यह दूध प्रोसेसर को दूध के कुल ठोस (% टीएस) और ठोस जो वसा (एसएनएफ) नहीं है, की गणना करने में सक्षम बनाता है।

30. (1) सोडियम बाइकार्बोनेट आग बुझाने के यंत्रों में प्रयुक्त एक रसायन है। इसका उपयोग ज्वलनशील तरल ईंधन जैसे तेल, ग्रीस, गैसोलीन और पेंट को पतला करने के लिए भी किया जाता है। यह एक गैर-विषैला, नॉनकोरोसिव ड्राई केमिकल है जिसे न्यूनतम सफाई की आवश्यकता होती है। पोटेशियम बाईकार्बोनेट का उपयोग समान उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है।

31. (2) भारी तत्वों के परमाणु विखण्डन की खोज 17 दिसम्बर, 1938 को जर्मन वैज्ञानिक ओटो हान और उनके सहायक फ्रिट्ज स्ट्रैसमैन द्वारा की गई थी। इसे सैद्धान्तिक रूप से जनवरी 1939 में लूज मीटनर और उनके भतीजे ओटो रॉबर्ट फ्रिस्क द्वारा समझाया गया था। फ्रिस्क ने इस प्रक्रिया को जीवित कोशिकाओं के जैविक विखण्डन के साथ सादृश्य द्वारा नाम दिया है।

32. (1) चिन्तामणि नागेश रामचन्द्र राव, सी. एन.आर. राव को भारतीय नैनो प्रौद्योगिकी के पिता के रूप में जाना जाता है। राव दुनिया के सबसे ठोस अवस्था और सामग्री रसायनज्ञों में से एक है। उन्होंने हाइब्रिड सामग्रियों पर अपने काम के अलावा, नैनोमैटेरियल्स में बहुत योगदान दिया है।

33. (2) टेलिफोन का आविष्कार सन् 1876 में अलेक्जेंडर ग्राहम वेल द्वारा किया गया था। इनका जन्म स्कॉटलैंड के एडिनवर्ग में सन् 1847 ई. में हुआ था। इन्होंने टेलीफोन के अलावा भी कई आविष्कार किए हैं, यथा:- ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम, फोटोफेन, बेल और डेसीबल यूनिट, मेटल डिटेक्टर इत्यादि।

34. (1) जेम्स वाट स्कॉटलैण्ड के एक अन्वेषक एवं यांत्रिक अभियन्ता थे। इन्होंने वाष्प इंजन का आविष्कार किया था।

35. (4) विद्युत के गति या प्रवाह में होने पर उसे विद्युत धारा कहते हैं। इसका SI इकाई एम्पियर है। परिपथों की विद्युत धारा मापने के लिए जिस यंत्र का उपयोग करते हैं। उसे एमीटर कहते हैं।

36. (2) दूध की सघनता मापने के लिए लैक्टोमीटर उपकरण का प्रयोग किया जाता है।

37. (2) मेण्डल की आनुवंशिकता के तीन नियम हैं। युग्मकों की शुद्धता का नियम उनमें से एक है। इस नियम के अनुसार जोड़े के जीन युग्मक निर्माण के समय एक-दूसरे से पृथक हो जाते हैं और युग्मक में जोड़े का एक ही जीन पहुँचता है।

38. (1) ऐसे पदार्थ जो स्वयं ही ऐसी किरणें निकालते हों विकिरणशील या रेडियोधर्मी कहलाता है। यह विकिरण अल्फा, बीटा, गामा किरण और इलेक्ट्रॉनों के रूप में होती है। रेडियो-सक्रियता की खोज हेनरी बेक्केरल ने 1896 में की थी।

39. (3) एडवर्ड जेनर नामक वैज्ञानिक ने प्रथम बार टीके की खोज की। इन्होंने 1796 ई. में चेचक के टीके का आविष्कार किया। लुईस पाश्चर ने पाश्चराइजेशन, एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पेनिसिलिन, तथा रॉबर्ट कोच ने हैजे के टीका का आविष्कार किया।

40. (3) रूधिर परिसंचरण की खोज 'विलियम हार्वे ने की थी। रदरफोर्ड ने परमाणु संरचना, सी. डार्विन ने आनुवांशिकता सिद्धांत तथा वाटसन एंड क्रीक ने डी.एन.ए. के डबल हेलिक्स संरचना की खोज की।

41. (3) 'Agrostology' घास के अध्ययन से संबंधित है-

एंथोलॉजी - पुष्पों का अध्ययन

एनाटॉमी - आंतरिक संरचना का अध्ययन

पोमोलॉजी - फलों का अध्ययन

स्पर्मोलॉजी - बीजों का अध्ययन

42. (4) भौतिक में वेग का अर्थ किसी दिशा में चाल होता है यह एक सदिश राशि है। जिस उपकरण से पृथ्वीतल पर के पवन का वेग नापा जाता है। उसे पवन वेग-मापी (anemoneter) कहते है।

43. (1) रडार वस्तुओं का पता लगाने वाली एक प्रणाली है जो सूक्ष्मतरंगों का उपयोग करती है इसकी सहायता से गतिमान वस्तुओं जैसे-वायुयान, जलयान, मोटर-गाड़ियाँ आदि की दूरी, ऊँचाई, दिशा चाल आदि का दूर से ही पता चल जाता है इसके अलावा

मौसम में तेजी से आ रहे परिवर्तनों का भी पता चल जाता है। रडार का आविष्कार टेलर व लियो ने वर्ष 1922 में किया।

44. (4) हम्फ्री डेवी

45. (1) इन्साइक्लोपीडिया के अनुसार स्पिनिंग जेनी का आविष्कार जेम्स हरग्रीव्स द्वारा 1764 में किया गया था।

46. (2) विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज माइकल फैराडे ने 1831 में की थी।

- एक चुंबकीय क्षेत्र में एक कंडक्टर की गति से या एक चुंबकीय क्षेत्र में चुंबकीय प्रवाह में बदलाव के द्वारा एक इलेक्ट्रोमोटिव बल को शामिल करने को 'विद्युत चुम्बकीय प्रेरण' कहा जाता है।
- जेम्स प्रेस्कॉट जूल ने पाया कि विद्युत और यांत्रिक ऊर्जा दोनों को ऊष्मा ऊर्जा में स्थानांतरित किया जा सकता है।
- जॉर्ज साइमन ओम ने वर्तमान बिजली के सबसे मौलिक नियमों में से एक की खोज की।
- जोहान्स केपलर को ग्रहों की गति संबंधी अपने नियमों के लिए जाना जाता है।

47. (3) एपिकल्चर: मधुमक्खी पालन।

- सिल्विकल्चर: पेड़ों का उगाना और खेती।
- सेरीकल्चर: रेशमकीट का पालन।
- ओलेरीकल्चर: सब्जियाँ उगाना।

48. (3) रिचर्ड आर्कराइट ने सन् 1776 ई. में 'वाटर फ्रेम' नामक मशीन का आविष्कार किया था। इस के जरिये पक्के सूत काते जाने लगे। यह मशीन पानी की शक्ति से चलती थी इस कारण इसे 'वाटर फ्रेम' के नाम से जाना जाता था।

- "शक्तिचालित" 'करघों' को घोड़ों, जल या वाष्प शक्ति द्वारा चलाया जा सकता था। कुछ सुधारों के पश्चात् वाष्पचालित इंजन का प्रयोग आटे की चक्की, रेलगाड़ी, समुद्री जहाज आदि उद्योगों में होने लगा।

49. (3) स्पिनिंग जेनी का आविष्कार जेम्स हरग्रीव्ज ने 1765 ई किया था, जिससे सूती धागे की मात्रा बढ़ सकती थी

- स्पिनिंग जेनी एक बहु-स्पिंडल कताई फ्रेम है जो प्रारंभिक औद्योगिक क्रांति के दौरान बुनाई के औद्योगिकीकरण में महत्वपूर्ण विकास में से एक था।

50. (3) बहुतत्वीय सिद्धांत का प्रतिपादन थार्नडाइक ने किया। उन्होंने बताया कि बुद्धि एक, दो या तीन तत्व न होकर बहु तत्व युक्त होती है। प्रत्येक तत्व एक अलग क्रिया को संपन्न करता है।

- थार्नडाइक ने अपने सिद्धांत की तुलना बालू रेत के टीले से की तथा उन्होंने इसमें आकृति, आकार, लंबाई, चौड़ाई आदि गुणों का समावेश किया।

51. (3) गार्डनर ने अपनी पुस्तक "फ्रेम्स ऑफ माइंड: द थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलिजेंस (1983) में बहु-बुद्धि सिद्धांत को विस्तारपूर्वक बताया है।

- इसके अनुसार हर इंसान में अलग प्रकार की बुद्धि होती है, जैसे कोई संगीत में पारंगत हो सकता है तो कोई अभिनय में तो कोई लेखन में, कोई अन्य क्षमता में आदि। इन्होंने बुद्धि के इस सिद्धांत को समझाने के लिए इसे आठ क्षेत्रों में विभाजित किया है:

1. भाषागत
2. तार्किक-गणितीय
3. स्थानिक
4. संगीतात्मक
5. शारीरिक-गतिसंवेदी-खिलाड़ी
6. अंतर्वैयक्तिक
7. अन्त: व्यक्ति
8. प्रकृतिवादी

52. (3) नोम चॉम्स्की ने सार्वभौमिक व्याकरण के सिद्धांत का प्रस्ताव दिया है। उनके अनुसार बच्चों में व्याकरण जन्मजात होता है जिसे बच्चा लेकर पैदा होता है। यद्यपि मनुष्य उदाहरण के द्वारा सीखते हैं, फिर भी उन्होंने प्रस्तावित किया कि बच्चे भाषा के अंतर्निहित तंत्र की मौलिक समझ के साथ पैदा होते हैं।

53. (1) 1609 में इतालवी खगोलशास्त्री गैलीलियो ने दूरबीन का आविष्कार किया था।

- हालांकि, एक डच लेंस निर्माता, हंस लिपरशी को आमतौर पर 1608 में दूरबीन के वास्तविक आविष्कारक के रूप में श्रेय दिया जाता है।
- 1609 में, टेलीस्कोप के इस प्रारंभिक संस्करण का उपयोग करते हुए, गैलीलियो टेलीस्कोप की मदद से बनाए गए आकाश के अवलोकन को रिकॉर्ड करने वाले पहले व्यक्ति बने।
- उन्होंने जल्द ही अपनी पहली खगोलीय खोज की।

54. (2) एडवर्ड जेनर, एक अंग्रेजी चिकित्सक और वैज्ञानिक थे जिन्होंने चेचक का टीका विकसित किया, जो 1798 में विश्व का पहला टीका था।

- उन्हें "इम्यूनोलॉजी का जनक" कहा जाता है, तथा उनके काम के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने "किसी भी अन्य मानव के काम की तुलना में अधिक लोगों की जान बचाई"।
- जेनर ने गाय के लिए लैटिन शब्द 'वैक्सा' से वैक्सीन शब्द गढ़ा।

55. (1) प्रतिबंध (रेस्ट्रिक्शन) एंजाइमों की खोज और विशेषता आण्विक जीवविज्ञानी वर्नर आर्बर, हैमिल्टन ओ. स्मिथ, और डैनियल नाथन्स द्वारा की गई थी।

- एक प्रतिबंध एंजाइम (या प्रतिबंध एंडोन्यूक्लिएज) एक एंजाइम है जो प्रतिबंध साइटों के रूप में जाने जाने वाले विशिष्ट मान्यता न्यूक्लियोटाइड अनुक्रमों पर या उसके पास डीएनए को काटता है।
- प्रतिबंध एंजाइम एक साथ जुड़े डीएनए के दो लंबे तारों से बने होते हैं। ये प्रतिबंध एंजाइम डीएनए के कुछ अनुक्रमों को पहचानने और उन्हें एक ही स्थान पर विभाजित करने में सहायता करते हैं। इसका उपयोग उत्परिवर्तन के प्रकार की पहचान करने के लिए किया जाता है।

56. (2) ऑप्टिकल फाइबर एक लचीली, पारदर्शी बेलनाकार नलिकाएं हैं जो कि विशुद्ध कांच (सिलिका) की बनी होती हैं, जो प्रकाश के पूर्ण आंतरिक परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करती हैं।

- वर्ष 1952 में भारत में जन्मे अमेरिकी भौतिकविद नरिंदर सिंह कपानी द्वारा किए गए प्रयोगों के फलस्वरूप ही ऑप्टिकल फाइबर का आविष्कार हुआ।

❑❑❑

Join Telegram: @apna_library
Search on Google
Scanned with CamScanner

14 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. भारत द्वारा विकसित मानवरहित यान है–
(1) त्रिशूल (2) निशान्त
(3) लक्ष्य (4) नाग
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

2. नौसेना का पूर्वी कमान कहाँ है?
(1) कोचीन (2) विशाखापत्तनम
(3) कोलकाता (4) चेन्नई
(BSSC स्नातक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

3. 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (ISRO) कहाँ है?
(1) श्री हरिकोटा (2) बंगलुरु
(3) चेन्नई (4) चाँदीपुर
(BSSC स्नातक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

4. निम्नलिखित में से कौन बैलेस्टिक मिसाइल है?
(1) पृथ्वी (2) अग्नि
(3) नाग (4) त्रिशूल
(BSSC स्नातक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

5. 'आर्यभट्ट' उपग्रह का प्रक्षेपण कहाँ से कराया गया था?
(1) भारत (2) अमेरिका
(3) जापान (4) सोवियत संघ
(BSSC स्नातक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

6. भारत का पहला परमाणु रिएक्टर कहाँ स्थापित किया गया?
(1) कोटा (2) ट्रॉम्बे
(3) कलपक्कम (4) नरौरा
(BSSC स्नातक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

7. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी स्थित है–
(1) हैदराबाद में (2) देहरादून में
(3) पुणे में (4) मुम्बई में
(BSSC नेत्र सहायक (ऑप्थाल्मिक) परीक्षा, 19.08.2007)

8. भारतीय सुरक्षा तंत्र में 'ध्रुव' क्या है?
(1) उच्च तकनीक हेलीकॉप्टर
(2) बैलिस्टिक मिसाइल
(3) अत्याधुनिक राइफल
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

9. 4 G मोबाइल तकनीक किसने प्रारम्भ की?
(1) जापान
(2) चीन
(3) कोरिया
(4) इनमें से कोई नही
(BSSC प्रखण्ड साख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

10. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में वर्ष 2005 में इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने उल्लेखनीय उन्नति की ?
(1) फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर के यूरेनियम प्यूटोनियम मिश्रित कार्बाइड ईंधन का पुनर्संसाधनीकरण
(2) धातुकर्म में रेडियोआइसोटोप्स के नये अनुप्रयोग
(3) गुरुजल के उत्पादन हेतु एक नयी प्रौद्योगिकी
(4) उच्च स्तरीय नाभिकीय कचरे के प्रबंधन हेतु एक नयी प्रौद्योगिकी
(BSSC सचिवालय सहायक परीक्षा, 18.12.2011)

11. भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य है–
(1) टचिग द स्काई विद ग्लोरी
(2) फ्लाई हाई
(3) सर्व विद प्राइड
(4) सर्व द नेशन
(BSSC प्रवर्तन अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 26.08.2012)

12. दि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवान्स स्टडीज कहाँ पर स्थित है?
(1) भोपाल (2) चण्डीगढ़
(3) बैंगलोर (4) शिमला
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I.) परीक्षा, 01.09.2012)

13. इस अंतरिक्ष यान का नाम क्या है जो 6-8-2012 को मंगल ग्रह पर उतरा है?
(1) सिन्योरिटी (2) क्यूरियोसिटी
(3) विस्कोसिटी (4) प्रयोरिटी
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 30.09.2012)

14. कौन-सी भारतीय मिसाइल नाभिकीय/आण्विक अस्त्रों को ले जाने में सक्षम है?
(1) त्रिशूल
(2) नाग
(3) पृथ्वी
(4) उपरोक्त में से कोई भी नहीं
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

15. 'लाइफ लाइन एक्सप्रेस' है–
(1) नशीली दवाओं से नशेड़ी को बचने के लिये नशा मुक्ति कार्यक्रम
(2) भारत में रेल परिचालन पर विश्व का प्रथम चिकित्सालय
(3) रामनाथ गोयनका द्वारा स्थापित एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पत्रिका
(4) सामान्य संज्ञाहरण के तहत एक रोगी के रक्त चाप में उतार चढ़ाव देखने के लिए प्रयोग में आया एक लोकप्रिय उपकरण
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

16. निम्न में से कौन-सा एक अंतरिक्ष यान है?
(1) एपोफीस (2) कासीनी
(3) स्पित्सर (4) टैकसार
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

17. निम्नलिखित में से कौन-से देश का सेलीने-I चन्द्र ऑरबिटर मिशन/अभियान है?
(1) चीन (2) यूरोपीय संघ
(3) जापान (4) यू.एस.ए
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

18. इस वर्ष प्रथम व्यक्ति अंतरिक्ष में गया :
(1) 1957 (2) 1982
(3) 1961 (4) 1990
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

19. नरौरा नाभिकीय शक्ति केन्द्र यहाँ स्थित है:
(1) बिहार (2) मुंबई
(3) उत्तर प्रदेश (4) कर्नाटक
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

20. भारत में किस देश का उपग्रह अपने यहाँ से लॉन्चिंग कर विश्व बाजार में अपना पाँव रखा?
(1) इटली (2) कौरू
(3) एथेंस (4) ईरान
(BSSC कक्षपाल (जेल वार्डन) भर्ती परीक्षा, 07.07.2013)

21. भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए प्रस्तावित स्थान है–
(1) पूसा (2) चंडीगढ़
(3) राँची (4) इलाहाबाद
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

22. भारत का पहला सफल रक्षा उपग्रह इनमें से कौन है?
(1) GSAT-7
(2) INSAT-7
(3) BRAHMOS-2
(4) OSQAT-1
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

23. भारत द्वारा विकसित नई सतह से सतह मिसाईल को किस नाम से जाना जाता है?
(1) उन्नति (2) प्रगति
(3) बोफोर्स (4) अग्नि
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

24. केपलर 78 बी, जिसकी खोज हाल में हुई-
(1) एक नक्षत्र है
(2) एक सितारा है
(3) एक धूमकेतु है
(4) एक ग्रह है
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

25. भारतीय सेना का पहला थल-सेनाध्यक्ष कौन था?
(1) जनरल के. एम. करियप्पा
(2) जनरल महाराज राजेन्द्र सिंह जी
(3) वाईस एडमिरल आर.डी.कटारी
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

26. भारत का पहला परमाणु रिएक्टर कौन था?
(1) जेनिना (2) ध्रुवा
(3) अप्सरा (4) कामिनी
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

27. श्रीहरिकोटा, भारतीय उपग्रह छोड़ने का केन्द्र ..... में है।
(1) आंध्र प्रदेश (2) तमिलनाडु
(3) केरल (4) कर्नाटक
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

28. मंगल ग्रह के लिए भारतीय अंतरिक्षयान व नाम है–
(1) चंद्रयान (2) मंगलयान
(3) वायुयान (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

29. भारत का पहला उपग्रह इनमें से किसके नाम पर रखा गया है?
(1) आर्यभट्ट (2) भास्कर I
(3) भास्कर II (4) अल्बर्ट आइंस्टीन
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

30. भारत में निम्न में से कौन-से स्थान में परमाणु ऊर्जा संयंत्र नहीं है?
(1) रावतभाटा (2) सिलचर
(3) नरोरा (4) तारापोर
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

31. मंगलयान 5 नवम्बर, 2013 को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था। श्रीहरिकोटा किस राज्य में अवस्थित है ?
(1) कर्नाटक (2) केरल
(3) तमिलनाडु (4) आन्ध्र प्रदेश
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 23.02.2015)

32. नीचे दिये गये दो स्तंभों में राज्यों के नाम और वहाँ अवस्थित न्यूक्लियर रिएक्टरों के नाम दिये गये हैं। सही मिलान दिये गये विकल्पों में क्या है ?

(a) कर्नाटक	1. नरोरा
(b) तमिलनाडु	2. कैगा
(c) उत्तर प्रदेश	3. काकरापार
(d) गुजरात	4. कुडनकुलम

	a	b	c	d
(1)	2	4	1	3
(2)	3	4	2	1
(3)	1	2	3	4
(4)	2	4	3	1

(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

33. भारत में प्रथम न्यूक्लियर विस्फोट 1974 में कहाँ किया गया था ?
(1) बॉम्बे (2) पोखरण
(3) नेल्ली (4) श्रीहरिकोटा
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

34. यह मुम्बई की प्रथम परीक्षण नली शिशु थी और 2016 में इन्होंने एक शिशु को जन्म दिया :
(1) दुर्गा (2) हर्षा
(3) सिमी (4) राधा
(BSSC Inter Level परीक्षा, 05.02.2017)

35. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी कहाँ स्थित है?
(1) पुणे (2) मुंबई
(3) नई दिल्ली (4) हैदराबाद
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

36. भारत में 'राष्ट्रीय मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(1) मुंबई (2) अहमदाबाद
(3) इंदौर (4) दिल्ली
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

37. कल्पना-1 उपग्रह समर्पित है :
(1) नौवहन हेतु (2) मौसम हेतु
(3) संचार हेतु (4) शिक्षा हेतु
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

38. 'मेघा ट्रॉपिक्स उपग्रह' संयुक्त अभियान है:
(1) भारत और फ्रांस का
(2) भारत और जापान का
(3) भारत और रूस का
(4) भारत और अमेरिका का
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

39. 'नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी' कहाँ स्थित है?
(1) पूना (2) हैदराबाद
(3) हासन (4) बेंगलुरु
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

40. 'यूथसैट' है एक _____।
(1) यूथ वेबसाइट (2) उपग्रह
(3) सप्ताहांत पार्टी (4) फिल्म
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 09.12.2018 द्वितीय पाली)

41. तरंग ऊर्जा आधारित प्रथम संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया?
(1) तिरुवनंतपुरम (2) पणजी
(3) विशाखापत्तनम
(4) चेन्नई
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

Join Telegram: @apna_library
Search @ Telegram.pdf
Scanned with CamScanner

42. एड्सैट प्रक्षेपित किया गया :
(1) 2010 में (2) 2009 में
(3) 2002 में (4) 2004 में
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

43. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है–
(1) नेप्च्यून (2) आर्यभट्ट
(3) हैली (4) चन्द्रमा
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

44. संक्षिप्त रूप PSLV का अर्थ है–
(1) पोलर सर्वे लैंडिंग व्हीकल
(2) पोलेराइज्ड सोर्स लेसर प्लूइंग
(3) प्रोसाइज सोर्स लोकेटिंग विजन
(4) पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

45. दक्षिण नवल कमाण्ड का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है?
(1) कोच्चि (2) विशाखापट्टनम
(3) चेन्नई (4) तुतीकोरन
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 प्रथम पाली)

46. निम्नलिखित में से कौन-सा, देश का सबसे पुराना पैरामिलिटरी दल है?
(1) CRPF (2) BSF
(3) CISF (4) असम राइफल्स
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 प्रथम पाली)

47. पूर्व नवल कमाण्ड कहाँ स्थित है?
(1) मुम्बई में (2) विशाखापट्टनम में
(3) कोच्चि में (4) इनमें से कोई नहीं
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 प्रथम पाली)

48. ASLV का पूरा नाम क्या है?
(1) ऑग्मेन्टेड सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(2) ऑक्सिलियरी सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(3) एडिशनल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(4) इनमें से कोई नहीं
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 प्रथम पाली)

49. प्रथम मनुष्य निर्मित उपग्रह था–
(1) स्पुतनिक-I (2) आर्यभट्ट
(3) स्पुतनिक-II (4) वोस्टॉक-I
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 द्वितीय पाली)

50. निम्नलिखित में कौन रक्षा मंत्रालय का/के विभाग हैं?
(a) रक्षा विभाग
(b) रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग
(c) रक्षा उत्पादन विभाग
(d) रक्षा वित्त विभाग
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(1) केवल (a) और (b)
(2) (a), (b) और (C)
(3) (b), (c) और (d)
(4) केवल (a)
(CSBC बिहार दारोगा भर्ती परीक्षा, 12.03.2018)

51. भारतीय रॉकेट से छोड़े गए विश्व के सबसे छोटे अन्तरिक्ष यान का नाम क्या है?
(1) आर्यभट्ट (2) भास्कर II
(3) स्प्राइट्स (4) इनसैट IA
(CSBC बिहार दारोगा भर्ती परीक्षा, 12.03.2018)

52. निम्न में से कौन भारत का पहला स्वदेश में निर्मित मिसाइल है?
(1) आकाश (2) पृथ्वी
(3) अग्नि (4) त्रिशूल
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

53. एयरफोर्स में सबसे निम्न कमीशंड पद होता है–
(1) विंग कमाण्डर
(2) फ्लाइट लेफ्टिनेंट
(3) ग्रुप केप्टन
(4) फ्लाइंग ऑफीसर
(BSSC पटना हाईकोर्ट (सहायक/क्लर्क/स्टेनो) परीक्षा, 10.04.2011)

54. भू-समक्रमिक कक्ष में स्थापित भारत का नवीनतम उपग्रह है:
(1) इनसैट-2डी (2) इनसैट-3ए
(3) इनसैट-4ए (4) कल्पना
(पटना हाईकोर्ट असिस्टेंट परीक्षा, 24.05.2016)

55. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा भारत में डिजाइन और विकसित की गई, एक लंबी सीमा की, सभी मौसम, सबसो. निक क्रूज मिसाइल कौन सा है ?
(1) निर्भय (2) वीर
(3) आदित्य (4) चक्र
(बिहार विधानसभा सहायक परीक्षा, 24.12.2018 (द्वितीय पाली)

56. ISRO का GSLV-F10 निम्नलिखित में से किसके बारे में पता लगाने के लिए एक आगामी मिशन है?
(1) चंद्रमा (2) मंगल ग्रह
(3) सूर्य (4) बुध
(बिहार विधानसभा सहायक परीक्षा, 24.12.2018 (द्वितीय पाली)

57. भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की गई थी?
(1) 1948 (2) 1956
(3) 1967 (4) 1972
(बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर (SI) परीक्षा, 22.07.2018)

58. सबसे पहले किस जीव को अंतरिक्ष में भेजा गया?
(1) आदमी (2) चूहा
(3) बंदर (4) कुत्ता
(बिहार पुलिस फॉरेस्ट गार्ड परीक्षा, 16.06.2019)

59. निम्नलिखित में से कौन इसरो के अध्यक्ष थे, जब चन्द्रयान-II लॉन्च किया गया था?
(1) ए.एस. किरण कुमार
(2) के. शिवन
(3) शैलेष नायक
(4) के. राधाकृष्णन
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

60. इसरो द्वारा 2 अगस्त, 2019 को सोम सिच्वेशनल अवेयरनेस कंट्रोल सेंटर' का शिलान्यास किया गया –
(1) श्रीहरिकोटा में (2) बालासोर में
(3) चांदीपुर में (4) बेंगलुरू में
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

61. सीबीएसई द्वारा विद्यार्थियों और अभिभावकों को सभी जानकारियों से अवगत करने हेतु किस ऐप की शुरुआत की गई है ?
(1) शिक्षा वाणी (2) ई-सीबीएसई
(3) स्मार्टर स्टडी (4) ई-शिक्षा
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

62. मंगल रोवर मिशन नासा (NASA) के मंगल ग्रह अन्वेषण का लॉन्च निम्नलिखित में से किस वर्ष में होगा, ?
(1) 2020 (2) 2021
(3) 2022 (4) 2023
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

63. निम्नलिखित में से कौन एन्टी टैंक गाइडेड मिसाइल-नाग का हेलिकॉप्टर से लॉन्च किये जाने वाला संस्करण है ?
(1) अचूक (2) अमोघ
(3) लक्ष्य (4) हेलिना
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

64. निम्नलिखित में से किस देश के साथ भारत ने चक्र-III आक्रामक पनडुब्बी के सन्दर्भ में अनुबन्ध किया है ?
(1) यू.एस.ए. (2) इजराइल
(3) चीन (4) रूस
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

65. 'ब्रह्मोस' मिसाइल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है ?
1. यह दो चरण में लॉन्च होने वाली मिसाइल है।
2. इसकी उड़ान क्षमता 290 किमी. तक है।
3. यह पराध्वनिक गति से चल सकती है।
4. यह 'दागो और भूल जाओ' मंत्र के आधार पर कार्य करती है।
(1) केवल 1, 2 और 3
(2) केवल 1, 3 और 4
(3) केवल 2, 3 और 4
(4) 1, 2, 3 और 4 सभी
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

66. 'पंछी' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?
1. यह इजराइल का उत्पाद है।
2. यह निशांत नामक यू.ए.वी. का एक संस्करण है।
3. इसमें कैमरा तथा लेजर उपकरण लगे हैं।
4. यह भारत का उत्पाद है।
(1) केवल 1, 2, और 3
(2) केवल 2, 3 और 4
(3) केवल 1, 3 और 4
(4) केवल 3, और 4
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

67. राफेल है–
(1) पनडुब्बी
(2) बैलिस्टिक मिसाइल
(3) रॉकेट
(4) लड़ाकू विमान
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

68. इसरा के संदर्भ में UNNATI क्या है?
(1) सौर मिशन का कार्यक्रम
(2) चन्द्रयान-3 का कार्यक्रम
(3) मंगलयान का कार्यक्रम
(4) नैनोसैटेलाइट विकास कार्यक्रम
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

69. ब्रायक-8 मिसाइल प्रोजेक्ट को तकनीकी सहयोग मिल रहा है:
(1) चीन से (2) अमेरिका से
(3) इजराइल से (4) रूस से
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

70. चन्द्रमा के 'डार्क साइड' पर उतरने वाला विश्व का पहला अंतरिक्षयान है–
(1) अपोलो-17 (2) अपोलो-16
(3) चांग ई-4 (4) चांग ई-6
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

71. प्रथम भारतीय उपग्रह छोड़ा गया –
(1) आर्यभट्ट (2) भास्कर
(3) रोहिणी (4) एप्पल
(बिहार होम गार्ड परीक्षा, 24.01.2020)

72. 'नेशनल सिक्युरिटी गार्ड्स' (NSG) का मुख्यालय स्थित है –
(1) मुम्बई में (2) मथुरा में
(3) माणेसर में (4) देहरादून में
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

73. निम्नलिखित में कौन सा इसरो के आधे मानव समकक्ष रोबोट का नाम है ?
(1) व्योम मित्र (2) आकाश साथी
(3) भुवन (4) सोफी
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

74. DRDO के सन्दर्भ में 'QRSAM' क्या हैं ?
(1) सोनार (2) राडार
(3) वायुयान (4) मिसाइल तन्त्र
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

75. 'रावण-I' नामक उपग्रह किस देश के द्वारा प्रक्षेपित किया गया?
(1) भारत (2) नेपाल
(3) श्रीलंका (4) मालदीव
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

76. भारतीय वायु सेना की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर कौन बनी ?
(1) पुनिता अरोड़ा (2) हिना जायसवाल
(3) गुंजन सक्सेना (4) दिव्या अजीत
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

77. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) का मुख्यालय है ?
(1) मुंबई (2) बेंगलुरु
(3) श्रीहरिकोटा (4) चेन्नई
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2020)

78. भारत में किस संगठन ने एड्वान्स्ड 'चैफ' तकनीक विकसित की है?
(1) एच.ए.एल. (2) इसरो
(3) आइ.ए.एफ. (4) डी.आर.डी.ओ.
(बिहार LDC परीक्षा, 26.02.2022)

79. सड़क सीमा संगठन (बी. आर. ओ.) की स्थापना की गई थी–
(1) 1950 में (2) 1960 में
(3) 1970 में (4) 1948 में
(बिहार Daroga परीक्षा, 24.04.2022)

80. प्रथम भारतीय उपग्रह छोड़ा गया –
(1) आर्यभट्ट (2) भास्कर
(3) रोहिणी (4) एप्पल
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

81. भाभा परमाणु शोध केन्द्र का मुख्यालय है–
(1) तारापुर में (2) चेन्नई में
(3) कलपक्कम में (4) मुम्बई में
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

82. दुर्घटना के समय विंग कमान्डर अभिनन्दन उड़ा रहे थे–
(1) एफ-16 (2) मिग-21
(3) बॉइंग-747 (4) मिराज-2000
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

83. तारापुर केन्द्र है:
(1) तापीय शक्ति का
(2) आण्विक शक्ति का
(3) पवन शक्ति का
(4) सौर शक्ति का
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

84. भारतीय सशस्त्र बलों के पहले चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (CDS) कौन थे?
(1) जनरल एम.एम. नवाने
(2) जनरल बिपिन रावत
(3) एडमिरल करमवीर सिंह
(4) एयर मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

Join Telegram: @apna_library
Search on Google @apna_library.pdf
Scanned with CamScanner

85. निम्नलिखित में से कौन जुलाई, 2021 को अंतरिक्ष में यात्रा करने वाली तीसरी भारतीय मूल की महिला बनीं?
(1) सुनीता विलियम्स
(2) निक्को मुकाई
(3) सिरिशा बदला
(4) गिरिश दूंडला
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

86. भारत का प्रथम परमाणु संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया था?
(1) सूरत (गुजरात)
(2) तारापुर (महाराष्ट्र)
(3) ट्रॉम्बे (महाराष्ट्र)
(4) शोलापुर (महाराष्ट्र)
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

87. के. सिवन अध्यक्ष थे–
(1) DRDO के
(2) ISRO के
(3) SEBI के
(4) RBI के
(बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

88. 'भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023' के अनुसार, कौन सी संस्था अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केन्द्रित करेगी?
(1) NSIL (2) DRDO
(3) IN-SPACE (4) ISRO
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

89. भारत की स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, तेजस ने अपनी हथियार क्षमता के 5वीं जनरेशन की _____ एयर-टू-एयर कॉम्बैट मिसाइल को जोड़ा है।
(1) पृथ्वी I (2) पाइथन - 5
(3) अग्नि I (4) शौर्य
(बिहार मद्य निषेध दारोगा भर्ती परीक्षा, 16.07.2023)

90. भू-स्थिर उपग्रह भूमध्य है?
(1) स्थिर ऊँचाई पर
(2) उस ऊँचाई पर, जो द्रव्यमान पर निर्भर हो
(3) ध्रुवों के ऊपर किसी भी ऊँचाई पर
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.06.2023, Shift-II)

संक्षिप्त उत्तर

1. (3)	2. (2)	3. (2)	4. (2)
5. (4)	6. (2)	7. (3)	8. (1)
9. (2)	10. (1)	11. (1)	12. (4)
13. (2)	14. (3)	15. (2)	16. (2)
17. (3)	18. (3)	19. (3)	20. (1)
21. (3)	22. (1)	23. (2)	24. (4)
25. (1)	26. (3)	27. (1)	28. (2)
29. (1)	30. (2)	31. (4)	32. (1)
33. (2)	34. (2)	35. (3)	36. (2)
37. (2)	38. (1)	39. (2)	40. (2)
41. (1)	42. (4)	43. (4)	44. (4)
45. (1)	46. (4)	47. (2)	48. (1)
49. (1)	50. (2)	51. (3)	52. (2)
53. (4)	54. (3)	55. (1)	56. (1)
57. (1)	58. (4)	59. (2)	60. (4)
61. (1)	62. (1)	63. (4)	64. (4)
65. (2)	66. (2)	67. (4)	68. (4)
69. (3)	70. (3)	71. (1)	72. (3)
73. (1)	74. (4)	75. (3)	76. (2)
77. (2)	78. (4)	79. (2)	80. (1)
81. (4)	82. (2)	83. (2)	84. (2)
85. (3)	86. (2)	87. (2)	88. (4)
89. (2)	90. (1)		

उत्तर व्याख्यासहित

1. (3) देशज तकनीक पर आधारित मानव-रहित माइक्रो-लाइट टारगेट-यान 'लक्ष्य'-1 की चाँदीपुर के इंटिग्रेटेड टेस्ट रेंज से परीक्षण उड़ान संफलतापूर्वक संपन्न हुई।

2. (2) भारतीय नौसेना भारतीय सेना का सामुद्रिक अंग है। पूर्वी नौसेना कमांड बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में है। पश्चिमी नौसेना कमांड का मुख्यालय अरब सागर में मुम्बई में स्थित है।

3. (2) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की स्थापना 15 अगस्त, 1969 ई. को की गई थी। यह भारत का राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान है इसका मुख्यालय बेंगलुरू (कर्नाटक) में अवस्थित है। इसके प्रथम प्रशासक 'विक्रम साराभाई' थे तथा वर्तमान में A.S. किरण कुमार इसके Chairman हैं। इसरो ने हाल ही में एक साथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित कर दुनिया में अपना लोहा मनवाया है. इसके साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अब भारत को भी अग्रणी स्थान है।

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)- यहाँ सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र अवस्थित है, यह ISRO का प्राथमिक अंतरिक्ष बंदरगाह है, अर्थात यहाँ इसरो द्वारा अपने उपग्रह प्रक्षेपित किए जाते हैं।

4. (2) अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल का उदाहरण है। यह सतह से सतह पर मार करने में सक्षम है। इसके (अग्नि के) पाँच प्रकार हैं। जिनमें प्रत्येक की अलग-अलग मारक क्षमता है। वर्तमान में ये पाँचों मिसाइलें भारतीय सेनाओं को सौंपी जा चुकी हैं।

अग्नि-1 - मारक क्षमता - 700-1250 किमी.
अग्नि-2 - मारक क्षमता - 2000-3000 किमी.
अग्नि-3 - मारक क्षमता- 3500-5500 किमी.
अग्नि-4 - मारक क्षमता - 3000-4000 किमी.
अग्नि-5- मारक क्षमता - 5000 किमी. से ऊपर परमाणु सामाग्री ले जाने में सक्षम है।

पृथ्वी- DRDO द्वारा विकसित सतह से सतह पर मार करने में सक्षम छोटी दूरी की मिसाइल हैं। (मारक क्षमता-150-160 किमी.)

नाग- यह एक टैंक भेदी मिसाइल है। (स्वदेश निर्मित) जो दागो और भूल जाओ पद्धति पर आधारित है।

त्रिशूल- यह एक जमीन से हवा (S to A) में मार करने में सक्षम मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 9 किमी. है। तीनों सेनाओं द्वारा इसका प्रयोग किया जाता है।

5. (4) आर्यभट्ट भारत का पहला उपग्रह है जिसे इसे नाम के महान खगोलशास्त्री के नाम पर नामित किया गया है यह सोवियत संघ द्वारा 11 अप्रैल, 1975 को कॉसमॉस-3 M प्रक्षेपण वाहन द्वारा कास्पुतिन यान से प्रक्षेपित किया गया था।

6. (2) भारत का पहला परमाणु रिएक्टर 1955 में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (BARC) ट्रॉम्बे (मुंबई-महाराष्ट्र) में स्थापित किया गया था। यह भारत का सबसे बड़ा परमाणु अनुसंधान केन्द्र भी है।

7. (3) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी भारतीय सशस्त्र सेना की एक संयुक्त सेवा अकादमी है जहाँ तीनों सेवाओं, थल सेना, नौसेना और वायुसेना के कैडेटों को उनके संबंधित सेवा अकादमी के पूर्व-कमीशन प्रशिक्षण में जाने से पहले एक साथ प्रशिक्षित किया जाता है यह पुणे में स्थित है।

8. (1) ध्रुव हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित और निर्मित एक बहुद्देशीय हेलीकॉप्टर है इसकी भारतीय सशस्त्र बलों को आपूर्ति की जा रही है।

9. (2) 4G चौथी पीढ़ी का संक्षिप्त रूप है जो मोबाइल फोन वायरलैस सेवा की चौथी पीढ़ी है। इस तकनीक का पहला इस्तेमाल चीन ने किया।

10. (1) इंदिरा गांधी परमाणु अन्वेषण केन्द्र, कल्पक्कम, ने प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (Prototype Fast Breeder Reactor PFBR) का निर्माण किया है। इसका प्रयोग प्लूटोनियम-यूरेनियम ऑक्साइड में ईंधन के रूप में और तरल सोडियम (Liquid Sodium) को ठंडा करने में किया जाएगा।

11. (1) भारतीय वायुसेना भारतीय सशस्त्र सेना का एक अंग है। जो वायु युद्ध, वायु सुरक्षा, एवं वायु चौकसी का महत्वपूर्ण काम देश के लिए करते हैं। भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य टचिंग द स्काई विद ग्लोरी नमः स्पृशं दीप्तम् है।

12. (4) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी शिमला में स्थित एक प्रतिष्ठित शोध संस्थान है। इसकी स्थापना 1965 में की गई थी।

13. (2) 'क्यूरोसिटी' नासा के द्वारा मंगल पर मंगल विज्ञान प्रयोगशाला के साथ भेजा गया रोबोट है। यह यान 6 अगस्त, 2012 को मंगल ग्रह पर उतरा।

14. (3) पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र भारत द्वारा स्वदेशीय निर्मित, जमीन से जमीन पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है। ये मिसाइल नाभिकीय/आण्विक अस्त्रों को ले जाने में सक्षम है।

15. (2) लाइफलाइन एक्सप्रेस (जीवन रेखा एक्सप्रेस) दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन है। 1991 में चलाई गई लाइफलाइन एक्सप्रेस ने देश भर का सफर किया है।

16. (2) कासिनी एक अंतरिक्ष यान है। नासा का कासिनी अंतरिक्ष यान लगभग 13 वर्षों से शनि के चारों ओर की कक्षा में स्थित है।

17. (3) सेलीने-1 चन्द्र आरबिटर मिशन अभियान जापान का है।

18. (3) 12 अप्रैल, 1961 को यूरी गगारिन ने अंतरिक्ष में प्रवेश किया। वे अंतरिक्ष में प्रवेश करने वाले प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने। 108 मिनट की उड़ान के दौरान उन्होंने अपने अंतरिक्षयान वोस्टॉक 1 में पृथ्वी कक्ष की परिक्रमा की थी। स्वचालित पद्धति का प्रयोग करते हुए उन्होंने रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष यात्रा की थी। अपने अभियान के दौरान गगारिन अंतरिक्षयान पर नियंत्रण नहीं रख सके।

19. (3) नरौरा परमाणु विद्युत केन्द्र (NAPS) उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के नरौरा में स्थित है। यह भारत के उत्तरी पावर ग्रिड को विद्युत आपूर्ति करता है। नरौरा पामाणु विद्युत केन्द्र की दो विद्युत इकाईयाँ (PHWRs) है, जिसमें से पहली इकाई (यूनिट-I) की शुरुआत 1 जनवरी, 1991 को और दूसरी इकाई (यूनिट-2) की शुरुआत 1 जुलाई, 1992 को हुई थी।

20. (1) भारत ने इटली देश का उपग्रह अपने यहाँ से लॉन्च कर विश्व बाजार में अपना पाँव रखा।

21. (3) भारतीय कृषि जैव प्रोद्योगिकी संस्थान झारखंड राज्य के राँची शहर में स्थित है।

22. (1) जीसैट- 7 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा विकसित एक बहु बैंड उपग्रह हैं। भारतीय नौसेना देश में निर्मित बहु बैंड संचार अंतरिक्ष यान की उपयोग कर्ता है। जो सितंबर 2013 से परिचालन में है।

23. (2) भारत ने सतह से सतह तक मार करने वाली एक नई सामरिक मिसाइल प्रगति विकसित की है। जिसकी मारक क्षमता 60-170 किलोमीटर है।

24. (4) केपलर-78 बी एक ग्रह है। इसकी खोज 2013 में केपलर स्पेस टेलीस्कोप से की गई।

25. (1) फील्ड मार्शल कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा भारत के पहले सेनाध्यक्ष थे। उन्होंने सन् 1947 के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना का नेतृत्व किया।

26. (3) भारत का पहला परमाणु रिएक्टर अप्सरा है। परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के रूप में भारत के प्राथमिक परमाणु अनुसंधात्मक केन्द्र बन गया है।

27. (1) सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का प्रक्षेपण केन्द्र है। यह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित है।

28. (2) मंगलयान भारत का प्रथम मंगल अभियान है। यह भारत की प्रथम ग्रहों के बीच का मिशन है। यह ध्रुवीय प्रक्षेपण यान PSLV-25 के द्वारा सफलतापूर्वक छोड़ा गया।

29. (1) आर्यभट्ट भारत का पहला उपग्रह है जिसे इसी नाम के महान भारतीय खगोलशास्त्री के नाम पर नामित किया गया है।

30. (2) सिलचर परमाणु ऊर्जा संयंत्र नहीं है। सिलचर असम का एक प्रमुख शहर है यह असम का दूसरा बड़ा शहर है।

31. (4) श्री हरिकोटा आंध्र प्रदेश के तट पर स्थित एवं बंगाल की खाड़ी से परे एक अवरोधक टापू है। इस टापू पर स्थित भारत के दो उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्रों में से एक सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र और दूसरा तिरुवनंतपुरम् में भूमध्य रेखा के निकट का थुम्बा अंतरिक्ष-यान प्रक्षेपण केन्द्र स्थित है।

32. (1) नरौरा: उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में, कैगा: काली नदी के निकट, कर्नाटक के उत्तर कन्नड जिले में, काकरापार: गुजरात के व्यारा में, और कूडनकुलम: तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में स्थित है।

33. (2) भारत ने अपना प्रथम परमाणु परीक्षण 18 मई, 1974 को राजस्थान के पोखरन परीक्षण रेंज (पोटीआर) में किया था। इस परीक्षण को कूट रूप में 'स्माइलिंग बुद्ध' नाम दिया गया था। यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के पाँच स्थायी सदस्यों के बाद किसी देश द्वारा किया गया प्रथम प्रमाणित परमाणु परीक्षण था।

34. (2) हर्ष चावड़ा भारत की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी थी। उसे भारत की इन् विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) किड माना जाता है। उसका जन्म 6 अगस्त, 1986 को मुंबई के जसलोक अस्पताल में हुआ था। चावड़ा ने मार्च 2016 में उसी अस्पताल में एक स्वस्थ बालक को जन्म दिया था।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

35. (3) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (एनआईआई) नई दिल्ली में स्थित एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है, जो इम्यूनोलॉजी में अनुसंधान के लिए जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के तहत है। NII की स्थापना 24 जून, 1981 को हुई थी, जिसके गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष के रूप में प्रो. एम. जी. के. मेनन थे।

36. (2) नेशनल मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज, भारत का पहला डी-म्यूचुअलाइज्ड इलेक्ट्रॉनिक मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज, अहमदाबाद में स्थित है। भारत सरकार द्वारा इसे स्थायी आधार पर राष्ट्रीय दर्जा दिया गया था और 26 नवम्बर, 2002 के बाद से परिचालन में लाया गया था। NMCE वृक्षारोपण, मसाले, खाद्यान्न, अलौह धातु, तेल बीज और उनके डेरिवेटिव में भविष्य के व्यापार के लिए इलेक्ट्रॉनिक मंच प्रदान करता है।

37. (2) कल्पना-1 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा 12 सितम्बर, 2002 को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपित पहला मौसम संबंधी उपग्रह था। मूल रूप से मेटसैट-1 के रूप में जाना जाने वाला, उपग्रह को पीएसएलवी-सी 4 द्वारा भूस्थैतिक कक्षा में पहली बार प्रक्षेपित किया गया था। 5 फरवरी, 2003 को इसे भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा कल्पना-1 का नाम दिया गया था, जो अंतरिक्ष शटल दुर्घटना में मारी गई कल्पना चावला की याद में था।

38. (1) मेघा-ट्रॉपिक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और फ्रेंच सेंटर नेशनल द' इटुड्स स्पेटिएल्स (CNES) के बीच एक सहयोगी प्रयास है। यह जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में उष्णकटिबंधीय वातावरण में जल चक्र का अध्ययन करने वाला एक उपग्रह मिशन है। अक्टूबर 2011 में PSLV रॉकेट मेघा-ट्रॉपिक को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया था।

39. (2) नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (NRSC), जिसे पहले नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी के रूप में जाना जाता था, हैदराबाद में स्थित है। एक पूर्ण सरकारी संगठन के रूप में, यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के केंद्रों में से एक है। एनआरएससी हवाई और उपग्रह स्रोतों से डेटा का प्रबंधन करता है।

40. (2) यूथसैट स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान स्तर के विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ भारत और रूस का एक संयुक्त वैज्ञानिक शैक्षणिक कृत्रिम उपग्रह मिशन है। इसे इसरो के इंडियन मिनी सैटलाइट-1 बस द्वारा निर्मित किया गया था। इसे 20 अप्रैल, 2011 को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था।

41. (1) भारत में वेव ऊर्जा अनुसंधान की शुरुआत 1983 में हुई थी, जब भारत सरकार के महासागर विकास विभाग ने आईआईटी, मद्रास को इस शोध के लिए धन उपलब्ध कराया था। इसके चलते केरल के तिरुवनंतपुरम के विझिनजाम में 1991 में 150 kw पायलट वेव एनर्जी संयंत्र की स्थापना हुई। यह ऊर्जा संयंत्र दुनिया का पहला वेब बिजली संयंत्र है जो आसिलेटिंग वाटर कॉलम (OWC) तकनीक पर काम कर रहा था।

42. (4) GSAT-3, जिसे EDUSAT के रूप में भी जाना जाता है, एक संचार उपग्रह था जिसे 20 सितम्बर, 2004 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा लॉन्च किया गया था। EDUSAT पहला भारतीय उपग्रह है जो विशेष रूप से शैक्षिक क्षेत्र की सेवा के लिए बनाया गया है। यह मुख्य रूप से देश के लिए एक इंटरैक्टिव उपग्रह-आधारित दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की माँग को पूरा करता है।

43. (4) चन्द्रमा पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है। यह सौरमंडल का पाँचवा, सबसे विशाल प्राकृतिक उपग्रह है पृथ्वी के मध्य से चन्द्रमा के मध्य तक की दूरी 3,84,403 किलोमीटर है।

44. (4) PSLV का पूरा नाम-पोलर सेटेलाइट लॉंच व्हीकल है। यह चार चरणों वाला यान है, जिसकी सहायकता से उपग्रहों को ध्रुवीय कक्षा एवं सूर्यतुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया जाता है। इस यान में द्रव प्रणोदक के साथ-साथ ठोस प्रणोदक भी इस्तेमाल किया जाता है। इसका प्रथम सफल परीक्षण 1994 में किया गया था।

45. (1) दक्षिण नवल कमाण्ड का मुख्यालय कोच्चि में स्थित है।

नौसेना

कामन	मुख्यालय
दक्षिणी	कोच्चि
पूर्वी	विशाखापत्तनम
पश्चिमी	मुम्बई

46. (4) देश का सबसे पुराना पैरामिलिटरी दल असम राइफल्स है।

पैरामिलिटरी दल	स्थापना वर्ष
CRPF	1939 ई.
असम रायफल्स	1835 ई.
CISF	1969 ई.
ITBP	1962 ई.
BSF	1965 ई.

47. (2) पूर्वी नवल कमाण्ड विशाखापत्तनम में स्थित है।

नौसेना

कमान	मुख्यालय
दक्षिणी	कोच्चि
पश्चिमी	मुम्बई

48. (1)

ASLV — ऑगमेन्टेड सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल

PSLV — पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल

GSLV — जीयोसाइकोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल

49. (1) स्पुतनिक-I प्रथम मनुष्य निर्मित उपग्रह था। यह रूस के द्वारा छोड़ा गया उपग्रह था। इसका प्रक्षेपण 1957 ई. में हुआ था।

50. (2) रक्षा मंत्रालय चार विभागों : रक्षा विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग और भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग, से मिलकर बनता है। रक्षा सचिव रक्षा विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य करता है और मंत्रालय में चार विभागों की गतिविधियों के समन्वयन के लिए उत्तरदायी होता है।

51. (3) विश्व के सबसे छोटे अंतरिक्षयान स्प्राइट को 23 जून, 2017 को भारतीय रॉकेट पीएसएलवी द्वारा सफलतापूर्वक पृथ्वी के निचले कक्ष में स्थापित किया गया था। ये छोटे उपग्रह केवल 3.5 सेमी. × 3.5 सेमी. आकार के हैं और रेडियो, सेंसर और कम्प्यूटर को वहन करते हैं और प्रत्येक उपकरण

धूप द्वारा संचालित होता है और इनका वजन केवल चार ग्राम है। स्प्राइट को कॉरनेल यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा निर्मित किया गया था और मैक्स वैलियर और वेनता नामक जर्मनी के दो विशाल उपग्रहों द्वारा द्वितीयक पेलोड के रूप में इसे अंतरिक्ष में भेजा गया था।

52. (2) पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र भारत द्वारा स्वदेशीय निर्मित, जमीन से जमीन पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है।

53. (4) भारतीय वायुसेना भारतीय सशस्त्र सेना का एक अंग है जो वायु युद्ध, वायु सुरक्षा एवं वायु चौकसी का महत्वपूर्ण काम देश के लिए करती है। एयरफोर्स में सबसे निम्न कमीशंड पद फलाइंग ऑफीसर का होता है।

54. (3) दिए गए उपग्रहों को भू-समक्रमिक कक्ष में स्थापित करने और प्रक्षेपित करने की तारीख निम्नलिखित है: इनसैट-2डी : 4 जून, 1997, कल्पना-1:12 सितम्बर, 2002, इनसैट-3ए 10 अप्रैल, 2003, इनसैट-4ए : 22 दिसम्बर, 2005। अपने प्रक्षेपण के समय इनसैट-4ए भारत द्वारा निर्मित और प्रक्षेपित सबसे भारी उपग्रह था।

55. (1) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा भारत में निर्मित की गई लंबी दूरी की, सभी मौसम के लिए अनुकूल सबसोनिक क्रूज मिसाइल निर्भय को कई प्लेटफॉर्मों से लॉन्च किया जा सकता है और यह पारंपरिक और परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। यह वर्तमान में विकास और उड़ान परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।

56. (1) GSLV-F10/ चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा पर भारत का दूसरा मिशन है। यह एक पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है जिसमें एक ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल हैं। रोवर पर लगे यंत्र चंद्र सतह का निरीक्षण करेंगे और डेटा वापस भेजेंगे, जो चंद्र मिट्टी के विश्लेषण के लिए उपयोगी होगा। 2019 के दौरान इसे लॉन्च करने की योजना है।

57. (1) भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना 10 अगस्त, 1948 को वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग के अंत में की गई थी।

- भारत सरकार द्वारा पारित एक प्रस्ताव बाद में 1 मार्च, 1958 को परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत 'भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग' द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।

58. (4) सर्वप्रथम अंतरिक्ष में सोवियत संघ द्वारा 'लाइका' नामक कुत्ते को स्पुतनिक-2 नामक अंतरिक्षयान से 1957 में भेजा गया था।

59. (2) चंद्रयान -2 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 22 जुलाई, 2019 को विकसित और लॉन्च किया गया दूसरा चंद्र अन्वेषण मिशन था।

- के. शिवन उस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष थे।
- सिवन 15 जनवरी, 2018 से इसरो के अध्यक्ष हैं।
- चंद्रयान- II में विक्रम लैंडर और प्रज्ञान चंद्ररोवर ये सभी भारत में विकसित किए गए थे।

60. (4) 2 अगस्त, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बेंगलुरू में अंतरिक्षीय परिस्थिति सम्बद्ध जागरूकता नियंत्रण केंद्र की आधारशिला रखी।

- नियंत्रण केंद्र, निष्क्रिय उपग्रहों, परिक्रमा करने वाली वस्तुओं के टुकड़ों, पृथ्वी क्षुद्रग्रहों और प्रतिकूल अंतरिक्ष मौसम की स्थिति से भारतीय अंतरिक्ष परिसंपत्तियों के संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की एक श्रृंखला की मेजबानी करेगा।

61. (1) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने मार्च 2019 में छात्रों और अभिभावकों को समय पर महत्वपूर्ण सूचना प्रसारित करने के लिए एक नया ऐप 'शिक्षा वाणी' शुरू किया।

- इस ऐप में छात्रों, शिक्षकों, माता-पिता और प्रधानाध्यापक सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ताओं के लिए अलग-अलग अनुभाग हैं, जो इसे बहुत उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाते हैं।

62. (1) मंगल 2020, नासा के मार्स एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम द्वारा मार्स रोवर मिशन है जो 17 जुलाई, 2020 को एक नियोजित प्रक्षेपण के साथ और 18 फरवरी, 2021 को मार्स के जेजेरो क्रेटर में उतरा था।

- यह मंगल पर एक अंतरक्षीय-जैविक रूप से प्रासंगिक प्राचीन पर्यावरण की जांच करेगा और इसकी पूर्ववर्ती अधिवासीय मूल्यांकन सहित इसकी भूगर्भीय मंगल पर पिछले जीवन की संभावना और सुलभ भूवैज्ञानिक सामग्रियों के भीतर जैव-संरक्षण के संरक्षण की क्षमता से सम्बद्ध जांच शामिल है।

63. (4) भारत ने फरवरी 2019 में ओडिशा तट से सबसे उन्नत टैंकरोधी हथियारों में से एक के हेलीकाप्टर-लॉन्च किए गए संस्करण का परीक्षण किया।

- हेलिना, 7-8 किमी की हिट रेंज के साथ नाग टैंकरोधी गाइडेड मिसाइल के संस्करण को सेना के हेलिकॉप्टर से लॉन्च किया गया था।
- बालासोर जिले के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज के पास अपनी पूरी श्रृंखला के साथ हथियार प्रणाली का परीक्षण किया गया था।

64. (4) भारत ने मार्च 2019 में भारतीय नौसेना के लिए 10 साल की अवधि के लिए परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमले वाली पनडुब्बी को पट्टे पर देने के लिए रूस के साथ 3 बिलियन डॉलर के सौदे को सील कर दिया।

- संधि के तहत रूस को अकुला श्रेणी की पनडुब्बी को 2025 तक भारतीय नौसेना को चक्र III के नाम से जाना जाएगा।
- यह भारतीय नौसेना को पट्टे पर दी जाने वाली तीसरी रूसी पनडुब्बी होगी।

65. (2) ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है।

- ब्रह्मोस डीआरडीओ और रूस के एनपीओएम के बीच एक संयुक्त उद्यम है।
- यह दो चरणीय (पहले चरण में ठोस प्रणोदक इंजन और दूसरे में तरल रैमजेट) सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- इसकी उड़ान रेंज लगभग 300 किमी. है।
- यह "फायर एंड फॉरगेट्स" सिद्धांत पर काम करता है यानी इसे प्रक्षेपण के बाद आगे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है।
- ब्रहमोस सबसे तेज क्रूज मिसाइल में से एक है जो वर्तमान में मैक 2.8 की गति से लॉन्च होता है जो ध्वनि की गति से 3 गुना अधिक है।

Scanned with CamScanner

Join Telegram: @apna_library

- ब्रह्मोस एक बहुस्तरीय मिसाइल है यानि इसे भूमि, वायु और समुद्र और बहु क्षमता से प्रक्षेपण किया जा सकता है जो सटीकता में पिनपॉइंट के साथ है जो मौसमी चुनौतियों के बावजूद दिन और रात काम करता है।
- ब्रह्मोस 2.5 टन के वजन के साथ Su-30 MKI लड़ाकू विमान पर तैनात किया जाने वाला सबसे भारी हथियार है।

66. (2) निशांत जिसे एक पहिया वाला जहाज पंछी कहा जाता है, जो शॉर्ट रनवे का उपयोग करने और उतारने में सक्षम है, इसको DRDO द्वारा विकसित किया गया है।

- 2014 में बाह्य रेडियो नियंत्रित उड़ान की सहायता से इसकी सफल पहली उड़ान थी।
- पंछी के बारे में कहा जाता है कि इसके पास निशांत की सभी क्षमताएं हैं, सिवाय इसके कि प्रदर्शन में सुधार किया गया है और इसमें एक लंबा सहन-शक्ति होगी क्योंकि इसे एयर बैग या पैराशूट सिस्टम से लोड नहीं किया जाएगा।
- यह अनुमान लगाया जाता है कि सीएसआईआर-एनएएल तथा वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीई) के साथ विकसित किए गए एक घरेलू निर्मित इंजन के साथ, पंछी 150 किमी/घंटा की उड़ान भरेगी।

67. (4) डसॉल्ट राफेल फ्रांसीसी एयरलाइन कंपनियों डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया गया एक लड़ाकू विमान है।

- प्रोटोटाइप ने पहली बार 1986 में उड़ान भरी थी लेकिन 2001 में मरीन नेशनले द्वारा शुरू की गई थी।
- राफेल को 2006 में अर्मे डे ल एयर में पेश किया गया था।
- भारत ने 59,000 करोड़ रुपये की लागत से 36 राफेल जेट की खरीद के लिए फ्रांस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

68. (4) भारत ने नैनो उपग्रह के विकास पर एक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम UNNATI की घोषणा की, जो सैद्धांतिक शोध और संयोजन, संयोजन और परीक्षण (AIT) के प्रशिक्षण के माध्यम से है।

- यह इसरो (UNNATI) द्वारा यूनीस्पैस नैनोसेटेलाइट असेंबली एंड ट्रेनिंग के लिए है।

69. (3) इजराइल ने भारत की लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल (LRSAM)-बराक 8 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

- एलआरएसएएम भारत का पहला हथियार है जिसे भारत ने इजरायल के साथ विकसित किया है।
- भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) द्वारा संयुक्त रूप से डिजाइन और विकसित सुपरसोनिक LRSAM का हाल ही में एक इजराइली नौसेना पोत से परीक्षण किया गया था।

70. (3) चांग 4 एक रोबोटिक अंतरिक्ष यान मिशन है, जो चीन चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के दूसरे चरण का हिस्सा है।

- इसने 3 जनवरी, 2019 को चंद्रमा के जमीन पर सबसे दूर की ओर पहली संयत लैंडिंग प्राप्त की।
- चांग-4 का लक्ष्य वॉन कर्मन क्रेटर नामक एक जगह का पता लगाना है, जो कि दक्षिण के वृहतर ध्रुव ऐटकेन (एसपीए) बेसिन के भीतर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि इसे चंद्रमा के इतिहास के शुरुआती दिनों में एक विशाल प्रभाव द्वारा बनाया गया था।
- यह पहली बार है जब चंद्रमा के सुदूर पक्ष का पता लगाने का प्रयास किया गया है। चूँकि चंद्रमा का परिक्रमण चक्र उसके घूर्णन चक्र के समान है, वही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने रहता है।
- दूसरे सतह से, जिनमें से अधिकांश को पृथ्वी से नहीं देखा जा सकता है, चंद्रमा के सबसे दूर या अंधेरे पक्ष को कहा जाता है, इसलिए नहीं कि यहाँ अंधेरा है, बल्कि इसलिए क्योंकि इसमें से अधिकांश अपरिवर्तित है।

71. (1) अंतरिक्ष यान आर्यभट्ट प्रसिद्ध भारतीय खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर, भारत का पहला उपग्रह था।

- यह पूरी तरह से भारत में डिजाइन एवं निर्मित किया गया था। इसे 19 अप्रैल, 1975 को कपुस्तिन यार से एक सोवियत कॉसमॉस -3 एम रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया था।

72. (3) राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत एक विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई है।

- इसकी स्थापना 22 सितम्बर, 1986 को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अधिनियम, 1986 के तहत की गई थी।
- एनएसजी का मुख्यालय मानेसर, गुरुग्राम में स्थित है।

73. (1) व्योममित्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा मानवयुक्त गगनयान अभियान हेतु अर्द्धमानव का यह प्रोटोटाइप एक महिला रोबोट है।

- इसे अर्द्ध-मानवीय इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि इसके पैर नहीं हैं। यह सिर्फ आगे और अगल-बगल झुक सकती है।
- यह अंतरिक्ष में इंसानों की तरह काम करेगी और जीवन प्रणाली के संचालन पर नजर रखेगी। यह जाँच करेगी कि गगनयान की सभी प्रणालियाँ ठीक ढंग से काम कर रही है या नहीं।

74. (4) त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (QRSAM) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित की गई है।

- इसकी मारक क्षमता 25 किमी से 30 किमी तक है।
- यह ठोस-ईंधन प्रणोदक का उपयोग करती है और इसमें कई लक्ष्यों को पूरा करने की क्षमता है।

75. (3) रावण 1 श्रीलंका का निम्न कक्षा का क्यूब अनुसंधान उपग्रह है और 2012 में सुप्रीमसैट-1 के प्रक्षेपण के बाद श्रीलंका का दूसरा उपग्रह है।

- उपग्रह को 17 अप्रैल, 2019 को संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा सिग्नस एनजी-11 के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

76. (2) फ्लाइट लेफ्टिनेंट हिना जायसवाल ने पहली भारतीय महिला फ्लाइट इंजीनियर बन कर इतिहास रच दिया।

- भारतीय वायुसेना ने 1993 में अधिकारी संवर्ग में महिलाओं को नियुक्त करना शुरू किया और अब उन्हें विभिन्न धाराओं में पायलट के रूप में शामिल किया गया है।

77. (2) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना 1969 में भारत के लिए एक स्वतंत्र अंतरिक्ष कार्यक्रम विकसित करने के लिए की गई थी।

- इसरो ने भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट बनाया, जिसे सोवियत संघ ने 19 अप्रैल, 1975 को लॉन्च किया था।
- इसका मुख्यालय बेंगलुरु में है।

78. (4) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शत्रुतापूर्ण रडार खतरों के खिलाफ भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमानों की सुरक्षा के लिए एक उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित की है।

- चौफ एक महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक है जिसका उपयोग दुश्मन की रडार - निर्देशित मिसाइलों से अपने विमानों को बचाने में किया जाता है। इसकी मदद से भारतीय वायु सेना के लडाकू विमान दुश्मन सेना के रडार और मिसाइलों से काफी हद तक बचे रहेंगे।

79. (2) सीमा सड़क संगठन (BRO) का गठन 7 मई, 1960 को भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने एवं देश के उत्तर एवं उत्तर-पूर्वी राज्यों के दूरदराज के इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया गया था।

- यह रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।

80. (1) अंतरिक्ष यान आर्यभट्ट प्रसिद्ध भारतीय खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर, भारत का पहला उपग्रह था।

- यह पूरी तरह से भारत में डिजाइन एवं निर्मित किया गया था। इसे 19 अप्रैल, 1975 को कपुस्तिन यार से एक सोवियत कॉसमॉस -3 एम रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया था।

81. (4) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) भारत की प्रमुख परमाणु अनुसंधान संस्थान है, जिसका मुख्यालय ट्रॉम्बे, मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है।

- इसकी स्थापना 3 जनवरी, 1954 को संस्थापक निदेशक के रूप में होमी जे. भाभा के द्वारा की गयी थी।

82. (2) 27 फरवरी, 2019 को, विंग कमांडर अभिनंदन वर्द्धमान, IAF पायलट मिग-21 उड़ा रहे थे।

- मिग-21 बाइसन, भारत के छः लड़ाकू विमानों में से एक, रूसी मूल का है।
- यह सिंगल इंजन, सिंगल सीटर मल्टीरोल लड़ाकू विमान है।

83. (2) भारत का प्रथम आण्विक केंद्र तारापुर में स्थित है।

- भारत का पहला परमाणु ऊर्जा (प्लांट तारापुर (महाराष्ट्र) में 1969 ई. में संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से स्थापित किया गया था।
- भारत में कुल 8 परमाणु विद्युत गृह है। इन 8 विद्युत गृहों में 22 परमाणु रिएक्टर सक्रिय है।

84. (2) जनरल बिपिन रावत भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) थे।

- सीडीएस के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, उन्होंने चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के 57 वें और अंतिम अध्यक्ष के साथ-साथ 26 वें सेनाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था।
- वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के बाद भी भारत में एक चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद को बनाने की पहल की गई थी।

85. (3) कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स के बाद भारतीय मूल की तीसरी महिला सिरिशा बदला अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली भारत की तीसरी महिला हैं।

- भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सिरिशा बदला 11 जुलाई, 2021 को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी।
- 34 वर्षीय सिरिशा अमेरिका की निजी अंतरिक्ष एजेंसी वर्जिन गैलेक्टिक के मिशन 'यूनिटी 22' के तहत छह सदस्यों के दल की हिस्सा थी।

86. (2) भारत का प्रथम आण्विक केंद्र तारापुर में स्थित है।

- भारत का पहला परमाणु ऊर्जा प्लांट तारापुर (महाराष्ट्र) में 1969 ई. में संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से स्थापित किया गया था।
- भारत में कुल 8 परमाणु विद्युत गृह है। इन 8 विद्युत गृहों में 22 परमाणु रिएक्टर सक्रिय है।

87. (2) कैलासवादिवू सिवन एक भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं जिन्होंने अंतरिक्ष विभाग के सचिव और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

- उन्होंने इससे पहले विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र के निदेशक के रूप में कार्य किया।

88. (4) भारतीय अंतरिक्ष नीति - 2023 के अनुसार राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्य रूप से नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

- यह बाहरी अंतरिक्ष के बारे में मानवीय समझ के विस्तार पर काम करेगा।

89. (2) भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने 27 अप्रैल, 2021 को हवा से हवा में मार करने वाली हथियार क्षमता में 5वीं पीढ़ी की पाइथन-5 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एएएम) को शामिल किया।

- इस परीक्षण का उद्देश्य तेजस पर पहले से ही एकीकृत डर्बी बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) एएएम की बढ़ी हुई क्षमता को मान्य करना भी था।

90. (1) भूस्थैतिक उपग्रह एक पृथ्वी-परिक्रमा उपग्रह है, जो सीधे भूमध्य रेखा पर लगभग 3600 किलोमीटर की ऊंचाई पर रखा जाता है, जो उसी दिशा में घूमता है जिस दिशा में पृथ्वी घूमती (पश्चिम से पूर्व) है।

- जब किसी वस्तु को भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किया जाता है, तो ऐसी वस्तु की कक्षीय अवधि पृथ्वी की घूर्णन अवधि के बराबर हो जाती है जो कि एक नाक्षत्र दिवस (24 घंटे) है।
- इसके कारण, यह पृथ्वी पर एक पर्यवेक्षक को गतिहीन दिखाई देता है तथा आकाश में एक स्थिति में स्थिर होता है।

□□□

Scanned with CamScanner

15 पुरस्कार एवं सम्मान

1. निम्नलिखित में से किसे उर्दू भाषा का प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
(1) कुर्रतुल ऐन हैदर
(2) अल्लामा इकबाल
(3) कृष्ण चन्दर
(4) फिराक गोरखपुरी
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

2. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) खेल (2) सिनेमा
(3) रक्षा (4) पत्रकारिता
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

3. दादासाहेब फाल्के पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) संगीत (2) साहित्य
(3) सिनेमा (4) बागवानी
(BSSC निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा, 21.08.2005)

4. 'इन्दिरा गाँधी प्रियदर्शिनी अवॉर्ड' से पुरस्कृत रमा वैद्यनाथ किस कला क्षेत्र से संबंधित हैं?
(1) नृत्य (2) संगीत
(3) समाज सेवा (4) साहित्य
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

5. ओलम्पिक-2004 भारत के राष्ट्रीय ध्वज-वाहक का सम्मान किसे मिला?
(1) अंजली भागवत
(2) अन्जू बॉबी जॉर्ज
(3) अपर्णा पोपट
(4) के. एम. बीनामोल
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

6. खेल के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार कौन सा है?
(1) भारत रत्न
(2) राजीव गाँधी खेल रत्न
(3) द्रोणाचार्य पुरस्कार
(4) अर्जुन पुरस्कार
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

7. भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता प्रथम भारतीय थे–
(1) सी. वी. रमन
(2) हरगोविन्द खुराना
(3) सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर
(4) अमर्त्य सेन
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

8. निम्नलिखित किस अर्थशास्त्री को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है?
(1) जगदीश भगवती
(2) प्रो. अमर्त्य सेन
(3) वी. के. आर. वी. राव
(4) एम. एल. सेठ
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 29.07.2007)

9. निम्नलिखित में से कौन भौतिकी में नोबेल पुरस्कार विजेता हैं ?
(1) डॉ. सी. वी. रमन
(2) जे. सी. बोस
(3) आर. एन. टैगोर
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (ITI) परीक्षा, 27.12.2008)

10. भारत का उच्चतम असैनिक पुरस्कार निम्न-लिखित में से कौन-सा है ?
(1) पद्म विभूषण
(2) अशोक चक्र
(3) भारत रत्न
(4) परमवीर चक्र
(BSSC व्यवसाय अनुदेशक (ITI) परीक्षा, 27.12.2008)

11. किस खिलाड़ी को उत्तर प्रदेश का पहला कांशीराम खेल रत्न अवॉर्ड मिला है?
(1) मुहम्मद कैफ
(2) रूद्रप्रताप सिंह
(3) भुवनेश्वर कुमार
(4) अजीत आगरकर
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

12. नोबेल शांति पुरस्कार की विजेताओं के चयन समिति किस देश में है?
(1) नीदरलैंड (2) स्वीडन
(3) नार्वे (4) जापान
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

13. भारत रत्न प्राप्त करने वाला प्रथम वैज्ञानिक कौन था?
(1) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(2) सी. वी. रमण
(3) हरगोबिंद खुराना
(4) सुब्रमणियम चंद्रशेखर
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I) परीक्षा, 01.09.2013)

14. निम्नलिखित में किस भारतीय ने 2012 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जीता?
(1) सुश्री सईदा रिजवान हसन
(2) श्री एम्ब्रोसियस रूविद्रिजातो
(3) श्री कुलदेई फ्रांसिस
(4) श्री कुलदीप नैयर
(BSSC उत्पाद अवर निरीक्षक (E.S.I) परीक्षा, 01.09.2013)

15. दो लंदन ओलंपिक पदक विजेताओं में प्रतिष्ठित 'खेल रत्न पुरस्कार' के लि चुना गया था।
उनमें से एक योगेश्वर दत्त थे और दू ..... थे।
(1) लिएंडर पेस
(2) मैरीकॉम
(3) सायना नेहवाल
(4) विजय कुमार
(BSSC JE (जल संसाधन) परीक्षा, 30.09.2012)

16. 1954 ई. में आरम्भ प्रथम भारत र सम्मान दिया गया था-
(1) सी. राजगोपालाचारी
(2) डॉ. एस. राधाकृष्णन को
(3) डॉ. सी. वी. रमन को
(4) डॉ. एम. विश्वेसरैया को
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

17. कलिंग पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) कला (2) विज्ञान
(3) साहित्य (4) खेल
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

18. भारत में वीरता के दो सर्वोच्च पुरस्कार हैं–
(1) परमवीर चक्र तथा अशोक चक्र
(2) परमवीर चक्र तथा वीर चक्र
(3) अशोक चक्र तथा महावीर चक्र
(4) परमवीर चक्र तथा महावीर चक्र
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

19. निम्न में से किस लेखक ने दो बार बुकर पुरस्कार प्राप्त किया?
(1) मारग्रेट एटवुड
(2) जे.एम. कोयटजी
(3) ग्राहम स्विफ्ट
(4) इयन मैक-ए-वन
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

20. बी. सी. रॉय पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) पत्रकारिता (2) संगीत
(3) वातावरण (4) औषधि
(BSSC अंकेक्षण (Auditor) परीक्षा, 07.10.2012)

21. यह बुकर पुरस्कार विजेता रही हैं:
(1) मीरा नायर (2) अरुन्धति रॉय
(3) आशा भोंसले (4) मेनका गांधी
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

22. इन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है :
(1) लता मंगेशकर
(2) सचिन तेन्दुलकर
(3) अटल बिहारी वाजपेयी
(4) जगमोहन डालमिया
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

23. सर्वश्रेष्ठ फीचर का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली फिल्म थी :
(1) काबुलीवाला (2) श्यामची आई
(3) अनुराधा (4) अपुर संसार
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

24. भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान इनमें से कौन-सा है?
(1) भारत रत्न (2) पद्मभूषण
(3) पद्मश्री (4) पद्मविभूषण
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

25. द्रोणाचार्य सम्मान किसे दिया जाता है?
(1) सर्वोच्च पहलवान
(2) सर्वोच्च बल्लेबाज
(3) सर्वोच्च टेनिस खिलाड़ी
(4) सर्वोच्च प्रशिक्षक
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

26. किन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया जाता है?
(1) सर्वश्रेष्ठ पहलवान
(2) सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज
(3) सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक
(4) सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

27. सी.वी.रमन को किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिला?
(1) जीव विज्ञान (2) भौतिक विज्ञान
(3) रसायन शास्त्र (4) गणित
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

28. द्रोणाचार्य पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(1) साहित्य (2) शांति
(3) क्रीड़ा प्रशिक्षण (4) वीरता
(BSSC 2nd GL (प्र.) परीक्षा, 16.02.2015)

29. मैगसेसे पुरस्कार रामोन मैगसेसे के नाम पर दिया जाता है। वे किस देश के राष्ट्रपति थे?
(1) म्यांमार (2) मलेशिया
(3) फिलीपींस (4) स्वीडन
(BSSC 2nd GL (प्र.) परीक्षा, 16.02.2015)

30. कालिदास सम्मान पुरस्कार प्रारम्भ किया गया
(1) पंजाब सरकार द्वारा
(2) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा
(3) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा
(4) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा
(BSSC 2nd GL (प्र.) परीक्षा, 23.02.2015)

31. 'द टिन ड्रम' किस नोबल पुरस्कार विजेता की कृति है ?
(1) डोरिस लेसिंग
(2) गुन्टर ग्रास
(3) ओक्टावियो पाज
(4) साल बेलो
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

32. मरणोपरांत प्रथम भारत रत्न किन्हें दिया गया?
(1) एम.जी. रामचन्द्रन
(2) बी.आर. अम्बेदकर
(3) के. कामराज
(4) लाल बहादुर शास्त्री
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

33. नोबल पुरस्कार किस देश के द्वारा दिये जाते हैं ?
(1) फ्रांस
(2) स्वीडन
(3) स्विट्जरलैंड
(4) यू.एस.ए.
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

34. अमर्त्य सेन को इसके लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया :
(1) रसायन विज्ञान
(2) अर्थशास्त्र
(3) सामाजिक विज्ञान
(4) शांति
(BSSC Inter Level परीक्षा, 05.02.2017)

35. "द मैन बुकर पुरस्कार" 2017 किसने जीता?
(1) जॉर्ज सॉन्डर्स
(2) कॉलिन गॉजाल्वेस
(3) पॉल बेन्टी
(4) अली एस स्मिथ

36. "व्यास सम्मान 2017" से किसे सम्मानित किया गया?
(1) सुनीता जैन
(2) सुरेंद्र वर्मा
(3) ममता कालिया
(4) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी
(BSSC Inter Level (पुनः) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

Join Telegram: @apna_library
Search On Google.pdf
Scanned with CamScanner

37. "सरस्वती सम्मान 2016" से किसे सम्मानित किया गया?
(1) महाबलेश्वर सेल
(2) कौरव्या मोइत्रा
(3) वृज नारायण
(4) गोविंद मिश्र
(BSSC Inter Level (पूर्व) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

38. किस क्षेत्र में बुकर पुरस्कार प्रदान किया जाता है?
(1) औषधि
(2) साहस के कार्य
(3) साहित्य लेखन
(4) विज्ञान
(BSSC पटना हाईकोर्ट (सहायक/क्लर्क/स्टेनो) परीक्षा, 10.04.2011)

39. देश का सर्वोच्च पराक्रम पुरस्कार कौन-सा है?
(1) भारत रत्न (2) अशोक चक्र
(3) चक्रवीर चक्र (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC पटना हाईकोर्ट (सहायक/क्लर्क/स्टेनो) परीक्षा, 10.04.2011)

40. दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रथम व्यक्ति थे-
(1) अशोक कुमार (2) सत्यजीत रे
(3) देविका रानी (4) पृथ्वीराज कपूर
(BSSC पटना हाईकोर्ट (सहायक/क्लर्क/स्टेनो) परीक्षा, 10.04.2011)

41. प्रथम मुफ्ती मोहम्मद सईद पुरस्कार निम्नलिखित में से किस राज्य के मुख्यमंत्री को दिया गया ?
(1) बिहार (2) झारखण्ड
(3) उत्तर प्रदेश (4) छत्तीसगढ़
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

42. निम्नलिखित में से किसे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से सम्मानित नहीं किया गया है ?
(1) प्रणव मुखर्जी
(2) भूपेन हजारिका
(3) दीनदयाल उपाध्याय
(4) नानाजी देशमुख
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (प्रथम पाली)

43. ड्यूरिंग अवॉर्ड किस क्षेत्र से सम्बन्धित है ?
(1) पर्यटन
(2) सिनेमा
(3) कम्प्यूटर विज्ञान एवं ए.आई.
(4) कला
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

44. निम्नलिखित में से किसको हाल ही में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया ?
(1) अरविंद केजरीवाल
(2) निलीमा मिश्रा
(3) संजीव चतुर्वेदी
(4) रवीश कुमार
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

45. बुकर पुरस्कार विजेता एन्ना बर्नस द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक लिखी गई है ?
(1) मिल्कमैन
(2) द सेलआऊट
(3) द ब्रीफ हिस्टरी ऑफ़ सेवन किलिंग्स
(4) द ल्यूमिनेरेज
(बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) परीक्षा, 22.12.2019 (द्वितीय पाली)

46. 'पुलित्जर पुरस्कार' का संबंध निम्न में से किस देश से है?
(1) भारत (2) यू.एस.ए.
(3) रूस (4) मेक्सिको
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

47. निम्नलिखित में से किस भारतीय एथलीट को आई.ए.ए.एफ. वेटरन पिन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(1) सायना नेहवाल (2) पी.टी. ऊषा
(3) मेरी कॉम (4) सानिया मिर्जा
(बिहार पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा, 29.12.2019)

48. रामधारी सिंह 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस रचना पर मिला?
(1) संस्कृति के चार अध्याय
(2) रश्मिरथी
(3) उर्वशी
(4) कुरुक्षेत्र
(Bihar Police परीक्षा, 21.03.2020 (द्वितीय पाली)

49. नारी शक्ति पुरस्कार 2019 की विजेता श्रीमती बीना देवी कहाँ से हैं ?
(1) मुंगेर (2) मुजफ्फरपुर
(3) पटना (4) गया
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2021)

50. राष्ट्रीय एकता पुरस्कार का गठन निम्नलिखित में से किसके नाम पर किया गया है?
(1) वी. आर. अम्बेदकर
(2) जवाहरलाल नेहरू
(3) लाल बहादुर शास्त्री
(4) सरदार बल्लभभाई पटेल
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2021)

51. भारतीय प्रधानमंत्री नेरेन्द्र मोदी को किस अभियान क लिए 'ग्लोबल गोलकीपर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया ?
(1) उज्ज्वला योजना
(2) स्वच्छ भारत
(3) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
(4) जन धन योजना
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2021)

52. 'फिल्मफेयर' पुरस्कार किस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए दिया जाता है?
(1) सिनेमा (2) विज्ञान
(3) समाज सेवा (4) साहित्य
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2021)

53. निम्नलिखित भारतीय नागरिकों में से किसे सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया?
(1) सी.वी. रमन (2) मदर टेरेसा
(3) अमर्त्य सेन (4) रविन्द्रनाथ टैगोर
(बिहार सिपाही चालक परीक्षा, 03.01.2021)

54. हिन्दी भाषा में वर्ष 2020 के साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता हैं
(1) अनामिका (2) राहुल सांकृत्यायन
(3) चित्रा मुदगल (4) एन. के. आर्वर
(बिहार LDC परीक्षा, 26.02.2022)

55. साहित्य में नोबेल पुरस्कार, 2020 के विजेता कौन घोषित किए गए हैं?
(1) रॉबर्ट बी. विल्सन
(2) पॉल मिल्ग्रोम
(3) जेनिफर ए. डोडना
(4) लुईस ग्लूक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(BPSC बिहार Auditor परीक्षा, 29.08.2021)

56. वर्ष 2020 में रोजेर पेनरोज ने ___ के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार जीता।
(1) रसायन (2) चिकित्सा
(3) शान्ति (4) भौतिक विज्ञान
(बिहार वनपाल भर्ती परीक्षा, 20.12.2020)

57. सर्वोच्च भारतीय नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न, निम्नलिखित में से किस वर्ष में आरंभ किया गया था?
(1) 1956 (2) 1952
(3) 1954 (4) 1963
(बिहार पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 24.01.2020)

58. नारी शक्ति पुरस्कार 2019 की विजेता श्रीमती बीना देवी कहाँ से है ?
(1) मुंगेर (2) मुजफ्फरपुर
(3) पटना (4) गया
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

59. राष्ट्रीय एकता पुरस्कार का गठन निम्नलिखित में से किसके नाम पर किया गया है?
(1) वी. आर. अम्बेदकर
(2) जवाहरलाल नेहरू
(3) लाल बहादुर शास्त्री
(4) सरदार बल्लभभाई पटेल
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

60. भारतीय प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी को किस अभियान क लिए 'ग्लोबल गोलकीपर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया ?
(1) उज्ज्वला योजना
(2) स्वच्छ भारत
(3) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
(4) जन धन योजना
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

61. 'फिल्मफेयर' पुरस्कार किस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए दिया जाता है?
(1) सिनेमा
(2) विज्ञान
(3) समाज सेवा
(4) साहित्य
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

62. निम्नलिखित भारतीय नागरिकों में से किसे सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया ?
(1) सी. वी. रमन
(2) मदर टेरेसा
(3) अमर्त्य सेन
(4) रविन्द्रनाथ टैगोर
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

63. प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार, 2021 से किसे सम्मानित किया गया?
(1) अदार पूनावाला
(2) साइरस एस. पूनावाला
(3) डॉ. रनदीप गुलेरिया
(4) डॉ. के.के. अग्रवाल
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 27.02.2022)

64. वर्ष 2022 में, कुल कितने व्यक्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?
(1) 111 (2) 98
(3) 128 (4) 110
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

65. कौन-सा केन्द्रीय मंत्रालय स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार प्रदान करता है?
(1) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(2) गृह मंत्रालय
(3) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
(4) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(BPSC सहायक परीक्षा, 28.04.2023)

66. 74वें गणतंत्र दिवस परेड में किस राज्य की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला?
(1) झारखण्ड (2) हरियाणा
(3) उत्तर प्रदेश (4) उत्तराखंड
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

67. निम्नलिखित में से कौन भारत रत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ता नहीं है?
(1) उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ
(2) सत्यजीत रे
(3) लता मंगेशकर
(4) राज कपूर
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

68. सुधरा देवी, जिनको 2023 में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया है, जानी जाती है
(1) पेपर-मेसी कलाकार के रूप में
(2) वास्तुविद के रूप में
(3) अंतरिक्ष वैज्ञानिक के रूप में
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार ग्रेजुएट अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

69. अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2023 दिया गया है
(1) अरविंद अडिगा को
(2) जॉर्जी गोस्पोडिनोव को
(3) मार्गरेट एटवूड को
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार ग्रेजुएट अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-1)

संक्षिप्त उत्तर

1. (4)	2. (1)	3. (3)	4. (1)
5. (2)	6. (2)	7. (1)	8. (2)
9. (1)	10. (3)	11. (2)	12. (3)
13. (2)	14. (3)	15. (4)	16. (2)
17. (2)	18. (4)	19. (2)	20. (4)
21. (2)	22. (*)	23. (2)	24. (1)
25. (4)	26. (3)	27. (2)	28. (3)
29. (3)	30. (3)	31. (2)	32. (4)
33. (2)	34. (2)	35. (1)	36. (3)
37. (1)	38. (3)	39. (3)	40. (3)
41. (1)	42. (3)	43. (3)	44. (4)
45. (1)	46. (2)	47. (2)	48. (3)
49. (1)	50. (4)	51. (2)	52. (1)
53. (4)	54. (1)	55. (4)	56. (4)
57. (3)	58. (1)	59. (4)	60. (2)
61. (1)	62. (4)	63. (2)	64. (3)
65. (3)	66. (4)	67. (4)	68. (1)
69. (2)			

उत्तर व्याख्यासहित

1. (4) फिराक गोरखपुरी उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार है इनका जन्म गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में कायस्थ परिवार में हुआ। उर्दू भाषा का प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार फिराक गोरखपुरी को मिला।

2. (1) अर्जुन पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाने वाला एक पुरस्कार है। जो भारत सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार का प्रारम्भ 1961 में हुआ था।

Join Telegram: @apna_library
Scanned with CamScanner

3. (3) दादा साहेब फाल्के पुरस्कार सिनेमा के क्षेत्र में दिया जाने वाला एक वार्षिक पुरस्कार है। यह किसी व्यक्ति-विशेष को भारतीय सिनेमा में जीवनपर्यंत दी गई सेवाओं में योगदान के लिए दिया जाता है। ऐसा पहला पुरस्कार देविका रानी को 1969 में दिया गया था। वर्ष 2017 का यह अवॉर्ड दक्षिण भारतीय अभिनेता, निर्देशक कसीनुथुनी विश्वनाथ को दिया गया है।

4. (1) इंदिरा गाँधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार प्रतिवर्ष 19 नवंबर को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के जन्मदिन पर उनकी स्मृति पर दिया जाता है तथा वैधनाथन नृत्य कला से संबंधित है। उन्हें यह पुरस्कार मिला है।

5. (2) 2004 ओलंपिक में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज वाहक अंजू बॉबी जार्ज थी। यह भारतीय एथलीट रही हैं। जन्म 16 अप्रैल, 1977 में वर्ष 2003 में पेरिस आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 'लंबी कूद' में कांस्य पदक जीता था। (6.70 मीटर लंबी कूद)

6. (2) राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार भारत में खेल के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार है इस पुरस्कार को भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी के नाम पर रखा गया है।

7. (1) चन्द्रशेखर वेंकटरमन भारतीय भौतकी शास्त्री थे। प्रकाश के प्रकीर्णन पर उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिक का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया। उनका अविष्कार उनके ही नाम पर रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है।

8. (2) अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री है उन्हें 1998 में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। संप्रति वे हार्वड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक हैं।

9. (1) चन्द्रशेखर वेंकटरमन भारतीय भौतिक-शास्त्री थे प्रकाश में प्रकीर्णन पर उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया।

10. (3) भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा, और खेल शामिल है।

11. (2) रूद्रप्रताप सिंह को उत्तर-प्रदेश का पहला काशीराम खेल रत्न अवॉर्ड मिला।

12. (3) नोबेल फाउंडेशन द्वारा यह पुरस्कार विश्व स्तर पर शांति के किए गए प्रयासों के लिए दिया जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार के विजेताओं का चयन नॉर्वे करती है।

13. (2) चंद्रशेखर वेंकटरमन भारतीय भौतिक शास्त्री थे। सी.वी. रमन को 1954 ई. में भारत सरकार द्वारा भारत-रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया। भारत रत्न पाने वाले ये प्रथम वैज्ञानिक थे।

14. (3) श्री कुलदेई फ्रांसिस ने 2012 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जीता। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार एशिया के व्यक्तियों एवं संस्थाओं को उनके अपने क्षेत्र में विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है।

15. (4) विजय कुमार भारत के स्पोर्ट्स शूटर हैं, 2012 ओलंपिक में सिल्वर मेडल मिला। सन् 2012 में भारत के सबसे बड़े खेल अवार्ड 'राजीव गाँधी खेल रत्न' से इन्हें सम्मानित किया गया।

16. (2) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। इन्हें भारत का प्रथम भारतीय सम्मान भारत रत्न से 1954 में नवाजा गया यह पुरस्कार सर्वप्रथम राधाकृष्णन को दिया गया।

17. (2) कलिंग पुरस्कार विज्ञान संचार के क्षेत्र में किसी बड़े योगदान के लिए दिया जाता है। ऐसा काम जो आम लोगों की समक्ष में विज्ञान को आसान कर सके, विज्ञान संचार के अन्तर्गत आता है।

18. (4) परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है जो दुश्मनों की उपस्थिति में उच्च कोटि की शूरवीरता एवं त्याग के लिए प्रदान किया जाता है। महावीर चक्र भारत का युद्ध के समय वीरता का पदक है। यह सम्मान सैनिकों और असैनिकों को असाधारण वीरता या प्रकट शुरता या बलिदन के लिए दिया जाता है।

19. (2) बुकर पुरस्कार आयरलैंड के नागरिक द्वारा लिखे गए मौलिक अंग्रेजी उपन्यास के लिए हर वर्ष दिया जाता है। जे. एम. कोयटजी को 1983 और 1999 में दो बार इस पुरस्कार से नवाजा गया है।

20. (4) डॉ बी सी रॉय पुरस्कार चिकित्सा के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोत्तम सम्मान पुरस्कार है। वर्ष 1976 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विधान चंद्र रॉय की स्मृति में इस पुरस्कार की स्थापना की।

21. (2) अरुंधति रॉय को उनके उपन्यास "गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स" के लिए 1997 में बुकर प्राइज प्रदान किया गया था। बुकर प्राइज जीतने के बाद उन्होंने कहा में एनरॉन (Enron) की गतिविधियों, परमाणु के नाभिकीय हथियारों और नर्मदा की परियोजना जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

22. (*) भारत की सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर लता मंगेशकर को 2001 में भारत-रत्न से सम्मानित किया गया था। क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को 2013 में और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को 2014 में भारत रत्न प्रदान किया गया था। 2 जनवरी, 1954 को स्थापित भारत रत्न, भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

23. (2) मराठी फिल्म श्यामची आई ने 1954 में आयोजित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की श्रेणी में गोल्डन लोटस पुरस्कार जीता था। पी. के. अत्रे द्वारा निर्देशित यह फिल्म साने गुरुजी द्वारा मराठी में रचित पुस्तक "श्यामची आई" पर आधारित थी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना 1954 में हुई थी। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष फिल्म उत्सव निदेशालय द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

24. (1) भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल हैं।

25. (4) द्रोणाचार्य पुरस्कार 1985 में प्रारंभ किए गए थे। यह पुरस्कार खिलाड़ियों और टीमों को प्रशिक्षण प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जाने माने खेल प्रशिक्षकों को प्रदान किए जाते हैं।

26. (3) द्रोणाचार्य पुरस्कार 1985 में प्रारंभ किए गए थे यह पुरस्कार खिलाड़ियों और टीमों को प्रशिक्षण प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जाने माने खेल प्रशिक्षकों को प्रदान किए जाते हैं।

27. (2) चन्द्रशेखर वेंकटरमन भारतीय भौतिक-शास्त्री थे। प्रकाश के प्रकीर्णन पर उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिक का प्रतिष्ठित नोबल पुरस्कार दिया गया।

28. (3) द्रोणाचार्य पुरस्कार खिलाड़ियों और टीमों को प्रशिक्षण प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जाने माने खेल प्रशिक्षकों को युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1985 में की गई। द्रोणाचार्य पुरस्कार के अंतर्गत गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा, प्रमाणपत्र, पारंपरिक पोशाक और पाँच लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

29. (3) रेमन मैगसेसे फिलीपींस के सातवें राष्ट्रपति थे जो 30 दिसम्बर, 1953 से 1957 में विमान दुर्घटना में देहांत हो जाने तक सेवारत रहे। 20वीं शताब्दी में पैदा होने वाले वह फिलीपींस के प्रथम राष्ट्रपति थे। उनकी स्मृति में 1957 में रमन मैगसेसे पुरस्कार की स्थापना की गई जिसे एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।

30. (3) कालिदास सम्मान प्रत्येक वर्ष मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय काव्य, नाट्यशाला एवं रूपकलाओं के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का नामकरण प्राचीन भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय संस्कृत लेखक कालिदास के नाम पर किया गया है। यह सम्मान 1980 में पहली बार प्रदान किया गया था।

31. (2) 1959 में प्रकाशित "द टिन ड्रम" गुंटर ग्रास द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध उपन्यास है। यह उपन्यास ग्रास डैंजिग ट्रिलॉजी की प्रथम पुस्तक थी। इस उपन्यास पर आधारित एक फिल्म का निर्माण 1979 में किया गया था। इस फिल्म ने उसी वर्ष पाल्मी डी'ऑर अवॉर्ड और अगले वर्ष सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की श्रेणी में अकेडमी अवॉर्ड जीता।

32. (4) पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री 1966 में मरणोपरांत भारत रत्न पाने वाले पहले व्यक्ति बने। वह 9 जून, 1964 से 11जनवरी, 1966 तक भारत के दूसरे प्रधानमंत्री रहे। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उन्होंने देश का नेतृत्व किया।

33. (2) नोबेल पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों की एक शृंखला है। यह पुरस्कार स्वीडन और नॉर्वे की समितियों द्वारा वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और/या वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिए जाते हैं। स्वीडन सरकार भौतिक, रसायन, अर्थशास्त्र, चिकित्साशास्त्र और साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान करती है, जबकि शांति का नोबेल पुरस्कार नॉर्वे सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

34. (2) अमर्त्य सेन को कल्याणकारी अर्थशास्त्र, सामाजिक चयन सिद्धांत और समाज के गरीब सदस्यों की समस्याओं का समाधान करने में अपना विशिष्ट योगदान देने के लिए 1998 में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कल्याणकारी अर्थशास्त्र में अपने कार्य के लिए उन्हें 1999 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

35. (1) जॉर्ज सॉन्डर्स द्वारा लिखित बार्डो में लिंकन, फिक्शन के लिए, अक्टूबर 2017 में उन्हे, 2017 मैन बुकर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया था। उपन्यास अब्राहम लिंकन के जीवन की एक रात पर केंद्रित है। यह 1862 का एक वास्तविक क्षण था जब उनके 11 वर्षीय बेटे के शरीर को वाशिंगटन कब्रिस्तान में दफनाया गया था।

36. (3) प्रख्यात् हिंदी लेखिका ममता कालिया को दिसम्बर 2017 में उनके उपन्यास "दुक्खम-सुक्खम" के लिए वर्ष 2017 के साहित्य पुरस्कार 'व्यास सम्मान' से सम्मानित किया गया था। कालिया को हिंदी और अंग्रेजी में लेखन के लिए जाना जाता है। इनकी कृतियों में "बेघर", "जाँच अभी जारी है", "निर्मोही" और " बोलने वाली औरत" आदि शामिल हैं। व्यास सम्मान पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित एक हिंदी साहित्यिक कृति को दिया गया है।

37. (1) कोंकणी लेखक महाबलेश्वर शैल को अगस्त 2017 में, प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान 2016 से सम्मानित किया गया। गोवा के कुम्हार समुदाय के सांस्कृतिक जीवन से सम्बंधित उपन्यास "हवथन" के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रदान किया गया जिसमें पट्टिका और 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल था।

38. (3) मैन बुकर पुरस्कार जिसे लघु रूप में मैन बुकर पुरस्कार या बुकर पुरस्कार भी कहा जाता है। राष्ट्रकुल या आयरलैंड के नागरिक द्वारा लिखे गए मौलिक अंग्रेजी उपन्यास के लिए हर वर्ष दिया जाता है। 2008 वर्ष का पुरस्कार भारतीय लेखक अरविन्द अडिगा को दिया गया था। बुकर पुरस्कार साहित्य लेखन में प्रदान किया जाता है। वर्ष 2017 का सम्मान जॉर्ज सॉन्डर्स को दिया गया है।

39. (3) परमवीर चक्र यह देश का सर्वोच्च शौर्य पुरस्कार है। इसे 1947 से प्रदान किया जा रहा है। यह पुरस्कार उस सैनिक को दिया जाता है, जो अदम्य साहस, पराक्रम और वीरता का परिचय देते हुए शत्रु का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति देता है।

40. (3) देविका रानी (जन्म 30 मार्च, 1908 निधन 8 मार्च, 1994) हिन्दी फिल्मों की एक अभिनेत्री है भारतीय सिनेमा के लिए देविका रानी का योगदान अभूतपूर्व रहा है। भारत के राष्ट्रपति ने सन् 1958 में देविका रानी को पद्मश्री सम्मान प्रदान किया। उन्हें सन् 1970 में प्रथम बार दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव भी मिला।

41. (1) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 8 जनवरी, 2018 को राजनीति और सार्वजनिक जीवन में प्रोबेशन के लिए पहला मुफ्ती मोहम्मद सईद पुरस्कार प्राप्त किया।

- उन्होंने जम्मू और कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में जनरल जोरावर सिंह सभागार में पुरस्कार प्राप्त किया।
- यह पुरस्कार पूर्ववर्ती राज्य सरकार (जम्मू और कश्मीर अब एक केंद्र शासित प्रदेश है) द्वारा पीडीपी संस्थापक और दो बा के जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री एम. एम. सईद की पुण्यतिथि मनाने के लि गठित किया गया था।

Join Telegram: @apna_library
Search on Google pdf
Scanned with CamScanner

42. (3) भारत रत्न पाने वाले इस प्रकार हैं:
- प्रणब मुखर्जी, जिन्होंने 2012 से 2017 तक भारत के 13 वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, ने 2015 में पुरस्कार प्राप्त किया।
- असम के पार्श्व गायक भूपेन हजारिका और मराठी सामाजिक कार्यकर्ता नानाजी देशमुख को 2019 में भारत रत्न मिला।

- दीनदयाल उपाध्याय आरएसएस की विचारधारा वाले एक भारतीय विचारक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ के पूर्व नेता, भारतीय जनता पार्टी के अग्रदूत थे।

43. (3) ट्यूरिंग अवार्ड एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी (ACM) द्वारा "कम्प्यूटर क्षेत्र में स्थायी और प्रमुख तकनीकी महत्व के योगदान" के लिए चुने गए व्यक्ति को दिया जाने वाला एक वार्षिक पुरस्कार है।
- तीन शोधकर्ताओं योशुआ बेंगियो, जेफ्री हिंटन और यान लेकन ने 2018 में ट्यूरिंग अवार्ड जीता है।
- उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में वैचारिक और इंजीनियरिंग सफलताओं के लिए सम्मानित किया गया।
- इस पुरस्कार को 'नोबेल पुरस्कार' के रूप में भी जाना जाता है।

44. (4) भारतीय पत्रकार रवीश कुमार को 'बेआवाजों की आवाज बनने' के लिए 2019 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- पुरस्कार के अन्य विजेता हैं:
  - म्यांमार के को स्वे विन - पत्रकार;
  - थाईलैंड की अंगखाना नीलापजीत- मानवाधिकार कार्यकर्ता;
  - फिलीपींस के रेमुंडो पुजादे कैयबाब- संगीतकार; तथा
  - दक्षिण कोरिया का किम जोंग- युवाओं में हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के साथ काम करने वाले कार्यकर्ता।
- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 1957 में स्थापित किया गया था और इसे एशिया के प्रमुख पुरस्कार और सर्वोच्च सम्मान के रूप में माना जाता है।
- इसका नाम फिलीपींस गणराज्य के तीसरे राष्ट्रपति रेमन मैग्सेसे के नाम पर रखा गया है।
- इस पुरस्कार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशिया के नोबेल पुरस्कार के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह एशियाई व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।

45. (1) बेलफास्ट में जन्मे लेखक अन्ना बर्न्स ने उपन्यास मिल्कमैन के लिए 2018 मैन बुकर पुरस्कार जीता है।
- वह 2007 में द गैदरिंग के लिए ऐनी एनराइट के बाद जीतने वाली पहली आयरिश लेखिका हैं।
- बुकर पुरस्कार 2019 को मार्गरेट एटवुड और बर्नार्डिन एवरिस्टो को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया था।
- बुकर पुरस्कार अंग्रेजी भाषी विश्व में एक प्रमुख साहित्यिक पुरस्कार है।
79. 'बालक गणित और विज्ञान में अच्छे होते हैं, जबकि बालिकाएँ भाषा और सुन्दर हस्तलेख में' क्यों ?
(1) व्यक्तिगत विभिन्नता के कारण
(2) रूचि के कारण
(3) संवेग के कारण
(4) चिंतन के कारण
(बिहार SIET परीक्षा, 18.09.2020)

80. सीखने के परिपक्वता का एक उदाहरण है-
(1) पढ़ना (2) चलना
(3) चित्रांकन करना
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार SIET परीक्षा, 18.09.2020)

81. निम्न में से कौन राहत बचावकर्मी के लिए उपयुक्त उपकरण है ?
(1) सॉसर (2) गमबूट
(3) स्पेचुला (4) स्पेंसर
(बिहार SIET परीक्षा, 18.09.2020)

82. कतर की मुद्रा क्या है ?
(1) रुपे (2) रियाल
(3) पेसो (4) डॉलर
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

83. फ्रांस की मुद्रा क्या है?
(1) यूरो (2) दिनार
(3) फ्रैंक (4) रियाल
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

84. 'येन' मुद्रा है:-
(1) जापान की (2) चीन की
(3) उत्तर कोरिया की
(4) वियतनाम की
(बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा, 03.01.2021)

85. किसे "फॉरेस्ट मेन ऑफ इण्डिया" कहा जाता है?
(1) सुन्दरलाल बहुगुणा
(2) राजेन्द्र सिंह
(3) जादव पेयांग
(4) मारेमुथ्थु योगनाथन
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (प्रथम पाली))

86. 'आविन्यों' कहाँ का प्रमुख कला केंद्र रहा है?
(1) जापान (2) जर्मनी
(3) कनाडा (4) फ्रांस
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

87. 'भारत का वॉटर मैन' के नाम से कौन जाना जाता है?
(1) भगत सिंह (2) राज सिंह
(3) भान सिंह (4) राजेन्द्र सिंह
(बिहार पुलिस फायरमैन भर्ती परीक्षा, 21.09.2022 (द्वितीय पाली))

88. निम्न में से कौन-सा अस्पताल, कैंपस में फायर स्टेशन वाला भारत का पहला अस्पताल बना?
(1) एम्स, ऋषिकेश
(2) अपोलो, जयपुर
(3) एम्स, दिल्ली
(4) फोर्टीस, लुधियाना
(बिहार मद्य निषेध पुलिस भर्ती परीक्षा, 14.05.2023)

89. किसके नेतृत्व में चिपको आन्दोलन को मजबूती मिली?
(1) सुंदरलाल बहुगुणा
(2) अमृता देवी बिश्नोई
(3) मेधा पाटकर
(4) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(बिहार प्राइमरी अध्यापक परीक्षा, 24.08.2023, Shift-I)

संक्षिप्त उत्तर

1. (2)	2. (2)	3. (4)	4. (2)
5. (2)	6. (3)	7. (1)	8. (1)
9. (*)	10. (2)	11. (1)	12. (3)
13. (2)	14. (2)	15. (1)	16. (2)
17. (2)	18. (*)	19. (1)	20. (4)
21. (1)	22. (1)	23. (2)	24. (4)
25. (3)	26. (3)	27. (2)	28. (1)
29. (4)	30. (2)	31. (3)	32. (3)
33. (2)	34. (4)	35. (1)	36. (2)
37. (2)	38. (2)	39. (3)	40. (3)
41. (3)	42. (1)	43. (3)	44. (3)
45. (3)	46. (4)	47. (1)	48. (2)
49. (4)	50. (4)	51. (3)	52. (1)
53. (2)	54. (4)	55. (3)	56. (3)
57. (3)	58. (1)	59. (1)	60. (2)
61. (1)	62. (2)	63. (2)	64. (2)
65. (1)	66. (2)	67. (*)	68. (3)
69. (3)	70. (1)	71. (2)	72. (3)
73. (3)	74. (3)	75. (3)	76. (1)
77. (1)	78. (3)	79. (3)	80. (4)
81. (2)	82. (2)	83. (1)	84. (1)
85. (3)	86. (4)	87. (4)	88. (3)
89. (1)			

उत्तर व्याख्यासहित

1. (2) सियाचीन ग्लेशियर का प्रथम दौरा भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आजाद (2002-2007) द्वारा किया गया था। सियाचीन ग्लेशियर विश्व के सबसे बड़े ग्लेशियरों में से एक है। यह भारत के जम्मू कश्मीर राज्य में अवस्थित है।

2. (2) सालारजंग संग्रहालय एशिया का सबसे बड़ा और पुराना संग्रहालय है। यह भारत के हैदराबाद नगर में स्थित है यहाँ विश्व का सबसे बड़ा निजी संग्रह है।

3. (4) मैकाबर की रचना विलियम शैक्सपियर द्वारा नहीं की गई है। यह अंग्रेजी भाषा के एक महान साहित्यकार तथा नाटककार थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं→ एडम, बूट्स, एन्टोनिया, जूलियस-सीजर आदि। भारत का शैक्सपियर महान कवि कालिदास को कहा जाता है।

4. (2) हिमालय पर विजय प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेन्द्री पाल है। ये एवरेस्ट की ऊँचाई को छूने वाली दुनिया की 5वीं महिला पर्वतारोही है।

5. (2) तेन्जिंग नॉरगे एक नेपाली पर्वतारोही थे जिन्हें एवरेस्ट और केदारनाथ के प्रथम चढ़ाई के लिए जाना जाता है।

6. (3) सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एंजेसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला है। एक महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

7. (1) लिबरेशन टाइगर्स तमिल ईलम एक अलगाववादी संगठन है जो श्रीलंका में स्थित है। मई 1976 में स्थापित यह एक हिंसक पृथकतावादी अभियान शुरू कर के उत्तर और पूर्वी श्रीलंका में एक स्वतंत्र तमिल राज्य की स्थापना करना चाहते थे।

8. (1) हिन्दुस्तान हिन्दी का दैनिक समाचार पत्र है यह 1932 में शुरू हुआ था। इसका उद्घाटन महात्मा गाँधी ने किया था। आजकल दैनिक हिन्दुस्तान के प्रमुख संपादक श्री शशि शेखर जी है।

9. (*) Environment शब्द फ्रेंच भाषा से संबंधित है हिन्दी में इसे पर्यावरण कहा जाता है। पर्यावरण का अर्थ है, परि + आवरण। अर्थात हमारे चारों ओर फैला वातावरण। यह जीव विज्ञान की एक अलग शाखा है, जिसमें विशेषत: पर्यावरण पारिस्थितकी का ही अध्ययन किया जाता है।

10. (2) नीतीश कुमार, जो वर्ष 2005 से 17 मई, 2014 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे, इन्होंने कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पटना से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है। वे बिहार राज्य विद्युत बोर्ड से जुड़े थे। लेकिन बाद में राजनीति में चले गए।

11. (1) एस एल वी - 3 का प्रक्षेपण 10 अगस्त, 1979 को किया गया था। बांग्लादेश की स्थापना 16 दिसंबर, 1971 को हुई थी। 16 मई, 1975 को सिक्किम भारतीय संघ का 22 वां राज्य बना।

12. (3) विश्व की सबसे ऊँची इमारत दुबई में बुर्ज खलीफा है यह 2010 में कम्प्लीट हुई थी। यह 2,717 फीट ऊँची है।

13. (2) विश्व का सबसे बड़ा पुस्तकालय वाशिंगटन में स्थित है। इसका नाम 'द लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस' है। यह 1800 ई. में निर्मित हुआ। यह किताबों की संख्या एवं क्षेत्र दोनों दृष्टिकोण से विश्व का सबसे बड़ा पुस्तकालय है।

14. (2) श्रीलंका दक्षिण एशिया में हिन्द महासागर के उत्तरी भाग में स्थित एक द्वीपीय देश है। श्रीलंका की राजधानी श्री जयवर्धनपुरा है। इसकी मुद्रा श्रीलंकाई रुपया है।

15. (1) 'हो ची मिन्ह' शहर वियतनाम में सबसे बड़ा शहर है। इसे पहले सैइगॉन के नाम से जाना जाता था।

16. (2) रेडक्रॉस एक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सी है, जिसका प्रमुख उद्देश्य रोगियों, घायलों तथा युद्धकालीन सैनिकों को देख रेख करना है। भारत में वर्ष 1920 में पर्लियामेंट्री एक्ट के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ।

17. (2) 10,00,000 संख्या जिसे यूरोपीय देश मिलियन कहते हैं।

18. (*) यह वाक्य WGF होगल द्वारा कही गई है।

19. (1) पश्चिमी घाट को विश्व धरोहर स्थलों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया। भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पर्वत श्रृंखला को पश्चिमी घाट कहते हैं।

Scanned with CamScanner

20. (4) पद्मनाभ मंदिर भारत के केरल राज्य के तिरुअनंतपुरम में स्थित भगवान विष्णु का प्रसिद्ध हिन्दू मंदिर है। यह मंदिर भारत का सबसे धनाढ्य मंदिर है।

21. (1) किशन बाबूराव हजारे एक भारतीय समाजसेवी है। अधिकांश लोग उन्हें अन्ना हजारे के नाम से जानते हैं। सन् 1992 में भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

22. (1) भाषा यूरोप की बोली जाती है।

फ्रेंच	-	अल्जीरिया
इटेलियन	-	लीबिया
पुर्तगाली	-	ब्राजील
स्पेनिश	-	मैक्सिको

23. (2) चीन की बड़ी दीवार
कंबोडिया का अंकोरवाट मन्दिर
पीसा की झुकी मीनार
आगरा का ताजमहल

24. (4) 23 जून, 1980 को मात्र 33 वर्ष की अवस्था में एक हवाई दुर्घटना में संजय गाँधी की मृत्यु हो गई थी। वे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीया इंदिरा गाँधी के पुत्र थे। उनकी पत्नी मेनका गाँधी और पुत्र वरुण गाँधी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राजनेता हैं।

25. (3) देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि- स्थल विजट घाट के नाम से प्रसिद्ध है। वे 9 जून, 1964 से 11 जनवरी, 1966 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 1965 के भारत - पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश का नेतृत्व किया था। उन्होंने "जय जवान जय किसान" का नारा दिया था।

26. (3) गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अध्यक्ष वर्गीज कुरियन को "श्वेत क्रांति के जनक" के रूप में जाना जाता है। उनके "बिलियन-लीटर आइडिया' (ऑपरेशन फ्लड) ने 1998 में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत को अपर्याप्त दूध वाले राष्ट्र की श्रेणी से निकालकर विश्व के सबसे बड़े दूध उत्पादक के रूप में तब्दील कर दिया।

27. (2) मेधा पाटकर एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा समाज सुधारक हैं। यह नर्मदा बचाओ आंदोलन की संस्थापक के नाम से भी जानी जाती है। नर्मदा बचाओ आंदोलन सरदार सरोवर परियोजना से सम्बन्धित है।

28. (1) DRDL का पूर्ण रूप डिफेंस रिसर्च एवं डेवलपमेंट लेबोरेट है।

29. (4) BBC का पूर्ण रूप-ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कॉर्पोरेशन है। BBC विश्व का सबसे बड़ा प्रसारण संघ है। दर्शकों की संख्या में जिसमें केवल ग्रेट ब्रिटेन में ही 26,000 कार्यकर्त्ता और बजट जीवी E4 अरब यूएस $7.8 अरब से अधिक है।

30. (2) BHEL का पूर्ण रूप- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग व विनिर्माण की सबसे बड़ी कंपनी है।

31. (3) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों (CBI) भारत सरकार की प्रमुख जाँच एजेन्सी है यह आपराधिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए भिन्न-भिन्न प्रकार के मामलों की जाँच करने के लिए लगायी जाती है।

32. (3) नॉर्मन अर्नेस्ट बोरलॉग एक अमेरिकी कृषिविज्ञानी थे, जिन्हें हरित क्रांति का पिता माना जाता है। उन्होंने 1970 के दशक में मेक्सिको में बीमारियों से लड़ सकने वाली गेहूँ की एक नई किस्म विकसित की। हरित क्रांति का प्रवर्तन करने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें 1970 में नोबल पुरस्कार और 2006 में भारत के पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

33. (2) जोआकिन गुजमैन एक मेक्सिकन ड्रग माफिया है, जो सिनलोआ कार्टेल नामक आपराधिक संगठन की अध्यक्षता करता है। मेक्सिकन प्रशांत तटीय राज्य सिनलोआ में इस संगठन की स्थापना होने के कारण राज्य के नाम पर इसका नामकरण किया गया। अपने छोटे कद के कारण उसे "इल चैपो गुजमैन" के नाम से जाना जाता है।

34. (4) बोको हरम उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया में स्थित इस्लामिक आतंकी समूह है। यह समूह चाड, नाइजर और उत्तरी कैमरून में भी सक्रिय है। 2015 में वैश्विक आतंकवाद सूचकांक द्वारा इस समूह को विश्व का सबसे खतरनाक आतंकी समूह घोषित किया गया।

35. (1) युद्ध प्रभावित देशों में स्थित हीरे की खदानों के लिए 'ब्लड डायमंड्स' शब्द का प्रयोग किया जाता है। विद्रोहियों, आक्रमणकारी सेना के नेताओं या युद्ध-नेताओं के द्वारा इन्हें बेच दिया जाता है। हाल ही में गृह युद्ध से प्रभावित आइवरी कोस्ट, सियरा लियोन और देशों में स्थित हीरे की खदानों को 'ब्लड डायमंड' की संज्ञा दी गई।

36. (2) चार्ली हेब्डो एक फ्रांसीसी व्यंग्यात्मक साप्ताहिक पत्रिका है जो कार्टून, हिंसा, वाद-विवाद और चुटकुलों पर विशेष बल देती है। इस पत्रिका को पेरिस से प्रकाशित किया जाता है। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय मुहम्मद कार्टून के प्रकाशित होने के बाद 2011 और 2015 में पत्रिका के कार्यालय पर दो बार आतंकी हमले हुए।

37. (2) अप्रैल 2011 में पलाश (ब्यूटीया मोनोस्पर्मा) को उत्तर प्रदेश का राजकीय फूल घोषित किया गया था। नवम्बर 2000 में उत्तराखण्ड के अलग होने के बाद से इस राज्य में ऐसा कोई फूल नहीं था। पलाश को पेड़ वृक्ष, ढाक (फ्लैम ऑफ द फॉरेस्ट) और कपड़ा टीक के नाम से भी जाना जाता है।

38. (2) ए. डी. से तात्पर्य ऐनो डोमिनि से है, जो कि लैटिन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'हमारे प्रभु का वर्ष'। इस संक्षिप्त शब्द का प्रयोग ईसा मसीह के जन्म के बाद के वर्षों का संकेत देने के लिए किया जाता है। इसका प्रयोग जुलियन और ग्रेगोरियन कैलेण्डर में वर्ष का नाम रखने या गिनने के लिए किया जाता है। यह वर्तमान में विश्व में व्यापक स्तर पर प्रयुक्त होने वाला कैलेण्डर है।

39. (3) न्यूजीलैंड ने मई 2005 में विद्युत, पेट्रोल और गैस के लिए प्रति बाइस NZ$2.90 का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की, इसके साथ ही वह ग्लोबल वार्मिंग से निपटने हेतु कार्बन टैक्स लगाने वाला विश्व का प्रथम देश बन गया। यह कदम न्यूजीलैंड द्वारा क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया गया, इसमें क्लीनरों (मार्जकों) की तुलना में ऊर्जा के प्रदूषणकारी स्रोत जैसे कोयला और तेल अधिक महँगे हो गए।

40. (3) कीवी मूलतः न्यूजीलैंड में पाया जाने वाला एक पक्षी है जो उड़ नहीं सकता। ये एप्टेरिक्स गण (जीनस) और एप्टेरिगिडी कुल के अंतर्गत आते हैं। कीवी न्यूजीलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक है और यह एसोसिएशन इतना मजबूत है कि न्यूजीलैंडवासियों द्वारा कीवी शब्द का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामान्य बोलचाल की भाषा के रूप में किया जाता है।

41. (3) ऐल्कोहल, एयरलाइन और ऑटो रेसिंग टीम में निवेश करने वाले शक्तिशाली पूंजीपति विजय माल्या को 'किंग ऑफ गुड टाइम्स' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने भारत की सबसे बड़ी स्पिरिट कंपनी 'यूनाइटेड ब्रेवेरिज' का संचालन किया और 2003 में हाई-एंड एयरलाइन की शुरुआत की, जिसका नामकरण उन्होंने अपनी कंपनी किंगफिशर वियर के नाम पर किया। अपने विलासितापूर्ण जीवन के कारण उन पर $1.4 बिलियन से अधिक का कर्ज हैं

42. (1) 1956 में कैप्टन दुर्बा बनर्जी को पूर्वकालिक इंडियन एयरलाइंस में प्रथम महिला पायलट के रूप में शामिल किया गया था। वह एयर इंडिया की प्रथम महिला पायलट थीं। सरला ठकराल वायुयान उड़ाने वाली प्रथम भारतीय महिला थीं।

43. (3) 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश राज की इमारतों के कारण पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता को "द सिटी ऑफ पैलेसेज" कहा जाता है। इसे "सिटी ऑफ जॉय" और "भारत की सांस्कृतिक राजधानी" के रूप में भी जाना जाता है। कोलकाता (पूर्व में कलकत्ता) 1911 तक ब्रिटिश साम्राज्य की राजधानी और देश का औद्योगिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र था।

44. (3) "पीआईएल" शब्द की उत्पत्ति 1980 के दशक के मध्य में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी। उन्नीसवीं शताब्दी में, उस देश में विभिन्न आंदोलनों ने सार्वजनिक हित के कानून निर्माण में योगदान दिया था, जो कानूनी सहायता आंदोलन का हिस्सा था। पहला कानूनी सहायता कार्यालय न्यूयॉर्क में 1876 में स्थापित किया गया था। पीआईएल भारत में 1970 के दशक के अंत में शुरू हुआ था और 80 के दशक में पूरी तरह प्रचलित हो गया था।

45. (3) ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट मानव जीनोम के अनुक्रम को निर्धारित करने के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय शोध प्रयास था जिसे 1990 में शुरू किया गया था। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और अमेरिकी ऊर्जा विभाग द्वारा समन्वित किया गया था। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त योगदानकर्त्ताओं के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूक्रेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और चीन के विश्वविद्यालय शामिल थे।

46. (4) मैत्री एक्सप्रेस भारत और बांग्लादेश के बीच चलने वाली रेलगाड़ी है। यह 14 अप्रैल, 2008 से आरंभ हुई है इसकी क्षमता 418 की यात्रियों की है। यह सप्ताह में एक बार चलती है।

47. (1) रेडक्रॉस एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी है, जिसका प्रमुख उद्देश्य, रोगियों, घायलों तथा युद्धकालीन बंदियों की देखरेख करना है। रेडक्रॉस आंदोलन के विकास में विशेषकर 1919 ई. में से किसी भी प्रकार की मानव पीड़ा को कम करने की विश्वव्यापी प्रवृत्ति की गणना रेडक्रॉस क्षेत्र के अंतर्गत मानी जाएगी। इसके संस्थापक जीन हेनरी डयूनेन्ट और गट्श्वे मोडनिए है। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्वीट्जरलैंड) में है।

48. (2) वह अवस्था जब सचमुच में युद्ध हुआ नहीं होता परंतु युद्ध का माहौल हमेशा बना रहता है, उस स्थिति को शीत युद्ध की संज्ञा दी जाती है। 1980-1990 के दशक में अमेरिका और अविभाजित सोवियत संघ (रूस) के बीच ऐसी दशा देखने को मिली थी।

49. (4) शताब्दी एक्सप्रेस 1988 ई. में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शुरू की गई थी। इस ट्रेन की औसत गति लगभग 130 किमी प्रति घंटा है।

50. (4) भारत ने अक्टूबर 2017 में राज्य सरकार के स्वामित्व वाले इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) की सहायता से अमेरिकी कच्चे तेल के पहले नौभरण (शिपमेंट) का ओडिशा के पारादीप में आयात किया था, जिसमें 1.6 मिलियन बैरल पार्सल तेल था। दो मिलियन बैरल कच्चे तेल को लादने की क्षमता के साथ एमटी का नये मापक वेरी लार्ज क्रूड कॅरियर (VLCC) 19 अगस्त, 2017 को अमेरिकी खाड़ी तट से भारत के लिए रवाना हुआ और पारादीप बन्दरगाह पर पहुँचा। यह 1975 में अमेरिका द्वारा तेल का निर्यात बन्द कर देने के बाद भारत को भेजे गए पहले नौभरण (शिपमेंट) में से एक था।

51. (3) कैम्पस में रहने वाले लोगों के अतिरिक्त कैम्पस के आसपास की आबादी के लिए भोजन का प्रबंध करने के क्रम में भारतीय तकनीकी संस्थान (IIT) खड़गपुर वर्ष 2019 से एमबीबीएस पाठ्यक्रम की शुरुआत करने की योजना बना रहा है।

52. (1) हाईकू मूल रूप से जापानी कविता है हाइकू में अनके विचार धाराएँ मिलती है जैसे बौद्ध-धर्म, चीनी दर्शन और प्राच्य संस्कृति। हाइकू इन सबका दर्पण है हाइकू को काव्य विद्या के रूप में बाशे (1644-1694) ने प्रतिष्ठा प्रदान की। हाइकू अनुभूति के चरम क्षण की कविता है।

53. (2) ब्रेल पद्धति एक तरह की लिपि है जिसको विश्वभर में नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने में छूकर व्यवहार में लाया जाता इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था।

54. (4) भारत आने वाले पहले अमेरिका राष्ट्रपति थे ड्वेट डी आइजेनहावर, जो 10 दिसंबर, 1959 को भारत पहुँचे थे। उस समय जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री थे।

55. (3) महेन्द्र सिंह टिकैत (मुजफ्फर नगर निवासी) भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख नेता थे।

56. (3) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में प्रावधान किया गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी फैक्टरी, खदान या अन्य खतरनाक कारखानों में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, फैक्टरी अधिनियम, 1948 किसी भी फैक्टरी में 14 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को नियोजित करने पर प्रतिबन्ध लगाता है।

57. (3) सुखोई सु-30 एमके रूसी मूल का दो सीटर दो इंजन बहुपयोगी लड़ाकू विमान है जो 8000 किलोग्राम बाहरी आयुध के साथ 1 × 30 एमएम जीएसएच बंदूक ले जाता है। यह सक्रिय या अर्ध-सक्रिय रडार या इंफ्रा-रेड होमिंग क्लोज रेंज मिसाइलों के साथ मध्यम श्रेणी की निर्देशित हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। इसकी अधिकतम गति 2500 किमी/घंटा (माख 2.35) है।

58. (1) 'आवर कॉमन फ्यूचर' शीर्षक वाली रिपोर्ट को नॉर्वे के पूर्व प्रधान मंत्री ग्रो हार्लेम ब्रुन्डलैंड जो पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग (डब्ल्यूसीईडी) के अध्यक्ष के रूप में अपनी पहचान बनाए, के नाम पर ब्रुन्डलैंड रिपोर्ट के रूप में भी जाना जाता है।

Scanned with CamScanner

59. (1) NEFA का मतलब नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी है।
- यह ब्रिटिश भारत राजनीतिक विभाजनों में से एक था, बाद में भारत गणराज्य में 20 जनवरी, 1972 को अरुणाचल प्रदेश के नाम से एक केंद्र शासित प्रदेश बन गया।
- इसका प्रशासनिक मुख्यालय शिलांग था (1974 तक, जब इसे ईटानगर स्थानांतरित कर दिया गया था)।
- इसे 20 फरवरी, 1987 को राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ।
- यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1987 में प्रकाशित किया गया था।

60. (2) सुमन कुमारी जनवरी 2019 में पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला बनीं जिन्हें सिविल जज के रूप में नियुक्त किया गया।
- सुमन जो कि काम्बर शहदकोट से आती हैं, अपने मूल जिले में सेवा देंगी।
- हिंदू समुदाय के पहले न्यायाधीश जस्टिस राणा भगवानदास थे, जिन्होंने 2005 से 2007 के बीच संक्षिप्त अवधि के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया।

61. (1) तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के श्रीविल्लिपुथुर शहर में और उसके आसपास उत्पादित श्रीविल्लिपुथुर पल्कोवा (दुग्ध मिष्ठान) को सितंबर 2019 में भारत के भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुआ।
- इस पल्कोवा के बारे में विशिष्टता यह है कि यह केवल श्रीविल्लिपुथुर और उसके समीपवर्ती गायों के दूध से बनाया गया है।
- इसका स्वाद बेहतर होता है क्योंकि इस क्षेत्र से गाय के दूध में वसा की मात्रा अधिक होती है।

62. (2) संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के केंद्रीय बैंक अबेर नाम की एक आम डिजिटल मुद्रा लॉन्च किया है।
- अबेर का उपयोग ब्लॉकचेन और डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी के माध्यम से दोनों देशों के बीच वित्तीय समाधान के लिए किया जाएगा।
- डिजिटल मुद्रा प्रेषण लागतों के सुधार और कटौती तथा जोखिमों के आकलन एवं प्रभाव का अध्ययन करने में सहायता करेगी।

63. (2) डोकलाम भारत, चीन और भूटान के त्रिक-संधि पर स्थित है।
- डोकलाम पठार पर भारत और चीन के बीच हाल में गतिरोध रहा।
- चीन, डोकलाम को भूटान और चीन के बीच विवादित क्षेत्र मानता है।
- इसलिए चीन इस क्षेत्र में भारतीय सेना की उपस्थिति को हस्तक्षेप और उल्लंघन मानता है।
- विवादित क्षेत्र भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बहुत करीब है जो उत्तर पूर्वी राज्यों को भारतीय मुख्य भूमि से जोड़ता है।

64. (2) सब लेफ्टिनेंट शिवांगी स्वरूप हाल में कोच्चि नौसेना बेस में परिचालन कर्तव्यों में शामिल होने वाली पहली नौसैनिक महिला पायलट बन गईं। शिवांगी भारतीय नौसेना के डोर्नियर निगरानी विमान को उड़ाएगी।
- ये निगरानी विमान छोटी दूरी के समुद्री मिशनों पर भेजे जाते हैं। वह बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली हैं।

65. (1) सकल राष्ट्रीय खुशहाली 1970 के दशक में महामहिम भूटान के चौथे राजा, जिग्मे सिंगये वांगचुक द्वारा गढ़ा गया एक शब्द है।
- इस अवधारणा का तात्पर्य है कि सतत विकास को प्रगति की धारणाओं के प्रति समग्र दृष्टिकोण रखना चाहिए और भलाई के गैर-आर्थिक पहलुओं को समान महत्व देना चाहिए।
- सकल राष्ट्रीय खुशी सूचकांक नौ क्षेत्रों के तहत वर्गीकृत 33 संकेतकों से विकसित एक एकल संख्या सूचकांक है।
- सकल राष्ट्रीय खुशी सूची का निर्माण एक मजबूत बहुआयामी कार्यप्रणाली के आधार पर किया गया है, जिसे एल्किरे-फोस्टर विधि के रूप में जाना जाता है।

66. (2) भूमि पुत्र की धारणा का आशय है किसी राज्य अथवा क्षेत्र के निवासियों द्वारा उस राज्य में बसने और रोजगार प्राप्त करने आदि के संबंध में विशेष संरक्षण की मांग।
- इस मांग के साथ यह बात जुड़ी है कि जब तक उस राज्य या क्षेत्र के सभी मूल निवासियों को रोजगार प्राप्त न हो जाए, तब तक उस राज्य या क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों को रोजगार की सुविधा नहीं दी जानी चाहिए।
- मलेशिया में एक भूमिपुत्र जातीय समूह की अवधारणा अब्दुल रजाक हुसैन द्वारा गढ़ी गई थी। इसने मलेशिया के 'विशेष स्थिति' को विशेष रूप से अनुच्छेद 153 में मलेशिया के संविधान में स्थान देना किया।

67. (*) संकलन के दृष्टिकोण से समर्थक के प्रकार के होते हैं:
1. प्राथमिक समंक- अनुसन्धानकर्ता को नवनिर्मित योजना के अन्तर्गत अपने अनुसन्धान के उद्देश्य से जो समंक पहली बार संकलित किये जाते हैं, उन्हें प्राथमिक समंक कहते हैं।
2. द्वितीयक समंक- किसी पूर्व अनुसन्धानकर्ता द्वारा संकलित समंकों का जब अपने उद्देश्य के लिए कोई दूसरा व्यक्ति प्रयोग करता है, तो ये द्वितीयक समंक कहे जाते हैं।
- प्रारंभिक समंक संग्रह के तीन मुख्य तरीके: व्यक्तिगत साक्षात्कार, सर्वेक्षण एवं टेलीफोन साक्षात्कार है।

68. (3) चीन ने भारत के उदारीकरण, निजीकरण एवं भूमंडलीकरण सुधारों के समान अपने संरचनात्मक सुधार 1991 से शुरू किया था।
- यह दिशा उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी मॉडल के रूप में जाना जाता है) के रूप में पूरे देश में आर्थिक सुधारों के रूप में लागू की गयी।
- इस नई औद्योगिक नीति के तहत सरकार ने कई ऐसे क्षेत्रों में निजी कंपनियों को प्रवेश करने की अनुमति दी, जो पहले केवल सरकारी क्षेत्रों के लिए आरक्षित थे।

69. (3) भारत सरकार द्वारा 1986 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) का गठन किया गया था।
- यह गृह मंत्रालय के तहत सर्वोच्च समन्वय एजेंसी है।

70. (1) आंध्र प्रदेश में, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (NLC) के जन-साक्षरता अभियानों द्वारा लाई गई जागरूकता से उत्पन्न एक एंटी-अरक आंदोलन शुरू किया गया था।
- यह नेल्लोर में NLC द्वारा समर्थित एवं आंध्र प्रदेश के अन्य जिलों द्वारा अपनाए गए दुबगंटा के एक दूरदराज के गाँव में शराब के खिलाफ एक सहज आंदोलन के रूप में शुरू हुआ।

71. (2) भारत में हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) लाइसेंस के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

72. (3) समृद्ध संस्कृति और गर्मजोशी पूर्ण आतिथ्य के साथ कभी अवध क्षेत्र की राजधानी रही लखनऊ को आमतौर पर नवाबों के शहर के रूप में जाना जाता है।

- लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है।

73. (3) वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन 18 के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय उच्च गति वाली इंटरसिटी इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट वाली ट्रेन है।
- इसे पेरंबूर, चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था।

74. (3) 'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड' राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 की संस्तुतियों का परिणाम था। प्राथमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा के सार्विकरण/सार्वभौमिकरण हेतु ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड को क्रियान्वित किया गया था।

75. (3) शिक्षक : टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स विभिन्न प्रकार के (TLM) जैसे फ्लैशकार्ड, नम्बर कार्ड, विभिन्न, आंतरिक अंगों के क्ले मॉडल, विभिन्न बीजों, विभिन्न प्रकार के मिट्टी के नमूने एकत्रित और तैयार करने के बाद वे इन TLM को कक्षा के एक कोने में रखे रैक पर व्यवस्थित क्रम से रखते हैं जिससे उसे आसानी से प्राप्त किया जा सके।

76. (1) निगमन एवं आगमन जैसी विधियाँ मूलत: चिंतन की विधियाँ हैं। चिंतन तर्कपूर्ण होता है जिसका सीधा सम्बंध शोध प्रविधि से है। शोध एवं आंकड़ा विश्लेषण में उपागम के तौर पर आगमन निगम विधि प्रयुक्त किया जाता है। निगमन विधि से नया ज्ञान सुनिश्चित होता है जो शोध का प्रतिफल है।

77. (1) जिस बालक की बुद्धिलब्धि 130 से अधिक होती है वह प्रतिभाशाली होता और 150 से अधिक बुद्धिलब्धि वाले अतिप्रतिभाशाली कहलाता है। बुद्धिलब्धि बुद्धि की तीव्रता का स्तर का सापेक्ष संकेतक है जो परिसर युक्त (रेंज) में दर्शाया जाता है।

78. (3) समायोजन बुद्धि का पर्याय है। शिक्षा से बुद्धि आती है। व्यक्तित्व एक समाज सापेक्षिक अवधारणा है जो अनेकानेक गुण-अवगुण का समाहार है। अत: व्यक्तित्व की विशेषता समाजिकता में निहित है जबकि व्यक्तित्व की स्तरीयता सामाजिक स्तर से निर्धारित होता है।

79. (3) ऐसा संवेगात्मक भिन्नता के कारण होता है। बालक प्राय: तार्किक होते हैं। वौद्धिक एवं मुखर होते हैं। इसीलिए गणित एवं विज्ञान जैसे गहन एवं तर्कपूर्ण विषयों के प्रति उनका रूझान दिखाई पड़ता है। बालिकाएँ प्राय: भावनात्मक एवं भावुक होती हैं। जिनके पास संवेदनशील हृदय होता है। इसीलिए स्वाभावनुकूल अभिव्यक्ति बोलकर या लिखकर अथवा चित्रित कर दर्शाती हैं।

80. (4) अधिगम और परिपक्वता, बुद्धि विकास की प्रक्रिया से संबंधित होती है यह परिवर्तनों का वर्णन करती है, जो अपेक्षाकृत वातावरण के प्रभाव से स्वतंत्र है और यह माना जाता है कि यह वंशवाद या परंपरावाद के प्रभाव से पूर्ण रूप से संबंधित है। दूसरों शब्दों में अधिगम वातावरण एवं पारस्परिक क्रिया से भी साकार होता है। उदाहरण चलने की शुरुआत कुछ निश्चित मांसपेशियों के समूह की परिपक्वता और उनकी गति के बढ़ते हुए नियंत्रण पर निर्भर करती है। (परिपक्वता का विकास) लेकिन चलना विभिन्न कौशलों से सम्मिलित अभ्यास के अवसर के बिना (वातावरण और अधिगम) किसी के लिए भी संभव नहीं हो सकता है।

81. (2) गमबूट या रबर के जूते पैरों को बाहरी कारकों से पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपयोग में लाये जाते हैं।
- वे बचावकर्मियों के लिए एक उपयुक्त उपकरण हैं।

82. (2) कतरी रियाल कतर राज्य की मुद्रा है।
- फीफा विश्व कप 2022 कतर में आयोजित किया जाएगा, जिससे यह आयोजन की मेजबानी करने वाला पहला मुस्लिम और अरब देश बन जाएगा।
- 2030 के एशियाई खेल कतर में आयोजित होंगे।

83. (1) 1999 में यूरो को अपनाने तक फ्रांसीसी फ्रैंक फ्रांस की मुद्रा थी।
- पेरिस फ्रांस की राजधानी है।

84. (1) जापानी येन जापान की आधिकारिक मुद्रा है।
- यह संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉलर और यूरो के बाद विदेशी मुद्रा बाजार में तीसरी सबसे अधिक कारोबार वाली मुद्रा है।

85. (3) जादव "मोलाई" पायेंग एक पर्यावरण कार्यकर्ता एवं असम के माजुली के वानिकी कार्यकर्ता हैं, जिन्हें भारत के वन पुरुष के रूप में जाना जाता है।
- कई दशकों के दौरान, उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी के एक रेतीली भूमि पर पेड़ लगाए तथा उसे वन अभयारण्य में बदल दिया।
- मोलाई वन कहे जाने वाला जंगल, असम के जोरहाट के कोकिलामुख के पास स्थित है।

86. (4) दक्षिण पूर्वी फ्रांस में एविग्नन कला और संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है।
- एविग्नन में बहुत बड़ी संख्या में स्थल और इमारतें (177) हैं जो अपने वास्तुशिल्प चमत्कारों के लिए ऐतिहासिक स्मारकों के रूप में पंजीकृत हैं।
- यह अपने कला संग्रहालयों और दीर्घाओं के लिए जाना जाता है।

87. (4) राजस्थान के अलवर जिले के जाने-माने जल संरक्षणवादी राजेंद्र सिंह को भारत का 'वाटर मैन' कहा जाता है।
- वह 'तरुण भारत संघ' (टीबीएस) नामक एक गैर सरकारी संगठन चलाते हैं जो ग्रामीणों को उनके अर्ध-शुष्क क्षेत्र में जल प्रबंधन का प्रभार लेने में मदद करता है क्योंकि यह थार रेगिस्तान के करीब है।
- वर्ष 2015 में उन्हें स्टॉकहोम जल पुरस्कार एवं 2001 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्हें 'जल वाले बाबा' के उपनाम से भी संबोधित किया जाता है। इनके द्वारा लिखित पुस्तक का नाम 'जोहड' है।

88. (3) एम्स दिल्ली परिसर के अंदर फायर स्टेशन रखने वाला पहला भारतीय अस्पताल बना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (All India Institute of Medical Science – AIIMS), नई दिल्ली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल परिसर के अंदर एक फायर स्टेशन रखने वाला भारत का पहला अस्पताल बन गया है।

89. (1) सुंदरलाल बहुगुणा के नेतृत्व में चिपको आंदोलन (उत्तराखंड) को मजबूती मिली।
- चिपको आंदोलन भारत में एक अहिंसक सामाजिक आंदोलन था जो 1970 के दशक में पेड़ों को काटने से बचाने के लिए शुरू हुआ था।
- इस आंदोलन का नेतृत्व महिलाओं ने (विशेषकर गौरा देवी) किया था, जो पेड़ों को कटने से बचाने के लिए उनसे लिपट जाती थीं।
- सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन के नेता थे।
- वह एक गांधीवादी कार्यकर्ता थे जो अहिंसा और सतत विकास में विश्वास करते थे। □□□

Scanned with CamScanner

23 बिहार सामान्य ज्ञान

1. बिहार में वैशाली की नगरवधू 'आम्रपाली' किसके शासन काल में थी?
(1) लिच्छवी (2) मौर्य
(3) गुप्त (4) चोल
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

2. मगध विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?
(1) पटना में
(2) बोधगया में
(3) मुजफ्फरपुर में
(4) नालन्दा में
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

3. बिहार का कौन सा जिला न्यूनतम क्षेत्रफल वाला है?
(1) गया (2) शेखपुरा
(3) बक्सर (4) सारण
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 01.05.2005)

4. गंगा का उत्तरी मैदान बिहार के कितने क्षेत्रफल पर विस्तृत है?
(1) 33670 वर्ग किमी.
(2) 56980 वर्ग किमी.
(3) 12670 वर्ग किमी.
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

5. उड़ीसा राज्य बिहार से कब पृथक् किया गया और नया प्रान्त बनाया गया?
(1) 1912 ई. में (2) 1926 ई. में
(3) 1936 ई. में (4) 1956 ई. में
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

6. बिहार में 'किसान सभा गठन' की औपचारिक घोषणा कब हुई थी?
(1) 4 मार्च, 1927 को
(2) 4 मार्च, 1928 को
(3) 4 मार्च, 1929 को
(4) 4 मार्च, 1930 को
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

7. भारत के महान् ज्योतिषाचार्य आर्यभट्ट का बिहार के किस नगर से गहरा संबंध रहा था?
(1) वैशाली (2) पाटलिपुत्र
(3) ओदंतपुरी (4) नालन्दा
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

8. नालन्दा विश्वविद्यालय का वैभव किसके हाथों नष्ट हुआ?
(1) अलाउद्दीन खिलजी
(2) शेरशाह सूरी
(3) इब्राहिम लोदी
(4) बख्तियार खिलजी
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

9. 'बिहार का शोक' किस नदी को कहा जाता है।
(1) कर्मनाशा (2) कोसी
(3) सोन (4) स्वर्ण रेखा
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

10. बिहार में कोसी परियोजना के निर्माण का श्री गणेश कब हुआ था?
(1) 1947 ई. में
(2) 1948 ई. में
(3) 1952 ई. में
(4) 1954 ई. में
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

11. बिहार में किस वर्ष दूरदर्शन का केन्द्र स्थापित किया गया था?
(1) 1947 ई. में (2) 1956 ई. में
(3) 1978 ई. में (4) 1983 ई. में
(BSSC स्टेनोग्राफर परीक्षा, 27.08.2006)

12. बिहार के किस पर्यटन केन्द्र पर गर्म जल के अनेक स्रोत हैं?
(1) देव (2) बिहार शरीफ
(3) राजगीर (4) पावापुरी
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

13. विष्णुपद मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) पटना में (2) दानापुर में
(3) जमुई में (4) गया में
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

14. निम्नलिखित में से किस नगर में जापानियों ने 'विश्व शांति स्तूप' का निर्माण कराया था?
(1) देव (2) राजगीर
(3) गया (4) बोध गया
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

15. बोधगया में महाबोधि मन्दिर बनाया गया, जहाँ–
(1) गौतम बुद्ध पैदा हुए थे
(2) गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था
(3) गौतम बुद्ध ने अपना प्रवचन दिया था
(4) गौतम बुद्ध की मृत्यु हुई
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

16. निम्नलिखित में से किस नगर में 'सूर्य मंदिर' विख्यात है?
(1) गया (2) बोधगया
(3) देव (4) राँची
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

17. बिहार का प्रसिद्ध पर्व है–
(1) दुर्गा पूजा (2) छठ पूजा
(3) वैशाखी (4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

18. बिहार की पेंटिंग विधा कौन सी है?
(1) मधुबनी (2) श्रीरंगम्
(3) पिछवई (4) मुगल
(BSSC स्वागतक (पर्यटन) परीक्षा, 28.05.2007)

19. समुद्र तल से बिहार की औसत ऊँचाई है?
(1) 53 मी. (2) 173 मी.
(3) 192 मी. (4) 203 मी.
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

20. क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार देश का सबसे बड़ा राज्य है–
(1) 9वाँ (2) 10वाँ
(3) 11वाँ (4) 12वाँ
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

21. पटना में स्थित गोलघर का निर्माण किस गवर्नर जनरल के समय में हुआ?
(1) लॉर्ड हार्डिंग
(2) सर जॉन शोर
(3) वारेन हेस्टिंग्स
(4) लॉर्ड कार्नवालिस
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

22. उड़ीसा राज्य बिहार से कब पृथक् किया गया और नया प्रान्त बनाया गया था?
(1) 1912 ई. (2) 1926 ई.
(3) 1936 ई. (4) 1956 ई.
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

23. बिहार में कितने ब्लॉक (प्रखंड) हैं?
(1) 400 (2) 150
(3) 534 (4) 200
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

24. प्लाइवुड का कारखाना बिहार में कहाँ है?
(1) आरा (2) हाजीपुर
(3) पटना (4) गया
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

25. शून्य की पहचान सबसे पहले किस भारतीय गणितज्ञ ने किया था?
(1) आर्यभट्ट
(2) भास्कराचार्य
(3) वशिष्ठ नारायण
(4) चरक
(BSSC प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक परीक्षा, 16.05.2010)

26. उस राज्य का वर्तमान नाम क्या है जहाँ नालन्दा नाम का प्राचीन शैक्षिक स्थल था?
(1) बिहार (2) महाराष्ट्र
(3) दिल्ली (4) उत्तर प्रदेश
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

27. नालन्दा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का पहला कुलपति किसे नियुक्त किया गया?
(1) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(2) सोनिया गांधी
(3) मनमोहन सिंह
(4) पी. चिदम्बरम
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

28. यह प्रसिद्ध स्थल बिहार में स्थित है :
(1) सलीम अली पक्षी विहार
(2) अशोक स्तम्भ
(3) उदन्ति पक्षी विहार
(4) कामाख्या मंदिर
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

29. बिहार में स्थित इस्पात संयत्र है :
(1) IISCO (2) TISCO
(3) VSP (4) Dolvi
(BSSC CGL (मुख्य) परीक्षा, 27.01.2013)

30. बिहार के उत्तर दिशा में इनमें से कौन-सा देश स्थित है?
(1) नेपाल (2) पाकिस्तान
(3) भूटान (4) मालदीव
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

31. बिहार के पश्चिम दिशा में इनमें से कौन-सा राज्य स्थित है?
(1) ओडिशा (2) उत्तर प्रदेश
(3) नगालैण्ड (4) अरूणाचल प्रदेश
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

32. सारण जिले का मुख्यालय कहाँ है?
(1) पटना (2) छपरा
(3) मोतिहारी (4) गया
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

33. ब्रिटिश राज्य में बिहार किस सूबे का हिस्सा था?
(1) बॉम्बे (2) मद्रास
(3) हैदराबाद (4) बंगाल
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

34. बिहार की राजभाषा क्या है?
(1) हिन्दी (2) उड़िया
(3) मुण्डा (4) बिहारी
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

35. कौन-सा राज्य वर्ष 2000 में बिहार से अलग हुआ था?
(1) छत्तीसगढ़ (2) झारखण्ड
(3) हरियाणा (4) उत्तराखण्ड
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

36. किस नदी को 'बिहार का शोक' कहते हैं?
(1) यमुना (2) सिंधु
(3) कोसी (4) बागमती
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

37. इनमें से भारत के किस राष्ट्रपति का जन्म बिहार में हुआ था?
(1) जाकिर हुसैन
(2) नीलम संजीव रेड्डी
(3) के. आर. नारायणन
(4) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

38. प्राचीन काल में पटना ..... नाम से जाना जाता था।
(1) पाटलीपुत्र (2) राजगृह
(3) पटनदेवी (4) वैशाली
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

39. प्राचीन भारत में इनमें से कौन-सा शिक्षा का केन्द्र नहीं था?
(1) नालंदा (2) विक्रमशिला
(3) उदन्तपुरी (4) विजयनगर
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

40. 'बिहार' किस मूल शब्द से लिया गया?
(1) चैत्य (2) बिहार
(3) वाहन (4) विक्रमशिला
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

41. शेरशाह सूरी किस स्थान से था?
(1) पटना (2) गया
(3) सासाराम (4) आरा
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

42. बिहार में 1857 के सिपाही विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?
(1) कुँवर सिंह
(2) तात्या टोपे
(3) रानी लक्ष्मीबाई
(4) बहादुर शाह
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

43. 'वंदे मातरम्' गान किसने रचा था?
(1) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(2) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(3) ऐनी बेसेंट
(4) सरोजिनी नायडू
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

44. कौन-सा उद्योग बिहार में मौजूद नहीं है?
(1) तेल परिष्करणशाला
(2) सीमेंट
(3) गहरे समुद्र के मत्स्य उत्पाद
(4) उर्वरक
(BSSC अमीन (अमानत) भर्ती परीक्षा, 23.11.2013)

45. नम पर्णपाती जंगल कहाँ पाये जाते हैं?
(1) सहरसा और पूर्णियाँ जिला
(2) पटना और नालंदा जिला
(3) समस्तीपुर और दरभंगा जिला
(4) वैशाली और बेगूसराय जिला
(BSSC आशुलिपिक-सह-टंकक (स्टेनोग्राफर) परीक्षा, 23.11.2013)

46. इनमें से कौन-से बिहार में उत्पादित खनिज हैं?
(1) चूना पत्थर, क्वार्टजाइट और पाइराइट
(2) लिग्नाइट, अभ्रक और चूना पत्थर
(3) अभ्रक, सोना और टिन
(4) मिट्टी, लौह-अयस्क और रेत
(BSSC आशुलिपिक-सह-टंकक (स्टेनोग्राफर) परीक्षा, 23.11.2013)

Scanned with CamScanner

47. भारत के निम्नलिखित राष्ट्रपतियों में से कौन बिहार में जन्म लिये थे?
(1) जाकिर हुसैन
(2) नीलम संजीव रेड्डी
(3) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(4) के. आर. नारायणन
(BSSC कारा मिश्रक (कारा विभाग) परीक्षा, 23.11.2013)

48. बिहार में बहने वाली चार नदियों में किसका उद्गम अमरकंटक में है ?
(1) कोयल (2) सोन
(3) पुनपुन (4) कारो
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 16.02.2015)

49. बिहार पंचायती राज अधिनियम में ग्राम पंचायत की अवधि पाँच वर्षों की निधारित है। इसकी गणना
(1) पंचायत निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि से की जाती है।
(2) पंचायत की पहली बैठक की तिथि से की जाती है।
(3) पंचायत निर्वाचन के परिणाम घोषित करने की तिथि से की जाती है।
(4) इनमें से कोई नहीं
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 16.02.2015)

50. बिहार में किसान सभा की स्थापना किनके द्वारा की गई?
(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(2) सहजानंद सरस्वती
(3) जय प्रकाश नारायण
(4) स्वामी अग्निवेश
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 16.02.2015)

51. बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006 में दो ग्राम की बैठकों के बीच अधिकतम कितनी अवधि निर्धारित है ?
(1) 30 दिन (2) 60 दिन
(3) तीन महीने (4) चार महीने
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 23.02.2015)

52. मुखिया स्वहस्ताक्षरित आवेदन देकर अपने पद से परित्याग कर सकता है। बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत उसे अपना आवेदन किसे प्रेषित करना होगा ?
(1) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
(2) उप विकास आयुक्त
(3) जिलाधिकारी
(4) जिला पंचायती राज पदाधिकारी
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 23.02.2015)

53. बिहार में लोक सभा की 40 सीटें हैं। राज्य सभा की कितनी सीटें बिहार में हैं?
(1) 12 (2) 14
(3) 15 (4) 16
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 23.02.2015)

54. पटना उच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई थी ?
(1) 1905 (2) 1911
(3) 1914 (4) 1916
(BSSC 2nd GL (प्रा.) परीक्षा, 23.02.2015)

55. भारतीय उपमहाद्वीप का सातवाँ सबसे पुराना विश्वविद्यालय पटना कब स्थापित हुआ ?
(1) 1886 (2) 1912
(3) 1900 (4) 1917
(BSSC 2nd GL (मुख्य) परीक्षा, 27.03.2016)

56. वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान कहाँ पर है?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश
(3) बिहार (4) ओडिशा
(BSSC Inter Level परीक्षा, 29.01.2017)

57. छऊ, बिहार के अतिरिक्त किस राज्य का भी लोक नृत्य है?
(1) पश्चिम बंगाल
(2) मिजोरम
(3) मध्य प्रदेश
(4) उत्तर प्रदेश
(BSSC Inter Level परीक्षा, 05.02.2017)

58. बिहार में कितने जिले हैं ?
(1) 22 (2) 38
(3) 15 (4) 49
(BSSC Inter Level परीक्षा, 05.02.2017)

59. बिहार के इस तरफ के राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या है :
(1) पूर्व
(2) पश्चिम
(3) उत्तर
(4) दक्षिण
(BSSC Inter Level परीक्षा, 05.02.2017)

60. बिहार में होम रूल लीग के अध्यक्ष कौन थे?
(1) चंद्रवंशी सहाय
(2) मौलाना मजहरुल हक
(3) जनकधारी प्रसाद
(4) ब्रज किशोर प्रसाद
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

61. बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई "हर घर बिजली योजना" :
(1) नवम्बर 2016
(2) मार्च 2016
(3) जुलाई 2016
(4) फरवरी 2016
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

62. "एकीकृत विद्युत विकास योजना" की मुख्य वस्तु क्या है?
(1) सभी के लिए 24/7 शक्ति सुनिश्चित करें
(2) बिजली की खपत कम करना
(3) सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बिजली सुनिश्चित करना
(4) सुदूर क्षेत्रों में बिजली सुनिश्चित करना
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

63. बिहार में, मुखिया ने अपना इस्तीफा सौंपते हैं:
(1) जिला मजिस्ट्रेट
(2) जिला पंचायत राज अधिकारी
(3) खंड विकास अधिकारी
(4) उप-मुखिया
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

64. निम्नलिखित में से कौन दक्षिण बिहार में स्थित है?
(1) पूर्णिया (2) आरा
(3) राजगीर (4) गया
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

65. बिहार में, पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य ने अपना इस्तीफा किसे सौंपा:
(1) ब्लॉक डेवलपमेंट
(2) जिला पंचायत कार्यालय
(3) पंचायत समिति के प्रधान
(4) सब डिविजनल मजिस्ट्रेट
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

66. बिहार में सेवा का अधिकार कानून कब लागू किया गया था?
(1) 1 जून, 2011
(2) 25 जुलाई, 2011
(3) 15 अप्रैल, 2011
(4) 10 अगस्त, 2011
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

67. बिहार की कौन-सी महिला भारतीय राष्ट्रीय सेना (आजाद हिंद फौज) में शामिल हुई?
(1) माधुरी देवी
(2) आशा सहाय
(3) कादम्बिनी गंगुली
(4) अमला मुखर्जी
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 08.12.2018 द्वितीय पाली)

68. बिहार में रेलवे का पहिया बनाने का कारखाना स्थित है :
(1) छपरा में (2) मढ़ौरा में
(3) गया में (4) मधेपुरा में
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

69. बिहार के किस जिले में सर्वाधिक लिंगानुपात है ?
(1) नवादा (2) सिवान
(3) गोपालगंज (4) छपरा
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

70. बिहार के किस जिले में महिला साक्षरता सर्वाधिक है?
(1) पटना (2) गया
(3) भोजपुर (4) रोहतास
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

71. नील सत्याग्रह बिहार में कहाँ आरंभ की गई?
(1) दरभंगा (2) पटना
(3) चंपारण (4) कैमूर
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

72. 'बिहार लोक शिकायत अधिनियम' कब पारित किया गया?
(1) 5 जून, 2015
(2) 2 अक्टूबर, 2016
(3) 1 मई, 2016
(4) 5 जून, 2016
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

73. बिहार में पंचायत समिति के, अंकेक्षण, नियोजन और वित्त का अध्यक्ष कौन होता है?
(1) पंचायत का उपप्रमुख
(2) प्रखंड विकास पदाधिकारी
(3) जिला वित्त अधिकारी
(4) पंचायत समिति के प्रमुख
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

74. बिहार में पहला कांग्रेस अधिवेशन कहाँ हुआ?
(1) भागलपुर (2) मोतीहारी
(3) बांकीपुर (4) गया
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 प्रथम पाली)

75. बिहार में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान सचिवालय गोलीबारी की घटना कब हुई थी?
(1) 14 अगस्त, 1942
(2) 11 अगस्त, 1942
(3) 9 अगस्त, 1942
(4) 15 अगस्त, 1942
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 द्वितीय पाली)

76. बिहार में प्रसिद्ध मन्दारगिरी मन्दिर कहाँ अवस्थित है?
(1) रोहतास (2) गया
(3) बक्सर (4) बांका
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 09.12.2018 द्वितीय पाली)

77. बिहार में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान किस जिला को अपराधी जिला घोषित किया गया था?
(1) सारण (2) गया
(3) नवादा (4) भोजपुर
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

78. बिहार में स्वदेशी आन्दोलन के दौरान राखी बन्धन दिवस कहाँ मनाया गया था?
(1) सारण (2) मुंगेर
(3) पटना (4) दरभंगा
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

79. बिहार के वित्त मंत्री को कौन नियुक्त करता है?
(1) राज्यपाल
(2) विधानसभा अध्यक्ष
(3) विधान परिषद् का अध्यक्ष
(4) मुख्यमंत्री
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

80. बिहार में सर्वप्रथम राष्ट्रपति शासन कब लागू किया गया?
(1) 1968 (2) 1967
(3) 1969 (4) 1970
(BSSC Inter Level (पुर्न) परीक्षा, 10.12.2018 प्रथम पाली)

81. बिहार में पुल-सड़क निर्माण के लिए सरकार ने किस कम्पनी के साथ अनुबंध किया है?
(1) आई. एन. डी. सी.
(2) तांतिया कंस्ट्रक्शन
(3) एन. डी. सी. एल.
(4) इरकॉन
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

82. जूट के उत्पादन में बिहार का कौन-सा जिला अग्रणी है?
(1) किशनगंज (2) पूर्णिया
(3) अररिया (4) कटिहार
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

83. 1857 के विद्रोह में बाबू कुँवर सिंह ने बिहार के किस क्षेत्र से नेतृत्व प्रदान किया?
(1) बक्सर (2) पटना
(3) आरा (4) मुंगेर
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

84. नवनिर्मित 'नालन्दा विश्वविद्यालय' के विजिटर कौन थे?
(1) अमर्त्य सेन
(2) नीतिश कुमार
(3) डी. वाई. पाटिल
(4) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

85. बिहार में लगभग कितने क्षेत्र पर कृषि कार्य होता है?
(1) 80% (2) 86%
(3) 60% (4) 65%
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

86. बिहार में कितनी साक्षरता दर (2001 की जनगणना के अनुसार) है?
(1) 46.65% (2) 45%
(3) 47.53% (4) 52%
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

87. प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय का संस्थापक कौन था?
(1) धर्मपाल (2) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(3) समुद्रगुप्त (4) कुमारगुप्त
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

Scanned with CamScanner

88. मुंगेर निम्नलिखित में से किसकी राजधानी थी?
(1) मीर कासिम (2) कुँवर सिंह
(3) सिराजुद्दौला (4) बिरसा मुण्डा
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

89. फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म कहाँ हुआ था?
(1) पटना में (2) भागलपुर में
(3) पूर्णिया में (4) मुंगेर में
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

90. बिहार में कुल कितने प्रमण्डल हैं?
(1) 11 (2) 10
(3) 9 (4) 12
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

91. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की कुल जनसंख्या कितनी थी?
(1) 8,28,78,796
(2) 8,02,78,600
(3) 8,00,00,700
(4) 8,13,78,796
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

92. पटना हाई कोर्ट की स्थापना कब हुई थी?
(1) 1916 ई. में (2) 1926 ई. में
(3) 1917 ई. में (4) 1920 ई. में
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

93. बिहार में लोक सभा सीटों की संख्या कितनी है?
(1) 44 (2) 43
(3) 42 (4) 40
(CSBC बिहार दरोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) परीक्षा, 23.04.2008)

94. नदी, जो 'बिहार का शोक' कहलाती है–
(1) गंगा (2) बागमती
(3) कोसी (4) महानदी
(CSBC बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, 15.12.2013)

95. 1930 में बिहार में किसान आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
(1) सी. आर. दास
(2) स्वामी सहजानन्द
(3) मुजफ्फर अहमद
(4) राजेन्द्र प्रसाद
(CSBC बिहार पुलिस (उत्पाद) भर्ती परीक्षा, 19.10.2014 प्रथम पाली)

96. बिहार राज्य विभाजन कर झारखण्ड राज्य कब बनाया गया?
(1) नवम्बर, 1999
(2) नवम्बर, 2000
(3) नवम्बर, 2001
(4) नवम्बर, 2002
(CSBC बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, 15.10.2017)

97. गुरु गोविन्द सिंह जी की जन्म भूमि है:
(1) अमृतसर (2) पटना (पाटलिपुत्र)
(3) हरिद्वार (4) केदारनाथ
(CSBC बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, 15.10.2017)

98. बिहार के सीमावर्ती राज्यों की संख्या है–
(1) तीन (2) चार
(3) पाँच (4) छः
(DRDA क्लर्क/कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रुप-3) परीक्षा, 15.03.2007)

99. बिहार में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के सेनानायक वीर कुंवर सिंह का स्वर्गारोहण निम्नलिखित तिथि को हुआ था–
(1) 10 अप्रैल, 1858 को
(2) 17 जून 1858 को
(3) 9 मई, 1858 को
(4) 20 जून, 1858 को
(DRDA क्लर्क/कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रुप-3) परीक्षा, 15.03.2007)

100. बिहार के महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का संबंध है–
(1) 1857 के विद्रोह से
(2) भारत की स्वतंत्रता से
(3) 1905 के बंगाल विभाजन से
(4) 1865 के आन्दोलन से
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

101. बिहार का प्रसिद्ध 'पूसा' कृषि संस्थान किस देश के कृषि विज्ञानी के नाम से है?
(1) रूस (2) इंग्लैंड
(3) अमेरिका (4) जापान
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

102. बिहार के किस जिला में आदिवासियों की संख्या सर्वाधिक है?
(1) बांका (2) खगड़िया
(3) शेखपुरा (4) मुजफ्फरपुर
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

103. बिहार राज्य से लोकसभा की कितनी सीटें हैं?
(1) 243 (2) 40
(3) 42 (4) 52
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

104. मंगल पांडे किस राज्य के थे?
(1) बिहार (2) पश्चिम बंगाल
(3) उत्तर प्रदेश (4) पंजाब
(DRDA पंचायत रोजगार सेवक (ग्रुप-5) परीक्षा, 10.06.2007)

105. सिखों के किस गुरु का जन्म पटना में हुआ था?
(1) गुरुनानक (2) गुरु गोविन्द सिंह
(3) गुरु तेगबहादुर (4) गुरु अर्जुन देव
(बिहार प्रारंभिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 15.10.2009)

106. बिहार राज्य में गंगा नदी पर सबसे लम्बा सेतु कौन-सा है?
(1) गंगा सेतु
(2) महात्मा गांधी सेतु
(3) मोकामा सेतु
(4) जयप्रकाश सेतु
(बिहार प्रारंभिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 15.10.2009)

107. बिहार में जमींदारी प्रथा कब समाप्त हुई?
(1) 1961 ई. (2) 1956 ई.
(3) 1950 ई. (4) 1959 ई.
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

108. बिहारवासियों के जीवन निर्वाह का मुख्य साधन है–
(1) उद्योग (2) कृषि
(3) व्यापार (4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

109. बिहार के किस क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप अधिक होता है?
(1) उत्तर बिहार में
(2) मध्य बिहार में
(3) दक्षिण बिहार में
(4) इनमें से कोई नहीं
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

110. सरकार ने मध्याह्न भोजन योजना लागू की है–
(1) प्राथमिक विद्यालय में
(2) माध्यमिक विद्यालय में
(3) उच्च विद्यालय में
(4) इन तीनों में
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

111. किस नदी को 'उत्तरी बिहार का शोक' कहा जाता है?
(1) सोने को (2) गंडक को
(3) कोसी को (4) बागमती को
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

112. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम कृषि पर भी लागू कर दिया गया–
(1) 1947 में (2) 1948 में
(3) 1949 में (4) 1950 में
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

113. भूमिहीन कृषक मजदूरों की समस्या के समाधान के लिए भूदान आन्दोलन चलाया गया–
(1) महात्मा गाँधी
(2) जयप्रकाश नारायण द्वारा
(3) आचार्य विनोबा भावे द्वारा
(4) इन सभी के द्वारा
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

114. बिहार की सबसे पुरानी नगर व्यवस्था है–
(1) कोशी नगर (2) गंडक नगर
(3) पटना नगर (4) सोन नगर
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

115. 1943 ई० में भारत के किस प्रांत में भयानक अकाल पड़ा?
(1) बिहार (2) बंगाल
(3) उड़ीसा (4) राजस्थान
(बिहार माध्यमिक शिक्षक मूल्यांकन (दक्षता) परीक्षा, 18.07.2010)

116. बिहार की सबसे बड़ी नदी कौन है?
(1) पुनपुन (2) बागमती
(3) कमला (4) गंगा
